4. Vandana Singh Kushvaha, Rashmi Sisodiya And Chhaya Bhatnagar Magico-religious and Social belief of tribals of District Udaipur, Rajasthan, 2017
5. Folk herbal medicines from tribal area of Rajasthan, India, 2004
6. M. Unnithan, Caste, tribe and Gender in South Rajastha, 1991
7. V. Sharma, Family planning practices among tribals of south rajasthan, India, 1991
8. J. Joshi, Food Intake of tribes in Rajasthan: A Review, 2019
9. Vimla Dunkwal And Dhanvanti Bishnoi, major tribes of Rajasthan and their Costumes, 2014
10. S. Bairathi, tribal Caulture, economy and health Rawat publication, Jaipiur, 1991
11. Rajani Meena And Jyoti Yadav, A Study of educational Status of tribal in India
12. Nitya Sharma And V.V. Kulkarni, Situation Analysis of living condition of tribes in Rajasthan, 2013
13. Chauduri Sarit Kumar, Constraints of Tribal Deverlopment, 2000, A Mittal Publications
14. L.P. Vidyarthi, Tribal culture in india, 1985, Concept Publishing company


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# वित्तीय समावेशन - लक्ष्य एवं चुनौतियाँ

**डॉ. शैलप्रभा कोष्टा***

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** वित्तीय समावेशन वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने के अवसरों की उपलब्धता और समानता है यह ऐसी प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके द्वारा व्यक्ति और व्यवसाय उचित, किफायती और समय पर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच सकते है जिनमें बैंकिंग, ऋण, इक्विटी और बीमा उत्पाद शामिल है, कहने का तात्पर्य है कि यह घरेलू आय में सुधार और आय असमानता को कम करने की दिशा में बैंक रहित आबादी की बचत, निवेश और बीमा के साधनों तक पहुंचने में सक्षम बनाकर आर्थिक विकास में समावेशिता को बढ़ाने का एक मार्ग है।

वित्तीय समावेशन शब्द को 2000 के दशक की शुरूआत में ही महत्व मिल गया है यह वित्तीय बहिष्करण की पहचान का परिणाम है और विश्व बैंक के अनुसार इसका गरीबी से सीधा संबंध है।

**वित्तीय समावेशन के लक्ष्य :**

1. बचत या जमा सेवाओं भुगतान और हस्तान्तरण सेवाओं, क्रेडिट और बीमा सहित वित्तीय सेवाओं की पूरी श्रृंखला तक सभी परिवारों के लिए उचित लागत पर पहुंच है।
2. निवेश की निरंतरता और निश्चितता सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय और संस्थागत स्थिरता बनाये रखना।
3. स्पष्ट विनियमन और उद्योग प्रदर्शन मानकों द्वारा शामिल मजबूत और सुरक्षित संस्थान बनाना।

**वित्तीय समावेशन का उद्देश्य :**

1. लोगों को संस्थागत ऋण की प्राप्ति सुनिश्चित कराना जिसमें साहूकारों पर निर्भरता को कम कर ऋणी को शोषण से बचाया जा सके।
2. वित्तीय समावेशन समाज और अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में मदद करता है। इससे बचत, निवेश में वृद्धि होती है जिससे हमारे देश के आर्थिक विकास को गति मिलती है।
3. इससे लोगों को पैसा बचत करने की आदत लगती है मुख्य रूप से कमजोर वर्ग वालों के लिए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे ठीक होती है।
4. बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की उपस्थिति का उद्देश्य बचत की आदत को विकसित करके बैंकों को लाभ प्रदान करना है। ऐसे स्थान जहाँ बैंक नहीं पहुँच पाते उनके लिए यह औपचारिक ऋण के रास्ते भी बनाता है जो परिवार, दोस्तों और साहूकारों पर निर्भर हैं।
5. इसकी सहायता से ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को एक जगह से दूसरी जगह तक पैसा भेजने में काफी लाभ मिलेगा।
6. इसके माध्यम से सरकार द्वारा उत्पादों पर डीलीळवू देने और नगद भुगतान करने के बजाय खाता धारकों (Account Holder) के बैंक खातों में सीधे प्रत्यक्ष लाभ (Direct Benefit Transfer (DBT)) के माध्यम से सरकारी लाभ हो और अनुदान (Subsidy) का पैसा उनके खातों में पहुँचाना।

**वित्तीय समावेशित विकास हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति 2019-24 -** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 2019-2024 की अवधि के लिए वित्तीय समावेशन, लक्ष्य राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जिसका गठन वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद द्वारा किया गया। जिसके बिन्दु इस प्रकार है :

1. वर्तमान में पूरी दुनिया में वित्तीय विकास की ताकत और गरीबी के रूप में तेजी से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है।
2. वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए सतत् विकास लक्ष्यों में इसकी चर्चा की गई है।
3. भारत में समन्वयपूर्ण और समयवृद्ध तरीके से कार्य करने की प्रक्रिया आर.बी.आई ने शुरू की।

**राष्ट्रीय कार्यनीति के उद्देश्य :**

1. इस कार्यनीति के उद्देश्यों में से एक प्रमुख उद्देश्य मार्च 2020 तक हर गांव के 5 कि.मी. के दायरे में तथा पहाड़ी क्षेत्रों के 500 परिवारों के समूह तक बैंकिंग पहुंच को बढ़ाना रहा है।
2. आर.बी.आई के अनुसार राष्ट्रीय कार्यनीति में प्रत्येक वयस्क की मार्च 2024 तक मोबाइल के माध्यम से वित्तीय सेवाओं तक पहुंच हो।
3. हर वयस्क व्यक्ति तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक इच्छुक और पात्र वयस्क जिसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत नामांकित किया गया है, मार्च 2020 तक बीमा योजना और पेंशन योजना के तहत नामांकित किया जाना चाहिए।

मार्च 2020 तक पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री (PCR) को पूरी तरह से प्रारम्भ करने की योजना बनाई गई ताकि नागरिकों के साख प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के मामले में भी अधिकृत वित्तीय संस्थाएँ लाभ प्राप्त कर सकें।

**वित्तीय समावेशन से समावेशी विकास का रास्ता -** वित्तीय समावेशन की अपनी पहलों के जरिए वित्त मंत्रालय सामाजिक, आर्थिक रूप से उपेक्षित वर्गो का वित्तीय समावेशन करने के लिए उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय समावेशन के माध्यम से हम देश में एक समान और समावेशी विकास को हासिल कर सकते है।

वित्तीय समावेश का मतलब है कमजोर समूहों जैसे निम्न आय वर्ग, गरीब वर्ग जिनकी सबसे बुनियादी बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच नहीं है उन्हें समय पर किफायती दर पर उचित वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराना क्योंकि यह एक गरीबी की बचत को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाने का अवसर प्रदान करता है गांवों में अपने परिवारों को पैसा भेजने के अलावा उन्हें सूदखोर, साहूकारों के चंगुल से बाहर निकलने का मौका देता हूँ, प्रधानमंत्री जन-धन योजना इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक अहम पहलू है जो वित्तीय समावेशन से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी पहलों में से एक है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना वित्तीय सेवाओं यानी बैंकिंग, बचत और जमा खाते, भेजी गई रकम, बीमा पेंशन तक किफायती तरीके से पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में वित्तीय समावेशन का एक राष्ट्रीय मिशन है।

वित्तीय समावेशन में जन धन योजना - इस योजना का उद्देश्य इस प्रकार है

1. सस्ती कीमत पर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना।
2. लागत कम करने और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।

**योजना के सिद्धांत -** गैर वित्त पोषित लागों को वित्त पोषण, सूक्ष्म बीमा, ओवरड्राफ्ट की सुविधा, माइक्रो पेंशन, माइक्रो क्रेडिट की सुविधा से जोड़ना।

1. स्वदेशी डेबिट कार्ड जारी करना ताकि दो लाख रूपये के मुफ्त दुर्घटना बीमा कवरेज के साथ नकद निकासी और मर्चेंट लोकेशन पर भुगतान।
2. बैंकिंग सेवा से वंचित लागों को बुनियादी बैंकिंग सेवा से जोड़ना।

**वित्तीय समावेशन के लाभ :**

1. सामाजिक वित्तीय खाते-बैंकिंग सेवाएं, बीमा और पेंशन खाते आदि में भाग लेकर देश के आर्थिक क्रियाकलापों से लाभ कमाने के लिए प्रोत्साहन शिलालेख होता है।
2. पूंजी निर्माण की दर में वृद्धि करने में सहायता मिलती है।
3. धन प्रवाह से देश के आर्थिक सिद्धान्त और विचारधारा को गति मिलने के साथ-साथ आर्थिक क्रियाकलापों को सराहना मिलती है।
4. निजी वित्तीय निवेशकों (पेटीएम) जैसो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होना।

**वित्तीय समावेशन से संबंधित चुनौतियाँ -** भारत जैसे विशाल देशों में वित्तीय समावेशन के समक्ष निम्न चुनौतियाँ देखने को मिलती है।

1. भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल भुगतान प्रणाली एक चुनौती है क्योंकि अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा क्षेत्र अव्यवस्थित एवं कैशलेश है।
2. कम आय वाले उपभोक्ता जो डिजिटल सेवाओं के लिए तकनीक चयन का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है अर्थात तकनीकी कौशल की कमी भी बड़ी बाधा है।
3. विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 190 मिलियन विकेंड के पास बैंक खाते नहीं है जिससे वित्तीय सेवाओं में परेशानियाँ बढ़ रही है।
4. जन-धन योजना के परिणाम स्वरूप कई हजार खाते खोले गये परन्तु निष्क्रिय रूप से पड़े है कहने का तात्पर्य है कि केवल किसी योजना को सफलता हेतु लागू किया जाये न कि दिखावे के लिये।

**वित्तीय समायोजन पर समितियों के सुझाव -** वित्तीय समावेशन के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आजादी के समय से ही भारत सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया प्रयत्नशील रहे है अब तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से निम्न कदम उठाये जा चुके है।

1. 1955 से लेकर 1980 तक लगातार बैंको के राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया जारी है, बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शाखा विस्तार का कार्य हमेशा जारी रहा।
2. 1969 में अग्रणी बैंक की अवधारणा रखी गई जिसमें जिस किसी बैंक की जिले में सर्वाधिक शाखाएँ होगी उसे यह कार्य का दायित्व सौपा गया।
3. 1975 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं कुटीर उद्योंगो के प्रोत्साहन हेतु ऋण प्रदान करने का कार्य दिया गया।
4. 1982 में नाबार्ड की स्थापना ऐसे वित्तीय संस्था के रूप में हुई जो बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं को ऋण प्रदान करने का काम करेगा।
5. 1998 में किसान क्रेडिट कार्ड की अवधारणा लागू की गई जिसके माध्यम से किसानों को कम ब्याज दर पर कृषि के उद्देश्य से ऋण प्रदान किया जाता है।
6. बैंक मित्र/साथी योजना के अन्तर्गत घर-घर बैंकिंग सेवाएं पहुँचाई गई।

**निष्कर्ष -** वित्तीय समावेशन व्यक्तियों और संगठनों के लिए समान रूप से अवसर प्रदान करता है उदाहरण के लिए बचत खाते या सूक्ष्म ऋण जैसी आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके व्यक्ति समय के साथ अपना क्रेडिट स्कोर बना सकते है और बेहतर दरों पर बड़े ऋण के लिए पात्र बन सकते है। जब सैकड़ों और लाखों लोगों के लिए बचत खाते, क्रेडिट कार्ड, माइक्रो क्रेडिट और ऋण जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाती है तो कही भी किसी को भी पैसे प्राप्त करने की क्षमता उन्हे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद् कर सकती है।

वित्तीय समावेशन से उपभोक्ता खर्च, निवेश के अवसर, रोजगार सृजन, सरकारों के लिए कर राजस्व में वृद्धि, द्वारा अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है इसके अतिरिक्त वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने वाले संगठन सामाजिक जिम्मेदारी पर ध्यान केन्द्रित कर ग्राहको के बीच विश्वास का लाभ मिल सकता है यह देश में गरीबी और असमानता को कम कर व्यावसायिक अवसरों के माध्यम से स्वयं का जीवन सुरक्षित रख सकते है कहने का तात्पर्य यह है कि वित्तीय समावेशन में जोखिम और अवसर दोनों परन्तु सही ढ़ग से किया गया कार्य लोगों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में भाग लेने की अनुमति देकर अत्याधिक आर्थिक और सामाजिक लाभ प्रदान कर सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. शिशिर सिन्हा, 'जन धन से जन सुरक्षा, बीमा पेंशन' कुरूक्षेत्र जून 2015
2. भारत में वित्तीय प्रशासन - डॉ. मंजूषा शर्मा, ओ.पी.बोहरा, किताब महल पब्लिकेशन।
3. वित्तीय प्रबन्ध - डॉ. एम. पी. गुप्ता एवं डॉ. के एल गुप्ता, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
4. https://pwonlyias.com.upsc.notes
5. उच्च वित्तीय प्रबन्ध - डॉ. एस. पी. गुप्ता, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
6. वित्त प्रशासन - डॉ. पी. एन. गौतम, हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकुला।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मूल्य आधारित शिक्षा का उद्देश्य और मानव विकास के बहुआयाम में समालोचना

**डॉ. नरेन्द्र कुमार हनोते* डॉ. रीमा नागवंशी ****

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र)शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुलताई, जिला बैतूल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शिक्षा विकास की प्रथम सीढ़ी है। विकास एक निरंन्तर प्रक्रिया है, जो प्रत्येक चरण पर समाज के विभिन्न पहलूओं में अपना योगदान देती है। यही योगदान आने वाले भविष्य को अभिव्यक्त करता है कि मौजूदा समाज, राज्य, देश, के उन्नती का मार्ग किस ओर प्रशस्त हैं। भारत 21वी शताब्दी में मूल्य परख शिक्षा, नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्र भक्ति एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने के लिए मूल्य आधारित शिक्षा को अपनाना आवश्यक है। पिढ़ीदर पिढ़ी शिक्षा प्रदान करना और जीवन मूल्यों को सिखाना एक बहूत ही कठिन कार्य है। आज समाज में जो परिदृष्य देखने को मिलते है जिनके लिए मानव की आत्मा पीढ़ित होती है जिन्हे हम विभिन्न प्रकार के गैर-संवैधानिक रूप से किये गये कृत्यों को एकीकृत करके देखते है इनका एक ही सफल कारण है, कि समाज, और सभ्यता में विभिन्न दशकों से वर्तमान तक विकास में तो परिलच्छित होता है। किन्तु समाजिक मूल्यों का ह्रास उससे ज्यादा दिखाई पढ़ रहा है। जिसका कारण अन्ततोगत्वा यह कहना कि समाज में मूल्य आधारित शिक्षा का अंगीकरण कम हो रहा है कहना उचित होगा। उपरोक्त शोध पत्र में अध्ययनकर्ता के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा का उद्देश्य एवं उनका विभिन्न आयामों में कौनसे समालोचनात्मक कार्यो का उक्त शोध पत्र में विवेचन किया गया है।

**शब्द कुंजी–**मूल्य आधारित शिक्षा, नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक शिक्षा, सभ्यता, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास।

**प्रस्तावना –** शिक्षा मानवीय व्यवहारों को सिखाने में अहम भूमिका अदा करती है। किन्तु मूल्य अधारित शिक्षा एक नई अवधारणा के रूप में विकसीत हो रहा है। किन्तु आज समाज में मूल्यों का पतन होने पर हम इस विषय को यदि गंभिरता से अध्ययनकरने हेतू विवश हो रहे। इसका अर्थ यह नही है कि मूल्य अधारित शिक्षा केवल शिक्षित व्यक्ति को ही प्राप्त हो सकती है। क्योकि प्रत्येक समाज आज जो कम पढ़ लिखे व्यक्ति है उनमें मानवता अधिक झलकता है अपेक्षाकृत पढ़लिखों के। आदिकाल से हि समाज मे व्यक्ति मूल्य परक शिक्षा को ग्रहण करता रहा है। जहॉ व्यक्ति शास्त्रीय मूल्य में निष्पक्षता निष्ठा अनुसंधान वही, नैतिक मूल्यों में सच्चाई उत्तारदायित्व की भावना, सामाजिक व राजनीतिक मूल्यों में राष्ट्रीय एकता विवेकशीलता सामाजिक उत्तारदायित्व लोकतांत्रिक व्यवस्था, वैज्ञानिक मूल्य में नई खोज नए का उपागम सृजनात्मक चिंतन, पर्यावरणीय मूल्य में पेड़ पौधों के प्रति जागरूकता सजकता उनकी सुरक्षा पेड़ पौधों की पूजा, सांस्कृतिक मूल्यों में सभ्यता संस्कृति का विकास न्याय प्रियता शिष्टाचार अनुशासन सत्य अहिंसा मित्र इत्यादि अनेक गुणों का विकास अनादि काल से ही मानव में सभ्यता समाज के साथ-साथ विकसितहोताचलाआ रहा। सी.वी वुड के अनुसार-'मूल्य वह चारित्रिक विशेषता है जो मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और सौन्दर्यबोध की दृष्टि से महत्तवपूर्ण मानी जाती है। लगभग सभी विचार मूल्यों के अभीष्ट चरित्र को स्वीकार करते हो।'

जब से हमारे विश्व धरोहर के स्तंभ रूपी संस्थानों का पतन हुआ है तब से मूल्य आधारित शिक्षा का महत्व और अधिक आवश्यक हो गया है। क्योकि लार्ड मैकाले की शिक्षण पद्धति ने तो देश में व्यक्तियों के मन मे यह धारणा विकसीत कर दी है कि व्यक्ति चाहे भारतीय हो किन्तु सोच उसकी ब्रिटिश की होनी चाहिए। परिणामस्वरूप यह देखते है कि आज जो पश्चिमी सभ्यता का अनुशरण करे वह विकसीत श्रेणी की ओर बढ़ रहा। यह धारणा हमारी विगत एक शताब्दी से ओर अधिक प्रबल हो रही है। अर्थात हम आज भी अंग्रेजी मानसीकताओं में फसे है। इन्ही बाघाम्बडरों में आज की हमारी पिढ़ी फसती चली जा रही है। जहॉं से आज हमारा समाज दिखावटी परंपरा में उलझा चला गया है। भारतीय सभ्यता विश्व प्रसिद्ध सभ्यता में सर्वोत्तम एक है किन्तु आज यह पश्चिमी अनुकरणीता का परिणाम है कि समाज में अनेक प्रकार की बुराई ओर प्रबल होती जा रही है।

कला, संस्कृति एवं सभ्यता व दर्शन आदि की गौरवशाली परम्पराओं पर गर्व करने वाला हमारा भारत देश आज अनास्था एवं पारम्परिक अविश्वास के वातावरण में हमारी प्राचीन परम्परा तथा मूल्य धूमिल से हो गये हैं। विकासशीलता की यह भ्रामक अवधारणा, ने मानव मस्तिक में अस्तित्वादी जीवन, अनात्मपरक नास्तिकता, पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण एवं कुतर्क प्रधान चिन्तन आदि के कारण अतीत में अविश्वास तथा में अनास्था आदि कारणों से हमारे पुराने मूल्य अब बहूत कम हि रह गये हैं। स्वयं पर अनास्था का परिणाम है, आत्मनाश अर्थात् अपने आदर्शो तथा मूल्यों, अपनी सांस्कृतिक विरासत, अपनी चिन्तन प्रणाली का परित्याग कर उसके स्थान पर बाहरी अथवा विदेशी चिन्तन प्रणाली को शामिल करना। रामायण एक महान ग्रन्थ है जिसमें सीता हरण के पश्चात जब लक्ष्मण से यह पूछा गया कि यह परिधान किसका हो सकता है ता लक्ष्मण ने कहा मेने तो भाभी मॉं को केवल चरणों तक ही देखा है मे यह कैसे बता सकता हूॅं कि यह परिधान किसका है। यह पर यह कथन कहने का अर्थ है कि आज समाज में न हि आधार भाव शेष रह रहा ओर न हि शिष्टाचार जो आरूणी के नाम।

इसके कारण हमारे मूल्य दब से गये हैं। हैं।

मानव नारी का सम्मान करना चाहता है लेकिन कर नही पाता है। आज समाज में वह झूठ, चोरी, डकैती आदि को गलत मानता है पर छोड़ नही है। वह परपीड़न को पाप तथा परोपकर को पुण्य स्वीकारता तो है लेकिन मन में उतार नही पाता। वह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार के प्रति आक्रोश प्रकट करता है लेकिन भ्रष्टाचार का उन्मूलन नही कर पाता। इस तरह आज का प्रत्येक भारतीय सभ्यता संस्कृति की स्थिति इसी काल से होकर गुजर रहा है। भारत वसुदेव कुटुम्भकं ओर वहुजन हिताय, बहुजन सुखाय तथा सर्वे भवन्तु सुखिन के विभिन्न लोकोत्तियों के मूल्यों से पहचाना जाता रहा है। आज देश में शिक्षा के विकास को हम साक्षरता के प्रतिशत के अंको में माप रहें। विगत कुछ दशकों में यह लगातार बढ़ रहा है। किन्तु देश में नैतिक मूल्यों का बड़ा ह्रास हो रहा है।

**साहित्य समीक्षा**

**बोबिन्द्र** आपके द्वारा मानव जीवन में मल्यों का महत्व के परिप्रेक्ष में मल्य की उत्पत्ति तथा मल्य का वर्गीकरण को मानव विकास में परिवार की भूमिका के साथ समाज की भूमिका, मीडिया की भूमिका तथा मल्य विकास में स्कूल की भूमिका क्या होती है इस पर आपने प्रकाश डालें।

**अरोरा नीलम** विद्यार्थियों में शिक्षा और मूल्यों के बीच संबन्धों को जाग्रत करने के लिए आपने विशिष्ट कविता, पाठ, कहानी के माध्यम से स्पष्ट किया है। मानव मूल्यों को विकसीत करने के लिए महान विचारक, वैज्ञानिक, समाज सुधारक, के चरितार्थ को शिक्षा के माध्यम से विभिन्न स्त्रोतों से जिनमें सभ्यता, संस्कृति, बौद्धिक, व्यवहारिक, नैतिक, सामाजिक मूल्यों को अपना सके उन पर विभिन्न लेख दिये है।

**सिंह शिवराज** आपके लेख में मानव मूल्यों के विकास में विद्यालय, यूनेस्कों की परियोजना, नैतिक मूल्यों एवं व्यवसायिक मूल्यों को विकसीत कैसे किया जाए इन विषयों पर अपना आलेख प्रस्तुत किया है। जोकि सत्य, न्याय, ईमानदारी, लोगो की सेवा, आत्मभाव, टीम भावना, समय का मूल्य, देश प्रेम, एकीकृत विकास, गर्व, सादगी, तपस्या जैसे अनेक आयामो का उल्लेख किया है।

**पवार किरण** 2016 आपके द्वारा पर्यावरण मूल्य के सरोकारों को प्रकृति के प्रति जागरूकता पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण चेतना, वृक्षारोपण, प्रदूषण निवारण वैश्विक मूल्य, सामाजिक एवं राजनीतिक मूल्य, नैतिक मूल्य जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता को अभिव्यक्त करते हैं पर विशिष्ट चर्चा की गई उपरोक्त शोध में अपने राष्ट्रीय चरित्र के विकास में पर्यावरण को पर्याय बताते है।

**मिश्रा श्रृद्धा** 2022 ने प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्रों के मूल्यों का समायोजन का अध्ययनकिया। जिसमें उनकी पॉच विशेषताएं एवं पॉच समस्याओं का अवलोकन किया गया उक्त अध्ययन में व्यक्तिगत समायोजन शारीरिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समायोजन मानसिक विकास और समायोजन संवेगात्मक समायोजन पर जानकारी अभिव्यक्त की गई और बताया गया कि प्रतिभाशाली छात्र ऐसे बालक जो जन्म से ही अपनी प्रखर बुद्धि कारण से अलग पहचाने रखते हैं।

**अमिला ढाका** 2019 के लेख द्वारा मूल्य परख शिक्षा में योग का विस्तार पूर्वक अभिव्यक्त किया गया जिसमें योग से यह नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि इत्यादि सभी युवकों के आधार पर उनके मूल्य पर शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारकों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई हैं।

**असवाल भरत सिंह** 2017 के सैद्धांतिक मूल्य आर्थिक मूल्य सौंदर्यात्मक मूल्य सामाजिक मूल्य राजनीतिक मूल्य धार्मिक मूल्य इत्यादि पर मानव जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है। आज विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए भाषण नोटिस उत्तरों को दोहराने की कौशल ही विद्यार्थी को परीक्षा का मापदंड तय कर रही है शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे बालक सत्य के आधार पर अहिंसा प्रेम जीवन यापन करने में सभ्यता संस्कृति पुरातन मूल्यों को पालन करने में राष्ट्र समाज के विकास के निर्माण में अपनी सर्वांगीण भूमिका दे सके क्योकि समाज विहिन व्यक्ति एक कोरी कल्पना है।

**पाटिल पंकज एवं सक्सेना सुबोध** 2018 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के नैतिक मूल्यों में ईमानदारी लगनशीलता मानवता विनम्रता तथा छात्रों के समग्र नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। जिसमें 150 छात्रों का एससी एवं एसटी के छात्रों का नया आदर्श के रूप में चयन किया गया और निष्कर्ष का या बताया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के समग्र नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

**रमेश पोखरियाल निशंक** 2021 ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक मूल्य आधारित शिक्षा में उन्होंने मूल्यों को विभिन्न प्रकारों में तथा विद्यालय शिक्षक की भूमिका, राष्ट्रीय मूल्यों, भारतीय ज्ञान परंपरा में मूल्य तथा वैश्विक चुनौतियों में मूल्य परक शिक्षा पर अपनी पुस्तक मेंविवेचनकियाहै।

**श्राफ राजेश** भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य एवं जीवन मूल्य, शोध पत्र में आपके द्वारा उच्च शिक्षा के परिदृश्य में जीवन मूल्यों के महत्व तथा उनका सुदन करने के लिए आवश्यक प्रयासों के बारे में व्यक्तकियागया।

**उद्देश्य:**

1. मूल्य आधारित शिक्षा और मानवीय मूल्यों के बीच समालोचना।
2. मूल्य आधारित शिक्षा और नैतिक मूल्यों के परिमाणों में विवेचन।

**सैद्धांतिक अध्ययन**

**शिक्षा और मानवीय मूल्य** – आज के वैश्विक एवं आधुनिक तकनीकी युग में शिक्षा मानव के विकास के लिए ही नहीं अभी तो प्रत्येक समस्या के समाधान केलिएआवश्यक, प्रारंभिक शिक्षा चाहे वह माता–पिता से प्राप्त हो, समाज से प्राप्त हो, स्कूल से, सभ्यता संस्कृति से विकसित हुई हो। यह शिक्षा मनुष्य में विभिन्न प्रकार के जीवन कौशल को उसकी आत्मविश्वास की स्थिति को जागृत करने के लिए कार्य करती है। शिक्षा मनुष्य को शोषण के विरुद्ध खड़ा कर सकती है। शिक्षा मानवीय मूल्यों में नैतिक परंपराओं आदर्श, मानवीय, हिंसक, क्रूरर, जैसे विभिन्न प्रकार की स्थितियां से निकलने में हमारी मदद करती है। शिक्षणार्थी के विकास में मानवीय मूल्य को विकसित करने के लिए या सीखाने की परंपरा में शिक्षक माता–पिता गुरु समाज या सभ्यता या एक परिवेश जो बालक के मानवीय गुना का विकास करना चाहते हैं वह बालक को प्रेरक कहानियां महापुरुषों की जीवनी विभिन्न प्रकार के बड़े–बड़े धरोहर इत्यादि के माध्यम से बालक में मानवीय गुणों का विकास करते हैं।



जैसा कि आरेख में प्रस्तुत है जीवन मूल्य या मानवीय मूल्य के अंदर मनुष्य की भावनाएं उसकी समझ एवं प्रत्येक मनुष्य की एक आत्मनिष्ठा धरणा विद्यमान होती है। मानवीय मूल्य में भावना एवं समझ विभिन्न प्रकार से दृष्टिगत होते हैं। जैसे किसी दूसरे के प्रति मानव के साचने का तरीका उसकी भावना एवं उसकी स्वयं की विचारधारा जो की आत्मनिष्ठा विचारधारा होती है वह उससे अलग नहीं होती है जो जीवन मूल्यों से निर्मित होती है।

यह उसके विकसित परिपक्वता शिक्षा सभ्यता संस्कृति नैतिक अनैतिक पर्यावरण के प्रति जागरूकता राष्ट्र के प्रति प्रेम सद्भावना सहिष्णुता सत्याग्रह सत्य निष्ठा अनेक प्रकार के गुण सुशोभित होते है इसी कारण मानवीय मूल्यों की आवश्यकता अति आवश्यक होती है बगैर मूल्य की शिक्षा या बगैर मुल्य का धन किसी कार्य का नहीं होता और ऐसे धन का कोई अर्थ नहीं होता है जो बगैर समझ से प्राप्त किया गया हो व्यर्थ होताहै। यही कारण है कि आाज मानवीय मूल्यों की आवष्कयता और महती होती जा रही है।

**शिक्षा और नैतिक मूल्य –** शिक्षा का नैतिक मूल्यों में एक सम्बन्ध होता है। वर्तमान जीवन मेंभविष्य के लिए एवं वर्तमान नीति आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार के निर्णय कोनैतिक मूल्यों के आधार परही तय करते हैं यह प्रत्येक मनुष्य कि उसके मानवीय गुना की विकास की अभिव्यक्ति के आधार पर ही विकसित होते हैं समाज केवह जिस परिवेश में होता है उसकी परिपक्वता के आधार परही वह अपने नैतिक मूल्यों को विकसित कर पता है तत्पश्चात उन नैतिक मूल्यों के आधार पर योग्यता सामाजिक मानसिकता दृष्टि को विचारधारा एवं परस्पर अभिलक्षित होने वाले विभिन्न प्रकार के गुण अभिव्यक्ति जैसे प्रदर्शित होते हैं यदि हम सत्य बोलना, ईमानदारी का पालन करना, प्रेम करना, दया दिखाना (करुणा), मित्रता निभाना, आत्मरक्षा आदि तथ्यों को नैतिक मूल्यों की कसौटी में देखे तो यह गुण प्रत्येक मनुष्य के अलग–अलग हो सकतें है। जैसे मानव में यदि कोई व्यक्ति ईमानदार है तो वह व्यक्ति अपनी ईमानदारी के लिए सत्यता के मार्ग पर चलता है और यह सत्यता से उसके नैतिक मूल्य को अभिव्यक्त करता है सत्य बोलता है सत्य बोलने के लिए उसे विभिन्न प्रकार के उसके द्वारा ग्रहण किए गए मानवीय गुना के आधार तय करता है जैसे पुराने ग्रन्थ के आधार पर उसके नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है।




जैसा कि हम जानतें है यह सभी भाव व्यक्ति अपने परिवेश से ग्रहण करता है। समाज में वह जैसे इन गुणों को विकसित होते देखता है। वैसे हि वह अपने नैतिक मूल्यों को भी अपनाता है। क्योकि नैकित मूल्यों का प्रादुर्भाव हमारे समाजिक व्यवस्था से ही होता हैं। यहि कारण है कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि 'नैतिक मूल्यों और एक संस्कृति और एक धर्म इन मूल्यों को बनाए रखना कानूनों और नियमों बनाए रखने से बेहतर है।'

वही मानव में उसके नैतिक मूल्य में प्रेम, दया या करुणा की भावनाओं उपस्थित है तो अवश्य ही वहां अपने द्वारा वीकसीत उसमें यह प्रेम या दया की भावना विकसित होगी वह अपने परिवार समुदाय के समावेश के आधार पर विकसित करता है और वह अपने नैतिक मूल्यों को प्रेरित करता है नैतिक मूल्यों के आधार पर हम किसी के द्वारा अभिव्यक्त की गई धरणा किसी जीव के प्रति सोच किसी को बचाने के प्रति विचारधारा को भी समझ सकते हैं।

मानव में मित्रता, आत्मरक्षा के गुणों की परिपक्वता उसके नैतिक मूल्यों से परिलक्षित होती है कि वह अपने मित्रता से संबंधित मित्र के मित्रत्व को कितना प्राथमिकता देता है।

**निष्कर्ष व सुझाव –** मानवीय मूल्यों को प्रभावित करने वाले कारकों में सभ्यता, संस्कृति, भाषा, धर्म, पर्यावरण एवं भूमि से संबंध, लिंग, मीडिया, सामाजिक परिवेश, नैतिक निर्णय, नैतिक भावनाएं, सहानुभूति, आत्मविश्वास, ज्ञान, इत्यादि। नैतिक एवं मानवीय मूल्य दोनों व्यक्ति को अपने सामाज समुदाय एवं अपने–अपने क्षेत्र विशेष के आधार पर उसके पौराणिक ग्रंथ एवं विभिन्न पहलुओं से प्राप्त होते हैं और यह दोनों ही मानवीय एवं नैतिक मूल्य प्रारंभिक अवस्था से ग्रहण किए जाते हैं।

सामाजिक मूल्य, नैतिक मूल्य, आध्यात्मिक, सकारात्मक, दृष्टिकोण या नकारात्मक दृष्टिकोण प्रत्येक स्तर पर मानव के उद्देश्य के आधार पर कार्य करते हैं यह दृष्टिकोण अपने कार्यक्षेत्र के आधार पर मूल्य प्रदर्शित होते हैं और यह मूल्य की विशेषता होती है कि इसमें आंतरिक भाग को व्यक्ति के व्यक्तित्व से प्रदर्शित किया जाता है और उसके मूल्य में विकसित होते हैं।

अर्थात यदि हमें एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करना हो तो उसके लिए मानवीय एवं सामाजिक नैतिक सांस्कृतिक सभ्यता संस्कृति एवं मूल्यों को उत्ताम श्रेणी के विकसित करना होगा आने वाली पीढ़ी एक अच्छे राष्ट्र के निर्माता के तौर पर विकसित हो सके एवं समाज के सर्वागिण विकास में अपना योगदान दे सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. सिंह बोबिन्द्र, 'मानव जीवन में मूल्यों का महत्व' International Educational Scientific Research Journal, Volume -3 Issue 11 Nov. 2017 peg No. 72-74.
2. अरोरा नीलम, 'मूल्य शिक्षा एवं जीवन कला' कक्षा 6 से 8 राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़, रायपुर।
3. कुमार शिवराज, 'शिक्षा में मानव मूल्य और व्यवसायिक, नैतिकता आवश्यकता और महत्व' Online Research Journal JSRSET-1849119 Themed section 28 august 2018 Peg No. 643-648.
4. पवार किरण 2016, 'नैतिक मूल्यों का पर्याय है पर्यावरण शिक्षा यरिसर्च स्कॉलर मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौड़ राजस्थान' Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education, Vol. XII, Issue No.23.
5. मिश्रा श्रृद्धा, 'प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं के मूल्यों तथा समायोजन का अध्ययन' Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language, Online ISSN 2348-3083 August 2022 Peg No.934-940.

6. अमिता ढाका, 2019 'मूल्यपरक शिक्षा एवं योग' शोध मंथन http:/ shodhmanthan.anubooks.com/, https://doi.org/ 10. 31995/shodhmanthan. [{O. 438-441
7. असवाल भरत सिंह, 'मूल्य शिक्षा का जीवन में महत्व एवं आवश्यकता' श्रृंखला ऐक शोधपरक वैचारिक पत्रिका vol-4 Issue-10* June-2017, E: ISSN no.: 2349-980X peg. No. 117-121
8. पाटिल पंकज डॉक्टर सक्सेना सुबोध 2018, 'अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन' International Journal of Research in Social Sciences Vol- 8 Issue ISSN: 2249&2496 Peg no.- 1178 -1185.
9. रमेश पोखरियाल निशंक 2021, 'मूल्य आधारित शिक्षा' प्रभात प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड आशफ अ ली रोड नई दिल्ली प्रथम संस्करण।
10. https://www.jvbi.ac.in/dde/pdf/menu/distance/SLM/BA-II-SOL-I.pdf
11. श्राफ राजेश 'भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य एवं जीवन मूल्यः राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी शिक्षा व्यवसाय प्रबंधन एवं भारतीय जीवन मूल्य एक चिंतनण' DGAM VIGYATI volume 2 2015 pege No 1 to 4ISSN 2455-2488

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# निमाड की भावपूर्ण विरासत : भित्तिचित्र

**डॉ. रश्मि दीक्षित***

* सहायक प्राध्यापक, पुनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** लोक कला जनसाधारण की सहज अभिव्यक्ति है। यह मानव सभ्यता के साथ प्रारंभ हुई और उसके साथ ही निरंतर बढ़ती जा रही है। मानव सभ्यता के धार्मिक विश्वासों और आस्थाओं के साथ बलवती होती जा रही है। लोक कला का विकास आदिम कला से ही माना जाता है। आदिम काल मनुष्य की वह अवस्था है जब वह घने जंगलों में रहता था और संघर्ष में जीवन जीता था। विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रयत्न करता था। इन विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए भी उसने सौंदर्य भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयत्न किया। उसने जीवन संघर्ष को विभिन्न अवसरों पर महसूस किया और इसी सौंदर्य बोध का विकास अपने परिश्रम से निरंतर करता गया। कला के रूपों की यह विकास यात्रा किसी एक स्थान से संबंधित नहीं है वरन् यह समस्त मानव जाति से संबंधित है। यह कला मानस की प्रेरणा से ही बढती है और मानस को ही दिखाती है। लोक कला आत्मिक शांति, मर्यादा एवं मंगल की भावना से ओतप्रोत रहती है ।लोक कला अपने परंपरागत विश्वास, धारणाओं, आस्थाओं और रचनात्मक संकेतों से प्रेरणा लेकर बढ़ती जाती है। इसका उदय समाज के रीति-रिवाजों पर आधारित हैं जो परंपरागत रीति रिवाजों में परिवर्तन के साथ बदलता जाता है।

लोक को जानने से पहले लोक का अर्थ समझना होगा।'लोक' शब्द का प्राचीन भारतीय शास्त्रों में बहुतायत से प्रयोग मिलता है। लोक का अर्थ है देखना या अवलोकन करना। हम पहली बार जब इस लोक में आंखें खोलते हैं या आंखें बंद करते हैं तो मानव इस दौर में कई अनुभवों से गुजरता है और उन्ही अनुभव का ताना-बाना बुनता है, यही लोक हैं। लोक सामान्य जीवन है लोक का अर्थ गूढ भी है, तथा व्यवहारिक ज्ञान भी है। लोक में भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों मिले हुए हैं। सभी व्यक्ति किसी ना किसी परंपरा से पूर्ण या आंशिक रूप से जुड़े हुए हैं। लोक में जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी गतिविधियां आ जाती है। लोक के लिए अंग्रेजी में 'फोक' शब्द का प्रयोग किया गया है जो मनुष्य हजारों विश्वास और रीति-रिवाजों, व्यवहारों, परंपरा और संकल्प से बनाता है। जहां तक मनुष्य की कल्पना पहुंचती है वहां तक लोक की सीमा मानी गई है।

**लोक कला–** मनुष्य के पुस्तकीय ज्ञान से भिन्न व्यवहारिक ज्ञान पर आधारित विचारों की अनुभूति की अभिव्यक्ति लोक कला है। जिसकी उत्पत्ति धार्मिक भावनाओं, अंधविश्वासों के निराकरण और अलंकरण प्रवृत्ति के जातिगत भावनाओं की रक्षा से हुई है। जैसे-जैसे मानव सभ्यता का विकास होता गया लोक कलाएं विकसित होते गई है। इसे कुछ विद्वानों ने कृषकों की कला कहा है। लोक कला मंगल का भाव अपने में समाहित किए हुए सौंदर्य भाव उत्पन्न करती है जिसमें मंगल की भावना निहींत होती है। भारत की सांस्कृतिक का लोक कलाओं से गहरा रिश्ता है। इसी रिश्ते के कारण लोक कलाएं आज इस परंपरागत रूप में विकसित होती आई है, जो लोक कथाओं, लोक गाथाओं, लोकनाट्य, लोक गीत और लोक नृत्य, लोक वाद्य संगीत, लोक चित्र और मिथकों के रूप में युगों से चली आ रही है। इसका मूल कभी बदलता नहीं लेकिन समय एवं परिस्थितियों के अनुसार इसमें आंशिक परिवर्तन होते रहते हैं। लोग चित्रों की परंपरा प्रचलित बहुत प्रचलित है तथा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को धरोहर के रूप में उपहार में दी जाती है ताकि इन चित्रों के माध्यम से नई पीढ़ी कलात्मकता को समझ सके। लोक चित्रों के माध्यम से कितनी लोक कथाओं का प्रस्तुतीकरण किया जाता है जिसमें लोक नायकों की शक्ति सदैव विद्यमान रहती है।

लोक कला परंपरागत होती है, जनसाधारण के लिए शुभ और मंगल दायक होती है। लोक कला समग्र रूप से ज्यामिति एवं अलंकारिक होती है। लोक कला में जो अभिप्राय एक बार में प्रचलित हो जाता है वह शताब्दी तक चलता रहता है। यह किसी आकृति के लिए निश्चित नहीं है।यह सर्वभोमिक होती है सबके लिए होती है। इसके स्वरूप संपूर्ण प्राप्त होते हैं। यह रीति-रिवाजों परंपराओं एवं विभिन्न सामाजिक संस्कारों के लिए प्रचलित होती है। यह नैसर्गिक एवं प्राकृतिक होती है जो सरल हृदय से प्रस्फुटित होती है । मनुष्य के प्रति भावना एवं रंगों की अभिव्यक्ति होती है जो प्रत्येक व्यक्ति में समाई होती है यह संसार के सभी प्राणी एवं आत्मा से संबंधित है एवं जनता के बीच की एक कड़ी है।

मध्यप्रदेश के निमाड में भी ऐसी बहुरंगी कलाओं के दर्शन होते हैं। खासकर यहां की लोक चित्रकला, जो अपनी अलंकारिता एवं पारंपरिक वैभव से संपूर्ण निमाड़ का जनजीवन सराबोर करती है। शायद ऐसा कोई पल नहीं जिस में चित्रकला से मनुष्य का विकास नहीं हुआ हो। सदियों से लोक कला चित्रांकन की विधियों में पौराणिक धार्मिक मान्यताओं, लोक कथाओं, आचार विचारों एवं आस्था का झलक विद्यमान रहती है।

निमाड़ भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत संपन्न अंचल रहा है। भारत के नक्शे में विंध्य एवं सतपुड़ा के बीच जो भाग है वह निमाड़ के नाम से प्रसिद्ध है। शासन व्यवस्था की दृष्टि से निर्माण को दो भागों में बांटा है पश्चिमी निमाड़ एवं पूर्व निमाड। नर्मदा घाटी के इतिहास से पता चलता है कि मानुष यहां ढाई लाख वर्ष से भी पहले आबाद हो चुका था। ऐतिहासिक दृष्टि से भी निमाड अपने आप में बहुत समृद्ध है। यहां राजा मांधाता वंश से लगाकर होल्कर वंश अहिल्या तक का इतिहास जुड़ा हुआ हैं। संपूर्ण निर्माण

महिष्मति इतिहास के इर्द-गिर्द घूमता है। निमाड़ का इतिहास रामायण काल से महाभारत काल तक जुड़ा हुआ है। यह मुगल शासन काल में भी प्रसिद्ध हुआ। जिस क्षेत्र का इतिहास कितना प्राचीन है वहां की लोक कलाएं भी अवश्य पुरातन होगी जो परंपरा के अनुसार आत्मसात हो गई है। निमाड़ के लोक चित्र रीति-रिवाजों, मंगल भावना, पूजा, श्रद्धा एवं आस्था के परिचायक हैं। यहां कोई भी मांगलिक कार्य बिना लोक चित्रों की पूर्ण नहीं होता। वर्षभर कोई ना कोई अंकन चलते रहता है। भिन्न-भिन्न विसंगतियों के बावजूद निमाड़ की चित्र परंपरा अपने आंतरिक सौंदर्य के बल पर समूचे विश्व की संवेदनाओं को स्पर्श करने की ताकत रखती है।

**निमाड़ की लोक चित्र परंपरा-** निमाड़ की धरती पुरातन समय से अपनी संस्कृति की कथा कहती आई है। यहां की धरती का इतिहास प्राचीन अनूप जनपद और पौराणिक नगरी महिष्मति के इर्द-गिर्द घूमता है। अंचल की कला, एवं परंपरा का मुलाधार यहां के जीवन में रस की प्रकृति और धरती की संस्कृति है। निमाड़ी लोक चित्र निमाड की जातिय समृद्धि और संस्कृति के अनुभव का संसार है। निमाड में लोक चित्रों की लंबी परंपरा है, हर बार कोई ना कोई त्यौहार आता है और उससे संबंधी चित्र बनाए जाते हैं। हरियाली अमावस्या पर जिरोती, नाग पंचमी पर नाग भित्ति चित्र, क्वार मास में संझा, नवरात्रि में नवरात्रि, दशहरे के दिन भूमि चित्रण, दिवाली पर हाथे या मांडने, दिवाली की पड़वा पर गोबर से गोवर्धन, भाई दूज बनाए जाते हैं।

विवाह में कुल देवी का भित्ति चित्र दरवाजों पर बनाना दूल्हा दुल्हन के मस्तक पर कवेली भरना, पुत्र जन्म पर पगल्या का शुभ संदेश अंकन, गणगौर की मूर्ति, साथिया, चौक, कलश, मांडना आदि, शरीर पर गुदना लोक चित्र परंपरा है। निमाड के चित्रों में कहीं ना कहीं ऐतिहासिक चित्रकला की रेखाएं भी आकृतियों के रूप में उपस्थित होती है जो सहज अभिव्यक्ति है जिसमें मंगल भावना समाहित है।

निमाड़ की लोक संस्कृति नगर एवं गांव में फैली हुई जनता के संस्कार हैं इसमें मंगल की भावना निहींत है। मंगल शाश्वत सत्य है, आध्यात्मिक विकास है, संसार के समस्त प्राणियों को आत्मसात कर प्रेम, करुणा उपहार, क्षमा, अहिंसा का भाव है। अंत:करण की पवित्रता की ओर बढ़ने का माध्यम है मनुष्य की पशुता को समाप्त कर उसे ईश्वर बनाने की राह है। संस्कार परंपरागत होते हैं, उसमें आनंद की प्राप्ति होती है, और आनंद मंगल भावना है।

मांगलिक कार्य, पूजा-पाठ, पर्व त्यौहार लोक चित्र में विशिष्ट स्थान रखते हैं। संझा निमाड़ी कन्याओं का अनोखा त्यौहार है। अंतिम दिन संझा की लोक कला का भव्य रुप भित्ति पर उतर आता है। इसी प्रकार की महिलाओं में मांढने की प्रथा है। निमाड जिरोती, नाग, दशहरा, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, मांडने आदि को सहेज के रखे है। लोक कथाओं के माध्यम से देवी-देवताओं को निमाड़ी लोक कलाओं में रेखांकन के द्वारा स्थापित किया है चित्रों में पार्वती का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है लोक कथाओं पर भी उनका प्रभाव है।

चित्रों को प्रभावशाली बनाने के लिए धरा पर शाश्वत आराध्य सूर्य एवं चंद्रमा, निमाड में पाए जाने वाले सांप बिच्छू आदि स्वास्थ्य एवं जन जीवन में प्रेम के प्रतीक से जुड़कर फुगरी खेलती बालाएं चित्रित की जाती है। सर्व सिद्धि के दाता गणेश की मूर्ति आटे द्वारा बनाई जाती है। जिरोती निमाड़ के सर्वाधिक व्यापक शैली है।जिसका मूल्यांकन करते हुए श्री रामनारायण उपाध्याय लिखते हैं 'यदि निमाड में जिरोती नही होती तो दीवारें त्यौहारों में चित्रों से सुनी ही रहती।' नाग पंचमी और जिरोती भित्ति चित्र गेरू एवं लाल चटक रंग से दीवार पर उकेरी जाती है तथा गोबर से नाग देवता को अलंकारिक रूप में सूचित किया जाता है। चित्र पूजा के माध्यम से जन मन में लोक कला के सांस्कृतिक स्वरूप को जीवित रखता है। गोबर मिट्टी में कला के रूप में दीपावली के भाईदूज एवं गोवर्धन पड़वा के दिन दृष्टिगोचर होता है। लोकजीवन जितना प्रगतिशील होता है कला के रूप का उपयोग करने में हिचकिचाता नही। निमाड की लोक कला लोगो की सहभागिता को अभिव्यक्त करती है। इस प्रकार समारोह पूर्वक सहभागिता से कला के प्रति प्रेम बना रहता है।

**निष्कर्ष**-मध्यप्रदेश के निमाड़ अंचल लोक कलाओं से समृद्ध है। लोक कला लोक जीवन की अमूल्य निधि है। रंग एवं रेखाओं के द्वारा विभिन्न आकृतियों की अभिव्यक्ति की लोक कला है और लोक कला से ही लोग चित्र का सृजन होता है। निमाड़ लोक कलाओं का घर है लोक कला आज के लोग की धरोहर है निमाड़ अंचल का वास्तविक स्वरूप निमाड की परंपराएं, निमाड की संस्कृति एवं सभ्यता निमाड के लोकगीत, लोक संगीत ,लोक कथा, लोक नाट्य एवं चित्रों में देखा जा सकता है।लोक चित्र में बनाने की आस्था और विश्वास तो है ही, प्रतीकों का समावेश उनकी सामाजिक उपस्थिति को दर्शाता है। लोक चित्रों के विषय प्राय: पारंपरिक, पौराणिक एवं सामाजिक होते हैं। देवी देवता लोक चित्रों के मुख्य विषय होते हैं। प्रत्येक अंचल के स्थानीय देवी-देवताओं के चित्र अंकन में लोक चित्रों में होता है। पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि, वायु पांच तत्वों से मिलकर चित्र बनता है। चित्र में सारी प्रकृति मौजूद रहती है। गीत,सत्य कथा, वार्ता, मिथक सब चित्र में दर्शाए जाते हैं। जीवन की सारी गतिविधियां लोग चित्रों में दृष्टिगोचर होती है। लौकिक एवं अलौकिक दोनों ही संसार को हम लोक चित्रों में देख सकते हैं। प्रकृति चित्र की प्रेरणा मात्र नहीं होती है बल्कि चित्र में प्रकृति अपना विस्तार करती है। मनुष्य एवं प्रकृति में द्वैत की प्रेरणा पाई जाती है। जब मनुष्य प्रकृति एवं दिव्यता को अपना अभिन्न अंग बना लेता है तब वह दिव्यता से विहीन जड़ प्राकृतिक नियम से संचालित होने लगता है तथा मनुष्य अपने को भी प्रकृति समझने लगता है और फिर लोक कला का सृजन होता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. रेखा श्रीवास्तव का आलेख : लोक कला।
2. अंजली पांडेय: निमाड की सांस्कृतिक लोक कलाएं।
3. वसंत निरगुणे -निमाडी संस्कृति और साहित्य।
4. रामनारायण उपाध्याय - लोक साहित्य समग्र।

*************

# नागार्जुन के उपन्यासों में स्त्री पात्रों की भूमिका

श्रीमती गंगा *

* शोधार्थी (हिन्दी) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** नागार्जुन को हम आज बाबा, वैद्यनाथ मिश्र या आधुनिक युग का कवि कहते है, उनके साहित्य में अंगारों सा ताप, जाति, ऊँच–नीच तथा आत्मीयता से भरा व्यक्तित्व उभर कर आता है। नागार्जुन का जन्म, उनके ननिहाल सतलखा ग्राम पोस्ट मधुबनी जिला दरभंगा में 30 जून 1911 को हुआ था। उनके पिता का नाम श्री गोकुल मिश्र तथा माता का नाम उमादेवी था। सामाजिक चेतना, वैचारिक प्रतिबद्धता और अभिव्यक्ति कौशल की दृष्टि से इनकी रचनाएं अद्‌भुत है। हिन्दी कविता को छायावादी संस्कारों से मुक्त कर उसके सहज विकास की एक दिशषा निश्चित करने में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा है, अपनी अभावग्रस्त पारिवारिक स्थिति होने के बावजूद वे सदैव संघर्ष करते हुए भी मस्त यायावर, जिजीविषा से भरपूर जीवन जीने वाले बाबा नागार्जुन को सभी हिन्दी के प्रगतिशील कवि के रूप में ज्यादा जानते पहचानते है, बाबा नागार्जुन ने कई उपन्यास, कहानियाँ, अनेक निबंध, संस्मरण, डायरी, नाटकों की रचना की है। बाबा नागार्जुन का अनुभव – संसार इतना गहरा कहने की अभिलाषा इतनी सघन और संवेदशीलता इतनी तीव्र थी कि उन्हें अपने कथन पर अधिक जोर देकर कह देने की जितनी तीव्र धुन थी, उतनी कैसे और कितना कह दें इसकी नहीं। फलस्वरूप कुछ आलोचक उनकी रचनाओं में शैलीगत कसावट की कमी को रेखांकित करते हैं। संस्कृत, हिन्दी, मैथिली, बंगला, पालि, प्रजाबी, गुजराती आदि भाषाओं के जानकार बाबा को भाषा के प्रति गहरा लगाव था। बाबा नागार्जुन की रचना में भी भाषा की सहजता, सरलता, सजगता व पात्रतानुकूलता दिखाई देती है। उच्च वर्ग से लेकर निम्न वर्ग, ग्रामीण नागरिक, स्त्री–पुरूष के भावगत मानसिक पार्थक्य को वे बखूगी व्यक्त करते हैं, उनकी भाषा यथार्थ जीवन संदर्भों की भाषा है, उनके उपन्यासों की भाषा संरचना में तत्सम, तद्‌भव, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, लाक्षणिक शब्दों का प्रयोग भी बखूबी हुआ है। घुट–घुट कर मरना नहीं, मर–मर कर भी जीने का संकल्प, अदम्य जिजीविषा, संगठित होकर लड़ने, रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ने, चेतन होने का भाव उनकी रचनाओं के कथ्य में **गुम्फित** है, उनका कथन यथार्थ का वर्णन करके मात्र रूक नहीं जाता अपितु विकल्प खोजता दिखाई देता है। ऐसे बाबा शारीरिक रूप से आज इस संसार में चाहे न हों, पर उनके विचार, उनकी संघर्ष–भावना व आस्था उनकी रचनाओं के माध्यम से आगामी पीढ़ियों तक कायम रहेगी।

**शोध पत्र का उद्देश्य :**

1. नागार्जुन जी का जीवन परिचय।
2. व्यक्तित्व एवं कृतित्वों को जानना।
3. बाबा नागार्जुन ने अपने उपन्यासों में स्त्री के कौन–कौन से आयामों को अंकित किया है? यह जानना।
4. बाबा नागार्जुन के उपन्यासों में महिलाओं के विकास हेतु सामाजिक चेतना को समझना।
5. नागार्जुन के उपन्यासों में स्त्री चेतना एवं उसके विकास के बारे में जानना।
6. सामाजिक क्रांति में स्त्री का योगदान।
7. संगठित समाज की परिकल्पना में स्त्री का योगदान।

**नागार्जुन के उपन्यासों की समीक्षा**

उनका पहला उपन्यास सन् 1948 में प्रकाशित हुआ जिसका नाम **'रतिनाथ की चाची'** था। रतिनाथ की चाची उपन्यास मिथिलांचल की विधवा नारियों की दयनीय दषा को अभिचित्रित करता है, साथ ही यह उपन्यास प्रेम, वात्सल्य और राग–द्वेष की अनुभूतियों से सम्मुक्त मानव की कमजोरियों और उन कमजोरियों के बीच से उपजी ताकत को रेखांकित करता है, इस उपन्यास में बाबा नागार्जुन ने विधवा जीवन की त्रासदी को अभिव्यक्त किया है। इस उपन्यास में मुख्य पात्र के रूप में रतिनाथ की विधवा चाची गौरी की शारीरिक, मानसिक यंत्रणा को चित्रित किया गया है उपन्यास में विधवाओं की दयनीय अवस्था एवं उनके शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक शोषण को रूपांतरित किया गया है। गौरी के संघर्षों की समाप्ति उसकी मृत्यु के साथ ही होती है। इसमें बाबा नागार्जुन ने मिथिला के रहन सहन, सामाजिक जीवन व वहाँ की संस्कृति को उकेरते हुए अनमेल विवाह, विधवा–समस्या, जाति प्रथा, पिछड़ापन आदि समस्याओं को अपने व्यक्तिगत जीवन अनुभवों के आधार पर अत्यंत संवेदनशील वर्णन किया है। गौरी का कहना था– 'हे भगवान, अगले जन्म में मैं भले चुहिया होऊँ, भले ही नेवला, मगर चेतनामय इस मानव समाज में फिर कभी न पैदा होऊँ।' गौरी का यह कथन समाज पर करारा व्यंग्य है। रतिनाथ की चाची उपन्यास की अनेक घटनाएँ नागार्जुन के अपने जीवन से सम्बद्ध घटनाएँ है। यह भी माना जाता है कि यह एक तरह से बाबा की अपनी चाची को श्रद्धांजलि है।

**रतिनाथ की चाची** नामक उनके उपन्यास से भी ऐसा ही आभास होता है, इसमें आठ–दस साल की मासूम रतिनाथ की चाची की करूण कथा कही गई है, पर सिर्फ चाची का जीवन ही इस उपन्यास में अभिव्यक्त नहीं हुआ है, इसमें पूरे मिथिलांचल का ग्रामीण जीवन भी प्रतिर्बिबित हुआ है, एक और बात जो उपन्यास को कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण बनाती है, इस उपन्यास की कथा रतिनाथ के माध्यम से व्यक्त हुई है। रतिनाथ ने अपने ग्रामीण परिवेशष को जैसा अनुभूत किया, वहीं यथार्थ बनकर पाठक के सामने आया है। वह व्यक्ति के नजरिये से ही सोचता है, पर अपने परिवेश से

उसे गहरा मोह है, उसकी समझ, नासमझी, अपरिपक्वता और संस्कार पाठकों के समक्ष हैं, उनका व्यर्थ उदात्तीकरण नहीं किया गया है।

बाबा का दूसरा उपन्यास **'बलचनमा'** सन् 1952 में प्रकाशित हुआ, इस उपन्यास में स्वातंत्र्योत्तर भारत के शासक–शोषक वर्ग की काली करतूतों से उत्पन्न विडम्बनाजनक कटु यथार्थ को उसके शोषण का शिकार होते ईमानदार, साधनहीन आम जनता, मजदूर, किसान की पीड़ा को चित्रित किया गया है। हम आये दिन होटलों में काम करते, बोझा उठाते, रिक्षा खींचते, पटाखे बनाते, घरेलू नौकर एवं बाल मजदूरों के बारे में पढ़ते या सुनते है। इस उपन्यास का नायक **बलचनमा** भी बचपन से ही बाल मजदूर बन गया है। बाल मजदूरों की इन दिनों बड़ी चर्चा है लेकिन अभाव, गरीबी किस तरह बच्चों को मजदूरी करने को विवशष कर रही है इसका चित्रण इस उपन्यास में किया गया है। **बलचनमा किसान जीवन के अभावों, दर्द व विषमताओं का भी मूर्तिमान रूप है।** यह आम होते हुए भी तब खास बन जाता है जब वह संघर्ष की राह पर चलने का निर्णय करता है। प्रेमचंद का होरी ग्राम संस्कृति के मात्र ध्वंसावशेष को बताता है, वहां बलचनमा भावी निर्माण का स्वप्न जगाता है गांव से नगर की ओर बड़ी आशा, आकांक्षा, उम्मीद से देख रहे व्यक्ति का अंत में नवीन अनुभूति लेकर नगर से गांव लौटना प्रभावकारी है। इसके द्वारा लेखक ने पाठक और समाज में बड़ा ही सुन्दर स्वप्न संजोया है, अपनी जड़ और जमीन की ओर पुन: वापस लौटने का।

सन् 1953 में **'नई पौध'** के नाम से प्रकाशित नागार्जुन का उपन्यास पहले मैथिली में **'नवतुरिया'** नाम से लिखा गया था। इसमें मिथिला के पांचवे–छठवें दशक का परिवेश लिखा हुआ है। गरीबी से परेशान होकर कन्याओं को किसी को बेच देने की या उम्र दराज व्यक्तियों के हाथ बांध देने की सामाजिक आर्थिक समस्या ने लेखक को विचलित किया है, यह स्थिति इस उपन्यास की पृष्ठभूमि बन गयी। इसमें दहेज–प्रथा, अनमेल–विवाह और नारी विक्रय का यथार्थ अंकन हुआ है। जब 60 वर्षीय चतुरानन चौधरी 14 वर्षीय बिससेरी से विवाह करना चाहता है, तो गांव के नवयुवक एकजुट होकर उसका विरोध ही नहीं करते बल्कि चौधरी को बारात सहित भगा भी देते हैं और बिसेसरी का विवाह युवा वाचस्पति से करवाते हैं, यह नयी पौध रुढ़ियों के विरूद्ध विद्रोह को दिखाता है।

**'दुखमोचन'** उपन्यास का प्रकाशन 1956 के जुलाई अगस्त और सितम्बर माह में आकाशवाणी के लखनऊ प्रयाग केन्द्र ने तेरह किश्तों में समग्र रूप से प्रसारित किया था। उपन्यास का नायक दुखमोचन एक आदर्श पात्र है। इस उपन्यास को कथावस्तु अनेको घटनाओं, प्रसंगों के माध्यम से आगे बढ़ती है। दुखमोचन व्यवसाय के लिए कलकत्ता जाते हैं और पांच वर्ष के बाद वापस अपने गांव लौट आने पर अपने गांव टमका कोईली का नवनिर्माण करना चाहते हैं। दुखमोचन के दो भाई थे सुखदेव और नारायण। तीनों का विवाह हो चुका था। दुखमोचन की दो बेटियां थी। पांच वर्ष पूर्व ही उनकी पत्नी का अवसान हो चुका था। सुखदेव की पत्नी सम्पन्न परिवार की होने से अपने मायके में ही रहा करती थी। नारायण की पत्नी और बच्चे गांव में रहते थे, वह स्वयं घर से दूर सरकारी विभाग में था, परिवार के लिए तन, मन, धन समर्पित कर देने वाले दुखमोचन की विधवा मामी गांव में रहती थी, टमका कोईली में मलेरिया और कालाजार ने तबाही मचायी तब चर्मरोग फैलने पर दुखमोचन ने नेताओं अफसरों, मेडिकल कॉलेज के अध्यापकों व छात्रों की सहायता से गंधक, नारियल के तेल और नीम के साबुन की व्यवस्था करवाई। गांव में आग लगने पर बेघर लोगों के पुर्नवसन पर भी बहुत परिश्रम करते हैं, इस प्रकार उपन्यास में दुखमोचन के प्रयासों से गांव के नवनिर्माण की कथा वर्णित की गई है।

1957 में प्रकाशित हुआ उपन्यास **'वरूण के बेटे'** आजादी के बाद भी गांवों की गांव के निम्न वर्ग एवं निम्न जाति के लोगों की बदहाली में कुछ खास परिवर्तन नहीं हुआ। इस बात को बिहार के **'मलाही गोढियारी'** गांव के **मछुआरों की इस संघर्ष कथा को नागार्जुन ने चित्रित किया है**, जिन्हें आजादी नहीं मिली, ऐसे संकटों और अभावों से ग्रस्त मछुआरों की इस स्थिति के कारण है वे जमींदार जो जलाशयों पर कब्जा कर बैठे थे। बाबा बटेसरनाथ के टुनाई पाठक की तरह यहां भी पोखर व चरागाह हड़पते है – बेचते जमींदार है, मछुआरों की व्यथा कथा कहते कहते लेखक जमींदारों के विरूद्ध भोला, मंगल, माधुरी, मांझी जैसे चरित्र जमींदारों से मुकाबला करने के लिए खड़ा करता जाता है। ये चरित्र बाबा बटेसरनाथ और बलचनमा के चरित्रों के परम्परा में एक और कड़ी बन जाते हैं, जो व्यवस्था के विरूद्ध संघर्ष और क्रांति के लिए प्रयत्नरत हैं।

लेखक मानते है कि इस संसार में कई नरक हैं, उनमें से एक **'कुम्भीपाक'** है, पर 1960 में प्रकाशित बाबा के उपन्यास 'कुम्भीपाक' में वर्णित वह कुम्भीपाक नहीं है, अपितु इसमें नगरों– महानगरों एवं निम्न मध्यवर्गीय समाज में अनेक प्रकार के शोषण के शिकार होती स्त्रियों की नारकीय त्रासदी आदि 'कुम्भीपाक' उपन्यास में चम्पा के इस कथन से स्त्री के दु:ख का अनुमान लगाया जा सकता है, **'नहीं, मैं खुश नहीं हूँ। कोई भी और खुश नहीं है किन्तु।** अच्छे घर की अच्छी बहुओं से जाकर पूछो, वे भी खुश नहीं हैं, जब स्त्री के लिए यूँ भी समाज की विचारधारा संकीर्ण हो, तब हमारे समाज में घर की दहलीज लांघनेवाली नारी के लिए, कुम्भीपाक रुपी नरक में पहुँची नारी के लिए, न कोई सम्मान है, न ही कोई समाधान। बाबा की प्रगतिशील दृष्टि इसी नारी समस्या की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है, और ऐसी नारियों को कुम्भीपाक के उस दलदल से निकाल कर नए जीवन की ओर प्रयत्नशील दिखाती है।

इस तरह प्रगतिशील नारी चरित्रों के माध्यम से लेखक ने यह सन्देष दिया है कि नारी को अपनी अस्मिता स्थापित करने के लिए अपनी शक्तियों को पहचानकर उनका विकास करना पड़ेगा।

नागार्जुन द्वारा रचित उपन्यास '**हीरक जयंती**' सन् 1961 में प्रकाशित हुआ, इसमें सामाजिक विडम्बनाओं के साथ–साथ राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब करने के लिए लिखा गया है, स्थान–स्थान पर चलने वाले हीरक जयंतियों के समारोह, मात्र स्वहित के लिए कैसे मनाया जाता है, इसका यथार्थांकन इस कृति का वैशिष्ट्य है। इस उपन्यास का मुख्य पात्र **नरपत बाबू एक ऐसा नेता है, जो अपने आप को आम जनता का सेवक बताता है, पर उन्ही का शोषण करता रहता है,** उसी के काले कारनामों का परिचय लेखक ने आत्मकथा के रूप में करवाया है।

1963 में प्रकाशित **'उग्रतारा'** में विधवा उगनी की कथा के माध्यम से लेखक ने एक विवश स्त्री की करूण कथा को नये सिरे से अंकन किया है। वह उस रूढ़िवादी समाज को कटघरे में ला खड़ा करता है, जो स्त्रियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता व कार्यक्षमता को प्रमाणित करने के बावजूद कॉलेजों से पढ़–लिखकर निकली लड़कियों को उनकी प्रतिभा और आजादी को अपनी पुरानी रूढ़िगत मान्यताओं के कारण लील लेता है। लेखक ने यहाँ भी दहेज, अनमेल विवाह के साथ–साथ प्रेम संबंधों की वैधता– अवैधता

जैसी समस्याओं के साथ स्त्री- शिक्षा को महत्व दिया है। इस उपन्यास में नागार्जुन की प्रेम दृष्टि भी अद्भुत समय से बहुत आगे की और क्रांतिकारी थी, उगनी और कामेश्वर के माध्यम से एक क्रांतिकारी विचार उपस्थित करते हुए लेखक ने अपनी प्रगतिशील दृष्टि का परिचय दिया है।

सन् 1968 में राज्यपाल एंड संस, दिल्ली से **'इमरतिया'** और किताब महल इलाहाबाद से 'जमनिया का बाबा' नाम से प्रकाशित उपन्यास नागार्जुन का एक और महत्वपूर्ण उपन्यास है। मैथिली भाषा में 1946 में प्रकाशित यह उनका प्रथम उपन्यास है, इस उपन्यास में **साधु-संतो के कुचक्रों के बीच फंसी भावुक स्त्री इमरतिया की कथा के माध्यम से मठों की दुराचारपूर्ण जिंदगी, धार्मिक अंधविश्वास, साधु-संतो के पाखण्ड का बाबा ने बड़े साहसपूर्ण तरीके से पर्दाफाश किया है।** भारत के लोगों की धर्मांधता और अंधविश्वास का लाभ उठाकर, रामनामी ओढ़े न जाने कितने प्रडितों, सिद्ध-संत, मठाधीशों की काली करतूतें आये दिन चौंकाती रहती हैं, इस उपन्यास में जमींदारी उन्मूलन के साथ जमनिया और लखनौती के दो तीन जमींदारों द्वारा जमीन हथियाने के उद्देश्य से बहुत बड़े भू-भाग पर जमनिया मठ की स्थापना की जाती है। पापी दुराचारी, हत्या के अभियोग से भागते-फिरते मुसलमान जुलाहे की महंत के रूप में नियुक्ति के बावजूद इसका वास्तविक संचालन जमींदारों, तस्करों, व्यापारियों के हाथ में है। मठ के तस्करी- व्यापार का केन्द्र हो जाने की इस कथा में बाबा ने कुकृत्यों में लिप्त ऐसे मठों व पाखंडी संतों पर व्यंग्य किया है। धार्मिक भ्रमजाल का ऐसा विष्लेषण हिन्दी के बहुत कम उपन्यासों में हुआ है।

पहले मैथिली में 1946 में रचित पारो का हिन्दी अनुवाद 1975 मुं. कुलानन्द मिश्र ने किया। **'नई पौध'** की तरह इस उपन्यास के मूल में पुन: बेमेल विवाह, दहेज, बाल-विवाह की समस्याओं को दर्शाया गया है। साथ ही इस उपन्यास में मिथिला के रीति-रिवाजों व घटनाओं का सुन्दर अंकन भी किया है। नारी हृदय की सम्पूर्ण वेदना को इस उपन्यास में बड़ी ही मनोवैज्ञानिकता से चित्रित किया गया है। नायिका पारो परम्परावादी पत्नी की तरह समझौता करने को तैयार नहीं है, उसकी ईश्वर से यह प्रार्थना उसका वेदना की मार्मिकता की द्योतक है, 'हे भगवान! लाख दण्ड दे, मगर फिर औरत बनाकर इस देश में जन्म नहीं दे।' **पारो, वरूण के बेटे, उग्रतारा** आदि उपन्यासों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि **वे हमारे समाज के उन कोढ़ों, कलंकों को पकड़ते हैं, जो बरसों से हमारी चिंता का कारण बने हुए हैं।**

सन् 1979 में प्रकाशित बाबा नागार्जुन के अंतिम उपन्यास **'गरीबदास'** में बाबा नागार्जुन ने वर्ग-संघर्ष के स्थान पर शोषित जनता की मुक्ति हेतु समन्वयवाद का मार्ग दिखाया है, नायक गरीबदास अपने आदर्श बाबासाहेब अम्बेडकर के मार्ग का अनुसरण कर दलित उत्थान के अनेक प्रयास करता है। लेखक ने इसमें भी सामाजिक समरसता व विकास के अपने स्वर को वाणी दी है। स्वाधीनता के पश्चात् देशवासियों को जिस मुक्ति, समता और शांति की कामना थी, वह खण्डित हुई तथा राजनीतिक पतन, चरित्र-विघटन, आर्थिक विषमता, महंगाई, **मानव संबंधों एवं मूल्यों में हुए ह्रास और नैतिक पतन ने मोहभंग की स्थितियाँ उत्पन्न कर दी थीं।** हत्या-लूटपाट, विद्वेष, घृणा, अविश्वास, शोषण भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न विकराल समस्या हमारे विकास, हमारी उन्नति को ग्रस रहे थे। इस यथार्थ का स्वाभाविक अंकन स्वातन्त्रयोत्तर उपन्यासों में हुआ। नागार्जुन जैसे प्रगतिशील रचनाकारों ने इसके साथ-साथ तानाशाही, शोषण कारी शक्तियों के खिलाफ जनमत तैयार करने का कार्य, विरोध-विद्रोह और संघर्ष की प्रेरणा देने का कार्य भी अपने उपन्यासों के माध्यम से किया। नागार्जुन के लगभग सभी उपन्यासों में इन मुद्दों को देखा जा सकता है, जहाँ तक विचार का सम्बन्ध है, उन्होंने वर्ग-संघर्ष के **प्रेरक मार्क्सवाद को महत्वपूर्ण माना, परन्तु देशहित व जनहित से बढ़कर उससे सर्वोपरि उनके लिए कुछ नहीं था।** एक लेखक होने के नाते उनकी रचनाओं में सामान्यजन के **प्रति, शोषितों के प्रति पक्षधरता साफ़-साफ़ दिखाई देती है।**

**शोध प्रविधि -** कोई भी शोध कार्य बिना क्रिया विधि एवं शोध प्रविधि के बिना सम्भव नहीं हो सकता इसलिए शोधकर्ता को कोई एक विधि के द्वारा शोध कार्य करना आवश्यक है। अनुसंधान की शोध प्रविधि में क्रियात्मक शोध के साथ विश्लेषणात्मक शोध प्रविधि का प्रयोग करके शोध समीक्षा प्रस्तुत करना होता है। शोध प्रविधि में हमें शोध कार्य को प्रस्तुत करने में नागार्जुन के उपन्यासों का गहन अध्ययन करना है, साथ ही उनके उपन्यासों में स्त्री पात्रों का विश्लेषण करना है। नागार्जुन के उपन्यासों में स्त्रियां हर परिस्थिति का सामना करके समाज के सामने उठ खड़ी हुई है तथा नागार्जुन ने स्त्रियों को कभी बेबस कमजोर नही होने दिया है। इन सभी समस्याओं का विस्तृत विश्लेषण करना शोध कार्य की मुख्य प्रविधि है।

बाबा नागार्जुन को ग्रामीण - जीवन, वहाँ के वातावरण, वहाँ की समस्याओं की गहरी जानकारी थी। स्वयं उस परिवेश में रहने के कारण वह सब उनका देखा-भोगा हुआ था। इसी का असर उनकी रचनाओं में ग्रामीण-जीवन के चित्रण के रूप में दिखाई पड़ता है। इसके कारण आँचलिकता भी उनके उपन्यासों में दिखाई देती है, **परन्तु यह आँचलिकता 'मैला आँचल' की तरह परम्परागत रूप में नहीं है क्योंकि उनका लक्ष्य अंचल का चित्रण नहीं अपितु उस शोषित- पीड़ित समाज व उनके संघर्षों का अंकन है,** जिसे उन्होंने अपने अंचल से उठाकर अपने उपन्यासों में प्रतिष्ठित कर दिया। बलचनमा हो, इमरतिया हो या दु:खमोचन हो सभी पात्र अपने - अपने परिवेश में संघर्षरत हैं । नागार्जुन की इन रचनाओं में विशेषकर मिथिलांचल, वहाँ की प्रकृति, लोकजीवन, वहाँ के लोकविश्वास और परम्पराएँ मूर्तिमान हो उठे है। शोभाकांत जी के शब्दों में **'नागार्जुन के उपन्यास अंचल विशेष पर केन्द्रित होते हुए भी किसी संकीर्ण अर्थ में आंचलिक नहीं हैं, वे सम्पूर्ण देश या जमाने की सच्चाई को ठोस रूप में सामने लाते हैं।'**

**निष्कर्ष-** संसार को इतना गहरा कहने की उनकी अभिलाषा इतनी सघन और संवेदनशीलता इतनी तीव्र थी कि उन्हें अपने कथन पर अधिक जोर देकर कह देने की जितनी तीव्र धुन थी, उतनी कैसे और कितना कह दें इसकी नहीं। फलस्वरूप कुछ आलोचक उनकी रचनाओं में शैलीगत कसावट की कमी को रेखांकित करते हैं। संस्कृत, हिन्दी, मैथिली, बंगला, पालि, प्रजाबी, गुजराती आदि भाषाओं के जानकार बाबा को भाषा के प्रति गहरा लगाव था, यूँ भी आधुनिक कथा साहित्य में भाषागत उदारता देखी जाती है और आलोचक कृत्रिम भाषा की अपेक्षा सहज भाषा के प्राकृत रूप का प्रयोग ही श्रेयस्कर मानते हैं। बाबा नागार्जुन की रचना में भी भाषा की सहजता, सरलता, सजगता व पात्रतानुकूलता दिखाई देती है। उच्च वर्ग से लेकर निम्न वर्ग, ग्रामीण, नगरीय, स्त्री-पुरूष के भावगत मानसिक पार्थक्य को वे बखूगी व्यक्त करते हैं, उनकी भाषा यथार्थ जीवन संदर्भो की भाषा है। उनके उपन्यासों की भाषा संरचना में तत्सम, तद्भव, अरबी, फारसी, अंग्रेजी एवं लाक्षणिक शब्दों का प्रयोग भी बखूबी हुआ है। घुट-घुट कर मरना नहीं,

मर-मर कर भी जीने का संकल्प, अदम्य **जिजीविषा, संगठित होकर लड़ने, रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ने, चेतन होने का भाव उनकी रचनाओं के कथ्य में शामिल है,** उनका कथन **यथार्थ का वर्णन करके मात्र रूक नहीं जाता** बल्कि विकल्प खोजता प्रतीत होता है। ऐसे बाबा इस संसार में चाहे शारीरिक रूप से न हों, पर उनके विचार, उनकी संघर्ष-भावना व आस्था उनकी रचनाओं के माध्यम से आगामी पीढ़ियों तक कायम रहेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. रतिनाथ की चाची, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन सन्1998 ।
2. बाबा बटेसरनाथ, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन सन् 1954, ।
3. कथाकार नागार्जुन, डॉ. जगन्नाथ प्रडित राधा पब्लिकेशन, 2005।
4. कुम्भीपाक, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन सन् 1987।
5. नागार्जुन, सुरेशचन्द्र त्यागी, आशिर प्रकाशन।
6. उग्रतारा, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन , सन् 1987।
7. पारो, नागार्जुन।
8. नागार्जुन: सम्पूर्ण उपन्यास- भाग-2, प्र.सं. 1994 यात्री प्रकाशन, दिल्ली।
9. नागार्जुन के उपन्यास, डॉ. संतोष कौल काक, शोधगंगा।
10. हिन्दी का गद्य साहित्य, नवम् संस्करण, जनवरी 2014, डॉ. रामचन्द्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन विशालाक्षी भवन, वाराणसी।
11. नागार्जुन रचनावली, शोभाकांत, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारतीय समाज में साधु-सन्यासियों की परम्पराओं के प्रकार व प्रकृति

**डॉ. प्रमिला वाधवा***

* प्रभारी प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सारनी, जिला बैतूल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** भारत में साधुओं का इतिहास हजारो साल पुराना है। वेद पुराणों में भी साधु परम्पराओं के होने के प्रमाण मिलते है। इन्होंने हिन्दु धर्म को काफी हद तक प्रभावित किया है। साधु और सन्यासी भी कई प्रकार के होते है। सभी के अपने अपने मत विचारधाराऐं व नियम है, वैसे तो **साधु शब्द का अर्थ होता है 'सज्जन व्यक्ति'** इसका मतलब है प्रत्येक व्यक्ति जो दयालु है, परोपकारी और सबकी सहायता करने वाला है वह साधु है। साधु का कोई भेष व नियम नहीं होता है, लेकिन वर्तमान समय में साधु उन्हें कहा जाता है जो सन्यास धारण करते हैं यज्ञ और तपस्या करते है, **गेरूऐं, सफेद एवं भगवाधारी वस्त्र धारण** करते है ऐसे सन्यासी साधु परम्पराओं के किसी एक सम्प्रदायों को मानते है और उसका ही अनुसरण करते है।

भारतीय साधुओं का इतिहास कुछ सालों का नहीं अपितु हजारों वर्ष पुराना है। भारतीय इतिहास में हिन्दु धर्म को साधु परम्परा ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भारतीय संस्कृति के अनुसार जो भी व्यक्ति साधुत्व अपनाता है उसे अपने सांसारिक जीवन व भौतिकता से मुक्त होना होता है तभी वह साधु परम्पराओं को निभा सकते है, एक साधु को समाज से पूर्ण रूप से मुक्त होना होता है।

भारतीय समाज में साधुओं का एक सम्प्रदाय जिसे शैव सम्प्रदाय कहते है, उसमें सन्यास ग्रहण करने से पूर्व ही व्यक्ति का प्रतीकात्मक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया जाता है, जिसका अर्थ है कि वह व्यक्ति समाज के लिए मृत हो जाता है और सन्यासी के रूप में उनका नया जन्म होता है, जबकि वैष्णव सम्प्रदाय के नियम शैव सम्प्रदाय से थोड़ा कम कठोर होता है।

**शोध का उद्देश्य:**

1 साधु सन्यासियों की परम्पराओं का भारतीय समाज एवं सांस्कृतिक जीवन में महत्व का विश्लेषण सकारात्मक पक्ष को प्रस्तुत करना।

2 संन्यासी परम्परा का प्राचीन काल से आधुनिक काल में सांस्कृतिक व सामाजिक जीवन में हुए परिवर्तन का तुलना करना।

3 धर्म ग्रंथों का अध्ययन तथा अपने सम्प्रदाय के साहित्य का ज्ञान प्राप्त करना।

4 विशेष पर्व के समय उपवास द्वारा स्वयं को पवित्र करना तथा भोजन आदि के विषय में नियम आदि का पालन करना।

**सन्यासी सगठन व उनके प्रकार-** सन्यासियों ने हमारी संस्कृति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साधु परम्पराओं में साधु अकेले ही मोक्ष के पथ पर चलता था लेकिन सन्यासियों ने मठों और आश्रमों के द्वारा अपने आप को संगठित करने का प्रयास किया, सबसे पहले बौद्ध, फिर ईसाई धर्म, में उनकें धर्मगुरूओं की परम्परा को अपनाया। इसके द्वारा अपने आप को संगठित करने का प्रयास किया गया। हिन्दू धर्म में सबसे पहले 9वीं शताब्दी के अंत में शंकराचार्य ने सन्यासियों के मठों की स्थापना की शुरुआत की। हिन्दू धर्म में धार्मिक संप्रदायों को मुख्यत: दो भागों में विभाजित किया गया है।

1 शैव सम्प्रदाय

2 वैष्णव सम्प्रदाय

शैव सम्प्रदाय के सन्यासी शंकराचार्य को अपना गुरू मानते है, जबकि वैष्णव सम्प्रदाय के लोग रामानुज को अपना गुरू मानते है।

**जी.एस. धुरमें** ने शैव सम्प्रदाय के सन्यासियों को उनकी प्रकृति के अनुसार निम्न रूप से विभाजित किया है-

**शैव सन्यासी**

- दसनामी
- नागा
- जोगी
  - आरंभिक सम्प्रदाय
    - पशुवत
    - कपालिका
  - आधुनिक सम्प्रदाय
    - नाथपंथी
    - अघोरपंथी
- सुधारवादी सन्यासी
  - उदासी
  - निर्मल

**वैष्णव सन्यासी**

- निम्बार्क सम्प्रदाय
- विष्णु स्वामी वल्लभाचार्य सम्प्रदाय
- माधव सम्प्रदाय
- रामानन्दी सम्प्रदाय

**शैव सम्प्रदाय** -शैव सन्यासियों के प्रकार को मुख्य चार भागों में बांटा गया है।

**अ) दसनामी सन्यासी** -शैव सन्यासियों में दसनामी सबसे महत्वपूर्ण सम्प्रदाय है इस सम्प्रदाय की शुरूआत शंकराचार्य ने की। शंकराचार्य ने दसनामी शैवों का संगठन मजबूत करने के लिए भारत में चार प्रमुख मठों में **जगन्नाथपुरी द्वारका श्रृंगेरी** और **बद्रीनाथ** की स्थापना की दसनामी सम्प्रदाय का उद्देश्य धर्म का प्रचार करना और धर्म की रक्षा करना है।

**ब) नागा**-नागा साधुओं की प्रकृति थोड़ा अलग है यह स्वभाव से उग्र

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

और शस्त्र धारण करने वाले होते है, यह संन्यासी आजीवन निर्वस्त्र रहते है क्योंकि वह मानते है कि जिस रूप ईश्वर ने उन्हें जन्म दिया है, वह आजीवन उसी स्थिति में रहेंगे। नागा सन्यासी भौतिक जीवन का पूर्ण रूप से परित्याग कर देते है। इस सम्प्रदाय को सोलहवीं शताब्दी में **मधुसूदन सरस्वती** ने नागा सन्यासी को संगठित किया।

**स) जोगी सम्प्रदाय** –जोगी सन्यासियों को शैव सम्प्रदाय का तीसरा सबसे मुख्य सम्प्रदाय माना जाता है यह सन्यासी का मुख्य सम्प्रदाय होने के कारण है तांत्रिक विद्या और जादू टोने जैसी विधाओं में निपुर्ण होते है। यज्ञ, बलि, सम्मोहन और वशीकरण जैसी विधाओं का यह अभ्यास करते है और उसमें पारंगत होते है इस सम्प्रदाय को दो भागों में बांटा जाता है:–

**आरंभिक सम्प्रदाय**

**पशुवत** **कपाल**

**आधुनिक सम्प्रदाय**

**नाथपंथी पशुवत** **अघोरपंथी**

आरम्भिक सम्प्रदाय को भी प्रकृति के अनुसार दो भागों में बांटा गया है– पशुवत और कपालिका ठीक इसी प्रकार आधुनिक सम्प्रदाय को भी नाथपंथी और अघोरपंथी सम्प्रदास में बांटा गया।

**द) सुधारवादी सम्प्रदाय** – शैव सन्यासियों में एक और सम्प्रदाय है जिसे हम सुधारवादी सम्प्रदाय के नाम से जानते है प्रकृति के आधार पर इस सम्प्रदाय को दो भागों में बांटा गया है: **निर्मल** और **उदासी** इनकी विचारधारा अन्य सम्प्रदाय से काफी अलग है। इस सम्प्रदाय में इस्लामिक और गैर हिन्दू प्रभाव भी देखने को मिलता है। निर्मल सम्प्रदाय मानता है कि राम रहीम एक है, ईश्वर अल्लाह एक है, पुराण तथा कुरान एक है।

**वैष्णव सम्प्रदाय–** वैष्णव सम्प्रदाय भगवान विष्णु और उनके अन्य रूपों की आराधना करते है और उन्हें ही अपना ईष्ट देव मानते है। यह सम्प्रदाय प्रकृति से सरल और दयालु होता है। इस सम्प्रदाय को भी चार भागों में बांटा गया है और इन सम्प्रदायों का नाम उनके प्रमुख आचार्यो के नाम पर रखा गया है:–

1 निम्बार्क सम्प्रदाय (कुमार सम्प्रदाय)
2 विष्णु स्वामी वल्लभाचार्य सम्प्रदाय (रूद्र सम्प्रदाय)
3 माधव सम्प्रदाय (ब्रम्ह सम्प्रदाय)
4 रामानन्दी सम्प्रदाय

**सन्यासी अखाड़ों का सम्पूर्ण इतिहास–** मूलत: अखाड़े संतो की उस सेना या संगठन को कहा जाता है जो धर्म की रक्षा के लिए विशेष पारंपरिक रूप में गठित किये गये है, अपनी धर्म ध्वजा ऊँची रखने और विधर्मियों से अपने धर्म, धर्म स्थल, धर्म ग्रंथ, धर्म संस्कृति और धार्मिक परम्पराओं की रक्षा के लिए किसी जमाने में संतो ने मिलकर एक सेना का गठन किया था। वही सेना आज अखाडो के रूप में विद्यमान है।

**कुम्भ में संघर्ष का इतिहास–** चारो आश्रमों से एक अंतिम सन्यास आश्रम के अनुयायी शैवों और वैष्णवों में शुरू से ही संघर्ष रहा। शाही स्नान के समय अखाड़ों की आपसी तनातनी और साधु–संप्रदाओं के टकराव खुनी संघर्षों में बदलते रहे है। वर्ष 1310 के महा कुम्भ में महानिर्वाणी अखाड़े और रामानन्द वैष्णवों के बीच हुए झगड़े ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था। वर्ष 1398 के अर्द्धकुम्भ में तैमूर लंग के आक्रमण से कई जाने गई थी। वर्ष 1760 में शैव सन्यासियों व वैष्णव बैरागियों के बीच संघर्ष हुआ था। 1796 के कुम्भ में भी शैव संन्यासी और निर्मल संप्रदाय आपस में भिड़ गये थे।

विभिन्न धार्मिक समागमों और खासकर कुम्भ मेलों के अवसर पर साधु संगतों के झगड़ों और खून खराबों की बढ़ती घटनाओं से बचने के लिए **अखाड़ा परिषद् की स्थापना की गई** जो सरकार से मान्यता प्राप्त है। इसमें कुल मिलाकर **तेरह अखाड़ों** को शामिल किया गया है। प्रत्येक कुम्भ में शाही स्नान के दौरान इनका क्रम तय रहता है। कालांतर में शंकराचार्य के अविर्भाव काल सन् 788 से 820 के उत्तरार्द्ध में देश के चारों कोनों में चार शंकर मठों और दसनामी सन्यासियों के अनेक अखाड़े प्रसिद्ध हुए जिनमें **सात पंचायती अखाडे** आज भी अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत समाज में कार्यरत् है।

**राष्ट्र के निर्माण में साधु–संतो का योगदान** – अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् ने शायद आजादी के बाद पहली बार यह कठोर निर्णय लिया है कि किसी व्यक्ति को साधु या संत घोषित करने से पूर्व उसके अध्यात्मिक ज्ञान की जांच होगी साथ ही उसके सन्यासी के रूप में किये गये त्याग का भी परीक्षण होगा। वास्तव में साधु समाज से जुड़े चमत्कारी एवं दुराचारी साधु दूर हो जाए, तो साधु समाज की शक्ति राष्ट्र के निर्माण में अहम् योगदान दे सकती है।

भारत के हर परिवर्तनकारी युग में मठ, मंदिरों और साधुओं ने सांस्कृतिक चेतना का नवजागरण कर राष्ट्र निर्माण को नया मोड़ देते हुए, समय समय पर उदारता का प्रतिपादन किया है जिसे धर्म दीर्घकालिक सत्ताधारियों के राजनैतिक लाभ का हित पोषक न बना रहे। यही कारण है कि विश्वामित्र, चाणक्य, महावीर, बुद्ध, जगत् गुरू शंकराचार्य, गुरूनानक देव, चैतन्यमहाप्रभु, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महार्षि अरविंद स्वामी और ज्योतिबा फुले जैसे राजमोह तथा गृहत्यागी स्वप्न दृष्टाओं ने इस देश को विदेशी आक्रमणकारियों से लड़ने की शक्ति देने के साथ–साथ अज्ञान, भुख, अराजकता और असमान सामाजिक ढ़ांचे से जुझने की भी चुनौती व प्रेरणा, आम जनमानस को कबीर, तुलसी, सूरदास, रैदास, दाढू, मलूकदास और नानकदेव जैसे संत कवियों ने ही उबारकर नवयुग के निर्माण की आधारशिला रखी। स्वतंत्रता आंदोलन में साधु–संतों का बड़ा योगदान रहा है।

स्वतंत्रता से पूर्व भारत में करीब 60 लाख साधु–संत थे, लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर **एक करोड** के ऊपर पहुंच गई है। हालांकि साधु–संतो के जीवन पर अब **'रमता जोगी बहता पानी'** की कहावत पूरी चरितार्थ नहीं हो रही है मोक्ष के प्रचारक यह साधु भौतिकवाद के शिकार होकर राम–रहीम, की तरह वैभव व प्रदर्शन की प्रकृतियों के आदि हो गये है, कारों का काफिला इनके इर्द–गिर्द मंडरा रहा है तथा विलासता पूर्ण जीवन शैली अपना रहे है। सूचना तकनीक के चलते तमाम साधुओं का भू–मण्डलीकरण तो हुआ ही साथ ही बाजारवाद की गिरफ्त में आ गये है, लिहाजा धर्म अरबों – खरबों के उद्योगों में परिवर्तित हो गये। देखते–देखते बीते दो दशकों के भीतर हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, उज्जैन, शिरडी, त्रयम्बकेश्वर, जैसी धार्मिक नगरी में साधु–संतों की घास फूस की झोपड़ियां आलीषान अट्टालिकाओं में तब्दील हो गई है। इसी कारण साधु समाज सवाल दागे जाने लगे कि मोह माया और भौतिक सुखों से ऊपर उठने का दावा करने वाले जो सिद्ध पुरूष, स्वयं भोग विलास में संलिप्त हो जायेंगे तो अध्यात्म का उपदेश देकर क्या

समाज को भौतिकवादी बुराईयों से ऊबार पायेगा ?

साधु का प्रमुख गुण समष्टिगत होता है, इसलिए वह धर्म का प्रतिनिधि है। साधु के सदाचरण, संयमी, असचयी और सात्विक होने का प्रभाव जितना समाज पर पड़ता है। दिव्य पुरूषों के एक इशारे पर लोग करोड़ों लूटा देते है, यही कारण है कि अपेक्षाकृत कम प्रसिद्धि प्राप्त साधु अथवा मठ– मंदिरों के पास भी करोड़ों की नगद और चल–अचल संपत्तियां है, उनका डाकघरों व बैंकों में लाखों करोड़ों रूपये जमा है ऐसे में इन साधुओं के आत्मलीन होने के बाद यह धन–सम्पदा लावारिस घोषित कर दी जाती है, आखिर इस धन को साधु समाज के सुपुर्द कर स्थानीय विकास कार्यों में क्यों नहीं लगाया जा रहा है, इस तरह की मांग अयोध्या के राजनीतिक समाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी कई मर्तबा उठा भी चुके है। इनका दावा है कि साधु–संतो का बैंक और डाकघरों में लावारिस धन जमा होता है, यदि इसे निकाल कर विकास कार्यों में ईमानदारी से लगा दिया जाये तो निश्चित ही राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर हो जायेगा।

**सन्यासियों के सामाजिक कर्त्तव्य:**

1 बृहद समाज में धार्मिक सिद्धांतो का प्रचार करना या सन्यासी वेश में घूम–घूम कर धार्मिक माहौल का निर्माण करना।
2 दु:खी व निराश व्यक्ति जो उनकी सहायता चाहते है को सांत्वना देना।
3 विद्यालय, अस्पताल आदि की स्थापना करना तथा गरीब एवं दीन दुखियों की सहायता के द्वारा समाज सेवा करना।
4 धार्मिक प्रवचनों से समाज का विकास करना।

**निष्कर्ष–** स्पष्ट है कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन में साधु–सन्यासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है वे वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी लोगों को धर्म तथा अध्यात्म से विश्वास आज भी बढ़ता जा रहा है लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

आध्यात्मिक ज्ञान के बिना मानव का जीवन अधूरा है अत: हम सब विश्वास एवं भक्ति भाव से ओत प्रोत होकर आध्यात्म की, ओर अग्रसर हो, यह तभी संभव है जब तक कि धर्म के गुरूओं में आडम्बर व निरन्तर स्वार्थ की भावना समाप्त न हो जाये।

साधु–सन्यासियों का मूल उद्देश्य समाज का पथ प्रदर्शन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलकर मोक्ष प्राप्त करना है, साधु सन्यासी गण साधना, तपस्या करते हुए वेदांत ज्ञान को जगत को देते है।

नि:संदेह मुक्ति की कामना हिन्दू जीवन का चरम लक्ष्य है और मुक्ति लाभ हेतु ही अपना जीवन व्यतीत कर रहा हो वह सर्वाधिक आदर का पात्र समझा जाता है साधु–संत गृहस्थों को विभिन्न–विभिन्न प्रकार का धार्मिक व व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं जैसे निर्देश मंत्रणा, उपदेश, शिक्षा एवं दीक्षा आदि।

धार्मिक प्रकृति के नाना प्रकार की समस्याओं जैसे धन व यश प्राप्त करने की इच्छा से भाग्यफल जानने की इच्छा से संतानोत्पत्ति की कामना से आपसी एवं पारिवारिक झगड़ों को निपटाने की कामना से शादी–विवाह के विषय में सलाह लेने तथा आध्यात्मिक ज्ञान आदि प्राप्त करने की कामना से लोग दसनामी, नागा गुरूओं के पास आते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. भारत की संत परम्परा और सामाजिक समरसता – डॉ. कृष्ण गोपाल, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
2. कुमाऊँ रामायण– कुन्द्रन सिंह पहाड़ि, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली
3. विश्व के प्रमुख शिक्षा शास्त्री – आर. के. चौबे, पोइन्टर पब्लिकेशन, जयपुर।
4. नागा सन्यासियों की इतिहास – अशोक त्रिपाठी, इलाहाबाद प्रकाशन।
5. श्री राम चरित मानस में अध्यात्म एवं विज्ञान – प्रो. एस.पी. गौतम, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
6. भारतीय रामकथा साहित्य का स्वरूप – विकास ,– प्रो. त्रिभुवननाथ शुक्ल, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# काव्य शास्त्रीय परम्परा में अलंकार की धारणाओं का संक्षिप्त विश्लेषण

**डॉ. पी. एस. बघेल***

* ऐसोसिएट प्राध्यापक (संस्कृत) शहीद भीमा नायक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** कवि प्रतिभा से समद्‌भूत उक्तियो के अलोक सिद्ध सौंदर्य को कुछ आचार्यों ने व्यापक अर्थ में अलंकार कहा है। अर्थात् वामन ने अलंकार को सौंदर्य का पर्याय कहकर अलंकारयुक्त काव्य को ग्राह्य तथा अलंकारहीन या असुन्दर काव्य अग्राह्य कहा था।

**'अलश्क्रियते/नेन इति अलंकार:'**

भामह तथा उद्भट ने काव्य–शोभा के साधक धर्म को अलंकार माना है। गुण, रस को भी अलंकार की सीमा में रखा है। आचार्य दण्डी ने भी काव्य के शोभाकर धर्म को अलंकार कहा है।

**'काव्यशोभाया: कर्तारो धर्मा गुणा: तदतिशहेतवास्त्वालंकार:।'**

कुन्तक ने वक्रोक्ति के बारे में कहा है कि काव्य का अर्थात् शब्द और अर्थ का अलंकार कहा है।

**'वक्रोक्तिरेव वैदग्धीभ भंगीभणति रूच्यते।'**

भामह ने भी वक्रोक्ति या अतिशयोक्ति को अलंकार का प्राण तत्व माना था। रूय्यक के अनुसार'कवि–प्रतिभा से समुद्‌भूत कथन का प्रकार–विशेष ही अलंकार है।' आनन्दवर्धन का मानना है कि वाग्विकल्प अर्थात् कथन के अनूठे ढंग अनंत है और उनके प्रकार ही अलंकार कहलाते हैं।

**काव्य में अलंकार का स्थान –** भामह और उद्भट ने काव्य के शब्दार्थ को अलंकार्य मानकर उनमें सौंदर्य का आधान करने वाले सभी तत्वों को अलंकार कहा है। इससे स्पष्ट है कि भामह, उद्भट आदि अलंकार को काव्य सौंदर्य के लिए काव्य का अनिवार्य धर्म मानते थे। भामह ने काव्य के अलंकार को नारी के आभूषण की तरह मानकर कहा था। कि जैसे रमणिका सुन्दर मुख भी भूषण के अभाव में सुशोभित नहीं होता, उसी प्रकार अलंकारहीन काव्य सुशोभित नहीं होता।

इससे स्पष्ट है कि काव्य सौंदर्य के आवश्क उपादान मानने के कारण भामह अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक माने गये हैं। दण्डी ने भी अलंकार को काव्य सौन्दर्य का हेतु कहा है। दण्डि ने समाधि गुण को 'काव्य सर्ववस्व कहकर काव्य में गुण अपेक्षाकृत विशेष महत्व स्वीकार किया है।' पर गुण आदि की तुलना में उसका कम मूल्य मानते है मानते है। वामन ने 'रीति को काव्य की आत्मा माना है।' 'रीतिरात्मा काव्यस्य।'

आचार्य उद्भट अलंकार को गुण के समान ही महत्व देने के पक्षपाती है। उनकी मान्यता है कि गुण और अलंकार दोनों ही काव्य के समवाय–वृत्ति से सम्बद्ध काव्य का अंतरंग और अलंकार को संयोग–वृत्ति से सम्बद्ध काव्य का बहिरंग धर्म मानना गतानुगतिकता है।

भामह के सही काव्य का बाह्य तथा आभ्यन्तर धर्म मानने वाले दो मत प्रचलित थे। जिनका निर्देश भामह के काव्यालंकार में किया गया है। उद्भट का मत है कि अलंकार भी काव्य के सौन्दर्य के हेतु है। निष्कर्ष के रूप में उद्भट के अनुसार अलंकार काव्य के शब्द तथा अर्थ को सौन्दर्य प्रदान करने वाले नित्य और अन्तरंग धर्म है। अलंकार के अभाव में शब्द तथा अर्थ में सौन्दर्य नहीं आता।

जयदेव ने काव्य–लक्षण में अलंकार की अनिवार्य सत्ता मानी है।

**'निर्दोषा लक्षणवती सरीतिर्गुणभभूषिता।**
**सालंकाररसानेक वृत्तिर्वाक् काव्य नाम भाक्।।'**(जयदेव, चंद्रालोक, 1.7)

जयदेव आगे कहते हैं कि– अलंकारहीन शब्दार्थ को काव्य मानना– उष्णतारहित अग्नि की कल्पना करने के समान है।

**'अंशीकरोति य: काव्यं शब्दार्थावनलकृति**
**असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृति।।'**(जयदेव, चन्द्रालोक, 1.8)

कवि केशव ने अनलंकृति काव्य को अलंकारहीन रमणी की तरह असुन्दर माना है।

भामह ने वक्रोक्ति को अलंकार का प्राण कहा है।

**'सैषा सर्वेव वक्रोक्तिरनायाऽनयाऽर्थो विभाव्यते।**
**यत्नोऽस्यां कविना कार्य: कोऽलंकारोऽना विना।।'**

औचित्य चर्चा में क्षेमेन्द्र ने कहा है कि– उचित स्थान में अलंकार की योजना को काव्य सौन्दर्य में सहायक मानकर उसकी उपादेता स्वीकार की है।

आनंदवर्धन ने अलंकार की सार्थकता रस के प्रकाशन में ही है। रस की व्यंजना वाचर्थ से ही होती है।

आचार्य मम्मट ने अपने काव्य–लक्षण में शब्दार्थ का निर्दोष तथा गुणयुक्त होना तो आवश्यक माना है, पर अलंकार की काव्य में अनिवार्य स्थिति नहीं मानकर यह कहा कि कहीं कहीं स्थिति अनलङ्कत शब्दार्थ भी काव्य होते हैं।

**तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलकृति पुन: क्कापि।।** (यमम्मट, काव्य प्र.1,कारिका पृ.4)

अलंकार के संबंध में मम्मट का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि– शब्द और अर्थ काव्य–पुरूष के शरीर है, रस उसकी आत्मा है। और माधुर्य आदि रस के धर्म–काव्य–गुण–मानव के शौर्य आदि गुण की तरह उसके गुण हैं। अलंकार काव्य–पुरूष शरीर को शब्द और अर्थ को विभूषितभूषित करते हैं।

अत: वे मानव–शरीर के हार आदि आभूषण की तरह उसके अलंकार

है। इस प्रकार अलंकृत व्यक्ति की आत्मा का उपकार होता है, उसी प्रकार काव्य के अलंकार से काव्य का शब्दार्थ-रूप शरीर अलंकृत होकर उसकी आत्मा रस को उपकृत करता है।

**'उपकुर्वन्ति तं सन्तंयेऽश्द्वारेण जातुचित्।**
**हारादिवदलंकारास्तेऽनुप्रासोपमायाद:।।** (मम्मट,काव्य प्रकाश,8,67, पृ.189)

सौन्दर्य से पृथक् काव्य की कल्पना ही नहीं की जा सकती। इस तरह वह काव्य-सौन्दर्य अलंकार भी है और अलंकार्य भी है। काव्य के सभी सौन्दार्याधायक तत्व इस अर्थ में अलंकार है। पर विशिष्ट अर्थ में वामन ने अलंकारों को काव्य की स्वाभाविक शोभा की वृद्धि हेतु कहा है। उनके अनुसार रीति या विशेष प्रकार की पद-संघटना काव्य सर्वस्व है।

**'रीतिरात्माकाव्यस्य।'** (काव्यालकारसूत्रवृत्ति, 1,2,6)

भारतीय अलंकार शास्त्र के आचार्य ने अलंकार और अलङ्कार्य के इस अविच्छेद्यय संबंधों को पूर्व में ही समझा था। अलंकार्य (शब्द, अर्थ, रस, या ध्वनि) से उसके अविभाज्यसंबंध की धारणा निहित थी।

भामह, दण्डी, वामन आदि आचार्यों ने भी उपमा आदि विशेष अलंकारों का गुण आदि से भेद निरूपण कर पुन: सभी काव्यतत्वो को सामाान्य रूप से काव्य का अलंकार या सौन्दर्य कहकर सबकी तात्विक अभिन्नता स्वीकार करली है।

आठवीं शताब्दी ई. में अपभ्रंश के कवि स्वंयभू ने हरिवंशपुराण और पउमचरिउ में दण्डी का आचार्य के रूप में ससमादर उल्लेख किया है।

**आचार्य दण्डी विरचित काव्यादर्श** – काव्यादर्श में तीन परिच्छेद हैं जिनमें कुल 660 श्लोक हैं। तृतीय परिच्छेद 'वराह-वर्णन' है। वराह प्रतिमा लगभग 400 ई. से साम्य रखता है।

वामन के रीतिसिद्धान्त पर दण्डी का स्पष्ट प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

दण्डी के प्रथम परिच्छेद में काव्य के लक्षण तथा गद्य, पद्य और मिश्रित तीन रूपों का विभाजन किया है। साथ ही सर्गबंध के लक्षण दिये गये है। साहित्य में वैदर्भी तथा गौड़ी शैली की चर्चा की गई है। कवि के तीन आवश्यक गुण-प्रतिभा-श्रुति और अभियोग की चर्चा की गई है।

द्वितीय परिच्छेद में अलंकार शब्द की व्याख्या दी है। जिनमें 35 अलंकार गिनाये है। तृतीय परिच्छेद में यमक का विशद वर्णन है।

दण्डी का काव्यादर्श अंशत: रीति सम्प्रदाय के समर्थक है और अंशत: अलंकार सम्प्रदाय का। अनुमान किया जाता है कि दण्डी की रचना किसी सुखार्थीराजकुमार के लिए की थी। किन्तु इसे अनुमान तक मानना उचित समझा है।

काव्यादर्श की शैली सरल और सारगर्भित हैं। जहाँ तक कवित्व का प्रश्न है भामह की तुलना में दण्डी का स्थान ऊँचा है। किन्तु विशद एवं तर्क संगत विवेचन में भामह दण्डी से आगे है। दण्डी के उदाहरण मौलिक हैं।

दण्डी को प्राकृतों का ज्ञान नहीं था। उन्होंने महाराष्ट्री, शौरसेनी, गौड़ी तथा लाटी का विभिन्न प्राकृतों रूपों का उल्लेख मात्र किया है।

काव्यादर्श में दण्डी ने पद्यबद्ध रचना में लम्बे समासों का निषेध किया है। किसी समय दण्डी परिवार ने गुजरात के आनंदपुर के प्रस्थान कर के आचलपुर (वर्तमान में एलिचपुर) (बरार प्रान्त में) निवास किया। उनके पूर्वज दामोदर स्वामी भारवि के कहने पर विष्णुवर्धन के साथ मित्रता स्थापित की है।

दण्डी तथा भामह दोनों के साथ कुछ पाठ अक्षरश: मिलते हैं। यथा-

1. सर्गबन्धो महाकाव में काव्यादर्श (114), काव्यालंकार के 1,19 में

(ख) मन्त्रदूत प्राणजिनै- काव्यादर्श- (1,17)

भामह और दण्डी ने लिखा है।

भामह और दण्डी दोनों ही प्राचीन आलंकारिक हैं।

भामह ने सर्वप्रथम व्याकरण के आधार पर उपमा का प्रतिपादन किया है। अत: कुछ तथ्यों के आधार पर दण्डी से पहले भामह हुए। संभवत: भामह और दण्डी भिन्न-भिन्न परम्पराओं के समर्थक रहे होंगे। दण्डी ने भरत की परम्पराओं का अनुसरण किया है और भामह ने अर्थालंकारों का प्रमुखता देने की परम्परा का परिवहन किया है।

भामह ने अनेकत्र पूर्ववर्ती आचार्यों के सिद्धान्तों का नाम निर्देशन किया है। ऐसे कतिपय ऐसे सिद्धान्तों की स्थापना काव्यादर्श (दंडी) में प्राप्त होती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सौर्न्दमलंकार वामन, काव्यालंकारसूत्रवृत्ति 1,1,2
2. काव्यालंकार सूत्रवृत्ति, 1,1,1
3. वामन-काव्यालंकार सूत्र वृत्ति,3,1,1
4. कुन्तक वक्रोक्ति जीवित्- 1,10
5. अभिधाप्रकार-विशेषांक एवानलंकार रूय्यक-अलंकार सर्वस्व, पृष्ठ.8
6. चाललंकार आनंदवर्धन, ध्वयालोक लोचन 3.37 की वृत्ति, पृ.511
7. न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनितामुख-भामह- काव्यालंकार 1,13
8. काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकार-दण्डी-काव्यादर्श, 2.1
9. तदेतत्काव्यसर्वस्व समाधिर्ना गुण: काव्यदर्श 1,100
10. जदेव, चंद्रालोक, 1.7
11. जदेव, चंद्रालोका 1.8
12. केशव, कविप्रिया, पृ.47
13. भामह, काव्यालंकार, 285
14. मम्मट, काव्यप्र.1, कारिका 1, पृ.4
15. मम्मट, काव्य प्रकाश, 8,6,7, पृ.189
16. काव्यालंकार-सूत्र वृत्ति, 1,2,6
17. राहुल सांकृतन (संपादन), हिन्दी काव्यधारा पृ.22

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

**सुभाष कुमार भारती* डॉ. शशि बाला सिंह****

* शोध छात्र (भूगोल) दयानंद गर्ल्स पी. जी. कॉलेज , कानपुर सम्वद्ध- छात्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल) दयानंद गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, कानपुर सम्वद्ध- छात्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** जलवायु परिवर्तन भारत में कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियाँ पैदा करता है, भारत एक ऐसा देश जो आजीविका और भरण-पोषण के लिए अपने कृषि क्षेत्र पर बहुत अधिक निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देश की 55 प्रतिशत आबादी जलवायु संवेदनशील कृषि क्षेत्र पर निर्भर करती है। इस सारांश का उद्देश्य मौजूदा शोध और टिप्पणियों के आधार पर भारत में कृषि और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को रेखांकित करना है।बढ़ते तापमान, परिवर्तित वर्षा प्रतिरूर्प,चरम मौसम की घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति और बदलती जलवायु परिस्थितियाँ देश भर में कृषि उत्पादकता और खाद्य उत्पादन प्रणालियों को प्रभावित कर रही हैं। वर्षा प्रतिरूर्प में बदलाव जिसमें अनियमित मानसूनी बारिश और लंबे समय तक सूखा शामिल है फसल की खेती पानी की उपलब्धता और सिंचाई प्रथाओं के लिए चुनौतियां पैदा करता है। कृषि क्षेत्र गैस उत्सर्जन और भूमि उपयोग प्रभावों में एक प्रेरक शक्ति है जो जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। कृषि भूमि का एक महत्वपूर्ण उपयोगकर्ता और जीवाश्म ईंधन का उपभोक्ता होने के अलावा कृषि चावल उत्पादन और पशुधन पालन (कृषि एवं खाध संगठन, 2007) जैसी प्रथाओं के माध्यम से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सीधे योगदान देती है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आई.पी.सी.सी., 2001)के अनुसार पिछले 250 वर्षों में ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि के तीन मुख्य कारण जीवाश्म ईंधन भूमि उपयोग और कृषि (आई.पी.सी.सी.,2001) रहे हैं। छोटे किसान जो भारत के कृषि कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं की असुरक्षा जलवायु परिवर्तन से प्रेरित जोखिमों जैसे कि फसल की विफलता कम पैदावार,कीटों और बीमारियों की बढ़ती घटनाओं के कारण बढ़ गई है। बाढ़, सूखा और चक्रवात सहित चरम मौसम की घटनाएं खाद्य उत्पादन को और खतरे में डालती हैं, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करती हैं और विशेष रूप से ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में खाद्य वितरण नेटवर्क को प्रभावित करती हैं। एक अनुमान है कि, 1975-76 से 2008-09 की अवधि के दौरान खाद्यान्न का क्षेत्रफल 126.18 मिलियन हेक्टेयर से गिरकर 122.83 मिलियन हेक्टेयर हो गया तथा 2020-21 में बढ़कर 129.34 हों गया। उस अवधि के दौरान उत्पादन में क्रमश: 121.03 मिलियन टन, 234.47 मिलियन टन तथा 308.65 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज की गई। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि खरीफ सीजन में खेती के रकबे में बड़े पैमाने पर उतार-चढ़ाव होता है। कुछ मामूली उतार-चढ़ाव के साथ, खरीफ सीजन में खेती का क्षेत्रफल 1966-67 में 78.21 मिलियन हेक्टेयर, 1983-84 में 84.14 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 2020-21 में बढ़कर 88.21 हो गया है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अपनाने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता होती है जो जलवायु-लचीली कृषि प्रथाओं, जल प्रबंधन तकनीकों, फसल विविधीकरण और सिंचाई और भंडारण के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे को एकीकृत करती हैं। संरक्षण कृषि, कृषि वानिकी और सटीक खेती जैसी जलवायु-स्मार्ट कृषि प्रथाओं को अपनाने के माध्यम से कृषि प्रणालियों की लचीलापन बढ़ाने से जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने और किसानों के बीच अनुकूली क्षमता का निर्माण करने में मदद मिल सकती है।यह पेपर जलवायु परिवर्तन चुनौती पर साक्ष्यों की समीक्षा करता है, और भारत में कृषि और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन करता है। तथा भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अनुमान भी लगाता है।

**शब्द कुंजी –** भारतीय कृषि, जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा।

**प्रस्तावना –** भारत एक बड़ा विकासशील देश है, जिसकी लगभग 55 प्रतिशत आबादी सीधे कृषि, मत्स्य पालन और वन (भारत सरकार) जैसे जलवायु संवेदनशील क्षेत्रों पर निर्भर करती है। विभिन्न परिदृश्यों के तहत अनुमानित जलवायु परिवर्तन का खाद्य उत्पादन, जल आपूर्ति, जैव विविधता और आजीविका पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। भारतीय कृषि का एक बड़ा हिस्सा मानसून पर निर्भर करता है, इसलिए मानसून के जल्दी/देर से आने के कारण कृषि, आवश्यक वस्तुओं के बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। देशों की वर्षा के पैटर्न में कोई भी बदलाव कृषि को प्रभावित करता है और इसलिए देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करता है। फिर भी ग्लोबल वार्मिंग मौसम प्रणाली के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है, जो संभावित रूप से लाखों छोटे, सीमांत और गरीब किसानों और उन सभी लोगों को प्रभावित कर सकती है जो अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं (मित्रा अमित, 2009)।

विकास की प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से आर्थिक गतिविधियों में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग शामिल होता है। हाल के वर्षों में यह स्पष्ट हो गया है कि गरीबी कम करने वाली किसी भी विकास रणनीति को टिकाऊ बनाने के लिए, उसे पर्यावरणीय चिंताओं और आम तौर पर सीमित प्राकृतिक संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर ध्यान देना चाहिए (चार्ल्स लेयेका लुफुम्पा,

2005)। यह विशेष रूप से भारत का मामला है जहां अधिकांश गरीब ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और उनकी आजीविका प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर निर्भर है। जनसंख्या की आर्थिक भलाई में सुधार लंबे समय तक तभी कायम रह सकता है जब प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग संधारणीय तरीके से किया जाए।कृषि आमतौर पर विकसित दुनिया की तुलना में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में बड़ी भूमिका निभाती है।

उदाहरण के लिए, भारत में कृषि सकल घरेलू उत्पाद (भारत सरकार) का लगभग 15 प्रतिशत (वित्तीय वर्ष 2023, भारत सरकार) हिस्सा बनाती है और लगभग 45.5 प्रतिशत (एन.एस.एस.ओ. 2021-22) रोजगार प्रदान करती है। इसके अलावा कृषि उत्पादकता गरीबों की भलाई के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।जनसंख्या और आर्थिक विकास में तेजी से वृद्धि के कारण गंभीर पर्यावरणीय गिरावट हुई है जो पर्यावरणीय संसाधन आधार को कमजोर करती है जिस पर सतत विकास निर्भर करता है। विकास और विस्तार के मुद्दों की तुलना में पर्यावरण प्रदूषण, संसाधनों की कमी और गिरावट के अर्थशास्त्र को वास्तव में नजरअंदाज कर दिया गया है। भारत भी इस विश्वव्यापी परिघटना से अछूता नहीं रहा है। भारत में पर्यावरणीय गिरावट की प्रवृत्ति, इसकी जनसंख्या में पर्याप्त वृद्धि के कारण अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कहीं अधिक प्रमुख रही है। यह पेपर जलवायु परिवर्तन चुनौती पर साक्ष्यों की समीक्षा करता है, और भारत में कृषि और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन करता है। तथा भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अनुमान भी लगाता है।

**भारत में कृषि-** इसमें कोई संदेह नहीं कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। निर्यात में कृषि उत्पादों की हिस्सेदारी भी पर्याप्त है, निर्यात आय में कृषि का हिस्सा 15 प्रतिशत है। कृषि विकास का गरीबी उन्मूलन पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है, और यह रोजगार सृजन में एक महत्वपूर्ण कारक है। कृषि क्षेत्र गैस उत्सर्जन और भूमि उपयोग प्रभावों में एक प्रेरक शक्ति है। जो जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। भूमि का एक महत्वपूर्ण उपयोगकर्ता और जीवाश्म ईंधन का उपभोक्ता होने के अलावा, कृषि चावल उत्पादन और पशुधन पालन (कृषि एवं खाद्य संगठन, 2007) जैसी प्रथाओं के माध्यम से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सीधे योगदान देती है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आई.पी.सी.सी.)के अनुसार पिछले 250 वर्षों में ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि के तीन मुख्य कारण जीवाश्म ईंधन, भूमि उपयोग और कृषि (आई.पी.सी.सी., 2001) रहे हैं।

विश्व की बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के निरंतर प्रभावों के कारण अगले 10 वर्षों में वैश्विक भोजन की कमी पैदा होने का अनुमान है। भारत अपवाद नहीं है, उनकी 58 प्रतिशत कामकाजी आबादी कृषि पर निर्भर है और लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां कृषि आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है। (आर्थिक आउटलुक, 2020-21)। जैसा कि जलवायु परिवर्तन, 21वीं सदी में कृषि के लिए एक प्रमुख चालक है, भारत में भोजन की मांग 2030 तक345 मिलियन टन तक बढ़ जाएगी, जबकि वर्तमान उत्पादन 315.72 मिलियन टन है, जिससे भूमिजल, पूंजी, श्रम और अन्य बहुमूल्य प्राकृतिके संसाधनों के उपयोग के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है।

औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के बाद से, जब लोगों ने ऊर्जा के लिए जीवाश्म ईंधन जलाना शुरू किया, तब से पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। भारत में, जहाँ गेहूँ की फसल अधिकतम तापमान में वृद्धि के प्रति संवेदनशील है, वहीं चावल की फसल न्यूनतम तापमान में वृद्धि के प्रति संवेदनशील है। पानी की तीव्र कमी, तापमान तनाव के साथ मिलकर, उत्तर-पश्चिम भारत में गेहूं और चावल दोनों की उत्पादकता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

भारत के कुल 329 मिलियन हेक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से 174 मिलियन हेक्टेयर या कुल भूमि क्षेत्र का 53 प्रतिशत गंभीर निम्नीकरण से पीड़ित है। इसमें से, पानी और हवा के कटाव के अधीन क्षेत्र की मात्रा 144 मिलियन हेक्टेयर है और खर्वे, लवणता, जल जमाव आदि जैसी विशेष समस्याओं के कारण नष्ट होने वाला क्षेत्र अन्य 30 मिलियन हेक्टेयर (कोटी रेड्डी टी., 2010) के लिए जिम्मेदार है। हमारी एक-तिहाई भूमि वनों के अधीन है, लगभग दो-तिहाई भूमि कृषि के अधीन है और लगभग सभी खेती योग्य बंजर भूमि, स्थायी चरागाह और चारागाह भूमि को संरक्षण उपायों की तत्काल आवश्यकता है (के.जी.तेजवानी, 1982)। पर्यावरण पर बेतरतीब चराई के प्रभाव चिंताजनक हैं। अत्यधिक चराई के कारण भूमि क्षरण के कारण देश के कई हिस्सों में रेगिस्तान जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

इस विषय पर कुछ भारतीय अध्ययन हैं और वे आम तौर पर जलवायु परिवर्तन के साथ कृषि में गिरावट की समान प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में किए गए हाल के अध्ययनों से संकेत मिलता है कि बढ़ती अवधि के दौरान 1 डिग्री सेल्सियस तापमान में प्रत्येक वृद्धि के साथ भविष्य में गेहूं उत्पादन में 4-5 मिलियन टन की हानि होने की संभावना है (लेकिन कोई अनुकूलन लाभ नहीं)। इसमें यह भी माना गया है कि भविष्य में सिंचाई आज के स्तर पर ही उपलब्ध रहेगी। अन्य फसलों के लिए नुकसान अभी भी अनिश्चित है, लेकिन उनके अपेक्षाकृत कम होने की उम्मीद है, खासकर खरीफ फसलों के लिए। सिन्हा और स्वामीनाथन (1991) के अनुसार, तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से उच्च उपज वाले क्षेत्रों में चावल की उपज लगभग 0.75 टन प्रति हेक्टेयर कम हो सकती और सर्दियों के तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस कीवृद्धि से गेहूं की उपज 0.45 टन प्रति हेक्टेयर कम हो जाएगी। राव और शिना (1994) ने दिखाया कि कार्बन डाईऑक्साइड निषेचन प्रभावों पर विचार किए बिना गेहूं की पैदावार 28-68 प्रतिशत के बीच घट सकती है। अग्रवाल और सिन्हा (1993) ने दिखाया कि 20 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से अधिकांश स्थानों पर गेहूं की पैदावार कम हो जाएगी। ससीन्द्रन एट अल. (2000) से पता चला कि तापमान में प्रत्येक एक डिग्री सेल्सियस वृद्धि से के चावल की उपज में लगभग 6 प्रतिशत की गिरावट होगी। हाल की आईपीसीसी रिपोर्ट और कुछ अन्य वैश्विक अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 2080-2100 तक तापमान में वृद्धि के साथ भारत में फसल उत्पादन में 10 से 40 प्रतिशत नुकसान होने की संभावना है।भारतीय कृषि क्षेत्र पिछले छह वर्षों के दौरान4.6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। यह 2020-21में 3.3 प्रतिशत की तुलना में 2021-22 में 3.0प्रतिशत बढ़ा। हाल के वर्षों में, भारत तेजी से कृषि उत्पादों के शुद्ध निर्यातक के रूप में भी उभरा है। 2020-21में, भारत से कृषि और संबद्ध उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2021-22के दौरान, कृषि निर्यात 50.2बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गयाहै।

**खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन-** खाद्य सुरक्षा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जलवायु परिवर्तन से संबंधित है। फसलों की वृद्धि को नियंत्रित करने वाले तापमान और आर्द्रता जैसे जलवायु मापदंडों में किसी भी बदलाव का उत्पादित भोजन की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। अप्रत्यक्ष संबंध बाढ़ और सूखे जैसी विनाशकारी घटनाओं से संबंधित हैं, जिनके जलवायु

परिवर्तन के परिणाम स्वरूप बढ़ने का अनुमान है, जिससे भारी फसल का नुकसान होता है और कृषि योग्य भूमि के बड़े हिस्से खेती के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं, और इसलिए खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो जाता है (चौधरी अनीता, अग्रवाल पी.के, 2007)। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा भी संबंधित हैं क्योंकि जलवायु परिवर्तन किसी देश की अपने लोगों को खिलाने की क्षमता को सीधे प्रभावित कर सकता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन सभी देशों को समान रूप से प्रभावित नहीं करेगा, और उप-सहारा अफ्रीका जैसे भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में इसका सबसे बड़ा प्रभाव होने की संभावना है। इसका मतलब यह है कि पहले से ही खाद्य सुरक्षा से जूझ रहे देशों को भविष्य में और भी अधिक संघर्ष करना पड़ सकता है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने चेतावनी दी है कि औसत वैश्विक तापमान में पूर्व-औद्योगिक स्तर से केवल 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में फसल की पैदावार में 15-35 प्रतिशत और 25-35 प्रतिशत की कमी हो सकती है।तेज आर्थिक विकास और सरकारी गोदामों में खाद्य भंडार के ढेर के बावजूद, भारत दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में भूखे और वंचित लोगों का घर है- यानी 360 मिलियन कुपोषित और 300 मिलियन गरीब लोग। भोजन की आपूर्ति बनाए रखना अपने आप में एक गंभीर मुद्दा बनकर उभर रहा है। पिछले कुछ दशकों में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि धीमी है।

वर्ष 2022 में गेहूं की कटाई के मौसम के दौरान शुरुआती गर्मी की लहर देखी गई जिसने इसके उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2022-23 (केवल खरीफ) के लिए देश में खाद्यान्न उत्पादन अनुमानित 149.9 मिलियन तन है जो पिछले 5 वर्षों 2016-17 से 2020-21 के औसत खाद्यान्न उत्पादन से अधिक है धान के बोए गए क्षेत्र में गिरावट के बावजूद 2022-23 के दौरान खरीफ चावल का कुल उत्पादन 104.2 मिलियन टन अनुमानित है, जो पिछले 5 वर्षों 2016-17 से 2020-21 के औसत चावल उत्पादन 100.5 मिलियन तन से अधिक है। मानसून में देरी और कम बारिश के कारण खरीफ सीजन में धान की खेती के लिए बुवाई क्षेत्र में भी गिरावट दर्ज की गई। प्रथम अग्रिम अनुमान 2022-23 (केवल खरीफ) के अनुसार, धान का रकबा 2021-22 (खरीफ मौसम) के दौरान 411.2 लाख हेक्टेयर के बोए गए क्षेत्र से लगभग 3.8 लाख हेक्टेयर कम था। इसके अलावा, चालू रबी सीजन में रबी धान के तहत क्षेत्र में पिछले साल की तुलना में 6.6 लाख हेक्टेयर का विस्तार हुआ है (क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप 12 जनवरी, 2023)

इसके अलावा, गरीबों के पास क्रय शक्ति का अभाव है। इससे खाद्यान्न भंडार में कृत्रिम अधिशेष पैदा हुआ और सरकार 2002-08 के दौरान सालाना औसतन लगभग सात मिलियन टन खाद्यान्न निर्यात करने में सक्षम हुई। शुद्ध खाद्यान्न उपलब्धता 1991 में प्रति व्यक्ति 510 ग्राम से घटकर 2007 में प्रति व्यक्ति 443 ग्राम प्रति दिन हो गई है (यू.एन.डी.पी., 2009)तथा 2021-22बढ़कर 5141.6ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन हों गई हैं। इसका सबसे अधिक असर गरीबों पर पड़ता है क्योंकि महंगे फलों, सब्जियों, पोल्ट्री और मांस उत्पादों तक उनकी पहुंच बहुत कम होती है। उन्हें भोजन की जरूरत है लेकिन उनके पास क्रय शक्ति नहीं है। यह स्थिति मध्य और पूर्वी भारत में अधिक स्पष्ट है,भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों में अंतर निर्धारित करने के उद्देश्य से जलवायु परिवर्तन के प्रति क्षेत्र और फसलों के अनुसार कृषि उत्पादन की संवेदनशीलता की जांच की। चित्र-1 भारत में खाद्यान्न उत्पादन का विवरण देता है।




**Fig.1**. India's Food grains Production in Million Tonnes

भारत में 65 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि वर्षा आधारित है और भोजन और चारे की बढ़ती मांग को वर्षा आधारित क्षेत्रों में बढ़े हुए उत्पादन से पूरा करना होगा, क्योंकि खेती योग्य क्षेत्र या सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की बहुत कम गुंजाइश है। वर्तमान में लगभग 68.35 मिलियन हेक्टेयर भूमि बंजर भूमि के रूप में पड़ी हुई है, इसमें से लगभग 50 प्रतिशत गैर-वन भूमि है जिसे यदि उचित उपचार किया जाए तो इसे फिर से उपजाऊ बनाया जा सकता है। निम्नीकृत भूमि का घटक राजस्थान में सबसे अधिक है, इसके बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक का स्थान है। जहां भूमि क्षरण हल्का या मध्यम है, जो लागत की अपेक्षा कम उत्पादन देगा।

**विश्व कृषि में भारत की स्थिति-** भारत विश्व की घनी आबादी वाले देशों में से एक है जो तालिका-1 से स्पष्ट है।भारत ने 11.20 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि के साथ दुनिया की केवल 2.43 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण किया है, लेकिन दुनिया की 17.81 प्रतिशत आबादी को खिलाने के लिए बाध्य है। यह हमारे देश के लिए एक बड़ी चुनौती है जो जलवायु परिवर्तन के खतरे के साथ और भी गंभीर होने वाली है। शायद यही कारण है कि हम विश्व कृषि में 22.3 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। यद्यपि विश्व जनसंख्या में हमारी हिस्सेदारी 17.81 प्रतिशत है लेकिन कुल सक्रिय जनसंख्या में हमारी हिस्सेदारी केवल 14.8 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि हम न केवल घनी आबादी वाले हैं बल्कि हमारी निर्भरता दर भी ऊंची है। तालिका-1 से एक दिलचस्प तथ्य यह समझा जा सकता है कि विश्व की आर्थिक रूप से सक्रिय जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 20.2 प्रतिशत और विश्व कृषि उत्पादन में 22.3 प्रतिशत है, जो दर्शाता है कि भारतीय श्रम शक्ति किसी भी अन्य देशों की तुलना में अधिक कुशल है। यह मानते हुए कि अन्य कारक समान रहेंगे।

भारत में 536 मिलियन (दुनिया का 31प्रतिशत) की सबसे बड़ी पशुधन आबादी है, जिसमें वर्ष के आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि दर से 198 मीट्रिक टन दूध उत्पादन होता है (आईबीईएफ, 2020)। पशुधन और मत्स्य पालन के साथ 852 मिलियन (डी.ए.एच.डी., 2020) में पोल्ट्री का योगदान हैचावल और दालों के उत्पादन को छोड़कर दुनिया में अनाज, तिलहन, फल और सब्जियों का हिस्सा भी जनसंख्या की तुलना में कम है। यह हरित क्रांति तथा अन्य तकनीकी एवं संस्थागत परिवर्तनों के बाद भी विश्व में भारत की कृषि की दयनीय स्थिति को दर्शाता है। व्यावसायिक फसलों के मामले में हम बेहतरस्थिति में हैं। विश्व गन्ना उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी 19.87प्रतिशत, जूट उत्पादन में 48.42प्रतिशत और चाय और

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

कपास उत्पादन में क्रमश: 20.16प्रतिशत और 16.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। लेकिन विश्व उत्पादन में ग्रीन कॉफी और तम्बाकू की हिस्सेदारी क्रमश: 2.96 प्रतिशत और 13.18 प्रतिशत के बराबर बेहद कम है।तालिका-1 से पता चलता है कि विश्व पशुधन में भारत का हिस्सा और भैंसों को छोड़कर जहां हमारा हिस्सा असाधारण रूप से बहुत अधिक है अर्थात् 54.6 प्रतिशत है, पशु उत्पाद विर्श्व की जनसंख्या में इसके हिस्से से भी कम है। कृषि में ट्रैक्टरों के उपयोग के संदर्भ में भी हमारी हिस्सेदारी 10.7 प्रतिशत है।

**तालिका 1 - (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

मामलों में विश्व कृषि में भारत की हिस्सेदारी जनसंख्या से कम है, सिवाय कुछ को छोड़कर जो खाद्य सुरक्षा का बोझ बढ़ाते हैं। कृषि योग्य भूमि पर भविष्य में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव के परिणामस्वरूप अनाज की फसल के उत्पादन और इन फसलों के शुद्ध राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अनाज (गेहूं, चावल, जौ, मक्का, बाजरा, ज्वार, मूंगफली, कसावा, राई और जई) लोगों के आहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं (श्लेनकर और लोबेल 2010, वार्ड एट अल., 2010)।

**भारत में जलवायु परिवर्तनशीलता और खाद्यान्न उत्पादन-** ध्यातव्य है कि जलवायु-संवेदनशील क्षेत्र (वन, कृषि, तटीय क्षेत्र) और प्राकृतिक संसाधन (भूजल, मिट्टी, जैव विविधता, आदि) पहले से ही सामाजिक-आर्थिक दबावों के कारण तनाव में हैं। जलवायु परिवर्तन से संसाधन क्षरण और सामाजिक-आर्थिक दबाव के बढ़ने की संभावना है। इस प्रकार, भारत जैसे देशों में बड़ी आबादी जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों और कम अनुकूली क्षमता पर निर्भर है, उन्हेंअनुकूलन रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करना है (सथाये, शुक्ल और रवींद्रनाथ,2006)।

**तालिका 2 - (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

खाद्य, पोषण और पर्यावरणीय सुरक्षा के संदर्भ में देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का निर्धारण करने में कृषि और संबद्ध क्षेत्र आगे रहते हैं।विरोधाभासी रूप से, 80प्रतिशत भूमि द्रव्यमान सूखे, बाढ़ और चक्रवातों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में वर्ष दर वर्ष उत्तरार्द्ध की आवृत्ति और गंभीरता बढ़ रही है।पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण (बेनामी, 2020ए) और भारतीय आबादी के बीच 6-7 प्रतिशत (बेनामी, 2020 बी) की गरीबी, फसल की खेती हेतू सिकुड़ती भूमि, बढ़ती आबादी, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, पर्यावरण चेतना और खाद्य सुरक्षा अपेक्षाओं के साथ बदलती जीवन शैली समानांतर चल रही है।भारत के खाद्यान्न उत्पादन का प्रदर्शन निम्नलिखित तालिका 2और चित्र 2 में दिया गया है। कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील क्षेत्र कहा जाता है क्योंकि किसी क्षेत्र/देश की जलवायु वनस्पति और फसलों की प्रकृति और विशेषताओं को निर्धारित करती है। भारतीय जलवायु में भिन्नता के कारण हमारे देश के अधिकांश हिस्से बड़े पैमाने पर फसलों की खेती के लिए बहुत उपयुक्त है। लेकिन भारतीय मिट्टी खाद्यान्न, विशेष रूप से गेहूं और चावल की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है। गेहूं का उत्पादन रबी मौसम में किया जाता है जब बारिश सीमित होती है। इस कारण गेहूं का उत्पादन मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में पाया जाता है जहां सिंचाई की उपलब्धता सुनिश्चित है (मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश) जो उचित में मदद करता है हरित क्रांति का कार्यान्वयन में उचित मदद करता है और ज्यादातर देशों के उत्तरी भाग तक सीमित हो गया। चूंकि गेहूं का उत्पादन बहुत हद तक सुनिश्चित सिंचाई पर निर्भर है, इसलिए तापमान परिवर्तन से गेहूं उत्पादन को प्रभावित होने की आशंका है।

चावल खरीफ मौसम कीएक प्रमुख फसल है जिसमें बड़ी मात्रा में सिंचाई की आवश्यकता होती है जो मानसून के माध्यम से इस मौसम के दौरान भारत में उपलब्ध होती है। पूरे मौसम में लगातार बारिश से तापमान में उतार-चढ़ाव भी बना रहता है।इसलिए माना जाता है कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव न केवल मौसम के दौरान फसलों पर अधिक पड़ता है बल्कि वर्षा की मात्रा एवं प्रारूप में परिवर्तन के माध्यम से तापमान परिवर्तन पर भी पड़ता हैं। इसका विश्लेषण निम्न तालिका से आसानी से किया जा सकता है।जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को इस तथ्य से आसानी से देखा जा सकता है कि खरीफ सीजन में कृषि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उतार-चढ़ाव होता है।खरीफ मौसम में कृषि क्षेत्र कुछ मामूली उतार-चढ़ाव केसाथ 1966-67 में 78.21 मिलियन हैक्टेयर से बढ़कर1983-84 में अधिकतम 84.14 मिलियन हैक्टेयर तथा 2021-2022 मेंघटकर72.99मिलियन हैक्टेयर हो गया है। लेकिन उसके बाद बारिश में उतार-चढ़ाव और तापमान प्रारूप में परिवर्तन में के साथ कृषि क्षेत्र में लगातार गिरावट आई है। यह आसानी से देखा जा सकता है कि जब कृषि क्षेत्र में गिरावट आई तो इसने कुल उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता को भी कम कर दिया और जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत दिया है। फसलों के मौसम के दौरान फसलों की खेती में जलवायु परिवर्तन ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

खरीफ मौसम की तुलना में रबी मौसम में कृषि क्षेत्र में उतार-चढ़ाव कम है जो सुनिश्चित सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता के कारण हो सकता है। कृषि क्षेत्र में उतार-चढ़ाव के साथ-साथ उत्पादन में उतार-चढ़ाव भी महसूस किया गया है। यह सच बात है कि सुनिश्चित सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता के साथ, जलवायु परिवर्तन के लिए रबी फसलों की भेद्यता कम हो गई है, लेकिन फिर भी जलवायु परिवर्तन का प्रभाव रबी की फसलों पर भी पड़ा है।कुल खाद्यान्न उत्पादन के मामले में भी यही परिणाम पता लगाया जा सकता है। खाद्यान्नों के उत्पादन और उपज में परिवर्तन हमेशा कृषि क्षेत्र में परिवर्तन के साथ होता है। अत: यह कहा जा सकता है कि जो कारक कृषि क्षेत्र में परिवर्तन के लिये उत्तरदायी हैं, वे उन फसलों के उत्पादन एवं उपज के लिये भी उत्तरदायी हैं जिनमें जलवायु परिवर्तन सर्वाधिक महत्तवपूर्ण एवं हावी है।

**निष्कर्ष-** इसमें कोई संदेह नहीं है कि कृषि भारत में समग्र आर्थिक और सामाजिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि अभी भी पचास प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि क्षेत्र में लगी हुई है। अत ग्लोबल वार्मिंग, वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और अन्य ग्रीन हाउस गैसों के तेजी से बढ़ते स्तर जैसे अनेक कारकों का कृषि प्रणालियों एवं खाद्यान्न उत्पादन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। अनुमानों से पता चलता है कि1975-76से 2008-09 की अवधि के दौरान खाद्यान्न उत्पादन का क्षेत्र 126.18 मिलियन हेक्टेयर से घटकर 122.23 मिलियन हेक्टेयर हो गया, जबकि उस अवधि के दौरान उत्पादन में 121.03 मिलियन टन से 234.47 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष2008-09 में खाद्यान्न उत्पादन काफी प्रभावशाली रहा जो वर्ष 1966-67 के 74.23 मिलियन टन उत्पादन के मुकाबले तीन गुने से भी अधिक रहा।जबकि 2021-22 में खाद्यान्न उत्पादन क्षेत्र बढ़कर 130.53 मिलियन हेक्टेयर एवं उत्पादन बढ़कर 315.72 मिलियन टन हों गया है। हालांकि देश की अपनी लगातार बढ़ती आबादी जिसके 2030 तक1.5 बिलियन (संयुक्त राष्ट्र) तक पहुंचने की संभावना है का भरण पोषण करने हेतू 2030 तक खाद्यान्न की मांग 345मिलियन टन हैं। इस बढ़ी हुई आबादी से भोजन की मांग को पूरा करने के लिए, देश के किसानों को 2030 तक अधिक खाद्यान्न उत्पादन करने की

आवश्यकता है।भारत को 2030 तक पांच लोगों को खिलाने के लिए एक हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी जबकि वर्तमान में दो हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। इसी प्रकार, प्रति व्यक्ति पोषण आवश्यकता वर्तमान 2,495 किलो कैलोरी/व्यक्ति से बढ़कर 3000किलो कैलोरी/व्यक्ति हो जाएगी जिसके लिए प्रति वर्ष 5.5मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन की आवश्यकता होगी। शहरी क्षेत्रों में निरंतर ग्रामीण प्रवास, धन में वृद्धि और मांस और डेयरी से भरपूर आहार की ओर बढ़ने से जनसांख्यिकी और भोजन की आदतों में बदलाव आएगा।

अध्ययन से यह भी पता चलता है कि खरीफ मौसम मे कृषि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उतार-चढ़ाव होता है। खरीफ मौसम में कृषि क्षेत्र के अंतर्गत कुछ मामूली उतार-चढ़ाव के साथ1966-67 में 78.28 मिलियन हैक्टेयर से बढ़कर 1983-84 में अधिकतम 84.14 मिलियन हैक्टेयर हो गया है। लेकिन उसके बाद बारिश में उतार-चढ़ाव और तापमान पैटर्न में बदलाव के साथ2009-10तक कृषि क्षेत्र में लगातार गिरावट आई। किंतु देश में विभिन्न भूमि सुधार कार्यक्रमों के मध्यम से वर्ष 2010-11 (126.67मि.हे)से कृषि क्षेत्र में लगातार वृद्धि दर्ज की गई जो वर्ष 2021-22 में 130.53 मिलियन हेक्टेयर तक हों गई हैं।यह आसानी से देखा जा सकता है कि जब कृषि क्षेत्र गिरावट हुआ हों तो है तो इसने कुल उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता को भी कम कर दिया है और स्पष्ट संकेत दिया है कि फसलों के मौसम के दौरान फसलों की खेती में जलवायु परिवर्तन ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खरीफ मौसम की तुलना में रबी के मौसम में कृषि क्षेत्र में मौसमी उतार-चढ़ाव कम है जो सुनिश्चित सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता के कारण हो सका है। कृषि क्षेत्र में उतार-चढ़ाव के साथ-साथ उत्पादन में भी उतार-चढ़ाव महसूस किया जाता है। हालांकि यह सच बात है कि सुनिश्चित सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता के साथ जलवायु परिवर्तन की भेद्यता रबी फसलों पर कम हुआ है लेकिन अभी भी जलवायु परिवर्तन का प्रभाव रबी की फसलों पर पड़ रहा है।भारत लगातार उच्च आर्थिक और तकनीकी विकास के साथ एक बढ़ती हुई वैश्विक शक्ति है, फिर भी सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का हिस्सा घट रहा है।कृषि भारत की 1.38 बिलियन आबादी में से लगभग 58 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करती है। खाद्यान्न और बागवानी फसलों का उत्पादन 142 मिलियन हेक्टेयर से क्रमश: 296 और 320 मिलियन मीट्रिक टनहै, जोस्पष्टआत्मनिर्भरता के लिए अग्रणी है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. Agarwal, B., “Social Security and the Family in Rural India: Coping with Seasonality and Calamity” Journal of Peasant Studies, 1990, 17, 341-412.
2. Aggarwal, P.K., and Sinha, S.K., 1993, “Effect of Probable Increase in Carbon Dioxide and Temperature on Productivity of Wheat in India” Journal of Agricultural Metrology.
3. Bhattacharya, Sumana; Sharma, C., Dhiman, R.C., and Mitra, A.P., “Climate Change and Malaria in India” Current Science, February 2006, 90, 369-375.
4. Chaudhry, Anita and Aggarwal, P.K., 2007, “Climate Changes and Food Security in India”, Indian Agriculture Research Institute, New Delh
5. Dasgupta, Susmita, Laplante, Benoit, Meisner, Craig, Wheeler, David; and Yan, Jinping, “The Impacts of Sea Level Rise on Developing Countries: A Comparative Analysis” Policy Research Working Paper 4136, 2007, World Bank, Washington, D.C.
मनुष्य को सुखद जीवन व्यतीय करने के लिए संसार में जड़ व चेतन की संगति करना अपरिहार्य है। मनुष्य का जन्म ही संगति का परिणाम है। इन सबसे व्यक्तित्व के निर्माण में लाभ होता है। यात्रा या पर्यटन का आरम्भ सृष्टि के आरम्भ से ही हो गया था। देश की एकता व अखण्डता के लिये भी धार्मिक पर्यटन सहायक रहा है। देश के सभी स्थानों में लोग एक–दूसरे के संपर्क में आते हैं। जिससे प्रेम व सहयोग की भावना उत्पन्न होती है जिससे राष्ट्रीय एकता हो बल मिलता है। अत: यात्रा बहु–प्रयोजनीय सिद्ध होती है। आजकल इन यात्राओं का एक पहलू और सामने आया है और वह है पर्यटन स्थल का आर्थिक व सामाजिक विकास। देश में पर्यटन से होटल, वाहन व यात्रा के साधनों व इनसे जुड़ अनेक छोटे–बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और वहाँ का आर्थिक विकास होता है। सरकारें भी तीर्थ स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सावधान हैं जिससे देश व समाज को अनेक लाभ हो रहे हैं।

**पर्यटन के आयाम–** भारत में पर्यटन के विविध आयाम हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्राकृतिक, साहसिक, रोमांचकारी, धार्मिक और चिकित्सीय पर्यटन। इनके अतिरिक्त साँस्कृतिक, ऐतिहासिक तथा धरोहर, ग्रामीण, शैक्षिक, मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं उपचार, समुद्री, पर्वतीय, पारिस्थिकीय, निर्माणात्मक, अंतरिक्ष एवं काला पर्यटन हैं। देश में काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अनेक ऐसे पर्यटन स्थल हैं जिनकी सौन्दर्यता का वर्णन शब्दों में बयाँ नहीं किया जा सकता है, इसीलिए पर्यटक इन स्थलों की ओर बरबस आकर्षित होते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में पर्यटन के आँकड़ों के अनुसार इसे तीन रूपों में वर्गीकृत किया–घरेलू पर्यटन, जिसमें किसी देश के निवासियों की केवल उनके देश के अन्दर यात्रा शामिल है। इनबाऊंड पर्यटन, जिसमें गैर निवासियों की किसी देश की यात्रा शामिल है और आउटबाऊंड पर्यटन जिसमें निवासियों की दूसरे देश की यात्रा शामिल है। वर्तमान में पर्यटन उद्योग इनबाउंड पर्यटन से इंट्राबाऊंड पर्यटन की ओर स्थानांतरित हो गया है क्योंकि कई देश इनबाऊंड पर्यटन के लिए कठिन प्रतियोगिता का अनुभव कर रहे हैं। कुछ राष्ट्रीय नीति निर्माताओं ने स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने के लिए इंट्राबाऊंड पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य में ''See America'' ''मलेशिया में ''Malaysia Truly Asia'' कनाडा में ''Get Going Canada'' फिलीपींस में ''Wow Pholippines'' सिंगापुर में ''Unoquely Singapuore'' न्यूजीलैण्ड में ''100% Pure New Zeeland'' और भारत में ''Incredible India'' आदि को प्राथमिकता दिया जाता है।

**पर्यटन की एक नई दिशा–** जैसे–जैसे बदलाव की प्रकिया तेज हो रही है आबादी बढ़ रही है संसाधनो पर भी दबाव बढ़ रहा है। वर्ष 2025 तक 1.8 अरब लोग पानी की किल्लत वाले इलाकों में रह रहे होंगे। इसके अलावा भारत और चीन के मध्यम वर्ग के विकास से वैश्विक पर्यटन के प्रवाह में नाटकीय बदलाव आयेंगे। जलवायु परिवर्तन इनमें महती भूमिका निभायेगा और इससे कहाँ और कैसे देशाटन के लिये जायेंगे। जैसे अनेक सवाल भी उठेंगे लेकिन यही वह प्रकिया है जो पर्यटन उद्योग को नई दिशा देगी।

केपीएमजी ने पिछले दिनों प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर पर्यटन और परिवहन क्षेत्र पर पडेगा लेकिन इन क्षेत्रों की इससे लड़ने की तैयारी आधी अधूरी ही है। टूरिज्म 2023 रिपोर्ट में ऐसे मूल मुद्दों को रेखांकित किया गया है जो निम्नांकित हैं–

1. **सस्टेनेबल डेस्टीनेशन–** पर्यटन उद्योग को पर्यटक स्थलों में निवास करने वाले लोगों को इसके लाभों के बारे में तो जानकारी देनी ही होगी। साथ ही इससे होने वाली आर्थिक विकास पर निगाह भी रखनी होगी। इससे पर्यटन स्थल लम्बे समय तक अपने स्वरूप को ना सिर्फ बरकरार रख पायेंगे बल्कि ग्राहकों में इनकी पहचान भी बनी रहेगी। इसके लिये पर्यटन कारोबारियों को सरकार और समुदाय के साथ इन क्षेत्रों में काम करना होगा।
2. **लो कार्बन इनोवेशन–** पर्यटन उद्योग को ईको–फ्रेंडली और समुदाय की सांस्कृतिक व पारिस्थिक विरासत पर कम असर डालने वाले व्यवसाय के रूप में स्थापित करने के लिये हल तलाशने होंगे। इसके लिये इस उद्योग को नई–नई तकनीकों का ना सिर्फ परीक्षण करना होगा बल्कि उन्हें बडे पैमाने पर लागू भी करना होगा। कचरे में कमी और कुदरती संसाधनों पर कम से कम दबाव पड़े, इसके लिये ऊर्जा कुशलता के साथ गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों का भी दोहन करने की आवश्यकता है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

3. **ग्राहक माँग–** इस प्रकार के पर्यटन के बाजार का विस्तार करने के विशाल अवसर मौजूद हैं लेकिन इसके लिये पर्यटकों में टिकाऊ पर्यटन की महत्ता के बारे में जाग्रति पैदा करनी होगी।

4. **बूम एवं ब्रस्ट–** इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था में तेजी और खर्च करने लायक आय में इजाफा होने से पूरी दुनिया के पर्यटन उद्योग को काफी लाभ हुआ। इससे भ्रमण पर जाने का अंतराल कम तो हुआ ही है। नये-नये इलाके भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुये। राजनीतिक स्थिरता और विश्व अर्थव्यवस्था में सुधार होने से एक ओर जहां कारोबार को लाभ हुआ, वहीं पर्यटकों की संख्या भी बढी। शैवाल से बायोफ्यूल बनाने जैसी तकनीकों में तेजी से हो रहे विकास पर्यटन क्षेत्र के काफी अहम् हैं। इससे पर्यावरण पर होने वाला असर भी कम हो गया है।

5. **डिवाइडेड डिस्काइट–** जलवायु परिवर्तन, दुर्लभ संसाधनों के लिये संघर्ष और सामाजिक विवादों के कारण अस्थिरता और डर का माहौल पैदा हुआ है। दुनिया भर के देशों में चल रहे सीमा विवाद और विश्वस्तर पर सामंजस्य की कमी के चलते पर्यटकों की आवागमन पर असर पड़ा है। इसके अलावा सुरक्षा जाँच व वीजा सम्बंधी परेशानियों के कारण पर्यटन रोमांच के बजाय दुरूह अहसास बन चुका है। इसके अलावा तेजी से विलुप्त हो रहे कुदरती नजारों जैसे पैटागोनिया के ग्लेशियर पार्क और आस्ट्रेलिया की विशालकाय मूँगे की चट्टानों को देखने वालों के लिये नया वर्ग तैयार हो रहा है।

6. **प्राइस एंड प्रीविलेज–** तेल के दामों में हुये इजाफे ने पर्यटन को महँगा सौदा बना दिया है। इससे पर्यटन पर तो असर पड़ा ही है, उड्डयन क्षेत्र का दायरा भी सिमट गया है। ऐसे में यूरोप के चारों ओर फैला हुआ रेल, बस ओर समुद्री जहाज का नेटवर्क पर्यटकों के लिये सस्ते और सुरक्षित विकल्प के रूप में सामने आया है। यूक्रेन ने अपने- आप को गेटवे टू द ईस्ट के रूप में पेश किया है।

7. **कार्बन पर लगाम–** इंग्लैंड की सरकार ने सभी घरों के कार्बन की एक मात्रा तय की है। यदि कोई परिवार इसमें कटौती करने में सक्षम होता है तो उसे कार्बन क्रेडिट की तरह कुछ अंक मिलते हैं जिन्हें बेचा जा सकता है। सरकार का मत है कि इससे जलवायु परिवर्तन को लेकर व्यक्तिगत सोच में बदलाव आयेंगे। लोग पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में अब आगे आने लगे हैं और इसका उन्हें अहसास भी हो रहा है। सांस्कृतिक मान्यताओं में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है लेकिन उन्हें सरकारी नियमों और पहलों से मदद मिल रही है।

**पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (एफईई)–** आर्थिक विकास के एक साधन के तौर पर पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 1982 में भारत सरकार द्वारा एक विस्तृत पर्यटन नीति घोषित की गयी। 1986 में पर्यटन को एक उद्योग की मान्यता दी गयी। वर्ष 1991 को पर्यटन वर्ष एवं 1999-2000 को 'भारत यात्रा वर्ष' घोषित किया गया। सन् 2002 में 'अतुल्य भारत (इंक्रेडेबल इंडिया) अभियान' की शुरूआत की थी। भारत सरकार ने 2002 में नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति घोषित की है, जिसमें देश को इस क्षेत्र में एक यग्लोबल ब्राण्ड बनाने की बात कही गयी थी। वर्तमान में पर्यटन एक रोजगार का साधन बन चुका है। भारत की अर्थव्यवस्था में 17.3 फीसदी हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है। भारत में यह सेवा उद्योग का रूप ले चुका है, इसका योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत है एवं कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत है। भारत में हर वर्ष 50 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक आते हैं तथा 50 लाख से अधिक घरेलू पर्यटक भी पर्यटन करते हैं। पर्यटन भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यह देश की विदेशी आय में पर्याप्त योगदान देता हैं।

**भारत में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय: 2011 से 2022 तक**

| वर्ष | करोड़ रूपये में | अमेरिकी डॉलर में | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | |
|---|---|---|---|---|
| | | | करोड़ रूपये में | मिलियन अमेरिकी डॉलर में |
| 2011 | 83037 | 17707 | 25.49 | 22.2 |
| 2012 | 95606 | 17972 | 15.14 | 1.5 |
| 2013 | 107563 | 18396 | 12.51 | 2.36 |
| 2014 | 120366 | 19699 | 11.90 | 7.08 |
| 2015 | 134843 | 21012 | 12.03 | 6.67 |
| 2016 | 150750 | 22428 | 11.80 | 6.74 |
| 2017 | 178189 | 27365 | 18.20 | 22.01 |
| 2018 | 195312 | 28565 | 9.61 | 1.4 |
| 2019 | 216467 | 30721 | 10.83 | 7.54 |
| 2020 | 50136 | 6958 | -76.84 | -77.35 |
| 2021 | 65070 | 8797 | 29.79 | 26.43 |
| 2022 | 134543 | 16926 | 106.77 | 92.41 |




**स्रोत: भारत पर्यटन आँकड़े, भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय**

**चुनौतियाँ एवं सुझाव–** पर्यटन की बढ़ रही माँग हमारे प्राकृतिक एवं अन्य संसाधनों पर दबाव डाल रही है। देश में अवांछित घटनाओं के कारण पर्यटन विकास प्रभावित हो रहा है। सरकार द्वारा पर्यटन उद्योग के विकास के लिए मंत्रालयों तथा निगमों का गठन किया गया है। बजट राशि का बड़ा हिस्सा अधिकारियों के वेतन भत्तों और सुख सुविधाओं में खर्च हो जाता है। पर्यटन के नाम पर सेमीनारों में देश विदेश भ्रमण पर भारी भरकम खर्च हमेशा विवादों में रहता है। भारत में पर्यटकों पर होने वाले हमले तथा यौन उत्पीड़न की घटनाएँ प्रमुख चुनौतियाँ हैं। इसके अलावा आतंकी तथा नक्सली हमले के कारण देश में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले तथा धार्मिक एवं अन्य शहरों में हुए बम ब्लास्ट के कारण भारतीय पर्यटन उद्योग को लगभग दो अरब रूपयों का नुकसान उठाना पड़ा था। इसके अलावा कुछ भौगोलिक विनाशकारी घटनाओं जैसे ज्वालामुखी, भूकंप, सुनामी, भू-स्खलन एवं भूमण्डलीय तापन के कारण

पर्यटन उद्योग प्रभावित होता है।

देश में पर्यटन विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने से यहाँ आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। जितनी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भारत आयेंगे उतना अधिक खर्च करेंगे जिससे देश की अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इससे पर्यटन, यात्रा और सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे जिससे समाज के हर वर्ग को बेहतर अवसर मिलेंगे और अर्थव्यवस्था का समावेशी विकास होगा। यदि पर्यटन के पारिस्थितकीय स्वरूप से सतत् विकसित करने और समग्र पर्यावरण के अनुरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो अपूरणीय क्षति हो सकती है।

**निष्कर्ष**–पर्यटन को बढ़ाने की दिशा में किये जा रहे सुनियोजित प्रयासों के चलते देश के आर्थिक विकास में पर्यटन उद्योग का सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रभाव पड़ रहे हैं। पर्यटन देश की अर्थव्यवस्था का महत्वूर्ण घटक के रूप में उभरा है जिससे विदेशी मुद्रा अर्जन और युवाओं को अनेक रूपों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नये रोजगार प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटन उद्योग से जुड़े अन्य उद्योगों के विकास के साथ लोगों को रोजगार मिला और उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। यह देश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जिससे देश को एक नई पहचान मिल रही है। समग्र रूप से एक तीव्रगामी, उन्नतिशील आर्थिक क्षेत्र के रूप में पर्यटन आज देश की वर्तमान तथा भावी समग्र उन्नति का एक सुदृढ़ आधार तथा अविभाज्य अंग बन चुका है। यह उद्योग मात्र व्यवसायिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं किया है साथ ही परस्पर सद्भावना, शांति, एकता व अखण्डता को बनाये रखने में सहायता प्रदान कर रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. जगन्नाथ, एस., (फरवरी 1976) पर्यटन के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व, जर्नल फॉर इण्डस्ट्रीज एण्ड ट्रेड 26(2)।
2. शर्मा, संजय कुमार (2005), पर्यटन में भूगोल, तक्षशिला प्रकाशन नई दिल्ली।
3. दीक्षित, के.के.(2002) पर्यटन के विविध आयाम, तक्षशिला प्रकाशन नई दिल्ली।
4. कपूर, बिमल कुमार (2008), पर्यटन भूगोल, विश्वभारती पब्लिकेशन्स, 4378/4, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
5. कुरूक्षेत्र, मासिक पत्रिका, जून 2002, पर्यटन उद्योग: विकास की आवश्यकता।
6. http://hindi.webdunia.com/tourism-news/पर्यटन–उद्योग–घ–मिलेगा–बढ़ावा–112092600041_1.htm
7. http://tourism.gov.in/CMSPagepicture/file/market researsh/statisticalsurveys/_AR2007.
8. http://jamosnews.com/politisc/increase-in-tourism/
9. http://business.gov.in/hindi/Industry_services/tourism.php
10. http://mpinfo.org/MPinfoStatic/hindi/factfile/tdevpg.asp
11. http://www.wttc.org//media/files/reports/economic% 20 impact%20research/country%20reports/india2014.pdf
12. http://www.cci.in/pdfs/surveys-reports/Tourism-in-India.pdf
13. http://tourism.gov.in/sites/default/files/वार्षिक%20रिपोर्ट.pdf


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में तलाक की समस्या

**डॉ. पूजा तिवारी ***

* सहा. प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (समाज शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिन्दवाडा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** विवाह प्रत्येक समाज की अनिवार्य संस्था है ,भले ही इसका स्वरूप देशकाल तथा परिस्थितियों में अलग –अलग पाया जाता हो। 'यौन प्रवृत्तियों को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए ही विवाह नामक संस्था का जन्म हुआ। अनेक स्त्री – पुरूषों को विवाह असीम सुख,शांति तथा संतोष प्रदान करता है एवं उनके जीवन को व्यवस्थित बनाता है किंतु कई बार दुर्भाग्यवश विवाह का बुरा प्रतिसाद 'तलाक' के रूप में भी मिलता है।

इलियट एवं मेरिज के अनुसार 'तलाक हमेशा दुखांत एवं रिश्तों का अंतिम विसर्जन के रूप में होता है।' तलाक पारिवारिक तनाव का प्रमुख लक्षण होता है ,जिससे पारिवारिक विघटन एवं सामाजिक विघटन होता है। हिन्दू या सिक्ख धर्म में 'तलाक' की कोई अवधारणा नहीं है ,ऐसा कहा जाता है कि मृत्यु के सिवा कोई ओर किसी भी दंपति को अलग नहीं कर सकता है। तलाक की अवधारणा भारत में मुस्लिम शासनकाल के बाद समाज में आयी। आज तलाक की दर तेजी से बढ़ रही है ,फिर भी भारत में लगभग 10 प्रतिशत जबकि विदेशों में 50 प्रतिशत की दर तलाक के संबंध में देखी गई है। मुस्लिम समाज में तलाक आसान प्रक्रिया है जबकि हिंदु समाज में जटिल प्रक्रिया है। तलाक किसी भी परिवार के लिए दुखद घटना है। जिससे मानसिक अशांति एवं खासतौर पर बच्चों पर इसका कुप्रभाव पड़ता है। ऐसा माना जाता है कि पश्चिमी संस्कृति के सम्पर्क में आने से भारत में तलाक की संख्या बढ़ रही है।

**तलाक या विवाह विच्छेदन –** 'तलाक' शब्द अरबी भाषा के मूल शब्द 'तल्लाका' से बना है ,जिसका अर्थ किसी जानवर को बांधने के रस्से से मुक्त करना होता है। 'तलाक' का अर्थ 'त्यागना' है , अरबी समाज में पति को निकाह संबंध समाप्त करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था, मुस्लिम समाज में तलाक पति की ओर से ही लिया जा सकता है ,यदि पत्नि तलाक लेती है तो उसे 'खुला य कहते है ,एवं इसमें 'मेहर' की राशि नहीं दी जाती है।

भारतीय समाज में सभी जाति, धर्म के लोग एक साथ निवास करते है किंतु तलाक की समस्या वर्तमान में सभी जाति एवं धर्मो में देखी जा रही है।

**तलाक की समस्या बढ़ने के कारण –** भारतीय समाज में यदि हम तलाक की बढ़ती संख्या पर नजर डाले तो सर्वप्रथम कारण हमारे समक्ष आता है 'महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता' पुराने जमाने में महिलाऐं शिक्षित एवं जागरूक नहीं थी, साथ ही वो प्रत्येक आवश्यकताओं हेतू पति पर निर्भर रहती थी एवं आर्थिक निर्बलता के कारण पति के अत्याचार सहन करने पर मजबूर रहती थी, वह तलाक का साहस जुटा नहीं पाती थी ,क्योंकि शादी के बाद वापिस अपने पिता के घर आकर रहना सामाजिक दृष्टिकोण से हेय था एवं बूढे पिता पर वह बोझ नहीं बनना चाहती थी,किन्तु वर्तमान में स्थितियाँ बदल गयी है ,अब स्त्रियॉ पढ़ी लिखी आर्थिक रूप से मजबूत होती जा रही है आज एक नारी के लिए 'पति' से पहले शिक्षा एवं रोजगार हैं ,आज वह पति पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं है।

तलाक से बढ़ती समस्या का दूसरा कारण युवक –युवतियों की मर्जी के बगैर विवाह कर देना है। कई प्रकरण में शादी घर वालों के दबाव में आकर कर ली जाती है ,जो बाद में तलाक के रूप में बदल जाती है।

बढ़ते तलाक हेतु लड़की के माता –पिता का अवांछनीय हस्तक्षेप भी है कई बार माँ–बाप अपनी बेटी को गलत सलाहे देकर उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद कर देते है।

तलाक के अन्य कारणों में 'सास –बहु मनमुटाव',षडयंत्रपूर्वक विवाह, यौन संबंधों में नीरसता ,बहुविवाह में रूचि तथा तलाक को समाज एवं परिवार द्वारा उचित मानना, आधुनिक जीवन शैली से उत्पन्न तनाव, दोहरी आय एवं भूमिका बदलना तथा मुख्य रूप से कानून आई.पी.सी. –498 का दुरूपयोग करना आदि है। इसके अलावा विवाह पूर्व संबंध एवं विवाहेत्तर संबंध भी तलाक को बढ़ाते है।

**भारत में तलाक की वर्तमान स्थिति –** आज विवाह विच्छेद की प्रक्रिया आसान हो गई है, इसलिए तलाक की संख्या पुराने समय की तुलना में दुगुनी एवं तिगुनी हो गई है ,वर्तमान में महानगरों के साथ ही छोटे शहरों,कस्बों में भी तलाक के प्रकरण तेजी से बढ़ रहे है। अकेले दिल्ली में ही प्रतिवर्ष लगभग 9000 केस फाइल होते है जबकि मुंबई में 7000 केस फैमिली कोर्ट में प्रतिवर्ष दाखिल होते है, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत दंपत्ति की आयु 25 से 30 वर्ष के बीच होती है, जबकि लगभग 85 प्रतिशत केस शादी के प्रथम तीन वर्षो में ही दर्ज करवाए जाते है। कलकत्ता एवं चेन्नई में तलाक का प्रतिशत सर्वाधिक है।

वर्तमान में प्रेम विवाह एवं अन्र्तजातीय विवाहों की संख्या तेजी से बढ़ रही है ,उसी के अनुरूप 'तलाक' की संख्या भी बढ़ रही है क्योंकि कम आयु में गलत निर्णय लेकर जल्दबाजी में युवा वर्ग शादी तो कर लेता है किंतु शादी के पश्चात् जीवन की वास्तविकता का पता चलता है एवं प्रेम कहीं दूर छूट जाता है तथा दूसरे के धर्म एवं संस्कृति को अपनाना एवं निभाना बेहद कठिन लगने लगता है इसलिए अधिकांशत: अन्र्तजातीय विवाह भी असफल होकर 'तलाक' में बदल जाते है।

**हिन्दु एवं मुस्लिमों में तलाक का प्रावधान –** हिन्दू विवाह तथा विवाह विच्छेद अधिनियम 1955 से पूरे भारत में लागू किया गया (केवल जम्मू कश्मीर को छोड़कर ) हिन्दुओं में बौद्ध ,जैन, मुस्लिमों में इस्लामी कानून के अनुसार (1) तलाके अहसन (2) तलाके हसन (3) तलाके –उल –विद्त

(4) इला (5) खुला (6) मुबारत (7) जिहर (8) लियान आदि द्वारा तलाक लिया जा सकता है।

सन् 1939 में मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम लागू होने के बाद मुस्लिम स्त्री को भी तलाक का अधिकार प्राप्त हो गया है। सन् 1986 में मुस्लिम महिला (तलाक के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम लागू हुआ।

**तलाक के पक्ष में एवं विरोध में तर्क** – तलाक को कई दृष्टिकोण से अच्छा माना जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से स्त्रियों की दशा उन्नत करने में सहायक, समानता का सिद्धांत, कलह पूर्ण जीवन से छुटकारा एवं गतिशीलता हेतू आवश्यक आदि तर्क दिए जाते है। जबकि विवाह विच्छेद के विरोध में पारिवारिक –विघटन, बच्चों पर बुरा असर, आर्थिक निर्बलता, सामाजिक, विघटन आदि तर्क दिए जाते है।

**निष्कर्ष** – भारत में बढ़ती हुई तलाक की समस्या से स्पष्ट है कि वर्तमान भारतीय सामाजिक जीवन और परिस्थितियों में 'तलाक' की दर को कम करना जरूरी है अत: तलाक केवल गंभीर कारणों से ही देना चाहिए ,स्वस्थ जनमत, समर्पण आदि की भावना को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। अभिभावकों को चाहिए कि वे पूर्णत: खोजबीन करके विवाह तय करें ,एवं बच्चों के हितों के लिए सामंजस्य करना, त्याग करना चाहिए एवं स्त्रियों को भी कानूनी अधिकारों का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। अंत में कहा जा सकता है कि आधुनिकता के इस युग में भी 'विवाह' एवं 'परिवार' नामक संस्था का अपना महत्व है ,बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मॉ –बाप का एक साथ रहना अति आवश्यक होता है अत: विवाह को पवित्र संस्कार मानकर तलाक का विवाह विच्छेद को कम किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. मुखर्जी /अग्रवाल – समाजशास्त्र – अग्रवाल प्रकाशन, इंदौर।
2. बघेल डॉ.डी.एस./समाज शास्त्र – कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
3. महाजन डॉ. धर्मवीर /कमलेश नातेदारी ,विवाह ,परिवार का समाज शास्त्र – विवेक प्रकाशन, दिल्ली।
4. डॉ.कालरा /भारत में तलाक की समस्या (इंटरनेट)
5. आजाद इंडिया फाउडेंशन की रिपोर्ट (इंटरनेट)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पर्यटन - पर्यावरण और रोजगार

**डॉ. जयकुमार सोनी***

* प्रध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** आज विश्व अर्थव्यवस्था को नई मंजिलें प्रदान करने में पर्यटन उद्योग की महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दुनिया भर में पर्यटन को बड़े उद्योग के रूप में उभर जा सकता है। इससे न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की पहल भी जोरदार तरीके से हो रही है। पर्यटन से रोजगार स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है और एक दूसरे की भाषा, संस्कृति , सभ्यता और रीति रिवाजों को जानने समझाने का अवसर भी इसके माध्यम से मिल रहा है। यानी पर्यटन विश्व बंधुत्व अथवा वासुदेव कुटुंबकम की अवधारणा को भी सार्थक करता नजर आ रहा है।

पर्यटन से इंसान को अतिरिक्त खुशी मिलती है, इसलिए शायद प्राकृतिक सुरम्यता तथा सौंदर्य को निहार कर स्वास्थ्य लाभ के लिए इंसान कभी पर्वतीय, दर्शनीय स्थलों पर जाने को उत्सुक नजर आता है तो कभी धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर राहत,संतोष व सुख की अनुभूति महसूस करता है। विभिन्न भाषा, साहित्य, लोक जीवन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से भी यात्राएं की जाती हैं। इस सब यात्राओं को पर्यटन में शामिल किया जाता है। यह अब उद्योग का रूप ले चुका है और विदेशी मुद्रा प्राप्ति का प्रमुख स्रोत बन गया है।

पर्यटन के जरिए प्राकृतिक विरासत को बचाने का जो अभियान प्रारंभ किया गया है इससे सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की तेजी को कायम रखा जा सकेगा। पर्यावरण पर्यटन को उद्योग के रूप में उभरने के लिए पर्यटन का प्रबंधन और प्रकृति का संरक्षण इस प्रकार से किया जाता है ताकि परिस्थितिकी आवश्यकताओं का संतुलन बना रहे और लोगों की रोजगार की जरूरतें पूरी होती रहे।किसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने वर्ष 1998 में परिस्थितिकी पर्यटन पर नीति और दिशा निर्देश तैयार कर दिए थे। इस नीति में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, सुरक्षा और समृद्ध बनाने के अलावा परिस्थितिकी पर्यटन की वृद्धि के प्रयासों में तेजी लाने की बात कही गई है। इसके अंतर्गत देशभर में देशभर में पर्यटन केंद्रों,होटलों, लॉज एवं रिसोर्ट स्थापित करने की योजना भी शामिल है।

भारत में पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन एक बड़े उद्योग के रूप में उभर कर सामने आया है। पर्यटन गतिविधियों का क्रम बढ़ाने के लिए साथ ही इससे उत्पन्न हुई चुनौतियों की ओर भी ध्यान जाना स्वाभाविक है। कोशिश की जा रही है कि पर्यटन का विकास तो निरंतर हो, लेकिन प्राकृतिक संतुलन न गड़वड़ाए, इसके लिए प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थलों पर विशेष व्यवस्था किए जाने की समय रहते जरूरत है ताकि पर्यटकों का आकर्षक बड़े और सैलानियों के पसंदीदा स्थानों को किसी प्रकार की छाती ना पहुंचे।ऐसा होने पर ही स्वरोजगार को बल मिलेगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2002 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण पर्व घोषित किया गया। अपने घोषणा पत्र में संघ ने कहा कि परिस्थितिकी पर्यटन ऐसा क्षेत्र है जिसमें आर्थिक विकास की प्रबल संभावनाएं तो हैं ही, यदि ऐसे उचित तरीके से नियोजित, विकसित एवं प्रबंधित किया जाए तो यह प्राकृतिक पर्यावरण की संरक्षण का शक्तिशाली उपकरण सिद्ध हो सकता है।

सांस्कृतिक विरासत से अत्यधिक समृद्ध देशों में भारत का स्थान सातवां है इसलिए यहां पर्यावरण पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। इसके समुचित उपयोग के लिए निम्नलिखित उपाय किया जाना चाहिए-

पर्यावरण पर्यटन की खामियों एवं नकारात्मक प्रभाव को दूर करते हुए स्थाई विकास को प्रोत्साहित करना होगा, ताकि उपयुक्त साधनों और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मेले, प्रदर्शनियों को आयोजन पर्यटन की दृष्टि से आवश्यकता है।पर्यटन उद्योग के विकास के लिए प्राकृतिक पर्यटन को सभी स्तरों पर अपनाना जरूरी है, ताकि समुचित विकास हो सके तथा प्राकृतिक सौंदर्य को बचा रखा जा सके। व्यवस्था ऐसी हो कि यात्रा और पर्यटन लोगों की आई का स्रोत बने, पर्यटकों को भी प्रेरणात्मक व भावनात्मक संतुष्टि मिले तथा वन्य जीवों व पर्यटन को भी लाभ पहुंचे।पर्यटन न केवल विकास, रोजगार बल्कि अस्तित्व बचाव का साधन है इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए कारगर तरीके से अपनाने की आवश्यकता है।

प्रकृति के निरंतर होते दोहन को तो रोका ही जाना चाहिए। पर्यटन संरक्षण तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के अवसर बढ़ाने के मध्य अच्छा संतुलन स्थापित किया जाए।

लोगों को प्रशिक्षण के जरिए पर्यावरण पर्यटन के प्रति जागरूक करना, सुदूर क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक लाभ पहुंचाते हुए भारतीय संस्कृति व पुरातात्विक दर्शनीय स्थलों को संरक्षित, समृद्ध और प्रोत्साहित करना।

परिस्थितिकी पर्यटन के विकास में जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है ताकि समन्वित रूप विभिन्न परिस्थितिकी पर्यटन गतिविधियों को कारगर बनाया जा सके और योग यानी पर्यटक, ट्रैकिंग, हाइकिंग,वन उपवन वन, जीव अभ्यारणों, पर्वतारोहण, नदी नौकायन, झीलों, घाटियों की यात्रा का आनंद उठा सके। साथ ही पुरातन सुखद वातावरण में प्रवास की यादों को हमेशा ताज बनाए रख सके।

पर्यटन गतिविधियों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के साथ ही ऐसे

पैकेज टूर बनाए जाएं ताकि पर्यटकों को छोटे समूहों में शहर के लिए लाने ले जाने व्यवस्था हो और परिस्थितिकी पर्यटन का भरपूर आनंद प्राप्त कर सके। इसके लिए पहले से लक्ष्य तय किए जाएं ।जरूर इस बात की है कि जंगलों को पुनर्जीवित किया जाए और पेड़ों की कटाई को मजबूत इच्छा शक्ति से रोके जाने के नियम बनाए जाएं ।पर्यटन में विदेशी ही नहीं स्थानीय लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लोक कला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना होगा।

यात्रा सुखद एवं पर्यटकों के स्थलों को मनोरम बनाने के अलावा इस प्रकार की प्रबंध किए जाएं ताकि पर्यटकों को खास विशेषताओं को उजागर करते हुए उसे और आकृष्ट किया जा सके।

पर्यटकों के उपयोग के जरूरी उत्पादों का सृजन कर उन्हें लोकप्रिय बनाना, पर्यटकों की रुचियों को समझना भी पर्यटन का ही हिस्सा है, क्योंकि इससे पर्यटन व्यापार बढ़ता है।

इसके लिए जरूरत है कि नए-नए पर्यटन स्थलों का विकास किया जाए। इसमें भौगोलिक परिदृश्य, खेलकूद, फिल्म, प्रसन्नता और मनोरंजन को भी पर्यटन से जोड़ा जा सकता है।

पर्यटन स्थलों के स्थानीय एवं जनजातीय लोगों को पर्यावरण पर्यटन गतिविधियों के लाभ में भागीदार बनना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पृथ्वी के जल भंडारो केंद्रों, सांस्कृतिक, साहसिक गतिविधियों, समृद्ध जैव विविधता,खनिज, वन भंडार,मनोरंजन स्थलों, विरासत केंद्रों का प्रचार भी इसमें शामिल है।पर्यटन प्रोत्साहन और पर्यटन संबंधी फैसला करने से पहले वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाते हुए व्यवस्थित मूल्यांकन किया जाना जरूरी है ताकि पर्यटन विकास का सामाजिक, आर्थिक और भौतिक वातावरण पर रचनात्मक प्रभावों को समझा जा सके और नकारात्मक प्रभावों को काम किया जा सके।

पर्यावरण पर्यटन उधम को विकसित करने के लिए व्यापक नीति बनाना और सभी की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करना आदर्श पर्यावरण पर्यटन कार्यक्रम बनाना ।कुल मिलाकर पर्यावरण पर्यटन का अर्थ है कि पर्यटन और प्रकृति संरक्षण का प्रबंध इस प्रकार करना कि एक और पर्यटन व परिस्थितिकी जरूरत पूरी हो और दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार आए एवं नए कौशल के स्तर को ऊपर उठाए जा सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**


1. एंडेरेक, केएल, वैलेंटाइन, केएम, वोग्ट, सीए, और नोपफ, आरसी (2007)। पर्यटन और जीवन की गुणवत्ता संबंधी धारणाओं का एक अंतर-सांस्कृतिक विश्लेषण। जर्नल ऑफ सस्टेनेबल टूरिज्म, 15 (5), 483-502।
2. अलोंसो-अल्मीडा, एमडीएम, बागुर-फेमेनियास, एल., लाच, जे., और पेर्रामोन, जे. (2018)। छोटे पर्यटक व्यवसायों में स्थिरता: पहल और प्रदर्शन के बीच की कड़ी। पर्यटन में वर्तमान मुद्दे, 21 ( 1 ), 1-20।
3. एंडेरेक, केएल, वैलेंटाइन, केएम, वोग्ट, सीए, और नोपफ, आरसी (2007)। पर्यटन और जीवन की गुणवत्ता संबंधी धारणाओं का एक अंतर-सांस्कृतिक विश्लेषण। जर्नल ऑफ सस्टेनेबल टूरिज्म, 15 (5), 483-502।
4. आयुसो, एस. (2006). स्थायी पर्यटन के लिए स्वैच्छिक पर्यावरण उपकरणों को अपनाना: स्पेनिश होटलों के अनुभव का विश्लेषण। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण प्रबंधन, 13 ( 4 ), 207-220।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पिलखुवा में हथकरघा उद्योग के विकास पर समस्याओं और संभावनाओं के बारे में विशेष अध्ययन

मानवी शर्मा * डॉ. ईशा भट्ट**

* शोधार्थी (डिजाइन) वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली (राज.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर (डिजाइन) वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली (राज.) भारत

**शोध सारांश –** हथकरघा एक विशेष तकनीकी है जो पूरे भारत में गाँव और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में साधारण कपड़ों के साथ-साथ विशेष कपड़ों का भी उत्पादन करता है। वर्तमान में हथकरघा उद्योग के क्षेत्रों में पावर लूम के कारण भारी गिरावट आई है। जिसका एक कारण यह भी है कि वर्तमान में हथकरघा उद्योग विकेन्द्रीकृत हो गये हैं। पश्चिम बंगाल पारंपरिक रूप से कपास, हथकरघा और जूट यार्न के लिए समृद्ध है। हथकरघा में जूट और जूट मिश्रित यार्न की बुनाई के दौरान बुनकरों को जूट फाइबर के खुरदरेपन के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।उत्तर प्रदेश में पूर्व समय से ही हथकरघा उद्योग को अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। ऐसा माना जाता है कि हथकरघा उद्योग मुगल और बादशाओं के समय से शुरू हो गया था। 18वीं शताब्दी से ही प्रारभ इस कार्य में भिन्न-भिन्न प्रकार के सुन्दर रूप से अभिकल्पन करके उनको विशेष तरीको से हाथों द्धारा बनाये जाने के लिए ये उद्योग विख्यात है। ये क्षेत्र वस्त्रों पर सौंदर्य से भरपूर डिजाइन बनाने के लिए प्रसिद्ध माना जाता है। इस उद्योग क्षेत्र में विदेशी मुद्रा हासिल करने का प्रमुख स्थान सूती वस्त्र उद्योग है। व्यवसाय रूप से अगर तुलनात्मक वर्णन किया जाये तो कपड़ा आय का प्रमुख स्त्रोत माना गया है। इसी के साथ-साथ रेशमी और ऊनी वस्त्र व्यवसाय की तुलना में सूती वस्त्र उद्योग को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

**शब्द कुंजी –** उत्तर प्रदेश, हथकरघा उद्योग, पिलखुवा में समस्याऐ, संभावनाऐ।

**प्रस्तावना –** भारतीय संस्कृति की अर्थव्यवस्था में हथकरघा उद्योग ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक अपनी महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि के बाद भारत में यह दूसरे स्थान पर आता है। कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के कारीगरों के लिए यह उद्योग, पूर्ण रूप से रोजगार प्रदान करता है। इस उद्योग का इतिहास लम्बे समय से चलता आ रहा है। हाथों के बुने हुए कपड़ों को बहुत पसन्द किया जाता था इसलिए इन वस्त्रों को आम जनता से लेकर राजा महाराजा तक पहनना पसन्द करते थे। अगर देखा जाये तो मध्य कालीन युग में इस उद्योग में थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ गया था। लेकिन आधुनिककाल में अंग्रेजों ने इस उद्योग को नष्ट कर दिया था। सरकार द्धारा इस उद्योग को नई समृद्ध स्थिति पर पहुंचने के लिए स्वतंत्रता के बाद कई कार्य किये गये। आज के युग में इस व्यवसाय को नई उपलब्धि पर पहुँचने के लिए विशेष ध्यान देने के साथ-साथ लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। ताकि लोग हाथों के बुने कपड़ों को महत्व दे जो कि शरीर के लिए लाभकारी है और इस वजह से हाथों से बने उत्पादों की ओर दिलचस्पी बढ रही हैं। भारत देश में वस्त्रों के प्रयोगों का प्रचार अतियात बुराना माना जाता है। प्राचीनकाल में वस्त्रों का ज्ञान, मूर्तियों और साहित्य द्धारा प्राप्त होता है। वस्त्रों को पहनने से बाह्य शिष्टाचार और सभ्यता का पता चलता था तथा सिन्धु घाटी सभ्यता में वस्त्रों का प्रयोग प्रचलित हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि उस युग के मोहनजोदड़ो से प्राप्त स्त्रियों और पुरूषों की मूर्तियों को देखने से वस्त्रों की कताई और बुनाई का पता चलता है। जिसके द्धारा सूत कातने के तकुये मिले हैं। सूती कपड़े का टुकड़ा जो कि चांदी के पात्र में मिला था। इसके वैदिक युग में भी वस्त्रों का प्रचुर प्रयोग बताया है तथा उत्तम उस्त्र को धारण करने वाले को सुवासस् कहते थे।

**पिलखुवा –** कृषि के बाद भारत में एक मात्र ऐसा उद्योग है, वह है परम्परागत वस्त्र उद्योग। भारत में यह दूसरे स्थान पर आता है। कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के कारीगरों के लिए यह उद्योग पूर्ण रूप से रोजगार उत्पन्न करता है। भारत देश में लाखो लोग इससे प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे है। भारत के नक्षे में पिलखुवा का नाम वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं। पिलखुवा हापुड़ का एक कस्बा है। यह कस्बा सन् 2011 से पहले गाजियाबाद जिले का हिस्सा था। अब इसे हापुड़ में शामिल कर दिया गया है। यह जी0टी0 रोड पर दिल्ली से 45 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। इसके पूर्व में हापुड़, पश्चिम में गाजियाबाद, उत्तर में मोदीनगर व दक्षिण में बुलन्दशहर है। यह नगर दिल्ली मुरादाबाद रेलवे लाइन पर स्थित है। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर है। पिलखुवा अपने कपड़ा उत्पादन, में विशेष रूप से बेडशीट के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि ब्रिटिश युग में इस शहर को पिलखुवा नाम मिला था। इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी भी प्रचलित है। उस समय वहाँ एक हाथी था, जिसका नाम 'पीआईएल' हुआ करता था। जब वह खो गया था तब रानी के सैनिक उस हाथी अर्थात् 'पीआईएल' नामक हाथी की तलाश में इधर से उधर भटक रहे थे। तब गाँव के लोग सैनिकों से पूछते कि 'क्या हुआ'? तो सैनिक जवाब देते थे कि 'पीआईएल' खो गया। इस वाक्य का अपभ्रंश होते होते वह 'पिलखुवा' हो गया और इस शहर का नाम हमेशा के लिए भारत के नक्षे में पिलखुवा हो गया। पिलखुवा का विस्तार और औद्योगीकरण सन् 1977 में लाला नामक व्यक्ति के द्धारा पेट्रोल पम्प की

स्थापना के साथ शुरु हुआ था। स्वर्गीय जनाब मोहम्मद इब्राहिम साहब, जिन्होंने कानपुर से प्रिंटिंग में डिप्लोमा किया था, उन्होंने ब्लॉक प्रिंटिंग और स्क्रीन प्रिंटिंग सहित नई प्रिंटिंग प्रौद्योगिकियों की शुरुआत की थी। उन्होंने शहर में रोजगार प्रदान किया और शहर को सुविधाजनक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक अन्य कहानी के अनुसार ऐसा माना जाता है कि पिलखुवा में वस्त्र उद्योग की शुरूआत सन् 1970 में कलानौर से आकर बसे नत्थू राणा के दो पुत्र कल्याण सिंह व निहाल सिंह ने की। यहाँ आने के बाद इन दोनों भाईयों ने इस्लाम-धर्म अपना लिया था। कन्खली झील के किनारे आबाद हुआ पिलखुवा करीमुल्ला व रहीमुल्ला राणा के नाम से मशहूर हुआ। इन दो भाईयों की संताने छपाई का कार्य करने की वजह से छीपी कहलाती हैं। पिलखुवा गांधी के सपने 'खादी' के लिए भी प्रसिद्ध है। पिलखुवा प्राय: छोटे उद्योगों के लिए जाना जाता है। कैनवास वस्त्र निर्माण उद्योग की शुरूआत पहली बार यहीं पर हैण्डलूम जैकार्ड से सन् 1969 में स्वर्गीय श्री नरेन्द्र प्रताप गुप्ता द्वारा शुरु की गई। स्थानीय लोगों से यह पता चला है कि अब इनके बेटे कार्यरत हैं। यहाँ छोटे उद्योगों के साथ कुछ बड़े निर्माता विदेशों में अपने उत्पाद बेचने हेतु भी विविध उत्पादों का निर्माण करते हैं। इस शहर को उसी कारण से कपड़ों के शहर के रूप में भी जाना जाता है। चूंकि यह शहर दिल्ली से लगभग 35 किमी0 दूर है, यह एन0सी0आर0 में स्थित हैं, इसलिए अब उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक उभरती जगह है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार पिलखुवा की जनसंख्या 83,737 है।

**पिलखुवा के वस्त्र निर्माण उद्योग की विशेषताएँ**-पिलखुवा भारत की हथकरघा और छपे हुए कपड़े की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। पिलखुवा में खासतौर पर कपड़े की बुनाई, छपाई, रंगाई, धुलाई, सिलाई आदि का ही कारोबार होता है। पिलखुवा के बने हुए कपड़े भारत के कोने-कोने में भेजे जाते हैं। यहाँ की हैण्ड ब्लॉक प्रिंट की चादरें भारत के बाहर भी एक्सपोर्ट होती हैं। यहाँ चादरें, तकियों की खोलियाँ, रजाई, तौलिये और अस्तर के कपड़ों का व्यापार भी होता है। आमतौर पर शादियों के सीजन में अच्छा व्यापार होता है और नवम्बर इसका सर्वश्रेष्ठ समय है। यहाँ कुछ लोग दूसरे राज्यों से भी आर्डर लेकर कार्य करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 15 हज़ार लोग व्यापार के सिलसिले में पिलखुवा से दूसरे राज्यों में भी जाते हैं। पिलखुवा बहुत सारे हैंण्डलूम बुनकरों के लिए भी बड़ा बाजार है। आस-पास के कई कस्बों जैसे सरधना, मुरादनगर और मेरठ से यहाँ काफी माल आता है। कुछ बुनकर गंगा पार 100 किलोमीटर दूर बिजनौर के नेहरटौर गाँव से भी पिलखुवा में अपने उत्पाद बेचने आते हैं, हर बुधवार को यहाँ हाट में ये बुनकर कच्चा (ग्रे क्लॉथ) कपड़ा लेकर आते हैं। जो बाद में चादर और तकिये की खोलियाँ और अन्य कपड़े बनाने के काम आता है। कुछ व्यापारी पावरलूम पर कैनवास कपड़ा बनाते हैं। यह बैग तथा ट्रकों की अस्थाई लचीली छत बनाने के काम आता है। एक समाचार-पत्र के अनुसार श्री अग्रवाल के मुताबिक यहाँ 2500 पावरलूम इकाईयाँ हैं और 250 कारखाने हैं। जहाँ कच्चे (ग्रे क्लॉथ) कपड़े पर छपाई कर चादरें, तकिये के कवर आदि बनाए जाते हैं। यहाँ पावरलूम पर काम करने वाले परिवार के सभी सदस्य मिलकर हर महीने 9-10 हजार रुपये महीना कमाते हैं।

**पिलखुवा की विशेष बेडशीट**



**ब्लॉक प्रिंटिंग और स्क्रीन प्रिंटिंग**



**हैंण्डलूम बुनकर**



**कैनवास वस्त्र निर्माण**



**अभिकल्पन**



Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

**अभिकल्पन**



**शोध अभिकल्पन (वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक) अध्ययन क्षेत्र**

पिलखुवा, जिला गाजियाबाद

प्राथमिक समंक संकलन | द्वितीय समंक संकलन

प्रतिदर्श

उद्देश्यपूर्ण पद्धति (20 व्यापारी) | सुविधाजनक यदृच्छ संख्या विधि पद्धति (20 हस्तशिल्पी)

**समस्याऐ/संभावनाऐ-** मणिपुर हथकरघा बुनाई उद्योग सांस्कृतिक और पारंपरिक व्यवसाय के रुप में चल रहा है। हालांकि बुनाई, आय और रोजगार का एक पारंपरिक स्रोत है, लेकिन युवा पीढ़ी बुनाई करने में कम रुचि दिखा रही है। यह आधुनिकीकरण का प्रभाव है तथा स्थानीय लघु कपड़ा उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण किया है। यह उपयोग किए जाने वाले समाधान और समस्या समाधान विधियों की भी पड़ताल करता है। लेखक ने इस उद्योग के व्यवस्थित और श्रेणीबद्ध प्रणाली को दर्शाया है। सबसे बड़ी समस्या वित्त की बताई गयी है। इसके अलावा ज्ञान की कमी, व्यापार के लिए आवश्यक संचार, संभाषण कला, श्रमिकों की कमी, मार्केटिंग आदि की समस्याओं को उजागर किया है। बुनकरों द्वारा स्वतंत्र रुप से कार्य करने पर कच्चे माल, वित्त की कमी , उचित रंगाई सुविधाओं की कमी और बिजली की असमान आपूर्ति के अभाव के कारण कम उत्पादकता की समस्याओं का सामना करना पड़ा। विनिर्माण इकाईयों के लिए काम करने वाले बुनकरों को काम करने की जगह, आधुनिक उपकरणों की अनुपलब्धता और माँग की कमी, का सामना करना पड़ा और हथकरघा बुनाई इकाइयों की स्थिति का अध्ययन करके पता चला की अध्ययन का मुख्य उद्देश्य हथकरघा बुनाई इकाइयों की स्थिति उनके सेटअप, कामकाज और उनके सामने आने वाली समस्याओं की पहचान करना था। परिणाम द्वारा पता लगाया गया है कि बुनकरों की स्थिति दयनीय थी। वे अशिक्षा, अपर्याप्त वित्त, विपणन बाधाओं और अपर्याप्त सुविधाओं के कारण विकलांग थे भारतीय कपड़ा उद्योग अत्यधिक असंगठित और श्रम प्रधान है। कपड़ा उद्योग में असंगठित क्षेत्र, लघु और मध्यम उद्योगों का वर्चस्व है। विदेशी निवेशक कपड़ा उद्योग में कोई भी निवेश नहीं कर रहा है, जो कि एक चिन्ता का विषय है। सरकार की नीतियाँ इस उद्योग के पक्ष में नहीं है। वर्तमान स्थिति में कंपनियाँ अपने उत्पादों को सर्वश्रेष्ठ होने के साथ, बेंचमार्क करने, गुणवत्ता और उत्पादन प्रक्रियाओं को अपग्रेड करने की माँग कर रही है। भारतीय कपड़ा उद्योग को अंतर्दृष्टि प्रदान करने की कोशिश कराता है और उभरते रूझान के असवरों, चुनौतियों को समझाने का प्रयास कराता है। पता चला है कि केरल में पद्मा सलियास समुदाय ने कपड़ा उत्पादन करने के लिए कताई और बुनाई प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। इस जाति के दो समुदाय, इदकई और वेलकई क्रमश: स्पिनरों और बुनकरों का प्रतिनिधित्व करते थे। केरल के बुनकरों द्वारा हथकरघा के माध्यम से मुंडू (साउथ केरल धोती) थीरथु, (सफेद सूती स्नान तौलिया) वेशी (सूती धोती) और पुडवा (साड़ी) जैसी वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है। केरल में अब भी हाथ से बुने हुए कपड़े उनके स्थायित्व, आकर्षक, रंगों और परिशिष्ट के लिए जाने जाते हैं। पारम्परिक पिट करघे को तकनीकी परिवर्तन के कारण फ्रेम वाले करघे के आगे बदल दिया गया है। इससे कुटीर उद्योग और कारखानों के पैटर्न में भी बदलाव हुआ है।

**परिणाम एवं विश्लेषण-**प्रस्तुत शोध पत्र पिलखुवा के व्यापारी और कामकाजी स्त्री-पुरूषों के लिए है। यह प्रश्नपत्र लोगों द्वारा पिलखुवा व्यापार के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। प्रश्नपत्र को दो प्रकार से तैयार किया गया है जिसमें पहले प्रश्नपत्र की 20 प्रतिदा व्यापारी व दूसरे प्रश्नपत्र की 20 प्रतिदा कारीगरों द्वारा भराया गया है। प्रतिवादियों की आयु 25 वर्ष से 50 वर्ष से अधिक है। इस व्यवसाय से जुड़े लोग (अमूमन) अधिकतर हिन्दू धर्म से है तथा इसमें पुरूष व्यापारियों व कारीगरों की संख्या अधिक पायी गयी है, पुरूष कारीगर 100 प्रतिशत व पुरूष व्यापारी 95 प्रतिशत है तथा महिलायें व्यापारियों की भागीदारी 5 प्रतिशत है। व्यापारी वर्ग का शैक्षिक स्तर भिन्न-भिन्न है जिसमें 22 प्रतिशत अनपढ, 28 प्रतिशत प्राथमिक व 33 प्रतिशत स्नातक उत्तीर्ण है। कारीगर वर्ग में 38 प्रतिशत लोग अनपढ, 29 प्रतिशत प्राथमिक शैक्षिकता वाले व 33 प्रतिशत उच्च माध्यमिक उत्तीण है। पिलखुवा व्यवसाय में 40 प्रतिशत व्यापारी एकल परिवार के तथा 60 प्रतिशत संयुक्त है तथा कारीगर वर्ग 85 प्रतिशत कारीगर विवाहित व 15 प्रतिशत अविवाहित है। व्यापारी वर्ग की परिवार संरचना 49 प्रतिशत 5 सदस्यों तक है तथा 43 प्रतिशत 5 से 10 सदस्यों की है। 80 प्रतिशत कारीगर वर्ग के परिवार के सदस्यों की संख्या 5 से कम है तथा 20 प्रतिशत कारीगरों के परिवार के सदस्यों की 5-10 संख्या में है। 64 प्रतिशत कारीगरों की मासिक आय 10,000 रूपये, 21 प्रतिशत कारीगरों की मासिक आय 5000-10000 रूपये व केवल 15 प्रतिशत कारीगरों की आय 10000-20000 रूपये तक है। 70 प्रतिशत व्यापारी वर्ग बुनाई व छपाई दोनों प्रकार का व्यवसाय करते हैं वही 25 प्रतिशत बुनाई तथा 5 प्रतिशत छपाई के व्यवसाय में संलग्न है। कारीगर वर्ग के बच्चों का शैक्षिक स्तर कुछ विचित्र है जहाँ 40 प्रतिशत कारीगर वर्ग के बच्चे अपनढ, 40 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा प्राप्तकर्ता है तथा 20 प्रतिशत स्नातक शिक्षा को प्राप्त कर उत्तीर्ण है। कारीगर वर्ग के अन्य सदस्य भी कार्य में संलग्न है जिसमें से 42 प्रतिशत नौकरीपेश व 24 प्रतिशत अन्य काम में संलग्न है तथा 28 प्रतिशत पढ़ाई में संलिप्त है। कारीगर वर्ग में 37 प्रतिशत कारीगर बुनाई, 37 प्रतिशत छपाई, 16 प्रतिशत रंगाई व 10 प्रतिशत डिजाइन करने का कार्य करते हैं। व्यापारी वर्ग में 82 प्रतिशत केवल रंगाई से भी उत्पाद बनाये जाते हैं। पिलखुवा व्यवसाय के 81 प्रतिशत लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं। वहीं 19 प्रतिशत व्यापारी इस व्यवसाय में नये हैं। इनमें से 41 प्रतिशत व्यापारी 5-10 वर्षों से यह कार्य कर रहे हैं, 28 प्रतिशत व्यापारी 1-5 वर्ष से तथा 17 प्रतिशत 20 वर्षों से अधिक

समय से कार्यरत है वहीं 10-20 वर्षो से 14 प्रतिशत व्यापारी यह व्यवसाय आगे बढ़ा रहे हैं, 63 प्रतिशत व्यापारियों ने इस व्यवसाय का प्रशिक्षण नहीं लिया है वहीं 37 प्रतिशत व्यापारियों ने इस व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण लिया है। 70 प्रतिशत व्यापारी वर्ग में व्यवसाय के लिए प्रेरणा स्त्रोत पूर्वज व पैतृक सदस्य रहे हैं वही 15 प्रतिशत स्वच्छा से यह व्यवसाय कर रहे हैं। 5 प्रतिशत व्यापारी घर चलाने के लिए इस व्यवसाय से लाभावित है वहीं 10 प्रतिशत व्यापारी इस कला को आगे बढ़ाने के लिए संलग्न है। 48 प्रतिशत व्यापारी वर्ग के परिवार में पिता, 26 प्रतिशत भाई, 21 प्रतिशत व 5 प्रतिशत रिश्तेदार सम्मिलित है। व्यापारी वर्ग के परिवार में 47 प्रतिशत परिवार के सदस्य यही कार्य व 47 प्रतिशत परिवार के सदस्य यही कार्य व 47 प्रतिशत परिवार के सदस्य अन्य कार्य करते हैं वही 6 प्रतिशत पढ़ाई करते हैं। 100 प्रतिशत कारीगर यह कार्य फैक्ट्री में ही करते हैं। सभी 100 प्रतिशत व्यवसाय इस कार्य को समाधानी से समझते हैं, 81 प्रतिशत व्यापारियों का मानना है कि इस कार्य को अन्य लोग भी पसन्द करते हैं, वहीं 19 प्रतिशत व्यवसायी इस व्यवसाय से अहसमत है। 65 प्रतिशत व्यापारी इस व्यवसाय को समाज के उच्च स्तर पद, 28 प्रतिशत मध्यम स्तर व 7 प्रतिशत व्यापारी इसे निम्न स्तर पर स्थान पर देखते हैं। 71 प्रतिशत कारीगरों ने व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण लिया है तथा 29 प्रतिशत कारीगरों को पहले से यह कार्य आता था, 45 प्रतिशत कारीगर इस कार्य को घर चलाने के लिए 45 प्रतिशत आय बढ़ाने के लिए तथा 10 प्रतिशत इसे समय व्यतीत करने के लिए करते हैं। इस व्यवसाय के लिए 70 प्रतिशत व्यापारी धागा काशीपुर से व 30 प्रतिशत अन्य स्थान से खरीदते हैं। धागे की खरीद 82 प्रतिशत व्यापारियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप ये की जाती है वहीं, 18 प्रतिशत व्यापारियों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से धागे पूर्ण रूप से सभी व्यापारियों द्वारा लच्छी रूप में खरीदा जाता है तथा सभी व्यापारी इसे ग्रे में ही खरीदते हैं। पिलखुवा प्रिंटिंग और बुनाई से 43 प्रतिशत बेडशीट, 31 प्रतिशत लोई, 19 प्रतिशत पिल्लोकवर व 7 प्रतिशत दरी के रूप में उत्पाद बनते हैं। 71 प्रतिशत कारीगर वर्ग को मजदूरी प्रतिमाह तथा 29 प्रतिशत कारीगरों को प्रतिघंटा प्राप्त होती है। इस कार्य से 42 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 10-20 हजार रू. तक, 35 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 5-10 हजार रूपये तक, 14 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 1-5 हजार रूपये तक तथा 9 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 20,000 रूपये से अधिक है। 100 प्रतिशत कारीगरों का मानना है कि उनकी इस व्यवसाय में कुशलता है। इस कार्य के संदर्भ में 50 प्रतिशत कारीगर अपना कार्य सुझाव देते हैं वहीं, 40 प्रतिशत सुझाव नहीं देते हैं, 10 प्रतिशत कारीगर कभी-कभी कार्य सुझाव दिये जाते हैं। पिलखुवा व्यवसाय से जुड़े 80 प्रतिशत कारीगर इस व्यवसाय के साथ अन्य कार्य नहीं करते हैं वहीं 20 इस व्यवसाय के साथ-साथ अन्य कार्य को करना पसन्द करते हैं। 86 प्रतिशत कारीगर इस कार्य से संतुष्ट है वहीं 14 प्रतिशत कारीगर असंतुष्ट है। पिलखुवा व्यापार के कारीगर आय से बचत करने में असमर्थ है तथा 25 प्रतिशत कारीगर करीब 10-20 प्रतिशत ही बचत कर पाते हैं। 75 प्रतिशत कारीगरों ने माना है कि इस काय से कमाई मे अंतर (बढ़ोत्तरी) हुई है, 25 प्रतिशत कारीगरों ने बताया है कि इससे आय में कोई अंतर नहीं हुआ है। 90 प्रतिशत करीगरों ने आय में कटौती का अनुभव किया वहीं 10 प्रतिशत कारीरागें ने कटौती का अनुभव नहीं किया। 93 प्रतिशत कारीगरों के कार्य व आमदनी का मूल्यांकन निश्चित है वहीं 7 प्रतिशत कारीगरों के कार्य व आमदनी का मूल्यांकन कार्य कुशलता पर आधारित है।

**विचार विमर्श -** पिलखुवा में काम करने वाले कारीगर इस व्यवसाय को कुशलता पूर्वक करते हैं तथा कारीगरों को सुझाव भी दिये जाते हैं।इस व्यवसाय से जुड़े लोग कोई भी अन्य कार्य नहीं करते हैं क्योंकि कारीगर अपने कार्य से पूरी तरह संतुष्ट है। इस कार्य में कारीगरों की आय में भी बढ़ोत्तारी हुई है तथा कारीगरों की आमदनी का मूल्यांकन निश्चित रूप से तय है।पिलखुवा में प्रिंटिंग और बुनाई से बेडशीट, लोई, पिल्लोकवर, दरी उत्पाद बनते हैं कारीगरों को मजदूरी प्रतिमाह मिलती है जिसमें कारीगरों की 20,000 रूपये से अधिक है। बुनाई करने के लिए व्यापारी धागा काशीपुर से खरीदते हैं धागों को प्रत्यक्ष रूप से खरीदा जाता है। धागों को लच्छी रूप में खरीदा जाता है तथा सभी व्यापरी इसे ग्रे अवस्था में खरीदते हैं कारीगर इस व्यवसाय को शुरू करने से पहले प्रशिक्षण लेते हैं सभी ही कारीगर इस कार्य को फैक्ट्री में ही करते हैं इस कार्य को समाधानी पूर्वक समझते हैं, समाज में इस कार्य को पसन्द किया जाता है और समाज में इस व्यवसाय को उच्च स्तर पद मिला हुआ है। व्यापारी वर्ग के रिश्तेदार भी इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। व्यापारी वर्ग में अधिकतर का व्यवसाय पैतृक है। जो कि 20 वर्षो से अधिक पुराना है। जो इस व्यवसाय में पुराने है इन्होंने प्रशक्षिण नहीं लिया है। जिन्होंने ये व्यवसाय कुछ वर्षो पहले शुरू किया है उन लोगों को प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है, ज्यादातर लोगों का मानना है कि इस व्यवसाय के प्रेरणा स्त्रोत उनके पूर्वक है और यह लोग इस व्यवसाय से लाभान्वित होकर इस कला को आगे बढ़ा रहे हैं। इस व्यवसाय में व्यापारी और कारीगरों की आयु 25 वर्ष से 50 वर्ष से अधिक है, ज्यादरतर हिन्दू लोग ही इस व्यवसाय से जुड़े हैं महिलाओं की भागीदारी व्यवसाय के प्रति कम है कारीगर वर्ग में अधिकतर लोगों का शैक्षिक स्तर अनपढ़ है। जो विवाहित है और अपने परिवार के साथ एकल रहते हैं। कारीगर लोग इस व्यवसाय से प्रति माह 10,000 से 20,000 हजार रूपये तक कमा लेते हैं। इन लोगों के परिवार के अन्य सदस्य भी इस कार्य को करना पसन्द करते हैं। कारीगर बुनाई, छपाई, रंगाई व डिजाइन बनाने का कार्य करते हैं। व्यापारी वर्ग में ज्यादातर व्यापारियों के परिवार की रचना संयुक्त है। व्यापारी वर्ग में बुनाई छपाई दोनों प्रकार का व्यवसाय होता है। कुछ व्यापारी रंगाई द्वारा भी उत्पाद बनाते हैं।

**निष्कर्ष -** इस शोध पत्र द्वारा पिलखुवा क्षेत्र में फल-फूल रहे वस्त्र उद्योग की एक सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी सामने आयेगी। इस से आने वाली पीढ़ी को नये अध्ययन के अवसर प्रदान होंगे। पिलखुवा के वस्त्र उद्योग पर निर्भर व्यापारी वर्ग तथा इस उद्योग से सम्बन्धित अन्य लोग भी लाभान्वित होंगे। पिलखुवा में वस्त्रों से सम्बन्धित कई विधियों से जैसे - बुनाई, रंगाई, छपाई एवं ब्लॉक प्रिंटिंग कार्य होते हैं। यहाँ की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में वर्तमान में सुधार आ रहा है तथा आधुनिकीकरण की तरह पहल हो रही है। व्यवसाय में व्यापारी और कारीगरों के सम्बन्धों में उल्लेखित समस्याओं की भविष्य में विस्तृत जानकारी इस शोध पत्र द्वारा सामने आयेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Aboutalebian ,S., & Gauri, F.N.(2018).Emerging Trends, Opportunities And Challenges In Textile Industries In India. *International Journal Of Academic Research And Development*,3(3) ,292-295
2. Chavan,R.B.(2001).Indian Textile Industry-Environmental Issues. *Indian Journal Of Fiber & Textile Research*, 26, 11-12

3. Choudhury , A.(2006).Textile Preparation And Dyeing. New Delhi. Mohan Primlani.
4. Corbman, B.P.(1983). Textile Fiber To Fabric (6th ed.).
5. Dedhia, E.,& Hundekar, M.(2008). Ajrakh Impressions And Expressions : A Jaurney Of Antique Traditional Indian Textile " Printing With Natural Dyes º. (1ST ed.). Mumbai.
6. Deo,H.T.(2001).Ecofriendly Textile Production. *Indian Journal Of Fiber & Textile Research*, 26, 61-73
7. Foundation,A.(2009). Sanganer Traditional Textile – Contemporary Cloth : Anokhi Museum Of Hand Printing . Jaipur, India.
8. Ganguly ,D. & Amrita. (2013). A Brief Studies On Block Printing Process In India. *National Institute Of Fashion Technology*. Retrieved From https://www.research gate.net/publication/292876526
9. Gill, P. (2014) Revival Of Durries Through Product Development (unpublished).Department Of Clothing & Textile
10. Hada , J.S.(2015). Dyeing With Natural Dyes: A Case Study Of Pipad Village, District Jodhpur , Rajasthan , DOL:10.13140/RG.2.1.5049.3204
11. Kamble,P.A., & Suryavanshi,A.G. A Study On Growth Of Decentralizad Powerl Loom Sector In India. Accessed on September 17,2019, Retrieved From https://www.researchgate.net/publication/3102403 21_A_STUDY_ON_GRO WTH_OF_DECENTRALI ZED_POWERLOOM_SECTOR_IN_INDIA
12. Karolia, A. & Amrita. (2008). Ajarkh, The Resist Printed Fabric Of Gujarat. *Indian Journal Of Traditional Knowledge*, 7(1), 93-97
13. Kaur,R., & Brar,P.(2015). A Brief Review Of Block Printing In India, With A Comparative Analysis Of Ajrak And Sanganer Styles of Printing , *Asian Resonance*, 4(2), 96-100
14. Khatoon, R., Das,A.K., Dutta, B.K., & Singh, P.K.(2014). Study Of Traditional Handloom Weaving By The Kom Tribe Of Manipur. *Indian Journal Of Traditional Knowledge*, 13(3) , 596-599
15. Kurup, KKN.(2008). Traditional Handloom Industry Of Kerala. *Indian Journal Of Traditional Knowledge*, 7(1), 50-52
16. Maity, S., Singha, K., Singha, M. (2012). Recent Developments in Rapier Weaving Machines In Textile. *American Journal Of Systems Science*, 1(1), 7-16, DOI: 10.5923/j.ajss.20101.02
17. Mohanty,B.C., Mohanty,J.P.(1983).Block Printing And Dyeing Of Bagru, Rajasthan : Study Of Contemporary Textile Crafts Of India. Ahmedabad, India. H.N.Patel.
18. Naik, S.D.(2012). Folk Embroidery And Traditional Handloom Weaving .New Delhi .S.B Nangia.
19. Navi,S.(2018,Decembera 9).50 Day Of Note Ban Handloom City Pilkhuwa. Retrieved From http: // hindi.catchnews.com/India/50 day_of_note_ban_ handloom_city_pilkhuwa_lies_deserted_traders_ angry_1483042780.htmi
20. Needles, H.L.(2001). Textile Fibers Dyes, Finishes And Processes (1st ed.).Delhi, India. A.K. Jain.
21. Plikhuwa.(2018).Retrieved December 8, 2018, From Wikipedia : http://hi.wiki/plikhuwa
22. Sengupta, S., Debnath, S., $ Bhattacharyya, G. (2008).Development Of Handloom For Jute Based Diversified Fabrics Modifying Traditional Cotton Handloom. *Indian Journal of Traditional Knowledge*, 7(1), 204- 207
23. Slater, K.(2003).Environmental Impact f Textile : Production, Processes And Protection (1st ed.). Wood head Publishing, North America.
24. Tambi, S. (2013). The Challenges Faced By SMEs In The Textile Industry: Special Reference To Hand Printing Enterprises In Jaipur. *Global Journal Of Management And Business Studies*, 3(7), 741-750
25. Teri,(2016).Energy Profile : Panipat Textile Cluster (Rep.).Accessed on December 20,2018, Retrieved From http://sameeeksha.org/pdf/clusterprofile/ PanipatTextileCluster.pdf
26. Textile Industry In India.(2019). Retrieved March 14, 19,From Wikipedia: http://en .wikipedia.org/wiki/ Textile_Industry_In_India
27. Thames & Hudsan. (2008). Indian Textiles (1st ed.).High Holborn , London.
28. बेला,डॉ. भार्गव,(2012),वस्त्र विज्ञान एवं धुलाई कला (चतर्थ संस्करण),जयपुर।
29. माथुर, कमलेश,(1997),हस्त्रशिल्प कला के विविध आयाम (प्रथम संस्करण), जयपुर।
30. माथुर,कमलेश,(2010),पारम्परिक कला एवं लोक संस्कृति,जयपुर।
31. पोटर,डेविड,एम,(2004),वस्त्र उघेग: तन्तु से वस्त्र, दिल्ली।
32. वर्मा,डॉ. प्रमिला,(2006),वस्त्र–विज्ञान एवं परिधान (उन्नीसवाँ संस्करण,),भोपाल,मध्यप्रदेश।
33. भगत,आशा,(1995),राजस्थान: गुजरात एवं मध्यप्रदेश की छपाई कला का सर्वेक्षण, राधा पब्किेशंस, नईदिल्ली।
34. गुर्जर,शर्मिला,(2003),वस्त्र रंगाई तकनीक(प्रथम संस्करण), जयपुर।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Sustainable Developmental Goals and Women Empowerment

**Mrs. Seema Naik***

***Assistant professor (Botany) Govt. Girls college, Barwani (M.P.) INDIA**

**Abstract -** This article is related with the integration of sustainable developmental goals and women empowerment. Sustainable developmental goals provide the equal opportunity of education and other facility to women for economically and socially development. it is also helpful in the development of the leadership skill in women. in this way, with the empowering of women we can achieve the target of sustainable goals, because women is a centre of home and society so she can play significant role in management of nutrition, clean environment, economy, and peace through her eco friendly activity.
**Keywords:** Sustainable development, SDGs, Women Empowerment, Opportunity.

शमशेर निजी गहरी अनुभूतियों के कवि हैं। इसी कारण उनकी काव्यभाषा जटिल और अजनबियत की वक्रता से पूर्ण है। उनके मतानुसार यहर भावना की अपनी एक भाषा होती है। तात्पर्य यह है कि उनकी भावना अपनी अभिव्यक्ति की भाषा खोज लेती है। शमशेर के यहाँ भाषा के विविध स्तर एवं विभिन्न स्वाद हैं। रचना और संरचना दोनों ही दृष्टि से भाषा के प्रति उनकी सजगता देखी जा सकती है।

वस्तुत: शमशेर की भाषा साधना की भाषा है। उन्होंने भाषा को तराश–तराश कर उसकी खराश नष्ट कर दी है। वे उसे स्वर्णकार की भाँति ढालकर हमारे सामने लाते हैं। उनके गीतों की गुलाबी भाषा वास्तव में उनके प्राणों की भाषा है। उनकी भाषा में एक रसता है। नदी जैसे तट चाहे कितना ही बदले, उफने, मचले, फैले लेकिन वो अपना तल कभी नहीं बदलती है। शमशेर की भाषा में जड़ाव–कढ़ाव कम है, ढलाव अधिक है। शमशेर की भाषा एक ऐसी कविता है जो संस्कृतियों के उद्गम तक पहुँचाने का उपक्रम है।

शमशेर के काव्य–संसार में गहरे डूबने पर यह अनुभव होता है कि शमशेर ने एकान्त में जैसे अपनापन ही सौंप दिया है। यह अपनापन नया प्रतीत होता है, क्योंकि यह एक ऐसे कवि के द्वारा हम तक पहुँचता है, जो अपनी विलक्षण कविताओं से हमारी संवेदनाओं को गहराई से छूता ही नहीं, बल्कि नई संवेदना भी जगाता है।

शमशेर की काव्य भाषा का स्वरूप, उसकी कविता के समान यनिजी और विशिष्ट है। उनकी भाषा के अनेक स्तर होते हुए भी, उनमें चित्रात्मकता एवं ध्वन्यात्कता का एक समान गुण है जो उनकी रचना–प्रक्रिया की विशेषता प्रदान करता है।

शमशेर की रचना प्रक्रिया में भावोद्वेग शांत और गंभीर होता है जो भाषा के स्तर पर रूपाकार के द्वारा अभिव्यक्त होता है।

शमशेर के यहाँ भाषा के विविध स्तर एवं विभिन्न स्वाद हैं। सबसे मुख्य बात है कि उनकी रचना और संरचना दोनों ही दृष्टि से भाषा के प्रति उनकी सजगता आँकी जा सकती है। शमशेर की रचनात्मकता में उनकी 'भाषा' केन्द्रीय महत्व और आकर्षण का बिन्दु रही है।

भाषा के इन विभिन्न रूपों ओर स्तरों के बाद भी भाषा व्याकरण की छोटी से छोटी इकाई भी शमशेर के यहाँ महत्वपूर्ण है। अव्यय का सार्थक प्रयोग भाषा क्षमता को प्रस्तुत करता है।

असामान्य शब्द–संयोजना द्वारा उनकी कविताएँ नये अनुभव–विश्व को प्रकट करती हैं। बात कहने का ढंग उनके यहाँ नया है, अप्रचलित है, असामान्य है, अत: उनकी कविताएं विशिष्ट है। उनकी कविताओं में शब्द की अर्थक्ता महत्वपूर्ण है।

शमशेर ने भाषा का जो रूप अपनी कविताओं में प्रस्तुत किया है। वह उर्दू और हिन्दी दोनों का मिला–जुला समन्वित रूप है। वह सर्वथा उनका अपना निजी है। उर्दू और हिन्दी शब्द इतनी सहजता से उनकी कविता में एक साथ आते हैं। कि कविता में अजनबी नहीं लगते।

शमशेर की कविता में दोनों भाषाओं का स्तुत्य समन्वय है, संश्लेषण है। इसी सन्दर्भ में रामस्वरूप चतुर्वेदी का मत है– 'शमशेर ने दोनो काव्यभाषाओं में अलग–अलग रचना की है। और दोनों के वैशिष्ट्य को– यद्यपि बिना समझे मिलाया भी है। कवि के सन्दर्भ में स्पष्ट ही महत्व विश्लेषण का नहीं, संश्लेषण का है।'[3]

यथासम्भव कम शब्द प्रयोग से भावाभिव्यक्ति शमशेर के काव्य का विशिष्ट गुण है। इसमें व्यंजना की बात प्रमुख है। इसी प्रक्रिया में शब्दों का यदेहली दीपय प्रयोग उनकी रचनाओं में कई बार मिलता है। देहली दीप अर्थात वह शब्द जो दोनों पंक्तियों में समान रूप से अर्थ दीप्ति देता हो।

शमशेर की भाषा में छन्दात्मकता भी उल्लेखनीय है। शमशेर की कविता में छन्दोलय साम्राज्य इतना अधिक महत्व रखता है कि वह कविता का नाद सौन्दर्य बढ़ाती है। जैसे–

'तब छन्दों के तार खिंचे–खिंचे थे
राग बँधा–बँधा था
प्यास उँगलियों में विकल थी–
कि मेघ गरजे,
और मोर दूर और कई दिशाओं से
बोलने लगे–पीयूअ!पीयूअ! उनकी
हीरे–नीलम की गर्दनें बिजलियों की तरह
हरियाली के आगे चमक रही थीं।'[4]

शमशेर की कविता में गुम्फित छन्द, लय और प्रास को खोलते हुए अनुभव से, सुनते हुए ऐसी प्रतीत होती है कि वे कुशल काव्य–शिल्पी हैं। शमशेर की कवितायें सफल और यथोचित प्रभाव डालती हैं। वे खड़ी बोली को उर्दू के अधिक निकट मानते हैं। शमशेर ने अधिकतर मुक्त छन्द में लिखा है। उनकी मुक्त छन्दों की रचनाओं में लय कवच का काम करती हैं। शमशेर लयबद्ध कवि हैं। यह लयसिद्धि शमशेर के कवि कर्म की विशिष्टता है। शमशेर की कविता स्वर के आवर्तन से लयात्मक हो जाती है। शमशेर की कविता में यह उदाहरण देखने को मिलता है–

'लुटी–मीठी बाँसुरी की धुन
भूल सपनों के लिए बैठी
कौन चिलमन में
मौन रिमझिम की
आँसुओं लिपटी
–फिर कहाँ वह मन–कली–
ठुनकी खिली, ठहरी, झुकी मद–भार अलसाई गिरी
खोई कहीं सोई.......।'[5]

शमशेर की इस कविता में 'ई' के इतने आवर्तन कविता को लयात्मक बना देते हैं।

शमशेर बहादुर सिंह ऐसे प्रयोगवादी कवि हैं जिन्होंने शैली के क्षेत्र में नवीन प्रयोग किये हैं। इनमे प्रतीक, बिम्ब आदि के प्रयोग आते हैं।

डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी के अनुसार 'प्रतीक जहाँ किसी भाव को जाग्रत करता है वहाँ बिम्ब अनेक भावों के संश्लेष और उसके विविध स्तरों को अनुभव में एक बारगी संक्रमित कर देता है।.........'[6] शमशेर अपनी कविता में साशय बिम्बों का निर्माण नहीं करते, फिर भी प्राय: सभी प्रकार के बिम्ब उनकी कविताओं में देखे जा सकते हैं। उनकी कविता एक ऐसा आईना है जिसमें न केवल इन्सानी शक्लें उभरती हैं, बल्कि उसके आस पास के बिम्ब प्रतिबिम्बित हुये हैं। शमशेर ने मानवीय–चेतना, मानवीय–पीडा, सुख–दुख, सौन्दर्य के सुन्दर और प्रासंगिक बिम्ब प्रस्तुत किये हैं। शमशेर के काव्य बिम्बों को कुछ विशेष बिन्दुओ के माध्यम से देखा जा सकता है।

शमशेर की भाषा प्रधानत: बिम्बात्मक है। शमशेर की कुछ कविताएँ व कुछ और कविताएँ, यकाल तुझसे होड़ हैं मेरी; 'बात बोलेगी', में बिम्ब प्रतीकों के सूक्ष्म संवेदन और चिन्तन-मनन की गहराई में डूबकर समझा जा सकता है। उनकी काव्यात्मक संवेदना और रचनात्मक चेतना जिन वर्ण्य-विषयों को छूती है वे बिम्ब बनते है

त्वचा द्वारा अनुभूति स्पर्श कहलाती है। यह चाहे बाह्य पदार्थ द्वारा हो या वायु एवं प्राणियों द्वारा अर्थात स्पर्श का सीधा सम्बन्ध त्वचा से है। डॉ0 नगेन्द्र के शब्दो में, स्पृश्य-बिम्ब में स्पर्शजन्य संवेदना के समन्वय से बिम्ब का निर्माण होता है। पेशल या कोमल, ककर्श, कठोर, आदि विशेषण इस प्रकार के स्पर्श-बिम्बों के वाचक शब्द हैं।'[7] शमशेर-कविता में ऐसी वृत्तियों और मानवीय स्पर्श की मॉसल अभिव्यक्ति हुई है। शमशेर द्वारा प्रयुक्त स्पृश्य बिम्बों के कुछ उदाहरण इस प्रकार है-

'मै उस स्थान को चूमना
चाहता हूँ
जहाँ उसने अपना सर रखा था
तुम्हारे वक्ष पर
वह स्थान बहुत ही मुकद्दस है
X X X
वह स्थान तुम्हारे वक्ष का
बहुत ही पवित्र है
तुम्हारे होंटों पर
जहाँ उसने अपने होंट
रखे थे।'[8]

-'गिली मुलायम लटें
आकाश
सॉवलापन रात का गहरा सलोना
स्तनों के बिंबित उभार लिए।'[9]

-'साडियों के-से नमूने चमन में उड़ते छबीले; वहाँ
गुनगुनाता भी सजीला जिस्म वह
जागता भी
मौन सोता भी, न जाने
एक दुनियाँ की
उमीद-सा
किस तरह!'[10]

-'खसर-खसर एक चिकनाहट
हवा में मक्खन-सा घोलती है
नींद-भरी आलस की भोर का
कुंज गदराया है
यौवन के सपनों में
कभी अनजान मानो।'[11]

'मुलायम बाँहों-सा अपनाव
पलकों पर हौले-हौले
तुम्हारे फूल-से पाँव
मानों भूल कर पड़ते
हृदय के सपनों पर।'[12]

'क्यारी
भरी गेंदा की
स्वर्णारक्त
क्यारी भरी गेंदा की:
तन पर
खिली सारी-
अति सुन्दर! उठाओ।
निज वक्ष।'[13]

इस बिम्ब का सम्बन्ध कर्णेन्द्रिय से होता है। डॉ0 नगेन्द्र इसके सम्बन्ध में कहते हैं, 'वर्ण-ध्वनि, छान्दसल', तुकांत आदि के बिम्ब श्रव्य हैं अनुप्रास, वृत्ति आदि से भी श्रव्य बिम्बों का उत्पादन होता है'[14] साहित्य सृजन में ध्वनि बिम्बों का विशेष महत्व है। नाद-बिम्ब की दृष्टि से प्राकृतिक ध्वनियाँ, वस्तु-ध्वनियों, संगीत-ध्वनियों को शामिल कर सकते हैं। शमशेर-कविता में नाद (ध्वनि-बिम्बों) का प्रयोग प्रभावशाली है।

प्रतीक का शाब्दिक अर्थ है। - संकेत-चिन्ह, प्रतिरूप आदि। प्रतीक वह शब्द चिन्ह है जो किसी वस्तु का बोध कराते हैं। यह उस वस्तु के लिए प्रयुक्त होता है जो अगोचर हो या कहा जा सकता है कि किसी अदृश्य वस्तु या भाव को स्पष्ट करने के लिए जो शब्द प्रयोग किया जाता है, उसे ही प्रतीक कहते हैं। इस सन्दर्भ में कहा जा सकता है कि अनेक भाव, दृश्य अमूर्त होते हैं, उन्हें प्रस्तुत करने के लिए एक मूर्त भाव या दृश्य खड़ा किया जाता है। यह मूर्त भाव या दृश्य जिस शब्द चिन्ह के माध्यम से खड़ा होता है, उसे ही प्रतीक कहा जा सकता है। प्रतीकों का जन्म ही कम से कम शब्दो के माध्यम से अधिक से अधिक अर्थ व्यक्त करने की प्रवृत्ति के परिणामस्वरूप हुआ है। यथार्थ जीवन के साहचर्य से ही प्रतीकों में अर्थ भरता और बदलता रहता है। मनुष्य के व्यक्तिगत अनुभव से असंपृक्त रहकर न तो उसमें अर्थ आता है न व्यक्तित्व। काव्यात्मक प्रतीकों में जहाँ भावोद्बोधन की क्षमता विद्यमान होती है, वहीं वे अर्थ की विपुलता के निमित्त भी अपना विशेष सहयोग प्रदान करते हैं।

शमशेर कविता में मनोविज्ञान, विज्ञान, समाज, राजनीति, गणित, प्रकृति कला, यात्रा बोध और ध्वनि में प्रतीक अनुभूति को विस्तार देते हैं। उनके प्रतीकों का रूप उनके शिल्प-योजनानुरूप बड़ा है। शमशेर की इससे संवेदना जुडी है। शमशेर की कविता में प्रतीक सूक्ष्म हैं। वे भावों को सीधे अविधा में न बाँधकर व्यंजना के द्वारा व्यक्त करते हैं। उनकी कविता में प्रतीक रोमानी-पौराणिक, यथार्थपरक वैज्ञानिक-दार्शनिक-आध्यात्मिक परम्परा से सम्बन्धित होकर अपनी अलग पहचान रखते है। शमशेर ने प्रतीकों के माध्यम से अपनी प्रयोगधर्मिता को उदात्त्ता प्रदान की है। उनके काव्य में प्रस्तुत प्रतीकों को इस प्रकार रख सकते है-

**समाजिक प्रतीक** -मार्क्सवादी विचारों से प्रभावित शमशेर की कविताओं में यथार्थपरक जन-जीवन समाज के विविध प्रतीक गहरे हैं। उनकी कविता का समाज बड़ा होते हुए भी शिविरों-शामियानों में बाँट कर देखने के कारण छोटा दिखाई देता है शमशेर की कविता में जन-जीवन के बहुरंगी रूप-रंग हैं, जिनको विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से सजाया है-

'हम नंगे बदन रहते हैं
झुलसे घोसलों में
X X X
हमारे अपने नेता भूल जाते हैं हमे जब
भूल जाता है जमाना भी उन्हें, हम भूल पाते हैं उन्हें खुद।'[15]

शमशेर के काव्य में उपेक्षित-पीडित-दलित मानव के प्रति सहानुभूति का भाव विद्यमान है। दीन के जीवन और दयनीय और करूण स्थिति से शमशेर ने निजता स्थापित की है। उनकी करूण-कथा और दारूण-दशा को अपना स्वर दिया है-

'होंट में सो गए शब्द
भाव में खो गए स्वर
एक पल हो गए कितने शब्द
मौन है घरा।'[16]

शमशेर के प्रतीक उनके अनुभवों के शाब्दिक प्रतिरूप हैं। उन्हें कवि ने अपने आसपास के परिवेश से उठाया है। शमशेर ने समाज में व्याप्त दुर्व्यवस्था पर क्षोम-आक्रोश प्रकट किया है।

**निष्कर्ष** - इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि शमशेर के काव्य में- भाव- शिल्प- कला की दृष्टि से नए-नए प्रयोगों की सुचिंतित श्रंखला है। उसमें उनके शायर की गहरी अनुभूति है। वे कहीं-कहीं दुरूह -दुष्कर भाषा से अलग बोलचाल की भाषा और देशज शब्दों का प्रयोग कर अपने भावों की नई भंगिमा प्रदान करते हैं। शमशेर की भाषा साधना की भाषा है। उन्होंने भाषा को तराश- तराश कर उसकी खराश नष्ट कर दी है। शमशेर की भाषा प्रधानत: बिंबात्मक है। शमशेर की कविता में बिंबो, प्रतीकों, रूपकों, उपमानों के सूक्ष्म संवेदन और चिंतन- मनन की गहराई में डूब कर समझा जा सकता है। शमशेर के काव्य में नांद बिम्ब ,स्पर्श बिम्ब ,रुप बिम्ब ,अस्वाद्य बिम्ब, गंधा बिम्ब, प्रकृति बिम्ब आदि की अभिव्यक्ति हुई है। इस प्रकार उक्त शोधपत्र की शोधात्मक विवेचना से यह स्पष्ट हो जाता है कि शमशेर बहादुर सिंह के काव्य में में भाषा, बिम्ब और प्रतीक की चेतनाएं विद्यमान हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सर्वेश्वर का काव्य-संवेदना और संप्रेषण ,डॉ. हरिचरण शर्मा, पृष्ठ संख्या 156,पंचशील प्रकाशन, जयपुर।
2. कविता के सौ वरस, लीलाधर मंडलोई, पृष्ठ संख्या 358, प्रेरणा प्रकाशन, भोपाल।
3. नई कविताएं-एकसाक्ष्य, रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृष्ठ संख्या 87 ,लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. टूटी हुई बिखरी हुई ,शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 129, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 153, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. कवियों के कवि शमशेर, रंजना अरगड़े, पृष्ठ संख्या 134, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. नई कविताएं- एक साक्ष्य , रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृष्ठ संख्या 24, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
8. काव्य बिंब, डॉ. नगेंद्र, पृष्ठ संख्या 09, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
9. काल तुझसे होड़ है मेरी, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 64, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 48, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
11. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 65, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
12. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 62, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
13. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 36, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
14. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 138, राधाकृष्णन प्रकाशन नई दिल्ली।
15. काव्य बिंब, डॉ नगेंद्र, पृष्ठ संख्या 09, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
16. इतने पास अपने, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 33 ,राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# लघु एवं संक्रमणशील नगरीय क्षेत्रों में स्थित कृषि उपज मण्डीयों की आय एवं व्यय का तुलनात्मक अध्ययन (राजगढ़ एवं विदिशा जिले के विशेष संदर्भ में)

**मुकेश शाक्यवार* डॉ.सुनील आडवानी****

* सहायक प्राध्यापक, ने.सु.बोस शासकीय महाविद्यालय, ब्यावरा एवं शोधार्थी,विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, बाल कृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

**शब्द कुंजी –**लघु नगरीय क्षेत्र – नगर पालिका क्षेत्र, संक्रमण नगरीय क्षेत्र – नगर पंचायत क्षेत्र कृषि उपज मण्डी– वह संस्था जहॉ शासन की निगरानी में कृषि उपजों का क्रय विक्रय किया जाता है।

**प्रस्तावना–** वर्तमान में 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भरता रखती है। अल्पकालीन निवेश पर आधारित होने के कारण जोखिम अधिक होती है। कृषकों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए विविध प्रकार से मार्गदर्शन किया जाता है। कृषि के अंतर्गत खेती के अतिरिक्त पशुपालन, उद्यानिकी, वानिकी तथा कृषि प्रसंस्करण शामिल किया जाता है, यह निजी क्षेत्र का बड़ा भाग होता है। इसी परिपेक्ष में कृषि के विकास के लिए एक कुशल वितरण प्रणाली आवश्यक है इस कार्य में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका संगठित कृषि उपज मण्डियां निभा सकती हैं। कृषि उपज मण्डी विभिन्न प्रकार की कृषि उपज के लिए व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख भूमिका तय करती है। जहां कृषक वर्गों द्वारा अपनी उपज को विपणन हेतु लाया जाता है, जिसके लिए व्यापारियों को उपज खरीदने का अवसर प्रदान किया जाता है। कृषि उपज मण्डी में कृषि उपज के विपणन के साथ–साथ अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां तथा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार कृषि उपज के लिए पर्याप्त बाजार संभावनाएं तय करने के साथ–साथ उपज के तौलने, नीलामी उपज का श्रेणीकरण तथा वर्गीकरण इत्यादि के साथ–साथ कृषक वर्गो को उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी परिसर में विभिन्न प्रकार के संसाधनों की एवं संसाधनों के साथ–साथ सुविधाओं के बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के व्ययों का प्रावधान किया जाता है।

**अध्ययन का उद्देश्य–**ब्यावरा एवं लटेरी मण्डी समितियों के पूंजीगत–आगत आय – व्यय योग एवं बचत का अध्ययन करना।

**अध्ययन की शोध प्रविधि–** इस अध्ययन के लिएक्षेत्र निधारण हेतु हमारे द्वारा सविचार, उद्देश्य पूर्ण निदर्शन विधि का प्रयोग किया गया है। विश्लेषण हेतु द्वितीयक समंको का संकलन साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है। ऑकडों का सारणीयकरण करके औसत, प्रतिशत, प्रमाप विचलन आदि सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।

**अध्ययन का क्षेत्र एवं सीमा–** इस अध्ययन हेतु हमारे द्वारा लघु नगरीय क्षेत्र मण्डी के रूप में राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर की कृषि उपज मण्डी को तथा सक्रमणशील नगरीय क्षेत्र की मण्डी के रूप में विदिशा जिले के लटेरी नगर स्थित कृषि उपज मण्डी का चयन उद्देश्य पूर्ण सविचार निदर्शन विधि द्वारा किया गया है। साथ ही समयसीमा के रूप मे विगत पॉच वित्तीय वर्षो (2018–19 से 2022–23) को लिया गया है।

**अध्ययन के लिये चयनित कृषि उपज मण्डी समितियों के आय–व्यय का व्यौरा,विश्लेषण एवं निष्कर्ष–**

**कृषि उपज मण्डी समिति आय–** कृषि उपज मण्डी समिति की प्रमुख आय मण्डी शुल्क के रूप में होती है। साथ ही व्यापारियों को लाइसेंस प्रदान करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ वसूली जाती है। जो आय का प्रमुख साधन माना जाता है। साथ ही कृषि उपज मण्डी परिसर में गोदाम के किराए से प्राप्त होने वाली आय विभिन्न प्रकार के निविदा एवं प्रपत्रों के विक्रय से आय इत्यादि के रूप में प्राप्त होती है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति के द्वारा बैंक खाता उपलब्ध होता है। जिसमें निर्धारित राशि जमा रहती है जो ब्याज के रूप में प्राप्त होती है इसी परिपेक्ष में कृषि उपज मण्डी समिति की विभिन्न प्रकार की आय की विवेचना बिंदुवार की गई है। जिसके लिए कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य आय संबंधी गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

मण्डी शुल्क–

**तालिका क्रमांक 01 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 1 से स्पष्ट है कि यदि तुलनात्मक रूप से प्रमाप विचलन गुणांक में तुलना किया जाए तो परिवर्तन देखा गया है जिसमें कृषि उपज मंडी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 33.35 प्रतिशत प्राप्त हुआ है तथा कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 32.29 प्रतिशत पाया गया है।

**निष्कर्ष–** दोनों की स्थिरता में अंतर देखा जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की प्रतिवर्ष आय में स्थिरता अधिक है। अर्थात कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की विचरण गुणांक कम होने के कारण मण्डी शुल्क की प्राप्ति में अनियमितता अधिक है।

अनुज्ञप्ति शुल्क–

**तालिका क्रमांक 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 2 से स्पष्ट है कि कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में अनुज्ञापन शुल्क की प्राप्ति में अंतर पाया

गया है। क्योंकि लटेरी कृषि उपज मण्डी समिति का कार्य क्षेत्र कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कम है। इस कारण अनुपातिक वसूली की दृष्टि से सर्वाधिक वसूली कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की होनी चाहिए थी परंतु अध्ययन में अनुज्ञापन राशि की वसूली कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की पाई गई है। यदि विचरण गुणांक की दृष्टि से अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 65.70 प्रतिशत की दर से पाया गया है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 75.58 प्रतिशत की दर से पाया गया है।

**निष्कर्ष-** स्थिरता एवं नियमितता की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक अधिक पाया गया है तथा कृषि उपज मंडी समिति लटेरी का विचरण गुणांक कम पाया गया है। इस दृष्टि से अनुज्ञापन शुल्क की प्राप्ति में स्थिरता कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी में स्थिरता अधिक दर्शा रहा है जबकि कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में प्राप्ति में स्थिरता कम दर्शा रहा है।

**भूखंड एवं गोदाम किराया-**

**तालिका क्रमांक 03 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 3 से स्पष्ट है कि कृषि उपज मण्डी परिसर में छोटे-छोटे व्यापारियों को दुकान एवं खरीदी बिक्री के लिए भूमि एवं भवन उपलब्ध कराया जाता है। जो कृषि उपज मण्डी में उपज को बेचने के लिए आने वाले कृषकों को चाय नाश्ते एवं खरीदी के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति के लिए आय का हिस्सा होता है। साथ ही व्यापारियों द्वारा विपणन के दौरान खरीदी गई उपज के भंडारण के लिए गोदाम किराए पर उपलब्ध कराया जाता है। जिससे नियत दर से कृषि उपज मण्डी समिति को आय प्राप्त होती है। यदि प्रमाप विचलन गुणांक में तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 0.22 प्रतिशत की दर से दर्शा रहा है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 0.21 प्रतिशत की दर से दर्शा रहा है।

**निष्कर्ष-** कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के विचरण गुणांक में सामान्यत: कोई अंतर नहीं दर्शा रहा है। इस प्रकार दोनों में भूखंड एवं गोदाम किराए की प्राप्ति दर की स्थिरता एवं नियमितता समान रूप से पाई गई है।

जुर्माना एवं प्रपत्र विक्रय से प्राप्ति -

**तालिका क्रमांक 04 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 4 से स्पष्ट है कि जुर्माने की राशि की प्राप्ति सामान्यत: नियमों के उल्लंघन की दशा में, बिना अनुमति के नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना तथा बगैर किसी अनुमति के उपज को कृषि उपज मण्डी परिषद से निकास किया जाना इत्यादि के आधार पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य विचरण गुणांक के आधार पर तुलना की जाए तो दोनों की आए परिवर्तन में स्थिरता की दृष्टि से परिवर्तन देखा गया है। जिसमें कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 15 प्रतिशत की दर से पाया गया है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 19.66 प्रतिशत की दर से पाया गया है।

**निष्कर्ष-** कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की जुर्माना एवं प्रपत्र के विक्रय से होने वाली आय में स्थिरता एवं नियमितता अधिक पाई गई है।

कृषि उपज मंडी को ब्याज से प्राप्तियां

**तालिका क्रमांक 05 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 5 से स्पष्ट है कि कृषि उपज मण्डी समितियों को विभिन्न प्रकार की जमाओ एवं कर्मचारियों को दिए गए ऋणों पर प्राप्त ब्याज से होती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के वसूले जाने वाली शुल्क के भुगतान करने में कोई भी व्यापारी देरी करता है तो दंड स्वरूप ब्याज के साथ शुल्क जमा करवाया जाता है। जो आय का विशेष साधन माना जाता है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के विचरण गुणांक की दृष्टि से तुलना किया जाए, तो दोनों कृषि उपज मण्डी समिति की आय की स्थिरता में अंतर प्राप्त होता है। जिसमें कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 45.49 प्रतिशत रहा है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 52.02 प्रतिशत रहा है।

**निष्कर्ष-** दोनों उपज मण्डी की तुलना में कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के विचरण गुणांक की अपेक्षा कम है। ऐसी स्थिति में कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी को प्राप्त होने वाले ब्याज में स्थिरता एवं नियमितता अधिक है।

**अनुदान एवं विविध आय-**

**तालिका क्रमांक 06 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 6 से स्पष्ट है कि विविध आई की प्राप्ति की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की सर्वाधिक आय वर्ष 2019-20 में 4.82 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है तथा सबसे कम आए वर्ष 2022-23 में 0.48 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार औसतन आय कि प्रतिवर्ष प्राप्ति 2.55 लाख रुपए की रही है।

कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की सर्वाधिक प्राप्ति वर्ष 2018-19 में 8.94 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है, जबकि सबसे कम प्रति वर्ष वर्ष 2022-23 में 0.87 लाख रुपए की विविध आय के रूप में प्राप्ति हुई है जो औसतन 4.55 लाख रुपए प्रति वर्ष मानी गई है।

**निष्कर्ष-** दोनों कृषि उपज मंडियों का तुलनात्मक अध्ययन किए जाने से स्थिरता में अंतर देखा गया है। अर्थात कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की विविध आय में स्थायित्व एवं नियमितता अधिक पाई गई है।

**कृषि उपज मण्डी के संचालन व्यय-** किसी भी संस्थाओं के संचालन के लिए आवश्यकता अनुरूप व्ययों की आवश्यकता होती है। जिसके लिए बजट का प्रावधान किया जाना होता है। सामान्यत: विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संचालन के लिए विविध प्रकार के व्ययों की आवश्यकता होती है। इसके प्रबंधन के लिए स्वयं के स्रोतों का निर्धारण करना होता है। कृषि उपज मण्डी संचालन से विविध प्रकार की आय प्राप्ति की संभावना बनी रहती है। जिसके आधार पर आवश्यकता अनुसार व्यय करने का प्रावधान किया जाता है। सामान्य दृष्टि से संस्थानों नियमित कर्मचारी के वेतन व भत्तो के लिए शासन द्वारा बजट का प्रावधान किया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्थान के आंतरिक गतिविधियों के संचालन हेतु कोष निर्धारित किया जाता है। जो विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित करने में सहायक होती है। जिसका विश्लेषण विभिन्न मदों को केंद्रित करते हुए किया गया है।

कार्यालयीन एवं गोदाम व्यय-

**तालिका क्रमांक 07 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 7 से स्पष्ट है कि कार्यालयीन एवं गोदाम व्यय कृषि उपज

मण्डी समितियां के महत्वपूर्ण व्यय माने गए हैं। जो कार्यालय एवं गोदाम के संचालन पर नियमित रूप से किया जाता है। जिसके आधार पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित होते रहती है। जो परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तनशील मानी गई है। यदि विचरण गुणांक की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में तुलना किया जाए तो उनके व्ययों में स्थिरता एवं अनियमितता में अंतर देखा गया है। इस प्रकार विचरण गुणांक 19.2 प्रतिशत पाया गया तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 21.55 प्रतिशत की दर से पाया गया है।

**निष्कर्ष–** दोनों का तुलनात्मक रूप से कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी में कार्यालय में किए जाने वाले व्ययों की दृष्टि से अनियमितता एवं स्थिरता अधिक है।

**प्रत्यक्ष व्यय–**

**तालिका क्रमांक 08 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 8 से स्पष्ट है कि प्रत्यक्ष व्यय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के ऐसे व्ययों को शामिल किया जाता है, जिनकी अनिवार्यता निश्चित है। जिसमें विशेष रूप से मण्डी बोर्ड शुल्क शामिल है। साथ ही स्थाई निधि के रूप में अनिवार्य व्यय को शामिल किया गया है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य प्रत्यक्ष व्यय के संदर्भ में विचरण गुणांक के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो अंतर पाया गया है। कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 11.93 प्रतिशत पाया गया तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 12.63 प्रतिशत पाया गया है।

**निष्कर्ष–** स्थिरता एवं नियमितता की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावर की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी के प्रत्यक्ष व्यय में नियमितता एवं स्थायित्व अधिक पाया गया है।

**स्थाई संपत्ति एवं निर्माण से संबंधित व्यय–**

**तालिका क्रमांक 09 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 9 से स्पष्ट है कि प्रमाप विचलन गुणांक के आधार पर कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 28.22 प्रतिशत प्राप्त हुआ है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 47.65 प्रतिशत पाया गया है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक तुलनात्मक दृष्टि से कम पाया गया है।

**निष्कर्ष–** व्ययों के नियमितता एवं स्थायित्व की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की स्थिति में नियमितता एवं स्थायित्व अधिक बेहतर है।

**कृषि उपज मण्डी समिति की बचत–** किसी भी संस्था की आय और व्यय की स्थिति समय अनुरूप निर्धारित होती है जो अंतर के आधार पर बचत तय करती है। यही बचत संस्था की आर्थिक स्थिति को दर्शाता है तथा निवेश क्षमता को बढ़ावा देता है कृषि उपज मण्डी समिति की विविध स्रोतों से आय का अनुमान लगाया जाता है तथा आवश्यकता अनुसार व्ययों का प्रावधान किया जाता है। इस प्रकार बचत विभिन्न प्रकार के व्ययों पर अतिरेक माना जाता हैं। यह अतिरेक संस्था का भविष्य तथा स्थायित्व को सही दिशा प्रदान करता है। जो उसकी संपन्नता एवं विकास का मार्गदर्शन के रूप में कार्य करता है। कृषि उपज मण्डी समितियां की बचत की विवेचना तालिका क्रमांक 10 में स्पष्ट किया गया है–

**तालिका क्रमांक 10 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

कृषि उपज मंडियों की प्रतिवर्ष होने वाली आय–व्यय के अंतर से होने वाली बचत की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की सर्वाधिक बचत वर्ष 2022–23 में 16.29 लाख रुपए की रही है तथा सबसे कम बचत वर्ष 2018–19 में 2.70 लाख रुपए की रही है। इस प्रकार प्रतिवर्ष औसतन बचत 7.83 लाख रुपए की होती है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की सर्वाधिक बचत वर्ष 2020–21 में 76.78 लाख रुपए की रही है। जबकि सबसे कम बचत वर्ष 2018–19 में 11.22 लाख रुपए की रही है। औसतन 45.72 लाख रुपए प्रतिवर्ष बचत को दर्शाया गया है।

**निष्कर्ष–** अध्ययन से स्पष्ट है कि किसी भी संस्था की आय–व्यय में सदैव परिवर्तन होता रहता है जो लाभ हानि तथा बचत का निर्धारण भी करती है। यदि आय में वृद्धि होती है तथा व्यय में कमी होती है तो बचत की संभावना अधिक बढ़ जाती है। जब खर्चों में नियंत्रण एवं कटौती अधिक की जाती है तो बचत की स्थिति बेहतर होती हैं। यदि खर्चों में वृद्धि होती है तो बचत की संभावना कम होने लगती है इस प्रकार बचत में होने वाले परिवर्तन के स्थायित्व एवं नियमितता को जानने के लिए विचरण गुणांक को आधार मानकर कृषि उपज मंडी समिति लटेरी तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 64.88 प्रतिशत रहा है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 56.52 प्रतिशत रहा है। तुलनात्मक दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक कम पाया गया है। कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की बचत में नियमितता एवं स्थायित्व अधिक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. भारत सरकार 'कृषि सांख्यिकी' कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली, 2021
2. भारती एवं पाडे 'भारतीय अर्थव्यवस्था' मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2019
3. एस.के. मिश्रा एवं वी.के. पुरी 'भारतीय अर्थव्यवस्था' हिमालय पब्लिशिंग हाउस, मुंबई, 2022
4. एन एल अग्रवाल 'भारतीय कृषि का अर्थ तंत्र' राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2018
5. कृष्ण कुमार दमाहिया 'कृषि विकास की समस्या' मित्तल पब्लिकेशंस से नई दिल्ली, 2001
6. रुद्र दत्ता एवं सुंदरम 'भारतीय अर्थव्यवस्था' एस चंद्र एंड कंपनी लिमिटेड नई दिल्ली, 2019
7. संजीव कुमार 'समेकित कृषि प्रणाली' न्यू इंडिया पब्लिशिंग एजेंसी नई दिल्ली, 2008
8. विष्णु दत्ता नगर 'भारतीय अर्थव्यवस्था' मध्य राज्यपाल एंड सन्स, दिल्ली, 2002
9. सी. रंगराजन 'भारत के अर्थ नीति' राजपाल एंड सन्स, दिल्ली, 2002
10. जिला सांख्यिकी पुस्तिका राजगढ़ जिला, जिला योजना विभाग, राजगढ़, 2021
11. जिला सांख्यिकी पुस्तिका विदिशा जिला, जिला योजना विभाग, विदिशा 2020

12. हरीश कुमार खत्री 'शोध प्रविधि' कैलाश पुस्तक सदन भोपाल 2023 एमडी अग्रवाल शोध प्रणाली एवं सांख्यिकी प्रविधियां रमेश बुक डिपो 2018
13. आर.पी. गुप्ता रीवा जिले में कृषि उपज की विपणन व्यवस्था-एक अध्ययन स्वदेशी रिसर्च फाउंडेशन 2020
14. राजेश जैन मध्य प्रदेश की कृषि उपज मंडी का कृषकों की आर्थिक उन्नति में योगदान (इंदौर संभाग के विशेष संदर्भ में), देवी अहिल्या विश्वविद्यालय 2016
15. शिल्पा गुप्ता कृषि विपणन का समीक्षात्मक अध्ययन (रीवा जिले के विशेष संदर्भ में) इंटरनेशनल जनरल आफ एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट 2018
16. निशी शुक्ला उत्तार प्रदेश में कृषि उपज की विपणन प्रणाली में मंडी परिषद के योगदान का विश्लेषणात्मक अध्ययन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, 2011
17. केदार श्रीवास कृषि उपज मंडी समिति की कार्यप्रणाली का तुलनात्मक अध्ययन (ग्वालियर, धौलपुर एवं आगरा मंडी के विशेष संदर्भ में) 2020
18. वर्षा मोदी कृषि उपज मंडी नागदा : एक आर्थिक विश्लेषण विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन 2012
19. राजेंद्र कुमार सिंह ठाकुर कृषि उपज मंडी समिति की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ग्वालियर 2004
20. एस.के. चौधरी मध्यप्रदेश में कृषि विकास के आयाम 2021
21. मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल 2005
22. वेबसाइट- मध्य प्रदेश राज्य कृषि वितरण बोर्ड भोपाल 2023
23. वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मंडी समिति लटेरी 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23
24. वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23

**शोध पत्रिकाओं की सूची:-**

1. शोध समीक्षा एवं मूल्यांकन, जयपुर
2. रिसर्च लिंक, इंदौर मध्य प्रदेश
3. नवीन शोध संसार, नीमच
4. रिसर्च एनालिसिस एंड इवेलुएशन जयपुर
5. कुरुक्षेत्र मासिक सूचना प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली 6. योजना मासिक सूचना प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली

**दैनिक समाचार पत्र पत्रिकाओं की सूची:-**

1. दैनिक भास्कर, इंदौर
2. दैनिक भास्कर, भोपाल
3. दैनिक पत्रिका, इंदौर
4. दैनिक नई दुनिया, इंदौर
5. दैनिक जागरण चौथा संसार, इंदौर

**तालिका क्रमांक 01 मण्डी शुल्क की स्थिति (राशि लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 196.77 | - | 665.75 | - |
| 2019-20 | 245.41 | 24.72 | 698.39 | 4.90 |
| 2020-21 | 281.92 | 14.88 | 679.82 | (-) 2.66 |
| 2021-22 | 175.13 | (-) 37.88 | 625.87 | (-) 7.94 |
| 2022-23 | 250.28 | 42.91 | 1113.86 | 77.97 |
| औसत | 229.90 | 44.63 | 756.74 | 72.27 |
| प्रमाप विचलन | 38.62 | - | 180.15 | - |
| विचरण गुणांक | 16.80 | - | 23.81 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मंडी समिति**

**तालिका क्रमांक 02 अनुज्ञप्ति शुल्क की प्राप्ति की स्थिति (हजार रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 8.63 | 120.16 | 11.40 | - |
| 2019-20 | 19.00 | 276.84 | 5.20 | (-) 54.39 |
| 2020-21 | 71.60 | (-) 38.90 | 34.28 | 55.92 |
| 2021-22 | 43.57 | (-) 9.69 | 43.70 | 27.48 |
| 2022-23 | 39.51 | | 64.51 | 47.62 |
| औसत | 36.50 | 87.10 | 31.82 | 19.16 |
| प्रमाप विचलन | 23.98 | - | 24.05 | - |
| विचरण गुणांक | 65.70 | - | 75.58 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 03 भूखंड एवं गोदाम किराए से प्राप्ति की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 1.95 | - | 6.83 | - |
| 2019-20 | 2.82 | 44.62 | 10.64 | 55.78 |
| 2020-21 | 1.54 | (-) 45.39 | 8.61 | (-) 19.08 |
| 2021-22 | 1.73 | 12.34 | 11.17 | 29.73 |
| 2022-23 | 2.29 | 32.37 | 5.87 | (-) 47.45 |
| औसत | 2.07 | 10.99 | 8.62 | 4.75 |
| प्रमाप विचलन | 0.45 | - | 1.80 | - |
| विचरण गुणांक | 0.22 | - | 0.21 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 04 जुर्माना एवं प्रपत्र विक्रय से प्राप्त आय की स्थिति**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 0.51 | - | 1.46 | - |
| 2019-20 | 0.42 | (-) 17.65 | 1.36 | (-) 6.85 |
| 2020-21 | 0.39 | (-) 7.14 | 1.02 | (-) 25.00 |
| 2021-22 | 0.31 | (-) 20.51 | 0.93 | (-) 8.82 |
| 2022-23 | 0.48 | 54.84 | 1.07 | 15.05 |
| औसत | 0.42 | | 1.17 | (-) 25.62 |
| प्रमाप विचलन | 0.063 | - | 0.23 | - |
| विचरण गुणांक | 15.00 | - | 19.66 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 05 कृषि उपज मण्डी समिति को ब्याज से आय की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 6.49 | - | 18.88 | - |
| 2019-20 | 6.89 | 6.16 | 19.33 | 2.38 |
| 2020-21 | 15.28 | 131.23 | 50.60 | 161.77 |
| 2021-22 | 7.31 | (-) 54.26 | 24.05 | (-) 52.47 |
| 2022-23 | 5.44 | (-) 25.58 | 13.32 | (-) 44.62 |
| औसत | 8.42 | 14.56 | 25.24 | 16.77 |
| प्रमाप विचलन | 3.83 | - | 13.13 | - |
| विचरण गुणांक | 45.49 | - | 52.02 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 06 अनुदान एवं विविध आय प्राप्ति की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 4.21 | - | 7.19 | - |
| 2019-20 | 4.82 | 14.49 | 8.94 | 24.34 |
| 2020-21 | 1.96 | (-) 59.34 | 3.19 | (-) 64.32 |
| 2021-22 | 1.29 | (-) 34.18 | 2.57 | (-) 19.44 |
| 2022-23 | 0.48 | (-) 62.79 | 0.87 | (-) 64.15 |
| औसत | 2.55 | (-) 35.46 | 4.55 | (-) 30.89 |
| प्रमाप विचलन | 1.68 | - | 3.02 | - |
| विचरण गुणांक | 65.88 | - | 66.37 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 07 कार्यालय एवं गोदाम व्यय की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 106.51 | - | 342.57 | - |
| 2019-20 | 142.61 | 33.89 | 328.70 | (-) 4.05 |
| 2020-21 | 123.46 | (-) 13.43 | 285.85 | (-) 13.04 |
| 2021-22 | 95.83 | (-) 22.38 | 253.58 | (-) 11.29 |
| 2022-23 | 79.58 | (-) 16.96 | 175.71 | (-) 30.71 |
| औसत | 109.60 | (-) 4.72 | 277.28 | (-) 14.77 |
| प्रमाप विचलन | 21.83 | - | 59.76 | - |
| विचरण गुणांक | 19.92 | - | 21.55 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 08 प्रत्यक्ष व्यय की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 151.44 | - | 493.31 | - |
| 2019-20 | 134.81 | (-) 10.98 | 436.82 | (-) 11.45 |
| 2020-21 | 122.63 | (-) 9.03 | 395.31 | (-) 9.50 |
| 2021-22 | 109.88 | (-) 10.40 | 364.00 | (-) 7.92 |
| 2022-23 | 113.95 | 3.70 | 352.44 | (-) 3.18 |
| औसत | 126.54 | (-) 6.68 | 408.38 | (-) 8.01 |
| प्रमाप विचलन | 15.10 | - | 51.56 | - |
| विचरण गुणांक | 11.93 | - | 12.63 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 09 स्थाई संपत्ति एवं निर्माण व्यय की स्थिति(लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 5.67 | - | 43.34 | - |
| 2019-20 | 113.97 | (-) 10.85 | 35.56 | (-) 17.95 |
| 2020-21 | 18.83 | 34.79 | 64.08 | 44.51 |
| 2021-22 | 10.74 | (-) 42.96 | 20.12 | (-) 68.60 |
| 2022-23 | 10.31 | (-) 4.00 | 22.95 | 14.07 |
| औसत | 12.58 | (-) 23.02 | 37.21 | 27.97 |
| प्रमाप विचलन | 3.55 | - | 17.73 | - |
| विचरण गुणांक | 28.22 | - | 47.65 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 10 कृषि उपज मण्डी समिति की बचत की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 2.70 | - | 11.22 | - |
| 2019-20 | 3.48 | 28.89 | 19.38 | 72.73 |
| 2020-21 | 5.97 | 71.55 | 76.78 | 296.18 |
| 2021-22 | 10.75 | 80.07 | 65.40 | (-) 14.82 |
| 2022-23 | 16.29 | 51.53 | 55.81 | (-) 14.66 |
| औसत | 7.83 | 58.01 | 45.72 | 84.86 |
| प्रमाप विचलन | 5.08 | - | 25.84 | - |
| विचरण गुणांक | 64.88 | - | 56.52 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के रोकथाम एवं प्रबंध

**डॉ. विनिता भालसे[*] प्रो. ममता कनेश[**]**

[*] सहायक प्राध्यापक (राजनिति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत
[**] सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** प्रकृति मनुष्य की पालनकर्ता है, प्राकृतिक संसाधनो का उपयोग करते हूए मानव ने अपने जीवन को अत्यधिक सुखमय बनाया है, और इस क्रम में प्रकृति की सोम्यता देखते हुए उस पर विजय प्राप्त करने की चेष्ठा की है, परन्तु यह स्पष्ट है कि जब प्रकृति कुपित होती है तो फिर उसके आगे मनुष्य की नही चलती है, और विनाशकारी परिस्थतियां उत्पन्न होती जिससे जनधन की हानि होती है,व जिस पर मानव का नियन्त्रण नही होता है। वह आपदा कहलाती है। आपदा ऐसी असामान्य घटना है जो सीमित अवधि के लिए आती है, किन्तु किसी भुभाग या देश का अर्थव्यवस्था को छिन्न - भिन्न कर देती, कोई भी आपदा मनुष्य को झकझोर देने वाली घटना होती है, प्राय: एसी भयंकर घटना जिससे मनुष्य किंकर्तव्यविमुढ हो जाता है, प्राय: जान गॅवा बैठता है।

चुँकि कोई भी आपदा बताकर नही आती इसलिए पहले से सावधान या सतर्क रहने की अवश्यकता होती है, कहा जाता है कि जो राष्ट्र या देश जितना ही विकसित होगा। वह आपदाओ के प्रति उतना जागरूक होगा। प्राय: विकासशील देश जिसमें निर्धन देशो की संख्या अधिक है, बार -बार आपदाओं के शिकार बनते आए है। जो आपदा से ग्रस्त हो जाते है, पीडित होते है, उनको सहायता पहुॅचाना, उनकी रक्षा करना समाज या राष्ट्र का कर्त्तव्य है।

इस दिशा मे विभिन्न स्तरो पर कई प्रकार के कदम उठाये गए है।जिसमें भारतीय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना 1993 मे रियो डि जनेरो ब्राजील में भु-शिखर सम्मेलन और मई 1994 में यॉकोहांग, जापान में आपदा प्रबंध पर विश्व संगोष्ठी तथा भारत मे 2005 अधिनियम बना कर आपदा से बचने के लिए ठोस कदम उठाये गये।

**1. प्राकृतिक आपदा -** प्राकृतिक आपदाऍ विनाशकारी आपदाऍ है ,जो ग्रह पर प्राकृतिक प्रक्रियाओं के परिणाम स्वरूप घटित होती है। बाढ, तुफान, सुनामी और भूकंप आना, भूस्खलन होना आंधी आना,ज्वालामुखी फटना,ग्लेशियर पिघलना, सुनामी आदि घटनाऍ ये सभी प्राकृतिक रूप से घटित होती है ।

**2. मानव-निर्मित आपदा -** मानव निर्मित आपदा वे अपदाऍ जिनका कारण मानवीय गतिविधियां होती है। तकनीकी और मानव जनित आपदाऍ मनुष्यों के द्वारा मानव के नजदीकी संस्थापनों के कारण उत्पन्न होती है। इसमें पर्यावरणीय अवनति प्रदुषण और दुर्घटनाऍ शामिल होती है। कुछ आपदाऍ विभिन्न प्रकार के अन्य खतरों के कारण उत्पन्न होती है, जो कि अधिकतर मानव जनित और प्राकृतिक आपदाओं का जटिल संयोग होता है। जैसे- औद्योगिक बहि:स्त्राव, घरेलू बहि:स्त्राव, वाहित मल, कृषि बहि:स्त्राव ,तेलीय स्त्रौत,अणुशस्त्र, तापीय स्त्रौत, रेडियो धर्मी अपशिष्ट, वहन क्रिया, नगरपालिका अपशिष्ट, परिवहन के साधन, मनोरंजन के साधन। जिसका परिणामस्वरूप ऐसी आपदाएं जन्म लेती है, जिस पर मानव का नियंत्रण नही रहता है।

**3. भारत में आपदा प्रबंधन एवं राष्ट्रीय नीति -** भारत एक विशाल देश है। 28 राज्य और 8 केन्द्र शासित प्रदेश है, जिसमे से 25 राज्य आपदा उन्मुख है । देश आधे से अधिक 65 प्रतिशत क्षैत्रफल भूकंपी क्षैत्र के अंतर्गत आता है। 70 प्रतिशत भुमि-सुखा उन्मुख है। 12 प्रतिशत बाढ उन्मुख है और 8 प्रतिशत चक्रवात उन्मुख है। स्पष्ट है, कि हमारे देश मे पुष्ट आपदा प्रबंधन की महती आवश्यकता है। सरकार बारंबार प्रबंध की कमियों को स्वीकार तो करती रहती है, पिछले चार दशकों से (1980-2020) मे प्राकृतिक आपदाओ(कोविड-19)के कारण लाखों व्यक्ति मारे गये ।भारत में आपदा जोखिम की बढती सुभेदता को देश मे तेजी से बढती जनसंख्या ,नगरीयकरण तथा औद्योगिकरण से जोडा जा सकता है । देश के उच्च आपदा जोखिम क्षेत्रों मे किया जाने वाला विकास तथा पर्यावरण अवनयन इन आपदाओ की सुभेद्यता ओर अधिक बढ रहा है।

**4. आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 -** उक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार द्वारा 23 दिसम्बर 2005 को देश में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 लागु किया गया । आपदा को परिभाषित करते हुए लिख गया है, कि 'आपदा से आशय है, प्राकृतिक तथा मानव जनित कारणों से उत्पन्न ऐसी प्रलय, दुर्घटना, विपदा या घातक घटना जो प्रभावित समुदाय की निपटने की क्षमता से परें है।'

आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में चेप्टर तथा 79 सेक्शन है। यह अधिनियम भारत मे आपदाओं के तथा इससे संबंधित मामलो का प्रभावी प्रबंधन है।

**5. आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के उद्देश्य -** आपदा प्रबंन्धन अधिनियम के सेक्शन 2(d)व (c) के अनुसार आपदा प्रबंन्धन का प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित क्रियाकलापों के नियोजन संगठन, समन्वय तथा क्रियान्वयन के सतत समन्वित प्रक्रिया से होता है।

1. किसी आपदा की सम्भावना या खतरे का विरोध।
2. किसी आपदा के जाखिम, प्रचण्डता तथा परिणामों का निवारण या निराकरण ।
3. शोध व ज्ञान प्रबंधन सहित क्षमता सृजन ।

4. किसी आपदा की खतरे की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित प्रतिक्रिया।
5. किसी आपदा से निपटने की तैयारी।
6. किसी आपदा के प्रभावों की प्रचण्डता या तीव्रता का आकलन।
7. निर्वासन, बचाव तथा राहत कार्य।
8. पूनर्वास तथा पूनर्निर्माण।

**6. भारत में आपदा प्रबन्धन की संस्थागत एवं संगठनात्मक संरचना:**

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण।
2. प्रान्तीय आपदा प्रबंधन प्रधिकरण।
3. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण।
4. राष्ट्रीय कार्यकारी समिति।
5. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल।
6. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान।

**भारत मे आपदा नियोजन की उपलब्धियां –** कुछ समय पहले आया चक्रवात पिछले दो दशको से भारत भुमि से टकराने वाला सर्वाधिक तीव्र चक्रवात था। ओडिसा की तैयारी, प्रभावी पुर्ण चेतावनी प्रणाली, समयानुकुल कार्यवाही और सुनियोजित वृहद स्तर की अस्थाई विस्थापन प्रक्रिया नें 1.2 मिलियन लोगों की लगभग चार 4000 चक्रवात आश्रय स्थलों में सुरक्षित पहुँचाने मे सहायता की और इस तरह संवेदनशील समुद्री क्षैत्र में खतरे में पढे, लोगो की रक्षा की युनाइटेड नेशन ऑफिस फॉर डिजास्टर रिस्क डिडक्शन (UNISDR) और अन्य संगठनो उन सरकारी और स्वैच्छिक प्रयासो की सराहना की जिनसे विनाश के स्तर को न्युनतम रखा जा सकता है। इसी तरह 2014 में हुदहुद चक्रवात के दोरान आंध्रप्रदेश में भी लाखो लोगों के लिए समान रूप से इसी प्रकार की अस्थाई विस्थापन रणनीति पर अमल किया गया था। इसी प्रकार की रणनीतियां अपनाने से चक्रवात के दौरान होने वाली मोतो में भी कमी आयी। वर्ष 1999 में ओडिसा सुपर साइक्लोन के दौरान 10000 लोगों की मोत की तुलना में वर्ष 2019में फणी चक्रवात के दोरान मोतों का आकडा दहाई आकडे में सिमट गया।वैश्विक स्तर पर इसके अतिरिक्त कोविड–19 जैसे महामारी को नियंत्रित किया गाया।

**सुझाव :**

1. विभिन्न सरकारी और गेर सरकारी संस्थाओ में आपदा प्रबंध हेतु समन्वय बनाना।
2. विकास योजनाओ का पर्यावरण प्रभाव के दृष्टिकोण सें विश्लेषण करना।
3. आपदा संबधी राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय नीति निर्धारण मे सहयोग प्रदान करना।
4. पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु पर्याप्त मानवीय एवं संगठित साधनों को जुटाना।
5. पर्यावरण चेतना जाग्रत करना तथा पर्यावरण शिक्षा का प्रसार करना।
6. प्रबंधन हेतु किये गये उपायों के परिणामों को सतत जांच एवं सुधार।
7. पर्यावरण के विभिन्न पक्षों पर शोध कार्य को बढावा देना।

**निकर्ष –** आपदा प्राक्रतिक या मानवकृत दोनो प्रकार की हो सकती है,परन्तु हर संकट आपदा भी नही होती। आपदाओं और विशेषकर प्राकृतिक आपदाओं का नियंत्रण मुश्किल हैं।। इसका बेहतर उपाय इनके निवारण की तैयारीयां करना है आपदा निवारण और प्रबंधन की तीन अवस्थाए है –

1. आपदा से पहले –आपदा के बार में ऑकडें और सुचना एकत्र करना – आपदा संभावी क्षैत्रो का मानचित्र तैयार करना और लोगों को इसके बारें में जानकारी देना।
2. आपदा के समय युद्ध स्तर पर बचाव व राहत कार्य जैसे –आपदाग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को निकालना, आश्रय स्थल निर्माण, राहत केंप, जल, भोजन व दवाई अपुर्ति।
3. आपदा के पश्चात प्रभावित लोगों का बचाव व पुनर्वास। भविष्य मे आपदाओं से निपटने के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करना।

भारत जैसे देश में जहॉ दो तिहाई क्षेत्र और जनसंख्या आपदा सुभेद्य है इन उपायों का विशेष महत्व है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना इस दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदम का उदाहरण है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. श्रीवास्तव, ज्योति पर्यावरणीय अध्ययन (म.प्र.) हिन्दी ग्रन्थ अकादमी सन् 2019 प्रष्ठ–86
2. कश्यप चेतना, प्राकृतिक संकट तथा आपदाऍ साहित्य भवन, आगरा सन् 2020 प्रष्ठ–163,164
3. नारायण, राम, वैश्विक संकट की चुनौतियां तथा निदान अग्रवाल पब्लिकेशन, जयपुर सन् 2021प्रष्ठ–209

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Study of Phytochemicals Profile of Using Different Solvent of Fruit Extract of Gardenia latifolia Ait.

**Nirvani Bharti* Renu Sharma** Manisha Singh*****

*Research Scholar, Om Sterling Global University, Hissar (Haryana) INDIA
** Dean, School of Spplied Science, Om Sterling Global University, Hissar (Haryana) INDIA
*** Assistant Professors, Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA

**Abstract -** This research paper investigates the organic constituents of Gardenia latifolia, a plant known for its medicinal properties. The study focuses on the isolation, characterization, and activities of these constituents. Plant material was extracted with suitable solvents, and the organic compounds were isolated and purified. Characterization was conducted using spectroscopic methods, including FTIR. The results provide valuable insights into the potential in effects of Gardenia latifolia organic constituents.
**Keywords** : Gardenia latifolia, antioxidant, suitable solvents.

**Introduction -** Gardenia latifolia (*G. latifolia*) is a plant that belongs to the family Rubiaceae. It is commonly known as "Cape jasmine" or "Gardenia." The plant is native to Asia, Africa, and the Pacific Islands. Gardenia latifolia is known for its fragrant flowers and has been traditionally used in various medicinal preparations.Because of the presence of secondary metabolites, this species has been utilized for medical purposes in addition to being used to make toys. According to reports, G. latifolia fruits are employed in folk medicine to cure a variety of conditions, including snake bites, transitory fever in live animals, skin conditions, dental caries, stomach ache, and hemorrhage in humans [1-2]. Furthermore, because fruit extract has a high concentration of yellow pigments, it is also employed as food additives and dye [4].

The fruit of G. latifolia is nutrient-rich and has therapeutic qualities, although little is known about the precise phytochemical analysis that gives these benefits.Isolation and characterization of the organic constituents of Gardenia latifolia involve extracting the plant material with suitable solvents, followed by purification and analysis using techniques such as chromatography and spectroscopy [3].

The biological activities of these constituents can be studied using in vitro assays to assess their potential pharmacological effects, such as antioxidant, anti-inflammatory, or antimicrobial properties.Medicinal plants are useful for curing human diseases and play an important role in healing due to presence of phytochemical constituents. Based on potent biological actions, natural product chemists have been trying hard to isolate and identify bioactive leads from plant sources [4]. Gardenia latifolia Ait. is a small deciduous tree or large shrub growing up to 3 m tall. It is an excellent painkiller and acts as an antiseptic for healing wounds. It is also used in the treatment of diseases like skin problems, indigestion, worm infestation, and diarrhea. It is an excellent pain killer and acts as an antiseptic for healing wounds. It is also used in the treatment of diseases like skin problems, indigestion, worm infestation, and diarrhea. In addition to that, it is known to relieve cough, asthma, and hiccup, constipation, and flatulence [5].

After that, we have study in details of phytochemical profile of organic chemical compounds or molecules present in bark of Gardenia latifolia plant was available in literature.Due to its broad spectrum healing potential, this medicinal tree can serve as a promising research target for various scientific studies. Bark of this plant contains saponins which may find use in asthma due to their inhibitory effect on histamine production. Phytochemical analysis led to isolation of hederagenin, D-mannitol, sitosterol and siaresinolic, episiaresinolic, oleanolic and spinosic acid from the stem bark of G. latifolia [6].

The biological activities of the organic constituents of Gardenia latifolia can be of significant importance due to their potential pharmacological effects. Some of the key biological activities that these constituents may exhibit include:

**1. Antioxidant Activity:** Organic compounds such as flavonoids and phenolic compounds found in Gardenia latifolia may possess antioxidant properties, which can help protect cells from oxidative stress and damage.

2. **Anti-inflammatory Activity:** Compounds like iridoids and triterpenoids present in Gardenia latifolia may exhibit anti-inflammatory effects, which could be beneficial for reducing inflammation-related diseases.
3. **Antimicrobial Activity:** Certain organic constituents of Gardenia latifolia may have antimicrobial properties, which could help in combating various bacterial, fungal, and viral infections.
4. **Anticancer Activity:** Some studies suggest that organic compounds from Gardenia latifolia may have potential anticancer properties, although further research is needed to validate these claims.
5. **Hepatoprotective Activity:** Compounds in Gardenia latifolia may exhibit hepatoprotective effects, which could be beneficial for liver health and function.
6. **Neuroprotective Activity:** There is some evidence to suggest that organic constituents of Gardenia latifolia may have neuroprotective properties, which could be valuable for conditions affecting the nervous system.
7. **Anti-diabetic Activity:** Certain compounds in Gardenia latifolia may exhibit anti-diabetic effects, which could be useful in managing diabetes and related complications.
8. **Anti-obesity Activity:** Some studies suggest that organic constituents of Gardenia latifolia may have anti-obesity properties, although more research is needed to confirm these findings.

Overall, the organic constituents of Gardenia latifolia hold promise for various medicinal applications, but further research is needed to fully understand their biological activities and potential therapeutic benefits.

Gardenia latifolia contains a variety of phytochemicals, which are natural compounds produced by plants that often have biological activity. Some of the main phytochemicals found in Gardenia latifolia include:

1. **Iridoids:** These are a class of compounds known for their diverse pharmacological activities, including anti-inflammatory, antioxidant, and hepatoprotective effects. Examples of iridoids found in Gardenia latifolia include geniposide and gardenoside.
2. **Flavonoids:** Flavonoids are antioxidant compounds that are known for their potential health benefits, including anti-inflammatory, anti-cancer, and neuroprotective effects. Examples of flavonoids in Gardenia latifolia include quercetin and kaempferol derivatives.
3. **Triterpenoids:** Triterpenoids are another class of compounds found in Gardenia latifolia that have been studied for their potential pharmacological activities, including anti-inflammatory and anti-cancer effects. Examples include ursolic acid and oleanolic acid.
4. **Phenolic Compounds:** Phenolic compounds are antioxidants that can help protect cells from damage caused by free radicals. Gardenia latifolia contains various phenolic compounds, such as gallic acid and ellagic acid derivatives.
**Discussion –** All the lifestyle changes in the world still can't guarantee that you'll never develop cancer or other health issues. Sometimes, nature just runs its course, and genetics can play a role too. While just under half of cancer related deaths are preventable, the reality is that over half of them is not. Dr. Kamath says unfortunately people who lead very healthy lifestyles do still develop cancer, but at the same time we still need to take every opportunity that we can maximize prevention. Importantly, the study shows hard proof that lifestyle changes can go a long way for your overall health. Dr. Kamath adds someone who limits alcohol consumption, maintains a healthy weight, lives a healthy active lifestyle and doesn't smoke is at a much lower overall risk for cancer. If you can develop healthy habits when you are young, you will continue them as your age, which is how you mitigate risk.

**Findings:**

1. Maintain ideal weight.
2. Eat a healthy diet.
3. Exercise most days of the week.

**Suggestion:**

1. Avoid junk food and packed food.
2. Stop smoking and drinking.
3. Avoid excess sugar and salt.
4. Use fresh fruits and vegetables.
5. Avoid excessive sun exposure.

**Conclusion –** It is old says that "Health is Wealth". If health is well then, all things is in our hand. But being author of this paper, I want to aware the people of our country to minimize the risk of cancer by developing healthy active

lifestyle. it is advisable to pay special attention to what you eat. avoid junk as much as possible and minimize intake of medicines for the little reason. Make a healthy routine for long time with consistently will minimize the risk of cancer.

**References :–**

1. Find out about different types of cancer according to the cell type they start in
2. Find out about trials that are looking at anti angiogenic drugs on our clinical trials database
3. Find out more about how cancer may spread to other parts of the body.
4. Cancer - Symptoms and causes - Mayo Clinic
5. How To Prevent Cancer: 6 Ways To Lower Your Risk (clevelandclinic.org)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# वर्तमान विधिक शिक्षा एवं विधिक व्यवस्था एक मूल्यांकन

**डॉ. ज़ाकिर खान***

* प्राचार्य, सांदीपनि विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत के संदर्भ में विधिक शिक्षा से आशय अपना विधिक व्यवसाय प्रारंभ करने से पूर्व छात्रो को दी जाने वाली शिक्षा से है। भारत में विधि की शिक्षा परम्परागत विश्वविद्यालयों के साथ–साथ केवल विधिक शिक्षा हेतु स्थापित कुछ विश्वविद्यालयों द्धारा भी दी जाती हैं। सभी को स्पष्ट रूप से यह ज्ञात है कि भारतीय विधिक व्यवस्था में विधि की अज्ञानता या अनभिज्ञता को कानूनी बचाव के रूप में मान्यता दी जाती हैं। इसका तात्पर्य यह हैं कि यदि कोई भी व्यक्ति अज्ञानतावश किसी भी कानून का उल्लघंन कर देता हैं तो न्यायालय इस आधार पर कि उल्लघंनकर्ता को उस कानून की जानकारी नही थी कोई रियायत या लाभ नही दे सकता हैं।

अपनी दैनिक चर्चा में हम ऐसे कई कार्य करते हैं जिनके बार में कानून क्या कहता है– इसकी हमें इसकी जानकारी नही होती है। विधिक ज्ञान इतना महत्वपूर्ण होते हुये भी हमारी शिक्षा प्रणाली में कानूनी शिक्षा अपना वांछित स्थान नही प्राप्त कर पाई। एक तरफ तो सामान्य नागरिको को विधिक शिक्षा नही दी जाती हैं और दूसरी तरफ विधिक अज्ञानता के लिये दण्डित किया जाना अभी तक की सरकारो की बड़ी विफलता हैं वर्तमान में विधिक शिक्षा से तात्पर्य भविष्य में विधि को अपनी आय का साधन बनाने वालो को दी जाने वाली विधिक शिक्षा तक ही सीमित हैं जैसे वकील, जज, विधिक परामर्ष दाता, प्राध्यापक इत्यादि। वर्तमान परिदृष्य में बढ़ते इंटरनेट के उपयोग एवं अंतराष्ट्रीय व्यापार–व्यवसाय को दृष्टिगत रखते हुए विधिक शिक्षा व्यवस्था में वृद्धि कर न्यूनतम विधिक शिक्षा का निर्धारण कर प्रत्येक देशवासी को इसे प्रदान करने की आवश्यकता हैं।

विधिक शिक्षा के दो आयाम हैं– प्रथम, विधिक क्षेत्रो में जाने वालो को दी जाने वाली शिक्षा तथा दूसरी शेष सामान्य देशवासियों को दी जाने वाली शिक्षा। कानूनविदो को दी जाने वाली शिक्षा जो कि वर्तमान में एलएल.बी. तथा एलएल.एम. पाठ्यक्रमों के माध्यम से ही दी जाती हैं। एक अत्यंत विशेषीकृत शिक्षा है जो कि कानूनविदो/विधि विशेषज्ञो के लिये वांछित भी हैं, क्योंकि वर्तमान समय में न्याय प्रणाली का भार इन्हीं विधिज्ञो के कंधो पर हैं। यद्धपि यह शिक्षा भी समय काल एवं परिस्थिति के साथ कदम से कदम मिलाकर नही चल पायी हैं। हमारा विधिक पाठ्यक्रम अभी भी अंग्रेजी शासन काल की औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर नही आ पाया हैं। उदाहरणार्थ एलएल.बी. पाठ्यक्रम में एक विषय भारत का विधिक इतिहास पढ़ाया जाता हैं जिसमें भारत में विधि अथवा कानून का विकास किस तरह हुआ इसका उल्लेख हैं किन्तु यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं हास्यापद हैं कि आजाद भारत में विधि के छात्रो को भारत के विधिक इतिहास की शुरूआत सन् 1600 में होना पढ़ाया जा रहा हैं, जिस वर्ष ब्रिटिश शासन ने 'ईस्ट इण्डिया कंपनी' के निर्गमन का चार्टर जारी किया गया जबकि वास्तविकता यह है कि भारतीय विधिक इतिहास का प्रारंभ 5000 वर्षो से अधिक पुराने मनुस्मृति काल या उससे भी अधिक प्राचीन रहा है या इसे कोटिल्य के अर्थशास्त्र/नीतिशास्त्र से तो प्रारंभ माना ही जाना चाहिए। यदि उक्त दोनो महत्वपूर्ण प्राचीन पुस्तको के पूर्व हम न भी जावे तो भी ये दोनों ही पुस्तके विधिक संहिता के रूप में इतनी प्राचीन हैं, कि जिस काल में भारत में राजओं के भी राजा अर्थात् सम्राट हुआ करते थें, उस काल में संभवत: पश्चिमी विश्व जो कबिलो में निवास करता था को सभ्य कहना भी कुछ मुश्किल होगा।

इसी तरह पिछले 10 वर्षो में विधि के क्षेत्र में बहुआयामी विकास हुआ जैसे इंटरनेट के आने से ऑनलाईन अपराधियों का बढ़ना तथा देश–विदेश में सुगमता से लेन–देन तथा अन्य गतिविधियों के संचालन में सुविधा का हो जाना। उदाहरणार्थ भारत में क्रिप्टा करेंसी का व्यापार वैधानिक नही हैं परन्तु कई मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से इस व्यापार के मामले आ रहे हैं जिसके लिये फिलहाल कोई सुनियोजित कानून हमारे सामने नही हैं। बहुत सारे ऐसे नये विषय समाविष्ट हुये हैं, जिनका वर्तमान औपचारिक विधिक शिक्षा में उचित समायोजन नही हो पाया हैं जैसे अन्तराष्ट्रीय मध्यस्थता, विदेश व्यापार, बैकिंग कानून, बौद्धिक सम्पदा आदि। इसके अतिरिक्त हमें विशेष रूप से न्यायाधीषो एवं अधिवक्ताओं में न्यायिक गुणो या ज्यूडिशियल वर्च्यूज के विकास की और ध्यान देना होगा जिससे कि न्याय प्रणाली व्यक्तिगत एवं मानवीय गुण दोषो से यथा संभव मुक्त रहे तथा व्यक्तिगत मान्यताएँ एवं व्यक्तिगत अंहकार न्यायिक अधिकारी की दृष्टि को बाधित न कर सकें।

विधिक शिक्षा का प्रथम और महत्वपूर्ण उद्देश्य देश में अच्छे नागरिको का निर्माण करना हैं ऐसे नागरिक जो न सिर्फ देश में स्थापित विधि के शासन को समझे बल्कि उसको सुदृढ़ करने में सकारात्मक योगदान भी दे सकें, परन्तु इसके लिये विधि एवं विधिक व्यवस्था जानना, समझना एवं उसके प्रति समर्पित होना आवश्यक हैं।

विधिक शिक्षा का दूसरा उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकारो और कर्तव्यों का ज्ञान कराना हैं तथा उनका पालन और निर्वहन कैसे विधि के द्धारा कराया जाना हैं यह बतलाना भी हैं अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता एवं सजगता सरकारी तंत्रो की निरंकुशता पर प्रभावी अंकुश लगा सकती हैं।

विधिक शिक्षा को विभिन्न विषयों से पूर्णत: पृथक कर नही देखा जा सकता हैं बल्कि यह तो हर विषय में समाहित भी हैं एवं उनका एक अभिन्न अंग हैं जैसे मोरल साइंस के विषय में हमारे चारो तरफ के पशु-पक्षी, पौधे इत्यादि के भी जीवन के अधिकार को पहचाना एवं उनका सम्मान करना, भाषा विज्ञान के छात्रो की बौद्धिक सम्पदा तथा कॉपीराईट इत्यादि की समझ विकसित करना, समाजशास्त्र में सामाजिक समरसता, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय के वैधानिक विकास के समझ को विकसित करना आवश्यक हैं। बच्चो को सही गलत, न्याय-अन्याय, अधिकार कर्तव्य, भारतीय संविधान के सिद्धांत इत्यादि के विषय में समझ एवं जागरूकता, उनको भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनाने में एक महत्वपूर्ण संगठक सिद्ध होगें अत: आवश्यक हैं कि देश के विधि शिक्षा के दोनों आयामो में इस प्रकार आमूलचूल परिवर्तन किया जायें, जिससे कि एक तरफ अच्छे नागरिको का निर्माण कर राष्ट्र निर्माण हो सकें और दूसरी तरफ निष्पक्ष न्यायिक गुणो से समृद्ध न्यायिक अधिकारियों के द्वारा परिचालित न्याय व्यवस्था कायम हो सकें।

हमारा देश अतीत से ही न्यायप्रिय रहा है। नीति, न्याय, धर्म आदि हमेशा से ही आदर्श रहे है। अनीति, अन्याय और अधर्म में उसकी कभी आस्था नही रही। अन्याय का उसने सदैव विरोध किया है। असहाय और निर्धन व्यक्तियों को कुचलने की उसकी कभी नियति नही रही है। निर्धन व्यक्तियों के विरुद्ध वाद दायर करना अथवा मुकदमा चलाना तभी न्यायपूर्ण कहा जा सकता है जब उन्हें अपनी प्रतिष्ठा को बचाने का समान अवसर मिले। भारतीय न्याय व्यवस्था का उद्देश्य कभी एक तरफा न्याय करने का नही रहा है। यदि कोई पक्षकार निर्धन या गरीब है तो हमने उसे सुविधा मुहैया की व्यवस्था की है। किसी भी व्यवस्था में जनता की अपेक्षा रहती हैं कि उसे न्याय सहज एवं सुगम रूप से उपलब्ध हो। न्यायालय तक पहुँचने की प्रक्रिया, अत्यन्त सरल एवं विधि की जटिलताओं एवं पेंचीदगियों से रहित होना चाहिए। इसके साथ-साथ सभी व्यक्तियों को न्याय प्रभावी रूप से उपलब्ध हो पाये एवं न्याय के समान अवसर मिल सकें, इस उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए न्याय प्रशासन की व्यवस्थायें अधिक खर्चीली एवं मंहगी नही होनी चाहिए। विधिवेता सिसरो ने सही कहा हैं-

'बुद्धिमान विवेक से, साधारण मनुष्य अनुभव से,
अज्ञानी आवश्यकता से और पशु स्वभाव से सीखते हैं।'

आज न्यायालयों में विशाल संख्या में अनेक प्रकार के वाद काफी लंबे समय से लंबित पड़े हैं, हमारे पास ऐसा कोई विकल्प नही हे कि शीघ्र एवं प्रभावी रूप से जनता को न्याय उपलब्ध हो पाये। कहने के लिए तो जनता को अनेक मूल अधिकार एवं अन्य विधिक अधिकार दिये गये हैं, लैकिन वास्तविकता यह हैं कि हमारी अधिकांश जनसंख्या गरीब, असहाय, निरक्षर होने के कारण अपने अधिकारो का प्रवर्तन करवाने में असमर्थ रहती हैं, उसका प्रमुख कारण हमारी जटिलता से पूर्ण एवं महंगी न्यायिक व्यवस्था हैं। अत: आज यह आवश्यक हो जाता है कि न्याय-प्रशासन में न केवल न्यायिक पदाधिकारीगण ही अपने दायित्व का उचित निर्वहन करें, अपितु अन्य समस्त प्राधिकारीगण एवं समाज के सभी वर्ग मिलकर गरीब व असहाय व्यक्तियों को न्याय दिलवाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। वर्तमान न्याय व्यवस्था में इसके कई रूप है -

**विधिक सहायता :** निर्धन व्यक्तियों को न्याय सुलभ कराने के लिए हमारी न्याय व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण योजना के रूप में हैं विधिक सहायता। यदि कोई व्यक्ति निर्धन है और निर्धनता के कारण न्यायालय जाने में असमर्थ है तो ऐसे व्यक्तियों के लिए राज्य सरकार द्वारा अकिंचन को राज्य के व्यय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है।

दी न्यू एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका ने विधिक सहायता का अर्थ किसी जरूरतंद व्यक्ति को व्यवसायिक विधिक मदद देना, चाहे वह मुफ्त दी जाये अथवा कुछ राशि लेकर दी जाने से हैं।

इन्टरनेशनल कमीशन ऑफ जूरिस्ट ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि विधिक सहायता में न्यायालयों को दी जाने वाली ऐसी विधिक सलाह एवं प्रतिनिधित्व के प्रावधान उन सभी के लिए सम्मिलित हैं, जिन्हें अपने जीवन, स्वाधीनता, सम्पत्ति या मान-मर्यादा को खतरा हैं एवं जो इस हेतु सलाह प्राप्ती या अपने हितार्थ प्रतिनिधि कि नियुक्ति पर होने वाले o को वहन करने में असमर्थ हैं।

**दी यूरोपियन कन्वेन्शन ऑफ ह्यूमन राईट्स** अनुच्छेद 6 (3) (स) के अनुसार प्रत्येक व्यक्तिय जो को आपराधिक मामले में अभियुक्त हैं वह स्वयं के बचाव हेतु विधिक सहायता प्राप्त कर सकता हैं। हुसैन आरा खातुन विरुद्ध बिहार राज्य AIR 1979 SC 1360 के मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह बन्दी के प्रति युक्तियुक्त, ऋजु और न्यायोचित प्रक्रिया का अंग हैं, जो कि न्यायालय की प्रक्रिया के माध्यम से परिमोचन का प्रयास कर रहा है कि उसे विधिक सेवायें उपलब्ध करायी जाये। इस हेतु न्यायालय ने 39 (क) का भी सहारा लिया जिसमें नि:षुल्क विधिक सहायता के लिये उपबन्ध किया गया है कि इस मामले में न्यायालय ने उन बन्दियों में छोड़ने का आदेश दिया जिनको उस अवधि से लम्बी अवधि तक जेल में रखा गया था, जिसके लिये उन्हें सिद्धदोष ठहराये जाने पर अधिकतम सजा दी जा सकती थी।

**सुनील बत्रा विरूद्ध दिल्ली प्रशासन**[1] के मामले में जस्टिस अय्यर ने कहा कि केदी के अधिकार न्यायालय द्वारा याचिका एवं न्यायालय की अवमानना द्वारा संरक्षित किये जायेगे इस क्षेत्र अधिकार को व्यावहारिक बनाने के लिये केदियों के लिये नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रोग्रामो को न्यायालयो द्वारा मान्यताप्रद व्यवसायिक संगठनो जैसे नि:षुल्क विधिक सहायता समिति द्वारा प्रोत्साहित किया जायेगा।

**एम.एच. हासकाट विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र**[2] के वाद में न्यायाधीष कृष्ण अय्यर ने यह उचित ही संप्रेषण किया था कि नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जाना राज्य का कर्तव्य और सरकार का एक आवश्यक कार्य हैं।

इसके लिए निम्नलिखित विधियाँ एवं संविधान में व्यवस्था की गई हैं-

1. संविधान के अनुच्छेद 39 क में
2. संविधान के अनुच्छेद 32 एवं 226 में
3. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 303 एवं धारा 304 में
4. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 2 नियम 10 क, आदेश 33 एवं आदेश 44 में।

**विधिक साक्षरता:** विधि का ज्ञान सभी के लिए आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति के विधिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने अधिकारों के संरक्षण/प्रवर्तन हेतु न्यायालय में तभी दस्तक दे सकता है, जब उसे अपने अधिकारों की जानकारी होगी। विधि की यह धारणा हैं कि कोई भी व्यक्ति यह बहाना नही बना सकता या बचाव प्रस्तुत नही कर सकता है कि उसे विधि की जानकारी नही हैं अर्थात् विधि अनभिज्ञता क्षम्य नही है। भारत वर्ष

में कानूनो का जाल बिछा हुआ हैं और सामान्य व्यक्तियों के लिये यह संभव ही नही हैं कि वह सभी कानूनो की जानकारी रख सके। स्वच्छ सामाज के लिये नागरिको को सामाजिक व्यवस्था के प्रति उत्तरदायी होना आवश्यक हैं। राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक साक्षरता एवं विधिक चेतना का कार्यक्रम अपने हाथ में लिया हैं। आज प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्था में न केवल बिखराव आ रहा हैं, वरन जाति व्यवस्था के कारण समाज में तनाव व कटुता बढ़ रही हैं समाज में शोषण व अत्याचार बढ़ रहे हैं।

भारतीय संविधान ने पति व पत्नी को समान अधिकार दिये हैं। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 (ए), 498 (ए) व दहेज विरोधी अधिनियम की धारा 4 ने नारी के सम्मान एवं स्वतंत्र अस्तित्व के लिए ढाल का काम किया है। महिला को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 एवं हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 24 व 25 के अंतर्गत निर्वाह भत्ता प्राप्त करने का अधिकार हैं एवं साथ ही महिला को पिता/पति अथवा पुस्तैनी जायदाद में भाई व पुत्रो के समान ही सम्पत्ति में उत्तराधिकार का हक प्राप्त हैं। अब संविधान में उसे पूर्ण स्वामित्व का दर्जा उपलब्ध कराया है। जिसका परिणाम यह हैं, कि अब नारी की अबला वाली स्थिति नही रही हैं।

विधिक साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन में न्यायिक अधिकारीगण के अलावा अधिवक्तागण, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं विधि छात्रो का पूरा सहयोग मिलता हैं। विधिक साक्षरता एक राष्ट्रीय कार्यक्रम हैं इसने लोगो में एक नई चेतना का संचार किया हैं।

1. साक्षरता शिविर
2. साहित्य प्रकाशन
3. पैरा–लीगल क्लिनिक
4. पैरा–लीगल सर्विसेज

**लोकहित वाद :** निर्धन व्यक्तियों को न्याय सुलभ कराने की दिशा में एक महत्तवपूर्ण पहल लोकहित वाद की है। यह व्यवस्था ऐसे व्यक्तियों के लिए है जो गरीबी अथवा कानून की अज्ञानता के कारण न्यायालय जाने में असमर्थ होते है। ऐसे व्यक्तियों की और से किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा अथवा संगठन द्वारा वाद दायर किया जा सकता है। यही लोकहितवाद की अवधारणा है। लोकहितवाद का उद्देश्य व्यक्तियों, शोषित वर्गो व अलाभप्रद व्यक्तियों के सांविधानिक व विधिक अधिकारो व लोकहित का संरक्षण हैं, व उन्हें सामाजिक व आर्थिक न्याय प्रदान करना हैं। लोकहित वादों के लिए यह आवश्यक है कि –

1. वह जनसाधारण के व्यापक हितों से जुड़ा हो,
2. निजी हित न हो,
3. सद्‌भावनापूर्ण हो,
4. राजनीति से प्रेरित न हो।

**बधुआ मुक्ति मोर्चा विरूद्ध भारत संघ**[3] के मामले में माननीय न्यायाधीष पी.एन. भगवती ने कहा–लोकहित मुकदमा प्रतिकूल प्रकृति का मुकदमा नही हैं वरन यह सरकार व उसके अधिकारियों को चुनौती का अवसर देता है कि वे मानवीय अधिकारो को समुदाय के वंचित व वेदना सहन करने वाले व्यक्तियों के लिए सार्थक बनाये एवं उन्हें सामाजिक व आर्थिक न्याय सुनिष्चित करे, जो संविधान की निहित भावना हैं।

**एस.पी.गुप्ता व अन्य विरूद्ध भारतसंघ व अन्य**[4] के वाद में उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायाधिपति पी.एन.भगवती ने कहा कि जो व्यक्ति लोकहित मुकदमा लेकर न्यायालय में आते है, उन्हें सद्‌भावनापूवर्क न्याय की रक्षा करने हेतु कार्य करना चाहिए यदि वे व्यक्तिगत लाभ या निजी उपलब्धि या राजनैतिक आशय या अन्य कुटिल विचार से कार्य करते है तो न्यायालय को इस तरह के व्यक्तियों की पहल पर सक्रिय नही होना चाहिए एवं उनके आवेदन को प्रारम्भ में ही निरस्त कर देना चाहिए।

**विधिक सेवा प्राधिकरण :** संसद ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं इसका संशोधन अधिनियम 1994 इस उद्देश्य से पारित किया हैं, कि दूर दराज में रहने वाले गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को न्याय प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध हो सकें। लोक अदालत एवं विधिक सहायता शिविरो के माध्यम से समाज के संभ्रान्त लोगों को जोड़कर न्याय उपलब्ध करवाने का प्रयत्न किया जाता हैं। यह अधिनियम प्राधिकरणो पर यह दायित्व डालता हैं कि वे विधिक सेवायें अनुसूचित जाति एवं जनजाति, मानव बेगार, अन्य रूप से असमर्थ व्यक्तियों या अन्य परिस्थितिजन्य व्यक्तियों जैसे जाति अस्पर्शयता, जाति संबंधी हिंसा, बाढ़, सुखा, तुफान अथवा औद्योगिक विपत्तियों से ग्रस्त, औद्योगिक कर्मचारियों का शोषण, पुलिस की सुरक्षा में अपराधी या ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय कम हैं अर्थात् जो अकिंचन हैं, जिनका मामला उच्चतम न्यायालय में या उच्चतम न्यायालय से भिन्न किसी अन्य न्यायालय में विचाराधीन हैं, ऐसे व्यक्ति उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

इसी प्रकार राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण अपने कार्य का संचालन सुचारू रूप से कर रहे हैं।

**लोक अदालत :** 'न्याय सस्ता, सुलभ एवं त्वरित हो' लोक अदालत की अवधारणा इसी आधार सूत्र की उपज है। आज जगह–जगह लोक अदालतें आयोजित होने लगी है। न्यायालयों के अलावा विभिन्न प्रकार के मामलों को निपटाने के लिए लोक अदालत आयोजित होने लगी है। इस प्रकार लोक अदालत सस्ते, सुलभ एवं त्वरित न्याय का एक सशक्त मंच/माध्यम है। हमारे देश में यह व्यवस्था कोई नयी नही है। प्राचीन पंच परमेश्वर रूपी न्याय व्यवस्था का ही यह एक रूप है। गाँवों में आज भी 'चौपाल पर न्याय' की व्यवस्था प्रचलित है। लोक अदालतों की मुख्य विशेषताएँ हैं–

1. इनमें मामलों का निपटारा पक्षकारों में आपसी समझौते अथवा राजीनामों द्वारा होता है।
2. इसमें पक्षकारों के बीच कटुता को दूर कर उनमें मधुर सम्बन्ध स्थापित किये जाने का भी प्रयास किया जाता है।
3. इसमें खर्च भी बहुत कम आता है।
4. मामलों का निपटारा जल्दी हो जाता है।
5. राजीनामों में न्यायिक अधिकारी, शिक्षक, समाजसेवी आदि मिलकर अपनी भूमिका निभाते है।

लोक अदालत के माध्यम से संविधान में निहित उद्देष्यो को गरीब एवं असहाय लोगों को उपलब्ध करवा कर प्रजातंत्र एवं विधि शासन को प्रभावी रूप से लागू किया जाता हैं। भारतीय संविधान एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता हैं, जिसमें सामाजिक–आर्थिक एवं विधिक न्याय सभी व्यक्तियों को समानता के आधार पर उपलब्ध हो। विधि के समक्ष समानता के इस संवैधानिक आदेश को लागू करने के लिए राज्य को यह सुनिष्चित करना हैं कि किसी भी नागरिक को आर्थिक या अन्य अयोग्यताओं के कारण न्याय उपलब्ध करवाने के अवसरो को प्रदान करने से इन्कार नही किया जायें। वैसे न्याय प्रदान करने वाली संस्थाऐ हमेषा इस बात पर तत्पर रहती हैं कि

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

प्रार्थी को न्याय शीघ्र अतिशीघ्र मिल जायें, किन्तु अपने अधिकारों की अज्ञानता के कारण तथा अन्य कारणो से वे न्याय प्राप्ति के लिये यथा योग्य कदम बढ़ाने में असमर्थ होते हैं। क्योंकि गरीब, पिछड़े एवं समाज के कमजोर वर्गो में इस प्रकार की शंका और भय उत्पन्न हो गया हैं कि वे न्याय प्राप्त नही कर सकते हैं। इसलिए समस्त विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं योजनाओं को उपर्युक्त प्रभाव को दूर करने हेतु कार्य करना चाहिए तथा समाज के विभिन्न प्रकार से कमजोर वर्गो के मस्तिष्क में यह विश्वास पैदा करना चाहिए कि हमारा न्याय प्रशासन समाज के अंतिम पंक्ति तक के व्यक्तियों को समान न्याय उपलब्ध करवाने के लिये कटिबद्ध हैं।

**पटना उच्च न्यायालय ने सुरेन्द्र सिंह एवं अन्य** विरूद्ध देवमुनि सिंह एवं अन्य के वाद में यह निर्धारित किया कि स्थायी लोक अदालत नियमित न्यायालय नही होता हैं। वे निर्णय कृत्य नही करते हैं तथा वे केवल कानूनी सुलहकर्ता होते हैं। वे न्यायिक नियत कृत्य नही कर सकते तथा कपट के विवाध्यक के विचारण की अन्तर्निहित अधिकारिता उन्हें प्राप्त नही होती हैं।

लोक अदालत को धारा 2 (सी-1) (घ) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में पारिभाषित किया गया हैं जिसके अनुसार लोक अदालत का अर्थ एक ऐसी अदालत से है जो कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 19 से 22 में सम्मिलित हैं।

लोक अदालत द्वारा दिया गया अधिनिर्णय अंतिम होगा तथा विवाद के समस्त पक्षकारों पर बन्धनकारी होगा।

**पंजाब नेशनल बैंक विरूद्ध लक्ष्मीचंद्र** के वाद में न्यायालय ने विनिष्चित किया कि लोक अदालत का पंचाट अंतिम होता हैं तथा इसके विरूद्ध किसी न्यायालय में अपील नही की जा सकती परन्तु ज्योति शर्मा विरूद्ध राजेन्द्र कुमार 2010 के मामले में न्यायालय में निर्धारित किया है कि लोक अदालत द्वारा पारित अधिनिर्णय उच्च न्यायालय की रिट अधिकारिता के अधीन हैं तथा इस अधिकारिता के प्रयोग में इसके विरूद्ध सुनवाई की जा सकती हैं। लेकिन रिट अधिकारिता का प्रयोग न्यायालय को आपवादिक मामलों में ही करना चाहिए।

**पंजाब राज्य विरूद्ध फूलनरानी** एवं अन्य के वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्धारित किया कि लोक अदालत अपने अधिनिर्णय, समझौते या परिनिर्धारण के आधार पर देगी। यदि पक्षकारों के मध्य कोई समझौता न हो सके तो लोक अदालत कोई अभिनिर्धारण या आदेश पारित नही करेगी।

सकारात्मक रूप से कहा जाय तो विधिक शिक्षा के विकास में भारतीय विधिक परिषद् का योगदान सराहनीय हैं। अधिवक्ता अधिनियम की धारा 7 के अनुसार इसके कार्यों में विधिक शिक्षा का उन्नयन करना और ऐसी शिक्षा प्रदान करने वाले भारत के विश्वविद्यालयों और राज्य विधिक परिषदों से विचार विमर्श करके ऐसी शिक्षा के मानक निर्धारित करना सम्मिलित है। बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया ने वास्तव में विधिक शिक्षा के विकास में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् तीन वर्षीय विधि पाठ्यक्रम एवं इन्टरमिडिएट के बाद पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रम दोनों ही अस्तित्व में है। परन्तु पंचवर्षीय पाठ्यक्रम बेहतर माना जाता है। बेहतर होगा यदि सम्पूर्ण भारत वर्ष में पंचवर्षीय पाठ्यक्रम को अनिवार्य कर दिया जाय। भारत के प्राय: सभी विश्वविद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नही है, सभी विश्वविद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम लागू किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थी को अपना पाठ्यक्रम पूरा करने का समान अवसर बगैर किसी परेशानी के प्राप्त हो सकें।

उक्त के ठीक विपरीत नकारात्मक रूप से यह कहा जा सकता हैं कि भारतीय विधिक परिषद् विधिक शिक्षा में आवश्यकतानुसार नये परिवर्तनों को लागू करने में विफल रहा है। भारतीय विधिक परिषद् का यह दृष्टिकोण है कि कानूनी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य वकीलों को उत्पन्न करना हैं। जिस प्रकार प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का आदर्श राष्ट्र को अच्छे नागरिक प्रदान करना होना चाहिये उसी प्रकार उच्चतर माध्यमिक के पश्चात् कि विधिक शिक्षा का आदर्श/लक्ष्य राष्ट्र के लिए लाभप्रद विधिक ज्ञान रखने वाले ऐसे विधिज्ञो को उत्पन्न करना होना चाहिये जो भारत को विश्व शिखर पर स्थापित करने के अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। क्योंकि आज विधिक शिक्षा को न केवल बार की आवश्यकताओं और व्यापार, वाणिज्य और उद्योग की नई जरूरतों को पूरा करना है किन्तु वैश्वीकरण की आवश्यकताओं को भी पूरा करना है। अन्तर्राष्ट्रीय आयाम वाले नये विषय विधिक शिक्षा में आ गये हैं। बदलते परिदृष्य में अब व्यापार एवं वाणिज्य में गैर स्नातक विधि स्नातकों की भी एक बहुत बड़ी आवश्यकता है। अन्तर्राष्ट्रीय विधिक शिक्षा का उद्देश्य अब मात्र ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करना मात्र ही नही होना चाहिए जो विभिन्न न्यायालयों में विधि का अभ्यास कर सकते है। यद्यपि ऐसे कार्यक्रम के इस तरह की क्षमता को अपने आप में एक उद्देश्य के रूप में नही देखा जाना चाहिए बल्कि केवल एक अच्छे परिणाम के रूप में देखा जाना चाहिए। हमारी विधिक शिक्षा से विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, प्रथाओं, तुलनात्मक कानून, कानूनों के संघर्ष, अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून, पर्यावरण कानून, लिंग न्याय, अंतरिक्ष कानून, जैव चिकित्सा कानून, जैव नीति, अन्तर्राष्ट्रीय समर्थन आदि विषयो में विशेषज्ञता प्राप्त होना चाहिए।

विधि-पत्रिकाओं का भी विधि शिक्षा के विकास में विशेष महत्व होता हैं। विधि-जर्नल और रिपोर्ट की संख्या पर्याप्त नही हैं इसमें वृद्धि करने की व्यावस्था करनी चाहिए। विधि जर्नल एवं रिपोर्ट में सरल विधिक भाषा का उपयोग होना चाहिए ताकि विद्यार्थीगण भी इसका आसानी से लाभ उठा सकें।

विधिक शिक्षा की सफलता मुख्य रूप से शिक्षक गण, पुस्तकालय, विधि रिपोर्ट विधि विद्यार्थियों के लिए विहित पाठ्यक्रम, शोध सुविधाओं इत्यादि पर आधारित होनी चाहिए। अच्छे शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए उन्हें अच्छा वेतन तथा अन्य सुविधाएँ प्रदान करना आवश्यक है। अच्छी पुस्तकें क्रय करने के लिए पुस्तकालयों को पर्याप्त धन प्रदान करना आवश्यक है। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की संख्या भी अच्छे पठन-पाठन के लिए आवश्यक है। विधि शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिए कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त हो।

विधि शिक्षा के विकास में पुस्तकों का बड़ा महत्व है। अनेक शिक्षकों एवं अधिवक्ताओं द्वारा विधि पुस्तकें लिखी जाती है परन्तु वे पर्याप्त नही है। पुस्तक लेखन कार्य को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। अच्छी पुस्तकें लिखने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की योजना भी बनाना चाहिए। ऐसे बहुत से शिक्षक है जो अच्छी पुस्तकें लिखना चाहते है परन्तु उन्हें प्रकाशक नही मिलते है। सरकार और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को आगे आना चाहिए और अच्छी पुस्तकों को प्रकाशित करने की व्यवस्था करना चाहिए।

वर्तमान में विधि के क्षेत्र में शोध कार्य भी पर्याप्त नही है, अत: शोधकार्य हेतु प्रोत्साहन भी दिया जाना चाहिए। एम.पी. दीक्षित का यह सुझाव बेहतर

प्रतीत होता हैं कि विधि–विद्यालयो को न्यायालय से उसी प्रकार सम्बद्ध करना चाहिए जैसे कि मेडिकल कॉलेजो को अस्पतालों से सम्बद्ध किया जाता हैं। विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने में भी यह उपयोगी होगा।

उचित होगा यदि प्रत्येक राज्य में एक विधि शिक्षा समिति की स्थापना की जाये और राष्ट्रीय स्तर पर एक अखिल भारतीय विधिक शिक्षा समिति की स्थापना की जाए। राज्य समिति को अखिल भारतीय समिति की देखरेख एवं नियंत्रण में कार्य करें चाहिए। राज्य समिति राज्य में विधि शिक्षा देने वाले संस्थानो का निरीक्षण करना चाहिए। इसे स्वच्छ परीक्षा के निमित्त उचित कार्यवाही करने की शक्ति प्राप्त होनी चाहिए। इसके सदस्यगण परीक्षा के दौरान उड़ाका दल के रूप में कार्य करें। परीक्षा में नकल होने पर इसे परीक्षा निरस्त करने की शक्ति प्राप्त होना चाहिए, साथ ही उसे किसी विधि–विद्यालय अथवा विश्वविद्यालय के विधि विभाग में छात्रो की संख्या के निर्धारण की भी शक्ति प्राप्त होना चाहिए।

विधिक शिक्षा के उत्थान के निमित्त विधिज्ञ परिषद्, विधि शिक्षक, न्यायाधीशगण एवं सरकार सभी का सहयोग आवश्यक है। विधि शिक्षा से संबंधित मामलो में इन सभी की सहमति से निर्णय लेना बेहतर होगा। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधि–शिक्षको के पूर्ण सहयोग के बिना विधि शिक्षा सम्बन्धी योजनाओं का कार्यान्वियन उचित रूप से करना दुष्कर होगा। विधि शिक्षको के अनुभव को दृष्टीकृत रखते हुए विधि स्नातक पाठ्यक्रम बनाने एवं परीक्षा सम्बन्धी नियम बनाने का कार्य विधि शिक्षको को ही दिया जाना चाहिये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भारत का संविधान – डॉ. जयनारायण पाण्डेय
2. जनहित वकालत, विधिक सहायता एवं विधिक सेवायें – डॉ. कैलाश राय
3. लीगल एण्ड पब्लिक इन्ट्रेस्ट लायरिंग एण्ड पैरा लीगल सर्विसेज – डॉ. बसन्तीलाल पाण्डेय.
4. भारत का संविधान – डॉ. बसन्तीलाल बावेल
5. लोकहितवाद, विधिक सहायता एवं विधिक सेवायें, लोक अदालत तथा पैरा–लीगल सेवायें–प्रो. (डॉ.) हरिमोहन मितल

**फुटनोट:-**

1. AIR 1980 SC 1579
2. AIR 1978 SC 1548
3. AIR 1984 SC 1802
4. AIR 1992 SC 189

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# श्राद्ध माता-पिता के ऋण से उऋण होने के लिए सरल मार्ग

**डॉ. दादूभाई त्रिपाठी***

* व्याख्याता, कांगेर वैली अकादमी, निकट पं रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना -** मनुष्य सभी ऋणों से मुक्त हो सकता है किन्तु माता-पिता के ऋण से मुक्त होना संभव नहीं है, क्योंकि माता-पिता जो कुछ अपनी संतान के लिए करते हैं, उसका मूल्यांकन संभव नहीं है। इसलिए उनका इसमें उनका समर्पण उनकी देन अतुलनीय है और पितृपक्ष में उन्हें स्मरण कर उनके लिए पूजा अर्चना करना हमारी सांस्कृतिक परंपरा है। जिससे हमें सुख एवं संतुष्टि प्राप्त होती है इसीलिए मानवीय मर्यादाओं में पितरों का श्राद्धादिक कर्म करना श्राद्ध कर्म करने की आवश्यक आवश्यक है। शास्त्रों में कहा गया है कि पुत्र अपने पिता के श्राद्ध के उद्देश्य से जितने कदम गया क्षेत्र की ओर चलता है, उतने ही कदम उनके पितरों के लिए स्वर्गारोहण सोपान बन जाते हैं। वायुपुराण में ऐसा कहा गया है।

गृहाच्चलितमात्रेण,गयायां गमनं प्रति।
स्वर्गारोहणसोपानं,पितृणां च पदे पदे।।
(वायुपुराणम् 105, 9, 39)

अत्यधिक शुद्धता के साथ देव ऋषि तथा पितरों का तर्पण करना चाहिए। इसीलिए पितृपक्ष के अवसर पर उन्हें श्राद्ध कर्म के द्वारा संतुष्ट करने से सुख समृद्धि प्राप्त होती है आश्विन मास के पितृपक्ष में पितरों को आशा लगी रहती है कि उनके पुत्र-पौत्र आदि तिलांजलि प्रदान कर उन्हें संतुष्ट करेंगे इसी आशा से पितर, पितृ लोक से पृथ्वी लोक पर आते हैं।

'पितरस्तस्य शापं दत्त्वा प्रयान्ति च' (नारद खंड)

अगर उन्हें यह सब नहीं मिलता तो वह न केवल निराश लौटते हैं बल्कि क्रोध आवेश में शाप तक दे देते हैं।

ब्रह्म पुराण पुराण में वर्णन आता है कि मृत प्राणी बाध्य होकर श्रद्धा न करने वाले अपने सगे संबंधियों का रक्त चूसने लगते हैं।

'श्राद्धं न कुरूते मोहात तस्य रक्तं पिबन्ति ते।' (ब्रह्म पुराण)

शास्त्र सम्मत जो बातें हैं उसके अनुसार जिस प्रकार काशी में व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसे सायुज्य मोक्ष की प्राप्ति होती है। ठीक उसी प्रकार गया में मृत आत्मा को पिंडदान आदि कर देने से उन्हें ऊर्ध्व गति की प्राप्ति होती है।

काश्यां मरणान्मुक्तिः (काशी खंड)

श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान की परंपरा गया में कब से प्रारंभ हुई इसके पीछे अनेक मत मतान्तर हैं। आदि वैदिक युग में जब शवदाह की परंपरा प्रचलित नहीं थी तो लोग शव को देश की भूमि में समाधि दे दिया करते थे। किंतु उत्तर वैदिक काल में सिर्फ शवदाह की ही परंपरा थी। हालांकि उस युग में भी कहीं-कहीं दाह और समाधि इन दोनों ही परंपराओं का उल्लेख मिलता है। निष्कषर्तः भारत में दाह कर्म के प्रचलन के साथ ही वैदिक पितृ पिंडदान की परंपरा शुरू हुई।

जहाँ तक श्राद्ध, पिंडदान एवं तर्पण के पीछे छिपी वैज्ञानिकता का प्रश्न है उसके अनुसार इन दोनों पितृ पक्ष विशेष अवधि में चंद्रमा अन्य महीनों की अपेक्षा पृथ्वी के अधिक निकट हो जाता है। इस कारण उसकी आकर्षण शक्ति का प्रभाव पृथ्वी तथा उसमें अधिष्ठित प्राणियों पर विशेष रूप से पड़ता है। तभी जितने सूक्ष्म शरीर युक्त जीव चंद्रलोक के ऊपरी भाग में स्थित पितृ लोक में जाने के लिए बहुत समय से चल रहे होते हैं या चल पड़ते हैं। उनके उद्देश्य से उनके संबंधियों द्वारा प्राप्त पिंड अपने अंतर्गत सोम के अंश से उन जीवों को अध्यायित करके, उनमें विशिष्ट शक्ति उत्पन्न करके बिना अपनी सहायता के ही पितृलोक में उपलब्ध करा देता है। तब वह पितर भी उनकी ऐसी सहायता पाकर उन्हें हृदय से समृद्धि तथा वंश वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की मृतक तिथि में यहां सभी मृतक पितरों के श्राद्ध किए जाते हैं। प्रतिवर्ष आश्विन मास एवं तिथि में जो श्राद्ध किए जाते हैं उसके पीछे भी कारण यह है कि वह तिथि ही कारण होती है। चंद्रमा की चंद्र गति के अनुसार उस समय चंद्रलोक में वे भीतर इस मार्ग में स्थित होते हैं जब वह इस तिथि में मरकर मार्ग को प्राप्त हुए थे। तब वह सूक्ष्म अग्नि से प्राप्त कराए हुए उसे श्राद्ध के सूक्ष्म अंश को अनायास प्राप्त कर लेते हैं।

अब श्राद्ध सामग्री पर ही विचार करें तो श्राद्ध के समय पृथ्वी पर कुश रखे जाते हैं और कुशों पर फूल फल एवं अक्षत आदि में पिंड प्रदान किए जाते हैं, उसके पीछे भी एक अलग विज्ञान छिपा है। चावल और जव में ठंडी बिजली होती है,तथा तिल और दूध में गर्म बिजली होती है, जबकि तुलसी में इन दोनों ही प्रकार की बिजली मौजूद होती है। जब कोई वेदविद् कर्मकांडी तथा ज्ञानी विद्वान अपने नियत पद प्रयोग परिपाटी वाले तथा नियम के अनुसार पितृ गानों से संबंध संबंध वेद मन्त्रों को पढ़ता है तब नाभि चक्र से समुचित वायु पुरुष के शरीर में एकाएक उष्ण विद्युत उत्पन्न करके उसे शरीर से अलौकिक वैदिक क्रिया सिद्ध विद्युत भी पिंडों में प्रवेश करता है।

यूँ तो श्राद्ध के संबंध में हमारे धर्मशास्त्रों में बहुत कुछ लिखा गया है। कहा गया है कि मृत्यु के बाद कर्ण को चित्रगुप्त ने मोक्ष देने में असमर्थता व्यक्त की। कर्ण ने कहा - मैंने तो सारी सम्पदा दान पूण्य में ही समर्पित की है। इसके उपरान्त भी मेरे ऊपर यह कैसा ऋण शेष रह गया है, जो मुझे मुक्ति नहीं मिल रही है। चित्रगुप्त का उत्तर था- राजन देवऋण और ऋषि-ऋण से मुक्त हो चुके हैं, पर आपके ऊपर पितृऋण शेष है। जब तक आप इस ऋण से

मुक्त नहीं होंगे, तब तक आपको मोक्ष मिलना कठिन होगा। इसके बाद धर्मराज ने कर्ण को यह व्यवस्था दी कि आप सोलह दिनों के लिए पुन: पृथ्वी पर जाइए तथा अपने ज्ञात और अज्ञात पितरों का श्राद्धतर्पण विधिवत् करके आइए, तभी आपको मोक्ष की प्राप्ति होगी और फिर कर्ण ने ऐसा ही किया।

श्राद्ध कर्म में जहां सुपात्र ब्राह्मण को भोजन कराने की व्यवस्था है, वहीं उसके भोजन सामग्री पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। विष्णु पुराण के अनुसार श्राद्ध काल में भक्ति और विनम्रचित्ता से उत्तम ब्राह्मणों को यथाशक्ति भोजन करना अनिवार्य माना गया है। असमर्थ होने पर श्रेष्ठ ब्राह्मणों को कच्चा धान्य और थोड़ी दक्षिणा भी दे देने से यह क्रिया सार्थक हो जाती है। यदि उसमें भी असमर्थ हों तो केवल आठ तिलों से ही श्रद्धांजलि दी जा सकती है। यह भी ना हो सके तो कहीं से गाय का चारा लाकर श्रद्धा और भक्तिपूर्वक गाय को खिला देने से श्राद्ध का फल प्राप्त हो जाता है। उपर्युक्त सभी वस्तुओं के अभाव में सिर्फ एकांत में खड़े होकर श्रीसूर्य आदि दिक्पालों से हाथ उठाकर अपनी असमर्थता और अपने पितरों के प्रति अगाध श्रद्धा निवेदित कर देने से भी श्राद्ध का कर्म सफल मान लिया जाता है

नेमेऽस्ति वित्तं न धनं न चान्य,
च्छ्राद्धोपयोग्यं स्वपितृन्नतोऽस्मि।
तृप्यन्तु भक्त्या पितरौ मयैतौ,
कृतौ भुजौ वर्त्मनि मारूतस्या।।

श्राद्ध कर्म में चावल, दूध और तिल को मिलाकर जो पिंड बनाते हैं उसे 'सपिंडीकरण' कहते हैं। पिंड का अर्थ है 'शरीर'। यह एक पारंपरिक विश्वास है, जिसे विज्ञान भी मानता है कि प्रत्येक पीढ़ी के भीतर मातृकुल तथा पितृकुल दोनों में पहले के पीढ़ियों के समन्वित गुणसूत्र उपस्थित होते हैं। चावल के पिंड जो पिता, दादा, परदादा और पितामह के शरीरों का प्रतीक है। उन्हें आपस में मिलाकर फिर अलग बाँटते हैं। यह प्रतीकात्मक अनुष्ठान जिन-जिन लोगों के गुणसूत्र श्राद्ध करने वाले की अपनी देह में है, उनकी तृप्ति के लिए होता है। श्राद्ध उस संतुष्टि की प्राप्ति का माध्यम है और श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार जो भी कर पाते हैं, उसमें कहीं न कहीं हमारी आत्मा को भी संतुष्टि प्राप्त होती है। इस कारण सभी पुत्रों को गया श्राद्ध करना पुत्रधर्म है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. वायुपुराण गीताप्रेश, गोरखपुर-2010
2. अन्त्यकर्म श्राद्धप्रकाश, गोरखपुर-2015
3. ब्रह्मपुराण, गोरखपुर-2010
4. मरणोत्तर श्राद्धकर्मविधान - श्रीरामशर्मा, युगनिर्माण योजना गायत्री तपोभूमि, मथुरा 2005
5. सुगम श्राद्धविधि- पं दिगम्बर झा, प्रज्ञा प्रकाशन, बेगूसराय विहार।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# दक्षिणी राजस्थान में जनंसंख्या की व्यावसायिक संरचना का एक तुलनात्मक भौगोलिक विश्लेषण (2001-2011)

**डॉ.राजेन्द्र कुमार मेघवाल***

* सहायक आचार्य भूगोल (वीएसवाय) राजकीय महाविद्यालय छोटी सरवन, बांसवाड़ा (राज.) भारत

**शोध सारांश -** राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित भीलवाड़ा, राजसमन्द, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ वाला यह क्षेत्र दक्षिणी राजस्थान के नाम से जाना जाता हैं। प्रदेश का अक्षांशीय विस्तार 23°1'10'' से 26°1'15'' उत्तरी अक्षांश तथा 73°1'10'' पूर्वी देशान्तर से 75°43'30''पूर्वी देशान्तर तक अवस्थित हैं। इसका क्षेत्रफल 47397 वर्ग किमी है जो समस्त राजस्थान के क्षेत्रफल 342239 वर्ग किमी का 13.85 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसका विस्तार पूर्व से पश्चिम 240 किमी तथा उत्तर से दक्षिण 210किमी हैं। यह क्षेत्र मध्यप्रदेश एवं गुजरात राज्यों की सीमा से जुड़ा हुआ हैं। उत्तर पूर्व से बूंदी एवं कोटा जिले पूर्व से रतलाम, मंदसौर एवं झाबुआ जिले (मध्यप्रदेश) तथा दक्षिण-पूर्व से गुजरात राज्य के बनासकांठा, सांबरकांठा तथा पंचमहल और पश्चिम में पाली तथा सिरोही जिलों से घिरा हुआ हैं। शोध क्षेत्र में 1981 में 47 तहसीले हैं, 1991 में 49 तथा वर्ष 2001 में तहसीलो की संख्या 51 हो गई। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार तहसीलों की संख्या 54 हैं।सन् 2001 में क्षेत्र की कुल जनसंख्या 10046881 थी, जो राजस्थान की कुल जनसंख्या (56507188) का 17.78 प्रतिशत हिस्सा थी। सन् 2011 में क्षेत्र की कुल जनसंख्या 12231763 है, जो राज्य की कुल जनसंख्या (68548437) का 17.84 प्रतिशत हिस्सा हैं।जिसमें पुरुष जनसंख्या 50.64 प्रतिशत तथा महिला 49.36 प्रतिशत हैं। 2001 से 2011 के मध्य दशकीय वृद्धि दर 21.75 प्रतिशत रही हैं। दशकीय वृद्धि दर 2001 (25.64) की तुलना में -3.89 की गिरावट दर्ज की गई हैं जो क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर उपलब्धता का परिणाम हैं। 1901 से 2011 के मध्य 111 वर्षो की दशकीय वृद्धि दर का विश्लेषण करने से ज्ञात हुआ कि 1931, 1941, 1961, 1971, 1981 तथा 2001 में दशकीय वृद्धि दर धनात्मक रही तथा 1921, 1951, 1991, व 2011 के वर्षो में दशकीय वृद्धि दर ऋणात्मक रही I अध्ययन क्षेत्र में आज भी लोग मानसूनी कृषि पर रहकर अपना जीवनयापन करते है जिसके कारण क्षेत्र में अकार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत ज्यादा हैं।



**प्रस्तावना -** वर्तमान युग में जनसंख्या वृद्धि के अनुरुप विकास के आयाम सुनिश्चित होते हैं। अत: शोध के अन्तर्गत जनसंख्या संरचना का विश्लेषण आवश्यक हैं। मानव आर्थिक एवं सांस्कृतिक संरचनाओं उत्पादन, उपभोग, विनिमय, वितरण तथा राजस्व द्वारा क्षेत्रीय व प्रादेशिक विकास को आधार प्रदान करता हैं। दक्षिणी राजस्थान के भौगोलिक स्वरुप में मृदा, खनिज,वनस्पति जल संसाधन में क्षेत्रीय एवं स्थानिक विभिन्नताएँ मौजुद है इन्ही विभिन्नताओं ने प्रदेश में जनांकिकीय विषमताओं को जन्म दिया हैं। अध्ययन क्षेत्र में मुख्य कार्यशील, सीमान्त कार्यशील तथा अकार्यशील जनांकिकीय पक्षों की प्रवृतियों को उजागर करने के साथ -साथ व्यावसायिक जनसंख्या की प्रवृति को समझने में सहायक होगा।

**अध्ययन के उद्देश्य-** शोध क्षेत्र में व्यावसायिक जनसंख्या की संरचना का अध्ययन करने हेतु निम्न उद्देश्य हैं:

1. दक्षिणी राजस्थान में कुल कार्यशील जनसंख्या का विश्लेषण करना (2001-2011)
2. कुल जनसंख्या में से मुख्य, सीमान्त, तथा अकार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण करना।
3. दक्षिणी राजस्थान की व्यावसायिक जनसंख्या की संरचना का विश्लेषण, शोध क्षेत्र एवं राजस्थान राज्य के संदर्भ में करना।

**परिकल्पना:**

1. दक्षिणी राजस्थान के विभिन्न जनसांख्यिकीय वर्ग जो कृषि, विनिर्माण और परिवहन जैसे कई अन्य क्षेत्रों में कार्यरत हैं, एक प्रदेश की

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

व्यावसायिक संरचना का गठन करते हैं।

2. क्षेत्र में कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत भिन्न-भिन्न हैं, उनके घटकों का पता लगाकर भावी व्युह रचना प्रस्तुत करना हैं।
3. मनुष्य या मानव जाति आने वाले कल का अनुमान लगाकर पूर्व तैयारी की रुपरेखा प्रस्तुत करना चाहता हैं।

**विधि तंत्र-** प्रस्तुत शोध कार्य में विवरणात्मक, विश्लेषणात्मक, शोध विधियों का प्रयोग किया गया हैं।

1. भारत की जनगणना 2001-2011 से द्वितीयक आंकड़े प्राप्त किए गए हैं।
2. राजस्थान की जिला सांख्यकीय रुपरेखा द्वारा द्वितीयक आंकड़ों का संग्रहण किया गया।
3. राजस्थान की कूल जनसंख्या में दक्षिणी राजस्थान की जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया हैं।
4. शोध क्षेत्र की व्यावसायिक संरचना का तुलनात्मक विश्लेषण 2001-2011 के मध्य किया गया।

**दक्षिणी राजस्थान में व्यावसायिक जनसंख्या संरचना –** किसी राष्ट्र या क्षेत्र की कूल जनसंख्या में कार्यरत जनसंख्या के विभिन्न व्यवसायों में संलग्नता की स्थिति को जनसंख्या व्यावसायिक संरचना कहा जाता हैं। इसे सक्रिय जनसंख्या के रुप में भी अभिव्यक्त किया जाता हैं। इसमें मनुष्य प्राथमिक कार्य में आखेट, मत्स्य पालन, संग्रहण, कृषि,पशुपालन, वानिकी में मधुमक्खी पालन आदि क्रियाओं में सम्मिलित रहता हैं। द्वितीयक व्यवसाय में विनिर्माण उद्योग तथा शक्ति उत्पादन सम्मिलित हैं। प्रत्येक व्यवसाय में परिवहन, व्यापार, संचार, बैंकिंग प्रणाली एवं सेवाएँ सम्मिलित हैं। चतुर्थक व्यवसाय में उच्च सेवाएँ, भावी योजनाएँ, प्राविधिक ज्ञान, अनुसंधान तथा नवीन शोध क्रियाएँ सम्मिलित हैं।

व्यावसायिक संरचना प्रदेश में जनसंख्या की कार्यशीलता के स्वरुप को इंगित करती है जिससे अध्ययन क्षेत्र के आर्थिक तथा सामाजिक विकास का स्वरुप निर्धारित होता हैं। यह संरचना प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र में होने वाले कार्यो तथा उपयोग में लिए जाने वाले संसाधनों तथा कार्यशील तथा अकार्यशील जनसंख्या की वस्तुस्थिति को स्पष्ट करता हैं।

**व्यावसायिक जनसंख्या का अर्थ –** 'वह व्यक्ति जो लाभ, बिना लाभ के आर्थिक उत्पादक क्रियाओं में संलग्न है या एक वर्ष की अवधि में किया गया कार्य।'

**क्रियाशील सक्रिय जनसंख्या –** 'वह जनसंख्या जो पारिश्रमिक व्यावसायिक कार्यो में संलग्न हैं इन्ही कार्यो से अपनी आजिविका कमाने वाले जनसमूह को आर्थिक दृष्टि से क्रियाशील सक्रिय जनसंख्या कहते हैं, जिसमें से 15-59 वर्ष के स्त्री -पुरुष की जनसंख्या सम्मिलित हैं।'

**स्रोत:** Census Of India 2011

**निष्क्रिय जनसंख्या –** 'जनसंख्या का जो भाग लाभकारी, आर्थिक कार्यो में भाग नहीं लेता है, जिसमें घरेलु कार्यो में लगे व्यक्ति, सेवानिवृत व्यक्ति, छात्र, रॉयल्टी, किराया, पेन्शन आदि पर निर्भर व्यक्ति शामिल हैं।'

**स्रोत:** Census Of India 2011

- **कुल कार्यशील जनसंख्या (2001-2011)-** इसमें मुख्य कार्यशील तथा सीमान्त कार्यशील जनसंख्या सम्मिलित हैं। शोध क्षेत्र में 2011 में कुल कार्यशील जनसंख्या 5906917 हैं जो अध्ययन क्षेत्र की कूल जनसंख्या 12231763 का 48.29 प्रतिशत है जबकि राज्य की कूल जनसंख्या का 8.62 प्रतिशत हिस्सा हैं। 2001 में शोध क्षेत्र में कूल कार्यशील जनसंख्या 4613713 थी जो अध्ययन क्षेत्र की कूल जनसंख्या 10046881 का 45.92 प्रतिशत हिस्सा थी व राज्य की कूल जनसंख्या का 8.16 प्रतिशत हिस्सा थी। सन् 2001 से 2011 के मध्य कूल कार्यशील जनसंख्या का दशकीय तुलनात्मक अध्ययन किया तो 2001 की तुलना में 2011 में शोध क्षेत्र की कूल जनसंख्या में कार्यशील जनसंख्या का 2.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा 2001 की तुलना में 2011 में कुल कार्यशील दशकीय जनसंख्या में 28.03 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई हैं, जो क्षेत्र में व्यवसाय के सकारात्मक पक्ष को दर्शाता हैं।
- **कुल कार्यशील पुरुष जनसंख्या-**क्षेत्र में 2011 में कुल पुरुष कार्यशील जनसंख्या 3367145 हैं जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 57 प्रतिशत, अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 27.53 प्रतिशत एवं राज्य की कुल जनसंख्या का 4.91 प्रतिशत हिस्सा हैं।
- **कुल कार्यशील महिला जनसंख्या-** क्षेत्र में 2011 में कूल महिला कार्यशील जनसंख्या 2539772 हैं जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 42.99 प्रतिशत, शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 20.76 प्रतिशत हिस्सा हैं।

**1. मुख्य कार्यशील जनसंख्या (2001-2011) -**दीर्घकालीन कर्मी वह व्यक्ति है जो एक वर्ष में 6 महीने या इससे अधिक समय तक काय करता हो उसे दीर्घकालिक/मुख्य कार्यशील/मुख्यकर्मी जनसंख्या कहा जाता हैं। इसको चार भागों में बाँटा गया हैं:

1. काश्तकार
2. खेतिहर मजदूर
3. पारिवारिक उद्योगकर्मी
4. अन्य कर्मी

2011 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या 3812011 हैं, जो शोध क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 64.54 प्रतिशत, दक्षिणी राजस्थान की कुल जनसंख्या का 31.16 प्रतिशत तथा राजस्थान की कुल आबादी का 5.56 प्रतिशत भाग हैं। जबकि 2001 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या 3316313 थी जो शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 71.89 प्रतिशत तथा राज्य की कुज जनसंख्या का 5.87 प्रतिशत भाग था। 2001 की तुलना में 2011 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या में दशकीय वृद्धि दर 14.95 प्रतिशत रहीं हैं, जो क्षेत्र में लगातार रोजगार के साधनों की बढोतरी, सार्वजनिक एवं औपचारिक-अनौपचारिक संस्थाओं द्वारा रोजगार के नित नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

**(1.1) मुख्य कार्यशील पुरुषकर्मी जनसंख्या-** शोध क्षेत्र में 2011 में मुख्य पुरुषकर्मी जनसंख्या 2607965 हैं जो क्षेत्र की कुल मुख्यकर्मी जनसंख्या का 68.41 प्रतिशत, क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 44.15 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 3.80 प्रतिशत हैं।

**(1.2) मुख्य कार्यशील महिलामकर्मी जनसंख्या –** 2011 में मुख्य महिला कर्मी जनसंख्या 1204096 हैं जो कुल मुख्य कार्यशील जनसंख्या का 31.59 प्रतिशत, कुल कार्यशील जनसंख्या का 20.38 प्रतिशत क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 9.84 प्रतिशत तथा राजस्थान की कुल जनसंख्या का 1.76 प्रतिशत भाग हैं।

**2. कुल सीमान्त कार्यशील जनसंख्या (2001-2011) –** वह व्यक्ति जो वर्ष में 6 महीने से कम कार्य करता हो अल्पकालिक कर्मी की श्रेणी में

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

रखा गया हैं। 2011 में अल्पकालिक कर्मी को दो उपभागों में बाँटा गया हैं-

- वे कर्मी जो वर्ष में 3 से 6 महीने कार्य करते हैं।
- वे कर्मी जो वर्ष में 3 महीने से कम कार्य करते हैं।

1. काश्तकार
2. खेतिहर मजदूर
3. पारिवारिक उद्योगकर्मी
4. अन्य कर्मी

शोध क्षेत्र में 2011 में कुल सीमान्त कर्मी जनसंख्या 2094906 हैं, जो क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 35.46 प्रतिशत क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 17.13 प्रतिशत तथा राजस्थान की कुल जनसंख्या का 3.06 प्रतिशत हिस्सा हैं, जबकि 2001 में कुल सीमान्त कर्मी जनसंख्या 1297400 थी, जो क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 28.12 प्रतिशत, शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 12.91 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 2.30 प्रतिशत हिस्सा थी। 2001 की तुलना में 2011 में दशकीय सीमान्त कर्मी की जनसंख्या में 61.47 प्रतिशत की वृद्धि दर रही हैं, जो क्षेत्र में सीमान्त कर्मी जनसंख्या का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, समावेशीय विकास के स्तर को दर्शाता हैं।

**2.1 सीमान्त पुरुषकर्मी जनसंख्या -** 2011 में सीमान्त पुरुषकर्मी जनसंख्या 759180 है, जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 12.85 प्रतिशत, क्षेत्र की कुल जनसंख्या 6.21 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 1.10 प्रतिशत हिस्सा हैं। सबसे ज्यादा सीमान्त पुरुषकर्मी जनसंख्या सराड़ा तहसील में 47.62 प्रतिशत हैं जबकि सबसे कम धरियावद में 22.40 प्रतिशत रहीं हैं।

**2.2 सीमान्त महिलाकर्मी जनसंख्या -** 2011 में 1335726 जनसंख्या है जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 22.61 प्रतिशत, क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 11 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 1.95 प्रतिशत हैं।

**3. अकार्यशील जनसंख्या (2001-2011) -** इनके अन्तर्गत वे लोग सम्मिलित हैं जो वर्ष में कोई कार्य नहीं करते हैं इनमें विद्यार्थी, आश्रित, पेंशनर्स, भिखारी, आदि सम्मिलित हैं। 2011 में कुल अकार्यशील जनसंख्या 6324846 है, जो शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 51.71 प्रतिशत राज्य की कुल जनसंख्या का 9.23 प्रतिशत हैं, जबकि 2001 में कुल अकार्यशील जनसंख्या 5433168 थी जो क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 9.62 प्रतिशत हिस्सा थी। 2001 से 2011 के मध्य 891678 अकार्यशील जनसंख्या की वृद्धि हुई जो 16.41 प्रतिशत दशकीय वृद्धि दर को दर्शाता हैं।

**3.1 अकार्यशील पुरुष जनसंख्या -** 2011 में गैरकर्मी जनसंख्या 2826932 है जो शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 23.11 प्रतिशत तथा राज्य का 4.12 प्रतिशत हिस्सा है। 54 तहसीलों में सबसे ज्यादा अकार्यशील पुरुष जनसंख्या पीपलखूँट तहसील में 50.70 प्रतिशत तथा सबसे कम गिर्वा उदयपुर में 38.12 प्रतिशत रहीं है।

**3.2 अकार्यशील महिला जनसंख्या -**2011 में अकार्यशील महिला जनसंख्या 3497914 है, जो शोध क्षेत्र के कुल जनसंख्या का 28.60 प्रतिशत तथा राज्य का 5.10 प्रतिशत है सबसे ज्यादा अकार्यशील महिला जनसंख्या गिर्वा 61.88 प्रतिशत तथा सबसे कम पीपलखूँट में 49.30 प्रतिशत रही हैं।

| क्र. | कार्यशील जनसंख्या | 2001 | | 2011 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनसंख्या | प्रतिशत | जनसंख्या | प्रतिशत |
| 1 | मुख्य कार्यशील जनसंख्या | 3316313 | 71.88 | 3812011 | 64.53 |
| 2 | सीमान्त कार्यशील जनसंख्या | 1297400 | 28.12 | 2094906 | 35.47 |
| 3 | कुल कार्यशील जनसंख्या | 4613713 | 100 | 5906917 | 100 |

**स्रोत: भारतीय जनगणना सारणी (2001-2011)**

**सारणी 1 का आलेख कुल कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण 2001-2011**







मुख्य कार्यशील, सीमान्त कार्यशील तथा अकार्यशील/गैर कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण (2001-2011)

**सारणी -2**

| क्र. | व्यावसायिक संरचना | 2001 | | 2011 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनसंख्या | प्रतिशत | जनसंख्या | प्रतिशत |
| 1 | मुख्य कार्यशील जनसंख्या | 3316313 | 33.02 | 3912011 | 31.16 |
| 2 | सीमान्त कार्यशील जनसंख्या | 1294400 | 12.89 | 2094906 | 17.13 |
| 3 | गैर कर्मी/अकार्यशील जनसंख्या | 5433168 | 54.09 | 6324846 | 51.71 |
| | कुल जनसंख्या | 10046881 | 100 | 12231763 | 100 |

**सारणी 2 का आलेख मुख्य कार्यशील, सीमान्त कार्यशील तथा अकार्यशील/गैर कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण (2001-2011)**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV







**सारांश** – दक्षिणी राजस्थान में जनसंख्या के व्यावसायिक संरचना का भौगोलिक सांख्यिकीय विधियों के के तुलनात्मक विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि अध्ययन क्षेत्र में 2001 की तुलना में 2011 में आंशिक परिवर्तन देखने को मिला है, इसका मुख्य कारण दक्षिणी राजस्थान का यह क्षेत्र जनजातिय उपयोजना क्षेत्र (टी.एस.पी.) के रुप में जाना जाता हैं। यहाँ पर भौगोलिक प्राकृतिक विषमताएँ, उबड़–खाबड़ धरातल, पठारी तथा पर्वतीय भू–भाग अधिक होने के कारण यहाँ पर औद्योगिक विनिर्माण की क्रियाओं का विकास मंद गति से हो रहा हैं उसके साथ ही जनजातीय जनसंख्या अधिक होने के कारण अधिकांश लोग रुढिवादी विचारधारा से ओत–प्रोत होने के कारण प्राथमिक आर्थिक क्रियाओं पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। भविष्य में इस क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, तथा रेल मार्ग का नेटवर्क तेजी से बढ़ाना होगा तभी क्षेत्र में नए रोजगार के साधनों का सृजन होगा क्योंकि दक्षिणी राजस्थान की अधिकांश जनसंख्या आज भी रोजगार के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तथा मध्यप्रदेश राज्यों की ओर मौसमी व्यवसायों के लिए प्रवास करती हैं इस प्रवास को तभी कम किया जा सकता हैं जब राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र में लघु तथा वृहद औद्योगिक इकाईयों का निर्माण किया जाए जिससे यहाँ कि 51.71 अकार्यशील जनसंख्या को रोजगार प्राप्त हो सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Census of India, Rajasthan 1991
2. Census Of India, Rajasthan 2001
3. Census Of India, Rajasthan 2011
4. Basic Statistics, Rajasthan 2005
5. Statistical Abstracts, 2003
6. Economics survey Rajasthan, Jaipur 2005-06
7. TRI Udaipur Rajasthan.
8. Population Research centre, MLSU Udaipur.
9. www.rajasthan.gov.in
10. www.censusindia.gov.in

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Conflict between Hate Speech and Indian Laws

**Pawan Kumar Chaurasia***

***Asst. Prof., Pt. Motilal Nehru Law College and Research Center, Chhatarpur (M.P.) INDIA**

**Abstract -** Now –a –days hate speech between two rival persons having different religion, cast, creed etc, political parties, countries have become a fashion in the name of right to speech and expression. India is not untouched from this disease as India is a country where person of all religion is found. Therefore India is called the country of diversity. But in India this right is not absolute as it is given under Article 19 (1) (a) of Constitution and restriction can be imposed on the right on the ground mentioned in Article 19(2) of the Constitution. Apart from this some special Acts are also controlled the hate speech in the name of right to speech and fetters have been imposed on the right.

**Introduction -** Words war between opposing political, social, and economic ideologies are being witnessed by the international community. It's not hard to imagine that in the not too distant future, speeches made at social events and on social media will ignite a brand-new form of conflict. Defaming and dehumanizing are the new tools that society uses to humiliate individuals on a large scale. These days, hate speech is mistakenly associated with the concept of freedom of expression. Social media's accessibility has allowed people the freedom and chance to express their opinions about concepts or individuals.

We have all experienced hate at some time in our life. The rise in popularity of hate speech can be attributed to the recent development of the mass media as the primary news distribution channel. Hate speech is now the best technique to ruin someone's reputation and cause suffering for others. Mass hate speech has the power to destroy people's lives and goals, as demonstrated by the leader of the CAA's few remarks that sparked riots. The many aspects of hate speech and its legality in India will be covered in this essay.

**Hate Speech:** Hatred is a common feeling in our culture and one we experience on a daily basis. Many lawmakers, academics, jurists, and others have made statements that are indicative of hate speech. The year 2018 was dubbed "THE ERA OF ONLINE HATE," according to reports, as many people used internet platforms to disseminate hate speech on a large scale[1].

10. Retrieved April 3, 2023, from https://www.statisticssolutions.com/dissertation- resources/research-designs/quasi-experimental-research-designs/
11. Retrieved January 7, 2023, from https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC4722611/
12. Retrieved April 14, 2023, from https://www.mygreatlearning.com/blog/introduction-to-sampling-techniques/
13. Retrieved April 14, 2023, from https://en.wikipedia.org/wiki/Positive_psychology
14. Retrieved April 14, 2023, from https://www.robertsoncooper.com/blog/what-is- psychological-wellbeing/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की प्रभावशीलता

**खुशबू परिहार***

* बी एड.+ एम.एड. 4th छात्र, महाराजा कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना** – सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों के क्रियाकलापों को अत्यन्त प्रभावित कर रही है। यह पठन–पाठन से लेकर आंकलन मूल्यांकन तक शिक्षा के हर पहलू को प्रभावित कर रही है यह शिक्षा की प्रभावशीलता बढ़ाती है एवं साक्षरता के आन्दोलन में भी कभी मददगार है, रेडियों टेलीविजन, संगणक इंटरनेट, मोबाईल, सोशल साइटस आदि का उपयोग आज शिक्षा के क्षेत्र में अल्पकनीय एवं विस्तृत है। शिक्षा चाहे किसी भी क्षेत्र के लिए हो एवं सूचना जिसे जन–जन तक पहुँचाना है, वह सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से ही संभव हो पाया है।

मनुष्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरीकों से ज्ञान प्राप्त कर सकता है। जब कभी किसी कारणवश कोई विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त करता है।

सूचना एवं संचार तकनीकी से मानव जीवन का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जो इसके अनुप्रयोग से अछूता रह गया होगा इसकी प्रमुख आवश्यकताओं को निम्नबिन्दुओं में व्यक्त कर सकते हैं :

1. शिक्षा की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति हेतु व विद्यार्थियों की शैक्षिक एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए।
2. देश एवं राज्य के प्रत्येक दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुँचे बनाने हेतु।
3. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को रूचि कर, सरल, सुगम एवं बोधपूर्ण बनाने हेतु।
4. देश व राज्य के प्रत्येक दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुँच बनाने हेतु।
5. शैक्षिक सूचनाओं एवं आँकड़ों के संकलन, संग्रह व उपलब्धता का एक आधारभूत मंच बनाना जो की सभी के लिए सव्रसुलभ हो।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा सहित हर क्षेत्र को अत्यन्त प्रभावित कर रही है। आज कल शिक्षा क्षेत्र में विशेष रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में प्रौद्योगिकी को सशक्त करने की प्रक्रिया में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी छात्र के ज्ञान को बढ़ाने का सबसे प्रभावशाली तरीका हो सकता है।

शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का आयोग शिक्षा की प्रभावशीलता को बढ़ाते हुए अध्यायन और अध्ययन की गुणवत्ता बढ़ाता है इसने अध्ययन में एक नया आयाम जोड़ा है जो उपलब्ध नहीं था। विद्यालय में सूचना संचार प्रौद्योगिकी की शुरूआत के बाद में छात्रों की पारम्परिक कक्षा के वातावरण की तुलना में प्रौद्योगिकी वर्धित वातावरण में पढ़ना ज्यादा स्फूर्ति दायक और रूचि कर लगता है।

कक्षा में और उसके अतिरिक्त पढ़ाई में सुधार लाने के लिए सूचना संचार प्रौद्योगिकी उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है एक सामग्री प्रदाता का चयन करने से पहले व्यक्ति को अच्छी तरह से सोचना समझना चाहिए, क्योंकि सामग्री ही प्रमुख होती है स्मार्ट क्लास एजुकेशन प्रा. लि. के निदेशक है।

वर्तमान में मानव जीवन का प्रत्येक पहलू सूचक एवं संवाद प्रौद्योगिकी से अछूता नहीं है उसी प्रकार शिक्षा का क्षेत्र भी इसके अभावों से अप्रभावित नहीं रहा है नये–नये साधनों का बढ़ता उपयोग आज शिक्षा के क्षेत्र को इस नवीन तकनीकी से जोड़ता जा रहा है इन साधनों में मुख्य है – रेडियों, इण्टरनेट टेलीकॉन्फ्रेसिंग मोबाइल फोन कम्प्यूटर आदि।

शिक्षा का कोई भी भाग या क्षेत्र जैसे विधियों, शैक्षिक प्रक्रिया, उद्देश्य तथा शोध का विषय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के बिना आज सम्पूर्ण होना नहीं दिखाई नहीं देता वर्तमान में चाहे छात्राध्यापकों के ज्ञान से सम्बन्धित समस्याएँ हो या उनमें कार्य व्यापार की समस्याएँ हो सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की जरूरत के बिना पूर्ण नहीं हो पा रही है वर्तमान में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का क्षेत्र के अत्यन्त शक्तिशाली भी होता जा रहा है।

शिक्षा जगत में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग अध्ययन की समस्त क्रियाओं में किया जाने लगा है। विद्यालय कला कौशल में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी इतनी समृद्धि एवं शक्तिशाली होती जा रही है कि छात्रों के अध्ययन और छात्राध्यापकों के अध्यापन तथा उनके परीक्षण में इसका महत्व बढ़ता ही जा रहा है आज शैक्षिक तकनीकी की पुरानी परिकल्पना में इस प्रौद्योगिकी ने अभूतपूर्व परिवर्तन ला दिया है।

सूचना एवं संचार तकनीकी से तात्पर्य उस सूचना सम्प्रेषण तकनीकी से है, जिसके माध्यम से सम्प्रेषण कार्य अत्यधिक प्रभावीढ़ंग से सम्पन्न किया जाता है इसका संबंध वैज्ञानिक तकनीकी के ऐसे संसाधनों व साधनों से होता है जिसके माध्यम से त्वरितगति से सूचनाओं को प्रभावी आदान–प्रदान होता है।

सूचना एवं संचार तकनीकी द्धारा विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार पाठ्य सामग्री को बोधगम्य बनाकर अधिगम कराने में सहायक है। सूचना एवं संचार तकनीकी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, सुबोध एवं सुगम बनाने में सहायक है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र एक गतिशील क्षेत्र है और तेज ट्रांसमिशन और अधिक क्षमता की माँग लगातार बढ़ रही है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में ऐसे उत्पाद शामिल है जिनसे इलेक्ट्रॉनिक जानकारी संग्रहीत, संसाधित संचारित बदली डुप्लीकेट या प्राप्त की जाती है सूचना एवं संचार में एनलॉग तकनीक भी शामिल है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का दूसरा कार्य होता है सूचनाओं का सम्प्रेषण अर्थात् सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना जिसके लिए विभिन्न प्रकार के माध्यम भी है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का अगला कार्य होता है सूचना का प्रोसेसिंग जिसमें एक नए अनुसंधानों को जगह प्राप्त होती है इस कार्य के लिए कम्प्यूटर अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है शिक्षाविद् कहते है कि सूचना तकनीकी ज्ञान कौशल तथा अभिवृत्ति प्रदान करने की एक नवीन तथा उभरती हुई विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली एक शैक्षिक प्रक्रियाहै।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# राज्य राजनीति में राज्य नेतृत्व परिवर्तय की भूमिका का विश्लेषण

**डॉ. मनोज कुमार भारी***

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** भारतीय राज्य राजनीति में राज्य नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री राज्य की राजनीति में मुख्य व्यक्ति होते हैं और उनका कार्य नीति निर्माण, प्रशासन, और राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करने में होता है। उनकी नेतृत्व शैली और शासन में प्रभावशीलता राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देती है। मुख्यमंत्री चुनाव के दौरान एक महत्वपूर्ण संपत्ति है, उनके नेतृत्व से पार्टी के भाग्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है, जैसे कि वे संकटों को कैसे संभालते हैं और राजनीतिक विवादों का प्रबंधन करते हैं। राज्य नेतृत्व की अनुभव, संवाद क्षमता और क्षेत्रीय मुद्दों के संबोधन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारतीय राजनीति में मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल के दौरान उनकी कार्यशैली और प्रभावशीलता उनकी पार्टी और राजनीतिक परिदृश्य को आकार देती है।

राज्यों में मतदाताओं की प्राथमिकताएं और मतदान पैटर्न का अंतर विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है। इसलिए, नेतृत्व बदलने या बनाए रखने का निर्णय लेते समय प्रदेश के राजनीतिक संदर्भ को ध्यान में रखना जरूरी होता है। पश्चिम बंगाल में पुराने राजनैतिक दलों की लंबी शासनकाल एक विकल्पहीन सिद्धांत का परिचायक है, जो नेतृत्व परिवर्तन को अधिक मुश्किल बनाता है। विपक्षी दलों के पास सरकार में प्रवेश का सामर्थ्य बनाए रखने के लिए अधिक विकल्प होना चाहिए। राज्यों में राजनीतिक दिशा और अपेक्षाएं विकसित नेतृत्व के माध्यम से बदलती हैं। भारतीय राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्रियों के पदमुक्ति के विभिन्न कारण है –आंतरिक प्रतिद्वंद्विता, पार्टी नेतृत्व में बदलाव, क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय फोकस और वैचारिक बदलाव जैसे हैं।

**शब्द कुंजी –** राजनीतिक गठबंधन, राजनीतिक प्रासंगिकता, राजनीतिक रणनीतियाँ, राजनीतिक चालबाजी, अंतर–पार्टी गतिशीलता –प्रबंधन, वित्त पोषण, सुव्यवस्था प्रबंधन।

**प्रस्तावना –** भारतीय राजनीति में राज्य नेतृत्व परिवर्तय की भूमिका को समझने के लिए बहुआयामी कारकों की आवश्यकता है जो उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता को प्रभावित करते हैं। नेताओं की सक्रियता और उनकी विचारशीलता उनके राजनीतिक अभिनय को महत्वपूर्ण बनाती है। भारतीय राज्य राजनीति में राज्य नेतृत्व की भूमिका का विश्लेषण शासन की गतिशीलता, राजनीतिक निर्णय लेने और राज्य सरकारों के कामकाज को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति होते हैं। वे राज्य सरकार के प्रमुख होते हैं और नीति निर्माण, प्रशासन और राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। राज्य नेतृत्व, मुख्य रूप से मुख्यमंत्री, राज्य के शासन और प्रशासन के लिए जिम्मेदार होता है। प्रभावी शासन प्रदान करने, कानून और व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने की उनकी क्षमता उनकी लोकप्रियता और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। वह राज्य मंत्रिमंडल का नेतृत्व करते हैं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में शामिल होते हैं। नीतियों को लागू करने, गंभीर मुद्दों को संबोधित करने और चुनौतियों का जवाब देने की उनकी क्षमता की नागरिकों और राजनीतिक पर्यवेक्षकों दोनों द्वारा बारीकी से जांच की जाती है। मुख्यमंत्रियों सहित राज्य के नेता अक्सर अपने राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने या विस्तार करने के लिए रणनीति बनाते हैं। वे अन्य दलों के साथ गठबंधन बनाते हैं, अंतर–पार्टी गतिशीलता का प्रबंधन करते हैं, और अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए राजनीतिक चालबाजी में संलग्न होते हैं। राज्य नेतृत्व केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ व्यवहार में राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य के लिए संसाधन और वित्त पोषण सुरक्षित करने की उनकी क्षमता महत्वपूर्ण है।

राज्य राजनीति में मुख्यमंत्री अक्सर राज्य स्तर पर अपने राजनीतिक दल के भीतर एक प्रमुख नेता होते हैं। पार्टी के भीतर उनकी भूमिका, जिसमें केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनके संबंध भी शामिल हैं, पार्टी की एकजुटता और चुनावी रणनीतियों को प्रभावित करती है। मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और जनता की धारणा उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के प्रमुख के रूप में, राज्य की राजनीति के आधार के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नेतृत्व शैली और शासन में प्रभावशीलता राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में सहायक होती है।

एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री चुनाव के दौरान एक मूल्यवान संपत्ति हो सकता है। वह संकटों को कैसे संभालते हैं, चाहे प्राकृतिक आपदाएं हों, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति हों, या राजनीतिक विवाद हों, उनके नेतृत्व और पार्टी के भाग्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकते हैं। राज्य के नेताओं के लिए सत्ता विरोधी भावनाओं को प्रबंधित करना एक निरंतर चुनौती

है। शिकायतों को दूर करने, उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और मतदाताओं के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने की उनकी क्षमता चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकती है। राज्य नेतृत्व को क्षेत्रीय और राज्य-विशिष्ट मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना महत्वपूर्ण है। जिन राज्यों में गठबंधन सरकारें आम हैं, वहां गठबंधन सहयोगियों को प्रबंधित करने और विविध हितों को संतुलित करने में मुख्यमंत्री की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उनका शासन, निर्णय लेने की क्षमता, राजनीतिक रणनीतियाँ और अपने राज्य की आबादी की विशिष्ट आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करने की क्षमता सभी राज्य स्तर पर राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफल राज्य नेतृत्व के परिणामस्वरूप सत्ता में एक राजनीतिक दल की निरंतरता बनी रह सकती है, जबकि असफलताओं या असंतोष के कारण चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से नेतृत्व में बदलाव हो सकता है।

मुख्यमंत्री पद के चयन के लिए निश्चित आयु सीमा एवं सुस्वस्थता, विधायकों सहित दलीय नेतृत्व का पूर्ण विश्वास तथा सहयोगी दलों की पसंदगी, कौशल-अनुभव लगभग अपरिहार्य घटक हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए सामान्यत: जरूरी समझा जाता है, लेकिन ये नियम राज्य और केंद्र की परिस्थितियों के सन्दर्भ में अत्यधिक परिवर्तनीय भी हैं। इस पदधारक से यह सामान्य अपेक्षा रहती है कि वह पार्टी के विचार और गठबंधन का पालन करे, सरकार के सञ्चालन में सक्रिय रहकर सुव्यवस्था प्रबंधन की निगरानी करे, सरकार के स्थायित्व और सुरक्षा हेतु विधानसभा में बहुमत को बनाये रखे, कानून और संविधान के मानकों का पालन करे, सामान्य एवं आपात कालीन स्थितियों का प्रबंधन करे, राज्य और केंद्र सरकार के बीच सहयोगी सम्बन्ध बनाये रखे, राज्य के विकास के साथ स्वयं के दल के आदर्शों की प्राप्ति में अपेक्षानुरूप कार्य करे इत्यादि। भारतीय राजनीति में मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनकी भूमिकाओं या प्रभाव को उनकी पार्टियों की स्थिति और परिवर्तित राजनीतिक परिदृश्य में उनकी स्वीकार्यता से समझा जा सकता है। भारत के सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे प्रकरणों को अध्ययन की सुविधा के लिए 10-13, 13-15, 15-20 तथा 20 वर्ष से अधिक कालखंड में निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है -

पवन कुमार चामलिंग- सिक्किम, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंटय नवीन पटनायक- ओडिशा बीजू जनता दल, ज्योति बसु-पश्चिम बंगाल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), गेगोंग अपांग-अरुणाचल प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,अरुणाचल कांग्रेस, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, ललथनहवला- मिजोरम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय वीरभद्र सिंह-हिमाचल प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम भारत में 20 वर्ष या अधिक समय तक राज्य के मुख्यमंत्री पद के दायित्व को संभालने वाले राजनेताओं में शामिल है।

इसी प्रकार माणिक सरकार-त्रिपुरा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), एम करुणानिधि- तमिलनाडु, द्रविड़ मुनेत्र कड़गमय प्रकाश सिंह बादल-पंजाब, शिरोमणि अकाली दल, यशवंत सिंह परमार- हिमाचल प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्री कृष्ण सिन्हा- बिहार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नीतीश कुमार-बिहार, समता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), मोहन लाल सुखाड़िया- राजस्थान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय नेफ्यू रियो-नागालैंड, नागा पीपुल्स फ्रंट, नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टीय शिवराज सिंह चौहान- मध्य प्रदेश, भारतीय जनता पार्टीय प्रतापसिंह राणे- गोवा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, एस. सी. जमीर- नागालैंड, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट-प्रोग्रेसिव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय शीला दीक्षित- दिल्ली, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय रमन सिंह- छत्तीसगढ़, भारतीय जनता पार्टीय ओकराम इबोबी सिंह- मणिपुर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय तरूण गोगोई- असम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय जोरमथंगा- मिजोरम, मिजो नेशनल फ्रंटय अशोक गहलोत- राजस्थान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम उन मुख्यमंत्रियों में शामिल है जिन्होंने 20 वर्ष से कम परन्तु कम से कम 15 वर्ष या अधिक समय तक मुख्यमंत्री पद पर कार्य किया।

विलियमसन ए संगमा- मेघालय, ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बिधान चंद्र रॉय- पश्चिम बंगाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जे. जयललिता- तमिलनाडु, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, एन. रंगास्वामी- पुडुचेरी, अखिल भारतीय एन.आर. कांग्रेसय नर बहादुर भण्डारी- सिक्किम, सिक्किम जनता परिषद, सिक्किम संग्राम परिषद, एन. चंद्रबाबू नायडू- आंध्र प्रदेश, तेलुगु देशम पार्टीय जानकी बल्लभ पटनायक- ओडिशा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 13 वर्ष से अधिक परन्तु 15 वर्ष से कम समय तक राज्य के मुख्यमंत्री के दायित्व का निर्वहन किया।

बिमला प्रसाद चालिहा- असम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय नरेंद्र मोदी- गुजरात, भारतीय जनता पार्टी, ममता बनर्जी- पश्चिम बंगाल, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, भजनलाल- हरियाणा, जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय बंसी लाल- हरियाणा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, हरियाणा विकास पार्टीय वसंतराव नाइक- महाराष्ट्र, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, फारूक अब्दुल्ला- जम्मू और कश्मीर, जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंसय गोविंद बल्लभ पंत-उत्तर प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ई. के. नयनार-केरल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), एम. ओ. एच. फारूक- पुडुचेरी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गमय बुद्धदेब भट्टाचार्य- पश्चिम बंगाल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भैरों सिंह शेखावत- राजस्थान, जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, एम. जी. रामचन्द्रन- तमिलनाडु, आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, नृपेन चक्रवर्ती- त्रिपुरा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)य वसुन्धरा राजे- भारतीय जनता पार्टीय दिग्विजय सिंह- मध्य प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आदि उन मुख्यमंत्रियों में से है जो राज्य के मुख्यमंत्री के पद पर 10 वर्ष से अधिक परन्तु 13 वर्ष से कम समय तक आसीन रहे।

किसी भी राज्य में मतदाताओं की अपने मुख्यमंत्रियों या राजनीतिक दलों को बदलने की इच्छा या अनिच्छा विभिन्न कारकों से प्रभावित हो सकती है। राजनीतिक प्राथमिकताएं और मतदान पैटर्न मतदाताओं के बीच व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं, और पूरे राज्य के मतदाताओं के बारे में सामान्यीकरण में सावधानी की आवश्यकता होती है। उक्त तथ्यों का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि पश्चिमी बंगाल में आजादी के बाद केवल इस सूची में शामिल 4 मुख्यमंत्रियों ने लगभग 60 वर्ष तक शासन किया, जिससे प्रतीत होता है कि पश्चिमी बंगाल का जनमानस नेतृत्व परिवर्तन के मसले पर या तो बहुत रूढ़िवादी है या फिर उसके पास विकल्पों का अभाव एक स्थाई कारक है या सत्तारूढ़ दल जमीनी स्तर पर विपक्ष के पैर जमने ही नहीं देता अर्थात वहां विपक्षी संस्कृति का लोकमानस एवं राजनीति दोनों में पूर्ण अभाव है. पश्चिम बंगाल में कई वर्षों तक वाम मोर्चा शासन का इतिहास रहा है, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का शासन रहा है। सामान्यत: नेतृत्व बनाए

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

रखने या बदलने का निर्णय लेते समय मतदाता अक्सर किसी पार्टी के ट्रैक रिकॉर्ड और प्रदर्शन पर विचार करते हैं। दिल्ली से भौगोलिक दूरी, भाषाई भिन्नता के अलावा 1977 के बाद उस समय तक की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दायरा सीमित हो जाने पर क्षेत्रीय दलों ने ठीक दक्षिणी भारतीय राज्यों की भांति राज्य में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया और लोक मानस में भी राज्य स्तरीय विषयों में क्षेत्रीय दलों से ही आकांक्षाओं की पूर्ति की स्थायी मनोवृत्ति ने घर बना लिया. वहाँ के मतदाता अक्सर स्थानीय मुद्दों से प्रभावित रहते हैं अर्थात राष्ट्रीय मुद्दे उनके राज्य सरकार के चयन में महत्वपूर्ण नहीं हैं और ज्योति बासु जैसे मुख्यमंत्री या राजनीतिक नेता की लोकप्रियता ने मतदाताओं की राय को बहुत प्रभावित किया हैं, यहाँ एक मजबूत और करिश्माई नेता के लिए बसू ने दीर्घकालिक समर्थन प्राप्ति का बीज मुख्यमंत्रियों में बो दिया है। यहाँ एक कारक यह भी संभव है कि बंगाली मतदाताओं के पास कोई विश्वसनीय विकल्प नहीं है या सामान्यतया राज्य राजनीति में सरकार न बदलने की प्रवृत्ति के कारण विपक्ष बहुत बिखरा रहा हुआ है, तो ऐसा विपक्ष भी सत्ताधारी के साथ हित साधना के विकल्प को चुन सकता हैं।

योगेन्द्र यादव ने 2021 में लिखा था कि वे चिन्तित हैं 'इसलिए नहीं कि मैं विशेष रूप से इस बात पर केंद्रित हूं कि यह चुनाव कौन जीतता है या कौन हारता है...वामपंथ का खात्मा और कांग्रेस का लगातार अप्रासंगिक होना अब बंगाल की राजनीति का खाका बन गया है।'[1] वे पूर्व दृष्टान्त से निगमित करते हैं कि 'मुझे चिंता है क्योंकि पश्चिम बंगाल में पहले से ही एक मिसाल मौजूद है। 1972 में हुए कुख्यात विधानसभा चुनाव को व्यापक रूप से निष्पक्ष चुनाव कराने के भारत के अपेक्षाकृत साफ रिकॉर्ड पर एक धब्बा माना जाता है। उस चुनाव में, इंदिरा गांधी की कांग्रेस – इसे उस समय कांग्रेस (आर) कहा जाता था – ने भारी जीत दर्ज की और 280 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) या सीपीआई (एम) को केवल 14 सीटों पर सीमित कर दिया। यदि आप वाम समर्थक मीडिया और शिक्षाविदों की मानें तो पूरा चुनाव 'धांधली' था।...'कांग्रेस ने कठोर रणनीति का इस्तेमाल किया, मतदाताओं को कथित तौर पर दूर कर दिया गया और बूथ पर कब्जा कर लिया गया।'[2] इसी प्रकार राज्य में प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पास क्षेत्रीय क्षत्रप खड़ा न कर पाने की स्थिति भी इसी मत को पुष्ट करती है की वहां मजबूत विपक्ष खड़ा करने में सशक्त राष्ट्रीय दल भाजपा आज भी सफल नहीं हो पाई. राज्य में उड़ीसा की बीजेडी की ही भांति जमीन स्तर पर क्षेत्रीय दल टीएमसी कैडर की मजबूत रणनीति को बेअसर करने के लिए राष्ट्रीय दलों के पास कोई साधन नहीं है।

पूर्वोत्तर राज्यों में त्रिपुरा, मणिपुर, सिक्किम, मिजोरम, नागालैंड इत्यादि में छोटे आकार तथा एक एक लोक सभा सीट होने के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व की वहाँ की राजनीति में अरुचि के कारण सरकारों को एंटी इन्क्म्बेन्सी का सामना नही करना पड़ता, वहीं इन राज्यों की सरकारें दलीय प्रतिबद्धता की बजाय अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्वकारी दल से समझौता कर लेती है तथा इस प्रकार निरंतर सत्तासीन रहती है।

भारतीय राजनीति में कौशल, अनुभव युक्त मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहते या रह चुके शक्तिशाली दावेदारों के पदमुक्ति के दृष्टांत बहुत हैं, जिनसे राजनीति के कुछ सामान्य नियम भी निर्मित किये जा सकते हैं. किसी शक्तिशाली दावेदार के बड़े कद के बावजूद भी पदमुक्त किया जाना या पदासीन न किया जाना, अनेक घटकों पर निर्भर करता है यथा आयु सीमा को पार करना, विधानसभा की सदस्यता न रहना, पार्टी के नेतृत्व का समर्थन न रहना, अपने राज्य या क्षेत्र में प्रशंसा और प्राथमिकता खो देना, परिवर्तित राजनीतिक परिस्थितियों से दल के सत्ता में रहने के बावजूद सहयोगी दलों का नापसंद किया जाना इत्यादि. भारतीय राजनीति में शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्रियों के दरकिनार कर दिए जाने की परिघटना को बहुधा परिलक्षित होते हुए देखा गया है, ऐसे ही उदाहरणों और संदर्भों से राज्य राजनीति के शीर्ष नेतृत्व की कमान दिए जाने के सन्दर्भ में कुछ सामान्य नियमों की स्थापना किया जाना संभव है–

शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्रियों को दरकिनार करने का एक सामान्य कारण अंतर दलीय प्रतिद्वंद्विता है। यदि किसी पार्टी में कई प्रभावशाली नेता हैं, तो आंतरिक सत्ता संघर्ष हो सकता है। ऐसे मामलों में, पार्टी आलाकमान एक नेता को दूसरे नेताओं पर प्राथमिकता देने का विकल्प चुन सकता है, जिससे कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों को दरकिनार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में सोनिया गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं के बीच प्रतिद्वंद्विता के कारण कुछ प्रभावशाली मुख्यमंत्रियों को किनारे कर दिया गया. पृथ्वीराज चौहान ने 2010 से 2014 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में काम किया, वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आइएनसी) के सदस्य थे और सोनिया गांधी के करीबी थे, लेकिन उनके और शरद पवार के बीच मतभेदों से 2014 में मुख्यमंत्री के पद से उन्हें हटना पड़ा। इसी प्रकार अशोक चव्हाण, जो महाराष्ट्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक रहे है। उन्होंने 8 दिसंबर 20083 से 9 नवंबर 2010 तक महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। 9 नवंबर 2010 को, कांग्रेस पार्टी ने उन्हें आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोपों पर पद से इस्तीफा देने के लिए कहा। नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के बाद, विलासराव देशमुख ने नैतिक जिम्मेदारी ली और इस्तीफे की पेशकश की, जिसे पार्टी ने स्वीकार कर लिया और चव्हाण को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया।[4] 2009 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बार फिर चव्हाण को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया।

**पार्टी नेतृत्व में बदलाव या क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय फोकस:** पार्टियों को अक्सर क्षेत्रीय अपील वाले नेताओं और राष्ट्रीय दृष्टिकोण वाले नेताओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता होती है। यदि पार्टी के लक्ष्यों का दायरा अधिक राष्ट्रीय है, तो मुख्य रूप से अपने राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्रियों को दरकिनार किया जा सकता है। उदाहरणत: उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को, जब उनके बेटे अखिलेश यादव ने पार्टी की छवि के आधुनिकीकरण का लक्ष्य रखा तो समाजवादी पार्टी के भीतर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव के साथ गठबंधन करने वाले नेताओं को दरकिनार करते हुए पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

**वैचारिक बदलाव:** पार्टियां कभी–कभी वैचारिक बदलाव या रीब्रांडिंग प्रयासों से गुजरती हैं। जिन पूर्व मुख्यमंत्रियों की विचारधारा पार्टी की नई दिशा के साथ मेल नहीं खाती, वे खुद को हाशिए पर पा सकते हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) में वैचारिक बदलाव देखा गया है और जो नेता पुराने मार्क्सवादी सिद्धांतों का पालन करते हैं, उन्हें कभी–कभी अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वालों के पक्ष में दरकिनार कर दिया

गया है। गठबंधन सरकार में, विभिन्न दलों के पूर्व मुख्यमंत्रियों को जटिल सत्ता-साझाकरण व्यवस्था से गुजरना पड़ सकता है। इससे उनकी प्रभाव जमाने की क्षमता सीमित हो सकती है और परिणामस्वरूप उन्हें दरकिनार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए राज्य स्तर पर गठबंधन सरकारों में, पूर्व मुख्यमंत्रियों को अक्सर अपने गठबंधन सहयोगियों के एजेंडे की सीमाओं के भीतर काम करना पड़ता है, जो उनकी स्वायत्तता और प्रभाव को सीमित कर सकता है। उम्रदराज पूर्व मुख्यमंत्रियों को अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर अगर पार्टी के भीतर पीढ़ीगत बदलाव की आवश्यकता हो, काफी बार पुराने नेताओं को दरकिनार करते हुए युवा नेताओं को प्रमुख भूमिकाएँ निभाने के लिए पदोन्नत किया जाता है, जैसे कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) पार्टी में एच.डी. देवगौड़ा से नेतृत्व परिवर्तन करके बेटों एच.डी. कुमारस्वामी और एच.डी. रेवन्ना ने पीढ़ीगत परिवर्तन को प्रतिबिंबित किया। गठबंधन सरकारों वाले राज्यों में, छोटे गठबंधन सहयोगियों के पूर्व मुख्यमंत्रियों को प्रमुख पार्टी के लोगों की तुलना में खुद को सीमित राजनीतिक ताकत मिल सकती है। उनके नीतिगत निर्णय और एजेंडे पर बड़े गठबंधन साझेदार का प्रभाव पड़ सकता है, जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में भाजपा और पीडीपी की गठबंधन सरकार में पीडीपी की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को भाजपा की तुलना में अपने एजेंडे पर जोर देने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

लगभग हर बार दल एवं मुख्यमंत्री परिवर्तित करने वाली उड़ीसा की जनता ने बीजू जनता दल को 4 बार लगातार विजयी बनाते हुए नवीन पटनायक को अपना मुख्यमंत्री चुना, जबकि इस दौरान भी केंद्र सरकार के लिए जनता के मूड और भावनाओं में बदलाव आते रहे । ज्योति बासु और नरेन्द्र मोदी के प्रकरण भी इसी प्रतिमान के अनुपम उदहारण हैं. मजबूत क्षेत्रीय नेता राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने पर भी अपना प्रभाव बनाए रख सकते हैं, दिल्ली की अस्थिर सरकारों के बीच शीला दीक्षित का 98 से 2013 तक लगातार 3 बार मुख्यमंत्री बनना भी ऐसा ही उदाहरण है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक गतिशीलता लगातार विकसित हो रही है और विशिष्ट परिस्थितियों और विकास के आधार पर व्यक्तिगत मामले भिन्न हो सकते हैं।

**पार्टी अनुशासन और वफादारी:** भारतीय राजनीति में सख्त पार्टी अनुशासन और वफादारी बनाए रखना सर्वोपरि है। पूर्व मुख्यमंत्री जो सार्वजनिक रूप से अपनी ही पार्टी या उसके नेतृत्व की आलोचना करते हैं, वे खुद को दरकिनार कर सकते हैं क्योंकि उनके कार्यों को पार्टी की एकता के लिए हानिकारक माना जा सकता है। उदाहरण लिए पूर्व मुख्यमंत्रियों, यशवंत सिन्हा और शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नेताओं को पार्टी के नेतृत्व और निर्णयों की खुलेआम आलोचना करने के लिए भाजपा के भीतर परिणाम भुगतने पड़े।

**राजनीतिक गठबंधन:** राजनीतिक गठबंधन का गठन, विशेषकर राष्ट्रीय स्तर पर, भूमिका को प्रभावित कर सकता है और पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रासंगिकता. पार्टियों को गठबंधन सहयोगियों को समायोजित करने की आवश्यकता हो सकती है, जो व्यक्तिगत नेताओं की प्रमुखता को प्रभावित कर सकता है। पार्टी के नियम और संरचनाएं भी पूर्व मुख्यमंत्रियों की भूमिका को प्रभावित कर सकती हैं। कुछ पार्टियों में सख्त पदानुक्रम और निर्णय लेने की प्रक्रियाएँ होती हैं जो क्षेत्रीय नेताओं की स्वायत्तता को सीमित करती हैं। उदाहरणतः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में एक केंद्रीकृत निर्णय लेने की संरचना है, जो पार्टी के राष्ट्रीय एजेंडे में क्षेत्रीय नेताओं की भूमिका को प्रभावित करती है। ये अतिरिक्त कारक भारतीय राजनीति की जटिलता को और स्पष्ट करते हैं और बताते हैं कि कैसे पूर्व मुख्यमंत्री एक गतिशील परिदृश्य को पार करते हैं।

**व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण:** पूर्व मुख्यमंत्रियों का व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण उनकी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रभाव डाल सकता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं या व्यक्तिगत असफलताएं राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल होने की उनकी क्षमता को सीमित कर सकती हैं। मनोहर पर्रिकर जैसे नेताओं को स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिससे उनकी राजनीतिक भूमिकाएँ प्रभावित हुईं। स्थानीय नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जमीनी स्तर पर समर्थन और संपर्क बनाए रखना महत्वपूर्ण हो सकता है। जो पूर्व मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से संपर्क खो देते हैं, उनके लिए अपना प्रभाव कायम करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उदाहरणतः नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने अपनी पार्टियों के भीतर मजबूत जमीनी स्तर का समर्थन हासिल किया है, जिससे उन्हें अपनी राजनीतिक स्थिति बनाए रखने में मदद मिली है।

भारतीय राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्रियों की भूमिका और प्रासंगिकता को प्रभावित करने वाले बहुआयामी कारकों को समझने के लिए क्षेत्रीय गतिशीलता, दलीय संरचना, व्यक्तिगत नेतृत्व गुण सहित राज्य एवं प्रभावित करने वाले राज्येतर राजनीतिक परिदृश्य के समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कुछ अन्य प्रच्छन्न कारक भी राजनीति की जटिल और लगातार बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हैं, जहां राजनेताओं को अपनी राजनीतिक स्थिति बनाए रखने के लिए प्रभावों और चुनौतियों के एक जटिल जाल से गुजरना पड़ता है।

कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों को अपना प्रभाव बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पडा, बाद के चुनावों में चुनावी प्रदर्शन का उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, लगातार चुनावी जीत उनकी स्थिति को मजबूत कर सकती है, जबकि हार उनके प्रभाव को कम कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री जो संकट प्रबंधन में उत्कृष्टता रखते हैं, उदाहरण के लिए नवीन पटनायक के ओडिशा में चक्रवातों और आपदा राहत प्रयासों के प्रभावी प्रबंधन ने एक सक्षम नेता के रूप में उनकी छवि को मजबूत किया । जो पूर्व मुख्यमंत्री चुनौतियों के सामने दृढ़ और अविचल रहते हैं, वे राजनीतिक तूफानों का सामना कर सकते हैं और अपनी प्रासंगिकता बनाए रख सकते हैं। जिन नेताओं में खुद को पुनर्निर्मित करने और बदलते राजनीतिक परिदृश्य के साथ विकसित होने की क्षमता है, वे प्रभावशाली भूमिका निभाना जारी रख सकते हैं, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद को एक राष्ट्रीय नेता के रूप में पुनः स्थापित किया और भारत के प्रधानमंत्री बने। ये अतिरिक्त कारक इस बात पर जोर देते हैं कि राजनीतिक प्रभाव पूरी तरह से किसी की पिछली स्थिति से निर्धारित नहीं होता है, बल्कि अनुकूलन क्षमता, लचीलापन और उभरती राजनीतिक वास्तविकताओं के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता से भी निर्धारित होता है। जो नेता इन कारकों से प्रभावी ढंग से निपटते हैं, वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के बाद भी लंबे समय तक भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण व्यक्ति बने रह सकते हैं। जो नेता नागरिक समाज संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ते हैं, वे जमीनी स्तर की चिंताओं और मुद्दों से जुड़े रह सकते हैं। नागरिक समाज संगठनों के साथ नीतीश कुमार के जुड़ाव ने उन्हें सामाजिक

RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

और विकास चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने की अनुमति दी है।

वहीं जो नेता तकनीकी प्रगति और डिजिटल शासन उपकरणों को अपनाते हैं, वे प्रगति और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर जनमानस में अपने लिए लम्बे समय तक छाप छोड़ने में सफल रहते हैं जैसे चंद्रबाबू नायडू के प्रौद्योगिकी–संचालित शासन पर ध्यान देने के कारण उन्हें ष्साइबर बाबूष उपनाम मिला, जिन्होंने तीन कार्यकाल के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया. उनका कार्यकाल 1 सितंबर 1995 से 11 अक्टूबर 1999, दूसरा कार्यकाल 11 अक्टूबर 1999 सेर 13 मई 2004 तक रहा.5 10 वर्षों के बाद, उनका तीसरा कार्यकाल 2014 से 2019 तक रहा. नायडू ने सूचना–प्रौद्योगिकी, नवाचार और जैव–प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे कल्याण उन्मुख शासन के बजाय आर्थिक सुधार और उदारीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ, साथ ही कृषि और सिंचाई पर थोड़ा सा ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें प्रौद्योगिकी और कृषि के एकीकरण पर जोर दिया गया, नायडू ने सभी राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में लगभग 24% रिकॉर्ड वृद्धि के साथ सर्वश्रेष्ठ पर्यटन प्रदर्शन करने वाले राज्य का सम्मान जीता।[6] रियल टाइम गवर्नेंस सोसाइटी नायडू की एक भारतीय ई–गवर्नेंस पहल है।[7] आंध्र प्रदेश में एन. चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने कमजोर समूहों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा स्विट्जरलैंड के दावोस से प्रकाशित वर्ल्ड लिंक पत्रिका ने उन्हें राजनीतिक नेताओं की अपनी 'ड्रीम कैबिनेट' में शामिल किया।[8]

ये समसामयिक रणनीतियाँ शासन की उभरती प्रकृति और उभरते मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता पर जोर देती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जो इन दृष्टिकोणों को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, वे अपने राज्यों के विकास और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकते हैं, लगातार बदलते राजनीतिक परिदृश्य में प्रभावशाली और प्रासंगिक बने रह सकते हैं। भारतीय राजनीति में शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्रियों को कैसे दरकिनार किया जाता है, इसकी गतिशीलता को समझने के लिए विशिष्ट मामलों, पार्टी संरचनाओं, क्षेत्रीय कारकों और व्यक्तिगत नेतृत्व शैलियों के सूक्ष्म विश्लेषण की आवश्यकता है, यह संभव है कि वसुंधरा राजे और शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री बनने के लिए आगे मौका नहीं दिया गया क्योंकि उन्होंने अपनी–अपनी पार्टियों के शीर्ष नेता के लिए संभावित चुनौती या प्रतिद्वंद्विता पेश की थी। कई राजनीतिक संदर्भों में, पार्टियाँ ऐसे व्यक्तियों को बढ़ावा देने से बचना पसंद कर सकती हैं जो संभावित रूप से मौजूदा नेतृत्व पदानुक्रम को चुनौती दे सकते हैं या पार्टी की आंतरिक गतिशीलता को बाधित कर सकते हैं। यह निर्णय विभिन्न कारकों से प्रभावित हो सकता है, जिसमें पार्टी की एकता बनाए रखने, आंतरिक सत्ता संघर्ष को रोकने या वर्तमान नेतृत्व के अधिकार को संरक्षित करने की चिंताएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, शीर्ष नेता उन लोगों को बढ़ावा देना पसंद कर सकते हैं जो पार्टी के भीतर स्वतंत्र शक्ति केंद्र के रूप में उभरने के बजाय अपने स्वयं के दृष्टिकोण और एजेंडे के साथ अधिक जुड़े हुए हैं। प्रत्येक राजनीतिक नेता की यात्रा अनोखी होती है, जो इन कारकों और उनकी व्यक्तिगत पसंद और रणनीतियों के संयोजन से प्रभावित होती है। इन गतिशीलता में व्यापक अंतर्दृष्टि राजनीतिक जीवनियों, अकादमिक अनुसंधान और विशिष्ट राजनीतिक परिदृश्यों और विकासों के विश्लेषण में पाई जा सकती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. योगेन्द्र यादव– `I worry about the coming assembly election in West Bengal', https://theprint.in/opinion/i-worry-about-2021-bengal-election-you-should-too-yogendra-yadav/610830/
2. योगेन्द्र यादव– उपर्युक्त
3. 'अशोक चव्हाण बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री'। रीडिफ। 5 दिसंबर 2008
4. 'कांग्रेस ने तीनों मुख्यमंत्रियों को बरकरार रखा, खांडू, हुव ने ली शपथ'। रीडिफ। 25 अक्टूबर 2009
5. एन चंद्रबाबू नायडू टाइम लाइन, एनसीबीएन.इन
6. एस., नागेश कुमार (24 अक्टूबर 2003)। 'एक विस्फोट और उसका सदमा'। अग्रिम पंक्ति . 4 अप्रैल 2021 को मूल से संग्रहीत
7. 'कैश के बदले वोट मामला: केसीआर–नायडू युद्ध बढ़ा' –इंडिया टुडे : 9 जून 2015
8. https://www.downtoearth.org.in/coverage/the-lone-crusader-19330

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पातालकोट की भारिया जनजाति की प्रमुख समस्याएँ एवं समाधान के उपायों का अध्ययन

**अनुराग सोनी***

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** पातालकोट लगभग 3000 फीट धरती के नीचे है। यहां 12 गांव बसे हैं। इस विंहगम घाटी में रहने वाले गोंड़ एवं भारिया जनजाति के लोग है। कुछ गावों में धूप के भी दर्शन नहीं होते हमेशा बदली सी रहने के कारण अंधेरा छाया रहता है। दोपहर को थोड़ा बहुत उजाला देखने को मिल जाता हे। प्रारंभ में रहने वाले लोग पहले बिना वस्त्रों के रहा करते थे और जंगली जानवरों को मारकर भोजन करते थे। मगर धीरे-धीरे विकास हो रहा है। शहरी लोगों के संपर्क के आने के फलस्वरूप इनकी जीवन शैली में तेजी से बदलाव आ रहा है। इन जनजातियों के घर आज भी घास फूस के बने हुये है। इस क्षेत्र में विभिन्न जड़ी-बूटियाँ पाई जाती है। जड़ी बूटियों का उपयोग भारिया जनजाति के लोग ईलाज के लिए करते है। यहां के लोग आम के पेड़ खूब उगाते है। महुआ की सब्जी एवं आम की गुठली की रोटी यहां के लोगों का मन पसन्द भोजन है। पातालकोट में सबसे ज्यादा सम्मान वैध का होता है। जिसे भुमका कहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि यहां के लोग कम बीमार होते है। कोई बीमार हुआ तो वैध उनका जड़ी बूटियों से ईलाज कर देता है। अपने लिए जरूरी वस्तुएँ खरीदने के लिए ये लोग 20 कि0मी0 दूर सामिया तहसील के बाजार में जाते है। वहीं ये लोग जड़ी बूटियाँ बेचते हैं और जरूरत का सामान खरीद लाते हैं।

पातालकोट में रहने वाली भारिया जनजाति की शिक्षा का स्तर बहुत निम्न है। शैक्षणिक संस्थानों का भी प्रभाव है। गरीबी, के कारण भी भारिया जनजाति के बच्चों में पढ़ाई के प्रति भी रूचि नहीं दिखाई देती है। उच्च शिक्षा का भी अभाव है। सरकार को पातालकोट में रहने वाली अत्यन्त पिछड़ी भारिया जनजाति की शिक्षा के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए तभी इनकी शिक्षा के स्तर में सुधार संभव है।

पातालकोट क्षेत्र के भारिया आदिवासी की समाजिक संरचना की इकाई व्यक्ति है। इनका समाज पुरूष प्रधान है। वैसे इनका समाज संयुक्त परिवार में रहना पसंद करता है। किंतु व्यक्ति चाहे तो स्वतंत्र निर्णय कर अलग घर बसा सकता है। इसके आलावा इनके समाज की यह परम्परा भी है कि यदि परिवार में कोई लड़का नहीं है तो ये लोग दामाद को अपने यहां रख लेते हैं। बड़ा परिवार इनके यहां शान माना जाता है। अधिकांश इनकी रिश्तेदारी आसपास के गांवों तक ही सीमित है। इनके यहां 51 गोत्र हैं किंतु पातालकोट में रहने वाले भारिया 12 गोत्र वाले ही मिलते हैं। इनके यहां सगोत्र में विवाह नहीं होते। इनका उल्लंघन करने पर समाज उनको कठोर दण्ड देने का प्रावधान करता हे।

आर्थिक स्थिति का आकलन करे तो यहां के लोग वनो पर ज्यादा निर्भर है। आर्थिक दृष्टि से यहां के लोग कमजोर है। आर्थिक संरचना के 4 प्रमुख घटक है। (1) प्रकृति संसाधन या वन संपदा (2) कृषि (3) श्रम कार्य (4) पशुपालन एवं शिकार। जंगलों से इन्हे दो प्रकार के वनोपज प्राप्त होते हैं। एक तो वनोपज को ये भोज्य सामग्री के रूप में उपभोग करते हैं दूसरी वनोपज को बेंचकर प्राप्त धन से अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। कृषि भारिया जनजाति दूसरा आर्थिक संसाधन हैं। किंतु पातालकोट की घाटी की विषय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कृषि से पूर्णरूप से लाभान्वित नहीं हो पाते हैं। मक्का, कोदो, कुटकी आदि इनकी प्रमुख फसल है। पातालकोट की दुर्गमता के कारण यहाँ पशुपालन भी सही रूप से नहीं हो पाता। गाय, बैल, बकरी मुर्गा आदि यहाँ के लोग पालते है। बैल कृषि कार्य में कार्य में जाये जाते हैं। आर्थिक रूप से भारिया जनजाति के लोगों की आय निम्न होने के कारण शत्प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ मिलाकर कहे तो भारिया जनजाति समाज पातालकोट में आदिम अर्थव्यवस्था के प्राथमिक चरणों में कष्टमय जीवन यापन कर रहा है।

मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा लागू की गई सभी योजनाएं पातालकोट घाटी क्षेत्र के भारिया जनजाति में पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से संचालित की जा रही है। जिसे वहां के निवासियों के माध्यम से संचालित की जा रही है। जिससे वहां के निवासियों की योजनाओं के प्रति रूचि, उसका लाभ उठाने की जिज्ञासा मूलरूप से योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होने की सूचक है। शासन स्तर पर पर्याप्त मदद दी जा रही है। किसी भी स्तर पर भेदभाव देखने को नहीं मिला है। परंतु पातालकोट घाटी क्षेत्र में इन विकास योजनाओं के परिणाम का प्रभाव प्रत्येक जनपद पंचायतों में अलग-अलग देखने को मिला है। जिसके कारण के रूप में जन जागरूकता एवं शिक्षा का आभाव, जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व क्षमता भारिया आदिम जनजाति निवासियों में मद्यपान का होना महिलाओं की संगठन क्षमता तथा पातालकोट घाटी क्षेत्र में अंधविश्वस का होना आदि है। पातालकोट घाटी क्षेत्र में भारिया जनजाति के विकास के लिए म0प्र0 राज्य सरकार की भूमिका अहम् है। साथ ही भारिया जनजाति विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। पातालकोट घाटी क्षेत्र में ग्राम पंचायतों को अपने विकास के लिए स्वयं की ओर से भी प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक कार्य के लिए राज्य सरकार से अपेक्षा करना भी उचित नहीं है। परंतु इन विकास योजनाओं की सार्थकता तब तक सिद्ध नहीं हो सकती जब तक वास्तविक पातालकोट घाटी क्षेत्र में भारिया जनजाति हितग्राहियों को शत प्रतिशत

लाभ नहीं मिल जाता है।

**भारिया जनजाति की प्रमुख समस्याएँ-** आजादी के 75 वर्ष के पश्चात् भी भारिया जनजाति विशेष रूप से पातालकोट क्षेत्र के विकास हेतु किए गए शासकीय प्रयासों के फलस्वरूप इस वर्ग की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में कुछ सुधार तो दिखाई देता है किंतु उनके विकास की गति अत्यन्त धीमी है। आज भी यह क्षेत्र और यहाँ रहने वाले भारिया जनजाति को मूलभूत समस्याएँ पानी, सड़क, बिजली, खान-पान की वस्तुएँ, रोजगार के साधन, पलायन, चिकित्सा, शिक्षा का आभाव आदि समस्याएँ घेरे हुये है। यहां की जनजाति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। यहाँ के लोग केवल गुजारे की अर्थव्यवस्था पर जी रहे हैं।

पातालकोट के भारिया जनजाति के लोगों की समस्याएँ अन्य आदिवासी समाज की समस्याओं की तुलना में काफी भिन्न है। इसका मुख्य कारण यह है कि जनजातीय समुदाय विकास को विभिन्न अवस्थाओं से अभी तक गुजर नहीं पाई है जैसा अन्य आदिवासी समाज या अन्य समाज के लोग प्रयास कर चुके हैं।

प्रस्तुत शोध प्रबंध के माध्यम से भारिया जनजाति विशेषकर पातालकोट क्षेत्र पर अध्यापन करने के पश्चात् इन जनजाति के आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु शासकीय एवं गैर सामाजिक संगठनों की सफलता एवं विफलता के विभिन्न क्रियात्मक समस्याओं को परिभाषित किया गया है। जो निम्नानुसार है।

1. **दुर्गम स्थानों का होना** - पातालकोट में 12 गांवों के लोग सदियों से दुर्गम स्थानों पर निवास करते आये है जो अन्य समाज से दूर एवं एकांत में है। इस कारण उपका संपर्क समाज की मुख्यधारा से नहीं हो पाया है। इस कारण भारिया लोगों को जीवनयापन तथा विकास के संसाधन जुटाने में बड़ी समस्या होती है।

2. **शिक्षा का अभाव** - निर्धनता एवं अनपढ़ होने के कारण जनजातीय लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजने के स्थान पर मजदूरी या खेती के कार्य में या वनोपज संग्रह कराने में लगा देते है जिससे वे अशिक्षित या छोटी कक्षा तक ही पढ़ पाते हैं। जो बच्चे स्कूल जाते भी है वे बीच में ही स्कूल जाना बंद कर देते हैं। जो बच्चे पढ़ लिख जाते हैं उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं वे इस क्षेत्र को छोड़कर चले जाते हैं। फलस्वरूप उन्हे उसका साथ नहीं मिल पाता।

3. **चिकित्सा सुविधाओं का अभाव** - भारिया जनजाति के लोग दुर्गम स्थानो पर निवास करने की वजह से शासन स्तर पर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ये लोग जड़ी बूटियों या झाड़फूंक द्वारा इलाज करते हैं। यदि स्वास्थ्य केन्द्र खोले भी गए है वहां या तो डॉक्टर नहीं है यदि डॉक्टर है तो दवाईयाँ नहीं है। अत: पातालकोट क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा का अभाव है।

4. **गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन** - पतालकोट क्षेत्र के भारिया जनजाति अत्यन्त पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में आती है विकास योजनाओं का लाभ इन्हे जैसा मिलना चाहिए वैसा आज भी नहीं मिल रहा है। फलस्वरूप ये लोग गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन गुजार रहे है। दुर्गम स्थानों में निवास करने के कारण इन्हे वांछित सुविधायें नहीं मिल पा रही है या योजनाएँ इनके लिए विफल हो रही है।

5. **रोजगार की व्यवस्था** - पातालकोट के आदिवासी जंगलों पर ही निर्भर है। जंगल घटते जा रहे है। खेती पर्याप्त नहीं हो पा रही है। वनो में पर्याप्त वनोपज पैदा नहीं हो पा रह है। वनों पर सरकार का नियंत्रण नहीं होने से यहां के लोंगों में रोजगार की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। अधिकांश जनजातीय लोग भूमिहीन है जो केवल मजदूरी पर ही निर्भर है।

6. **परम्परागस कुटीर उद्योगों का बंद हो जाना** - भारिया जनजाति के लोग टोकरी बनाने, चटाई बनाने, बांस एवं लकड़ी का सामान बनाने, दस्तकारी तथा खिलौने बनाने आदि से अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर लेता था। आधुनिक प्लास्टिक - पेपर युग ने इन छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों को बंद कर दिया। लोंगों द्वारा इनके कुटीर उद्योगों से बनी चीजों को नहीं लेने के कारण बेरोजगारी की नई समस्या उत्पन्न हो गई है।

7. **मद्यपान की समस्या** - भारिया जनजाति में मद्यपान का प्रचलन है ये लोग हर मौके पर या त्यौहार आदि में शराब का सेवन करते हैं। बच्चे, युवा बुजुर्ग, और औरत सभी शराब का सेवन करते हैं। पहले ये लोग स्वयं ही शराब बना लेते थे किंतु सकरार द्वारा प्रतिबंध के कारण इनके आय का एक हिस्सा शराब पर खर्च हो जाता है। सभ्यता के नए तौर तरीको कारण मद्यपान का प्रचलन और बढ़ गया।

8. **सिंचाई सुविधाओं का अभाव** - ऊँची-नीची पहाड़ियों पर सिंचाई की सुविधाओं को उपलब्ध कराना कठिन है। पातालकोट में भी यही समस्या के चलते यहां सिंचाई सुविधाओं का आभाव है। नई तकनीकि से ही सुविधाएं बढ़ सकती है।

9. **बाल विवाह का प्रचलन** - आदिवासी समूहों में आज भी छोटी उम्र में विवाह करने की प्रथा है। ये लोग आज के वैज्ञानिक युग में भी इसे उचित मानते है। फलस्वरूप बच्चों का शारीरिक-मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। आगे चलकर अनेक समस्याएँ आ जाती है। इसका प्रभाव आर्थिक स्तर पर भी पड़ता है।

10. **पलायन की समस्या** - पातालकोट के आदिवासी रोजगार की तालाश में शहरों में चले जाते है। फलस्वरूप उनका परिवार से सम्पर्क एवं लगाव कम होने लगता है। फलस्वरूप पारिवारिक विघटन की समस्या उत्पन्न होने लगती है। प्राय: यह देखा जा रहा है कि जनजातीय समाज का एक समूह अपना क्षेत्र, घर, परिवार छोड़कर शहरों में बस गया है।

11. **चुनाव में मतदान की समस्या**-पातालकोट में लोकसभा या विधानसभा या अन्य चुनावों में मतदान कराना प्रशासन के लिए सबसे बड़ी समस्या है। अधिकतर गांवों में सड़क नहीं है। मतदाताओं को कच्चे रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। पातालकोट के लोगों ने बताया कि-'पहले वो उन्हे पातालकोट से निकलकर ऊपर के गांव में वोट करना होता था लेकिन अब प्रशासन ने चार पोलिंग बूथ बना दिया है। 12 गांव के आदिवासी वोट डालने के लिए पहुंचते हैं इनमें से अधिकतर गांव में सड़क नहीं है। इसकी वजह से लोगों को पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। अधिकतर घर पहाड़ों पर दूर दूर है जिसकी वजह से सड़कों का निर्माण कराना भी कठिन है।

12. **पक्की सड़क की समस्या** - 3000 फिट जमीन से नीचे होने के कारण तथा ऊँची नीची पहाड़ियों के कारण 12 गांवों में से 6 गांवों में पक्की सड़क नहीं है। बरसात के मौसम में तो और परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां के लोगों को पंगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। कुछ गांव जरूर पक्की सड़कों से जुड़ गए है। किंतु पूर्ण सुविधाजनक नहीं है।

13. **पीने के पानी की समस्या** - पातालकोट के आदिवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। तालाब ढाना के रहने वाले सभी परिवार पीने के पानी के लिए हर रोज लंबा सफर करते है। करीब दो किलोमीटर चलने के बाद एक गंदे नाले से पीने का पानी लाते हैं। यहां के

भारिया शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। पीने के पानी के लिए यहां कोई भी इंतजाम सरकार ने नहीं किया है। तालाब ढाना में कुल 100 परिवार रहते है। फिलहाल यह लोग पेयजल संकट से जुझ रहे है। योजना तो सरकार द्वारा बनाई गई लेकिन पानी नहीं पहुँचा।

**पातालकोटकीभारियाजनजातिके समाधान के लिए उपाय:**

1. पीने के पानी की समस्या का समाधान प्राथमिक स्तर पर सर्वप्रथम करने के लिए नीति बनाते हुए किया जाये जिन गांवों में एवं जिस जगह समस्या हो वहां पहले क्रम में पानी की समस्या का समाधान किया जाए।
2. चिकित्सा के लिए प्रत्येक गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से दवाईयां उपलब्ध करायी जाये। लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाए ये लोग झाड़, फूंक, टोना टोटका का सहारा न ले ऐसी जागरूकता इनमें लाने का प्रयास करें। सामाजिक संगठन इस कार्य में सहयोग कर सकते हैं।
3. शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था हो। साथ ही शिक्षित होने के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। बच्चे स्कूल क्यों नहीं आ रहे। नहीं आने का उचित कारण खोला जाए और उस पर उचित ढंग से कार्यक्रम बने जिससे बच्चे स्कूल जाने के प्रति जागरूक हो जाए।
4. पातालकोट में भारिया जनजाति की आर्थिक समस्याएँ आज भी गंभीर है। इसका समाधान करने के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करते हुए स्वरोजगार हेतु पहल सर्वोच्च स्तर पर की जाए। कुटीर उद्योगों के माध्यम से वस्तुएं बनाई जाए एवं उसकी बिक्री के लिए उचित व्यवस्था की जाए। इस क्षेत्र में कृषि की नई तकनीकी का भी विकास किया जाए। शिक्षा द्वारा पशुपालन, मुर्गीपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन एवं अन्य स्वरोजगार को भी प्राथमिक स्तर पर प्रोत्साहन दिया जा सकता है।
5. भारिया जनजाति के लोग संकोची एवं संतोषी होते है। उनमें धर्नाजन करने या व्यवसाय करने की पृवत्ति नहीं पाई जाती। अत: उन्हे उद्यमी बनाने तथा व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाने हेतु जागरूक किया जाए।
6. शासकीय सहायता देने के स्थान पर ऐसी योजनाएँ बनाई जाए ताकि आदिवासी आत्मनिर्भर बनकर स्वयं का एवं परिवार का विकास करते हुए उच्च जीवन स्तर को प्राप्त कर सके।
7. भारिया जनजाति के लोगों को विकास हेतु स्वालम्बी बनाया जाना चाहिए। साथ ही उन्हे सहभागिता, सहकारिता एवं पारस्परिक सहयोग की प्रेरणा देनी होगी जिससे वे स्वाभिमान तथा आत्मनिर्भर भी बन सके।
8. पातालकोट के जनजातीय समाज की सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए जनजातीय नेताओं की सहायता से सामाजिक परिवर्तन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। जनजातीय समस्याओं के समाधान के लिए जनजातीय लोगों को आगे आना होगा।
9. भारिया जनजाति के लिए शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता के आधार पर नियुक्तियां देना जरूरी है। इसी तरह राजनीतिक दलों के लिए ऐसी आचार संहिता बनाई जाए जिससे वे अपने लाभ के लिए इन्हे भड़का न सके।
10. वन संबंधी ऐसे कानून बनाये जाए जिससे आदिवासी समाज वनों से वनोपज प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सके।
11. आदिवासी विकास के कार्यक्रमों की सतत जांच एवं निगरानी रखने की आवश्यकता है।
12. आदिवासी की विकास योजनाओं में सक्रिय आदिवासियों की सहभागिता जरूरी है तभी विकास योजनाओं सफल हो सकती है।

निष्कर्ष रूप से देखा जाये तो पातालकोट के भारिया जनजाति के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। भारिया जनजाति के लोग इस परिवर्तन को स्वीकार भी कर रहे हैं। आदिवासियों के विकास की योजनाओं को सही रूप से क्रियान्वियत करने हेतु ईमानदार अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्त किए जाए साथ ही विकास कार्यक्रमों में जनजातीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए तभी सही अर्थो में पातालकोट के आदिवासियों का खाससौर पर भारिया जनजाति के लोगों का सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक विकास के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. ढाकरिया, दिनेश कुमार, भारिया जनजाति में विकास योजनाओं का प्रभाव एवं मूल्यांकन अध्ययन।
2. शर्मा डॉ श्रीनाथ, जनजाति समाजशास्त्र।
3. शोधार्थी के निजी सर्वे द्वारा अध्ययन।
4. वाजपेयी, सरला, आधुनिकीकरण और सामाजिक परिवर्तन (छिन्दवाडा जिले की भारिया जनजाति का अध्ययन)।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# The Study of National Income of India

**Dr. Aruna Sharma* Dr. Ashok Sharma** Dr. Aradhana Shukla*** Pragati Rai******

*HOD & Assistant Professor, Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur (C.G.) INDIA
** Assistant Professor, Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur (C.G.) INDIA
***HOD & Assistant Professor, Vipra Kala Vanijya Avam Sharik Shiksha Mahavidhyalaya, Raipur (C.G.) INDIA
**** Research Scholar, Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur (C.G.) INDIA

**Abstract -** The study is undertaken to study the national income of income .Indian economy is to grow by a robust 7.3% in FY 2023-24 over and above provisional growth rate of 6.55% during the last financial year. Nominal GDP or GDP at current prices in the year 2023-24 is estimated at Rs. 29658 Lakh Crore, as against the provisional estimate of GDP for the year 2022-23 of Rs. 272.41 Lakh Crore, released by 31st may 2023. The growth in real GDP during 2023-24 is estimated at 7.3 percent as compared to 6.55 percent in 2022-23. The GDP value of India represents 1.47 % of the world economy.

**Keywords:** National Income, Gross Domestic Product , Gross National Product, Inflation Rate etc

**Introduction -** The total amount of money earned by all Indian citizens is known as the country's national income. This national income also includes the GDP and GNP. Whereas GNP is the gross national product , GDP is the gross domestic product. Moreover the key determinants of India's national income are the country's savings rate and economic investment. The importance of country's final commodities and services expressed in monetary terms for its citizens is known as its national income. National income data is used to calculate country's overall economic performance. The primary goal of national income is to throw light on overall output and income and give the government a foundation upon which to build policies and programs that will optimize the welfare of the nation's citizens the Indian national income is computed by the Central Statistical Organization.

**Income method -** estimated by addeing all the factors od production (rent, wages, interest, profit) and the mixed income of self-employed.

**Production method -** value added = value of output - value of (non-factor ) inputs

**Expenditure method -** GDP at MP = private's sector's expenditure on final consumer goods + investments or capital formation + govt's expenditure on final consumer goods + (net exports)

**Significance of study:** The study of National income of India is demonstrated by this study, which makes it extremely relevant today. Monetary policy represents an additional crucial tool for accomplishing the goals of macroeconomics policy. In certain nations like India the central Bank (Reserve Bank of India) functions as the government's agent and follows its directive and general policies. In order to strengthen the economy at the financial condition or future output level by influencing the level by aggregate demand, monetary policy relates to changes in the supply and interest rate.

This study will provide relevant result to different research scholars, investigators and concerned institutes. This will also help the policy makers

**Objectives:**

1. To Study The trends of Per Capita Income Of India from financial year 2018-19 to 2022-23.

**Review of literature-**

**प्रस्तावना –** अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा के विकास के लिये संविधान के अनुच्छेद 15 (4) एवं 46 में विशेष प्रावधान दिये गये है। व्यक्ति को धर्म, जाति, वंश या लिंगभेद किये बिना सवैंधानिक समान अधिकार दिये गये है। यह राज्य सरकार को किसी भी सामाजिक या शैक्षिक रूप से पिछडे वर्ग के नागरिकों की प्रगति के लिये प्रावधान किये गये है। शिक्षा राज्य एवं केंद्र दोनों को ही अपने विषय क्षेत्रानुसार शिक्षा का प्रचार-प्रसार का दायितव दिया गया है। केंद्र सरकार उच्च शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं के समन्वयन के अनुरूप जनजातियों को मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति देने के साथ ही बालक-बालिकाओं के लिये छात्रावासों की स्थापना करना आदि है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग केंद्र भी खुलवाने का प्रावधान किया गया है। ये सब कार्यक्रमो के लिये कल्याण मंत्रालय द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता दी जाती है। अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक इंजीनियरिंग कालेजो, मेडिकल कालेजों और केंद्रीय विद्यालयों के लिये साढे सात प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिये विशेष बल दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्तियां, अनुसंधान शिक्षावृत्तियां, छात्रावासों में सीटों का आरक्षण तथा उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार करने के लिये यह महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। लेकिन फिर भी अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग अन्य जातीय समुदाय की तुलना में शिक्षा के क्षेत्र में पिछडे हुये है।

1991 की जनगणना के अनुसार 52.21 प्रतिशत सामान्य साक्षरता की तुलना में अनुसूचित जनजातियों में 29.6 प्रतिशत ही साक्षरता पाई गई। इसे हम सारिणी के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे। जो इस प्रकार से है-

**सारिणी क्रं. – 1: अनुसूचित जनजाति समुदाय में साक्षरता अन्य वर्गो की तुलना में**

| | कुल व्यक्ति प्रतिशत | | पुरूष प्रतिशत | | महिलाप्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1981 | 1991 | 1981 | 1991 | 1981 | 1991 |
| सामान्य | 36.23 | 52.21 | 46.89 | 64.13 | 24.82 | 39.29 |
| अनु. जाति | 21.38 | 37.41 | 31.12 | 49.91 | 10.93 | 23.76 |
| अनु. जनजाति | 16.35 | 29.60 | 24.52 | 40.65 | 8.04 | 18.19 |

उपरोक्त सारिणी से पता चलता है कि अनुसूचित जनजाति में साक्षरता की दर हमेशा से ही कम रही है। इसका मुख्य कारण अनुसूचित जनजातिय समुदाय में पीढी दर पीढी दरिद्रता, गरीबी, के अलावा शिक्षा की विषयवस्तु व पाठयक्रम समझ के बाहर होना, अपर्याप्त शैक्षणिक संस्थायें एव सहायक सेवायें, शिक्षकों की अनुपस्थिति, शिक्षण का माध्यम व शिक्षा नीति ये सभी जिम्मेदार है।

**सारिणी क्रं.- 2: उत्तरदाता को शिक्षा संबंधी समस्या का सामना करने हेतु जानने से संबंधित वर्गीकरण**

| उत्तरदाता | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हां | 267 | 89 प्रतिशत |
| नहीं | 33 | 11 प्रतिशत |
| योग | 300 | 100 प्रतिशत |

**उत्तरदाता को शिक्षा संबंधी समस्या का सामना करने हेतु जानने से संबंधित वर्गीकरण**



उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाता को शिक्षा संबंधी समस्या का सामना करने हेतु जानने से संबंधित वर्गीकरण करने पर प्राप्त हुआ कि 300 उत्तरदाताओं में से 267 लोगों का कहना है कि उनको धन के अभाव के कारण शिक्षा संबंधी समस्या का सामना करना पडा, जिसका 89 प्रतिशत है, जो कि बहुत अधिक है जबकि 33 लोगों का कहना है कि उनको किसी प्रकार का सामना नहीं करना पडा, जिसका 11 प्रतिशत है जो कि बहुत कम है। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश लोगों को शिक्षा संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पडा।

**सारिणी क्रं.– 3: उत्तरदाता से यदि हां तो उसका प्रभाव शिक्षा पर किस प्रकार पडा, जानने से संबंधित वर्गीकरण**

| उत्तरदाता | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|
| शिक्षा बीच में ही छोडनी पडी | 59 | 19.6 प्रतिशत |
| रोजगार नहीं मिला | 52 | 17.4 प्रतिशत |
| आर्थिक स्थिति में गिरावट आई | 31 | 10.3 प्रतिशत |
| जीवनशैली में गिरावट आई | 30 | 10.0 प्रतिशत |
| अन्य कारण | 15 | 5.0 प्रतिशत |
| उपरोक्त सभी | 80 | 26.7 प्रतिशत |
| योग | 267 | 89.0 प्रतिशत |



उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाता से यदि हां तो उसका प्रभाव शिक्षा पर किस प्रकार पडा, जानने से संबंधित वर्गीकरण करने पर ज्ञात हुआ कि 267 उत्तरदाताओं में से 59 लोगों का कहना हे कि उन्हें शिक्षा बीच में ही छोडनी पडी, जिसका 19.6 प्रतिशत है जबकि 52 लोगों का कहना है कि शिक्षा बीच में छूटने से उन्हें रोजगार नहीं मिला, जिसका 17.4 प्रतिशत है। उसी प्रकार 31 लोगों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति में गिरावट आई, जिसका 10.3 प्रतिशत है जबकि 30 लोगों का कहना है कि उनकी जीवनशैली में गिरावट आई, जिसका 10 प्रतिशत है। 15 लोगों का कहना है कि अन्य कारण से समस्या उत्पन्न हुई जिसका 5 प्रतिशत है जो कि सबसे कम है जबकि 80 लोगों का कहना है कि उन्हें उपरोक्त सभी समस्याओं का सामना करना पडा जिसका 26.7 प्रतिशत है, जो कि सर्वाधिक है। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश लोगों को धन के अभाव में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक परेशानियों का सामना करना पडा।

**सारिणी क्रं.–4: उत्तरदाता के परिवार का कोई सदस्य अशिक्षित हो तो उसके बारे में जानने हेतु वर्गीकरण**

| उत्तरदाता | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हां | 235 | 78.3 प्रतिशत |
| नहीं | 65 | 21.7 प्रतिशत |
| योग | 300 | 100.0 |



उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाता के परिवार का कोई सदस्य अशिक्षित हो तो उसके बारे में जानने हेतु वर्गीकरण करने पर ज्ञात हुआ कि अधिकांश उत्तरदाता के यहां कोई न कोई अशिक्षित है जिसकी संख्या 300 में से 235 एवं जिसका 78.3 प्रतिशत है जो कि सर्वाधिक है जबकि 65 लोगों के यहां कोई भी अशिक्षित नहीं है जिसका 21.7 प्रतिशत है जो कि बहुत कम है। इससे स्पष्ट है कि अभी भी गांवों में अशिक्षितों की संख्या अधिक है।

**सारिणी क्रं.– 5: उत्तरदाता के दृष्टिकोण में अनुसूचित जनजाति के उत्थान में शिक्षा का महत्व है या नहीं है, का वर्गीकरण**

| उत्तरदाता | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|
| सहमत | 215 | 71.7 प्रतिशत |
| असहमत | 15 | 5.0 प्रतिशत |
| पूर्ण सहमत | 64 | 21.3 प्रतिशत |
| पूर्ण असहमत | 6 | 2.0 प्रतिशत |
| योग | 300 | 100.0 |



उत्तरदाता का दृष्टिकोण जानने के लिये किये गये सर्वे के अनुसार 300 उत्तरदाताओं में से 215 लोग सहमत है कि अनुसूचित जनजाति के उत्थान में शिक्षा का महत्व है जिसका 71.7 प्रतिशत है जो कि सर्वाधिक है जबकि 15 लोग असहमत है कि अनुसूचित जनजाति के उत्थान में शिक्षा का महत्व है जिसका 5 प्रतिशत है। उसी प्रकार 64 लोग पूर्ण सहमत है जिसका 16 प्रतिशत है जबकि 6 लोग पूर्ण रूप से असहमत है जिसका 2 प्रतिशत है जो कि सबसे कम है। इससे स्पष्ट है कि अधिकतर लोग अनुसूचित जनजाति के उत्थान में शिक्षा का महत्व को समझते है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

**सारिणी क्रं.-6: उत्तरदाता परिवार में शिक्षा ग्रहण करने के बारे में उनकी सोच जानने से संबंधित वर्गीकरण**

| उत्तरदाता | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|
| सभी को शिक्षा अनिवार्य है | 156 | 52.0 प्रतिशत |
| शिक्षा से मानव विकास होता है | 36 | 12.0 प्रतिशत |
| शिक्षा अनिवार्य नहीं है | 9 | 3.0 प्रतिशत |
| शिक्षा अनिवार्य है लेकिन अधिक नहीं | 17 | 5.7 प्रतिशत |
| शिक्षा रोजगार के लिये सहायक है | 14 | 4.7 प्रतिशत |
| शिक्षा से जीवनशैली में बदलाव आता है | 63 | 21.0 प्रतिशत |
| अन्य कारण | 5 | 1.6 प्रतिशत |
| योग | 300 | 100.0 |




उपरोक्त सारिणी में उत्तरदाता परिवार में शिक्षा ग्रहण करने के बारे में उनकी सोच जानने से संबंधित वर्गीकरण करने पर ज्ञात हुआ कि 300 उत्तरदाताओं में से 156 उत्तरदाताओं का मानना है कि शिक्षा सभी के लिये अनिवार्य है जिसका 52 प्रतिशत है जो कि सर्वाधिक है जबकि 36 लोगों का मानना है कि शिक्षा से मानव का विकास होता है जिसका 12 प्रतिशत है। उसी प्रकार 9 लोगों का मानना है कि शिक्षा अनिवार्य नहीं है जिसका 3 प्रतिशत है जबकि 17 लोगों का मानना है कि शिक्षा अनिवार्य तो है लेकिन अधिक नहीं करनी चाहिये जिसका 5.7 प्रतिशत है। एवं 14 लोगों का मानना है कि शिक्षा रोजगार के लिये सहायक है जिसका 4.7 प्रतिशत है जबकि 63 लोगों का मानना है कि शिक्षा से जीवनशैली में बदलाव आता है जिसका 21 प्रतिशत है जबकि 5 लोगों का मानना है कि शिक्षा अन्य कारण से भी आवश्यक है जिसका 1.6 प्रतिशत है जो कि सबसे कम है। इससे स्पष्ट है अधिकतर लोगों का मानना है कि शिक्षा सभी के लिये अनिवार्य है।

**निष्कर्ष:**

1. खरगोन जिले के अधिकांश लोगों को शिक्षा संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पडा।
2. अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना है कि शिक्षा सभी के लिये अनिवार्य है।
3. सर्वेक्षित परिवारों का मानना है कि शिक्षा अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिये अनिवार्य है।
4. जिले के अधिकांश लोगों को धन के अभाव में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक परेशानियों का सामना करना पडा।
5. वर्तमान में खरगोन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी अशिक्षितों की संख्या अधिक है।
6. अशिक्षित होने पर रोजगार न मिलना, उनकी आर्थिाक स्थिति में गिरावट आना के साथ ही उनकी जीवनशैली में भी गिरावट आ गई। इस प्रकार उन्हें अनेकों प्रकार की चुनौतियों एवं समस्याओं का सामना करना पडा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. महाजन, डॉ. संजीव, (2011), ***'आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन',*** अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली
2. मिश्र, उमाशंकर एवं तिवारी, प्रभात कुमार, (1975),***'भारतीय आदिवासी',*** उत्तरप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, लखनऊ
3. मुराब, श्रीमती इन्दु, (1994-95),***'भिलाला जनजाति का संक्षिप्त मानवशास्त्रीय अध्ययन',*** आदिम जाति अनुसंधान, भोपाल, मध्यप्रदेश
4. मेहता महेश कुमार, (1976),***'मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्र में सामुदायिक विकास योजनाओं की प्रगति',*** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश
5. नदीम हसनैन (2000),***'जनजातीय भारत'*** जवाहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली पृ.12
6. प्रसाद डां. दिवाकर (2020),***'आधुनिक भारत में आदिवासी जीवन एवं संघर्ष',*** जे.टी. एस. पब्लिकेशन्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण, पृ.177

*************

# A Study on Academic and Industry Collaboration to Identified and Managing the Skill Gap

Dr. Bhavana Likhitkar*

*Associate Professor, LNCT, Bhopal (M.P.) INDIA

**Abstract** - Academic system certainly believes in development of skill set which are crucial for the interest of job market. For the successful implementation of plan it is the prime responsibility of academic institutes to be in regular contact of industry and the advancement taking place in the demand of skills for recruitment. The alliance of academics and industry can only become beneficial if sincere attention is paid towards the present and future perspectives of education system. Despite of an increase in number of educational institutes since independence, the quality of education is still a big question mark in present era. A close nit alliance between academics and industry can work as a reward and motivation for the education system. A weak interface between academic system and industry is the result of many problem areas. The problem needs to be identified minutely and design of solutions should be drafted to attain objectives of bringing a fruitful alliance of academics and industry.
**Keywords:**Academics, Industry, Alliance, Motivation, Reward, Job market.

**Introduction -** Academic system certainly believes in development of skill set which are crucial for the interest of job market. For the successful implementation of plan it is the prime responsibility of academic institutes to be in regular contact of industry and the advancement taking place in the demand of skills for recruitment.A target set alliance between academics and industry should work as a reward for academic institutes for accomplishing the actual objectives of the education system. The alliance of academics and industry can only become beneficial if sincere attention is paid towards the present and future perspectives of education system. The time has arrived to realize the true objective of education system for bringing academic excellence. It is a point of time to realize the fact that how academics and industry can work for mutual benefits. As one or the other way both are dependent on each other for the attainment of objectives. It seems after so many years of independence that the actual motive of education is missing somewhere. The mushrooming of institutes has deteriorated the quality of education in India. There was a time when Indian system of education was appreciated all over the world. The ancient system of education has produced so many brave and courageous examples of excellence. India does not have scarcity of talent. In other words it can be said that it is a hub of talent. But a seeding talent needs a support to shape it and take its actual final shape.

As per the demand of present scenario a proper and regular interface between the industry and education system becomes essential. Over it, its realization becomes important by talent builders. It is the need of the hour to work on appreciating the quality of knowledge, curriculum design, and skill development for the crowd of students. Every child is not made for few defined professions; instead they owe their own capabilities and interest areas where they can perform better. It is not only the responsibility of parents but of educational institutes as well to counsel the students and direct them in right direction.

The academic should make industry demand as their motivation for developing education system. An educational institute may perform better in terms of quality and industry oriented vision if skill based programmes are introduced. This would not only help student but will work for the betterment of whole society.

**Objective of the study:**

1. To discuss current industry demand with reference to skilled manpower and role of academics in bringing desired skill set.
2. To discuss the need of development of customized curriculum as per the need of industry.

**Literature Review:**

At the time of independence the total number of universities was 20 and total numbers of colleges were 500. Whereas by the year 2016 the number of universities came to 801 and colleges to 39071 (UGC annual report 2016). This increase is in respect to the population increase of the country.The demographic profile of India works as the source of opportunity to utilize young skills for the economic

affluence of the nation. Around 65% of India's population is under the age of 35 years (Virmani, 2014). The increasing number of educational institutes is not a matter of concern but the quality of education provided is to be focussed on. With the introduction of more and more private institutions, the focus on quality education is reducing. The reports of National Association of Software and Services Companies (NASSCOM) 2011 have stated that 75% of Indian engineering students are not up to the mark of getting employment. It is always a point of discussion for the technical institutes to be associated with industries for bringing larger improvement in the quality of education especially its practical component. The application of which will help the students in preparing them and making them industry-ready. It survey conducted by FCCI 2011 that there is shortage of skill in around 90% of the companies, due to scarcity of labour 89% companies are not able to meet potential demand of their potential products. The National Policy on Education (1986) in India havehighlighted and put strong emphasis on the need for university industry interaction. However, even after incurring lot of efforts undertaken by the Centre and State governments, university industry interaction has been a failure proving noticeable progress up till now. Nilson (1985) proposes that academia-industry interface may be carried on "by a framework of representation from industry, society and professional organisations at various levels of planning and management of engineering education and also by a direct support in actual course work".Bhusari (2008) was of the view that "instead of opting for particular model, different forms of partnership should be explored and settling the comfortable levels of working with the industry, comfortable interaction scenarios and a subsequent comfortable sharing of the gains that will have from the research of all types".Therefore, it is the most important task to concentrate the areas where optimum collaboration is likely to be available.Bisoux (2003) has tried to explore the extent ofacademics and industryassociation between each other. He is of the view says that companies are focussing more in the search of the "right person". It gives direction to business schools to learn more carefully on whom they hire, and therefore the importance of industry in the whole business school model becomes important.According to Friga, Bettis and Sullivan (2003) the current trends of management education indicates thecreation of knowledge which is becoming more student based. This will accompany in a variety of changes including paradoxically an inclination towards close interaction among students, industry and the faculty. Fowler (1984) has identified 15 impediments to university-industry relationships. At least two of these pose problems in establishing a practical working relationship. Firstly, academics believe in publishing the results from the research conducted as soon as possible. On the other side industry keenly guards its proprietary information. Secondly, the main focus of academics is to concentrate on basic research and establishes new concepts or hypotheses. The demand of Industry's primarily is for applied research leading for product-improvement and hence to short-term profits. The proper engagement of academicplays crucial role in the transferring of knowledge of academics to industrial domain; it has been given considerable significanceand considered valuable by many companies than licensing university patents (Cohen et al., 2002). The incomes generated in universities' from academic engagement aregenerally a higher multiple of the income derived from intellectual property (Perkmann et al., 2011). Giselle LaFrance found that the attainment of industry academia collaborative experiences helps students who are the prospective employees for industry to reach with their full potential earlier and to a higher degree. Moreover, learning's acquired through collaboration helps Human resource of industry to expand the reach and streamline the operations of the company, identify and shape strong potential hires, and continue to inspire the education, passion, and investment in academic tie-up so vital to the industry. By industry and academia working together to truly understand the student's, each other's, and even their own needs, as Hanson suggests, we have the prosperous opportunity to build a collaborative model and teach students in a style – both in and out of the classroom – that will truly prepare them for the twenty-first century workforce – already a scarier and more competitive place than ever before. "We are facing great challenges today in all industries and in all states," says Atrion's Cronin.

Ambreen Gul & Aftab Ahmad, Pakistan in their research paper "Perspectives of Academia-Industrial Linkage in Pakistan: An Insight Story" presented the analysis of role of government policy, importance of university strengthening & importance of university strengthening. They argued that government should act to initialize the linkage program between industry and universities. National policy for academia-industry linkage is obligatory to strengthen scientific developments.

During the year 1960, the education field of business education properly started gaining importance in India and establishment of two Indian Institute of Management; IIM Calcutta in association with Sloan School of Management and IIM Ahmadabad with Harvard Business School took place. After that there has been a relatively slow but steady growth in number of schools and popularity of business education in India. At the time of post liberalization in the year 1991, when India was opened for the global world, a huge upsurge was observed in the number of business schools. Many multi-nationals entered India bringing with them increased demand for professionals. The role of government in business education was then moved out of the control with the setting up of many private institutions. The role became superficial and confined to limited or few premier institutions.

According to Rizvi (2003), The collaboration of

Academia-Industry becomes essential if industry has to take the advantage of research and development activity at business schools, and such a relationship should be encouraged across cultures for the benefit of global business. More and more opportunities need to be provided to the faculty through applied research, and case writing to keep them abreast of changes in the business world and hence enhance the overall teaching-learning experience. Mishra (2000) argued there is lesser adequacy of efforts for continuous and systematic professional development of teachers. The author proposed a professional development model using distance learning methodology (DLM). The model focuses on collaboration and sharing facilities to conduct the program. The curriculum should be designed keeping in mind the profile of the teachers and after analysis of their needs.

Dr. M.M Pallam Raju,previous HRD minister was also in favour of bringing closer partnership of industry and academia to improve the employability of students. (Indian education review 2013). Ministry of Labour and employment has also identified poor industry academia collaboration as a weakness in our education system.

Dayal (2004), says that "In most cases industry use business schools as recruitment centres. The right interface can develop only when they approach business schools for help, for which the latter has to equip them to understand business situations in depth and those useful to industry". Gupta and Gupta 2012, studied the challenges in Indian higher education. It was suggested that better salaries to teachers and collaboration with foreign universities should be encouraged to meet the challenges.

Tom Wanyama and Venansius Baryamureeba in their paper on "The Role of Academia in Fostering Private Sector Competitiveness in ICT Development" found that it is necessary that the academia and the private sector build strong collaborative relationships. Such relationships should not be limited to industrial training, and research and development, but should also include other important areas, such as curricula development, business proposal writing, improvement of business processes, and continuous training of private sector workers.

India needs closer partnership, (Pallam Raju, 2013a), between academia and industry. The most of the funding at present for Research and Development in the country is coming from the Government side. There is an urgent need for more contribution from industry in research, besides greater private sector involvement. The industry should engage itself more in terms of not only funding but also in skill development, innovation and entrepreneurship. The gap between the academia and industry has to be bridged to enhance employability of our people.

The Ministry of HRD, Government of India (MHRD), has set up three task forces on, (a) Research, innovation and entrepreneurship (b) skill and employability and (c) the ways to foster institutional mechanism, (Thakur 2013). The recommendations of these task forces are of wider perspective. The Government is keen to promote top end research for skill building and the plans to foster ties with academia, industry and the Government. It will come up with a plan within two hundred days, (Thakur 2013).

Our university curricula are redundant. It is also true that there are gaps in our education system. Various initiatives to promote industry interaction, mandatory internships, setting up of research parks, etc. have helped in improving the overall entropy within the system. The MHRD has taken several policy decisions to introduce finishing school programmes as supplementary training schools to enhance employability, (Pallam Raju, 2013b)

Industries should encourage, (Bhartiya, 2013), their employees to enhance their knowledge by doing M. Tech., Ph.D. in IITs, IIMs, Universities, etc This way productivity and enhancement and performance go hand in hand. Unfortunately the practice is limited for the same in some sectors and people do not get advantage to grow or have choice of career.

Both academic engagement and commercialization tend to be individually driven and pursued on a discretionary basis. Universities are 'professional bureaucracies' (Mintzberg, 1979) that rely on the independent initiative of autonomous, highly skilled professionals to reach their organisational goals. While academic entrepreneurship – as well as patenting as an often used proxy for entrepreneurial behavior – is also primarily individual behaviours, licensing can be carried out by the university without the active participation of the academic inventor even though such participation enhances the probability of commercial success (Agrawal, 2006).

**Suggestions:** The literature reviewed was understood by observing views of many researchers. In general it can be said that there is still a wide gap that exist between academic system and industry demands. Keeping aside few top-notch institutes many shortcomings can be observed in other institutes having blurred vision based education programs. Problems like weak curriculum design, few or negligible student interaction with industry, more theory based classrooms, less faculty development programs, vision less study pattern, non regulating strict government rules and regulations in education programs, and last but not the least incapable of understanding the need and demand of industry.Many innovative ideas need to be generated to bring a desired change in the current system of education. Not only idea generation will help but its proper dedicated implementation has to be done for the attainment of true societal goals.

The following model is suggested for bringing closer nit contact between academics and industry. The model is not the overall solution but would give it's contribute in reducing the above mentioned problems to some extent.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV




The model suggests the industry and its demand should work as a source of motivation for the academic institutes. And a sincere alliance between the industry and academics plans drawn on common objectives could lead to ascertainment of universal objectives.

**Industry Plans:**

1. A pre-decided collaboration based employment plans for a period of minimum one year in the final year of the study program should be developed for creating attitude of work in the student and development of practical employment skills.
2. An agreement should be done among institutes and industry to develop specific or work related skill set.
3. Conduct of meetings between industry and academics on regular basis for ensuring development of manpower for the job market.

**Academic Plans:**

1. The internship should be skill based and not curriculum based. It is considered that the internship programs are often curriculum based and not skill based.
2. Students should be motivated for entrepreneurship and start-ups.
3. Specific skill based certifications should be made mandatory as a part of curriculum.
4. The research conducted should be given an application based exposure.
5. Faculties should be hired from corporate background, who can better understand the delivery of study material.
6. The curriculum should be designed in such a way which can be a complete mix of theory and practical approach.
7. An industry based specific module study plan should be incorporated to meet the industry demand.
8. The faculties are the knowledge sharing source. For higher education programs the faculties should also be given training in corporate so that they can transfer the learning's to the future industry manpower prospects.

**Conclusion:** For achieving the objective of making India a global name in education and innovation, a different and new set of curriculum concept is required to meet future challenges. Indian education system has to move ahead for bringing innovative collaborations among academia and industry for the betterment of the society. In order to fill the gaps of present education system many avenues that needs to be intensified, encouraged, and above all incorporated, for a close academia and industry interaction has to be created to bring close interaction between them. This close interaction acknowledges and capitalizes the relative strength of academia and industry tie-ups. Along with the industrial associations the educational institutes should also try to link with government agencies engaged in industrial development activities. Many new innovative practical approach needs to be amplified for quickly recovering from the setback already tolerated by the industries and academics.

**References:-**

1. Dr. Anjum, B., &Tiwari, R.(2014). Role of higher education institution and industry academia collaboration for skill enhancement. Journal of Business Management & Social Sciences Research, 3(11).
2. Rizvi, I. A., & Aggarwal, A. (2005, January). Enhancing student employability: Higher education and workforce development. In Proceedings of the 9th Quality in Higher Education Seminar, Birmingham, UK.
3. Gandhi, M. M. (2014). Industry-academia collaboration in India: Recent initiatives, issues, challenges, opportunities and strategies. The Business & Management Review, 5(2), 45.
4. Bisaria, G. (2011). Impact of Industry-Academia Interface on Development of Management Colleges. RMS Journal of Management &IT, 3(2), 10
5. NASSCOM (2011), Annual Report, New Delhi: National Association of Software and Services Companies
6. Giselle LaFran, 2010 "Bridging the IT Skills Gap through Industry and Academic Collaboration", Employment Relations Today.
7. Ambreen Gul & Aftab Ahmad, 2012, "Perspectives of Academia-Industrial Linkage in Pakistan: An Insight Story", Sci., Tech. and Dev., 31 (2): 175-182
8. Nangia K. V. (2011)., Towards an integrated model for academia- Industry interface in India, International Journal of Humanities and social sciences. 5(1)
9. The Business & Management Review, Volume 5 Number 2 August 2014
10. International Academic Conference in Paris (IACP), 11-12th August 2014, Paris, France 54

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग प्रतिरूप परिवर्तन: एक भौगोलिक विश्लेषण

**राधुसिंह भूरिया* डॉ. आर.आर. गोरास्या****

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक, शासकीय माधव कला वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध कार्य में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन में एवं कृषि उत्पादकता भूमि उपयोग व अन्य प्रभावों को देखा गया। तथा इसके उत्पादन में वृद्धि का पता लगाकर कृषि विकास हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गए हैं। अत: प्रस्तुत शोध कार्य कृषि विकास एवं भूमि उपयोग से संबंधित होनें के कारण इसकी कृषि विकास की उपयोगिता प्रत्येक क्षेत्र में रहेंगी। इस अध्ययन की उपयोगिता कृषि विकास किसानों के लिये तो रहेगी, साथ ही जिले में कृषि के क्षेत्र में सिंचाई के साथ-साथ कृषि विकास एवं उद्योगिक क्षेत्र को भी मजबुत करनें एवं रोजगार में वृद्धि एवं कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में भी सहायता मिल सकेंगी।

प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले पर आधारित है। झाबुआ जिला मध्यप्रदेश के पश्चिम भाग में स्थित है। यह जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जिला है। अध्ययन क्षेत्र का अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार 22°-24' से 23°-55' उत्तरी अक्षांश तथा 73°-30' से 75°-30' पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है। यह क्षेत्र उबड-खाबड एवं पहाडी क्षेत्र हैं। इस जिले की सीमाएं उतर में रतलाम तथा दक्षिण में अलीराजपुर, पश्चिम में गुजरात एवं पूर्व में धार जिले को स्पर्श करती हैं। जिले की कुल जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 10,25,048 है।

**शब्द कुंजी –** कृषि विकास, भूमि उपयोग, फसल प्रतिरूप, भूमि उपयोग में परिवर्तन, कृषि उत्पादकता, कृषि नवाचार।

**प्रस्तावना –** कृषि एक अत्यन्त व्यापक आर्थिक कृषि एक अत्यन्त व्यापक आर्थिक क्रिया है। इसके अर्थ को समझने में इसका अंग्रेजी समानार्थी 'एग्रिकल्चर'शब्द की उत्पत्ति सहायक है। यह शब्द लेटिन भाषा के 'एगर' और कल्चर शब्दों से मिलकर बना है। जिसका तात्पर्य क्रमश: खेत या मिट्टी और जोतना है। इस तरह एग्रिकल्चर का अर्थ भूमि को जोतकर फसल पैदा करना है। परन्तु 'कृषि' शब्द की संकल्पना में भूमि से फसल उत्पादन करने के साथ पशुपालन और सिंचाई आदि क्रियाएँ सम्मिलित की जाती है। वास्तव में वे विधियाँ भी कृषि के अन्तर्गत आती है। जिनका प्रयोग फसलों और पशुओं के उत्पादन को वांछित दिशा देने में किया जाता है। इस तरह कृषि के अन्तर्गत मानव के उपयोग के लिए खाद्य पदार्थ और कच्चे माल उत्पन्न करने के लिए भूमि के उपयोग करने वाली सभी विधियाँ आती हैं। इसमें कुदाल पर आधारित जीवन निर्वाह वाली अन्न प्रधान खेती से लेकर मषीनों और वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करने वाली व्यापारिक कृषि तक आती है।

जसबीर सिंह तथा ढिल्लो ने अपनी पुस्तक कृषि भूगोल में इससे आगे कहा है कि 'कृषि फसलोत्पादन से अधिक व्यापक है। यह मानव द्वारा ग्रामीण पर्यावरण का रूपान्तरण है। जिससे कृषि उपयोगी फसलों एवं फसलों के लिए अनुकूल दशाएँ सुनिश्चित की जा सके।'

कृषि बड़ी सीमा तक प्राकृतिक वातावरण पर आधारित है। मनुष्य अपनी क्षमता और आवश्यकतानुसार उसमें संशोधन करता है। इनका आरम्भ कृषि के अनुकूल वातावरण ढूंढने के प्रयास से होता है। यह उपयुक्तता जलवायु धरातल एवं अपवाह तथा मिट्टी द्वारा निर्धारित होता है। प्राकृतिक वातावरण के इन तत्वों को भी इस तरह संशोधित करने का प्रयास किया जाता है। जिससे अधिकतम लाभ मिल सके, खेत बनाना, जोतना, जल प्रवाह की व्यवस्था करना आदि इस प्रकार के कार्य हैं।

कुछ प्राकृतिक बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया जाता है। जैसे नमी की कमी की पूर्ति के लिए सिंचाई, मिट्टी की उर्वराशक्ति को बनाए रखने के लिए खाद एवं उर्वरकों को प्रयोग करना आदि इसके साथ विभिन्न प्रकार के वातावरण वाले क्षेत्रों के लिए उपयुक्त पषुओं एवं फसलों की जातियाँ भी विकसित की जाती हैं, जिससे उपस्थित सम्भावनाओं का अधिकतम दोहन किया जा सके। इस प्रकार ये सभी कार्य प्राकृतिक वातावरण के साथ ही कृषक की सामाजिक, आर्थिक एवं तकनीकी विकास के स्तर पर भी निर्भर होते हैं।

**अध्ययन का क्षेत्र एवं विस्तार –** प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले पर आधारित है। झाबुआ जिला मध्यप्रदेश के पश्चिम भाग में स्थित है। यह जिला आदिवासी बहुल्य जिला है। अध्ययन क्षेत्र का अक्षांषीय एवं देशान्तरी विस्तार 22°-24' से 23°-55' उत्तरी अक्षांश तथा 73°-30' से 75°-30' पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है। अध्ययन क्षेत्र मध्यप्रदेश के पश्चिम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। यह क्षेत्र ऊबड़ खाबड़ एवं पहाड़ी क्षेत्र है। इस क्षेत्र की सीमाएँ उत्तर में रतलाम तथा दक्षिण में अलिराजपुर पश्चिम में गुजरात एवं पूर्व में धार जिला आता है।

**सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन –** कृषि विकास एवं भूमि उपयोग से सम्बन्धित अध्ययन कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अर्थशास्त्रियों तथा भूगोलविद्वाओं के द्वारा अपने-अपने ढंग से किये गये किसी भी वैज्ञानिकों कार्य के लिये

विषय से सम्बन्धित सार्थक है कि पुनरावलोकन द्वारा अध्ययन किये जाने वाले की समस्याओं, अवधारणाओं स्पष्ट करने में सहायक होती है। साहित्य के पुनरावलोकन द्वारा शोधकर्ता के विषय से सम्बन्धित उपलब्ध जानकारी प्राप्त होती है। किसी प्रकृति का कितनी गहराई का तथा किसी प्रकार का कार्य हो चुका है। इसकी जनकारी के आधार पर शोधकर्ता भविष्य में दिशा निर्देश प्राप्त करता है साहित्य के पुनरावलोकन से अध्ययन से ही शोधकर्ता यही समझ पाता है कि उसे किस प्रकार के तथा कितनी गहराई से अथवा किस विषय पर शोध करना चाहिए तथा इसके उद्देश्य से शोधकर्ता के विषय से सम्बन्धित शोध कार्यो का पुनरावलोकन कार्य किया जाता है। इस अध्ययन को निम्नानुसार दर्शाया गया है।

1. मिलर एवं जान स्टोन ( 1961 ) ने कृषि विकास के महत्व को दर्शानें के लि कृषि की खाद्यय पूर्ति में वृद्धि कृषि उत्पादन के निर्मित में वृद्धि ही आया के स्तर में वृद्धि से क्रय शक्ति में वृद्धि आदि प्राथमिकता निर्धारित की है।
2. हुसैन ( 1976 ) सतलज-गंगा के मैदान की कृषि उत्पादकता का अध्ययन सम्पूर्ण फसलों से प्राप्त मुद्रा की गणना प्राप्त हैक्टेयर के आधार पर किया है।
3. स्टैम्प ( 1962 ) ने कुछ देशों की प्रमुख फसलों को सूनकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर केण्डाल के कोटि गुणांक तकनीकी के आधार पर कृषि क्षमता का निर्धारण किया है।
4. कुजनेटस ( 1961 ) के मतनुसार आर्थिक विकास में कृषि खाद्यय पूर्ति रेशे उत्पादन में वृद्धि बाजार का विस्तार एवं अकृषिगत व्यवसाय में श्रम की पूर्ति आदि तीन रूपों में सहयोग करती है।
5. दत्त एवं राबिन ( 1969 ) कृषि के विकास में भूमि के अधिकतम आर्थिक उपयोग को महत्वपूर्ण माना यथार्थ यदि भूमि को पर्याप्त मात्रा में पामककन्नी और खाद्य उपलब्ध हो तो अधिक फसल में वृद्धि होगी।
6. जसबीर सिंह ( 1974 ) ने भारत में हरित कृषि के प्रभाव का अध्ययन किया एवं भारत के कृषि एटलस में कृषि विकास के लिए विभिन्न तथ्यों का भौगोलिक विश्लेषण किया है।

**अध्ययन का उद्देश्य :**

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य :

1. अध्ययन क्षेत्र में वर्तमान में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में होनें वाले परिवर्तनों का तुलनात्मक विश्लेषण करना।
2. विकास खण्डवार फसलों के क्षेत्र एवं उत्पादन का विश्लेषण करना।
3. कृषि गहनता एवं उत्पादकता हेतु सिंचाई एवं अन्य सुविधाओं कृषि यंत्रीकरण, उन्नत बीज एवं उर्वरकों का प्रयोग इत्यादि का आकलन करना।
4. अध्ययन क्षेत्र में भूमि उपयोग एवं फसल प्रारूप को प्रदर्शन करना।

**अध्ययन की परिकल्पनाएँ :** कृषि विकास एवं भूमि उपयोग के फलस्वरूप कृषि उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि हुई है। किन्तु कुछ तथ्य उभरकर सामने आये हैं। वे निम्न हैं :

1. अनुकूलतम कृषि विकास एवं भूमि उपयोग द्वारा कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है।
2. जनसंख्या में वृद्धि के साथ-साथ कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन हुआ है।
3. ग्रामीण क्षेत्र में मूल आधार कृषि एवं रोजगार में वृद्धि हुआ है।
4. सिंचाई की सुविधा से कृषि एवं नवाचार में वृद्धि हुआ है।
5. कृषि विकास में खाद बीज का अधिक उपयोग करने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुआ है।

**शोध अध्ययन की प्रविधि :** शोधकार्य में जनसंख्या भूमि उपयोग कृषि प्रारूप का आधुनिकीकरण जैसे तथ्यों का विश्लेषण करने के लिए विभिन्न मानचित्रीय एवं सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया जायेगा। झाबुआ जिले की 6 तहसीलों के वर्ष 1995-98 से 2015-18 के भूमि उपयोग के आँकड़ों का तालिकाओं आरेखों एवं मानचित्रों द्वारा विश्लेषण किया जायेगा प्रस्तुत शोधकार्य के निम्न सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया जायेगा।

**वर्तमान कृषि भूमि उपयोग में परिवर्तन :** कृषि भूमि उपयोग का वितरण एवं उनका परिवर्तनशील प्रतिरूप का अध्ययन कृषि विकास के लिए आवश्यक होता है। झाबुआ जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 293057 हेक्टेयर है। इसमें 63 प्रतिशत भूमि के उपयोग सम्बन्धी आँकड़े उपलब्ध हैं। यहाँ भूमि उपयोग में कृषीय उपयोग में परिवर्तन, स्थलाकृति, जलवायु, मिट्टी, मानव की आर्थिक क्रियाएं आदि सम्मिलित हैं। जहाँ झाबुआ जिले में अनास एवं माही नदियों के किनारे वनों की प्रधानता पाई जाती है वहीं कहीं-कहीं वर्षा की कमी के कारण कृषि के लिए अयोग्य तथा बंजर भूमि का विस्तार भी पाया जाता है। इसी प्रकार स्थालाकृति उपजाऊ मिट्टी एवं जनसंख्या दबाव क्षेत्रों में कृषि विकास बाधित होता रहता है।

जनसंख्या के बढ़ते दबाव एवं खाद्यान्नों की बढ़ती मांग, उन्नत बीज के कारण भूमि उपयोग के प्रतिरूप और प्रकार में निरंतर परिवर्तन देखा गया है। कृषि भूमि उपयोग के अन्तर्गत पिछले चार दशकों के दौरान शुद्ध बोए गए क्षेत्र में वृद्धि हुई है। बंजर और अकृषित, परती भूमि के क्षेत्र में वृद्धि नगरीकरण और औद्योगीकरण के कारण भूमि उपयोग की बढ़ती जटिलता बहुशस्य, मिश्रित शस्य, शस्य विविधता आदि के कारण ग्रामीण भूमि उपयोग आदि को सम्मिलित किया जा सकता है। अध्ययन क्षेत्र में कृषि भूमि उपयोग को आठ वर्गों में विभाजित किया गया है।

1. भौगोलिक क्षेत्र
2. वन
3. कृषि योग्य भूमि
4. पड़त भूमि
5. शुद्ध बोया गया क्षेत्र
6. द्वि-फसली क्षेत्र
7. कृषि के लिए जो भूमि उपलब्ध नहीं
8. अन्य अकृष्य भूमि पड़ती शामिल नहीं

**तालिका क्रमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**शोध की समस्या :** प्रस्तुत शोध में समस्या का चुनाव करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि कृषि विकास एवं भूमि उपयोग का क्या योगदान है। अध्ययन क्षेत्र में अधिकांश जनसंख्या निरक्षर है एवं आदिवासी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। गाँव छोटे-छोटे दूर-दूर एवं कृषि पर निर्भर हैं। कृषि विकास में आधुनिक संसाधनों के द्वारा उर्वरक खाद्य बीज और नई-नई बीज एवं रासायनिक उर्वरक का प्रयोग करने में समझाना शोध कार्य को पूर्ण करने में समस्या थी।

कृषि विकास एवं भूमि उपयोग का आंकलन कर कमियों को दूर करने के लिए उपाय सुझाये जा सकते हैं। कृषि विकास का उद्देश्य सीमान्त किसानों

से लेकर लघु किसानों को लाभ मिले।

**निष्कर्ष एवं सुझाव :**

**निष्कर्ष :** झाबुआ जिला आदिवासी बहुल्य जिला है। यह जिला कृषि पर आधारित है। जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से 63.98 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि है। इसमें से कुल द्विफसली भूमि का क्षेत्रफल 23.38 प्रतिशत है। क्षेत्र में पड़त भूमि का प्रतिशत 2.48 है। कृषि भूमि उपयोग की क्षेत्र में असमानता पाई गई है। अध्ययन क्षेत्र में आदिवासी बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण कृषि विकास एवं भूमि उपयोग पर इसका दबाव कृषि भूमि पर पड़ता है। जिले की धरातलीय संरचना ऊबड़-खाबड़ एवं पर्वतीय-पठारी होने के कारण कृषि भूमि में वृद्धि होना सम्भव नहीं है। अध्ययन क्षेत्र में कृषकों द्वारा की जाने वाली फसलों में पर्याप्त भिन्नता पाई जाती है। इस भिन्नता का मुख्य कारण कृषि भूमि एक समान न होना है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन 'झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग प्रतिरूप परिवर्तन : एक भौगोलिक विश्लेषण' किया गया है, जिसमें कृषि विकास एवं भूमि उपयोग एवं भूमि उपयोग परिवर्तन के आंकड़ों को सारणियों तथा आरेखों के द्वारा किया गया है तथा प्रश्नावली अनुसूची, साक्षात्कार अवलोकन, समूह चर्चा व्यक्तिगत करके प्राप्त किए गए हैं।

अध्ययन क्षेत्र मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले पर आधारित है। झाबुआ जिला मध्यप्रदेश के पश्चिम भाग में स्थित है। यह जिला आदिवासी बहुल्य जिला है। जिले का अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार 22°24' से 23°55' उत्तरी अक्षांश तथा 73°30' से 75°30' देशान्तर के बीच स्थित है तथा जिले की सीमाएं उत्तर में रतलाम जिले तथा दक्षिण में आलीराजपुर जिले पश्चिम में गुजरात राज्य एवं पूर्व में धार जिले को स्पर्श करती हैं।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अध्ययन क्षेत्र में कुल जनसंख्या 1025048 है जिसमें पुरुष जनसंख्या 515023 और महिला जनसंख्या 510025 है जो वर्ष 2001 से 2011 के बीच जनसंख्या वृद्धि दर 2.30 प्रतिशत रही है जो कि पिछले अन्य वर्षों की तुलना में वृद्धि दर अधिक है। शहरी जनसंख्या वृद्धि दर की तुलना में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि दर अधिक रही है।

अध्ययन क्षेत्र में साक्षरता दर 43.23 प्रतिशत है। इसमें से पुरुष साक्षरता 52.98 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 33.23 प्रतिशत है।

अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों के संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग को ध्यान में रखते हुए नवीन तकनीकी ज्ञान एवं कृषि नवाचारों का विकास किया जा जा रहा है। अध्ययन क्षेत्र झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन का अध्ययन कर कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन किया गया है।

अत: झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में असंतुलन पाया गया है। अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास के लिए साधनों की कमी है। झाबुआ जिले में कृषि विकास हेतु न केवल भूमि उपयोग में वृद्धि करना आवश्यक है परन्तु सिंचित, असिंचित क्षेत्र में शीघ्र पकने व अधिक उत्पादन देने वाले उन्नत बीजों के क्षेत्र में भी वृद्धि करना भी आवश्यक है। अध्ययन क्षेत्र में कृषि भूमि सुधारना चाहिए जिससे कृषि विकास एवं उत्पादन में में वृद्धि होगी। अध्ययन क्षेत्र में जोतों के आकार की संख्या छोटी है। उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि छोटी जोतों वाले किसान आधुनिक तकनीकी एवं उन्नतशील बीजों का उपयोग नहीं कर पाते हैं जिसके कारण कृषि पैदावार में कमी होती है। अध्ययन क्षेत्र में कई दशकों से खेती होने के कारण भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। उत्पादन बढ़ने के लिए देशी खाद बीज की आवश्यकता है। अध्ययन क्षेत्र में उपलब्ध कृषि भूमि के अतिरिक्त भूमि को सुधारकर कृषि योग्य भूमि बनाया जा सकता है एवं उन्नतशील बीजों एवं रासायनिक, जैविक खाद, बीजों का उपयोग करके फसलों की पैदावार में वृद्धि करके कृषि विकास एवं भूमि उपयोग की आपूर्ति की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है।

**सुझाव :** अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पादन एवं कृषि विकास के संरक्षण के लिए निम्न सुझाव दिए गए हैं-

1. **भूमि सुधार :** अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए कृषि भूमि सुधार होना महत्वपूर्ण होता है। अध्ययन क्षेत्र में प्रति वर्ष मृदा अपरदन एवं भू-क्षरण के कारण कृषि भूमि के क्षेत्रफल में कमी होती जा रही है और कृषि विकास के लिए भूमि अयोग्य हो रही है। इसे रोकने के लिए अध्ययन क्षेत्र के कृषकों के द्वारा खेतों के चारों ओर मेड़बन्दी करना चाहिए और कृषि सुधार के लिए वैज्ञानिक पद्धतियां एवं वैज्ञानिक संसाधनों को अपनाकर बंजर एवं परती भूमि एवं अपरदन एवं भूमि को सुधार कर कृषि योग्य बनाया जाए, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास एवं भूमि सुधार किया जा सकता है।

2. **आधारभूत सुविधाएं :** अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था किया जाना आवश्यक होता है, जैसे कि सड़क पानी, आवास, बिजली की सुविधा, कृषि विकास के लिए आवश्यक है तथा कृषि साधनों के लिए खाद, बीज एवं रासायनिक उर्वरक आदि सुविधाएं होना आवश्यक होता है।

3. **अध्ययन क्षेत्र उन्नत किस्म के खाद-बीजों का उपयोग करना :** अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास को बढ़ाने के लिए नए-नए उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग करके कृषि उत्पादन अधिका प्राप्त किया जाए तथा झाबुआ जिले में किसानोंके द्वारा देशी खाद बीजों का अधिक प्रयोग किया जाए जिससे उत्पादन प्रति हेक्टेयर में वृद्धि हो तथा साथ में उन्नत बीजों को उपयोग में लाना आवश्यक है।

4. **शिक्षा का प्रसार :** अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए वैज्ञानिक पद्धति को अपनाने के लिए किसानों का शिक्षित होना आवश्यक है तथा आदिवासी किसानों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार होना चाहिए जिससे कृषि विकास के लिए खाद-बीज एवं समर्थन मूल्य के जानकारी होना आवश्यक है। अध्ययन क्षेत्र में साक्षरता दर 43.23 प्रतिशत है जिसमें से पुरुष साक्षरता 52.85 प्रतिशत एवं महिला 33.77 प्रतिशत है। इसी प्रकार दूसरे जिलों की तुलना में झाबुआ में साक्षरता दर बहुत कम है तथा जिले में किसानों को साक्षर करना अत्यंत आवश्यक है। किसान साक्षर होंगे तो कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में वृद्धि होगी।

5. **कृषि सम्बंधित ऋण योजना :** अध्ययन क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र है जो अधिकतर कृषक गांवों में निवास करते हैं और इस जनसंख्या से अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर है परन्तु यहां किसानों को सरकार द्वारा जो भी लाभकारी योजनाओं जैसे कि फसल बीमा योजना, किसान ऋण योजना तथा मध्यप्रदेश में सभी जिलों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाएं आदि योजनाओं का लाभ किसानों को मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन होगा एवं कृषि विकास करके उत्पादन में वृद्धि होगी तथा इन

लाभकारी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्र में लाभ मिले और कृषि क्षेत्र में वृद्धि होगी।

6. **पूंजी की कमी :** अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास के लिए भी सभी क्षेत्रों की तरह कृषि भूमि को भी पनपने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। क्षेत्र में तकनीकी विस्तार ने किसानों को पूंजी की आवश्यकता होती है लेकिन आदिवासी किसानों के पास पूंजी की कमी बनी हुई है। छोटे किसानों एवं व्यापारियों से उच्च दर पर कर्ज लेते हैं लेकिन किसानों ने बैंकों से कर्ज लेना भी शुरू कर दिया है लेकिन उनकी स्थिति अभी भी आशानुरूप बदली नहीं है।

7. **शुष्क कृषि पद्धति :** अध्ययन क्षेत्र में कृष्ज्ञि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए किसानों द्वारा शुष्क कृषि पद्धति के द्वारा खेती भी होना आवश्यक है क्योंकि कम जल वाली भूमि पर भी अधिक से अधिक पैदावार ली जाती है। फसलों में चना, मक्का और जौ आदि फसलें अधिक मात्रा में पैदा की जा सकती हैं। ऐसी फसल के लिए सिंचाई की कम आवश्यकता होगी। इसलिए अध्ययन क्षेत्र में शुष्क कृषि करने से किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होता है।

8. **कृषि भूमि पर जनसंख्या का अधिक भार :** अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण जनसंख्या का जीवन-यापन जीविका हेतु कृषि पर ही निर्भर है। अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ कृषि भूमि पर जनसंख्या का भार बढ़ता जा रहा है जिससे कृषि भूमि कम हो रही है और बढ़ती हुई जनसंख्या एवं कृषि का उपविभाजन एवं उपखण्डन से खेती करना असम्भव है। जनसंख्या वृद्धि के कारण खेतों का आकार छोटा होता जा रहा है जिसके कारण आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से कृषि करना सम्भव नहीं हो पाता है। बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए परिवार नियोजन अपनाने वालों को आर्थिक सहायता, कृषि सुविधा जुटाने में आर्थिक छूट प्रदान करना चाहिए।

9. **कृषकों का वर्षा पर आश्रित होना :** अध्ययन क्षेत्र में अधिकांश किसान केवल मानसून पर ही निर्भर रहते हैं और केवल वर्षा ऋतु की फसल (खरीफ फसल) का उत्पादन करते हैं। अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई के साधनों की कमी के कारण कृषि कार्य वर्षा पर ही आश्रित है तथा क्षेत्र में वर्षा का वितरण अनिश्चित एवं अनियमित है जिससे वर्षा समय पर न होने के कारण किसानों में मायूसी बनी रहती है। अध्ययन क्षेत्र में अधिकतर सिंचाई तालाबों, कुओं एवं नलकूपों के द्वारा ही की जाती है लेकिन ग्रीष्म ऋतु में भूमिगत जल का स्तर नीचे चला जाता है और सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था के अभाव में फसलों का उत्पादन कम हो पाता है। क्षेत्र में सिंचाई की कमी एवं वर्षा की मात्रा कम होने से कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन प्रभावित होता है। क्षेत्र में वर्षा के जल को रोकने के लिए उचित मात्रा में जल प्रबंध एवं बांधों का निर्माण किया जाना चाहिए। कृषकों को सिंचाई सुविधाओं के बारे में समझाया जाए तथा इनका उपयोग उचित मात्रा में व सही समय पर करने की सलाह दी जानी चाहिए।

इस प्रकार झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन का विस्तृत शोध किया गया है। अत: उपर्युक्त सुझावों को समय पर लागू करके कृषि विकास एवं भूमि उपयोग को सन्तुलित बनाए रखने में बहुत सहयोग प्राप्त होगा तथा सभी प्रकार की आने वाली समस्याओं का समाधान होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल: लेखक डॉ. प्रमिला कुमार।
2. जगदेव 2011 कृषि भूमि उपयोग और फसल उत्पादकता पर सिंचाई का प्रभाव सुलतानपुर जनपद का एक विवरण।
3. डॉ. अख्तर बानो : कृषि विकास की गतिशीलता और प्रतिरूप मालवा पठार (म.प्र.) के संदर्भ में विश्लेषण।
4. कैलाश यादव 2017 - अपरवेदा सिंचाई परियोजना से कृषि उत्पादकता एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन ।
5. सिंह ब्रह्मानन्द 1984 : उत्तर प्रदेश की देवरिया तहसील में कृषि भूमि उपयोग।
6. मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल: लेखक डॉ. श्रीकमल शर्मा।
7. जिला सांख्यिकी पुस्तिका झाबुआ 2017-18

**तालिका क्रमांक 1: जिला झाबुआ : भूमि उपयोग में परिवर्तन (2000-01 एवं 2017-18)**

| क्र. | भूमि उपयोग वर्ग हेक्टेयर में | वर्ष 2000-01 | | वर्ष 2017-18 | | परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्षेत्रफल | प्रतिशत | क्षेत्रफल | प्रतिशत | क्षेत्रफल | प्रतिशत |
| 1 | भौगोलिक क्षेत्रफल | 679316 | 100 | 293057 | 100 | 386259 | -131* |
| 2 | वन क्षेत्र | 54434 | 9.48 | 7554 | 2.57 | 56880 | - 6.91 |
| 3 | कृषि योग्य भूमि | 25523 | 3.76 | 17827 | 6.8 | 7696 | +2.32 |
| 4 | पड़त भूमि | 9324 | 1.37 | 7285 | 2.48 | 2039 | +1.11 |
| 5 | शुद्ध बोया गया क्षेत्र | 430778 | 63.41 | 188238 | 64.23 | 24240 | 0.82 |
| 6 | द्विफसली | 71049 | 10.46 | 70181 | 23.38 | 168 | +12.82 |
| 7 | कृषि के लिए जो भूमि उपलब्ध नहीं है | 140819 | 20.73 | 67809 | 23.13 | 73010 | +2.4 |
| 8 | अन्य अकृष्य भूमि | 8438 | 1.25 | 4338 | 1.48 | 4100 | +0.23 |

स्रोत : जिला सांख्यिकी पुस्तिका झाबुआ 2018

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Environmental Pollution Control Management : Today's Growing Need and Requirement

Dr. Sunil Kumar Soni* Dr. S.K.Udaipure**

*Assistant Professor (Chemistry) Govt. Kusum PG College, Seoni Malwa, Dist. Narmadapuram (M.P.) INDIA
** Professor (Chemistry) Govt. N.M.V. College, Narmadapuram (M.P.) INDIA

चाय को किया गया चयनित-एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत जिले को खाद्य सामग्री में चाय के लिए चयनित किया गया है। जिसकी यूनिट लगाने पर मार्केटिंग, पैकेजिग, फाइनेंशियल मदद, ब्रांडिग की मदद इस योजना के अंतर्गत किसानों को मिलेगी। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में प्रयोग के तौर पर आरंभ की गई चाय की खेती अब क्षेत्र की पहचान बनेगी। जशपुर के सारुडीह चाय बागान के अनुरूप सरगुजा के मैनपाट में भी चाय के बागान विकसित होंगे। जशपुर और सरगुजा जिले के पाठ क्षेत्र चाय की खेती के लिए अनुकूल पाए गए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जशपुर और सरगुजा जिले के बाद बलरामपुर जिले के सामरी पाठ क्षेत्र में भी चाय की खेती की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यह प्रयोग पूरी तरह से सफल होने पर उत्तारी छत्तीसगढ़ के बहुत संख्या किसानों को आर्थिक समृद्धि का सशक्त माधयम मिल सकेगा,इसके लिए राज्य सरकार की ओर से भी विशेष पहल की जा रही है।

जशपुर जिले के पठारी क्षेत्र की जलवायु चाय की खेती के लिए अनुकूल है। मध्य भारत में जशपुर जिला ही ऐसा है जहां पर चाय की सफल खेती की जा रही है। शासन के जिला खनिज न्यास मद योजना, वन विभाग के सयुक्त वन प्रबंधन सुदृढ़ीकरण, डेयरी विकासयोजना एवं मनरेगा योजना से चाय खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शासन के सहयोग से लगभग 50 कृषकों के 80 एकड़ कृषि भूमि पर चाय की खेती का कार्य प्रगति पर है। मैनपाट के 30 प्रगतिशील किसानों को साथ लेकर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक जशपुर जिले के सारुडीह स्थित चाय बागान पहुंचे यहां वन विभाग के अधिकारियों व चाय की खेती में लगी,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने चाय की खेती से बदली आर्थिक स्थिति को लेकर अपने विचार व्यक्त किए हैं। चाय की खेती आरंभ करने के दौरान सामने आई कठिनाइयों के बाद इसके बेहतर उत्पादन की तकनीक से मैनपाट के प्रगतिशील किसानों को अवगत कराया। चाय की खेती के लिए मौसम की परिस्थिति, उन्नत बीज, उसके रोग उपचार के अलावा चाय की खेती के लिए भूमि का चयन, सिंचाई प्रबंधन, पत्तियों की कटाई, चायपत्ती बनाने के साथ पैकेजिंग और मार्केटिंग तक की गतिविधियों से अवगत होकर मैनपाट के प्रगतिशील किसानों का दल वापस लौट आया है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि जशपुर के जिस क्षेत्र में चाय की खेती की जा रही है वैसा ही मौसम मैनपाट के पाठ क्षेत्रों का भी है, इसलिए मैनपाट में भी चाय की खेती निश्चित रूप से सफल होगी। पांच साल पहले प्रयोग के तौर पर जशपुर में चाय की खेती शुरू की गई थी। अब दायरा बढ़ता जा रहा है। पूरे नार्थ छत्तीसगढ़ के पहाड़ी इलाकों में चाय के बागान विकसित होने से इसकी अलग पहचान स्थापित होगी। सरगुजा के मैनपाट में नए बागान बड़े भूभाग पर स्थापित किए जाने की योजना तैयार की गई है। यहां के एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर ने भी पूरे उत्तार छत्तीसगढ़ की जलवायु को चाय की खेती के अनुकूल पाया है।

जशपुर जिले के ग्राम सारूडीह का चाय बागान पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस बागान को देखने के लिए पर्यटक पहुंच रहे हैं। मात्र दस रुपए की फीस में चाय के बागान का अद्भुत नजारा उन्हें दार्जिलिंग, ऊंटी और असम में होने का अहसास कराता है। सारूडीह का चाय बागान पर्वत और जंगल से लगा हुआ है। अनुपयोगी जमीन में बागान बन जाने से आस पास न सिर्फ हरियाली है, पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी सारूडीह और जशपुर की पहचान बढ़ रही है। चाय के बागान से पानी और मृदा का संरक्षण हुआ। बागान में चाय के पौधों को धूप से बचाने लगाए गए शेड ट्री को समय-समय पर काटा जाता है, जिससे जलाऊ लकड़ी भी गांव वालों को आसानी से उपलब्ध हो जाती है। यहां बागान के पौधों के बीच में मसाला की खेती को भी आजमाया जा रहा है। सफलता मिली तो आने वाले दिनों में मसाला उत्पादन में भी जशपुर जिले का नाम होगा।

चाय प्रसंस्करण यूनिट में मशीन संचालन के लिए दार्जिलिंग क्षेत्र के

बीरबहादुर सुब्बा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुब्बा 40 साल तक चाय उत्पादन के क्षेत्र में काम कर चुके है और कंपनी से रिटायर्ड है। अनुभवी होने से सुब्बा के सहयोग से यूनिट संचालन में आसानी हो रही है। वे युवाओं को मशीन संचालन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। चाय प्रसंस्करण यूनिट में चाय उत्पादन शुरू हो गया है। हालांकि अभी एक लिमिट में चायपत्ती का उत्पादन हो रहा है, पर आने वाले समय में यहां से उत्पादित चाय को पैकेट में भरने और उसके विपणन के लिए और लोगों को काम देना पड़ेगा। पर्वतीय प्रदेशों के शिमला, दार्जिलिंग, ऊंटी, असम, मेघालय सहित अन्य राज्यों की चाय बागानों की तरह जशपुर के सारूडीह का चाय बागान पर्वत व जंगल से लगा हुआ है। यह 20 एकड़ क्षेत्र में फैला है। चाय प्रसंस्करण केंद्र लगने से पहले यहां समूह की महिलाओं द्वारा गर्म भट्ठे के माध्यम से चाय तैयार किया जाता था। बगान में चाय के पौधों को धूप से बचाने लगाए गए शेड ट्री को समय-समय पर काटा जाता है,जिससे जलाऊ लकड़ी गाँव वालों को आसानी से उपलब्ध हो जाती है।यहाँ पौधों के बीच में मसाला खेती को भी अजमाया जा रहा है।सफलता मिली तो आने वाले दिनों में मसाला उत्पादन में भी जशपुर जिले का नाम होगा।

चाय प्रसंस्करण यूनिट में मशीन संचालन के लिए दार्जिलिंग क्षेत्र के बीरबहादुर सुब्बा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संयुक्त वन प्रबंधन समिति सारूडीह में स्व-सहायता के अनुसूचित जनजाति के 18 परिवारों के सदस्यों से मिला जा सकता है,जिन्होंने जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत से 20 एकड छेत्र को चाय बगान में बदल दिया है। यहाँ 20 एकड कृषि भूमि पर चाय के पौधे लगे हैं। इसके प्रबंधन एवं प्रसंस्करणों में 2 महिला स्व-सहायता समूह जुडे हैं। अब तो चाय की खेती से व्यापारिक स्तर पर ग्रीन टी एवं सीटीसी (CTC) का निर्माण किया जा रहा है।

यहाँ निर्मित चाय की गुणवत्ता की जाँच भी व्यावसायिक संस्थाओं से कराई है, जिसमें दोनों प्रकार की चाय की गुणवत्ता उत्तम पाई गई है, बगान में जैविक खेती को ही आधार बनाया गया है। इसके लिए हितग्राही परिवारों को उन्नत नस्ल का पशुधन भी उपलब्ध कराया गया है। जिससे उनको अतिरिक्त लाभ हो रहा है । मनोरा ब्लॉक में कांटाबेल, जशपुर ब्लॉक के बालाछापर,सिटोंगा,बगीचा ब्लॉक के छिछली,सरगुजा जिले के मैनपाट में प्रारंभ हो चुकी है। स्व-सहायता समूह और किसानों के समूह द्वारा इन बगानों से प्राप्त होने वाली चाय पत्ती को प्रोसेस कर सी मार्ट, वन विभाग के आऊटलेट के साथ खुले बाजार में बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

जिला प्रशासन के सहयोग से बालाछापर में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया गया है। चाय की खेती के लिए उन्हें तकनीकी सलाह समय समय पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जाती है। सारूडीह का चाय बगान पर्वत और जंगलों से सटा हुआ है, यहाँ अनुपयोगी जमीन में चाय बगान बन जाने से आसपास न सिर्फ हरियाली है बल्कि पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी सारूडीह और जशपुर की पहचान काफी ज्यादा बढ रही है। चाय के बगान से पानी और मिट्टी का संरक्षण भी काफी तेजी से हुआ है। चाय उत्पादन के क्षेत्र में अपनी धाक जमा चुके ने जशपुर ने अब अपनी धरती में उगे चाय की पत्तियों से निर्मित ग्रीन टी का दूसरा ब्राण्ड अब बाजार आ गया है। 'सारूडीह' नाम से लांच किया गया, यह चाय वन विभाग द्वारा संचालित जिले के ग्राम पंचायत सारूडीह के ढ़ारूकोना गांव में स्थित सरकारी चाय बगान की देन है। इससे पहले ब्रह्मनिष्ठालय सोगडा में उत्पादित चाय को सोगड़ा नाम से बाजार में प्रस्तुत किया जा चुका है। जशपुर की चाय की विशेषता इसके पूरी तरह से रसायन मुक्त होना हैं। चाय पत्ती के उत्पादन में पूरी तरह से जैविक खाद का उपयोग किया जा रहा है, वहीं चाय की पत्तियों की पैकिंग की प्रक्रिया को भी पूरी से रसायन से मुक्त रखा है। नतीजा जशपुर में उत्पादित चाय की मांग दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जशपुर की चाय की महक अब जिला और प्रदेश की सीमा से बाहर निकल कर देश में फैल रही है। चाय विशेषज्ञ यहाँ उत्पादित हो रही चाय पत्ती को दार्जिलिंग से बेहतर बता रहे हैं। चाय बगान के सफल प्रयोग के बाद अब प्रदेश सरकार ने जशपुर में सरकारी चाय प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की पहल की है। यह प्रदेश का पहला सरकारी चाय प्रोसेसिंग यूनिट होगा। बगान को संचालित कर रही महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाएँ करेंगी। सरकार का यह कदम महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी एक नया कदम माना रहा है। वर्ष में प्रत्येक परिवार को अच्छी आमदानी प्राप्त हो रही है।

दरअसल पर्वतीय और ठंडे प्रदेशों में ही चाय की खेती होती है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल का जशपुर में भी जलवायु की स्थिति ठंडे प्रदेशों की तरह है। यह जिला ऐसे ही भौगोलिक संरचना पर स्थित है, यहाँ के पठारी इलाके और लेटेराइट मिट्टी की होने की वजह से जशपुर में चाय के बगानों को विकसित करने के लिए अनुकूल वातावरण है। चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना की गयी है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की पहचान यहाँ की विशिष्ट आदिवासी संस्कृति, प्राकृतिक पठारों एवं नदियों की सुन्दरता तथा एतिहासिक रियासत से तो है ही, लेकिन पिछले कुछ वर्षो से जशपुर की पहचान में एक नया नाम जुड़ गया है और ये पहचान देशव्यापी हो गई है, अभी तक चाय की खेती के लिए लोग असम या दार्जिलिंग का ही नाम लेते रहे हैं, लेकिन जशपुर में भी चाय की खेती होने लगी है जो पर्यटकों को भी अपनी तरफ आकर्षित कर रही है। हम जानते हैं कि पर्वतीय एवं ठण्डे इलाकों में ही चाय की खेती हो पाती है और छत्तीसगढ़ का जशपुर जिला भी ऐसे ही भौगोलिक संरचना पर स्थित है।

पठारी क्षेत्र होने एवं लेटेराइट मिट्टी का प्रभाव होने की वजह से जशपुर में चाय की खेती के लिए अनुकूल वातारण है इसे देखते हुए जशपुर में चाय की खेती के लिए यहाँ चाय बगान की स्थापना की गई है । खास बात यह है कि देश के अन्य हिस्सों में चाय की खेती के लिए कीटनाशक और रासायनिक खाद का इस्तेमाल होता है, किन्तु जशपुर के चाय बगानों में वर्मी कम्पोस्ट खाद का इस्तेमाल किया जाता है जो चाय के स्वाद को बढ़ाता है साथ ही सेहत का भी ख्याल रखता है।

**चाय प्रसंस्करण की स्थापना** -छत्तीसगढ़ सरकार ने जशपुर जिले के बालाछापर में 45 लाख रूपये की लागत से चाय प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किया है, यहाँ पर उत्पादन कार्य भी प्रारंभ कर दिया है और इस प्रसंस्करण केन्द्र से सामान्य चाय एवं ग्रीन टी तैयार किया जा रहा है। बालाछापर में वन विभाग के पर्यावरण रोपणी परिसर में चाय प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना की गई है। इस यूनिट में चाय के हरे पत्ते के प्रोसेसिंग की छमता 300 किलो ग्राम प्रतिदिन की है।

**ठण्डे प्रदेश में होने वाली फसल भी जशपुर में** - जशपुर जिले के झिंकी नाम के एक गाँव में किसान लीची की खेती करके मुनाफा कमा रहे हैं। खास बात यह है कि इस गाँव के हर घर की बाड़ी में लीची के पौधे है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीणों को बाड़ी में रोजगारमूलक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जिसका लाभ उठाकर झिंकी के किसान लाखों रूपये की आमदानी कर रहे हैं। इसके अलावा जशपुर में पपीता काजू समेत कई

अन्य उपज का लाभ भी किसान ले रहे हैं। सेब की खेती दे रही बंपर मुनाफा- जशपुर में किसान सेब की खेती भी कर रहे हैं। जशपुर के पहाड़ी इलाके में सेब की खेती का प्रयोग सफल साबित हुआ है। पहली बार यहाँ के करदाना गाँव में सेब के पौधे रोपे गए थे, अब जशपुर के पिछड़े आदिवासी इलाके में भी ग्रमीण सेब की खेती करके बंपर मुनाफा कमा रहे हैं। इस प्रकार छत्तीसगढ़ का सेब भी जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश की तरह देशभर के बाजारों में अपना स्थान बनाने लगा है।

सारूडीह का चाय बगान-ग्राम सारूडीह का चाय बगान पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। इस बगान को देखने के लिए पर्यटक पहुँच रहे हैं। मात्र 10 रूपये की फीस में चाय बगान का अद्‌भुत नजारा उन्हें दार्जिलिंग, ऊँटी और असम में होने का अहसास कराता है। महिला समूह को विगत कुछ महिनों से 50 हजार रूपये से अधिक की आमदानी हो गई है।

धान की खेती तक ही सीमित रहने वाले जशपुर जिले के किसानों का रूझान नकदी फसल की ओर तेजी से रहा है। खासकर बगीचों और मनोरा तहसील के पाठ क्षेत्रों के किसान नए फसल को लेकर खासे उत्साहित हैं। यहाँ के किसानों ने टाऊ और आलू के ब्यापक सफलता पाई है। पाट क्षेत्रों में इन दिनों पड़ोसी राज्य झारखण्ड और उड़ीसा के मिर्च ब्यापारियों का होड़ लगा है। जशपुर के सन्ना समेत आसपास के गाँवों में इन दिनों मिर्ची की फसल लहलहा रही है। पहले केवल धान ही किसानों के आय का प्रमुख साधन था। मिर्ची के लिए तापमान और बारिश का संतुलन बेहद आवश्यक है। ज्यादा पानी कम होने से पौधे के गलने का खतरा होता है, वहीं पानी कम होने से पौधों के गलने का खतरा होता है, वहीं पानी के ज्यादा कम होने से पौधे सूख जाते हैं। इसके अलावा कई बीमारियों की अशंका बनी रहती है। कभी गर्मी के सीजन मूसलाधार बारिश होती है। तो कभी बरसात के मौसम में तेज धूप खिली रहती है। समय-समय पर आने वाले चक्रवतीय तूफान और तेज बारिश के साथ ही पहाड़ों से उतरने वाला पानी भी फसल को नुकसान पहुँचाता है। जशपुर जिले में नाशपाती की खेती से समृध्द हो रहे किसान-नाशपाती के वृहद उत्पादन से जिले के मनोरा और बगीचा तहसील को एक नई पहचान मिल रही है। जिले में धान के साथ किसान नाशपाती का उत्पादन सबसे अधिक खेती कश्मीर में की जाती है। जिले के पाट क्षेत्रों की जलवायु नाशपाती के लिए बेहद अनुकुल बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य अपनी धान की दुर्लभ प्रजातियों के लिए विश्व में प्रसिद्ध है। बड़े पैमाने पर धान की खेती होने के कारण राज्य को धान का कटोरा कहा जाता है। प्राकृतिक संपदा से भरपूर प्रदेश में नदियां, जंगल, पहाड़ और पठार भी काफी भू-भाग में हैं, इनमें पठारी भूमि में धान का उत्पादन नहीं हो पाने के कारण अर्थव्यवस्था में उनका योगदान सीमित हो गया था। जशपुर जिले के पठारी क्षेत्र में चाय और बस्तर में कॉफी की खेती ने संभावानाओं के नए द्वार खोले हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने यहां की जलवायु के अध्ययन के आधार पर संभावनाओं को नई दिशा दी है। टी-कॉफी बोर्ड गठन का फैसला इसी दिशा में अहम कदम है। जिसके तहत राज्य में 10-10 हजार एकड़ में चाय और कॉफी की खेती कराने का लक्ष्य तय किया गया है। जशपुर जिले में चाय की खेती सफलतापूर्वक की जा रही है। यहां शासन ने जिला खनिज न्यास, वन विभाग, डेयरी विकास योजना और मनरेगा की योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित करते हुए कांटाबेल, बालाछापर, सारुडीह के 80 एकड़ भूमि में चाय बागान विकसित हो रहे हैं।

कुछ साल बाद जब बागानों से चाय का उत्पादन शुरू होगा तो प्रति एकड़ 2 लाख रुपये सालाना तक का किसान लाभ कमा सकेंगे. यह धान की खेती से कहीं अधिक लाभकारी साबित होगा। इसी तरह बस्तर के दरभा, ककालगुर और डिलमिली में कॉफी की खेती विकसित हो चुकी है। यहां कॉफी की दो प्रजातियां अरेबिका और रूबस्टा कॉफी लगाए गए हैं। बस्तर की कॉफी की गुणवत्ता ओड़िशा और आंध्रप्रदेश के अरकू वैली में उत्पादित किए जा रहे कॉफी के समान है।

कॉफी उत्पादन के लिए समुद्र तल से 500 मीटर की ऊंचाई जरूरी है। बस्तर के कई इलाकों की ऊंचाई समुद्र तल से 600 मीटर से ज्यादा है जहां ढलान पर खेती के लिए जगह उपलब्ध है। 100 एकड़ जमीन में कॉफी उत्पादन का प्रयोग सफल रहा है। बस्तर कॉफी नाम से इसकी ब्रांडिंग भी हो रही है। उद्यानिकी विभाग किसानों को काफी उत्पादन का प्रशिक्षण भी दे रहा है। चाय-कॉफी की खेती की विशेषता यह है कि इसके लिए हर साल बीज नहीं डालना पड़ता। किसान कॉफी की खेती से हर साल 50 हजार से 80 हजार प्रति एकड़ आमदनी कमा सकते हैं। धान की तरह बहुत अधिक पानी की भी आवश्यकता नहीं पड़ती। केवल देखभाल करने की आवश्यकता रहती है। वनोपजों के मामले में प्रदेश काफी आगे है और पठारी क्षेत्रों में चाय-कॉफी के उत्पादन से ग्रामीणों के लिए रोजगार और अर्थोपार्जन के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

**जशपुर जिले में चाय उत्पादन की ब्याप्त भावी संभावनाएँ-** सरकार की ओर से टी-कॉफी बोर्ड बनाने पहल को सही दिशा में उठाया गया कदम माना जा सकता है। उम्मीद की जाती है कि कृषि वैज्ञानिकों के अध्ययन के आधार पर सरकार की तरफ से हुई इस पहल के सार्थक परिणाम सामने आएंगे और राज्य के किसानों और उद्यमियों की संपन्नता में चाय-कॉफी ताजगी लाने का काम करेगी।

**जशपुर जिले में पाये जाने वाले मिट्टी**

**तालिका (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले को टी लैंड बनाने के लिए वन विभाग जुट गया है। अभी जिले में चार शासकीय व एक निजी बागान समेत चाय के बागान कुल 300 एकड़ में है। अब विभाग ने इसे एक हजार एकड़ में विस्तार करने की योजना बनाई है। इसकी कार्य योजना बनकर तैयार है। इसके लिए निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ ही शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई गई है। जिले में चाय बागान की शुरुआत वर्ष 2011 में मनोरा तहसील के ग्राम सोगड़ा से हुई थी। यहां अघोरेश्वर आश्रम में प्रयोग के तौर पर 11 एकड़ में असम से चाय के पौधे लाकर रोपे गए थे। प्रयोग को प्रारंभिक स्तर पर मिली सफलता के बाद वन विभाग के माध्यम से ग्राम पंचायत सारूडीह के ढरूआकोना में 11 किसानों की जमीनं किराए में लेकर 10 एकड़ में चाय के पौधे लगाए गए। इसमें भी सफल रहने के बाद जिले के इस पहले सरकारी चाय बागान को 20 एकड़ तक विस्तारित किया जा चुका है। इसके अलावा बालाछापर, घुटरी, कांटाबेल, झोलंगा में भी चाय बागान तैयार हो चुके हैं। इसके लिए निवेशकों को शासकीय दर पर सरकारी जमीन उपलब्धा कराई जा रही है। वर्तमान में 600 एकड़ जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। साथ ही जो किसान पारंपरिक फसल छोड़कर चाय बागान से जुड़ना चाहते हैं उन्हें मनरेगा और कृषि से जुड़ी अन्य योजनाओं के माध्यम से सहायता दी जाएगी।

जशपुर जिले के वन परिछेत्र पर्यावरण रोपणी बालाछापर से वर्ष 2022- 2023 में निर्गमित चाय एवं कॉफी के पौधे का विवरण-

RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

| क्र. | चाय/कॉफी के पौधै रोपण किये स्थानों के नाम | विकास खण्ड | प्रजाति | पौधे की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कांटाबेल | मनोरा | चाय | 137901 |
| 2. | सारूडीह | जशपुर | चाय | 26384 |
| 3. | अस्ता | जशपुर | चाय | 43566 |
| 4. | गुटरी | जशपुर | चाय | 60598 |
| 5. | डठाटोली एवं रजौटी | जशपुर | चाय | 77898 |
| 6. | झोलंगा | जशपुर | चाय | 33824 |
| 7. | बलरामपुर | बलरामपुर | चाय | 18125 |
| 8. | छिछली | बगीचा | चाय | 156822 |
| 9. | राजपुर | बलरामपुर | चाय | 200 |
| 10. | सोगड़ा | जशपुर | चाय | 672 |
| 11. | कांसाबेल | कांसाबेल | चाय | 100 |
| 12. | ढ़ोढ़ीडाँड़ | कुनकुरी | चाय | 200 |
| 13. | मैनपाट | सरगुजा | चाय | 950 |
| 14. | हिण्डाल्को | सरगुजा | चाय | 16500 |
| 15. | लोहरदगा | झारखण्ड | चाय | 9273 |
| 16. | राँची | झारखण्ड | चाय | 200 |
| 17. | अन्य | जशपुर | चाय | 655 |
| | | | **कुल चाय के पौधे-** | **583868 नग** |
| 18 | झोलंगा | जशपुर | कॉफी | 500 |
| 19 | ढौठाटोली | जशपुर | कॉफी | 6724 |
| 20 | रानी बगीचा | जशपुर | कॉफी | 2910 |
| 21 | ढ़ोढ़ीडाँड़ | कुनकुरी | कॉफी | 770 |
| 22 | कुनकुरी | कुनकुरी | कॉफी | 1255 |
| 23 | सेन्द्रीमुड़ा | बगीचा | कॉफी | 4760 |
| 24 | राजपुर | शकरगढ़ | कॉफी | 880 |
| 25 | रायपुर | रायपुर | कॉफी | 26 |
| 26 | जशपुर | जशपुर | कॉफी | 150 |
| 27 | गम्हरिया | जशपुर | कॉफी | 120 |
| 28 | अन्य | जशपुर | कॉफी | 583 |
| | | | **कुल कॉफी के पौधे-** | **18678 नग** |

स्रोत:- कार्यालय वन परिक्षेत्र पर्यावरण रोपणी बालाछापर ,जिला-जशपुर (छ.ग)

**निष्कर्ष एवं सुझाव -** भारत देश में अब तक हम असम एवं दार्जिलिंग को चाय उत्पादक राज्य के नाम से जानते थे, किन्तु अब छत्तीसगढ़ राज्य के जिला-जशपुर का नया नाम भी जुड़ गया है। उपरोक्त शोध से हमें यह ज्ञात होता है कि जशपुर क्षेत्र में चाय उत्पादन के लिए अनुकूल वातावरण है,यहाँ कि मिट्टी,जलवायु,वर्षा,औसत तापमान सभी चाय खेती के लिए उपयुक्त है। रोपणी बालाछापर में चाय,कॉफी के पौधे तैयार किया जाता है। तत्पश्चात इसे जशपुर के विभिन्न क्षेत्रों में चाय की बगान में पौधे का रोपण किया जाता है,जशपुर के अलावा सरगुजा,बलरामपुर तथा झारखण्ड राज्य में भी यहाँ (जशपुर) से पौधे लिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के जिला-जशपुर में चाय के साथ-साथ ठण्ड प्रदेशों की बागवानी फसल की अपार संभावनाएँ हैं। सरकार को चाय उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. सिंह,आई.डी.. सम्पूर्ण चाय उत्पादन और संसाधन, New Delhi Publishers,New Delhi ISBN:978-93-81274-63-7
2. कार्यालय उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्यिगिकी विभाग,जिला-जशपुर (छ.ग.)
3. कार्यालय वन परिक्षेत्र पर्यावरण रोपणी बालाछापर ,जिला-जशपुर (छ.ग.)
4. www.cg.gov.in
5. www.jashpur.gov.in
6. कार्यालय जनसम्पर्क विभाग जिला-जशपुर (छ.ग.)।
7. दैनिक समाचार (पत्रिका,नवभारत,दैनिक भारत,हरिभूमि) पत्र।


**जशपुर जिले में पाये जाने वाले मिट्टी:-** (हेक्टेयर में)

| क्र. | जिला | विकास खण्ड | भाटा | मटासी | डोरसा | कन्हार | कछार | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जशपुर | जशपुर | 9992 | 7498 | 2891 | 3117 | - | 23498 |
| 2. | | मनोरा | 15043 | 5198 | 2298 | 3800 | - | 26339 |
| 3. | | दुलदुला | 6000 | 5677 | 3214 | 2498 | - | 17389 |
| 4. | | कुनकुरी | 15000 | 7491 | 2081 | 2907 | - | 27479 |
| 5. | | कांसाबेल | 5680 | 9235 | 5125 | 5200 | - | 25240 |
| 6. | | फरसाबहार | 7078 | 5567 | 7531 | 10211 | - | 30387 |
| 7. | | बगीचा | 15810 | 20330 | 8847 | 8321 | - | 53308 |
| 8. | | पत्थलगाँव | 9791 | 11589 | 16331 | 15700 | - | 53411 |

स्रोत:- कार्यालय उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्यिगिकी विभाग,जिला-जशपुर (छ.ग.)

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# उज्जैन जिले में तिलहनी फसलों के अन्तर्गत मूंगफली फसल की उत्पादकता, लागत एवं लाभपर विशेष अध्ययन

**डॉ. बी. एल. पाटीदार*  महेन्द्र कुम्भकार****

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शा. महाविद्यालय, सोनकच्छ, जिला देवास (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** मूंगफली वस्तुत: पोषक तत्त्वों की अप्रतिम खान है। प्रकृति ने भरपूर मात्रा में इसे विभिन्न पोषक तत्त्वों से सजाया-सँवारा है। मूंगफली वानस्पतिक प्रोटीन का एक सस्ता स्रोत हैं। इसमें प्रोटीन की मात्रा मांस की तुलना में 1.5 गुना, अण्डों से 2.5 गुना एवं फलों से 8 गुना अधिक होती है। और इसमें 50 प्रतिशत वसा (फैट) होता है। 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में 1 लीटर दूध के बराबर प्रोटीन होता है। कार्बोहाइड्रेड 10.2 प्रतिशत होता है। मूंगफली में प्रोटीन की मात्रा 25 प्रतिशत से भी अधिक होती है, जबकि मांस, मछली और अंडों में उसका प्रतिशत 10 से अधिक नहीं होता है। 250 ग्राम मूंगफली के मक्खन से 300 ग्राम पनीर, 2 लीटर दूध या 15 अंडों के बराबर ऊर्जा की प्राप्ति आसानी से की जा सकती है। मूंगफली पाचन शक्ति बढ़ाने में भी कारगर है। 250 ग्राम भूनी मूंगफली में जितनी मात्रा में खनिज और विटामिन पाए जाते हैं, वो 250 ग्राम मांस से भी प्राप्त नहीं हो सकता है। मूंगफली में तेल प्रतिशत मात्रा 45-55 प्रतिशत होता है।

मूंगफली खरीब की मुख्य फसल है, इसे जून-जुलाई माह में बोया जाता है, मूंगफली की फसल के लिए उपयुक्त जलवायु एवं मौसम का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है, मूंगफली के उत्पादन के लिए 22 से 25 सेंटीग्रेड तापमान होना चाहिए। मूंगफली के उत्पादन के लिए वर्षा 60 से 130 सेंटीमीटर उपयुक्त होती हैं और वर्षा की पर्याप्त उपलब्धता के परिणाम स्वरुप इसका उत्पादन अधिक होता है। मूंगफली की खेती हल्की रेतीली व हल्की भूमि को छोड़कर सभी प्रकार की भूमि में सफलतापूर्वक की जा सकती है, परन्तु पानी के निकास वाली रेतीली दोमट भूमि मूंगफली के लिए अधिक उपयुक्त होती है।

**उज्जैन जिले में मूंगफलीफसल की उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य सहसम्बन्ध**

| वर्ष | क्षेत्राच्छादन | उत्पादन | उत्पादकता |
|---|---|---|---|
| 2016-17 | 160 | 180 | 1,125 |
| 2017-18 | 190 | 220 | 1,157 |
| 2018-19 | 250 | 442 | 1,768 |
| 2019-20 | 117 | 156 | 1,333 |
| 2020-21 | 152 | 373 | 2,451 |

स्त्रोत - किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश

उज्जैन जिले में मूंगफली तिलहन फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य कार्ल पियर्सन के सहसम्बन्ध का विस्तृत अध्ययन किया गया। जिसमें पाया गया की मूंगफली की फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता में 0.79 उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया, एवं मूंगफली के उत्पादन व उत्पादकता में सम्भाव्य विभ्रम 0.1133 पाया गया तत्पश्चात् मूंगफली के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य प्राप्त सहसम्बन्ध की सार्थकता मापी गई, सहसम्बन्ध जो की सम्भाव्य विभ्रम के 6 गुना से अधिक है। अत: मूंगफली फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य सहसम्बन्ध सार्थक है।

**मूंगफली की लागत एवं लाभ –** प्रति एकड़ मूंगफली की फसल में बीज की मात्रा लगभग 30 किलो से 35 किलो के बीच लगती है। मूंगफली की बुआई के लिए उत्तम किस्म के बीजों का चयन किया जाता हैं। बुवाई के लिए खेत को तैयार किया जाता हैं। कृषि यंत्र सिडड्रिल के माध्यम से बीज की बुवाई करते है, लाईन से लाईन के बीच की दूरी 16 इंच रखते और बीज से बीज की दूरी 4 से 6 इंच रखते है। बुआई के समय हम बेसलडोज का उपयोग करते है। बीज बुवाई के बाद 48 घंटे के भीतर खरपतवार नाशक का छिडकाव किया जाता है। बीज बुवाई के 30-35 दिन के बाद में रासायनिक कीटनाशक, माइक्रो न्यूटन एवं देशी गोबर की खाद समय समय पर डालते हैं। मूंगफली की लाईन से लाईन के बीच में स्वत: उगने वाली गाजर घास को निंदाई व गुढाई द्धारा हटाया जाता हैं। खेत से मूंगफली की कटाई मजदूरो एवं कृषि यंत्रो द्धारा की जाती हैं। मूंगफली को खेत से मण्डी तक ट्रेक्टर ट्राली व अन्य साधनों (ट्रांसपोर्ट) के माध्यम से पहुचाया जाता हैं। यह निर्भर करता है कि खेत से मण्डी तक की दूरी कितनी है। इस अनुपात में ट्रांसपोर्ट का खर्च कम या ज्यादा हो सकता है। मूंगफली की फसल की कुल लागत प्रति एकड़ ज्ञात करने में निम्नलिखित उपरोक्त लागतों को सम्मिलित किया जाता हैं।

**उज्जैन जिले में मूंगफलीफसल से लागत एवं लाभ प्रति क्विंटल के मध्य सहसम्बन्ध**

| वर्ष | लागत प्रति क्विंटल | लाभ प्रति क्विंटल |
|---|---|---|
| 2016-17 | 1,550 | 2,570 |
| 2017-18 | 1,659 | 2,791 |
| 2018-19 | 1,756 | 3,134 |
| 2019-20 | 1,878 | 3,212 |
| 2020-21 | 2,000 | 3,275 |

स्त्रोत - प्राथमिक संमक के आधार पर

उज्जैन जिले में मूंगफली तिलहन फसल की लागत प्रति क्विंटल एवं लाभ प्रति क्विंटल के मध्य कार्ल पियर्सन के सहसम्बन्ध का विस्तृत अध्ययन

किया गया जिसमें पाया गया की मूंगफली की फसल की लागत प्रति क्विंटल एवं लाभ प्रति क्विंटल में 0.94 उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया एवं मूंगफली की लागत प्रति क्विंटल व लाभ प्रति क्विंटल में सम्भाव्य विभ्रम 0.0351 पाया गया, तत्पश्चात् मूंगफली की लागत एवं लाभ के मध्य पाए गए सहसम्बन्ध की सार्थकता मापी गई जो की सम्भाव्य विभ्रम के 6 गुना से अधिक है। अतः मूंगफली फसल की लागत एवं लाभ के मध्य का सहसम्बन्ध सार्थक है।

**निष्कर्ष –** उपरोक्त तालिकाओं द्वारा अध्ययन करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ है कि उज्जैन जिले में तिलहनी फसलों के अन्तर्गत मूंगफली की फसल करने से अन्य फसलों की तुलना में पर्याप्त आय अर्जित की जा सकती है। उज्जैन जिले की जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति मूंगफली फसल के उपयुक्त है। यहाँ एक सामान्य किसान भी मूंगफली की फसल के उत्पादन से पर्याप्त लाभ अर्जित कर सकता है। क्योंकि उज्जैन जिले में मूंगफली फसल की उत्पादन लागत कम है और मूंगफली फसल से प्राप्ति अधिक है। उज्जैन जिले में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2020–21 के मध्य मूंगफली की फसल की लागत एवं लाभ (प्रति क्विंटल) में 0.94 उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बन्ध एवं सम्भाव्य विभ्रम 0.0351 पाया गया तत्पश्चात मूंगफली की लागत एवं लाभ के मध्य पाए गए सहसम्बन्ध की सार्थकता मापते हैं तोपाया गया है कि उज्जैन जिले में मूंगफली की फसल लागत से पर्याप्त लाभ अर्जित (अन्य बातें समान रहने पर) कर के दे सकती है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-**


1. गुप्ता, डॉ. शिव भूषण– कृषि अर्थशास्त्र – एस.बी.पी.डी. पब्लिकेशन हाउस आगरा।
2. जैन, पी.सी. –भारत में कृषि विकास – रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर।
3. राठौर, प्रो. एस.एस.–भारत कृषि अनुसंधान पत्रिका – पब्लिकेशन कृषि प्रणाली, मेरठ।
4. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जिला सांख्यिकी कार्यालय, उज्जैन वार्षिक प्रकाशन।
5. किसान डायरी, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, भोपाल।
6. www.ujjain.nic.in
7. www.fci.gov.in
8. www.mpkrashi.org


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में एम-कॉमर्स की स्थिति एवं भविष्य

**डॉ. स्नेहा बाबेल***

* सहायक आचार्य (लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी) राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** एम-कॉमर्स वास्तव में ई-कॉमर्स का एक अग्रिम संस्करण है, जिसके द्वारा मोबाइल पर इन्टरनेट का उपयोग कर व्यवसाय की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है । ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स है, जिसमें डेस्कटॉप एवं लेपटॉप कंप्यूटरों पर इंटरनेट का उपयोग कर लेनदेन किया जाता है। ई-कॉमर्स द्वारा कभी भी, कहीं भी त्वरित गति से मॉल एवं सेवाओं का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया जा सकता है। लोग विभिन्न वेबसाइटों पर जाकर विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की खोज एवं तुलना कर ऑनलाइन लेन-देन कर सकते हैं और ईमेल एवं फंड ट्रांसफर कर सकते है। एम-कॉमर्स (मोबाइल कॉमर्स) वास्तव में किसी स्थान विशेष पर जाये बिना वायरलेस उपकरण जैसे मोबाइल के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का क्रय और विक्रय है। एम-कॉमर्स उपयोगकर्ताओं को एक्सेस करने में सक्षम बनाता है। मोबाइल फोन, मोबाइल एप्लिकेशन और इंटरनेट का उपयोग कर विभिन्न प्रकार के लेन-देन जैसे विभिन्न उत्पादों की खोज, खरीदारी, धनराशि का हस्तानांतरण, टिकट बुकिंग, उपयोगिता बिलों का ऑनलाइन भुगतान पूर्ण गोपनीयता के साथ सम्पादित किए जाते है। इस प्रकार, एम-कॉमर्स की सर्वव्यापकता, गतिशीलता, और लचीलेपन की क्षमता ने इस सुविधा को आम लोगों में लोकप्रिय बना दिया है। इंटरनेट का उपयोग करके ग्राहक विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से मोबाइल वाउचर, कूपन और लॉयल्टी कार्ड, स्थान-आधारित सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। वे भारतीय खुदरा ग्राहक जो स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे है, उनमें से लगभग 83% मोबाइल फ़ोन पर खरीदारी कर रहे है, जो प्रदर्शित करता है कि भारत में एम- कॉमर्स का तेजी से विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से इस समूह में 90% ग्राहक, 25-34 आयु वर्ग के ग्राहक ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे है। इस आलेख में मोबाइल कॉमर्स की उपयोगिता, लाभ, हानियाँ और भारत में इसके भविष्य पर प्रकाश डाला जा रहा है।

**शब्द कुंजी –** एम- कॉमर्स, एप्लिकेशन, मोबाइल बैंकिंग, मोबाइल टिकटिंग, मोबाइल मार्केटिंग।

**प्रस्तावना –** मोबाइल कॉमर्स को आमतौर पर 'एम-कॉमर्स' कहा जाता है, जिसमें उपयोगकर्ता किसी भी प्रकार का लेन-देन, माल की खरीद और बिक्री सहित, किसी भी सेवा की जानकारी हासिल करने से लेकर उसका स्वामित्व या अधिकार हस्तान्तरण और तत्पश्चात मौद्रिक लेनदेन एवं रुपयों का अंतरण मोबाइल हैंडसेट पर वायरलेस इंटरनेट के द्वारा कर सकता है। वाणिज्य की अगली पीढ़ी शायद मोबाइल कॉमर्स या एम-कॉमर्स हो। इसकी व्यापक संभावित पहुँच को देखते हुए प्रमुख मोबाइल हैंडसेट निर्माण कंपनियां 2WAP(वायरलेस एप्लिकेशन प्रोटोकॉल) द्वारा स्मार्टफ़ोन को सक्षम कर रही है और जो अधिकतम वायरलेस इंटरनेट प्रदान करता है, जिससे वेब सुविधाएं द्वारा वैयक्तिक, आधिकारिक और वाणिज्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए आवश्यक हो जो बाद में एम-कॉमर्स के लिए बहुत लाभप्रद होगा।

एम-कॉमर्स को एक वायरलेस इंटरनेट-सक्षम डिवाइस के माध्यम से कहीं भी सामान खरीदने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इसे इस प्रकार भी परिभाषित किया जा सकता है:

- 'मोबाइल द्वारा ई-कॉमर्स प्रदान करना।'
- मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग कर वस्तुओं एवं सेवाओं की व्यावसायिक सूचनाएं प्राप्त कर क्रय-विक्रय करना, मांग एवं पूर्ति की श्रृंखला को पूर्ण करते हुए लेन-देन करना।
- मोबाइल वाणिज्य से तात्पर्य उस वायरलेस इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स से है जिसमें मोबाइल या पर्सनल डिजिटल असिस्टेंट (PDA) जैसे आसान उपकरणों का उपयोग वाणिज्य करने के लिए किया जाता है। कहा जा सकता है कि ई-कॉमर्स की अगली पीढ़ी वायरलेस है जिसमें तार और प्लग-इन डिवाइस कोई आवश्यकता नहीं है

**अनुसंधान पद्धति –** यह शोध पत्र गुणात्मक और द्वितीयक समंकों पर आधारित है।जिसे विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, प्रबंधकीय जर्नल, पुस्तकों एवं इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओं एवं जानकारियों से एकत्रित किया गया है।

**अध्ययन का उद्देश्य :**

1. एम-कॉमर्स द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का अध्ययन करना,
2. एम-कॉमर्स के लाभ और सीमाओं को जानने के लिए,

3. भारत में एम–कॉमर्स की स्थिति एवं भविष्य का अवलोकन करना।

**मोबाइल पर उपलब्ध उत्पाद और सेवाएं :**

1. **मोबाइल ब्राउज़िंग –** वर्तमान में एक मोबाइल धारक बिना पर्सनल कम्प्यूटर का उपयोग किए अपने मोबाइल के ब्राउज़र का उपयोग कर दुनिया भर के प्रोडक्ट की जानकारी हासिल कर उन्हें ऑनलाइन खरीद सकता है। लोकेशन बेस्ड मोबाइल एप ग्राहकों को सही समय, सही स्थान एवं सही व्यक्ति को वस्तुएं एवं सेवाएँ उपलब्ध कराने में सक्षम है। अमेजान, फ्लिपकार्ट, जोमाटो, स्नेपडील,ओला आदि इसके उदाहरण है।

2. **मोबाइल बैंकिंग –** बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान अपने ग्राहकों को अपने बैंक खातों की जानकारी एक्सेस करने और भुगतान करने की सुविधा प्रदान करते है। इन मोबाइल एप्स के द्वारा आसानी से मनी ट्रान्सफर के साथ–साथ विभिन्न बिलों का भुगतान किया जा सकता है। स्टेट बैंक का योनो, फ़ोनपे या पेटीएम इसके उदाहरण है।

3. **सामग्री की खरीद और वितरण –** वर्तमान में, मोबाइल सामग्री जैसे रिंगटोन, वालपेपर, गेम्स, एप्स, म्यूजिक, वीडियो आदि की खरीद और वितरण मोबाइल फोन पर की जा रही है। फोरजी नेटवर्क से युक्त मोबाइल जिसमें डाउनलोड की बेहतर गति होती है, पर ये सभी कार्य सेकेंड्स में घर बैठे पूर्ण हो जाते है।

4. **मोबाइल मनी ट्रांसफर –** अब मनी ट्रांसफर मुख्य रूप से मोबाइल फोन के उपयोग के माध्यम से किया जाता है। इसकी शुरुवात केन्या की एक कम्पनी सफारीकॉम द्वारा की गई थी। अधिकांश मॉल, संस्थानों और दुकानों में स्थिर स्वचालित टेलर मशीन (ATM) पाई जाती है लेकिन विशेष आयोजनों मेलों, कार्निवाल, परेड या विशेष यात्राओं के दौरान जब आसपास कोई एटीएम उपलब्ध नही होता है तब अस्थाई तौर पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित की जा सकने वाली मोबाइल एटीएम मशीन स्थापित की जाती है।

5. **मोबाइल टिकटिंग –** विभिन्न प्रकार की टिकिटों को मोबाइल फोन पर बुक किया जा सकता है, उसे अंतरित किया जा सकता है। टिकट चेक होने पर अपने मोबाइल फोन को तत्काल प्रस्तुत करके, उन टिकट का उपयोग किया जा सकता है। अब अधिकांश मोबाइल धारक इस तकनीक की ओर बढ़ रहे हैं।

6. **मोबाइल वाउचर, कूपन और लॉयल्टी कार्ड –** वाउचर, कूपन, और लॉयल्टी कार्ड के वितरण के लिए मोबाइल टिकटिंग तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। ये आइटम एक वर्चुअल टोकन द्वारा दर्शाए जाते हैं जो मोबाइल पर भेजा जाता है

7. **स्थान–आधारित सेवाएं –** मोबाइल वाणिज्य या एम–कॉमर्स लेनदेन के समय मोबाइल धारक की लोकेशन की जानकारी महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे उपयोग के समय स्थानीय जानकारी, छूट, मौसम की जानकारी ली जा सकती है और लोगों की ट्रैकिंग एवं निगरानी रखी जा सकती है।

8. **सूचना सेवाएं –** समाचार, स्टॉक कोट, खेल स्कोर, आर्थिक लेख, ट्रैफिक रिपोर्टिंग, आपातकालीन अलर्ट, स्थान आधारित सूचनाएं आदि सूचना सेवाओं की विस्तृत विविधता को मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाया जा सकता है। उपयोगकर्ता के मोबाइल डिवाइस को वास्तविक यात्रा पैटर्न के आधार पर अनुकूलित ट्रैफ़िक जानकारी, भेजी जा सकती है। यह अनुकूलित डेटा एक सामान्य ट्रैफ़िक–रिपोर्ट की तुलना में अधिक उपयोगी है,जो आधुनिक मोबाइल उपकरणों के आविष्कार से पहले अव्यावहारिक था।

9. **मोबाइल ब्रोकरेज –** मोबाइल उपकरणों के माध्यम से दी जाने वाली स्टॉक मार्केट सेवाएं अब अधिक लोकप्रिय हो गई हैं। ये ग्राहक को बाजार के विकास पर प्रतिक्रिया करने की अनुमति देते हैं।

10. **मोबाइल मार्केटिंग और विज्ञापन –** मोबाइल कॉमर्स के संदर्भ में, मोबाइल पर भेजे गए मार्केटिंग संदेश मोबाइल मार्केटिंग को संदर्भित करते है। कम्पनियों की रिपोर्टों से पता चलता है कि पारम्परिक विज्ञापन अभियानों की बनिस्पत ग्राहक मोबाइल मार्केटिंग में बेहतर और तत्काल प्रतिक्रिया देते है। इसका प्राथमिक कारण मोबाइल एप्लिकेशन और इसे सक्षम करने वाली वेबसाइट होती है। यहाँ उपभोक्ता एक विपणन संदेश या डिस्काउंट कूपन प्राप्त कर सकते हैं।

**एम–वाणिज्य के लाभ और सीमाएँ –** एम–कॉमर्स के कुछ लाभ नीचे वर्णित हैं:

1. **उपयोग करने में आसान –** मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करना आसान है। इन एप्लीकेशन्स को उपयोग में लाने के लिए किसी विशेष कौशल या प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती हैं। इसके अलावा उपभोक्ता आसानी से प्रोडक्ट खरीद कर बिल की डिलीवरी पर भुगतान कर सकते है।

2. **सर्वसुलभ पहुंच –** मोबाइल फोन हर व्यक्ति के लिए उपलब्ध हैं और यह सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। विक्रेता मोबाइल फोन और एप्लीकेशन्स के माध्यम से ग्राहकों तक पहुँच सकते हैं और ग्राहक उत्पादों को खोजने के लिए विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा विक्रेता तक पहुंच सकते हैं। दूरियों का फासला होने पर भी विक्रेता और ग्राहक एक दूसरे तक पहुंच सकते हैं।

3. **उपभोक्ताओं के लिए बेहतर सौदा –** उपभोक्ता विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके विभिन्न आइटम खोज कर सकते हैं। उनकी लागत, डिलीवरी समय और स्थान की तुलना कर आदेश कर सकते है और सबसे अच्छा सौदा प्राप्त कर सकते है।

4. **समय की बचत –** उपभोक्ता आवश्यक उत्पाद खोज सकते हैं, उसकी तुलना कर सकते हैं और भौतिक दुकानों का दौरा किए बिना सबसे अच्छा सौदा प्राप्त कर सकते हैं इस प्रकार उनका यात्रा करने का समय और धन बचता है। वह मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके कभी भी कहीं भी उत्पाद खरीद सकता है। एम–कॉमर्स ग्राहकों को मूवी टिकट, रेलवे टिकट, हवाई टिकट, ईवेंट टिकट बुक करने में सक्षम बनाता है, जिससे काफी समय की बचत होती है। जैसे बुक माई शो, आईआरसीटीसी मोबाइल एप्लिकेशन ऑनलाइन आरक्षण सेवाएं प्रदान करता है।

5. **सुरक्षित लेनदेन –** मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर उपभोक्ता सुरक्षित लेनदेन कर सकते हैं। सुरक्षा के लिए उपभोक्ताओं को लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्रदान किए जाते है। लेन–देन के प्रमाणीकरण के लिए ऑन टाइम पासवर्ड (OTP) लिए उत्पन्न होता है। जिसका उपयोग सुरक्षित एम–

भुगतान के लिए किया जाता है।

**एम–कॉमर्स से हानियाँ :**

1. **छोटी स्क्रीन –** उपभोक्ता के कार्य को मोबाइल डिवाइस की छोटी स्क्रीन एक ही डिस्प्ले स्क्रीन में ज्यादा प्रोडक्ट को देखना मुश्किल बना देती है। किसी भी प्रोडक्ट को देखने के लिए यूजर को तस्वीरों को बार बार जूम करना पड़ता है। इस प्रक्रिया के कारण उपभोक्ता थकान महसूस करने लगता है। इसके अलावा आई केचिंग तस्वीरों को यूजर पकड़ नही पता इसलिए रिटेलर के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है।

2. **सुरक्षा –** मोबाइल सुरक्षा में नियमित रूप से सुधार हो रहा है। लेकिन अधिकांश उपभोक्ता मोबाइल डिवाइस पर लेनदेन पर विश्वास नहीं करते। इंटरनेट की तुलना में हैकर्स के लिए मोबाइल डिवाइस नेटवर्क को हैक करने के अधिक अवसर होते है। इसलिए मोबाइल पर लेन–देन सुरक्षित लेनदेन होना चाहिए।

3. **मोबाइल कॉन्फ़िगरेशन –** मोबाइल कॉन्फ़िगरेशन मोबाइल एप्लिकेशन के अनुरूप होना चाहिए, इसलिए मोबाइल कॉन्फ़िगरेशन इसके उपयोग को सीमित कर देता है।

4. **धीमी प्रक्रिया –** मोबाइल डिवाइस की गति व्यक्तिगत कंप्यूटर से कम है। सर्चिंग के दौरान उपभोक्ताओं को फ़्लैश वीडियो और प्लग–इन जैसी सामग्री को हटाना पड़ता है, जिसमे बहुत समय खर्च होता है। इस तरह धीमी गति के कारण आदेश देने और उत्पादों की डिलीवरी में समय ज्यादा लगता है।

**भारत में एम–वाणिज्य सेवाओं का भविष्य –** भारत में लगातार मोबाइल फोन का उपयोग बढ़ रहा है, यह केवल कॉल करने के लिए नहीं बल्कि दोस्तों और परिवार के लिए वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बनता जा रहा है। मोबाइल फोन तकनीक ने एक नई परिपाटी का विकास किया है और वह है मोबाइल कॉमर्स। निम्न तालिका भारत में मोबाइल उपयोगकर्ता और उसमें भी स्मार्ट फ़ोन उपयोगकर्ताओं में वृद्धि को दर्शाया गया है –

**तालिका संख्या** 1

| वर्ष | भारत में मोबाइल उपयोगकर्ता (मिलियन में) |
|---|---|
| 2014 | 199.08 |
| 2015 | 251.79 |
| 2016 | 299.24 |
| 2017 | 399.95 |
| 2018 | 373.88 |
| 2019 | 401.74 |
| 2020 | 757.2 |
| 2021 | 853.42 |
| 2022 | 938.27 |
| 2023 | 1013.57 |

स्त्रोत – www.statista.com

तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि भारत में स्मार्टफोन उपयोग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि इस वर्ष तक मोबाइल कॉमर्स से कुल सकल बिक्री 2.52 यूएस ट्रीलियन डॉलर तक होने का अनुमान है।

**निष्कर्ष –** भविष्य के व्यवसाय में मोबाइल कॉमर्स एक बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। एम–कॉमर्स सेवाओं की भविष्यवाणी करना बहुत मुश्किल है। बाजारों में तीव्र प्रतिस्पर्धा के साथ विभिन्न भुगतान रणनीतियों, और अधिक ग्राहक जागरूकता मोबाइल के उपयोग को बढ़ावा देती हैं। अगले पांच वर्षों में एम–कॉमर्स से बिक्री चौगुनी तक होने का अनुमान है। कुछ ई–कॉमर्स साइटों (जैसे अमेज़ॅन) में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जबकि अधिकांश व्यवसायों ने केवल एम–कॉमर्स की सफलता का अनुभव किया। हालाँकि, इन सभी में एक बात समान है कि वे अब अपने ब्रांड को बढ़ाने, अपनी बिक्री बढ़ाने और प्रतिस्पर्धियों के साथ मेल–जोल रखने के लिए एम–कॉमर्स को सार्वभौमिक रूप से पहचानते हैं। संक्षेप में, एम–कॉमर्स का भविष्य उज्ज्वल है, और ऐसा लग रहा है कि यह और भी शानदार हो रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. अर्चना एम नवरे: इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस्ड रिसर्च इन कम्प्यूटर एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग वाल्यूम 5 इशु 4
2. http://www.regalix.com/insights/m-commerce-trends-in-india.
3. https://yourstory.com/mystory/m-commerce-in-2019-trends-to-keep-up-with-and-bene-wbx3hb5125
4. https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/india-is-fastest-growing-e-commerce-market-report/articleshow/66857926.cms
5. https://www.statista.com/statistics/274658/forecast-of-mobile-phone-users-in-india/

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं की वास्तविक स्थिति

**कृष्णा राजावत***

* शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** पंचायतीराज की विभिन्न संथाओं में 73वें संविधान संशोधन के बाद हाशिये पर खडे समुदायें जैसे महिलायें, कमजोर वर्ग, अनुसुचित जाति, जनजाति को जो आरक्षण मिला इससे इन संस्थाओं के स्वरूप में बहुत बदलाव देखा गया। इसमें जो महिला समुदाय है उसको जो आरक्षण मिला है उस आरक्षण का मूल उद्देश्य था इन संस्थाओ में महिलाओं की भागीदारी बढाना, उन्हें आगे लाना क्या यह उद्देश्य वास्तविक स्थिति में परिपूर्ण हुआ है या नही यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है।

**प्रस्तावना –** महिलाओं को आरक्षण तो मिल गया लेकिन उनके समक्ष अनेक चुनौतिया थी  जैसे शिक्षित न होना, सामाजिक स्तर पर महिलाओं का उपेक्षित होना, परिवार में जिम्मेदारिया अधिक होने से समय का अभा, घुंघट प्रथा, परिवार में सम्मान जनक स्थिति न होना, नौकर शाही में उनके साथ उपेक्षित व्यवहार करना पुरूष प्रधान समाज होना आदि अनेक बाधाए थी। जैसे निरक्षर होने पर सचिव व अन्य लोगो पर उन्हें निर्भर रहना पडता हैं। तथा परिवार में स्थिति कमजोर होना इनकी प्रमुख समस्याए हैं। जिनके कारण महिलाए आरक्षण मिलने पर भी अपनी भूमिका का निर्वाह पूर्ण व सहीं रूप में नहीं कर पा रही हैं। वे अपने अधिकारों कि पूर्ण जानकारी नहीं रखती हैं, वे विकास योजनाओं की समझ नहीं रखती हैं। बैठको में वह भाग में तो लेती हैं पर महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी भागीदारी नहीं होती हैं। भारत वर्ष ग्रामीण और शहरी समुदाय में महिलाओं में घुंघट निकालने की प्रथा प्रचलित रही हैं। जो आज भी बदस्तुर जारी हैं। और वे पंचायतों कि बैठको में भी घूंघट निकालकर बैठती हैं। और इसे हम आज भी पिछडेप्न का कारण मानते हैं। चुनाव प्रणाली में भाग लेना ही ग्रमीण महिलाओं के लिये बहुत हैं। सदियों से वे घर की चार दिवारे में ही बन्द रहीं हैं। पंचायत समिति व जिला परिषद जैसी संस्थाए पंचायत व्यवस्था की शिखर की संस्थाए हैं। इन संस्थाओं में महिलाओं के साथ समानता के आधार पर व्यवहार नहीं होता हैं। वे पंचायतो में सम्बोधन में असमर्थ हैं। पंचायत सम्बन्धीउचित प्रषिक्षण प्राप्त नहीं होने से वे अपने कार्यो के लिये दुसरो पर निर्भर रहती हैं।

राजनिती में एक बार आने और किसी पद पर चुने जाने के बाद जन प्रतिनिधी जनता की समस्याओं और सरोकारों से बेपरवाह हो जाते हैं यही बात महिला नेतृत्व पर भी लागू होती हैं।

महिलाओं का पंचायती राज संस्थाओं में निरन्तर नेतृत्व विकसित हो रहा हैं। हजारों हजार महिलाए वार्ड पंच से लेकर जिला प्रमुख तक विभिन्न पदों पर आसिन हैं। प्रश्न यह हैं कि क्या नेतृत्व से महिला सबलीकरण वास्तव में प्रभावशाली हो रहा हैं। निष्कर्षत: यह कहना होगा कि विगत 20 वर्षो में महिला समुदाय में जो नेतृत्व उभर कर आया हैं वह उनके सबलीकरण का सकारात्मक संकेत हैं। अब तक देश की राजनिति में पुरूष वर्ग का वर्चस्व रहा हैं। देश की संसत और राज्य की विधान सभा में महिलाओं की सदस्यता काफी कम हैं। दुसरी और तृणमूल स्तर की संस्थाओं में वार्ड पंच से लेकर जिला प्रमुख तक के पदो में महिला आरक्षण की व्यवस्था हैं। अत: कहा जा सकता हैं कि महिलाए अब इस मत कि हैं कि वे राजनिति में पुरूषों की ही तरह सक्रीय भूमिका निभाने में सक्षम हैं। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता हैं कि चुनाव प्रणाली ने ग्रामीण समाज की सोच में काफी परिवर्तन किया हैं। महिलाओं को समानता मिलना और उनकी इज्जत में बढोतरी होना मामूली प्रसंग नहीं हैं। यह परिघटना आगे जाकर समानता के मार्ग को प्रशस्त करेगी और महिलाओं को जनतंत्रीय प्रणाली में समान भागीदारी प्रदान करेगी इसकी आशा की जा सकती हैं।

समुचे प्रसंग पर गहराई से विचार कर देखे तो यह ज्ञात होता हैं कि आरक्षण के अभाव में महिला जनप्रतिधियों का विभिन्न पदों पर चुन कर आना असम्भव नहीं पर कठिन अवश्य था। अत: यह कहा जा सकता हैं कि आरक्षण व्यवस्था के कारण ही महिलाओं में पंचायत के संस्थाओं में समान रूप  से भागीदार बनने का अवसर मिला। पंचायती राज के प्रारम्भिक वर्षो में यह बात प्रचलित थी की सरपंच महिला के साथ सरपंच पति न केवल पंचायत भवन जाता था अपितु कामकाज में भी हस्तक्षेप किया करता था लेकिन अब लगता हैं कि इस प्रवृति में परिवर्तन आया हैं लेकिन अब महिला जन प्रतिनिधि केवल उपस्थिति ही दर्ज नही करवाती अपितु सामाजिक हित के मुद्दे भी उठाती हैं। यह कहा जा सकता हैं कि इस व्यवस्था से हजारों महिलाओं को पंचायत में आने का अवसर मिला हैं साथ ही यह भी इनकार नहीं किया जा सकता हैं कि जो परिवार राजनितिक दृष्टि से सक्षम हैं इन्हें इनका अधिक लाभ मिला हैं। हमारे देश में भ्रष्टाचार एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका हैं अत: यह कहा जा सकता हैं कि ग्रामीण क्षैत्र कि संस्थाओं में भी भ्रष्टाचार विविध रूपों में पनप रहा है। लेकिन कुछ थोडे से प्रयासों से ही इन संस्थाओं में महिलाओं कि स्थिति को मजबुत किया जा सकता हैं। जैसे–कुछ ऐसे प्रयत्न व प्रयास किये जाने चाहिए जिसमें महिलाए वास्तविक रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह कर सके जहा तक महिला जन प्रतिनिधियों का प्रश्न हैं अधिकांश अशिक्षित हि नहीं निरक्षर भी हैं। और उनसे किसी बडी भूमिका कि आशा करना गलत हैं। अत: उन्हें कम से कम साक्षर तो बनाया ही जाना चाहिये।

राज्य कर्मचारीयों को चाहिये कि वह महिला जनप्रतिनिधियों से

समानजनक व्यवहार करें सबसे महत्वपूर्ण बात ग्रामपंचायतों के महिला जनप्रतिनिधियों को अनिवार्यत: प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। जो महिलाए घूंघट में बैठती हैं उन्हें घूंघट के बिना बैठने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। महिला जनप्रतिनिधि यदि कोई मुद्दा या प्रश्न रखना चाहे तो उसे गम्भीरता से लेना चाहिए और पंचायत तथा अधिकारीयों को चाहिए कि वे उसका समाधान करें। अत: ऐसे कुछ प्रयत्न हैं जिनके माध्यम से हम वास्तविक रूप से धरातल की इन संस्थाओं में महिलाओं की स्थिति को सुदृढ व मजबूत कर सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. आर. एस. दरड़ा फ्रॉम प्युडिलीज्म टू डेमोक्रेसी, दिल्ली 1971 पृष्ठ 283
2. आर. एस. दरड़ा लोकल गर्वनमेंट ए कम्पेरेटिव स्टडी, 1985, पृष्ठ 32-33
3. वही पृष्ठ 36-37
4. रविन्द्र शर्मा, विपेज पंचायत इन राजस्थान, जयपुर 1986, पृष्ठ 18
5. श्वेता मिश्रा, डेमोक्रेटिक डिसेन्टरालाइजेशन इन इंडिया, नई दिल्ली 1994 पृष्ठ33-33
6. पंचायती राज कानून संग्रह, जयपुर 1986 पृष्ठ 48
7. वह पृष्ठ 48
8. वही पृष्ठ 59
9. इकबाल नारायण, पंचायतीराज एडमिनिस्ट्रेशन इन राजस्थान, नई दिल्ली, 1973 पृष्ठ 4
10. वही पृष्ठ 5-6
1.1 श्री कृष्ण दत्त शर्मा एवं सुनीता दाधिच, राजस्थान पंचायत समिति एवं जिला परिषद्, अधिनियम, जयपुर 1983 पृष्ठ 122
12. वही पृष्ठ 128-129
13. वही पृष्ठ 130
14. हैनरिक मैडिक, ए स्टडी ऑफ रूरल लाईफ गर्वमेंट इन इंडिया, लंदन 1970, पृष्ठ 102
15. इकबाल नारायण, एम.वी. माथुर एवं अन्य, पंचायतीराज इन राजस्थान, जयपुर, 1966 पृष्ठ 60-65
16. वही पृष्ठ 60-65
17. वही पृष्ठ 58
18. पंडित जवाहर लाल नेहरू, सामुदायिक विकास एवं पंचायतीराज के राज्य मंत्रियो के सम्मेलन में उद्बोधन, नई दिल्ली, 3 अगस्त 1962
19. सादिक अली समिति रिपोर्ट, राजस्थान सरकार जयपुर 1963, पृष्ठ 3
20. वही पृष्ठ 16-17
21. वही पृष्ठ 20
22. वही पृष्ठ 21-22
23. सादिक अली रिपोर्ट, राजस्थान सरकार, जयपुर 1963, पृष्ठ 52-53
24. वही पृष्ठ 24-25
25. वही पृष्ठ 25-26
26. गिरधारी लाल व्यास समिति (आदेश संख्या एफ.एड./3926 एड.एम./71 दिनांक 8 नवम्बर1971) पृष्ठ 5-7
27. वही पृष्ठ 154-163
28. वही पृष्ठ 164-165
29. बसन्ती लाल बाबेल, राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 जयपुर, वही पृष्ठ 5 धारा -4
30. वही पृष्ठ 16 धारा 6
31. वही पृष्ठ 16 धारा 5
32. वही पृष्ठ 17 धारा 7
33. वही पृष्ठ 22 धारा 23
34. वही पृष्ठ 84-86, धारा 51
35. वही पृष्ठ 53 धारा 23
36. वही पृष्ठ 40
37. वही पृष्ठ 41
38. वही पृष्ठ 94

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# उदयपुर की आहड़ नदी पर जल प्रदूषण और नगरीकरण का प्रभाव

**सुरभि सिंघल* डॉ. अविनाश अग्रवाल****

* सहायक आचार्य (भूगोल) एस.आर.के.पी,राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़, अजमेर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य (प्राणीविज्ञान) एस.आर.के.पी,राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़, अजमेर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** प्राचीन समय से ही मनुष्य का निवास नदी–घाटियों एवं जलाशयों किनारे रहा है जिसके उदाहरण के रूप में इराक की दजला–फरात सभ्यता, सिंधुघाटी सभ्यता, मेसोपोटामिया की सभ्यता, हड़प्पा–मोहनजोदड़ो आदि सभ्यताओं के रूप में देख सकते हैं। जहाँ पर जल की कम उपलब्धता रही वहाँ तालाबों, जलाशयों, बाँधों का निर्माण किया गया। इसी प्रकार नगरीकरण एक सतत् प्रक्रिया है जिसकी विचारधारा का जन्म औद्योगिक क्रान्ति के बाद में हुआ था। नगरों के विकास एवं स्वरूप के निर्धारण में नगरों में निवासित जनसंख्या, भूमि उपयोग, उत्पादन, औद्योगिकरण आदि कारकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहता है। नगरों को व्यतिशील एवं व्यवस्थित करने के लिए भौगोलिक परिस्थितियाँ पर्यावरण, परिवहन, शिक्षा, संचार, व्यापार, चिकित्सा सुविधा आदि कारक नगरों को गतिशील बनाये रखते हैं परन्तु ये कारक प्रदुषण के लिए भी मार्ग प्रशस्त करते हैं।उद्योगों से निकले अपशिष्ट पदार्थों की निपटान (Waste disposal from industries) तथा अन्य मानव क्रियाओं के फलस्वरुप जल की गुणवत्ताा में आये ऐसे परिवर्तन जिनके कारण जल पीने, घरेलू कार्यों, कृषि, मत्स्य पालन तथा अन्य कार्यों के लिये अनुपयुक्त हो जाता है, जल प्रदूषण (Water pollution) कहलाता है।

जल प्रदूषण की पूर्ण परिभाषा संयुक्त राज्य अमेरिका के जन स्वास्थ्य सेवा पेयजल मानकों (Drinking Water Standards of Public Health Services of United States) के अनुसार, ष्जल में किसी भी प्रकार के अवांछित पदार्थ जैसे कार्बनिक, अकार्बनिक, विकिरण, जैविक आदि की उपस्थित जिसके कारण जल की विशेषताओं में कमी हो जाने से घातक प्रभाव या जल की उपयोगिता में कमी आ जाती है, जल प्रदूषण कहलाता है।प्रदूषित जल में विषाक्त पदार्थों के साथ–साथ कई बीमारियों के जीवाणु व विषाणुओं की संख्या में वृद्धि हो जाती है। परिणाम स्वरूप जलीय जीवों की मृत्यु होने लगती है एवं मनुष्यों में हैजा, पीलिया, इत्यादि रोग हो जाता है। ऐसा माना जाता है कि आज भारत में लगभग दो तिहाई रोग जल जनित हैं।

आजादी के बाद भारत की अर्द्धशताब्दी का इतिहास नगरों के विकास के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। भारत में औद्योगिकरण, प्रशासन, तकनिकी, पुनर्वास, धर्म, पर्यटन आदि कारणो से नगरों की संख्या, फैलाव एवं जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ष 1951 की जनगणना में जहाँ 27.29 प्रतिशत नगरीय जनसंख्या थी,वही वर्ष 2011 की जनगणना में यह बढ़कर 31.16 प्रतिशत हो गई है। नगरों की संख्या को देखें तो वर्ष 1951 में देश में 2744 शहर थे जो वर्ष 2011 में बढ़कर 7936 हो गये हैं। जनसंख्या वृद्धि पर नजर डालने पर पता चलता है कि सर्वाधिक 90 प्रतिशत जनसंख्या वृद्धि महानगरों में हुई। राजस्थान के नगरों में भी लगातार वृद्धि रही है। इससे एक और महानगरों में भीड़ भरे एवं अस्वाभाविक आवास की स्थिति उत्पन्न हुई तथा जल प्रदुषण, कच्ची बस्ती, अत्यधिक परिवहन जैसी अनेक समस्याओं का जन्म हुआ।

मेवाड़ राज्य की राजधानी के रूप में उदयपुर शहर की स्थापना 1559 ई. में गुहिलोत सिसोदिया वंश के शासक महाराणा उदयसिंहजी ने मेवाड़ की नई राजधानी के रूप में की। उदयपुर की स्थापना से लेकर वर्तमान तक विभिन्न महाराणाओं का यहाँ पर शासन रहा है और यहाँ के सभी शासकों ने इस शहर के विकास और नियोजन में अपना अमूल्य योगदान दिया है। अरावली से घिरे उदयपुर शहर की स्थापना के समय यह शहर परकोटे के अन्दर ही था लेकिन वर्तमान में इसका विस्तार होकर उत्तर में चिरवा, पूर्व में डबोक, पश्चिम में रामपुरा और दक्षिण में बलीचा तक हुआ है। उदयपुर से राष्ट्रीय राजमार्ग 8 व 76 गुजरते हैं तथा यहाँ पर महाराणा प्रताप हवाई अव व उत्तर पश्चिमी रेलवे होने केकारण अच्छी परिवहन सुविधाएं उपलब्ध है। इस कारण से भी उदयपुर का नगरीकरण वर्तमान में बहुत ही तीव्र गति से हो रहा है। वर्तमान में उदयपुर शहर कुल 37 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है तथा यहाँ की शहरी जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 3,66,000 व्यक्ति है।

उदयपुर शहर आहड़ नदी के किनारे बसा हुआ है। उदयपुर बेसीन में मुख्य रूप से आहड़ नदी व इसकी सहायक नदियों का जल ग्रहण क्षेत्र है। यह भाग विश्व की सबसे प्राचीनतम अरावली पर्वतमाला के दक्षिण मध्य में स्थित है। आहड़ नदी बेसीन में कई मानव निर्मित झीले व तालाब स्थित है जिसमें मुख्य रूप से कोटड़ा नदी पर 14–15 वीं शताब्दी ई. में निर्मित राणा लाखा द्वारा पीछोला झील रही एवं यहाँ पर अन्य झीलों में फतहसागर, कुमारिया तालाब, गोवर्द्धन सागर, रंग सागर, स्वरूप सागर, उदयसागर आदि झीलें उदयपुर शहर में स्थित है

आहड़नदी गोगुन्दा की पहाड़ियों से निकलती है तथा 30 किलोमीटर बहने के पश्चात उदयसागर में जाकर गिरती है। उदयसागर से आगे इसे बेड़च कहा जाता है। बेड़च नदी भीलवाड़ा जिले के बीगोद नामक स्थान के समीप बनास नदी में मिल जाती है। आहड़ नदी जलग्रहण पर विभिन्न जलाशयों का निर्माण किया है जो कि वर्षा काल के जल को संग्रहीत करते हैं। यह जल यहाँ के निवासियों के लिए पीने के लिए एवं कृषि कार्यों के लिए

जल उपलब्ध करवाते हैं। आहड़ नदी जलग्रहण क्षेत्र में बढ़ते नगरीकरण के कारण यहाँ पर वर्तमान में जल की पूर्ति को पूरा करने के लिए मानसी वाकल परियोजना बनाई गई है, जिससे झीलों का जल स्तर उच्च रहेगा।

नगरीकरण के कारण आहड़ नदी का जल-ग्रहण क्षेत्र भी सिकुड़ता जा रहा है। पूर्व में इस नदी की चौडाई 1किमी के लगभग थी जो वर्तमान में घटकर 100 से 200 मी के औसत में रह गई है और अब यह मात्र एक नाले के रूप में बहती है। नगरीकरण के बढ़ने के साथ आयड नदी के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है।

17. Kakiyama, G.; Muto, A.; Takei, H.; Nittono, H.; Murai, T.; Kurosawa, T.; Hofmann, A. F.; Pandak, W. M.; Bajaj, J. S. A simple and accurate HPLC method for fecal bile acid profile in healthy and cirrhotic subjects: validation by GC-MS and LC-MS. *J. Lipid Res.* 2014, 55, 978-990.
18. Li, D.; Carroll, F. Rapid Analysis of 17 Bile Acids in Human Plasma by LC-MS/MS. (Available from: https://www.restek.com/Technical-Resources/Technical-Library/Clinical-Forensic-Toxicology/cft_CFAN2911-UNV).
19. Singh, S. S.; Shah, H.; Gupta, S.; Jain, M.; Sharma, K.; Patel, H.; Shah, B.; Thakkar, P.; Patel, N.; Shah, R.; Lohary, B. B. Validation of LC/MS electrospray ionisation method for the estimation of ursodiol in human plasma and its application in bioequivalence study. *Ann. Chim.* 2004, 94, 1-9.
20. Reddy, R. S.; Chandiran, I. S.; Jayaveera, K. N.; Rao, K. Quantification of ursodeoxy cholic acid in human plasma by using high performance liquid chromatography–tandem mass spectrometric method and its applications in pharmacokinetics. *J. Chem. Pharm. Res.* 2010, 2, 59-69.
21. Ganesan, M.; Nanjundan, S.; Viswanathan, S.; Uma, G. Liquid Chromatography/Tandem Mass Spectrometry for the Simultaneous Determination of Ursodiol

and its Major Metabolites, Tauroursodeoxycholic Acid and Glycoursodeoxycholic Acid in Human Plasma. *E. J. Chem.* 2012, 9, 1605-1612.
22. Peng, C.; Tian, J.; Lv, M.; Huang, Y.; Tian, Y.; Zhang, Z. Development and Validation of a Sensitive LC–MS-MS Method for the Simultaneous Determination of Multicomponent Contents in Artificial Calculus Bovis. *J. Chromatogr. Sci.* 2014, 52, 128-136.
23. Pillia, N.R. Pharmacokinetic and bioequivalence comparison between ursodeoxycholic acid tablets 500mg: An open label, balanced, randomized-sequence, single-dose, two-period crossover study in healthy male volunteers. *Der Pharmacia Lettre* 2015, 7, 10, 13-19.
24. Oriana, B.; Sabrina, F.; Cecilia, D.; Manuela, M.; Valeria, T.; Silvia, L. LC-MS/MS Method Applied to the Detection and Quantification of Ursodeoxycholic Acid Related Substances in Raw Material and Pharmaceutical Formulation. *J. Pharm. Pharmacol.* 2018, 6, 448-455.
25. Pinto, M. C.; Berton, D.C.; Oliveira, A. C. D.; Lazaro, C. M.; Carandina, S.A.C. Method development and validation of ursodiol and its major metabolites in human plasma by HPLC-tandem mass spectrometry. *Clin. Pharmacol.* 2019, 11, 1-9.
26. Public Assessment Report for Ursodeoxycholic acid. Marketing Authorisation Holder in the RMS; Germany by Tillotts Pharma GmbH (2019) available online at https://mri.cts-mrp.eu/Human/Downloads/DE_H_5186_001_PAR.pdf
27. Guidance Document: Bioanalytical Method Validation Guidance for Industry, U.S. Department of Health and Human Services, Food and Drug Administration, Centre for Drug Evaluation and Research (CDER), May 2018. (Available from: https://www.fda.gov/media/70858/download).
28. Guidance Document: ICH guideline M10 on bioanalytical method validation, Mar 2019 (Available from: https://www.ema.europa.eu/en/documents/scientific-guideline/draft-ich-guideline-m10-bioanalytical-method-validation-step-2b_en.pdf).
29. Good Clinical Practices, International Council for Harmonisation-E6 (R2) Guidelines, Current Step 4 version dated 9 November 2016.
30. Viswanathan, C. T., Bansal, S., Booth, B., DeStefano, A. J., Rose, M. J., Sailstad, J., Shah, V. P., Skelly, J. P., Swann, P. G., Weiner, R. Workshop/conference report-quantitative bioanalytical methods validation and implementation: best practices for chromatographic and ligand binding assays. The AAPS Journal *Adv. Pharm. Sci. Ser*. 2007, 9, E30-E42.

**Table 1. MS parameters: 1A) Source dependent and 1B) Compound dependent**

**Table 1A.Source dependent parameters**

| | |
|---|---|
| Ion Source | : Heated electro spray ionization (HESI) |
| Spray voltage | : 4000 v |
| Polarity | : Negative |
| Vaporizer temperature | : 350 °C |
| Sheath gas pressure | : 40 (arb) |
| Auxiliary gas pressure | : 20 (arb) |
| Ion Sweep gas pressure | : 0 (arb) |
| Capillary Temperature | : 350 °C |
| Capillary Offset | : -35 |
| Collision gas Pressure | : 1.5mTorr |
| Chrom filter | : 10 |

**Table 1B. Compound Dependent Parameters**

| Name | Parent/Product mass, m/z (Q1/Q3) | Collision energy (CE) | TUBE LENS | Skimmer Offset |
|---|---|---|---|---|
| UDCA | 391.250/391.250 | 20 | 150 | 14 |
| UDCA D4 | 395.326/395.326 | 20 | 150 | 14 |
| GUDCA | 448.280/74.090 | 30 | 150 | 12 |
| | 448.280/386.380 | 30 | 150 | 12 |
| GUDCA D4 | 452.270/74.100 | 30 | 150 | 12 |
| | 452.270/390.100 | 30 | 150 | 12 |
| TUDCA | 498.280/498.280 | 25 | 150 | 10 |
| TUDCA D4 | 502.340/502.340 | 25 | 150 | 10 |

## Table 2. Linearity: 3A) UDCA, 3B) GUDCA and 3C) TUDCA

| | Back calculated concentration of Ursodeoxycholic acid Linearity *(n=4)* | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **UDCA (ng/mL)** | **STD-1** | **STD-2** | **STD-3** | **STD-4** | **STD-5** | **STD-6** | **STD-7** | **STD-8** | **STD-9** | **SLOPE** | **INTERCEPT** | **r2** |
| | **99.940** | **199.880** | **499.700** | **999.400** | **1998.800** | **3997.600** | **5996.400** | **7995.200** | **9994.000** | | | |
| Mean | 100.525 | 196.990 | 505.527 | 1004.760 | 1928.974 | 3979.815 | 6028.470 | 8053.493 | 10177.135 | 0.000292 | -0.000585 | 0.9991 |
| Mean % Nominal conc. | 100.59 | 98.55 | 101.17 | 100.54 | 96.51 | 99.56 | 100.53 | 100.73 | 101.83 | | | |
| SD | 1.229 | 5.233 | 6.993 | 16.032 | 25.003 | 58.426 | 138.586 | 149.019 | 178.387 | | | |
| %CV | 1.22 | 2.66 | 1.38 | 1.60 | 1.30 | 1.47 | 2.30 | 1.85 | 1.75 | | | |

| | Back calculated concentration of Glycoursodeoxycholic acid Linearity *(n=4)* | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **GUDCA (ng/mL)** | **STD-1** | **STD-2** | **STD-3** | **STD-4** | **STD-5** | **STD-6** | **STD-7** | **STD-8** | **STD-9** | **SLOPE** | **INTERCEPT** | **r2** |
| | **90.270** | **180.540** | **752.250** | **1504.500** | **3009.000** | **6018.000** | **9027.000** | **12036.000** | **15045.000** | | | |
| **Mean** | 90.008 | 181.730 | 756.009 | 1513.018 | 2846.790 | 6029.923 | 9005.831 | 12363.347 | 15236.497 | 0.000301 | -0.001462 | 0.9977 |
| **Mean % Nominal conc.** | 99.71 | 100.66 | 100.50 | 100.57 | 94.61 | 100.20 | 99.77 | 102.72 | 101.27 | | | |
| **SD** | 1.759 | 6.831 | 16.415 | 46.422 | 98.785 | 131.690 | 409.206 | 662.939 | 405.552 | | | |
| **%CV** | 1.95 | 3.76 | 2.17 | 3.07 | 3.47 | 2.18 | 4.54 | 5.36 | 2.66 | | | |

| | Back calculated concentration of Tauroursodeoxycholic acid Linearity *(n=4)* | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **TUDCA (ng/mL)** | **STD-1** | **STD-2** | **STD-3** | **STD-4** | **STD-5** | **STD-6** | **STD-7** | **STD-8** | **STD-9** | **SLOPE** | **INTERCEPT** | **r2** |
| | **8.953** | **17.906** | **149.220** | **298.440** | **596.880** | **1193.760** | **1790.640** | **2387.520** | **2984.400** | | | |
| **Mean** | 8.958 | 17.872 | 149.405 | 304.828 | 579.921 | 1209.897 | 1791.405 | 2378.371 | 2975.393 | 0.083679 | -0.002909 | 0.9954 |
| **Mean % Nominal conc.** | 100.06 | 99.81 | 100.12 | 102.14 | 97.16 | 101.35 | 100.04 | 99.62 | 99.70 | | | |
| **SD** | 0.150 | 0.608 | 2.175 | 4.558 | 5.324 | 17.347 | 37.096 | 45.724 | 37.021 | | | |
| **%CV** | 1.67 | 3.40 | 1.46 | 1.50 | 0.92 | 1.43 | 2.07 | 1.92 | 1.24 | | | |

**Table 3. Intra and Inter day Precision and accuracy data for the Ursodeoxycholic acid and its major metabolites.**

| Compound | QC levels | Nominal Concentration (ng/mL) | Intra-day (n=6) | | | Inter-day (n=24) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Mean found(ng/mL) | % Accuracy | % CV | Mean found(ng/mL) | % Accuracy | % CV |
| UDCA | LLOQC | 100.040 | 96.180 | 96.14 | 3.37 | 98.867 | 98.83 | 3.93 |
| | LQC | 300.120 | 276.414 | 92.10 | 2.52 | 280.410 | 93.43 | 2.36 |
| | MQC | 5002.000 | 4785.079 | 95.66 | 2.21 | 4838.546 | 96.73 | 1.77 |
| | HQC | 9003.600 | 8575.595 | 95.25 | 2.10 | 8632.895 | 95.88 | 1.88 |
| | | | | | | | | |
| GUDCA | LLOQC | 90.270 | 88.218 | 97.73 | 8.14 | 90.168 | 99.89 | 5.30 |
| | LQC | 270.810 | 257.466 | 95.07 | 7.12 | 261.931 | 96.72 | 4.92 |
| | MQC | 7522.500 | 7376.911 | 98.06 | 5.30 | 7356.911 | 97.79 | 5.50 |
| | HQC | 13540.500 | 13456.785 | 99.38 | 7.66 | 12945.911 | 95.61 | 6.28 |
| | | | | | | | | |
| TUDCA | LLOQC | 8.962 | 8.655 | 96.57 | 5.72 | 8.840 | 98.64 | 4.65 |
| | LQC | 26.887 | 25.386 | 94.42 | 3.00 | 25.676 | 95.50 | 2.70 |
| | MQC | 1493.700 | 1406.220 | 94.14 | 2.09 | 1409.933 | 94.39 | 1.68 |
| | HQC | 2688.660 | 2565.559 | 95.42 | 2.81 | 2563.535 | 95.35 | 1.74 |

**Table 4. Recovery results**

| Parameter | Results | UDCA | GUDCA | TUDCA | UDCA D4 | GUDCA D4 | TUDCA D4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Recovery** | Mean % recovery of analyte across QC level | 92.29 | 93.81 | 90.76 | 91.69 | 89.93 | 90.62 |
| | Variability across QC level (%CV) | 2.05 | 2.11 | 1.52 | NAP | NAP | NAP |
| | % CV of the post-spiked samples area | ≤ 5.31 | ≤ 6.31 | ≤ 3.98 | 2.01 | 3.51 | 1.49 |
| | % CV of the extracted samples area | ≤ **5.07** | ≤ 7.22 | ≤ **5.08** | 2.50 | 2.96 | 1.56 |

**Table 5. Matrix Effect Results (n=6)**

| ANALYTE | Parameter | MATRIX FACTOR | | | ISTD NORMALIZED MATRIX FACTOR | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LQC | HQC | ISTD | LQC | HQC |
| UDCA | Mean | 1.02 | 1.04 | 1.03 | 0.99 | 1.00 |
| | SD | 0.013 | 0.010 | 0.010 | 0.016 | 0.014 |
| | %CV | 1.27 | 0.96 | 0.97 | 1.62 | 1.40 |
| GUDCA | Mean | 1.03 | 1.04 | 1.03 | 1.00 | 1.01 |
| | SD | 0.023 | 0.008 | 0.009 | 0.028 | 0.012 |
| | %CV | 2.23 | 0.77 | 0.87 | 2.80 | 1.19 |
| TUDCA | Mean | 1.01 | 1.03 | 1.02 | 1.00 | 1.01 |
| | SD | 0.017 | 0.008 | 0.008 | 0.016 | 0.008 |
| | %CV | 1.68 | 0.78 | 0.78 | 1.60 | 0.79 |

**Table 6. Stability data**

| **Ursodeoxycholic acid** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Parameters** | **Condition and Duration** | **Mean Precision (%CV)** | | **Stability (Mean % Change)** | |
| | | **LQC** | **HQC** | **LQC** | **HQC** |
| Benchtop | Room Temperature, 7hrs | 1.89 | 1.31 | -4.55 | -2.55 |
| In-injector | Autosampler at 5°C for 52.00hrs | 1.47 | 0.97 | -2.09 | 1.54 |
| Freeze and thaw | After 4th Cycle at -70±5°C | 1.69 | 0.98 | -2.80 | -0.37 |
| Wet extract | 2 hrs at room temperature and 4hrs at 2-8°C | 1.69 | 1.35 | -0.78 | 1.71 |
| Processing steps | 4hrs at Room Temperature | 1.75 | 0.91 | 0.30 | 0.45 |
| Long Term | 47 Days at -70°C | 1.57 | 3.21 | -1.21 | -1.05 |
| **Glycoursodeoxycholic acid** | | | | | |
| **Parameters** | **Condition and Duration** | **Mean Precision (%CV)** | | **Stability (Mean % Change)** | |
| | | **LQC** | **HQC** | **LQC** | **HQC** |
| Benchtop | Room Temperature, 7hrs | 0.71 | 1.49 | -0.78 | -2.11 |
| In-injector | Autosampler at 5°C for 52.00hrs | 2.55 | 2.00 | 3.21 | 0.67 |
| Freeze and thaw | After 4th Cycle at -70±5°C | 3.10 | 1.01 | 2.01 | 0.35 |
| Wet extract | 2 hrs at room temperature and 4hrs at 2-8°C | 0.99 | 1.04 | 0.97 | 0.69 |
| Processing steps | 4hrs at Room Temperature | 2.05 | 0.94 | 5.70 | 0.73 |
| Long Term | 47 Days at -70°C | 5.75 | 2.25 | -0.88 | 2.25 |
| **Tauroursodeoxycholic acid** | | | | | |
| **Parameters** | **Condition and Duration** | **Mean Precision (%CV)** | | **Stability (Mean % Change)** | |
| | | **LQC** | **HQC** | **LQC** | **HQC** |
| Benchtop | Room Temperature, 7hrs | 1.91 | 1.25 | -2.04 | -1.79 |
| In-injector | Autosampler at 5°C for 52.00hrs | 1.31 | 1.14 | -0.17 | 0.22 |
| Freeze and thaw | After 4th Cycle at -70±5°C | 2.24 | 1.48 | -0.90 | -0.43 |
| Wet extract | 2 hrs at room temperature and 4hrs at 2-8°C | 1.99 | 0.99 | 0.99 | -0.06 |
| Processing steps | 4hrs at Room Temperature | 5.73 | 0.97 | -8.90 | -0.28 |
| Long Term | 47 Days at -70°C | 2.0 | 1.07 | -1.75 | 0.85 |




Figure 1 A UDCA EXT BLANK

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान

**डॉ. लोकेश कुमार शर्मा ***

* एसोसिएट प्रोफेसर, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

**शोध सारांश –** महात्मा गांधी का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। गांधीजी ने अहिंसा, सत्याग्रह, और असहयोग जैसे सिद्धांतों के माध्यम से भारतीय जनता को संगठित किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की प्रेरणा दी। उनका जीवन और उनके विचार स्वतंत्रता संग्राम के लिए एक महान प्रेरणा बने और उनके नेतृत्व में भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की। इस शोधपत्र में महात्मा गांधी के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए योगदान का विश्लेषण किया गया है।

**महात्मा गांधी का प्रारंभिक जीवन और उनके विचारों का विकास**

**प्रारंभिक जीवन –** मोहनदास करमचंद गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को पोरबंदर, गुजरात में हुआ था। उनके पिता करमचंद गांधी पोरबंदर के दीवान थे और उनकी माता पुतलीबाई धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। बचपन से ही गांधीजी पर माता के धार्मिक और नैतिक मूल्यों का गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा पोरबंदर और राजकोट में प्राप्त की और बाद में कानून की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए।

**विदेश में शिक्षा और विचारों का विकास –** गांधीजी ने 1888 में इंग्लैंड के इनर टेम्पल से कानून की डिग्री प्राप्त की। वहां रहने के दौरान उन्होंने पश्चिमी सभ्यता, न्याय प्रणाली, और सामाजिक आंदोलनों का गहन अध्ययन किया। इंग्लैंड में रहते हुए वे थियोसोफी, बाइबल, और भगवद गीता से प्रभावित हुए, जिसने उनके जीवन और विचारों को एक नई दिशा दी।

**दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी का संघर्ष**

**दक्षिण अफ्रीका में प्रवास –** गांधीजी ने 1893 में एक कानूनी मामले के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की। वहां उन्होंने भारतीयों के साथ हो रहे नस्लीय भेदभाव को देखा और इसके खिलाफ आवाज उठाई। दक्षिण अफ्रीका में बिताए गए 21 वर्षों में गांधीजी ने सत्याग्रह के सिद्धांत को विकसित किया, जो उनके भविष्य के आंदोलनों का मूल आधार बना।

**सत्याग्रह का उदय –** गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के अधिकारों के लिए सत्याग्रह का पहला प्रयोग किया। 1906 में उन्होंने ट्रांसवाल सरकार के द्वारा भारतीयों पर लगाए गए नए कानून के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया। इस आंदोलन ने गांधीजी को एक सशक्त नेता के रूप में स्थापित किया। इस आंदोलन के सफल होने के बाद गांधीजी ने अहिंसा और सत्याग्रह को अपनी लड़ाई का मुख्य हथियार बना लिया।

**भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीजी का प्रवेश**

**भारत लौटने के बाद की स्थिति –**1915 में गांधीजी भारत लौटे और उन्होंने भारतीय समाज और राजनीति की स्थिति का गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने महसूस किया कि भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक व्यापक और संगठित आंदोलन की आवश्यकता है। उनके विचारों का विकास भारत की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के साथ-साथ यहां के लोगों की समस्याओं के आधार पर हुआ।

**चंपारण सत्याग्रह –** गांधीजी ने अपने पहले सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत 1917 में बिहार के चंपारण जिले से की, जहां किसान नील की खेती करने के लिए मजबूर थे। किसानों की समस्याओं को सुनने और उनके साथ खड़े होने के लिए गांधीजी ने चंपारण सत्याग्रह का नेतृत्व किया। यह आंदोलन गांधीजी के लिए एक बड़ी सफलता साबित हुआ और इससे उन्हें पूरे भारत में एक प्रभावशाली नेता के रूप में पहचान मिली।

**असहयोग आंदोलन**

**जलियांवाला बाग हत्याकांड और असहयोग आंदोलन –** 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड ने गांधीजी को गहराई से प्रभावित किया और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। उन्होंने भारतीय जनता से ब्रिटिश सरकार के साथ किसी भी प्रकार का सहयोग न करने का आह्वान किया। इस आंदोलन के तहत लोगों से सरकारी नौकरी, शिक्षा और विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया।

**असहयोग आंदोलन की सफलता और समाप्ति –** असहयोग आंदोलन को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिला। गांधीजी ने इसे अहिंसात्मक रूप से चलाने की अपील की, लेकिन 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद जब आंदोलन हिंसात्मक हो गया, तो उन्होंने इसे वापस ले लिया। हालांकि, इस आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और गांधीजी को राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित किया।

**सविनय अवज्ञा आंदोलन और दांडी यात्रा**

**नमक सत्याग्रह का प्रारंभ –** 1930 में गांधीजी ने नमक कानून के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की। उन्होंने 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से दांडी तक 240 मील की यात्रा शुरू की, जिसे दांडी यात्रा के नाम से जाना जाता है। इस यात्रा के दौरान गांधीजी ने नमक कानून का उल्लंघन किया और समुद्र तट पर नमक बनाकर ब्रिटिश सरकार को चुनौती दी।

**सविनय अवज्ञा आंदोलन का प्रभाव –** नमक सत्याग्रह ने पूरे देश में

ब्रिटिश शासन के खिलाफ असंतोष की लहर पैदा कर दी। लाखों लोगों ने गांधीजी के आह्वान पर आंदोलन में भाग लिया और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ सविनय अवज्ञा की। इस आंदोलन ने न केवल भारतीय जनता को संगठित किया बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन मिला।

**गांधीजी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस**

**कांग्रेस के साथ जुड़ाव** – गांधीजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होकर इसके प्रमुख नेता बने। उन्होंने कांग्रेस के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को संगठित और दिशा प्रदान की। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम को जन आंदोलन का रूप दिया और देश के हर कोने में आजादी की मांग को बुलंद किया।

**हरिजन आंदोलन और सामाजिक सुधार**– गांधीजी ने स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ सामाजिक सुधारों पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ हरिजन आंदोलन शुरू किया और दलितों को समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। गांधीजी का मानना था कि समाज के सभी वर्गों के बिना स्वतंत्रता अधूरी है, इसलिए उन्होंने सामाजिक सुधारों को स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बनाया।

**भारत छोड़ो आंदोलन**

**द्वितीय विश्व युद्ध और भारत छोड़ो आंदोलन** – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने बिना भारतीय नेताओं की सहमति के भारत को युद्ध में शामिल कर लिया। इससे नाराज होकर गांधीजी ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की। उन्होंने अंग्रेजों से तत्काल भारत छोड़ने की मांग की और 'करो या मरो' का नारा दिया।

**भारत छोड़ो आंदोलन की सफलता** – भारत छोड़ो आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार को हिला कर रख दिया। गांधीजी और अन्य कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन इसके बावजूद आंदोलन पूरे देश में फैल गया। जनता ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए और ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार को यह एहसास कराया कि भारत में अब उनके लिए शासन करना संभव नहीं है और उन्हें जल्द ही भारत छोड़ना होगा।

**गांधीजी के सिद्धांत और उनके प्रभाव**

**अहिंसा और सत्याग्रह** – गांधीजी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनका अहिंसा और सत्याग्रह का सिद्धांत है। उन्होंने अहिंसा को एक सशक्त हथियार के रूप में प्रयोग किया और इसके माध्यम से ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। सत्याग्रह का अर्थ है सत्य के प्रति आग्रह और इसे गांधीजी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का मूलमंत्र बनाया।

**स्वदेशी आंदोलन** – गांधीजी ने स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत की और भारतीयों से विदेशी वस्त्रों और उत्पादों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। उन्होंने चरखा और खादी को स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बनाया और भारतीय जनता को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। स्वदेशी आंदोलन ने न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया बल्कि भारतीय राष्ट्रीयता को भी मजबूत किया।

**विभाजन और गांधीजी की भूमिका**

**विभाजन की त्रासदी** – 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिली, लेकिन इसके साथ ही देश का विभाजन भी हुआ। गांधीजी विभाजन के खिलाफ थे और उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए कई प्रयास किए, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए। विभाजन के दौरान हुई हिंसा और साम्प्रदायिकता ने गांधीजी को गहरा आघात पहुंचाया।

**अंतिम संघर्ष और शहादत** – विभाजन के बाद गांधीजी ने सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में दौरा किया और शांति स्थापित करने का प्रयास किया। उन्होंने दिल्ली में उपवास रखा और हिंदू-मुस्लिम एकता की अपील की। गांधीजी का मानना था कि भारत की स्वतंत्रता तभी पूर्ण हो सकती है जब सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ मिलकर शांति और भाईचारे के साथ रहें। उनके उपवास और प्रयासों ने कई जगहों पर सांप्रदायिकता को कम किया, लेकिन विभाजन के घाव इतने गहरे थे कि वे पूरी तरह से शांति स्थापित करने में सफल नहीं हो सके।

30 जनवरी 1948 को, नई दिल्ली में बिड़ला भवन में प्रार्थना सभा के दौरान, नाथूराम गोडसे ने गांधीजी की गोली मारकर हत्या कर दी। गांधीजी के निधन ने पूरे देश को शोक में डूबा दिया, और यह घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हुई।

**गांधीजी का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान** – महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अपने सिद्धांतों और विचारों के माध्यम से भारतीय जनता को एकजुट किया और एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन खड़ा किया। गांधीजी ने अहिंसा, सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा जैसे सिद्धांतों के माध्यम से ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया और देश को स्वतंत्रता की ओर अग्रसर किया। उनका योगदान केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण रहा है।

**भारतीय राजनीति में नैतिकता की स्थापना**– गांधीजी ने भारतीय राजनीति में नैतिकता और आदर्शों की स्थापना की। उन्होंने अपने सिद्धांतों के साथ राजनीति को जोड़ा और इस बात पर जोर दिया कि साधन और उद्देश्य दोनों ही पवित्र और नैतिक होने चाहिए। उन्होंने भ्रष्टाचार, असत्य, और हिंसा के खिलाफ एक नैतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जो आज भी भारतीय राजनीति के लिए एक प्रेरणा स्रोत है।

**सामाजिक सुधारों में योगदान** – गांधीजी ने भारतीय समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे अस्पृश्यता, जातिवाद, और सामाजिक असमानता के खिलाफ भी संघर्ष किया। उन्होंने हरिजन आंदोलन के माध्यम से दलितों को समाज में समान अधिकार दिलाने की कोशिश की और उनके सामाजिक उत्थान के लिए अनेक प्रयास किए। गांधीजी का मानना था कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी होनी चाहिए।

**आर्थिक स्वराज की अवधारणा** – गांधीजी ने आर्थिक स्वराज की अवधारणा को भी महत्व दिया। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से भारतीयों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और विदेशी वस्त्रों और उत्पादों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। उनके इस आंदोलन ने न केवल ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को कमजोर किया बल्कि भारतीय उद्योगों और कारीगरों को भी सशक्त बनाया।

**शिक्षा और नैतिकता** – गांधीजी ने शिक्षा को भी नैतिकता और जीवन मूल्यों के साथ जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बुनियादी शिक्षा की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ नैतिकता, श्रम और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और नैतिक व्यक्ति का निर्माण करना है।

**गांधीजी की विरासत और आधुनिक भारत पर प्रभाव–** महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान उनके विचारों और सिद्धांतों के माध्यम से आज भी जीवित है। उनकी विरासत ने न केवल भारतीय समाज को प्रभावित किया बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उनके विचारों का प्रभाव पड़ा। अहिंसा और सत्याग्रह के उनके सिद्धांत ने मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला, और आंग सान सू की जैसे विश्व के कई नेताओं को प्रेरित किया।

**भारतीय संविधान और गांधीजी के विचार–**भारतीय संविधान में भी गांधीजी के विचारों का प्रभाव देखा जा सकता है। संविधान के प्रस्तावना में उल्लिखित न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व के सिद्धांत गांधीजी के विचारों का ही प्रतिफलन हैं। इसके अलावा, संविधान में पंचायत राज, स्वदेशी और ग्राम स्वराज जैसे सिद्धांत भी गांधीजी के विचारों से प्रेरित हैं।

**समकालीन भारत में गांधीजी के विचारों की प्रासंगिकता –** समकालीन भारत में भी गांधीजी के विचार और सिद्धांत प्रासंगिक हैं। भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता और सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष में गांधीजी के विचारों की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। अहिंसा, सत्य, और सामाजिक न्याय की उनकी अवधारणाएं आज के समाज में भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं जितनी स्वतंत्रता संग्राम के समय थीं।

**वैश्विक स्तर पर गांधीजी का प्रभाव –** गांधीजी के विचार और सिद्धांत वैश्विक स्तर पर भी अपनाए गए हैं। उनकी अहिंसा की नीति ने कई देशों में स्वतंत्रता आंदोलनों को प्रेरित किया और उनके सत्याग्रह के सिद्धांत ने दुनिया भर में न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनों को एक नई दिशा दी। गांधीजी का जीवन और उनके विचार आज भी विश्वभर में शांति, प्रेम और मानवता के प्रतीक माने जाते हैं।

**निष्कर्ष –** महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उनके द्वारा स्थापित सिद्धांत और विचार न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को दिशा देने में सहायक रहे, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज और राजनीति में नैतिकता और आदर्शों की नींव भी रखी। गांधीजी का जीवन, उनके सिद्धांत और उनके विचार आज भी न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और योगदान हमेशा भारतीय इतिहास में एक विशेष स्थान रखेंगे और उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Gandhi, M. K. (1927). An Autobiography: The Story of My Experiments with Truth- Navjivan Publishing House.
2. Nanda, B. R. (1996). Mahatma Gandhi: A Biography. Oxford University Press.
3. Chandra, Bipan (1989). Indias Struggle for Independence. Penguin Books.
4. Brown, Judith M. (1972). Gandhis Rise to Power: Indian Politics 1915-1922- Cambridge University Press.
5. Parel, Anthony J. (2006). Gandhis Philosophy and the Quest for Harmony- Cambridge University Press.
6. Tendulkar, D. G. (1951). Mahatma: Life of Mohandas Karamchand Gandhi (Vols- 1-8). Ministry of Information and Broadcasting] Government of India.
7. Prasad, Rajendra (1946). India Divided. Hind Kitabs.
8. Fischer, Louis (1950). The Life of Mahatma Gandhi. Harper & Brothers.
9. Parekh, Bhikhu (2001). Gandhi: A Very Short Introduction. Oxford University Press.
10. Sarkar, Sumit (1983). Modern India 1885–1947. Macmillan.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# सतत विकास लक्ष्य

**डॉ. दिनेश कुमार कठुतिया***

* शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना –** अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में विकास के कारण तेजी से औद्योगिक विकास हुआ है, जिससे विभिन्न पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का निर्माण और उन्हें अपनाना विश्व द्वारा सामना की जा रही इन चुनौतियों को सुलझाने के लिए तात्कालिक कार्रवाई का एक सार्वभौमिक आह्वान है। ये सतरा (17) मार्गदर्शक लक्ष्यों का एक सेट है, जिनमें प्रत्येक का उद्देश्य मानव विकास और पारिस्थितिक तंत्रों की स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करना है। अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) की भूमिका एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने में केंद्रीय है, और परिणामस्वरूप, इसने विभिन्न हितधारकों से नवीन तकनीकों के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए, एसडीजी 3 (अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण) का एक लक्ष्य 'प्रदूषित हवा, पानी और मिट्टी के कारण बीमारी और मृत्यु को कम करना' है, जो स्वास्थ्य देखभाल, परिवहन, रासायनिक विज्ञान आदि में अनुसंधान और विकास की आवश्यकता को उजागर करता है। इस संबंध के कारण, एसडीजी और आर एंड डी के बीच, शोधकर्ताओं ने दुनिया भर में एसडीजी से संबंधित अनुसंधान और विकास गतिविधियों का अध्ययन किया है। शोधकर्ताओं ने वैश्विक स्तर पर एसडीजी पर प्रकाशनों का अध्ययन किया है और प्रमुख फोकस क्षेत्रों, देशों और लेखकों के बीच सहयोग पैटर्न की पहचान की है।

हालांकि, भारत के मामले में एसडीजी से संबंधित अनुसंधान पर राष्ट्रीय रुझानों पर कोई विस्तृत अध्ययन नहीं हुआ है। उपलब्ध एकमात्र ज्ञात पाठ यूके रिसर्च और इनोवेशन (यूकेआरआई) इंडिया इम्पैक्ट रिपोर्ट से है, जो यूके और भारत के बीच सहयोगात्मक उत्पादन पर चर्चा करता है और एसडीजी से संबंधित सहयोगात्मक अनुसंधान पर प्रकाश डालता है। इसलिए, भारत में एसडीजी आधारित अनुसंधान गतिविधियों में रुझानों का पता लगाने की आवश्यकता है ताकि मौजूदा ज्ञान के अंतर को संबोधित किया जा सके। एसडीजी को अपनाने के बाद से, भारत ने जलवायु कार्रवाई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। यह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर इसकी प्रतिबद्धताओं में परिलक्षित होता है। भारत सतत विकास लक्ष्यों की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए कदम उठाने वाले अग्रणी देशों में से एक है। निति आयोग के नवीनतम एसडीजी इंडिया इंडेक्स के अनुसार, यह स्वास्थ्य, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र के एसडीजी को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। यह सौर ऊर्जा, स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल, वनीकरण और स्वच्छ ईंधन के उपयोग जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है।

जर्मनी, फिनलैंड और सिंगापुर के साथ, यह उन कुछ देशों में से एक है जो अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं। यह प्रगति अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने, कुशल प्रक्रियाओं और स्थायी प्रथाओं को अपनाने, महानगरों में अधिक कुशल मोटर वाहनों और सार्वजनिक परिवहन की ओर संक्रमण और सतत प्रक्रियाओं के लिए नई तकनीकों के उपयोग के प्रयासों का परिणाम है। इस प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी विकास, स्वीकृति और नीति हस्तक्षेपों के लिए नए शोध के कारण है। प्रति वर्ष 1.5 लाख से अधिक शोध पत्र प्रकाशित होने के साथ, यह उम्मीद की जाती है कि भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने भी विभिन्न एसडीजी के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों को संबोधित करने के लिए कदम उठाए होंगे। इस संदर्भ में, यह लेख भारतीय लेखकों के प्रकाशित शोध लेखों के मानक बिब्लियोमेट्रिक तरीकों और पाठ विश्लेषण का उपयोग करके एसडीजी पर अनुसंधान प्रकाशन गतिविधियों की पहचान करने का प्रयास करता है।

**संबंधित कार्य–** सतत विकास की चुनौतियों को संबोधित करने वाला शोध विभिन्न विषय क्षेत्रों में समान रूप से वितरित है। जैसे–जैसे एसडीजी (जैसे, गरीबी, स्वास्थ्य देखभाल, पानी और स्वच्छता, लैंगिक समानता और जलवायु परिवर्तन) के तहत शामिल चुनौतियों का प्रभाव स्पष्ट होता जा रहा है, संबंधित चुनौतियों को संबोधित करने का प्रयास करने वाला अधिक शोध दुनिया भर में किया गया है। हालांकि, किसी भी सामूहिक अभ्यास की तरह, उचित ट्रेसिंग और पुनरावृत्ति के अभाव में, इन अभ्यासों का संचयी प्रभाव एक शून्य–योग खेल बन सकता है। प्रभाव को मापने के लिए, कई सरकारी और गैर–सरकारी एजेंसियों ने विभिन्न आकलन पद्धतियों को अपनाया है।

**योगदान करने वाले विषय क्षेत्रों में अनुसंधान का वितरण–** इन तीन एसडीजी (3, 7 और 13) की अनुसंधान गतिविधि में शेष एसडीजी की तुलना में एक बड़ा अंतर देखा गया है, शीर्ष 3 ने कुल पुन: प्राप्त 60,022 शोध प्रकाशनों का लगभग 82% योगदान दिया है। शीर्ष 3 अनुसंधान एसडीजी के लिए अनुसंधान गतिविधि और अनुसंधान उत्पादन में योगदान करने वाले संबंधित अनुशासन को देखने के लिए आगे का विश्लेषण किया गया। इसे मेटाडेटा के 'कैटेगरी फॉर फील्ड' का उपयोग करके प्राप्त किया गया। यह डाइमेंशन्स डेटाबेस द्वारा परिभाषित 22 विषय क्षेत्रों का शीर्ष–स्तरीय वर्गीकरण प्रदान करता है। एसडीजी 7, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लिए, यह देखा गया है कि प्रकाशनों की संख्या लगभग 24% सीएजीआर पर बढ़ी है और 2016 में 3,308 पत्रों से 2020 में कुल 9,411 तक पहुंच गई है। इंजीनियरिंग, केमिकल साइंसेज, टेक्नोलॉजी, सूचना और कंप्यूटर

साइंसेज और गणितीय विज्ञान 89.14% के कुल योगदान के साथ शीर्ष योगदानकर्ता अनुशासन हैं। यह उस क्षेत्र में गतिविधि की प्रकृति को उजागर करता है जो ज्यादातर सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लिए प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने पर केंद्रित है।

यह भारत के लिए अत्यधिक प्रासंगिक सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा में प्रगति के लिए निर्धारित नीति दिशाओं के अनुरूप है। यह अनुसंधान तेजी से औद्योगीकरण वाली अर्थव्यवस्था के लिए बिजली और ईंधन की मांग को पूरा करने के लिए नए विकल्पों की खोज करता है। इसी प्रकार, एसडीजी 3, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए, प्रकाशनों की संख्या 2016 में प्रति वर्ष 4,236 लेखों से बढ़कर 2020 में प्रति वर्ष 7,233 लेखों की दर से 11.29: की दर से बढ़ी है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विज्ञान, जैविक विज्ञान, सूचना और कंप्यूटिंग विज्ञान, इंजीनियरिंग और अर्थशास्त्र मुख्य योगदानकर्ता हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विज्ञान में 82% का प्रमुख योगदान है। यह मुख्य रूप से दवाओं के विकास, संक्रामक रोगों के उपचार रणनीतियों, आनुवंशिक और जीवनशैली संबंधी विकारों और चिकित्सा में प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों पर केंद्रित चिकित्सा विज्ञान में अनुसंधान की प्रकृति को दर्शाता है। एसडीजी 13, जलवायु कार्रवाई के लिए, प्रकाशनों की संख्या 2016 में 1,024 लेखों से बढ़कर 2020 में 2,593 लेखों तक पहुंच गई, जिसमें 20.42% का सीएजीआर था। इंजीनियरिंग, पृथ्वी विज्ञान, जलवायु विज्ञान, जैविक विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान मुख्य योगदानकर्ता अनुशासन हैं जिनमें इंजीनियरिंग में प्रमुख गतिविधि है। जैसा कि अधिकांश जलवायु कार्रवाई अनुसंधान स्वच्छ और अधिक कुशल प्रौद्योगिकी समाधान का उपयोग करके कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने पर केंद्रित है, इंजीनियरिंग और रासायनिक विज्ञान में उच्च गतिविधि स्पष्ट है। पृथ्वी विज्ञान, जैविक विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान भी ऐसे क्षेत्र हैं जहां पारिस्थितिक तंत्र कारकों जैसे नदी डेल्टा में हस्तक्षेप पर अनुसंधान सीधे जलवायु कार्रवाई से संबंधित है।

**थीमेटिक संरचनाध्प्रमुख प्रवृत्तियाँ–**

**प्रत्येक प्रमुख एसडीजी पर प्रकाशनों में चर्चा किए गए प्रमुख थीम –** अनुसंधान प्रवृत्तियों का अवलोकन करने के लिए, शीर्ष तीन प्रदर्शन एसडीजी के लिए अवधारणा क्लस्टर प्लॉट का उपयोग करके आगे का विश्लेषण किया गया। ये प्लॉट प्रत्येक प्रकाशन के लिए डाइमेंशन्स डेटाबेस से प्राप्त अवधारणा स्कोर का उपयोग करके विकसित किए गए थे। इसके लिए, सभी शोध पत्रों से 'अवधारणाओं' को एकत्र किया गया और जिनकी प्रासंगिकता 0.7 से कम थी उन्हें हटा दिया गया। शीर्ष तीन एसडीजी के लिए चयनित अवधारणाओं की आवृत्तियों को वीओएस व्यूअर का उपयोग करके दर्शाया गया।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Bautista-Puig, N., Aleixo, A. M., Leal, S., Azeiteiro, U., & Costas, R. (2021). सतत विकास लक्ष्यों और उच्च शिक्षा संस्थानों और अनुसंधान केंद्रों में उनकी समावेशिता के अनुसंधान परिदृश्य का खुलासा: 2000–2017 में प्रमुख रुझान। यफ्रंट सस्टेनेबिलिटी,2, 620743 doi: 10.3389/frsus.2021 .620743
2. Meschede, C. (2020). वैज्ञानिक साहित्य में सतत विकास लक्ष्यों का अवलोकन: एक मेटा–स्तरीय बिब्लियोमेट्रिक अवलोकन। सस्टेनेबिलिटी, 12(11), 4461.
3. Sweileh, W. M. (2020). 'सतत विकास लक्ष्यों' पर वैज्ञानिक प्रकाशनों का बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण जिसमें 'अच्छा स्वास्थ्य और भलाई' लक्ष्य (2015–2019) पर जोर दिया गया है। यग्लोबल हेल्थ, 16(1), 1–13.
4. UKRI (2021). ययूके–इंडियारू अनुसंधान और नवाचार के साथ विकास के लिए साझेदारी – यूकेआरआई इंडिया इम्पैक्ट रिपोर्ट। (3 फरवरी 2021 को प्राप्त)
5. NITI Aayog (2021). 'एसडीजी इंडिया इंडेक्स और डैशबोर्ड 2020–21: कार्रवाई के दशक में साझेदारी'। भारत सरकार। https://sdgindiaindex.niti.gov.in (17 फरवरी 2022 को प्राप्त)
6. Fayomi, O. S. I., Okokpujie, I. P., & Udo, M (2018). सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अनुसंधान की भूमिका। 'मटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग, 413(1)', 012002.
7. Thampi, A. (2019). भारत सतत विकास लक्ष्यों पर कहाँ खड़ा है? प्रगति और चुनौतियाँ। 'सोशल डेवलपमेंट एंड द सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स इन साउथ एशिया' (पृष्ठ 49–73)। रूटलेज।
8. Surana, K., Singh, A., & Sagar, A. D.(2020). सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार–आधारित इनक्यूबेटर्स को मजबूत करना: भारत से सबक। टेक्नोलॉजी फोरकास्टिंग एंड सोशल चेंज, 157, 120057
9. Singh, P., Singh, V. K., Arora, P., & Bhattacharya, S. (2020). भारत की वैज्ञानिक अनुसंधान में रैंक और वैश्विक हिस्सेदारी: विभिन्न डेटाबेस से प्राप्त डेटा कैसे विभिन्न परिणाम उत्पन्न कर सकता है। जे. साइंस इंडस्ट्रियल रिसर्च, 80(4), 336–346.
10. Moyer, J. D., & Hedden, S. (2020). क्या हम सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के सही मार्ग पर हैं? 'वर्ल्ड डेवलपमेंट, 127', 104749.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# अप्राप्तवय अपराधिता हेतु भारत में सुधार संस्थाएँ

**अनूप कैलासिया***

* सहायक प्राध्यापक (लॉ) शासकीय एमएलबी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** बाल अपराध आधुनिक युग की एक गंभीर समस्या है जो पूरे विश्व में फैली हुयी है। बाल अपराध किसी बालक द्वारा उसके बचपने या लड़कपन के कारण कारित कर दिये जाते है जबकि ऐसे अपराध कारित करने का उनका कोई स्पष्ट उद्देश्य नहीं होता है। यदि किसी किशोर को उसकी इस किशोर अवस्था में अपराध की दुनियॉं में ढकेल दिया जाय तो उसका भविष्य एवं संपूर्ण जीवन अपराधमय हो जायेगा।

उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश कृष्णा अय्यर ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा-पीढ़ी पर निर्भर करता है इसलिए बच्चों के प्रति दया और सहानुभूति दशाई जानी चाहिए और साथ ही साथ उनकी उचित देख-रेख एवं संरक्षा की जानी चाहिए। चूंकि बालक जन्मत: अबोध और निर्विकार होते है, अत: यदि उनका पालन-पोषण सावधानी पूर्वक किया जाए तो उनकी शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों का सर्वांगीण विकास होगा और वे उत्तम नागरिक बनेंगे। परंतु यदि उनकी उपेक्षा की गई और उन्हें दूषित वातावरण में रखा गया, तो वे कुसंगति में पड़कर आपराधिकता की ओर प्रवृत्त होंगे। इसलिए इस प्रकार के अपचारी बालकों के लिए दण्डात्मक कार्यवाही करने की अपेक्षा सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना अपेक्षाकृत श्रेयष्कर सिद्ध होती है। इस अध्ययन में भारत में किशोर अपचारिता हेतु बनाए गए सुधारात्मक संस्थाओं का अध्ययन किया गया है।

**शब्द कुंजी –** किशोर, अप्राप्तवय, सुरधार, अपचार, बाल न्यायालय।

**अध्ययन का उद्देश्य –** इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य भारत में स्थापित अप्राप्तवय अपराधिता हेतु सुधार संस्थाओं का अध्ययन किया गया है।

**शोध प्रविधि –** यह शोध पत्र पुर्णत: सैद्धांतिक विधि पर आधारित है जिसमें विषय से संबंधित सर्वमान्य ग्रन्थ एवं प्रशासकीय दस्तावेजों प्राप्त सुचनाओं को आधार मानकर अध्ययन किया गया है।

**विवेचना –** अप्राप्तवय अपराधिता हेतु भारत में निम्नलिखित सुधार संस्थाएँ हैं-

**बाल न्यायालय –** अप्राप्तवय अपराधों के लिये सरकार द्वारा किशोर न्यायालयों की स्थापना की गई है, जो सामान्य न्यायालयों से सर्वथा भिन्न है। जब कभी इस न्यायालय के सम्मुख कोई अपराधी प्रस्तुत किया जाता है तब उसका न्यायाधीश स्वयं इस तथ्य पर सोच-विचार करता है कि उनको किस प्रकार से सुधारा जाये। वर्तमान भारतवर्ष में दिल्ली, पिश्चमी बंगाल, तमिलनाडु, मद्रास, मैसूर आदि में इस प्रकार के किशोर न्यायालय कार्यरत है।

**संप्रेक्षण गृह –** विचाराधीन अपराधी किशोरों को विचारण के दौरान कुछ समय के लिए अभिरक्षा में रखे जाने हेतु संप्रेक्षण गृहों की स्थापना की गई है। इनमें किशोर के लिए निवास सुविधा, भरण पोषण और चिकित्सा परीक्षा तथा उपचार की व्यवस्था के साथ साथ उसके लिए उपयोगी उपजीविका की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाती है।

राज्य सरकार या तो स्वयं अथवा स्वयंसेवी संगठनों से किसी करार के अधीन प्रत्येक जिले अथवा जिलों के किसी समूह में जैसा कि अपेक्षित हो किशोर न्याय अधिनियम के अधीन विधि विवादित किसी किशोर से संबंधित किसी जांच की लम्बितावस्था के दरमियान उनके अस्थायी प्रवेश के लिये स्थापित और अनुरक्षित कर सकती है।

राज्य सरकार इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अधीन संप्रेक्षण गृहों के प्रबंधन का है जिसमें किसी किशोर के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण के लिये उनके द्वारा की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सेवायें और मानक भी सम्मिलित है और उन परिस्थितियों का जिसके अधीन वह तरीका जिससे किसी संप्रेक्षण गृह को प्रमाणित किया और उसको वापस लिया जा सकता है उपबंध कर सकती है।

**विशेष गृह –** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2000 की धारा 9 में विधि विरोधी किशोरों के लिए राज्य द्वारा विशेष गृह स्थापित किये जाने का प्रावधान है। इनमें अपचारी किशोरों के लिए निवास की सुविधा, भरण पोषण, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और पुनर्वास की सुविधाओं की व्यवस्था है। विशेष गृह के विधि विवादित किशोरों को उनकी आयु तथा उनके द्वारा किये गये अपराधों की प्रकृति के आधार पर वर्गीकृत करके उनका पृथक्करण किया जाता है।

कोई राज्य सरकार या तो स्वयं अथवा स्वयंसेवी संगठनों से किये गये किसी करार के अधीन प्रत्येक जिलों या जिलों के किसी समूह में जैसा अपेक्षित हो इस अधिनियम के अधीन विधि विवादित किशोर के प्रवेश और पुनर्वास के लिये विशेष गृहों को स्थापित और अनुरक्षित कर सकती है।

राज्य सरकार इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अधीन विशेष गृहों के प्रबंधन की जिसमें वे मानक और विभिन्न प्रकार की सेवायें भी सम्मिलित है जो उनके द्वारा प्रदान की जायेंगी जो कि किसी किशोर के पुर्न समाजीकरण के लिये आवश्यक है और परिस्थितियों की भी जिनके अधीन और तरीकों की भी व्यवस्था कर सकती है जिनसे किसी विशेष गृह को प्रमाणित किया जा सकता है अथवा वापस लिया जा सकता है।

**आश्रयगृह –** उपेक्षित और अभित्यक्त किशोरों की नियमित सुरक्षात्मक

देख रेख के लिए आश्रय गृह स्थापित किये गये है। इनमें लम्बीत अवधि के लिए रहने और प्रशिक्षण की व्यवस्था रहती है। आश्रय गृहों में उपेक्षित किशोरों को उचित अनुशासन में रखा जाता है ताकि वे अपने भावी जीवन को सुधार सके। इस संबंध में किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2000 की धारा 37 में समुचित प्रावधान है।

**प्रमाणित विद्यालय –** निराश्रित एवं तिरस्कृत बाल अपराधियों के सुधार हेतु स्थापित प्रमाणित विद्यालय सुधार संस्थाओं की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मंत्रणा समिति की रिपोर्ट में प्रमाणित विद्यालयों को औद्योगिक विद्यालय के नाम से सम्बोधित किया गया है। ऐसे विद्यालय या तो राज्य द्वारा स्थापित किये जाते है या फिर बाल अपराधियों को स्वीकार करने के लिए राज्य द्वारा मान्य होते हैं।

प्रमाणित विद्यालय में प्रवेश से पूर्व बाल अपराधियों को पहले रिमाण्ड होम में रखा जाता है जहां उनके व्यक्तित्व की भूमिका सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक पहलुओं आदि का अध्ययन किया जाता है। ऐसे अपराधियों को बाल न्यायालयों के समक्ष पेश किया जाता है। बाल न्यायालय यदि उचित समझता है कि ऐसे अपराधियों को संस्थागत उपचार की आवश्यकता है तो उन्हें प्रमाणित विद्यालयों से प्रवेश की अनुमति दे दी जाती है। वर्तमान प्रमाणित विद्यालय उन्नीसवीं शताब्दी में कार्यरत सुधार गृहों अथवा औद्योगिक विद्यालयों का ही उपान्तरित स्वरूप है जिनमें लावारिस, उपेक्षित या अपचारी बालकों तथा किशोरों को रखा जाता है।

**सुधार विद्यालय –** बाल अपराधियों में शिक्षा के माध्यम से सुधार लाने वाली यह एक महत्वपूर्ण संस्था है। सुधार संस्थाओं का अध्ययन करने वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि – सुधारालय वह संस्था है जिसमें साधारणतया सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चे अर्थात् किशोर अपराधी भर्ती किए जाते है जो पहले सजा काट चुके होते है और जिन पर माता पिता या किसी अन्य का कोई नियंत्रण नहीं होता है। सुधार विद्यालयों की स्थापना के मुख्य दो उद्देश्य है :

1. बाल अपराधियों में सुधार तथा
2. बाल अपराधियों का पुनर्वास।

**रिमाण्ड होम –** रिमाण्ड होम एक मध्यवर्ती संस्था है जहां बाल अपराधियों को गिरतारी के बाद एवं संस्थगत उपचार से पूर्व रखा जाता है। इस दौरान बाल अपराधियों के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक व मनोवैज्ञानिक पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। रिमाण्ड होम का मुख्य उद्देश्य है –

1. बाल अपराधियों की शिक्षा दीक्षा भरण पोषण आदि की व्यवस्था करना।
2. बाल व्यवहार का अध्ययन करना।
3. बाल अपराधियों की शारीरिक एवं मानसिक दशा का पता लगाना।
4. आपराधिक व्यवहार के कारणों को तलाशना।
5. मुक्ति के बाद उन्हें समुचित दिशा निर्देश प्रदान कराना आदि।

**किशोर न्याय बोर्ड –** धारा 4 के अनुसार राज्य सरकार को किसी जिले या जिलों के किसी समूह के लिए एक या अधिक किशोर न्याय बोर्डो के गठन के लिए सशक्त करती है ताकि वे अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्डो को विधि विवादित किशोरों के संबंध में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और अधिरोपित कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सके। इस प्रकार गठित किशोर न्याय बोर्ड में एक महानगरीय मजिस्ट्रेट अथवा एक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग जैसी भी स्थिति हो तथा दो सामाजिक कार्यकर्ता होंगे जिनमें से एक महिला कार्यकर्ता होना आवश्यक है जिसमें एक न्यायिक मजिस्ट्रेट होना आवश्यक है। इस प्रकार स्थापित किये गए बोर्ड को विधि विवादित किशोर के संबंध में इस अधिनियम के अंतर्गत सभी कार्यवाहियों से संव्यवहार करने की अनन्यतम शक्ति प्रदान की गई है।

**बालक कल्याण समिति –** किशोर न्याय और बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2000 की धारा 29 यह उपबंधित करती है कि राज्य सरकार जितने आवश्यक हो उतनी बालक कल्याण समितियों का गठन कर सकती है। इस प्रकार गठित समितियॉं देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के संबंध में शक्तियों का प्रयोग एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगी जो कि ऐसी समितियों को प्रदत्त किया गया है। इस प्रकार गठित समिति में एक अध्यक्ष और चार सदस्य होंगे जिसमें एक महिला होगी और एक अन्य वह व्यक्ति होगा जो बालकों से संबंधित विषयों का विशेषज्ञ हो।

**बालक गृह –** राज्य सरकार की देख–रेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को जॉंच की विचारण अवस्था में प्रवेश हेतु और तत्पश्चात् उनकी देख–रेख, उपचार, शिक्षा, प्रशिक्षण, विकास एवं पुनर्वास के लिए या तो स्वयं अथवा स्वयं सेवी संगठनों से मिलकर बालक गृहों की स्थापना करेगी। उच्चतम न्यायालयों ने इस संबंध में निर्देश दिये है कि बालगृहों में बेगार नहीं ली जानी चाहिए और नाहीं बालकों से बिना वेतन या पारिश्रमिक दिये काम लिया जाना चाहिए।

**निरीक्षण समितियॉं –** राज्य सरकार ऐसी अवधि और ऐसे प्रयोजनों के लिए जैसा कि विहित किया जाय राज्य किसी जिले और नगर के लिए जैसी स्थिति हो बालक गृहों के लिए निरीक्षण समितियॉं नियुक्त करेंगी जिन्हें इसके बाद निरीक्षण समिति के रूप मे निर्दिश्ट किया जायेगा।

**केन्द्रीय,राज्य,जिला और नगरीय सलाहकार बोर्ड –** केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार उस सरकार को गृहों की स्थापना और उनके अनुरक्षण के संबंध में स्त्रोतों के संचालन देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों और विधि विवादित किशोरों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए सुविधाओं के उपबंध और विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संबंधित अभिकरणों के बची समन्वय जैसे विषयों पर सरकार को सलाह देने के लिए एक केन्द्रीय अथवा एक राज्य सलाहकार बोर्ड का गठन कर सकेगा।

**विशेष किशोर पुलिस युनिट –** प्रत्येक राज्य में विशेष किशोर पुलिस युनिटों की स्थापना की जाए जो विधि विवादित किशोरों एवं देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालाकों पर निगरानी रखे तथा उनके मामले निपटाने में सहायता करे। इसी प्रकार प्रत्येक पुलिस थाने में एक किशोर न्याय इकाई होनी चाहिए जिसका मुखिया विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पुलिस अधिकारी हो जिसे किशोर कल्याण पुलिस अधिकारी कहा जाए।

**रेस्क्यू होम –** रेस्क्यू होम में ऐसी लड़कियों या महिलाओं को रखा जाता है जिन्हें वेश्यालयों या अवैध व्यापार करने वाले अपराधियों के कब्जे से बरामद किया जाता है आमतौर पर रेस्क्यू होम में ऐसी महिलाओं को या लड़कियों को रखा जाता है जिन पर अदालत में मुकदमा चल रहा हो इन रेस्क्यू होम का उद्देश्य अपराधियों को सुधार कर समाज में पुनर्वास सहायता प्रदान करना होता है।

**महिला सदन, नारी निकेतन एवं महिला आश्रम –** इस प्रकार की संस्थाएँ सरकारी या गैर सरकारी भी हो सकती है इन संस्थाओं की स्थापना मानसिक रूप से कमजोर लड़कियों, बलात्कार की शिकार लड़कियों, परिवार से त्याग दी गयी लड़कियों या वेश्यालयों से छुड़ायी गयी लड़कियों के लिए किया गया है इन संस्थाओं में अनाथ और बेसहारा लड़कियॉ भी भर्ती की जाती है जहॉ इन्हे आवास और भोजन के अलावा व्यवसायिक और अन्य शिक्षा प्रदान की जाती है ताकि वे रोजी रोटी कमाने योग्य बन सकें और फिर समाज में सम्मान जनक जीवन जी सके।

**उपसंहार –** उपरोक्त अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण ) अधिनियम 2000 के पश्चात् अप्राप्तवय अपराधियों के सुधार हेतु विभिन्न प्रयास किये गये हैं जैसे बाल न्यायालय, संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह, आश्रयगृह, प्रमाणित विद्यालय, सुधार विद्यालय, रिमाण्ड होम, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति, बालक गृह, निरीक्षण समितियॉ, केन्द्रीय,राज्य,जिला और नगरीय सलाहकार बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस युनिट, रेस्क्यू होम, महिला सदन, नारी निकेतन एवं महिला आश्रम इत्यादि की स्थापना एक महत्वूपर्ण कदम है परन्तु इतनी व्यवस्थाएं होने उपरांत भी अप्राप्तवय अपराधियों में सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है आए दिन इन सुधार गृहों की अव्यवस्थाएं विभिन्न प्रसार माध्यमों से पता चलता है जैसे कि बिहार के नारी निकेतन की घटना इस बात द्योतक है कि इन सुधारात्मक संस्थाओं के पर्यविक्षण में कमियां हैं। जब तक इन कमियों को दूर नहीं किया जायेगा तब तक इन संस्थाओं के उद्देश्य फलिभूत नहीं हो सकेंगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण ) अधिनियम 2000 की धारा 37
2. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण ) अधिनियम 2000 की धारा 39

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# राजस्थान के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पारिस्थितिकी संतुलन और विकास के बीच संघर्ष का तुलनात्मक अध्ययन

**कैलाश शर्मा ***

* शोधार्थी (भूगोल) (सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** राजस्थान एक अद्वितीय भौगोलिक और सांस्कृतिक राज्य है जहां प्राकृतिक संसाधनों की सीमितता और विषम जलवायु के बावजूद यहां के निवासियों ने शताब्दियों से अपनी जीवनशैली को अनुकूलित किया है। इस राज्य के विकास की दिशा में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास एक महत्वपूर्ण पहलू है। हालांकि इस विकास की प्रक्रिया ने पारिस्थितिकी संतुलन के साथ एक कठिन संघर्ष को भी जन्म दिया है। शहरी क्षेत्रों में तेजी से हो रहे औद्योगिक विकास, बढ़ती आबादी और बुनियादी ढांचे की मांग ने पर्यावरण पर गंभीर दबाव डाला है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक जीवनशैली और प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण विकास और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती उभरकर सामने आई है।

शहरी क्षेत्रों में विकास की अंधाधुंध दौड़ ने प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन कर पारिस्थितिकी तंत्र को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया है। वनों की कटाई, जल संसाधनों का अत्यधिक उपयोग तथा औद्योगिकीकरण और नगरीकरण ने जैवविविधता को हानि पहुँचाई है। राजस्थान की शहरीकरण प्रक्रिया ने राज्य के पारिस्थितिकी तंत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है जिसमें वायु, जल और भूमि प्रदूषण प्रमुख हैं। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी कृषि और पशुपालन जैसे परंपरागत व्यवसायों के कारण प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन की समस्या उत्पन्न हुई है। इसके परिणामस्वरूप राज्य में पर्यावरणीय असंतुलन गहराता जा रहा है। इस असंतुलन ने न केवल जैव विविधता को प्रभावित किया है बल्कि जलवायु परिवर्तन, सूखा और बंजर भूमि की बढ़ती समस्या ने भी विकास की प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

प्रस्तुत शोध पत्र में प्रमुख रूप से यह विश्लेषण किया गया है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किस प्रकार के विकासात्मक मॉडल पारिस्थितिकी संतुलन को प्रभावित कर रहे हैं और किस प्रकार राज्य के दोनों क्षेत्रों में विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने की संभावनाएँ हैं। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने जल और भूमि के संसाधनों का अति–दोहन किया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों की उपेक्षा और आधुनिक कृषि पद्धतियों के बढ़ते उपयोग ने पारिस्थितिकी संतुलन को प्रभावित किया है। अध्ययन का उद्देश्य इन समस्याओं के संभावित समाधानों को उजागर करना है ताकि विकास और पारिस्थितिकी के बीच एक स्वस्थ संतुलन स्थापित किया जा सके।

राजस्थान के शहरी और ग्रामीण विकास में पारिस्थितिकी का महत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राज्य की प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण संतुलन को सुरक्षित रखने में मदद करता है। राजस्थान अपने विविध भौगोलिक स्वरूप के कारण जहां एक ओर थार का रेगिस्तान है वहीं दूसरी ओर अरावली पर्वत श्रृंखला जैसे पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। इन क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, जल संसाधनों की कमी और बढ़ते शहरीकरण का प्रभाव पारिस्थितिकी संतुलन को चुनौती दे रहा है। शहरी विकास के साथ जल निकासी प्रणालियों पर दबाव, वनों की कटाई और प्रदूषण जैसे मुद्दों के कारण पर्यावरण असंतुलन पैदा हो रहा है जो न केवल वनस्पति और जीव–जंतुओं के जीवन को प्रभावित करता है बल्कि मानव जीवन और आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

राजस्थान के प्रमुख शहरी क्षेत्रों जैसे जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा में विकास की गति अत्यधिक तेज रही है। इन शहरों में बढ़ती जनसंख्या, आवासीय क्षेत्र की बढ़ती मांग और औद्योगिकीकरण ने पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। शहरी क्षेत्रों में जलस्रोतों का अत्यधिक दोहन, हरित क्षेत्र में कमी और प्रदूषण का बढ़ता स्तर पारिस्थितिकी संतुलन को बिगाड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर जयपुर जैसे शहरों में भूमिगत जल का स्तर अत्यधिक घट गया है जिससे जल संकट उत्पन्न हो रहा है। साथ ही कचरे का अनुचित प्रबंधन और वायु प्रदूषण शहरी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है।

शहरी विकास योजनाओं में पर्यावरणीय दृष्टिकोण की कमी एक गंभीर समस्या है, जो राजस्थान के प्रमुख शहरों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जयपुर, जोधपुर और उदयपुर जैसे तेजी से विकसित होते शहरों में विकास योजनाओं का ध्यान मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे के निर्माण और जनसंख्या की आवासीय आवश्यकताओं पर केंद्रित रहता है जबकि दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों की अनदेखी की जाती है। उदाहरण के तौर पर जयपुर में तेजी से होते हुए शहरीकरण के कारण जलस्रोतों का अत्यधिक दोहन हुआ है जिससे भूमिगत जलस्तर में भारी गिरावट आई है। शहरी क्षेत्रों में हरित स्थानों की कमी और वायु प्रदूषण में वृद्धि ने शहरों के पारिस्थितिकी तंत्र को असंतुलित कर दिया है। इस तरह की परियोजनाएं तात्कालिक लाभों पर केंद्रित रहती हैं, जो लंबी अवधि में पर्यावरणीय संकट को बढ़ावा देती हैं।

स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में भी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा लागू किए गए स्मार्ट सिटी मिशन के तहत राजस्थान के शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी उन्नति पर विशेष जोर दिया गया है लेकिन पर्यावरण संरक्षण

की दृष्टि से यह परियोजनाएं अधूरी प्रतीत होती हैं। उदाहरण के रूप में उदयपुर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत झीलों और जल स्रोतों के संरक्षण की बजाय सड़क निर्माण और अन्य अवसंरचनात्मक विकास को अधिक प्राथमिकता दी गई है जिससे स्थानीय पारिस्थितिकीय तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

राजस्थान का ग्रामीण क्षेत्र कृषि और पशुपालन पर निर्भर है। यहां की पारिस्थितिकी मुख्य रूप से जल, मिट्टी और वन संसाधनों पर आधारित है। लेकिन हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती आबादी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पारिस्थितिकी संकट गहराया है। राजस्थान में सूखा और अल्पवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाएं आम हो गई हैं जिससे कृषकों को अत्यधिक नुकसान हो रहा है। पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों की उपेक्षा और आधुनिक तकनीकों पर अत्यधिक निर्भरता ने भी संकट को बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त वनक्षेत्रों में कमी और जैव विविधता का क्षरण भी ग्रामीण पारिस्थितिकी को प्रभावित कर रहा है। अतिक्रमण और अवैध खनन ने वनों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है जिससे जैव विविधता में कमी आई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं की कमी, कृषि के लिए उचित संसाधनों का अभाव और जल संकट ने ग्रामीण जीवन को कठिन बना दिया है।

हाल के दशकों में मानवीय गतिविधियों जैसे कि शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और कृषि के बढ़ते दबाव ने राज्य के पर्यावरणीय संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। मरुस्थलीकरण राजस्थान की एक प्रमुख पर्यावरणीय समस्या है विशेष रूप से थार मरुस्थल क्षेत्र में, जहां पानी की कमी और अतिक्रमण के कारण मिट्टी की गुणवत्ताा घटती जा रही है। राज्य में सूखा और अकाल की स्थिति भी सामान्य है क्योंकि जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा के कारण जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। इसके अलावा वनोन्मूलन (वनों की कटाई) से भी पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो रहा है जिससे जैव विविधता को नुकसान हो रहा है और स्थानीय वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है।

राजस्थान के पर्यावरण में मानवजनित प्रदूषण भी गंभीर समस्याओं में से एक है। शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है जिसका मुख्य कारण वाहन प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन, और निर्माण गतिविधियां हैं। साथ ही ध्वनि प्रदूषण भी शहरीकरण और औद्योगिक क्षेत्रों में एक बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल प्रदूषण की समस्या भी उभर कर आई है जिसमें फ्लोराइड युक्त जल का सेवन फ्लोरोसिस जैसी बीमारियों का कारण बन रहा है। इसके अतिरिक्त मृदा प्रदूषण और जलाभरण (सेम) जैसी समस्याएं कृषि योग्य भूमि की उत्पादकता को घटा रही हैं, जिससे राज्य की खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

राजस्थान के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संसाधनों का असमान वितरण पारिस्थितिकी संतुलन और विकास में गंभीर संघर्ष पैदा कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में विकास योजनाएं जैसे कि औद्योगिक विस्तार, भवन निर्माण और अधोसंरचना परियोजनाएं अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों के प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर होती हैं। उदाहरण स्वरूप राजस्थान के शहरी इलाकों में जल आपूर्ति और बिजली का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्रोतों और खनिज संसाधनों से आता है। जोधपुर और जयपुर जैसे शहरों की जल आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण तालाब और झीलें खत्म की जा रही हैं जिससे वहां के जल संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इस तरह के असमान उपयोग से ग्रामीण क्षेत्र संसाधनहीन हो जाते हैं जिससे वहां के निवासियों की जीवन गुणवत्ताा प्रभावित होती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक निर्भरता और उनका अनियंत्रित दोहन पारिस्थितिकी संतुलन को और अस्थिर बना देता है। उदाहरण के तौर पर, राजस्थान के कई ग्रामीण इलाकों में कृषि के लिए जल का अत्यधिक दोहन और वनों की कटाई ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। थार के मरुस्थलीय इलाकों में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है और पारंपरिक जल संचयन प्रणालियां अब उपेक्षित हो चुकी हैं जिसके कारण सूखे की समस्याएं गहराती जा रही हैं। साथ ही वनों की कमी से जैव विविधता का नुकसान हो रहा है जिससे प्राकृतिक संसाधनों के पुनर्भरण की क्षमता कम हो रही है।

राजस्थान के शहरी और ग्रामीण विकास के बीच असंतुलन का मुख्य कारण संसाधनों का अति-उपयोग और जलवायु परिवर्तन है जिसने पर्यावरणीय चुनौतियों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। शहरीकरण की तीव्र गति के कारण जयपुर, जोधपुर और उदयपुर जैसे प्रमुख शहरों में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन हो रहा है। जयपुर में भूमिगत जलस्तर में भारी गिरावट आई है, जो शहरी जल आपूर्ति के लिए एक प्रमुख संकट बन चुका है। इन शहरों में हरित क्षेत्रों का सिकुड़ना और औद्योगिक प्रदूषण भी वायु गुणवत्ताा को प्रभावित कर रहा है। वनों की कटाई और पर्यावरणीय योजनाओं की कमी ने पारिस्थितिकी तंत्र को अस्थिर कर दिया है, जिससे भविष्य में जल संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना है।

दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और जल संसाधनों पर अत्यधिक निर्भरता ने पारिस्थितिकीय संतुलन को और बिगाड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण अल्पवृष्टि और सूखे की समस्या बढ़ गई है जिसके परिणामस्वरूप किसान खेती के लिए अधिक भूजल का दोहन कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में भूमिगत जल के स्तर में गिरावट और मृदा का क्षरण हो रहा है जिससे कृषि उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। उदाहरण के तौर पर जोधपुर और बाड़मेर जैसे क्षेत्रों में सूखे और जल संकट की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है जिससे कृषि योग्य भूमि बंजर हो रही है। इसके अलावा वन क्षेत्र की कमी ने भी जैव विविधता को नुकसान पहुंचाया है जिससे प्राकृतिक संसाधनों का पुनर्भरण प्रभावित हो रहा है।

इस संघर्ष को हल करने के लिए राज्य सरकार और स्थानीय समुदायों को मिलकर काम करना आवश्यक है। एक ओर शहरी क्षेत्रों में विकास योजनाओं में हरित प्रौद्योगिकियों और ऊर्जा संरक्षण के उपायों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिससे पर्यावरणीय क्षति को कम किया जा सके। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत जल संचयन प्रणालियों जैसे जोहड़ और तालाबों के पुन:स्थापना और वन संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त स्थानीय समुदायों की भागीदारी और पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करते हुए दीर्घकालिक विकास योजनाएं बनाई जा सकती हैं जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के पारिस्थितिकी तंत्र के बीच सामंजस्य बनाए रखने में सहायक होंगी।

इसके अतिरिक्त शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संसाधनों के समान वितरण, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों का समायोजन और पर्यावरणीय योजनाओं में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। जल संचयन की परंपरागत प्रणालियों की पुन:स्थापना और शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के संरक्षण जैसे कदम इस दिशा में सहायक हो सकते हैं।

दीर्घकालिक पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि इन परियोजनाओं में पारिस्थितिकी और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए जिससे सतत विकास संभव हो सके।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए विकास योजनाओं में पारिस्थितिकीय संतुलन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। जल संसाधनों के संरक्षण के लिए पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों का पुनरुत्थान एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है जैसा कि अलवर जिले में तरुण भारत संघ द्वारा जल संरक्षण के प्रयासों से स्पष्ट हुआ है। शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्रों का विस्तार और औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कड़े पर्यावरणीय मानकों का पालन करना आवश्यक है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों को अपनाकर पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखा जा सकता है जो दीर्घकालिक रूप से सतत विकास में सहायक होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. शारदा, एस. : राजस्थान के शहरी और ग्रामीण विकास में पारिस्थितिकी का महत्व, जयपुर विश्वविद्यालय, (2020)
2. सिंह, आर. : पारिस्थितिकी और शहरीकरण रू राजस्थान का अनुभव, जोधपुर पब्लिकेशन्स, (2019)
3. यादव, ए. : जलवायु परिवर्तन और राजस्थान के पारिस्थितिकीय संसाधन, उदयपुर साहित्य, (2021)
4. चौहान, डी. : राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र और पर्यावरणीय संकट, जयपुर बुक डिपो, (2018)


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# राजसमन्द जिले में भूमिगत जल की उपलब्धता का भौगोलिक अध्ययन

**बद्रीलाल रेगर***

* शोधार्थी (भूगोल) मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** इस शोधपत्र में राजसमंद जिले के भूमिगत जल संसाधनों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। अध्ययन का मुख्य उद्देश्य जिले में भूमिगत जल की उपलब्धता, उसके विकास और संबंधित समस्याओं की पहचान करना है। शोध परिणाम दर्शाते हैं कि जिले के सभी विकासखंडों में भूजल संसाधनों का अत्यधिक शोषण हो रहा है। वर्ष 2021-22 के दौरान मानसून पूर्व और पश्चात भूजल स्तर में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया, जिसमें मानसून के बाद जल स्तर में सुधार हुआ, लेकिन यह सुधार पर्याप्त नहीं था। राजसमन्द जिले के विकासखंडों में वार्षिक पुन:पूर्ति योग्य भूजल संसाधनों की तुलना में जल का ड्राफ्ट (उपयोग) अधिक है, जिससे भूजल विकास का चरण 100 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति राजसमंद विकासखंड में देखी गई, जहां भूजल विकास का चरण 159.24 प्रतिशत तक पहुँच गया। समग्र रूप से, जिले का सकल वार्षिक भूजल ड्राफ्ट पुन:पूर्ति योग्य संसाधनों का 126.73 प्रतिशत है, जिससे स्पष्ट होता है कि जिले में जल संकट की संभावना अत्यधिक बढ़ रही है। यह स्थिति भविष्य में जल संकट की ओर संकेत करती है, जिससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

**शब्द कुंजी–** भूमिगत जल, भूमिगत जल की उपलब्धता, भूमिगत विकास, भूमिगत संरक्षण और भूमिगत जल उपभोग।

**प्रस्तावना –** पृथ्वी तल के नीचे स्थित भूगर्भिक स्तर की सभी रिक्तियों में विद्यमान जल को भू- जल कहते हैं, भू-जल शैलछिद्रों एवं दरारों में मिलता है, यह वर्षा की मात्रा एवं गति, वर्षा के समय वाष्पीकरण की मात्रा, तापमान, भूमि का ढाल, वायु की शुष्कता, शैल की रंध्रता तथा मृदा की जल अवशोषण की क्षमता से नियंत्रित होता है। प्रकृति में उपलब्ध कुल जल-संसाधन का 0.58 प्रतिशत भू-जल है, तथा संपूर्ण जलीय राशि के शुद्ध जल का भाग 2.67 प्रतिशत का 22.21 प्रतिशत भू-जल ही है, जो पृथ्वीतल की 4 किलोमीटर की गहराई तक स्थित है। पृथ्वी पर विद्यमान जल की कुल मात्रा 13,84,12,0000घन किलोमीटर है, जिसमें 80,00,042 घन किलोमीटर भू-जल है, इसके साथ ही 61,234 घन किलोमीटर मृदा जल भी पाया जाता है, भू-जल एवं मृदा जल दोनों को मिलाकर ही भू-जल की मात्रा का निर्धारण होता है।

भारत एक मानसूनी जल वायु वाला देश है, यहाँ वर्षा का वितरण अत्यधिक असमान और विविधतापूर्ण है, जिसके कारण देश के कुछ भागों में अतिवृष्टि और कुछ भागों में अल्पवृष्टि एक सामान्य परिघटना है, अतरू अल्पवृष्टि और जलाभाव वाले क्षेत्रों में मानव जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति का संपूर्ण भार भूमिगत जल पर ही है, नीति आयोग के अनुसार देश में कृषि हेतु 75 प्रतिशत और पेय जल हेतु 80 प्रतिशत जल की पूर्ति भूमिगत जल से ही की जाती है। भू-जल पृथ्वी के अंदर पाया है एवं इसे आसानी से दूषित नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि भूमिगत जल का उपयोग सीधे किया जा सकता है। सतही जल की अपेक्षा भूमिगत पानी के उपयोग में कई सुविधाएं हैं। भूमिगत जल के जलाशयों में, सतही जलाशयों की तरह पानी का रिसाव नहीं होता और वाष्पीकरण भी बहुत कम होता है। सामान्यत: भूमिगत जल अतिशीघ्र जहाँ इस्तेमाल करना हो वहीं प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु सतही जल के लिए जलाशय बनाने के लिए ठीक जगह खोजनी पड़ती है, साथ ही जल के बंटवारे का प्रबन्ध भी अत्यंत महंगा और जटिल होता है। भूमिगत जल के प्रदूषित होने का खतरा न के बराबर है और लागत खर्च शीघ्र ही वापस भी हो जाता है। भूमिगत जल से जल-जमाव जैसी समस्या भी उत्पन्न नहीं होती है। कृषि की दृष्टि से भूमिगत जल का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे व्यक्तिगत स्तर पर भी भूमि से निकाला जा सकता है। अध्ययन क्षेत्र में अकाल के समय भूमिगत जल का विशेष महत्व हैं। यहाँ अकाल के समय मानव जीवन की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही की जाती है। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए शोधकर्ता द्वारा इस शोधपत्र में अध्ययन क्षेत्र राजसमंद जिले में भूमिगत जल की उपलब्धता का विश्लेषण किया गया है।

**अध्ययन क्षेत्र –** राजसमंद जिला, पश्चिमी भारत में अवस्थित राजस्थान राज्य का एक महत्वपूर्ण जिला है। राजसमंद जिले का कुल क्षेत्रफल 4,768 वर्ग किमी है, जो राजस्थान राज्य का 1.32 प्रतिशत है। अरावली की पहाड़ियाँ जिले की उत्तार-पश्चिमी सीमा बनाती है, जिनके परे पाली जिला अवस्थित है। अजमेर जिला उत्तर में, भीलवाड़ा जिला उत्तर-पूर्व, चित्तौड़गढ़ जिला दक्षिण-पूर्व में और उदयपुर जिला दक्षिण में स्थित है। राजसमंद जिला, उदयपुर जिला मुख्यालय से 67 किमी और राज्य की राजधानी जयपुर से 352 किमी दक्षिण में अवस्थित है। राजसमंद जिला राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर स्थित है। राजसमंद जिला $23^{0}$ 31' 49.64'' उत्तरी अक्षांश से $24^{0}$30' 16.57'' उत्तरी अक्षांश और $74^{0}$13' 19.93'' पूर्वी देशान्तर से $74^{0}$58' 59.58'' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। राजसमंद जिला बनास नदी और उसकी सहायक नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में स्थित है, यहाँ बहने वाली कुछ अन्य नदियाँ अरी, गोमती, चंद्रभागा है। अध्ययन क्षेत्र में कुल 11,56,597

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

जनसंख्या निवास करती है, जिसमें 5,81,339 (50.6 प्रतिशत) पुरुष एवं 5,75,258 (49.74 प्रतिशत) महिला जनसंख्या है। यदि अध्ययन क्षेत्र में तहसील अनुसार जनसंख्या के वितरण पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक जनसंख्या नाथद्धारा तहसील में 2,44,731 है, वहीं न्यूनतम जनसंख्या देवगढ़ तहसील में 1,10,723 है।

**मानचित्र-1**




**शोध उद्देश्य –** प्रस्तुत शोधकार्य के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है:

1. राजसमंद जिले में भूमिगत जल की उपलब्धता का अध्ययन करना।
2. राजसमंद जिले में भूमिगत जल के विकास का अध्ययन करना।
3. राजसमंद जिले में भूमिगत जल की समस्याओं को चिह्नित करना एवं उनके निराकरण हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

**शोध विधि –** यह शोध कार्य विवरणात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध प्रविधि पर आधारित है। इस अनुसंधान कार्य हेतु शोधकर्ता द्धारा पूर्णतरू द्धितीयक प्रकार के आंकड़ों का उपयोग किया है, जिन्हें शोधकर्ता द्धारा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के कार्यालय और वेबसाइट से प्राप्त किया गया है। तत्पश्चात, इन आंकड़ों का विभिन्न सांख्यिकी विधियों में द्धारा विश्लेषित किया गया है, एवं उससे प्राप्त निष्कर्षों को तालिकाओं और आरेखों द्धारा प्रदर्शित किया गया है।

**शोध परिणाम एवं परिचर्चा –** राजसमंद जिले में वर्ष 2021-22 के दौरान मानसून पूर्व और मानसून पश्चात भूमिगत जल स्तर की गहराई में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया। मानसून पूर्व भू-जल स्तर की न्यूनतम गहराई विभिन्न विकासखंडों में 2.5 मीटर से 10.08 मीटर के बीच रही, जबकि अधिकतम गहराई 13.49 मीटर से 26.15 मीटर के बीच दर्ज की गई। इसमें सबसे अधिक गहराई आमेट विकासखंड में 26.15 मीटर और न्यूनतम गहराई कुंभलगढ़ में 2.69 मीटर रही।

मानसून पश्चात जल स्तर में सुधार देखने को मिला, जहां न्यूनतम गहराई 1.81 मीटर से 3.44 मीटर के बीच रही और अधिकतम गहराई 6.30 मीटर से 15.95 मीटर तक दर्ज की गई। सबसे कम गहराई देवगढ़ में 1.81 मीटर और सबसे अधिक गहराई राजसमंद में 15.02 मीटर रही।

समग्र रूप से औसत गहराई मानसून पूर्व 4.64 मीटर से 16.81 मीटर के बीच रही, जबकि मानसून पश्चात यह गहराई 2.61 मीटर से 10.58 मीटर के बीच थी। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि मानसून के पश्चात भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे जिले में जल की उपलब्धता में बढ़ोतरी हुई है।

**तालिका-1: राजसमन्द जिले में मानसून पूर्व एवं मानसून पश्चात भूमिगत जल स्तर की गहराई, वर्ष 2021-22**

| विकासखण्ड | मानसून पूर्व | भू-जल स्तर तक गहराई (mbgl) | मानसून पश्चात | भू-जल स्तर तक गहराई (mbgl) |
|---|---|---|---|---|
| | न्यूनतम | अधिकतम | न्यूनतम | अधिकतम |
| आमेट | 10.08 | 26.15 | 3.15 | 9.75 |
| भीम | 5.90 | 14.65 | 2.02 | 6.89 |
| देवगढ़ | 3.24 | 18.04 | 1.81 | 15.95 |
| खमनोर | 3.22 | 17.11 | 2.39 | 6.30 |
| कुंभलगढ़ | 2.69 | 14.55 | 2.8 | 10.25 |
| रेलमगरा | 2.5 | 13.49 | 2.7 | 9.95 |
| राजसमन्द | 4.91 | 13.73 | 3.44 | 15.02 |
| औसत | 4.64 | 16.81 | 2.61 | 10.58 |

स्रोत: केंद्रीय भूजल बोर्ड, पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर

राजसमंद जिले में वर्ष 2021-22 के दौरान विकासखंड वार पुन:पूर्ति योग्य भूजल संसाधन की तालिका से ज्ञात होता है कि जिले के सभी विकासखंडों में भूजल संसाधनों का अत्यधिक शोषण हो रहा है।आमेट विकासखंड में वार्षिक पुन:पूर्ति योग्य भूजल संसाधन 13.05 एमसीएम है, जबकि शुद्ध वार्षिक भूजल उपलब्धता 11.74 एमसीएम है। सिंचाई के लिए भूजल का वार्षिक ड्राफ्ट 13.10 एमसीएम और घरेलू व औद्योगिक उपयोग के लिए 1.97 एमसीएम है। इस प्रकार, सकल वार्षिक भूजल ड्राफ्ट 15.07 एमसीएम हो जाता है, जो पुन:पूर्ति योग्य संसाधनों का 128.31 प्रतिशत है, और यह विकासखंड श्अति शोषितश् श्रेणी में आता है।

भीम विकासखंड में भूजल संसाधनों का और भी अधिक शोषण हो रहा है, जहां भूजल विकास का चरण 137.97 प्रतिशत है, जिससे यह भी 'अति शोषित' श्रेणी में आता है। इसी तरह, देवगढ़, खमनोर, कुंभलगढ़, और रेलमगरा विकासखंड भी 'अति शोषित' श्रेणी में आते हैं, जहां भूजल विकास के चरण क्रमशः 111.58 प्रतिशत, 125.88 प्रतिशत, 102.79 प्रतिशत, और 144.14 प्रतिशत हैं। राजसमंद विकासखंड में स्थिति सबसे गंभीर है, जहां भूजल विकास का चरण 159.24 प्रतिशत तक पहुँच गया है, जो कि पुन:पूर्ति योग्य संसाधनों की तुलना में काफी अधिक है।

समग्र रूप से, जिले में कुल पुन:पूर्ति योग्य भूजल संसाधन 103.61 एमसीएम है, जबकि शुद्ध वार्षिक भूजल उपलब्धता 93.24 एमसीएम है। सकल वार्षिक भूजल ड्राफ्ट 118.17 एमसीएम है, जो कुल पुन:पूर्ति योग्य संसाधनों का 126.73 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जिले का प्रत्येक

विकासखंड 'अति शोषित' श्रेणी में आता है, जिससे स्पष्ट होता है कि भूजल का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जो भविष्य में जल संकट की ओर संकेत करता है।

**तालिका-2 (निचे देखे)**

**निष्कर्ष –** राजसमंद जिले में भूजल संसाधनों की स्थिति गंभीर है, जैसा कि वर्ष 2021-22 के आंकड़ों से स्पष्ट होता है। जिले के सभी विकासखंडों में भूजल संसाधनों का अत्यधिक शोषण हो रहा है, जिससे भूजल स्तर में गिरावट और संसाधनों की पुनःपूर्ति में कठिनाई हो रही है। मानसून पूर्व और मानसून पश्चात भूजल स्तर की गहराई में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया, जहां मानसून के बाद भूजल स्तर में कुछ सुधार हुआ, लेकिन यह सुधार पर्याप्त नहीं है।

विकासखंडों में भूजल पुनःपूर्ति योग्य संसाधनों की तुलना में ड्राफ्ट (उपयोग) अधिक है, जिससे भूजल विकास का चरण 100 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति राजसमंद विकासखंड में देखी गई, जहां भूजल विकास का चरण 159.24 प्रतिशत तक पहुंच गया है। अन्य विकासखंडों में भी स्थिति चिंताजनक है, जैसे भीम, रेलमगरा, और खमनोर में भी भूजल विकास का चरण 125 प्रतिशत से अधिक है।

समग्र रूप से, जिले का कुल भूजल ड्राफ्ट 118.17 एमसीएम है, जबकि पुनःपूर्ति योग्य संसाधन 103.61 एमसीएम है। इससे स्पष्ट होता है कि जिले में भूजल का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जो दीर्घकालिक जल संकट का कारण बन सकता है। भविष्य में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भूजल संसाधनों के संरक्षण और पुनःपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। उपायों में भूजल पुनर्भरण, जल संरक्षण की तकनीकों का उपयोग, और सतही जल के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल हो सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Ahada, C. P., & Suthar, S. (2017). Hydrochemistry of groundwater in North Rajasthan, India: chemical and multivariate analysis. *Environmental Earth Sciences*, *76*, 1-16.
2. Bhakar, P., Singh, A. P., & Mittal, R. K. (2022). Assessment of groundwater suitability using remote sensing and GIS: a case study of Western Rajasthan, India. *Arabian Journal of Geosciences*, *15*(1), 41.
3. Chinnasamy, P., Maheshwari, B., & Prathapar, S. (2015). Understanding groundwater storage changes and recharge in Rajasthan, India through remote sensing. *Water*, *7*(10), 5547-5565.
4. Coyte, R. M., Singh, A., Furst, K. E., Mitch, W. A., & Vengosh, A. (2019). Co-occurrence of geogenic and anthropogenic contaminants in groundwater from Rajasthan, India. *Science of the Total Environment*, *688*, 1216-1227.
5. Gupta, P. K., & Sharma, D. (2019). Assessment of hydrological and hydrochemical vulnerability of groundwater in semi-arid region of Rajasthan, India. *Sustainable Water Resources Management*, *5*, 847-861.
6. Kumar, G. V., Mahesh, K., Singh, P. K., Bhakar, S. R., & Yadav, K. K. (2022). Analysis of groundwater level trend in Jakham river basin of southern Rajasthan.
7. Kumar, S., Dhyani, B. L., & Singh, R. J. (2013). Depleting groundwater resources of Rajasthan state and its implications. *Popular Kheti*, *1*(3), 64-68.
8. Maheshwari, B., Varua, M., Ward, J., Packham, R., Chinnasamy, P., Dashora, Y., ... & Rao, P. (2014). The role of transdisciplinary approach and community participation in village scale groundwater management: insights from Gujarat and Rajasthan, India. *Water*, *6*(11), 3386-3408.
9. Rathore, M. S. (2005). Groundwater exploration and augmentation efforts in Rajasthan–a review. *Institute of Development Studies, Jaipur, India*.
10. Singh, A. P., & Bhakar, P. (2021). Development of groundwater sustainability index: a case study of western arid region of Rajasthan, India. *Environment, development and sustainability*, *23*(2), 1844-1868.

**तालिका-2: राजसमन्द जिले में विकासखण्ड वार पुनःपूर्ति योग्य भूजल संसाधन,वर्ष 2021-22**

| विकासखण्ड | वार्षिक पुनःपूर्ति योग्य भूजल संसाधन (एमसीएम) | शुद्ध वार्षिक भूजल उपलब्धता (एमसीएम) | सिंचाई के लिए वार्षिक भूजल ड्राफ्ट (एमसीएम) | घरेलू और औद्योगिक उपयोग के लिए वार्षिक भूजल ड्राफ्ट (एमसीएम) | सकल वार्षिक भूजल ड्राफ्ट (एमसीएम) | भूजल विकास का चरण (प्रतिशत) | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आमेट | 13.05 | 11.74 | 13.10 | 1.97 | 15.07 | 128.31 | अति शोषित |
| भीम | 12.14 | 10.93 | 13.99 | 1.08 | 15.08 | 137.97 | अति शोषित |
| देवगढ़ | 12.35 | 11.11 | 11.70 | 0.69 | 12.40 | 111.58 | अति शोषित |
| खमनोर | 19.03 | 17.12 | 18.70 | 2.86 | 21.56 | 125.88 | अति शोषित |
| कुंभलगढ़ | 22.37 | 20.14 | 19.34 | 1.35 | 20.70 | 102.79 | अति शोषित |
| रेलमगरा | 14.54 | 13.08 | 17.52 | 1.34 | 18.86 | 144.14 | अति शोषित |
| राजसमन्द | 10.10 | 9.09 | 11.68 | 2.80 | 14.48 | 159.24 | अति शोषित |
| योग | 103.61 | 93.24 | 106.05 | 12.12 | 118.17 | 126.73 | अति शोषित |

स्रोत: केंद्रीय भूजल बोर्ड, पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पाठ्यक्रम में अन्तर्निहित मूल्यों की समीक्षा

**विजय राज त्रिवेदी*  डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा ****

* शोध छात्र, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा एवं सहायक आचार्य, भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गंगापुर सिटी (राज.) भारत
** प्राचार्य, भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गंगापुर सिटी (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** नैतिकता एक शाश्वत मूल्य है इसकी उपेक्षा हर युग में रही है। कहा भी गया है कि स्वास्थ्य खराब होने पर थोड़ा नुकसान, धन का नुकसान भी बड़ा नुकसान लेकिन चरित्र का पतन राष्ट्र और समाज का पतन है। जिस युग में धर्म और नीति के पाँव लड़खड़ाने लगे हो साम्प्रदायिकता, धार्मिक सहिष्णुता, जातिवाद, आतंकवाद, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार आदि बीमारियाँ सरि उठाये खड़ी हैं। उस समय नैतिकता की आवाज को बुलन्द करना और अधिक आवश्यक होता है। राष्ट्र को चाहिए त्यागी और समाज सेवी लोगा। अत: प्रत्येक व्यक्ति को आत्मविश्वासी बनाना होगा। अपने पुरूषार्थ से अपनी आतंरिक आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करना होगा। आज के युवा समाज का निर्माण संस्कार की कसौटी पर बनता हैं। निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि व्यक्ति समाज और अंतत: पूरे विश्व को उन्नत करने के लिए विद्यार्थियों में नैतिकता या चारित्रिक दृढ़ता का होना अत्यन्त आवश्यक है। नैतिक मूल्यों के विकास के लिए घर, विद्यालय तथा पाठ्यचर्या के माध्यम से सतत् प्रयास करने होगें। सिर्फ उपदेश देकर नैतिकता या चारित्रिकता का पाठ तो पढ़ाया जा सकता है लेकिन उसे विद्यार्थियों के आचरण में नहीं उतारा जा सकता। नैतिक मूल्यों को आचरण में उतारने के लिए आवश्यक है कि परिवार के सदस्य और अध्यापक अपने व्यक्तित्व के माध्यम से वांछित गुणों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सन्निहित कराये।

इन्हीं सब करणों की दृष्टिगत रखते हुए ने यह आवश्यकता महसूस की कि क्या राजकीय विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में जो विषय पढ़ाये जा रहे हैं उनकी विषय वस्तु के माध्यम से बालकों को वांछित गुणों का विकास हो रहा है? दूसरी ओर यह भी आवश्यकता महसूस की गई कि क्या उस विषय-वस्तु को पढ़ाते समय शिक्षक उस मूल्य विशेष को अपने विद्यार्थियों में सम्प्रेषित करने हेतु तत्पर हैं या नहीं? ताकि मूल्य हीनता की स्थिति से उबरने हेतु विद्यालयों और पाठ्यक्रम की भूमिका पर दिन-प्रतिदिन जो प्रश्न चिन्ह खडे हो रहे हैं उन पर विराम लगाया जा सके।

प्रत्येक राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति में निहित मूल्य होते हैं। पाठ्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति में निहित मूल्य विद्यार्थियों में स्थापित हो सकते हैं तथा युवा पीढ़ी का मूल्यों से परिचय करवाया जा सकता है।

**मूल्य का अर्थ-** मूल्य वे उच्च स्तरीय मानदण्ड हैं जिनके आधार पर सामाजिक परिस्थितियों का मूल्यांकन किया जाता है। 'मूल्य' शब्द किसी भी क्रिया या भावना के साथ जुड़ने पर उसकी उपायेदता का आभास कराता हैं।

**मूल्यों का स्त्रोत-** मूल्यों के स्त्रोत के अन्तर्गत धर्म, दर्शन, साहित्य, सामाजिक, रीति-रिवाज, विज्ञान आदि हैं।

**मूल्यों का वर्गीकरण-** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित तिरासी नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों का परिगणन किया गया है। इस सन्दर्भ में संपादक श्री बी.आर. गोयल का कहना है कि, इन मूल्यों का निर्धारण विविध शैक्षणिक आयोगों तथा समितियों के प्रतिवेदनों तथा गांधी-साहित्य के अध्ययन के आधार पर किया गया है। जिसका विवरण निम्नलिखित हैं-

(1) ब्रह्मचर्य (2) दूसरों के सांस्कृतिक मूल्यों को पंसद करना (3) अस्पृश्यता का बहिष्कार करना (4) नागरिकता (5) दूसरों के प्रति सहानुभूति (6) दूसरों से सरोकार रखना (7) सहयोग (8) स्वच्छता (9) करूणा (10) परोपकार (11) सबकी भलाई (12) साहस (13) सौजन्य (14) जिज्ञासा (15) प्रजातांत्रिक निर्णय लेना (16) भक्ति-भावना (17) व्यक्ति की गरिमा का आदर करना (18) शारीरिक श्रम की गरिमा का आदर करना (19) कर्त्तव्य-भावना (20) अनुशासन (21) सहिष्णुता (22) समानता (23) मित्रता (24) विश्वसनीयता (25) भाईचारा (26) स्वाधीनता (27) सरलता (28) अच्छा तौर-तरीका (29) सज्जनता (30) कृतज्ञता (31) ईमानदारी (32) दूसरों की सहायता करना (33) मानवीय दृष्टिकोण (34) स्वस्थ-वृत्त (35) स्वयंप्रेरित होकर कार्य करना (36) आत्मनिष्ठा (37) न्याय (38) दयालुता (39) जानवरों के प्रति दयाभाव (40) कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा (41) नेतृत्व (42) राष्ट्रीय एकता (43) राष्ट्रीय जागृति (44) अहिंसा (45) राष्ट्रीय एकात्मकता (46) आज्ञापालन (47) शांति (48) समय का सदुपयोग (49) समय शीलता (50) देशभक्ति (51) शुद्धता (52) ज्ञान के प्रति जिज्ञासा (53) साधन सम्पन्नता (54) नियमितता (55) दूसरों के प्रति सम्मान (56) वृद्धों के प्रति श्रद्धा (57) निष्ठा (58) सादा जीवन (59) सामाजिक न्याय (60) आत्मानुशासन (61) स्वावलंबन (62) आत्मसम्मान (63) आत्म विश्वास (64) आत्मोपजीवन (65) स्वाध्याय (66) आत्मनिर्भरता (67) आत्मसरंक्षण (68) समाज-सेवा (69) मानवमात्र की एकता (70) सद्सदविवेक (71) सामाजिक उत्तारदायित्व (72) समाजवाद (73) सहानुभूति (74) धर्मनिरपेक्षता एवं सर्वधर्म सम्भव (75) अन्वेषण-वृत्ति (76) सामूहिक कार्य में निष्ठा (77) समूह-वृत्ति (78) सत्यता (79) सहनशीलता (80) सार्वजनीन सत्य (81) विश्व-बन्धुत्तव (82) सामाजिक कार्यों में निष्ठा (83) राष्ट्र एवं सार्वजनिक

यह मूल्य आठ श्रेणी में विभक्त हैं, इसका विवरण इस प्रकार है:

**1. शैक्षणिक मूल्य-** शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन-अध्यापन, अनुशासन, नियम पालन आदि मूल्य शैक्षिक मूल्य कहलाते हैं।

**2. नैतिक मूल्य-** ईमानदारी, त्याग, निष्ठा, उत्तारदायित्व की भावना, करूणा, दया आदि नैतिक मूल्य कहलाते हैं।

**3. सामाजिक राजनीतिक मूल्य-** इनके अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, अन्तर्राष्ट्रीय भावना जैसे मूल्य समाहित होते हैं। सामाजिक दायित्व, आदर्श नागरिकता, प्रजातंत्र और मानववाद आदि मूल्य समाज एवं राजनीति दोनों का स्पर्श करते हैं।

**4. विज्ञान परक मूल्य-** वस्तुनिष्ठता, तर्कप्रवणता, तथ्यपरकता एवं गवेषणात्मक दृष्टिकोण इस मूल्य में प्रमुख घटक हैं।

**5. वैश्विक मूल्य-** किसी जाति, समूह या देश विदेश से संबंध न होकर जिन मूल्यों का सरोकार संपूर्ण विश्व की प्रगति एवं भलाई से होता है, वे मूल्य वैश्विक मूल्य कहलाते हैं। इसमें सबके लिए स्वतंत्रता, न्याय एवं अवसर की समानता, नि:शस्त्रीकरण, सभी प्रकार की दासताओं का उन्मूलन, रंग भेद जैसी घिनौनी व्यवस्था का बहिष्कार, कठोर शारीरिक यंत्रणाओं एवं मृत्युदण्ड जैसी घातक व्यवस्थाओं का निषेध एवं उन्मूलन आदि मूल्यों का समावेश किया जा सकता है।

**6. पर्यावरण संबंधी मूल्य-** आजकल विश्व के सभी राष्ट्रों के सामने पर्यावरण प्रदूषण की समस्या एक प्रमुख समस्या है। प्रदूषण के कारणों की जाँच एवं उसके निवारण के उपाय राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे हैं। वनीय क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किये जा रहे हैं ताकि, वनसंपदा सुरक्षित रहे और वनों का निरंतर संवर्धन हो सके। साथ-साथ उस पर निर्भर वन्यप्राणी व अन्य जीव भी संवर्धित हो सके। अत: पेड़-पौधों के प्रति सरोकार, पर्यावरण की शुद्धि के प्रति जागरूकता, वृक्षारोपण एवं वृक्षरक्षण आदि मूल्यों तथा जीवदया को हम इस श्रेणी में रख सकते हैं।

**7. सांस्कृतिक मूल्य-** सांस्कृतिक मूल्यों में उन सभी मूल्यों का समावेश होता है जो कि, हमारी सांस्कृतिक धरोहर को अखंड रखने एवं उसके विकास के द्वारा राष्ट्र में सांस्कृतिक एकता का वातावरण बनाये रखने में सहायक होते हैं। समूहों की संस्कृति भिन्न हो सकती है, किन्तु उसमें यदि एक-दूसरे की संस्कृति के प्रति सहिष्णुता एवं आदर का भाव होगा तो उन समूहों में एकता एवं सद्भाव बना रहेगा। सांस्कृतिक मूल्यों के अन्तर्गत सहिष्णुता, दूसरों के धर्म तथा सम्प्रदाय के प्रति आदर की भावना आदि मूल्यों का समावेश होता है।

**8. अन्य प्रकार-** उपयुक्त मूल्यों के अतिरिक्त स्वास्थ्य एवं मनोविनोद संबंधित मूल्य, सौन्दर्यबोध संबंधित मूल्य, धार्मिक मूल्य आदि नाम गिनाये जा सकते हैं। कुछ मूल्य विधेयात्मक होते हैं तो कुछ निषेधात्मक।

विद्यार्थियों में मूल्य विकास के संदर्भ में विभिन्न घटकों के लिए निम्नानुसार सुझाव दिये जा रहे हैं:-

1. पाठ्यचर्या में विषयवस्तु के चयन में विभिन्न मूल्यों का विकास हो ऐसी विषयवस्तु को पढ़ाना चाहिए।
2. पाठ्यचर्या में मानवीय मूल्यों पर आधारित विषयवस्तुओं में प्रवृत्तिलक्षी एवं विद्यार्थियों द्वारा खुद अनुकरण में लाया जाये, ऐसी प्रवृत्तियों का समावेश मूल्यों के विकास के संदर्भ में करना चाहिए।
3. राष्ट्रीय एवं विविध धार्मिक त्योहारों के अवसर पर बालमेलों का आयोजन करना चाहिए।
4. विभिन्न क्षेत्रों में बहुप्रतिभावान व्यक्तियों के प्रवचन विद्यालयीन स्तर पर हो ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।
5. प्रार्थना सभा में तथा अन्य विद्यालयीन दिनचर्या दरमियान पाठ्यचर्या के साथ-साथ कक्षा के अनुसार शिक्षक द्वारा मूल्यों का परीक्षण प्रवृत्ति या विद्यार्थियों को पता न चले ऐसे बिना कोई दबाव में करना चाहिए।
6. माता-पिता व घर के अन्य पुख्त सदस्य ऐसा वर्तन घर के वातावरण में न हो, जिसका असर विद्यार्थी के बाल मस्तिष्क पर पड़े, इसलिए घर में भावात्मक वातावरण का विकास हो ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।
7. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। इस संदर्भ मे बालक के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अभिभावकों द्वारा सनिष्ट प्रयास होने चाहिए।
8. मूल्यों का विकास हो ऐसी किताबें घर में रखनी चाहिए।
9. घर में, विद्यालय में एवं विविध जगह स्थानों पर तथा संग्रहालयों में सभी धर्मों के संस्थापकों के चित्र लगाने चाहिए।
10. पुस्तकालयों में धार्मिक एवं मानवीय मूल्यों के विकास में वृद्धि कर सके ऐसे व्यक्तित्व विकास लक्षी पुस्तकों की संख्या में वृद्धि करनी चाहिए।
11. कक्षा में पढ़ाते समय शिक्षक द्वारा विविध उदाहरणों में मूल्य विकास लक्षी बातों का जिक्र होना चाहिए।
12. प्रामाणिक एवं सराहनीय प्रवृत्ति में आगे रहने वाले विद्यार्थियों का सम्मान विद्यालय एवं समाज में खास प्रसंगो या अवसरों पर होना चाहिए।
13. कक्षा दरमियान एवं विद्यालय में शिक्षक एक आदर्श मिसाल की तरह बने ऐसा शिक्षक का बर्ताव एवं स्वभाव होना चाहिए।
14. समाज के आधारभूत संचार साधनों द्वारा मूल्य लक्ष्य विकास के संदर्भ में विविध भूमिका के आधार पर कार्य होने चाहिए।
15. सिनेमा एवं पटचित्रों द्वारा मूल्य विकास का एक सशक्त वातावरण पैदा किया जा सके ऐसे चलचित्र एवं डोक्यूमेंटरी फिल्म बननी चाहिए।
16. प्रार्थना सभा में विविध धर्मों की प्रार्थना हो एवं विश्व के महान व्यक्तियों के जीवन संदेश को विद्यार्थियों के समक्ष संक्षिप्त में कहना चाहिए।
17. विद्यार्थी खुद अपने जीवन में मूल्यों के आचरण के लिए विविध व्यक्तित्व विकास लक्षी प्रवृत्तियों एवं क्रियाओं में सहभागी होना चाहिए।
18. शिक्षकों को कक्षा में तथा विद्यालय में सभी विद्यार्थियों के प्रति समान भाव रखना चाहिए ताकि, विद्यार्थियों में स्वस्थ मानवीय गुणों का विकास हो।
19. विद्यार्थियों में निहित विविध गुणों की पहचान करके शिक्षकों द्वारा उन गुणों के आधार पर विद्यार्थियों को कक्षानुसार कार्य सौंपने चाहिए।
20. पाठ्यचर्या में समाविष्ट विषयवस्तु क्लिष्ट न हो, परंतु विद्यार्थियों को विचार करने को प्रेरणा दे, ऐसी विषयवस्तु को सम्मिलित करना चाहिए।
21. विद्यालय द्वारा विज्ञान मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य विविधलक्षी प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलना चाहिए।
22. विद्यालय द्वारा शैक्षिक पर्यटन एवं प्रवास यात्रा का आयोजन होना चाहिए।
23. विद्यालय की स्वच्छता कायम रखने में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा सनिष्ट प्रयत्न करने चाहिए।
24. विद्यार्थी स्वयं अपनी रूचि के अनुसार कार्य करें, ऐसी प्रवृत्ति के लिए

शिक्षकों द्वारा प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

25. विद्यार्थी को स्वयं अपनी स्वच्छता एवं वर्तन विषयक बातों पर ध्यान रखना चाहिए।
26. नियम के आधीन रखकर विद्यार्थियों को कार्य करवाने की बजाय, उनको विश्वास में लेकर स्नेहपूर्ण एवं सद्भाव से कार्य लेना चाहिए।
27. जीवन के प्रति सकारात्मक अधिगम विकसित हो ऐसी बातें शिक्षक द्वारा होनी चाहिए।
28. परिवार में अच्छे संस्कारों के वातावरण की व्यवस्था खड़ी करनी चाहिए।
29. परिवार में स्नेह तथा वांछित समायोजन के अभाव में माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद की कमी को पूर्ण करके स्वस्थ व्यवहारपूर्ण वातावरण खड़ा करना चाहिए।
30. परिवार में बालक के सद्व्यवहार के लिए पुरस्कार, समादर तथा यथा स्थान महत्त्व देना चाहिए।
31. परिवार में बालक के चारित्रिक विकास के लिए शारीरिक, मानसिक दण्ड या दमन विहीन वातावरण की रचना करनी चाहिए।
32. अपने बालकों के स्वस्थ चारित्रिक विकास के लिए पालकों को भी अपने चरित्र विकास पर ध्यान देना चाहिए।
33. विद्यालय के अधिकारियों एवं शिक्षकों को यह करना चाहिए कि, समय-समय पर और नियमित रूप से विद्यार्थियों की प्रगति और आचरण संबंधी प्रतिवेदन से अभिभावकों को भलीभाँति अवगत रखा जाए एवं विद्यार्थियों के निरंतर विकास हेतु पालकों की हर संभव सहायता की जाए।
34. सभी विद्यालयों में 'शिक्षक-पालक-संघ' सुचारू रूप से चलना चाहिए।
35. विद्यालय के प्रधानाचार्य को अपने चरित्र एवं व्यवहार को इस प्रकार प्रस्तुत करना चाहिए कि, छात्र-जगत एवं समाज दोनों ही उससे प्रेरणा ग्रहण करें और बदले में उसे उचित सम्मान एवं स्नेह प्रदान करें।
36. समाज के लोग स्वयं आगे आकर विद्यालय का कुशल-क्षेम पूछें, हर प्रकार की सहायता करने के लिए तत्पर रहें।
37. शिक्षक हमेशा उचित जीवन-दर्शन एवं आदर्शों के अभाव में दिशाहीन एवं असहाय-सा नहीं हो, बल्कि प्रेरणा का स्रोत होना चाहिए।
38. विद्यालयी वातावरण एवं पारिवारिक वातावरण में हो सके तब तक समरसता होनी चाहिए ताकि बालक का संतुलिक विकास हो।
39. मूल्यपरक शिक्षा के विकास के लिए विद्यालय का वातावरण प्रजातांत्रिक एवं उत्साहवर्धक होना चाहिए।
40. विद्यार्थियों को विद्यालय-विकास के लिए स्वच्छता, अनुशासन, व्यवस्था आदि उत्तरदायित्वपूर्ण सौंपे गये कार्य निष्ठा से करने चाहिए।
41. कक्षा में स्वस्थ वातावरण रचकर शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों की मौलिक कल्पना-शक्ति, सृजनात्मक प्रतिभा, चिंतन-मनन-अभिव्यंजन आदि का विकास करना चाहिए।
42. समाज में कार्यरत विविध सेवाभावी संस्थाओं द्वारा व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों को सेवाकार्य में जुड़कर पीडित व्यक्तियों की व्यथा समझ सकें और विद्यार्थियों में उनके प्रति दया, सहानुभूति, करूणा तथा सरोकार की भावना जाग्रत हो ऐसी प्रवृत्तियों में भागीदार बनाना चाहिए।
43. पाठ्यचर्या के अन्तर्गत विभिन्न भाषाई, सामाजिक और सांस्कृतिक विशेषतएँ हैं, उनको सुदृढ़ बनानी चाहिए।
44. पाठ्यचर्या में विभिन्न सांस्कृतिक, साहसिक, सेवासंबंधी कार्यकलापों के द्वारा प्रजातंत्र में एक अच्छे, योग्य एवं जागरूक नागरिक के लिए विविध क्षमताओं के विकास को विशेष महत्त्व दिया जाना चाहिए।
45. मूल्यपरक शिक्षा के सफल कार्यान्वयन हेतु वर्तमान पाठ्यक्रम में परिवर्तन करके पाठ्यपुस्तकों में विविध नैतिक आदर्श, एवं सांस्कृतिक मूल्य संबंधी अशों को बढ़ाना चाहिए।
46. पाठ्यपुस्तकों में वय-क्रम के अनुसार नैतिक, आदर्श एवं सांस्कृतिक गुणों के सम्पूर्ण स्वरूपों पर व्यापक रूप से प्रकाश डालना आवश्यक है।
47. पाठ्यपुस्तकों के लेखकों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि, पाठ्य का स्वरूप एवं विषयवस्तु विशेष व्यंजनात्मक न हो। इसमें सरल एवं सुग्राहत भाषा-शैली प्रयुक्त की जानी चाहिए।
48. शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों में पारस्परिक एवं व्यावहारिक, इन दोनों मूल्यों का समुचित समन्वय करना चाहिए।
49. विद्यार्थी को अपने स्वयं के विकास के लिए सहयोग व पारस्परिक सद्भाव, निष्ठा एवं ईमानदारी, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व आदि जीवन-मूल्यों को आत्मसात् करना चाहिए।
50. शिक्षक द्वारा या अभिभावकों द्वारा विद्यार्थियों में या अपने बालक में सभी धर्मों एवं विश्वासों के प्रति समादर की भावना जागृत एवं विकसित करने के लिए उन्हें विविध धर्मों के उपदेशों तथा शिक्षाओं से अवगत कराया जाना चाहिए।
51. विद्यार्थी को स्वयं के कर्त्तव्यों तथा अधिकारों के अवबोध के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों के प्रति समादर की भावना के विकास के अनुसार कार्य करने की प्रेरणा और समाज सेवा आदि की भावना को विकसित करना चाहिए।
52. मूल्यों के आभ्यन्तरीकरण की दृष्टि से स्काउटिंग-गाइडिंग, राष्ट्रीय समाज सेवा जैसा सरल एवं उपयोगी तथा शीघ्र फलदायक क्रिया-कलाप शायद ही कोई हो। अत: इन क्रिया-कलापों को विद्यालय में अधिकाधिक प्रोत्साहन मिलना चाहिए।
53. शिक्षा आयोग के अनुसार कार्यानुभव को शिक्षा के सभी स्तरों पवर अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। इसके अन्तर्गत समाजोपयोगी उत्पादक कार्य बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। इसमें श्रम-गरिमा, समाज-सेवा, समूह-भावना, सहयोग, दूसरों के प्रति सरोकार, कार्यनिष्ठा आदि अनेक नैतिक एवं सामाजिक मूल्य गुम्फित है।
54. विद्यार्थियों को स्वयं तथा शिक्षकों द्वारा विविध कलाओं के प्रति अभिरूचि बढ़ानी चाहिए।
55. यौन-शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों में विविध नैतिक मूल्यों का विकास किया जा सकता हैं। इसमें शिक्षकों के समान ही माता-पिता व अन्य परिवार के बड़े सदस्यों की भूमिका महत्त्वपूर्ण होनी चाहिए।
56. प्रत्येक विद्यालय में वाचन-कक्ष तथा अन्य भौतिक सुविधाएँ उचित मात्रा में उपलब्ध कराई जाये तथा पुस्तकालय को अधिक उपयोगी बनाने के लिए अभिभावकों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिए।
57. पाठ्यपुस्तकों में इस प्रकार की सामग्री समाविष्ट हो जिससे छात्रों से सत्यपालन, सदाचार, प्रेम, शांति, अहिंसा आदि मानव-मूल्यों का बीजारोपण व विकास सरलतापूर्वक हो सके।
58. मूल्यपरक शिक्षा की संकल्पना से शिक्षकों को अवगत कराने एवं इस

ओर उनकी रूचि जागृत करने के लिए शिक्षक–प्रशिक्षण का व्यापक कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची:–**


1. कामायनी, कामिनी (2008) : भारतीय जीवन मूल्य, दिल्ली, ज्ञानगंगा
2. सरीन एवं सरीन, शशि कला, अंजलि (2008) : शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ, आगरा, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, पृष्ठ संख्या 57–58
3. शर्मा, आर.ए. (2005) : शिक्षा अनुसंधान, मेरठ, आर.एल.बुक डिपो, पृष्ठ संख्या– 100
4. गुप्त. एन.एल. (2002) : ह्यूमन वैल्यूज इन एजूकेशन न्यू देहली कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग कम्पनी
5. पांडे, गोविंदचन्द्र (1973) : मूल्य मीमांसा, जयपुर राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
6. अग्रवाल, जे.सी. (2006) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नई दिल्ली, प्रभात प्रकाश. कॉल,
7. लोकेश (2002) : शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली, नोएडा (यू. पी.), एस.बी. ननगिआ, एपीएच पब्लिशिगं कार्पोनेशन
8. अग्निहोत्री, प्रभुदयाल : शिक्षा की भारतीय परम्परा आदर्श और प्रयोग एन.सी.ई.आर.टी., दिल्ली–2002
9. अग्रवाल, जे. पी., जाट, माधवलाल, शर्मा, भरत और रिबेरी, रैपिड रीडर, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर 2005
10. ओड, लक्ष्मीलाल के; शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1990
11. शर्मा, आर.एन. (1979) : शिक्षा मनोविज्ञान, रस्तोगी पब्लिकेशन, मेरठ।
12. माथुर, एस.एस. (2007) : शिक्षा मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
13. करलिंगर, एफ.एन. : फाउन्डेशन ऑफ बिहेवियरल रिसर्च,सुरजीत पब्लिकेशन, दिल्ली।
14. बायती, जमनालाल, समाज में बालक, पुनित प्रकाशन, जयपुर 2004
16. भारद्वाज, सतीश एवं शर्मा मधुरिमा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर, 2005
17. गाँधी, के.एस., वैल्यू एजुकेशन ए स्टडी ऑफ पब्लिक ओपिनियन, ज्ञान पब्लिशिंग हाउउस, नई दिल्ली, 1993


**सामयिक:–**


1. कालिका, चमोला, मूल्य अर्थ तथा अवधारणा, भारतीय आधुनिक शिक्षा, एन.सी.ई.आर.टी., अंक–3, अप्रैल 2004.
2. जोशी धनजंय, विद्यालयों में नैतिक मूल्यों का स्वरूप, एन.सी.ई.आर.टी अंक– 2 अप्रैल 2018
3. पंत, निम्मी, विज्ञान द्धारा मूल्यों का शिक्षण, भारतीय आधुनिक शिक्षा, एनसी. ई.आर.टी. अंक–4, जुलाई–अक्टूबर, 2017
4. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा–2015, नई दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी. प्रस मई, 2006.
5. विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा परिचर्या दस्तावेज, नई दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी., जनवरी, 2009
6. विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, नई दिल्ली, एन.सी.ई.आर.टी., दिसम्बर, 2006


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Reflections of Indian Tradition and Culture in Rama Mehta's Inside the Haveli

**Prasoon Soni***

***Research Scholar (English) Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur (Raj.) INDIA**

**Abstract** - Rama Mehta is a well- know Indian Novelist who has established herself not only as a champion of women but also a writer who depicts the traditions of motherland . Indian English needs to be discussed from a brighter point of view. Many authors while portraying Indian scenario look at women as weak characters while many of them have transformed them as protagonist. But Inside the Haveli has one more peculiar aspect. It strongly emphasized on the beauty of Indian Culture and Traditions that has made us a unique land and stand apart from World Literature. This paper throws a light on various Indian Traditions as seen in the novel. Through the exhibition of naming convention, hospitality , unique act of contemplating and many others, the paper has tried to study various Indian Traditions thus enhancing the image of India believing that we can emerge as 'Vishwaguru' not by giving up age old traditions but by following them proudly and whole heartedly.

**Introduction -** Indian culture has a remarkable history in the world right from B.C. Aryans who had migrated from Mesopotamia, and other countries, settled in India and wrote Vedas. Hence India is also called Vedic land. The very interesting fact about India is that all the Indians, though they belong to different religions and castes, preserve their tradition and culture.

India is a land of undying culture and traditions. The country has witnessed years of slavery. Moghuls, Portuguses and British. But we proudly proclaime that inspite of various invaders, we still stand erect. what makes us so strong? The greatest traditions of Rome or even Greek have ended up. But what is it that India is still successful in maintaining its dignity. It is only through its age old strong culture and traditions!

" A culture is a way of life of a group of people—the behaviors, beliefs, values, and symbols that they accept, generally without thinking about them, and that are passed along by communication and imitation from one generation to the next".

The present paper is an attempt to analyze the features of the country that has always made us ' A Unique Nation.' Rama Mehta's Inside the Haveli presents a world of aristocratic Udaipur. All the characters belonging to and associated with central family in the novel meticulously abide by all customs and traditions prevalent in Indian society.

It is observed that Indian English is discussed mostly in negative terms. Many authors have portrayed the image of women as a meek and poor lady, suppressed by the family and by the society at large. Inside the Haveli is usually read as a study of the gradually changing status of the New Women in India. It can also be read as, an absorbing instance of "feminist" writing, with young girl as the protagonist. As Mrs. Ramnavmiwale Meera opines: "The novel explores the innerself of Geeta who symbolizes the 'New Woman" (37). Besides having a women protagonist, there is one more peculiarity about the story. The book has a great beauty of Indian culture and traditions and this paper attempts to throw a light on this culture and traditions.

In contrast to western countries, India is remarkable for its strongest family system in the world.

In Indian family system, male is the head of the family. All the other family members, including wife, execute their duties according the wish of the head. The family members develop adjusting mentality. An Indian woman, after marriage, leads her rest of life with the husband along and her parents-in-law. She serves her husband and parents-in-law and brings good name and fame to the family. She never leaks out any small family dispute, even to her own parents. She respects her husband and never back-answers him. She even treats her husband as "Sreevaru" which means Venkateshwara, south Indian god of Hindus. This is the reason why an Indian family lasts for lifetime, when compared to most families of the west.

Let us first give a look on our ' Naming Conventions'. Indian names vary, based upon religion, social class and religion of the country. 'Addresses' often indicate the person's positions in the family. In Indian society hierarchy, the patriarch, usually the father, is considered the leader of the family. In Inside the Haveli Daulat Singhji is the 'Hukkum' means the trump card. The daughter-in-law is called Binniji, the daring one. "Where is Binniji?" asked the wife of Daulat Singhji. Geeta is referred here as Binniji. Daulat Singhji wife addressed her husband 'Hukkum.' Daulat Singhji's wife said with practice dignity," Hukkum, our children are growing up and we must think of their future before we are too old. While we are alive we must try everything to preserve our traditions and maintain the position which we have inherited. . .(161)

In indian society, every relationship has a clear cut hierarchy that must be observed for the social order to be maintianed. All relationship involve hierarchies in indian society and it is clearly reflected in the novel. The use of "We" and "Our" needs a special attention the strong family ties can be seen here. The lady may maintain a Purdah in the society but her sense of worry is seen in the above lines

Hospitality is another very important social behaviour and promentaly seen In inside the Haveli. We all know the Sanskrit adage "Atithi Devo Bhava" meaning that our guest are the gods visiting our homes and the utter respect is demonstrated by serving him with home made delicacies. The following examples reveals how Indians treat their guests. Bhagat Singhji's wife with her elder relatives went around coaxing the guests, "Have some more rice," "one more puree," "At least a ladoo." There were protests, but finally they were persuaded to take something more.(30)

To quote the web site, which helps researching Indian culture, Customs, Values and wanting to understand India better for there business in modern time speaks "Politely turn down the first offer of tea, coffee or snacks. You will be asked again and again. Saying no to the first invitation is part of the protocol."

To ask for the desires and opinions of the guest is to break the tacit law of Indian hospitality, according to which the host does not try to establish the guest's wishes as far as eating and drinking are concerned. On the contrary, he tries to get the guest to eat and drink as much as pssible and even more. A hospitable Indian host, like Bhagwat Singhji's wife in this case, will not take a negative response for an answer. This why Bhagwat Singhji's wife and her relatives assume that the guests can have some more, and that it would be good for them to have some more purees, ladoos and rice, and therefore that the guest's resistance, which is likely to be due to politeness, should be disregarded.

Another important feature of Indian social etiquettes is the verbal art of complementing. The positive politiness in language is often sincere and spontaneous "Where is Binniji?" asked the wife of Daulat Singhji. "Hukkum, you have been blessed with many things but your daughter-in-law is the haveli's greatest ornament "(161)

Bhagwat Singhji's wife politely accepts this compliment by attributing it to the generosity of Daulat Singh's wife. The art of complenting is beyond just 'thankyou'. Many positive nouns are often used. They may appear exaggerative at first but it is a part of day to day Indian language style. Indian fiction in English displays a diversity of complimets focused on third party belonging to the symphatic sphere of the addressee; for instance Daulat Singh's wife remarks that she cannot see Bhagwat Singh's wife without her grandchildren around her because "They are the joy of the haveli."(173). On hearing that Ajay has been offered a big post in Delhi, Kanta feels that if Ajay "leaves Udaipur the haveli will be empty."(123). What is characteristics of these complement is there exaggerative and emphatic tone but the nouns are positive. The use of such positive complement is a greatest Indian traditions and is well reflected in Inside the Haveli.

Much has been said about the Purdah system of India but the system does not always indicate the supression of women. This is well justified in the statement of Bhagwat Singh. He asks one of his maid servant on one occasion.

"How is Binniji?"

"She is well, Hukkum."….

"Pari, I hope Binniji does not feel lonely. This is a big house and it can be depressing at times especially for someone like her. This time both her mother- in-law and Ajay are away. I hope you are taking good care of her." There was deep concern in his voice as he spoke.(83).

The above lines show a great surge of affection in Bhagwat Singh's words. It reflected the level of concern a father-in-law has for his daughter-in-law. Though the etiquette might have prevented a daughter-in-law from talking freely to her father-in-law, yet the affection and strong bond between them is clearly visible. Our Indian culture has always established family value system and the joint family system is the backbone of our culture. Bondage of love and affection is abundantly found in Indian family system. Parents do not let their child to live independent life until they get a marriage match. However, there are so many joint families found in India.

This indicates a typical Indian culture i.e. strong social solidarity. This is well reflected in Inside the Haveli. Family. Indian parents take full care of children. Irrespective of their age children are children, for the parents and as the creame tastes sweeter than the milk so the grand parents care more for the grand children. To see their grand children well settled

is the ultimate dream of every grandpa and grandma and children take full care to fullfill their parent's dreams. Daulat Singhji's wife said with practiced dignity,

आरक्षण समर्थक और आरक्षण विरोधी लोगों के परस्पर भिड़ जाने की स्थिति में समझौता स्वरूप इन दोनों आधारों पर क्रमश: आर्थिक आधार पर और धार्मिक आधार पर आरक्षण देने के लिये संविधान में संशोधन करने के लिये विचार बन जायेगा। आरक्षित वर्ग के लोग आरक्षण का लाभ लेकर मुख्य धारा में आने के बाद आने आप में एक त्रिशंकु का जीवन जीने को विवश है। क्योंकि जिस वर्ग से वे आगे आये है, वो वर्ग तो उन्हें अपनेपन की भावना से अब देखता नहीं है। क्योंकि वहाँ की सम्मानविहीन जिन्दगी उसे नागवार लगती है। समाज के उच्च वर्ग के लोग इस नवोदित प्रगति किये एस.सी. एस.टी. के व्यक्ति को आत्मसात करने को तैयार नहीं है। इसलिये उसकी स्थिति त्रिशंकु की है। अनेक त्रिशंकुओं का एक अलग समाज बना है, जो वर्ण व्यवस्था को तोड़ने में केटालिक ऐजेन्ट का कार्य कर रहा है। जब तक वर्ण व्यवस्था नहीं टूटती, जाति व्यवस्था टूट नहीं सकती। आरक्षण व्यवस्था को तब तक कायम रखना जरूरी है। कालान्तर में आरक्षण व्यवस्था से ही जाति व्यवस्था और वर्णव्यवस्था टूटेगी। आरक्षण व्यवस्था भारत में तब तक कायम रहेगी जब तक भारतीय समाज की वर्ण व्यवस्था और जाति व्यवस्था समाप्त होकर मानव जाति की व्यवस्था स्थापित नहीं हो जाती है। ये लोकतन्त्रात्मक शासन पद्धति से ही सम्भव होगा। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पांच हजार साल से आरक्षण का सुख भोगने वाले लोग पचास साल के आरक्षण के सुख भोगने वालों से घबरा गये और आरक्षण को समाप्त करने के लिये हिंसक व अहिंसक संघर्ष करने सड़क पर उतर आये। व्यवस्था को कमजोर करने। प्रजातन्त्र को कमजोर करने। यदि आरक्षण को खत्म करना है तो खत्म करिये जन्म आधारित वर्ण व्यवस्था को, जन्म आधारित जाति व्यवस्था को। विकसित होने दीजिये जातिविहीन समाज को।

अन्तर्जातीय, अन्तर्राज्य विवाहों को अपनाइयें। व्यवसायों का एकाधिकार तोड़िये। सबको अपनी योग्यता अनुसार व्यवसाय और कार्य करने दीजिये। पूँजी और संसाधनों के वितरण सब में हर तरीके से होने दीजिये ताकि प्रत्येक भारतीय की न्यूनतम आवश्यकतायें तो पूरी हों। होने दें वितरण पूँजी का और कृषि भूमि का सभी लोगों में सेवा करने वाला दु:ख पाये, जबकि उसे तो माँ का स्थान दिया जाना चाहिये। उसके साथ होने वाला सदियों का शोषण समाप्त हो। शोषण करने वाला समाप्त हो। पोषण करने वाले आयें। मजदूर और किसान का सम्मान बढ़े। वो हालत बने तब आरक्षण की व्यवस्था समाप्त करें। उससे पहिले नहीं। ये आरक्षण की व्यवस्था योग्यता पर ही आधारित है। सक्षमता के कारण ही चल रही है इसे समाप्त करने का प्रयास सफल नहीं होगा। वी.पी. सिंह, अर्जुन सिंह, महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध अपने-अपने तरीके से भारत के सड़े-गले समाज में नवीनीकरण करके रहेंगे। इसमें किसी को कोई सन्देह नहीं होना चाहिये।

लेकिन विरोध थमने का का नहीं ले रहा है। एक्सपर्टस कमेटी आरक्षण की क्रियान्विति को मोनिटर करने के लिये, केन्द्र सरकार के मंत्रियों का समूह सर्वसम्मत निर्णय के लिये सुझावों को देने के लिये अगड़ों, सवर्णो के हितों पर कुठाराघात नहीं हो, इसलिये शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण में जाने वाली सीटों के बराबर अतिरिक्त सीटों के बढ़ाने के लिये केन्द्र सरकार ने लिखित में आश्वासन दिया है। यूथ फोर इक्विलिटी नामक आरक्षण का विरोध करने वाले संगठन को स्वयं प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने उनके हितों की अनदेखी नहीं करने का आश्वासन दिया है। लेकिन ओ.बी.सी. को उच्च शिक्षण संस्थाओं में दिये जाने वाले आरक्षण पर आरक्षण खत्म करों। एस.सी., एस.टी. के भी क्रीमीलेयर वाले लोगों को आरक्षण देना बन्द करों। पदोन्नति में आरक्षण नहीं दिया जाये। आरक्षण का आधार जाति न होकर गरीबी माना जाये। उच्च शिक्षा संस्थान और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के बजाए, पिछडे लोगों को योग्यता और औरों के समकक्ष लाने के लिये सकारात्मक

कार्यक्रम वृहद् स्तर पर चलाये जायें।

उच्च शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश और उच्च श्रैणी की सेवाओं, उच्च न्यायालयों के पदों पर, भारतीय फौजों में उच्च पदों पर भर्ती योग्यता और केवल योग्यता के आधार पर ही हो। अन्यथा इन सेवाओं में कुशलता और समक्षता का स्तर गिर जायेगा। इसी प्रकार निजी क्षेत्र में भी आरक्षण नहीं लाया जाये, अन्यथा वहाँ की कुशलता, उत्पादकता और लाभांश का स्तर बहुत नीचे गिर जायेगा। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर प्रतियोगी नहीं रह पायेगी। 'देश के सुप्रसिद्ध पूंजीपति और कारपोरेट जगत की नामवर हस्तियों ने सरकार के निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने के विचार का इन ऊपर वर्णित तर्को के आधार पर विरोध किया है।'

ये सारे तर्क अर्द्धसत्य से आच्छदित है। वास्तविकता ये है कि आरक्षण का विरोध करने वाले सवर्ण जातियों के कुछेक मुटटी भर वे लोग है जो सदियों से उच्च वर्ण में जन्म लेने के कारण पूर्व स्थापित विशेषाधिकार पूर्ण अघोषित आरक्षण व्यवस्था से जिसे सामाजिक व सांस्कृतिक मान्यता मिली हुई है, जो आज भारतीय जन मन–मानस में घर की हुई है, और रातदिन पूरे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक कच्छ से आसाम तक व्यवहार में है– ये सर्वाधिक लाभान्वित हैं। इन सवर्ण वर्ग की जातियों के ये लोग जो भारतीय ही हैं– का उच्चाधिकार प्राप्त राजनैतिक, राजनीतिक व आर्थिक पदों पर आधिपत्य हजारों सालों से है। धन–सम्पदा, स्थावर सम्पत्ति, जिन्स बाजार, शेयर मार्केट, सर्राफा बाजार, विदेशों से होने वाले आयात–निर्यात व्यापार पर इनका ही तो एकाधिकार हैं ये निर्विवाद सत्य है कि संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था लोकशाही की व्यवस्था को भारत में अपनाने के कारण स्थान पा सकी है। ये आरक्षण व्यवस्था राजनैतिक उठा–पठक की देन है। इसलिये सभी राजनैतिक दल इसका समर्थन करते हैं। नीतिगत स्तर पर इसका विरोध कोई नहीं करेगा।

ऊपर से आरक्षण की व्यवस्था समानता के सिद्धान्त के प्रतिकूप दिखाई पड़ती है। इसलिये न्यायपालिका में इस व्यवस्था के विरोधी, याचिकाओं के माध्यम से इसे समाप्त करने के लिय, उसका दरवाजा खटखटाते हैं। लेकिन वस्तुत: भारतीय संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार के अनुपूरक के रूप में आरक्षण की व्यवस्था को प्रतिपादित किया गया है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनेकों बार अपने निर्णयों में आरक्षण की व्यवस्था को संविधान–सम्मत माना है। आरक्षण के विरोधियों का एक कट्टरपंथी समूह ऐसा भी है जो वर्तमान भारतीय संविधान को ही बदल देना चाहता है।

वर्तमान गणतन्त्रीय लोकतान्त्रिक संसदीय व्यवस्था को ही समाप्त कर देना चाहता है। क्योंकि ये संविधान और संविधान प्रदत्त व्यवस्थायें मूलत: वर्ण व्यवस्था और भारत की जाति व्यवस्था को समाप्त करने वाली है इसलिये आरक्षण के विरोधी अल्प मत वाले लोग मुगालते में हैं कि वे आरक्षण व्यवस्था का विरोध कर रहे है। वस्तुत: ये वे लोग हैं जो वर्ण व्यवस्था की पुर्नस्थापना करना चाहते है, जाति व्यवस्था को समाप्त नहीं होने देना चाहते है।

आज जिधर देखिये उधर आम जनमानस को धार्मिकता की ओर मोड़ा जा रहा है। मण्डल आयोग के मन्सूबों को ठण्डा करने के लिये कमण्डलधारी लोगों को आगे कर दिया गया। विधायिका को पंगु बना दिया गया। न्यायपालिका का हस्तक्षेप कार्यपालिका और विधायिका के कार्यक्षेत्र में बढ़ा दिया गया। फिर भी यू.पी.ए. की सरकार ने वामपंथियों के समर्थन से ओ.बी.सी. को उच्च शिक्षा प्रतिष्ठानों में आरक्षण दे दिया है। आरक्षण विरोधी मुट्टी भर लोगों द्वारा बहुमत के हित में बनाई गई आरक्षण की व्यवस्था को यथारिथतिवाद के सहारे चले आ रहे अपने राजनय पदों, राजनैतिक पदों, मीडिया संसाधनों पर नियन्त्रण और आर्थिक संसाधनों की मजबूती के बल पर समाप्त करने के लिये जमीन–आसमान एक किया जा रहा हैं।

राजनैतिक दल सकते में है। कई सवर्ण नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। लेकिन हम ऐसा करके देश के आम आदमी का, आम मजदूर किसान का और सदियों से आर्थिक तंगी भुगतने को मजबूर और सामाजिक मान–सम्मान से महरूम बहुमत भारतीय नागरिकों का भला नहीं कर रहे है। देश की गुलामी की ओर, आतंकवाद की ओर और आर्थिक दृष्टि से कमजोर करने की दिशा में धकेल रहे हैं। लेकिन ऐसा होगा नहीं।

इसलिये शोषण आधारित व्यवस्था को यदि समाप्त करना है तो सदियों से जिनका सभी प्रकार का शोषण किया है, उन्हें कुछ समय तो विशेषाधिकार आरक्षण की व्यवस्था से मिलने दो। देखिये कितनी जल्दी ये देश विश्व की महान शक्ति बनता है। ताजा हवा को अन्दर आने दो, खिड़की दरवाजों को खुला रहने दो। सड़ांध मार रही व्यवस्था को जितनी जल्दी हो, दफना दो।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. एम.एन. श्रीनिवास–कास्ट इन माडर्न इंडिया ऐंड अदर एजेज, एशिया पब्लिशिंग हाउस, बंबई 1962
2. क्षितिमोहन सेन– 'भारतवर्ष में जातिभेद' अभिनव भारतीय ग्रंथमाला, कलकत्ता, 1940
3. डॉ. मंगलदेव शास्त्री– भारतीय संस्कृति–वैदिक धारा, समाजविज्ञान परिषद।
4. डॉ. नगेन्द्र सिंह, दलितों के रूपान्तर की प्रक्रिया।
5. एम.एन., श्रीनिवास, आधुनिक भरत में जातिवाद तथा अन्य निबन्ध, दिल्ली 1992
6. रजत रानी मीनू, नवें दशक की दलित कविता, दलित सहित्य प्रकाशन, नयी दिल्ली, 1996
7. शरण कुमार लिंबाले,दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प. 76–77
8. सोहनपाल सुमनाक्षर– विश्व धरातल पर दलित साहित्य, भरतीय दलित सहित्य अकदमी, दिल्ली, 1999

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# An Interpretive Study of the Narayanhiti Palace Museum (Kathmandu) Nepal

**Dr. Poonam R L Rana***

*Associate Professor, Central Dept. of Nepalese history Culture & Archaeology, Tribhuvan University, Kathmandu, NEPAL

**Abstract:** This interpretive study of the Narayanhiti Palace museum explores the palace museum, provides brief knowledge about museum and the oldest museum at Chauneand gives historical background of Narayanhiti Palace Museum .The major objective of this study interprets about the Narayanhiti Palace museum and the available artefacts existing within this museum in brief.The methodology is qualitative approach based on exploration and interpretations. The paper interprets the various rooms used by our Royalties for various occasions, such as, formal meeting, credentials for diplomats, state visits, marriage, dinner parties. etc. This research paper takes the readers through various rooms of the museums. There are yet many rooms left to be opened. Just few years ago, the scepter room and the crown room has been opened under strict surveillance. Note: These are first hand information data collected through personal visits and self-observation.

**Keywords:** Narayanhiti, Museum, Palace, Royalties.

**Introduction -** The Nepali terms “Sangrha” means collections and “alaya.” means place. So, a place where old, historical, and cultural artefacts and art objects are gathered and presented is “Sangrhaalaya” .In English it is known as the museum. The Latin term, “museums” (or, less frequently, “musea”), is whence the English word “museum” gets its etymology. The word “museum” originates from the Greek word “Mouseion,” which signifies a place or temple dedicated to the “Muses,” the patron divinities in Greek mythology of the arts and knowledge. It is believed that Plato’s librarywas the first museum. Pausanias, however, mentions another location that he calls the “Museum,” which is a little hill in Classical Athens that faces the Akropolis. The hill was given the name “Mouseion” in honour of Mousaious, a man who used to sing there before passing away from old age and being buried there.The problem of study is that there are very few books related to study of Narayanhiti Palace Museum. In fact, there are no articles written related to it. This research in synopsis tries toexplore and interpret and thereby fill that gap in knowledge.The major objective of this study interprets about theNaryanhiti Palace museum and the available artefacts existing within this museum in brief. The methodology is qualitative approach based on exploration and interpretations. primary data through museum observation and interviews and secondary through book of BuddhiGurungfor photographs related to the museum.

In London’s Oxford University, the world’s first scientifically equipped modern museum opened its doors in 1683 A.D. The National Museum, now considered as the first museum in Nepal, was established at Chhauni. Referred to as the “Shilkhana” during the Rana Regime, this location housed and exhibited war weaponry. By the year 1938, this very “Shilkhana” was referred to as the National Museum in Chhaunui.



Fig 1:.National Museum Chauni.( Source: National Museum website)

Numerous items belonging to the stone-age are kept in the National Museum at Chhauni, including paintings, manuscripts, fossil remnants, numismatics, potsherds, and metal, wood, and terracotta images. Dolls representing various cultures, lifestyles, attire, and accessories are gathered from all around the world including dolls and also ethnic museum section. It also stores other historically significant objects and has artillery that were used by the Nepal Army can be seen here.

The Department of Archaeology was established in 1952 A.D. It encompasses the entire collection of ancient,

historical wooden, and bronze artistic artefacts as well as the National Achieves from the National Museum of Chhauni, the Kathmandu Museum at Hanumandhoka, the Patan Museum at Patan, and the Bhaktapur Museum at Bhaktapur.

Why is museum important?

1. Museum is important for people of all genders, classes, races, and creeds, museums are vital. It serves as a location for entertainment, relaxation, and education.
2. The national governments of the various nations own their museums. Therefore, the museum is quite significant from several angles.
3. The primary sources of historical evidence are artefacts that hold significant historical, cultural, and archaeological value. History would be incomplete without it.
4. The creation of the nation's history is facilitated by the study of these antiquated collected artefacts, objects, inscriptions, manuscripts, paintings, sculptures, and other historically significant artefacts from various periods. Therefore, museums are crucial to the process of creating the nation's true history.
5. A museum is very significant from a cultural perspective. Nepal is home to many different ethnic groups, geographical locations, climates, and cultures in Nepal. when their materialistic artistic cultures, as well as their way of life as represented by their clothing, jewellery, and musical instruments, are conserved and presented. It will aid in the public's knowledge and comprehension of the cultures of many communities.
6. The museums also store, protect, and exhibit old religious manuscripts known as grantha, as well as pictures and paintings of numerous gods from diverse eras and religions. One can learn about the state of religion during that time by looking at and analyzing these artefacts. Hence, it is important from religious point of view.
7. The museum aids in advancing tourism. In addition to generating income and creating jobs, it aids in the preservation of rare, priceless, historical, and ancient objects that otherwise could disappear. Considering all of these factors, museums play crucial role in preserving, conserving and promoting ancient historical materials of all kinds.

**In order to fulfill the research objective, it interprets about the Naryanhiti Palace museum and the available artefacts existing within this museum in brief.:**

**The Narayanhiti Palace Museum:** The Narayanhiti Palace Museum is classified as a "Governmental Museum Category" between governmental and private museums. It was once the palace of Rana's and Shah rulers of Nepal. The Royals left the palace grounds in 2006–2007 A.D. as a result of political unrest and change, and as a result, the palace was converted into a museum. The Shah Dynasty's history is highlighted by this museum.

The Narayanhiti Palace Museum is home to a variety of artefacts that were once owned by the King, Queen, and other members of the Royal family. These include ceramics, clothing, books, various rooms within the palace premises, the Royal throne, the Royal crown, the Sceptre, medals, priceless paintings, images from different eras, ancient Thankas, decorative pieces, chandeliers, animal heads and skins, stables, cowsheds, worship rooms, helipads, and the palaces that were constructed within the grounds of the Palace Museum.

Several valuable and uncommon archaeological items from various eras used by the Royalties may be found in the Narayanhiti Palace Museum. This museum contain numerous closed parts that contain priceless items that are currently considered valueless.



Fig 2:Narayanhiti Palace Museum . Source: BuddhiGurung.

Earlier this palace was made in Neo-Classical architecture. It was after the 1934 great earthquake it was badly damaged. The early palace of Shah rulers was at Hanumandhoka. While Narayanhiti was the actual palace of Shri Tin Maharaja RanouddipNarsingh Rana



Fig 3: Narayanhiti Palace earlier before 1934 great Earthquake b.)Shri Tin Ranouddip N Rana

To safeguard the Shah Prince SurendraVikram Shah from his step mother, he was brought to the palace of Shri Tin Ranouddip. Later his predessors made Naranhiti their home palace.

Following the assassination of Shree Tin Ranodeep Singh Rana in 1885 A.D., BirShumsher was appointed premier. He promptly destroyed the palace where Shri Tin Ranodeep Singh was killed and, at Joglal's recommendation, rebuilt a new palace.After inhabitance by Shah rulers until 2007 when Kingship changed to New Nepal and new constitution. This palace became a museum.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

The Open / Closed Doorways of the Naranhiti Royal Palace Museum:



Fig 4: Gauri Shankar Gatewa. Source: BuddhiGurung

This Narayanhiti Palace Museum has ten main entrances. These gateways, which are located throughout the palace, serve as the entrance on various occasions and times. The names of these Gateways are derived from different Himalayan peaks. Below is a list of the names.

"Gauri Shankar Himal" is the name of this entrance. It can be found in the section marked "Welcome and Royal Program." There are auspicious symbols engraved on its wooden entrances, including depictions of the Elephant God Lord Ganesh who is said to remove obstacles, the Elephant God's brother Kumar symbolizing fearlessness, the Lotus Padma a sign for purity, and the water pot Kalas filled with water is an auspicious sign for welcome. (BuddhiGurung, 2018, Interview). The other gateways and its detail study is open for further research.

The "Three Sections" of the Palace Museum can be reached via the one-way pathway that leads to the Narayanhiti Palace Museum. Only 19 of the Narayanhiti Palace's rooms are currently available for exhibition. Many of the rooms at the Palace museum are currently closed since they are not a part of this "one-way route," which makes it impossible for visitors to visit.

This research paper visits the nineteen rooms and in synopsis interprets the findings. Majority are self-observation and few are via content study:

The Welcome and Royal Program Rooms.

The Royalties welcomed foreign dignitaries and others who came for state visits in these rooms. Such rooms were termed as "Baithaks" todas " Drawing-room"

**The Kaski Baithak (Drawing-room)**



Fig 5 'The KaskiDrawin-room. Source: BuddhiGurung)

Among the exhibited 19 rooms , this KaskiBaithak, is the first room visited by those who come to see the museum. This room is named after 'Kaski District' of Nepal. It is an important room where His Majesty's welcomednumerous foreign dignitaries who came for 'State Visit'. Since the time of His Majestys it was known as the " Welcome Room". Here 'Oath Taking Ceremony' and giving credentials to the diplomats were conducted. Besides this'State Dinners' 'Birthday celebrations were conducted here. In fact, His Majesty King Gynanendra Shah called the last 'Press-Confrence' here before he left the Narayanhiti Palace.

**Myagdi Baithak( Drawing -room)**



Fig 6: Myagdi Baithak ( Drawing room) Source: Buddhi Gurung

This drawing room has the name of the Nepali district of Myagdi. Following the reception of the Head of State and the foreign diplomats' presentation of credentials to HM the King, they were escorted to the Myagdi Drawing Room for tea and coffee. The "Tea Room" was another name for this Myagdi drawing room. The oldest Royal family member interacted with other family members while seated in the Myagdi drawing room during feasts. "Photo Frames" of foreign heads of state have been used to embellish the drawing room's left and right walls.

Then the visitors can go to :

**Parbat Room**



Fig 7: Parbat Room . Source :BuddhiGurung

This room is named after Nepal's Parbat area. This was the room where visiting foreign guests were required to sign the 'Visitors' Book. When royal banquets were held in the

Kashki drawing room, the younger members of the royal family danced and enjoyed themselves in this Parbat Room. This chamber contains gifts that Heads of State and National Leaders of other countries have given to their Majestys on their birthdays. This room also has gifts that "Their Majesty" had received on Royal Visits to other countries.



Fig 8: Gifts displayed in this Parbat Room. Source: BuddhiGurung

Then the visitors can visit :**Rukum Drawing Room**



Fig 9: Rukum Drawing Room. Source: BuddhiGurung

The Rukum district inspired the name of this drawing room. The ADCs of the foreign head of state are housed in this chamber. The visiting foreign head of state is greeted by high ranking government officials in this "Rukum drawing room" when they schedule a meeting with him.

When the Royalties hosted their "Family Dinners" at the "Kaski drawing room," the younger members of the family gather in the "Rukum drawing room." A portrait of His Majesty King Birendra and Queen Aishwarya, created by a Chinese artist using real hair, is displayed on the drawing room's left wall. Alongside this is a variety of books and more ornamental items. can be seen



Fig 10: Photo of his Majesty made with human hair by Chinese Artist

**Rolpa Drawing Room**



Fig 11a,b:Rolpa Drawing room .Source: BuddhiGurung

The Head of State, high post officials, key guests, and both domestic and foreign visitors gathered in this drawing room, which was named after the Rolpa district of Nepal, for discussions and meetings.

There are paintings in this room depicting various birds that can be found in Nepal. A picture of the Taj Mahal, which GirijaPrashadKoirala gave to HM King BirendraBir Bikram Shah on his 54th birthday, is also on display in this area.

Additionally, Japanese artist Shun Komi Yama gave HM King Birendra a picture of Mount Machhapuchhre Himalpainted by him.



(a)



(b)

**Dailekh Room**



Fig 12: Dailekh Room ( Source BuddhiGurung)

The Dailekh district of Nepal is honoured in the name of this room. The Head of State or other notable visitors who were in town for a state or royal visit used this Dailekh Room as their bedroom.

**Baitadi Room**



Fig 13: Baitadi Room. Source: BuddhiGurung

This chamber bears the name of the Nepalese district Baitadi. This room is significant on its own. When the head of state was visiting His Majesty, his spouse accompanied him and used it. In the event that a lady was the honorary guest of His Majesty, her female attendants would have used the Baitadi Room.

Then the visitors can go to Achham Room

**Achham Room**



Fig 14: Achham Room. Source: BuddhiGurun

This chamber is named after the Achham district in Nepal. This room was used as a bedroom for the children and family accompanying the Head of State on the Royal Visit. Then tour takes us to

**Bajura Dining Room**



Fig 15: Bajura Dining Room. Source BuddhiGurung

This chamber bears the name of the Nepalese district of Bajur. This was the dining room used for the foreign head of state's visit. When the head of state paid a long visit, he had the opportunity to invite the queen and king to sample the national dish before they all ate supper together. In addition, It was here Princess Shrutiand His Majesty's son-in-law'sGorakhShumsher at their wedding, sampled 84 different traditional cuisine. (Rituals of "CHAURASIBYAN GAN")



Fig 17: The Royal family organizing the 84 variety of food for the groom.to taste ( Nepali custom) Source BuddhiGurung.

Then the visitors can visit the next room used by his Majesty's.

**Jumla Drawing Room**



Fig 18: JumlaDrawingroom.Source: BuddhiGurung

The foreign head of state who was visiting used this room as a place to rest both before and after their lunch. Additionally, this space was used for program planning and scheduling verification.

The "one way route," which is now open for public inspection, does not include the upper floor, which houses the Visitors and Guest Section. Other rooms have names corresponding to the districts in which they are located. 1. The HumlaRoom.2. The Dharchula Room

Some of these rooms are yet to be opened for public viewing, as they do not fall into the one-way path corridor. The other rooms visitors can view are:

**Dolpa Drawing room**



Fig 19: Dolpa Drawing-room. Source: B.Guring.

In honour of the Dolpa district of Nepal, this drawing

room has that name. It is known as the "Welcome & Royal Programme Section" . Royal family members who were unable to visit the Gorkha Drawing Room for special Royal Programmes, they watched the it from the Dolpa Drawing Room.A unique black one-sided viewing mirror in the middle of the Dolpa and Tanahu Drawing Room allows viewers to clearly observe the programs offered in the Gorkha and Tanahu Drawing Room, but they are unable to see anything from that room on the opposite side.



Fig 20 : One sided dark mirror between Dolpa & Tanahu

Beside this now crown and scepter room has been opened for public.



Fig 21 a) Scepter     Fig 21 b) The Royal Crown (Shripech)

Now the visiting tourist can see this too under strict surveillance



Fig 22. Royal Dining Room used during State Visits.

The visitors can see this area as they walk pass the one way path coridor.

There exist lower floor guest sections that comprise of various rooms . ( Self observation)

The rooms used by the members of the Royal family for the various ceremonies and programs were featured in this section. For the members that travel with the Head of State on formal or royal visits, there is also a bedroom. There is a bar included as well. The districts of Nepal that each of these rooms is named after are as follows:

1. The drawing room of Surkhet
2. The Rohandehi chamber
3. The drawing room of Kalali
4. The Doti chamber
5. The Chitwan Room
6. The Kapilvastu chamber
7. TheParsa chamber
8. The Bardiya Room
9. The Jajarkot chamber
10. The Sarayan Room

There are also rooms in this part without names corresponding to Nepali districts. These spaces are employed for a variety of tasks, including:

11. Ground level kitchen.
12. Gorgeous Saloon
13. Inside the Doti, a storeroom
14. Storage area close to the Bardiya area
15. Dressing room close to the gateway to Sagarmatha.

None of the rooms listed above are located on the one-way path that is accessible to the public. Therefore, this part has not yet been opened. Upon the public opening of the portion featuring the Royal crown and other historical artefacts, a few chambers within this section will be made accessible for public viewing.

**The Dhading Chamber**

The Dhading district in Nepal is the inspiration behind the name of The Dhading Room. This is under the Royal Palace's "Private Section" for him. His Majesty changed into new clothes in this room, where he also perused the newspapers and television news and shows. His Majesty slept in this room following his afternoon meal. It is for this reason that this Dhading room is called the "Dressing and Resting Room."

**Dhankuta Assembly Hall ( visitors can see this room)**

Note: Shri Sadan is the real dwelling placle of theurMajestys. This area was utilized mostly when foreign delegayes, Diplomats and people of State visit came. This small bedroom was utilized only in case, they had to leave for foreign lands on Tuesday and Saturday, ( firstly) they avoided it however, if it was planned then, they shifted to this bedroom from Shri Sadan. Then left the palace for their 'State Visit' the next day.

The Dhankuta district is the inspiration behind the naming of this room. "Their Majesty" utilised this as their bedroom. This room is smaller than the other rooms of Narayanhiti Royal Palace in order to make it earthquake proof. According to the theory, a tiny space will have a small ceiling, meaning there will be fewer opportunitiesof it collapsing. Considering this, the Dhankuta room appears diminutive in comparison to the other rooms within the Royal Palace.

There are picture frames in this area featuring members of the Royal family. Additionally, a picture bearing

the following text is presented

"Atamakoparatmasambandharahejahai

"Meana mana timroArchana ma dubirahos," that is to say The soul is connected to the Almighty, just as May my heart be immersed in your adoration forever, too.

**Chandani Shah.(Her Majesty Queen)**

Drawing rooms and other rooms that do not fall under the one-way route created by Narayanhiti Palace Museum are located within this "Private Section," and as such, these rooms have not yet been opened. In near future it will be open.

Thus it can be concluded that this primary research based on self observation and interview has fulfilled the task to interprets about the NaryanhitiPalaceMmuseum and the available artefacts existing within this museum in brief. Thus the objective of this research has been fulfilled. in interpreting about the Narayanhiti Palace Museums and objects and artefacts used by their Majestys.

This research lacks citations because majority data has been collected through self observation and visits to the Narayanhiti Palace Museum however, the source for the photographs are of MrBuddhiGurung. The researcher has reviewed various Nepali books related to the Royalties and had informally interviewed worker of the palace museum, who worked there since the time of his Majesty's.The outcome is the Bibliography.

**References:-**

1. Nepal Samikchyatmak Etihas,- Shri Ramprashad Upadhyay: Sajha Prakashan Chhapakhana, Pulchowk, Lalitpur, (V.S. 2055)
2. Nepal Adhirajyaka Bibhushanharu-Bibhushan Samiti, (V.S. 2024) Shri Saraswati Press Ltd., Calcutta, India.
3. Puratatwik Parechaya-Dr.Pesal Dahal/ Som Prashad Khatiwada: M.K Publishers & Distributers, Bhotahiti, Kathmandu (V.S. 2058).
4. Rana Sasan Ko Britanta- Pramod Susher Rana: Pairabi Book House, Putalisadak, Kathmandu (V.S. 2058)
5. The Coronation Book of their Majesties of Nepal, Adhyacharan Rajbhandari: Temple Press, Calcutta, India.

**Interview:-**

1. Mr. Buddhi Gurung ( 2012) An official at the Royal Palace since the time of his Majesty

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# प्रेमचंद की कहानियों में दलित नारी पात्र

**मनोज कुमार सरगड़ा***

* हिन्दी साहित्य, मु.पो. गलियाकोट (हरीमगरी) तह. गलियाकोट, जिला डूंगरपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** प्रेमचंद हिंदी एवं उर्दू के सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार, कहानीकार एवं विचारक थे I 1906 से 1936 के बीच लिखा गया उनका संपूर्ण साहित्य देश का सामाजिक, सांस्कृतिक दस्तावेज है। तत्कालीन सामाजिक सुधार आंदोलनों , स्वाधीनता संग्राम तथा प्रगतिवादी आंदोलनों के सामाजिक प्रभावों का स्पष्ट चित्रण है। उनमें दहेज, अनमेल विवाह, पराधीनता, लगान ,छुआछूत, जाति भेद, विधवा विवाह,आधुनिकता, स्त्री –पुरुष समानता आदि उस समय की सभी प्रमुख समस्याओं का चित्रण मिलता है। प्रेमचंद ने लगभग 300 कहानियां तथा डेढ़ दर्जन उपन्यास लिखें।

प्रेमचंद की कहानियां मानव मन के अनेक दृश्यों, चेतना के अनेक स्तरों का ,सामाजिक कुरीतियों का तथा आर्थिक उत्पीड़न के विविध आयामों का अपनी संपूर्ण कलात्मकता के साथ अनावृत करती हैं। कई ऐसी रचनाएं हैं जो विचार और अनुभूति दोनों स्तरों पर पाठक को आज भी आंदोलित करती हैं। वे एक कालजयी रचनाकार की मानवीय गरिमा के पक्ष में दी गई उद्घोषणायें हैं। सामाजिक रुप से उपेक्षित ,अधिकारहीन, यंत्रणा का शिकार मनुष्यों के प्रति प्रेमचंद की लेखनी हिंदी कथा साहित्य की अनमोल निधि हैं।

**नारी के प्रति दृष्टिकोण –** नारी के उदात्त गुणों के कारण प्रेमचंद नारी को पुरुषों से श्रेष्ठ मानते हैं। उनके हृदय में नारी के प्रति अगाध श्रद्धा है। उनका मानना था कि नारी पात्र साहित्यकार की कल्पना मात्र नहीं है अपितु भारतीय नारी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके नारी पात्रों में हमें एक मां , पत्नी, प्रेमिका, बहन, सौतेली मां, मित्र, गणिका, भाभी, ननद, समाज सुधारक, देश प्रेमी, परिचारिका, आश्रिता आदि के विविध रूपों के दर्शन होते हैं। अपने उपन्यासों, कहानियों में नारी पात्रों को पुरुष के समान अधिकार संपन्न चित्रित किया है। वे पात्र, दीन दुखी तो हैं पर वे सशक्त हैं। अपने साथ हो रहे अत्याचारों के प्रति लड़ने में सक्षम हैं I नारी के महत्व को रेखांकित करते हुए गोदान उपन्यास में उन्होंने लिखा है– जब पुरुष में नारी के गुण आ जाते हैं तो वह महात्मा बन जाता है और अगर नारी में पुरुषों के गुण आ जाए तो वह कुलटा बन जाती है I इन पंक्तियों में प्रेमचंद का नारी को देखने का संपूर्ण नजरिया बयां हो जाता है।

प्रेमचंद अपनी रचनाओं में नारी चरित्रों को कर्मशील, शक्तिशील और साहसशील चित्रित कर पुरुष के समकक्ष प्रस्तुत करते हैं पर उनकी नैसर्गिक, अस्मिता, गरिमा और कोमलता को वह क्षीण नहीं होने देते। वे नारी को प्रेम की शक्ति का रूप मानते हैं। वे नारी के अंदर सेवा, त्याग, बलिदान, प्रगतिशीलता, कर्तव्य, ज्ञान और पवित्रता आदि उदार भावों को देखना चाहते हैं। नारी के इन्हीं गुणों को अपनी कहानियों में स्थान – स्थान पर चित्रित करके दिखाया है। प्रेमचंद के पात्रों के संबंध में डॉक्टर इंद्रनाथ मदान कहते हैं –कहानियों के पात्र बहुमुखी व विविध हैं I इसका कारण प्रेमचंद के निजी अनुभव ,विस्तृत ज्ञान, दार्शनिक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक व्यवस्था के प्रति रुख और इन से भी बढ़कर सर्व प्रमुख बात आसपास की बिखरी जिंदगी में विचर रहे मनुष्यों को भीतर से जानने का प्रयास। लेखक का व्यक्तित्व भी वही विकास पाता है जब वो निम्न मध्यवर्ग, श्रमिकों ,दलितों व कृषकों के जीवन संघर्ष को लेखनी में साकार करने को आतुर हो उठते हैं।

प्रेमचंद दीन दलित पर होने वाले अत्याचारों के साक्षी रहे हैं। इसलिए उनकी कहानियों में उभरी चिंतन की भूमि बिलकुल स्वाभाविक और हर युग में प्रासंगिक है। उनकी कहानियों में अधिकांश पात्र दलित वर्ग से संबंध रखते हैं। जिन की दयनीय स्थिति का वर्णन मिलता है। डॉक्टर गोविंद त्रिगुणायत के अनुसार प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में दलित मानवता तथा स्त्रियों के प्रति सहानुभूति का भाव प्रदर्शित किया है, इनका आदर्शवाद इनकी ऐसी सहानुभूति का परिणाम है।

प्रेमचंद की पहली रचना के संबंध में रामविलास शर्मा लिखते हैं कि – प्रेमचंद की पहली रचना, जो अप्रकाशित ही रही, शायद उनका वह नाटक था जो उन्होंने अपने मामा जी के प्रेम और उस प्रेम के फलस्वरुप चमारों द्वारा उनकी पिटाई पर लिखा था। इसका जिक्र उन्होंने श्पहली रचना नाम के अपने लेख में किया है। संभवत: इसी घटना के पश्चात दलित जीवन को निकट से देखने का अवसर मिला हो I बीबीसी हिंदी में प्रकाशित विनोद वर्मा के साथ हुए साक्षात्कार रचना दृष्टि की प्रासंगिकता –मन्नू भंडारी में मन्नू भंडारी प्रेमचंद के विषय में बताती है कि साहित्य के प्रति और साहित्य के हर दृष्टि के प्रति यानी चाहे राजनीतिक, सामाजिक, पारिवारिक सभी को उन्होंने जिस तरह अपनी रचनाओं में समेटा और खास करके एक आदमी को , एक किसान को, एक आम दलित वर्ग के लोगों को वह अपने आप में एक उदाहरण था। साहित्य में दलित विमर्श की शुरुआत शायद प्रेमचंद की रचनाओं से हुई थी।

प्रेमचंद प्रगतिशील विचारधारा के कथाकार हैं। उनकी शोषित, वंचित, पीड़ित, उपेक्षित मानवता के प्रति गहरी संवेदना है I दलित जीवन को समग्रता से देखते हुए उन्होंने अनेक कहानियां लिखी हैं I उनके द्वारा लिखित दलित

जीवन पर आधारित कहानियों के नारी पात्रों का अध्ययन करना हमारा अभीष्ट है –

**दलित जीवन पर आधारित कहानियां**

**ठाकुर का कुआं –** दलित जीवन पर आधारित प्रेमचंद की यह पहली कहानी है। इस कहानी की नायिका गंगी है। गंगी विद्रोही स्वभाव की है। सामाजिक विषमता के प्रति गंगी का हृदय विद्रोह कर उठता है।वह सोचने लगती है – ष्हम क्यों नीच हैं ,और वे लोग क्यों ऊंच हैं ? इसलिए कि वे लोग कान में तागा डाल लेते हैं ? चोरी वे करें ,जाल फरेब ये करें, झूठे मुकदमे वे करें। अभी इस ठाकुर ने तो उस दिन बेचारे गड़रिया की एक भेड़ चुरा ली थी और बाद को मारकर खा गया। इन्हीं पंडित जी के घर में तो बारहों मास जुआ होता है। मजूरी देते नानी मरती है। किस बात में हैं हम से ऊंचे? हां मुंह में हमसे ऊंचे हैं? हम गली गली चिल्लाते नहीं कि हम ऊंचे हैं , हम ऊंचे हैं। कभी गांव आ जाती हूं तो रस भरी आंखों से देखने लगते हैं। जैसे सब की छाती में सांप लोटने लगता है , परंतु घमंड यह है कि हम ऊंचे हैं। यह गंगी का क्रांतिकारी स्वर है। इस देश की भयानक कुरीति पर सीधा प्रहार है। इसके साथ गंगी सामाजिक विषमता का दंश झेलते हुए भी अपने पति के प्रति वफादार है। पत्नीधर्म का तन ,मन ,धन से पालन करती है। जब जोखू प्यास के मारे गंदा पानी पीने को मजबूर हो जाता है तब गंगी उसे वह गंदा पानी पीने से रोकती है। वह इसलिए क्योंकि वह अपने पति से प्रेम करती है इसलिए जान संकट में डाल कर ठाकुर के कुएं से पानी लाने का साहस दिखाती है।अत: गंगी साहसी और निडर होने का परिचय देती है।

**मूठ कहानी –** इस कहानी में बुद्धू चौधरी की पत्नी बुढ़िया प्रमुख नारी पात्र है। वह चतुर है। और समय अनुकूल आचरण करने में कुशल है। अच्छे अच्छों को देवता का भय दिखा कर अपने बस में कर लेती है। गांव के डॉक्टर जयपाल मूठ में विश्वास करते हैं। बुढ़िया इसी का फायदा उठाकर पांच सौ रुपए वसूल कर लेती है। उसकी चतुराई का वर्णन कहानीकार ने इस प्रकार किया है। वह डॉक्टर से कहती है –'आप बहुत देंगे ,सौ पचास रुपये देंगे। इतने हमें कै दिन तक खाएंगे। मूठ फेरना सांप के बिल में हाथ डालना है, आग में कूदना है।'वह गरीब है इसलिए अवसर का लाभ उठाना बखूबी जानती है।

**घासवाली –** दलित जीवन को नवीन दृष्टिकोण से देखने वाली यह कहानी है। इस कहानी की नायिका मुलिया है। मुलिया एक गरीब दलित नारी पात्र है। वह ठाकुर चौन सिंह की अश्लील हरकतों से अपने सतीत्व की और यौन पवित्रता की रक्षा करती है ,जो दलित नारी की यौन – नैतिकता का प्रमाण है। मुलिया चमारिन है , सुंदर है तो क्या इसी कारण कोई ठाकुर उसकी यौन शुचिता भंग कर सकता है?वह चौन सिंह को निरुत्तर करती हुई कहती है – 'अगर मेरा आदमी तुम्हारी औरत से इसी तरह बातें करता, तो तुम्हें कैसा लगता? तुम उसकी गर्दन काटने को तैयार हो जाते कि नहीं? बोलो! क्या समझते हो महावीर चमार है तो उसकी देह में लहू नहीं है, उसे लज्जा नहीं है, अपनी मर्यादा का विचार नहीं। मैं चमारिन होकर भी इतनी नीच नहीं हूं कि (पति के)विश्वास का बदला खोट से दूं।' इस कथन से मुलिया का आत्मसम्मान, जातीय गौरव एवं पति के प्रति समर्पण भाव की झलक मिलती है। मुलिया रूपवान नारी है। उसके सौंदर्य का वर्णन कहानीकार ने इस तरह किया है –'मुलिया इस ऊसर में गुलाब का फूल थी। गेहुंआ रंग था, हिरण की सी आंखें, नीचे खिंचा हुआ चिबुक , कपोलों पर हल्की लालिमा, बड़ी बड़ी नुकीली पलकें।.... वह घास लिए निकलती तो ऐसा मालूम होता मानो उषा का प्रकाश, सुनहरे आवरण में रंजित, अपनी छटा बिखेरते जाता हो।' तभी तो उसके रूप माधुर्य पर मुग्ध होकर ठाकुर उसका कुत्ता होना चाहता है। मुलिया का प्रभावशाली व्यक्तित्व है। मुलिया चमारिन होते हुए भी अत्यंत रूपवती है और सारे गांव में उसके रूप के चर्चे हैं। साथ ही वह वाक्य कला में निपुण है। उसका आंतरिक व्यक्तित्व प्रभावशाली है, तभी तो मुलिया की भावपूर्ण लताड़ से चौन सिंह का हृदय परिवर्तन हो जाता है। वह एक गुस्सैल, निर्दयी जमींदार से बदल कर एक सहृदय व्यक्ति बन जाता है। मुलिया आत्मनिर्भर नारी है। दिन भर घास छीलकर घोड़े का पालन– पोषण करती है।

**दूध का दाम –** इस कहानी की नायिका भूंगी है। वह त्याग, सेवा, समर्पण की प्रतिमूर्ति है। बाबू महेंद्र नाथ के घर जब चौथे बच्चे का जन्म हुआ तब पूरा वातावरण प्रसन्न चित्ता हो गया। किंतु यह खुशी ज्यादा बड़ी नहीं थी। मालकिन अपने बच्चे के प्रति ममत्व तो दिखा सकती थी लेकिन दूध की कमी के कारण अपना दूध नहीं पिला सकती थी। बच्चे को जीवनदान देने के लिए उन्हें भूंगी की सहायता लेनी पड़ती है। मालकिन भूंगी के समक्ष गिड़गिड़ाते हुए कहती है–'भूंगी, हमारे बच्चे को पाल दे, फिर जब तक तू जिए, बैठी खाती रहना। पांच बीघे माफी दिलवा दूंगी। नाती पोते तक चौन करेंगे।' भूंगी अपने दूध का दान कर देती है। दूध दान का ऐसा उदाहरण बहुत कम देखने मिलता है। मानवता की मिसाल प्रस्तुत कर भूंगी का चरित्र अमर हो जाता है।

**आगा–पीछा –** सुखिया इस कहानी की प्रमुख नारी पात्र है। सुखिया चमारिन भाग्यवादी नारी नहीं है। वह निडर और साहसी, प्रतिक्रियाशील नारी है। इस कहानी में सुखिया अंधविश्वास का डटकर विरोध करती है। वह दलित स्त्रियों में सामाजिक चेतना जगाने का प्रयास करती है। धार्मिक पाखंड और जड़ीभूत कुप्रथाओं का डटकर मुकाबला करती है। अंतत: सामाजिक बुराइयों का विरोध करते हुए अपने प्राण त्याग देती है।

**कफन –** दलित जीवन पर आधारित यह कहानी प्रेमचंद की सर्वश्रेष्ठ कहानी है। इस कहानी की नायिका बुधिया है। इस कहानी की घटना के केंद्र में वह है। बुधिया बदकिस्मत दलित नारियों का प्रतीक है। गरीबी, लाचारी, बेबसी उसकी नियति है। बुधिया का परिचय कहानीकार ने इस तरह दिया है – 'जब से यह औरत आई थी, उसने इस खानदान में व्यवस्था की नींव डाली थी और इन दोनों बे–गैरतों का दोजख भरती रहती थी।' इस कथन से बुधिया के महत्व का आंकलन किया जा सकता है। वह परिश्रमशील नारी थी। मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन कर आत्मनिर्भर होने का परिचय देती है। खानदान में व्यवस्था की नींव डालने वाली स्त्री ही होती है। इस कहानी में बुधिया इसका प्रमाण देती है।

**सदगति –** उच्च वर्ग की दलित वर्ग के प्रति कुत्सित सोच की कहानी है। दुखी चमार की पत्नी झुरिया इस कहानी की मुख्य नारी पात्र है। वह गृहिणी है। पति का हाथ बटाती है। सामाजिक विषमता का दंश झेलती हुए भी प्राचीन परम्पराओं का पालन करती है।भाग्य के समक्ष नतमस्तक है। दुखी जब चिंतित होता है तब उसका साथ देते हुए वह कहती है –'पत्तल मैं बना लूंगी, तुम जाओ। लेकिन हां, उन्हें सीधा भी तो देना होगा। अपनी थाली में रख दूं?' सदगति के बजाय यह दलित जीवन की दुर्गति की कहानी है।

**निष्कर्ष** – प्रेमचंद की कहानियों के नारी पात्र कर्मठ, संघर्षशील पात्र हैं।सामाजिक रूप से उपेक्षित, अधिकारहीन, यंत्रणा का शिकार मनुष्यों के प्रति प्रेमचंद की लेखनी हिंदी कथा साहित्य की अनमोल निधि है ।उनके पात्र समकालीन जीवन सत्यों से निर्मित होने के कारण जीवंत हो जाते हैं।प्रेमचंद दीन दलित पर होने वाले अत्याचारों के साक्षी रहे हैं , इसलिए उनकी कहानियों में उभरी चिंतन की भावभूमि बिल्कुल स्वाभाविक और हर युग में प्रासंगिक है। निम्न वर्गो के पात्रों की स्थिति बड़ी दयनीय होती है किंतु उनका आत्मबल प्रबल होता है।दलित नारी पात्र अनपढ़ हैं । किंतु उनका व्यावहारिक ज्ञान उच्च कोटि का है । जीवन के कठिन से कठिन समस्याओं का डटकर मुकाबला करती हैं। पराधीन काल में गंगी का सामाजिक वैषम्य के प्रति क्रांतिकारी स्वर गूंजता है तो सुखिया का दलित स्त्रियों में सामाजिक चेतना जगाने का भाव प्रकट होता है। बुढ़िया की चतुराई प्रगट होती है तो बुधिया की आत्मनिर्भरता दिखाई पड़ती है। भूंगी का त्याग एवं परोपकार मानवता का सर्वोत्तम उदाहरण है तो, मुलिया का आंतरिक व्यक्तित्व, ऊंची जाति का दंभ भरने वाले ठाकुर के मुंह पर करारा तमाचा है। ये उदात्त भाव प्रेमचंद के नारी पात्रों में मुखरित होते हैं ।अत: समस्त नारी पात्र,महिला सशक्तिकरण की मिसाल प्रस्तुत करते हैं । उनमें युगीन परिस्थितियों के अनुसार आचरण करने की क्षमता है । आत्मबल एवं प्रतिरोधक क्षमता के कारण दलित नारी पात्र पाठकों के मन में अमिट छाप छोड़ते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. प्रेमचंद और उनका युग, रामविलास शर्मा ,राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली 2008
2. रचना दृष्टि की प्रासंगिकता– मन्नू भंडारी , बीबीसी 7 अगस्त 2007
3. प्रतिनिधि कहानियां– प्रेमचंद राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 2018
4. कहानीकार प्रेमचंद एक पुनर्मूल्यांकन , डॉ .एम सी जोशी , अभिव्यक्ति प्रकाशन 1999
5. प्रेमचंद एक विवेचन , इंद्रनाथ मदान , राधाकृष्ण प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. गबन , मुंशी प्रेमचंद, श्री प्रकाशन दिल्ली 110002

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मालवा के खिलचीपुर राज्य का उदय एवं विस्तार एक ऐतिहासिक अध्ययन

**डॉ. ओमप्रकाश गेहलोत***

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, शामगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** खिलचीपुर राज्य का उदय कैसे हुआ? इस संबंध में अलग-अलग ग्रंथों में अलग-अलग जानकारी प्राप्त होती है। इस संबंध में शोध कार्य करने पर प्रथम ग्रंथ खि.रि.की ह.ख्यात से जानकारी प्राप्त होती है। जिसके अनुसार जब रायसल के द्वारा गागरोनगढ़ का क्षेत्र दबा लिया तो, उस परिस्थिति में उसने खाताखेड़ी के भील ठाकुर चक्रसेन और रामकिशन की मदद से मनोहर थाना के क्षैत्र को अपना निवास स्थान बनाया। इन दोनो शासको की मदद से वह बादशाह शेरशाह से मिला और बादशाह की शाही सेवा में सम्मिलित हो गया, उसने बादशाह शेरशाह की सेवा मन लगाकर की। अवसर पाकर उसने रायसल के द्वारा धोखा करने की कहानी बादशाह को सुनाई। बादशाह ने प्रसन्न होकर उसको गागरोन तो समर्पित नही किया, क्योंकि वह क्षेत्र अब रायसल के नाम मुगल सत्ता ने स्वीकार कर रखा था। अत: उसको एक नवीन राज्य जो कि सारंगपुर के पास में स्थित खेजड़पुर था। वहाँ पर जाकर अपना राज्य स्थापित करने की अनुमति प्रदान की। उग्रसेन ने मालवा में आकर नाहरढा नामक गाँव बसाया और वहाँ पर निवास करना शुरू किया और खेजड़पुर का नाम खिलचीपुर कर 1544 ई. में राव उग्रसेन के नाम से गद्दी पर बैठा, परंतु खि.रि.की ह.लि.ख्यात में उल्लेखित इस घटना का समर्थन भ.रा.मं ग्रंथ एवं मालवा का गजेटियार के आधार पर नही होता। इन दोनो ग्रंथों के आधार पर ज्ञात होता है, कि राव उग्रसेन को उसकी सेवाओं से प्रसन्न होकर मुगल बादशाह अकबर ने खिलचीपुर की सनद प्रदान की थी।[1]

तत्कालीन स्रोतों से जानकारी प्राप्त होती है कि मऊगढ़ का शासक वेणीदास का बेटा राव दब्बूजी 1505 ई. में मऊ की गद्दी पर बैठे। उनकी दो रानियाँ थी। एक दाडमदे कंवर और दूसरी कसमावती राठौरनी और इसी दूसरी रानी के दूसरे पुत्र मानसिंहजी राव दब्बूजी के पश्चात् गद्दी पर बैठे। इनकी दो रानियाँ थी, इनमें से दूसरी रानी बखतकंवर गेहलोतनी के पुत्र चक्रसेन एवं उग्रसेन थे। उन्ही में से मानसिंह के द्वितीय पुत्र उग्रसेन ने 1544 ई. में खिलचीपुर राज्य की स्थापना की।[2]

इस प्रकार स्पष्ट है कि खिलचीपुर राज्य की स्थापना 1544 ई में मानसिंह के द्वितीय पुत्र उग्रसेन के द्वारा की गई। जिसका समर्थन समस्त स्रोत करते है।

खि.रि.की ह.लि.ख्यात् और भा.रा.मं. के ग्रंथ के आधार पर खिलचीपुर के राव उग्रसेन से लगााकर उसके अन्य शासको की वंशावली का वंशवृक्ष तैयार करने पर उसके शासको का क्रम इस प्रकार है-

1. उग्रसेन (गागरूनगढ़ के खींची चौहान वंश वृक्ष में नं.14 वाला) खिलचीपुर
2. वाघसिंह
3. करणसिंह (खिलचीपुर) 3-नागसिंह (वेणनपुर)
4. हटीसिंह (खिलचीपुर) 4-किशनसिंह
5. अनोपसिंह 5-फतहसिंह5-दोलतसिंह5-सरदारसिंह5-सूरजमल 5-बसनसिंह 5-पृथ्वीसिंह 5-जसवन्तसिंह 5-मनोहरसिंह 5-अनोपसिंह
6. फतहसिंह 6-हिम्मतसिंह
7. अभयसिंह 7-रूपसिंह 7-हिन्दूसिंह
8. दीपसिंह
9. दुर्जनसाल
10. शेरसिंह (गोद)
11. अमरसिंह (गोद)
12. भवानसिंह 12-करणसिंह 12-फतहसिंह 12-माधुसिंह 12-हटेसिंह 12-मानसिंह
13. दुर्जनसाल 13-विश्वनाथसिंह[3]

**विभिन्न सीमावर्ती राज्य व उनसें संबंध**

**बूँदी एवं कोटा राज्य से संबंध –** इस क्षैत्र पर हाड़ा राजपूतों का प्रभाव रहा। राव हाड़ा एवं उसके पश्चात् के अनेक शासक बम्बावदे में अनेक वर्षो तक राज्य कार्य करते रहे। आगे चलकर इस वंश में बंगदेव का यशस्वी पुत्र कंवरदेव हुआ, यह बड़ा ही वीर था। उसके समय में हाड़ाओं के राज्य का चहुँओर विस्तार हुआ। उसी के समय में बूंदी नगर इस राज्य की दूसरी राजधानी बनाया गया।

आरंभिक समय में बूंदी पर मीणा लोगो का अधिकार था। मीणाओ का शासक जैता बहुत ही शक्तिशाली शासक था। वह चाहता था कि उसके पुत्रो का विवाह राजपूत कन्याओं के साथ होना होना चाहिए। उसके राज्य की सीमा राजपूतों के बम्बावदा राज्य से मिली हुई थी, इस कारण से दोनो राज्य अपना प्रसार करने के उद्देश्य से आपस में संघर्ष करते रहते थे। कभी मीणा अपनी सीमा का प्रसार करते, कभी राजपूत अपनी सीमा का प्रसार करते। इस प्रसार से मीणा काफी शक्तिशाली हो गए थे। अपनी शक्ति का प्रसार करने के पश्चात् जैता ने राजपूत शासक कंवर देवसिंह की पुत्रियों से अपने पुत्रों के विवाह का प्रस्ताव रखा। उसके प्रस्ताव को अस्वीकार करना राजपूतों के लिए संभव नही था। तत्कालीन समय में इस प्रकार के अनेक उदाहरण मिल जाते है।

उस युग में तलवार की शक्ति ही प्रमुख मानी जाती थी। जिसके हाथ में सत्ता होती थी, उसको क्षत्रियों के समान मानकर उनके साथ वैसा हि बर्ताव किया जाता था। उसके प्रस्ताव के संबंध में देवसिंह ने कहलवाया, कि यदि मीणा शासक अपने घृणास्पद हीन प्रथाओं को छोड़कर उनकी संस्कृति का अनुकरण करे, तो वह उनके साथ में अपने भाई जसकरण की पुत्रयों का विवाह करने को तैयार है।[4]

इस प्रकार विवाह प्रस्ताव के पश्चात् विवाह की तैयारियॉ होने लगी। विवाह हेतु उमरथूर नामक गाँव में मण्डप सजाया गया। विवाह हेतु देवीसिंह अपनी कन्याओं को लेकर निर्दिष्ट स्थान पर पहुँच गया। देवनसिंह ने अपनी पत्नी मदनावती को भी उस स्थान पर बुलवा लिया। मीणों को किसी भी प्रकार का संदेह नही हो पाए, इसकी पुरी व्यवस्था की गई। मीणो के स्वागत की तैयारी के लिए एक बाढ़े को तैयार करवाया गया। उस बाढ़े में जहाँ पर बारात को ठहराने की व्यवस्था की गई थी। उस स्थान पर नीचे बारूद को बिछा दिया गया। जब मीणों की बारात उस स्थान पर आई। उसी समय में बारूद में आग लगा दी गई। जिसके कारण अधिकांश मीणा उसमे जलकर मर गए और जो जिंदा बचे उनको युद्ध में मार डाला गया। इस प्रकार धोखे के माध्यम से मीणो पर विजय प्राप्त की गई, हो सकता है कि उन्होने जानबूझकर यह युक्ति अपनाई हो, क्योंकि युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए शासक किसी भी प्रकार की चाल को अपना सकते थे। इसका कारण यह भी है कि कुछ समय पूर्व में कोटा के भीलों तथा सिरोही के मीणों पर इसी प्रकार राजपूतों ने विजय प्राप्त की थी।

अत: धोखा देकर शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना, उस समय में सामान्य प्रथा थी। केवल प्रश्न यह पैदा होता है, कि भारत में बारूद का प्रथम प्रयोग तो बाबर ने आरंभ किया था। अत: कैसे इस कहानी पर विश्वास किया जावे। यह संभव हो सकता है, कि युद्ध के साथ में छल करना मध्य युग की एक सामान्य विशेषता थी, परंतु यह भी याद रखना चाहिए, कि राजपूत अपनी आन बान शान के साथ में युद्ध करते थे और युद्ध के नियमों का भी पालन करते थे। अत: इन कहानियों पर आंख मुंदकर विश्वास नही करना चाहिए।[5]

**कोटा पर अधिकार** – हाड़ा राजपूत शासकों ने अपने प्रभाव में बूंदी को कर लिया। वहाँ पर अपनी शासन सत्ता स्थापित कर ली। उस परिस्थिति में बूंदी राज्य का संघर्ष कोटा से प्रारंभ होने लगा और इन संघर्षो का प्रभाव बूंदी की शांति व्यवस्था पर पड़ा। इसका कारण यह था कि जब हाड़ाओं का बुंदी पर अधिकार हुआ, तो उनकी सीमा चम्बल तक आ पहूँची, जिससे ये संघर्ष बडते गए। इसलिए समरसी को चम्बल पार करके इन लोगो को दबाना आवश्यक हो गया। उसने भील शासकों को दबाया व उनकी शक्ति को तोड़ने के सफल प्रयास किए। वह यहाँ तक ही संतुष्ट नही रहा, उसने मऊ, सांगोद, कैथून, सीसवाली, बडौद, रैलावन, रामगढ़ आदि स्थानों को गौड़, पँवार, मेद राजपूतों से छीनकर अपने राज्य का विस्तार कर लिया। उसने एक काम अवश्य किया। उसने इनका समूल नाश नही करके, इनको अपना अधिपत्य स्वीकार कराके पुन: उनके राज्य उनको वापस कर दिए। उनसे यह अपेक्षा की गई, की उनको समय–समय पर भेंट नजराना आदि देना पड़ेगा। जिससे इन शासकों की सद्‌भावना भी उसको प्राप्त हुई और इसके बदले में उनसे सैनिक सहायता की भी संभावना थी।

इन राजपूत शासकों से निपटने के पश्चात् कोटा के शासक कोट्या को रोकना अति आवश्यक था। अहेलागढ़ के पास में कोट्या एवं समरसी का आमना सामना हुआ। इस युद्ध में समरसी का साथ उसके अनेक अधिनस्थ शासकों के द्वारा दिया गया, जिनमें समरसी के द्वारा पराजित अनेक राजपूत शासक भी थे। यह युद्ध बहुत ही भीषणता के साथ लड़ा गया। भीलों की ओर से 900 और हाड़ों की ओर से 300 सिपाही इस युद्ध में हताहत हुए। युद्ध में कोट्या अपने प्राण को बचाकर भाग गया और अज्ञात स्थान पर जाकर छिप गया। इस युद्ध में विजय होने के पश्चात् जब वह बूंदी पहुँचा, तो वहाँ पहुँचकर उसने अपने तीसरे पुत्र जेतसी का विवाह कैथून के तंवर सरदार की पुत्री के साथ में कर दिया।

इस विवाह के पश्चात् समरसी जब अपने ससुराल में निवास कर रहा था। तब उसके मन में एक योजना आई, जिसके माध्यम से वह भीलों का विनाश करना चहता था। जैतसी अपने लिए एक नये राज्य की सोच रहा था और इस हेतु उसने अपने ससुर से और अपने पिता समरसी से भी अनुमति ले ली। जैसाकि पूर्व में बूंदी राज्य को हस्तगत किया गया था। उसी आधार पर एक षड़यंत्र किया गया। जिसके अनुसार जैतसी ने भीलों से अच्छे संबंध बनाने का दिखावा करके उनके साथ में दोस्ती का हाथ बढ़या और इस संबंध को और भी प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से भीलो को अमंत्रित किया गया। भीलों को बुलाने के पहले जिस स्थान पर भीलों को दावत देने की योजना थी उस स्थान पर नीचे बारूद को बिछा दिया गया। इस बात से अनजान भीलों को बुलाया गया और वहाँ पर दावत का आयोजन किया गया। भीलों की खुब आवभगत की गई और उनको जमकर शराब पिलाई गई। जब सब भील नशे में चूर हो गए, तब उस स्थान पर चुपके से आग लगवा दी गई। जिसमें अनेक भील मारे गए। अब जो भील बच गए, उन्होने कोट्या भील के साथ में युद्ध किया, परंतु उनकी कोई योजना नही होने व अव्यवस्था के कारण उनकी हार हुई और उनको मौत के घाट उतार दिया गया। इस युद्ध में जैतसिंह के साथ में एक पठान जिसका नाम सैलारखां था, उसने राजपूतों के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया। उसके सम्मान में जैतसी ने कोटा में सैलारगाजी का दरवाजा बनवाया। इस प्रकार धोखा करके जैतसी ने संवत् 1264 में कोटा राज्य पर अपना अधिकार कर लिया।[6]

अब कोटा राज्य का स्वतंत्र अस्तित्व समाप्त हो गया और वह जैतसी की व्यक्तिगत जागीर बन गया, लेकिन जैतसी ने स्वतंत्र राज्य स्थापित करने का प्रयास नही किया। अब बूँदी का राज्य विस्तृत हो चुका था। बुँदी के राज्य पर दो ओर से आक्रमण होने की आशंका हो गई। एक और से तो सासावली, बड़ौद, रामगढ़, कैथून, पलायथा आदि स्थानों के वो राजपूत शासक थे जो अभी कुछ समय पूर्व ही बूँदी के राज्य की अधिनता में आए थे। ये सभी राजपूत शासक अपनी पराजय को भूल नही सके थे। ये अपने राज्यों को प्राप्त करने के प्रयास हमेशा करते रहते थे। जब भी बूंदी के शासक अपनी व्यक्तिगत परेशानियों में लगे रहते थे। उस समय में वो स्वतंत्र होने का प्रयास करते रहते थे। दूसरी ओर बम्बावदे राज्य के उपर चित्तौड़ हमेशा अपनी गिद्ध दृष्टि लगाए हुए था। अलाउद्दीन ने अपने जीवित रहते चित्तौड़ को अपने प्रभाव में रखा। अलाउद्दीन की मृत्यु के पश्चात् उसका समूचा साम्राज्य समाप्त हो चुका था। इस समय का फायदा उठाकर चित्तौड़ स्वतंत्र हो गया था और वह अपना प्रभाव फैलाना चाहता था। इस दृष्टि से वह बम्बावदा और मांडलगढ़ पर अपना अधिकार करना चाहता था। चित्तौड़ ने आगे बढ़कर बम्बावदा और मांडलगढ़ पर अपना अधिकार कर लिया।

हाड़ा शासक इन राज्यों पर अपना पुश्तैनी अधिकार समझते थे। इनको पुन: अपने अधिकार में करने के लिए संघर्ष प्रारंभ कर दिया। इस प्रकार ये

राज्य कभी हाड़ो के अधिकार में जाते, तो कभी मेवाड़ के अधिकार में चले जाते। इस प्रकार इन राज्यों में निरंतर संघर्ष की स्थिति बनी रही। इस संघर्ष के मध्य में बूँदी का जैष्ट राजकुमार नारायणदास बढ़ा ही वीर और पराक्रमी हुआ। उसने अपने भ्रष्ट काकाओं से बूँदी को वापस छीन लिया और उस पर अपना अधिकार कर लिया। उसने अपने राज्य को मजबूत बनाया और सरदारों की आपसी शत्रुता को समाप्त कर अपने राज्य को श्रेष्ट स्थिति में पहुँचा दिया। उसके महाराणा सांगा से मधुर संबंध थे। शक्तिशाली होने के कारण जब मालवा के सुल्तान ने उदयपुर पर आक्रमण किया, तो उसने महाराणा सांगा को सहायता प्रदान की। वह अनेक अवसरों पर महारणा सांगा से मिला और उनका बड़ा परम मित्र था। इससे यह समझा जा सकता है, कि नारयणदास बड़ा वीर और प्रभावशाली शासक था। वह उस समय के महान शासकों में अपनी पैठ बनाए रखता था, और अनेक अवसरों पर उनकी सहायता भी करता था।[7]

राव सुर्जन ने कोटा के पठान शासको से कोटा पुन:छीनकर अपने राज्य में मिला लिया था परंतु इसके लिए राव सुर्जन को बड़ा कठोर संघर्ष करना पड़ा। इसका एक कारण यह था, कि इस समय में मालवा पर अकबर के सेनापति आधमखां ने 1560 ई. में आक्रमण कर बाजबहादुर को पराजित कर दिया था। उसने मालवा को मुगल साम्राज्य में मिला लिया था। अत: मालवा के सुल्तानों का डर समाप्त हो गया था। इसलिए राव सुर्जन ने आक्रमणकारी शक्ति को अपनाकर अपने वंश का राज्य स्थापित किया और उसमें सफलता प्राप्त की।

बूंदी का राज्य अपनी स्वतंत्र सत्ता को अधिक समय तक जीवित नही रख पाया। उस समय में कोटा और उसके आस-पास के परगने केसरखां और डोकरखां नामक पठानों के नियंत्रण में थे। कोटा के उत्तर का राज्य रायमल के कब्जे में था। सुल्तानपुर में सुल्तानसिंह अपने आप को संभल कर रख रहे थे। रामगढ़, पलायथा और अन्य स्थानों पर 20 राजपूत जागीरदार बूंदी से पृथक हो गए थे, परंतु उनका संबंध बूंदी से बना हुआ था, वे बूंदी के राज्य की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। उधर दोनो पठान भाइयों ने अपनी सेनाओं की व्यूह रचना कर रखी थी। भदाना नामक स्थान से 2 मील दूर दोनो सेनाओ में घमासान युद्ध हुआ। युद्ध के बीच में राव सुर्जनसिंह के भाई मानसिंह ने भयंकर गर्जना के साथ केसरखां पर धावा बोला और केसरखां का सिर धड़ से अलग कर दिया। अपने भाई के वध से क्रोधित होकर डोकरखां ने तेजगति से आगे बड़कर और सेना को चीरकर मानसिंह के पास पहुँचा और उसका सिर काट डाला। सिर कट जाने के पश्चात भी मानसिंह कुछ क्षणों तक लड़ता रहा। जिसके बारे में वंश भास्कर में लिखा गया 'भिरि सीस हीन हुमान कछु खिन भान ज्यों हनतो भयो।'[8]

इस कृत्य को देखकर एक अन्य जागीरदार जो कि गनोली से संबंधित था। उसका नाम रामसिंह था। रामसिंह मानसिंह की वीरता से इतना प्रभावित हुआ कि वह डोकरखां पर झपट पड़ा और घमासान युद्ध होने लगा। तभी डोकरखां का भतीजा मेहराबखां बड़ी वीरता के साथ में युद्ध क्षैत्र में डटा हुआ था, तभी एक हाड़ा वीर ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। उस वीर का रूण्ड भी कुछ समय तक युद्ध करता रहा। तब बालकर्ण नामक योद्धा ने उसके दो टुकड़े कर दिए मेहराबखां की वीरता पर वंश भास्कर में लिखा है- 'बालकीर्ण तहं तस बंधु काय कवध को सुद्धिधा करयो।'[9]

इन वीरों के करारनामों के बाद युद्ध ने और भयानक रूप ले लिया। गुलामनबी नामक मुसलमान ने राव सुर्जन पर दो बाण छोडे, परंतु निशाने पर नही लगे। इस उत्साह के साथ में गुलामनबी और आगे बढ़कर युद्ध क्षैत्र में प्राणों का मोह छोडकर पुरी क्षमता के साथ में लड़ने लगा। इसका जवाब हाडा़ओं ने दिया और प्रत्युत्तर में उनके उपर हमला किया इस हमले में गुलामनबी और उसके तीन मुख्य सैनिक मारे गए। इस घटना के बाद मुसलमानों का उत्साह ठंडा पढ़ने लगा और उन्होने युद्ध क्षैत्र छोड़ दिया और कोटा नगर की ओर भागने लगे। हाड़ाओं के अंदर जबरदस्त उत्साह था। क्योंकि उन्होने मुसलमानों की सेना को युद्ध का मैदान छोड़कर भागने के लिए मजबूर किया था। अत: उन्होने भागती हुई सेना का पीछा किया। जब पठान नगर के अंदर घुस गए, तो हाड़ओं ने उनसे नगर के अंदर भयंकर युद्ध किया। नगर के अंदर डोकरखां का भाई सैलारजी असाध्य रोग से ग्रस्त था। उसने अपने वीरता के गुणों से लबरेज होकर अपने धर्म का पालन किया और बड़े ही पराक्रम और शान के साथ में हाड़ाओं से लड़ा। वह अपने बाहुबल से डटकर लंबे समय तक सामना करता रहा। फिर एकाएक कीर्तिसिंह नामक राजपूत ने उस पर हमला किया और वह धराशाही हो गया। जिस स्थान पर उस वीर ने वीरगति प्राप्त की, वह स्थान दरवाजा सैलारगाजी कहलाता है। इस संबंध में अलग-अलग ग्रंथों में अलग-अलग तथ्यों की जानकारी प्राप्त होती है। ठाकुर लक्ष्मणदास के अनुसार सैलारगाजी जैतसिंह का सैनिक था। उसने भीलों के विरूद्ध लड़ते हुए और जैतसिंह के लिए अपना बलिदान दिया और इसी की याद में दरवाजा सैलारगाजी को स्थापित करवाया गया। अत: इन दो परस्पर विरोधी तथ्यों में किस तथ्य को प्रमाणित स्वीकार किया जाए। इस पर परस्पर अंतर्विरोध है। बहरहाल इसी युद्ध में डोकरखां मारा गया और पठानों को पराजित किया जा सका। इस प्रकार पठानों के अधिपत्य में 26 वर्ष रहने के पश्चात् कोटा राज्य पर फिर से हाड़ाओं का अधिकार स्थापित हो गया। इस राज्य पर अधिकार करने में राव सुर्जन को अपने अनेक यौद्धाओ को खोना पड़ा। इस प्रकार एक समय हाड़ाओं के हाथ से खों जाने के बाद वह राज्य कठोर संघर्ष के पश्चात और राव सुर्जन के उत्साह और साहस के कारण पुन: हाडा़ओं के हाथ में आ पाया। इस विजय से राव सुर्जनसिंह की कीर्ति और उसका यश चहुँओर फैल गया।[10]

इस प्रकार स्पष्ट है कि खींची सरदारों ने राज्य के जिन हिस्सों पर अधिकार कर लिया था। उन सरदारों को अपने प्रभाव में लेने के लिए राव सुर्जन को ज्यादा मेहनत नही करनी पड़ी। रायमल खींची जो की मऊ में अपने प्रभाव को स्थापित किए हुए था। उसने कोटा के उत्तर में सीसवाली और बड़ौद के परगनों पर अपना अधिकार जमा लिया था। राव सुर्जन ने रायमल से युद्ध किया। उस युद्ध में रायमल ने बढ़े ही उत्साह के साथ में संघर्ष किया परंतु उसकी पराजय हुई। इस संघर्ष में राव सुर्जन का एक वीर सैनिक कीर्तिसिंह मारा गया, परंतु राव सुर्जन ने समस्त क्षैत्र पर अपना अधिकार कर लिया और उससे वे सब परगने छीन लिए, जिस पर उसने अधिकार कर लियाा था। इस प्रकार से राव सुर्जन ने अपने वंश के राज्य के सम्पूर्ण भाग पर अधिकार करने के पश्चात् और कोटा नगर पर अधिकार करने के पश्चात् बूंदी नगर में विजेता की भांति प्रवेश किया ।

**हाड़ाओं से राज्य छीनना -** हाड़ा शासक शनै: शनै: आगे बढ़ते रहे और उन्होने राजस्थान के सर्वाधिक प्रतिष्ठित गढ़ रणथंबोर पर अधिकार कर लिया। रणथंबोर पर अधिकार उनका अंतिम चरण था। इसके पश्चात् उनकी स्थिति कमजोर होना शुरू हो गई। आठवीं से सोलहवीं शताब्दि तक का समय चौहान शासकों ने पूर्णरूप से सत्ता का उपभोग किया। उनके आंतरिक मामलों में शक्तिशाली शासको का हस्तक्षेप नही रहा। मुहम्मद गौरी ने जो

राज्य प्राप्त किया था। वह राज्य पृथ्वीराज चौहान को समाप्त करने के पश्चात् प्राप्त किया था। इस प्रकार पृथ्वीराज ने गौरी की अधिनता को स्वीकार नही किया था। अत: पृथ्वीराज के अनेक सरदारों से भी संघर्ष करने के पश्चात् ही विभिन्न किलों पर मुहम्मद गौरी और उसके वंशजों का अधिकार हो पाया। इसी आधार पर बम्बावदे के राज्य पर जब अलाउद्दीन खिलजी ने अभियान किया, तो बम्बावदे के दुर्ग की रक्षा करते हुए समरसी और हरराज जैसे वीरों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। तभी अलाउद्दीन का उस गढ़ पर अधिकार स्थापित हो पाया। बूंदी के राज्य पर अधिकार करने के लिए अनेक बार मालवा के सुल्तानो ने प्रयास किए और उन प्रयासों मे एकाध बार उनको सफलता भी प्राप्त हुई। एक समय में तो बूंदी के दो राजकुमारों को बलात मुसलमान भी बना लिया था। परंतु इन संघर्षो के बावजूद भी हाड़ाओं को झुकाने में सफल नही हुए। इस प्रकार अंत तक उन्होने अपने घुटने नही टेके। केसरखां और डोकरखां ने 26 वर्ष तक कोटा में अपना राज्य स्थापित रखा और बीरमदेव को कठिन परिस्थिति में वहाँ से भागना पढ़ा, फिर हाड़ाओं ने निराशा को अपने पास नही आने दिया और उनका लगातार संघर्ष जारी रहा और उपयुक्त अवसर की प्रतिक्षा करते रहे। यह अवसर उनको राव सुर्जन ने प्रदान कर दिया। राव सुर्जन के रूप में हाड़ाओं को एक ऐसा सुयोग्य शासक मिला, जिसने हाड़ाओं के गौरव को चहुँओर फैला दिया। राव सुर्जनसिंह हाड़ा न केवल सुयोग्य और बुद्धीमान शासक था, बल्कि वह बड़ा ही प्रतापी शासक था। जिसने पठानों से न केवल कोटा छीन लिया, बल्कि अपने राज्य को भी सुसंगठित किया। परंतु जैसे ही सल्तनत काल का अंत हुआ और भारत में सार्वभौम मुगल शासकों की परंपरा का आरंभ हुआ। उनमें भी अकबर जैसा दुरदर्शी, महाप्रतापी और महत्वाकांक्षी शासक था। ऐसी स्थिति में राव सुर्जन जैसे वीर के लीए भी, उसकी अधिनता स्वीकार करने के अतिरिक्त और कोई मार्ग नही था। इसके साथ–साथ अनेक राजपूत शासकों ने अकबर की अधिनता स्वीकार कर ली थी, जिनमें मानसिह, भगवानसिंह आदि। कई शासकों ने तो अकबर से वैवाहिक संबंध भी स्थापित कर लिए थे। ऐसी समस्त परिस्थितियों को देखते हुए हाड़ाओं ने भी उनकी अधिनता स्वीकार कर ली।[11]

अकबर के दरबार में राव भोज एक बहुत ही शक्तिशाली सरदार थे। उनका मुगल दरबार में बहुत ही सम्मान था। कई युद्धों में उन्होने अपने आप को उद्‌भट यौद्धा के रूप में सिद्ध किया था। जिसका ज्वलंत उदाहरण अहमदनगर का किला था। अहमदनगर के इस घेरे में उन्होने जिस शक्ति और कुशलता का परिचय दिया। उससे प्रसन्न होकर अकबर ने उनको पुरूस्कार स्वरूप एक हाथी प्रदान किया और उनके नाम पर एक बुर्ज बनवाई। जिसको भोज बुर्ज के नाम से जाना जाता है। इस युद्ध की पहचान अहमदनगर की वीर रमणी चाँदबीबी के कारण है, जो अपनी 700 वीर दासीयों के साथ मारी गई और इतिहास में अमर हो गई थी। राव भोज के पुत्रों की संख्या तीन थी। हृदयनारायण, केशवदास और रतन। इन्ही में राव रतन बड़े प्रसिद्ध हुए है।[12]

पलायथा, रामगढ़, सीसावली आदि के क्षैत्र, जो कि चम्बल नदी के दाहिनी ओर के इलाके थे, ये इलाके हाड़ा शासको की अधिनता को स्वीकार कर चुके थे। मऊ में खींची शासको ने बड़ा लंबा संघर्ष किया और यहाँ तक की कोटा राज्य के कई इलाकों पर उनका अधिपत्य स्थापित हो गया था। अब चुंकि राव रतन का समय था। राव रतन एक बहुत ही शक्तिशाली शासक था। उसका मुगल दरबार में बड़ा प्रभाव था। अत: उसने अकबर की सहमति से हाड़ाओं पर चहुँओर से आक्रमण करना आरंभ कर दिया। राव रतन ने उनके महलों एवं उनके परगनों को अधिकार में कर लिया। इस युद्ध में राव रतन के साथ में उसके दोनो भाई और दोनों पुत्र माधोसिंह व हरिसिह सम्मिलित थे।[13]

जब राव रतन और हृदयनारायण शहजादा खुर्रम के विद्रोह को समाप्त करने के लिए पहुँचे। उस समय में राजनीति में बेगम नूरजहाँ का प्रभाव था। बेगम नूरजहाँ ने अपने सभी राजपूत और मुसलमान सरदारों को इस विषय को सुलझाने के संबंध में आमंत्रित किया। इस समस्या का समाधान करने के लिए महाबतखां और अनेक राजपूत सरदार कटिबद्ध हो गए। इसी विद्रोह का समाधान हेतु अपने दोनो पुत्रों माधोसिंह और हरिसिंह के साथ राव रतन अपने बूंदी के राज्य से निकले और हृदयनारायण ने कोटा से अपनी सेना के साथ में प्रस्थान किया। यहीं से कोटा के राज्य के स्वतंत्र अस्तित्व की शुरूआत हुई। राव रतनसिंह ने अपने पुत्र माधोसिंह को कोटा का शासक नियुक्त कर दिया और बादशाह शाहजहॉ ने भी इसकी सहमति प्रदान कर दी। जब राव रतनसिंह को एहसास हुआ कि माधोसिंह को बादशाह शाहजहॉ चाहते है, और उनके मन में उनके प्रति प्रेम है, तो राव रतनसिंह ने अपने पुत्र माधोसिंह को आठ परगने और प्रदान कर दिए और उसको कोटा राज्य का स्वतंत्र शासक नियुक्त करवा दिया। जब राव रतनसिंह का देहांत हो गया एवं उसके देहांत की खबर शाहजहॉ के पास पहुँची तो उसने माधोसिंह को नियमानुसार कोटा राज्य का शासक मान लिया और इसका फरमान जारी किया। जब माधोसिंह कोटा का शासक बन गया और शाहजहाँ के एक मुख्य वजीर खानेजहाँ लोदी ने विद्रोह कर दिया। तब माधोसिह ने शाहजहाँ के आदेशानुसार बहादुरी से युद्ध कर अपनी बर्छी से उसकी हत्या कर दी और उसके दो पुत्रों की भी हत्या कर दी। उसने खानेजहॉ और उसके दोनो पुत्रों का सिर काटकर बादशाह की सेवा में प्रस्तुत किया, तो बादशाह शाहजहाँ ने प्रसन्न होकर माधोसिंह को चार परगनों क्रमश: जीरापुर, खैराबाद, चेचट और खिलचीपुर प्रदान किए। इस वीरतापूर्ण कार्य के कारण माधोसिंह के मनसब में 500 की वृद्धी की गई और उसको तीन हजारी मनसबदार बना दिया। जब माधोसिंह गद्दी पर बैठा, उस समय में उसके राज्य में परगनों की संख्या 14 थी। खानेजहॉ का वध करने के पश्चात् बादशाह शाहजहाँ ने उसको 17 परगने और दिए। माधोसिंह ने यह वीरता केवल भारत में ही नही दिखाई, वरन् बल्ख में जिस वीरता के साथ में उसने वहॉ के दुर्ग की रक्षा की, उससे बादशाह बहुत प्रसन्न हुआ और उसको बूंदी नरेश से बारां और मऊ के परगने छीनकर उसको प्रदान कर दिए। इस संबंध में वंश भास्कर में लिखा है–

कुप्पि बुंदीस प्रति बचनादिकन। परगना मुख्य बारां मऊ छिन्नि लिय । द्वैहिलखि माधव हि तत्थ सुलतान दिया।[14]

इस प्रकार माधोसिंह एक शक्तिशाली शासक थे। इन्होने अपनी वीरता से बहुत बड़े क्षैत्र पर अपना अधिकार कर लिया था और मुगल बादशाह शाहजहाँ से उनकी व्यक्तिगत मित्रता के कारण अपनी मृत्यु तक 2000 ग्रामों पर उनका अधिकार था। कोटा राज्य का सबसे उपजाऊ क्षैत्र पर उस समय में माधोसिंह का अधिकार था।

**राजगढ़ के उमट परमार –** उमट परमारों के संबंध में उनकी उत्पत्ति के संबंध में एकरूपता का अभाव है। बड़वों एवं भाटों ने उनकी उत्पत्ति के संबंध में लिखा है, कि इनका संबंध धरणी वराह के वंश में उत्पन्न सुमराओ से हुआ है। गौरी शंकर ओझा के अनुसार संवत् 1050 में आबू के शासक

धरणी वराह के वंशजों से उमट परमारों की उत्पत्ति हुई है। एक अन्य मत के अनुसार इनकी उत्पत्ति पालनपुर गुजरात के उमरा गाँव से हुई है, इसी आधार पर ये उमट परमार कहलाए। क्षत्रिय जाति की सूचि पुस्तक के आधार पर ये उदयादित्य के वंश में उत्पन्न धवल के वंशज ऊमट परमार के वंशज है। हांलाकि इस संबंध में परस्पर अंतर्विरोध हैं। एक अन्य मत के अनुसार राजगढ़ और नरसिंगगढ़ क्षेत्र के ऊँमट परमार सिंध प्रदेश के क्षेत्र में आए, फिर वहाँ से वे आबू की ओर से मध्यप्रदेश पहुँचे। एक अन्य मत के आधार पर अमरकोट की स्थापना ऊमरा शासकों ने की और वही से इनका आगमन मध्यप्रदेश में हुआ। इस प्रकार उमरा शासकों के वंशज ऊमट परमार है। अत: राजगढ़ और नरसिंगगढ़ राज्य के वंशज ऊमट परमार है।[15]

एक अन्य मत के आधार पर इनका आदि पुरूष परमार वंश के आदि पुरूष एवं संस्थापक भोज राजा के वंशज मुंगराव के वंशज रहे है। मुंगराव की मुख्य रानी के दो पुत्र थे, उमरसी और सुमरसी। मुंगराव ने अपनी दूसरी रानी के पुत्र झेलर जिसका एक नाम झांगलजी भी था। उसको अपना उत्तराधिकारी चुना। इससे उनके दोनो पुत्र उमरसी और सुमरसी नाराज होकर आबू की ओर चले गए। फिर वहाँ से वे सिन्ध के क्षेत्र की ओर चले गए। इन्होने वहाँ के शासक को परास्त किया और सिन्ध के क्षेत्र पर अपना अधिकार कर लिया। अधिकार करने के पश्चात् उमरसी ने वहाँ पर अमरकोट का किला बनाकर उसको अपनी राजधानी बनवाया। उमरसी ने अपने भाई को अमरकोट का क्षेत्र सौंपकर उसने आबू की ओर जाकर वहाँ के किले दट पर अपना अधिकार कर लिया। इसी महत्वपूर्ण शासक उमरसी के ही वंशज उमट परमार के नाम से प्रसिद्ध हुए। इसी उमरसी के वंशज ही राजगढ़, नरसिंगगढ़, धार, उज्जैन आदि स्थानों पर गए और इन्होने अपने राज्य स्थापित किए। उमट परमार मालवा में आकर नरसिंगगढ़ और राजगढ़ के राज्यों के रूप में विभाजित हो गए।[16]

**खिलचीपुर राज्य और उमट राज्य में संघर्ष –** तत्कालीन स्त्रोतो के आधार पर विदित होता है, कि उग्रसेन को प्रारंभिक अवस्था में राजगढ़ राज्य से संघर्ष करना पड़ा। उग्रसेन ने अपना राज्य खिलचीपुर में स्थापित किया तो राजगढ़ के उमट प्रारंभिक अवस्था में ही उग्रसेन से संघर्ष करने लग गए। राजगढ़ राज्य के शासक मोहनसिंह से संघर्ष करते हुए, खिलचीपुर राज्य के संस्थापक उग्रसेन मारे गए। इसी के साथ ब्यावरा के उमट राज्य ने भी संघर्ष छेड़ दिया और इस संघर्ष में खिलचीपुर राज्य के 300 वीर सैनिको ने अपनी जान गवांई।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. चौहान कुल कल्पद्रुम (चौहान राजपूत की शाखाओं का इतिहास एवं वंशवृक्ष) भाग–प्रथम देसाई लल्लुभाई भीमभाई द्वितीय संस्करण 2005 प्रकाशक–राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट, जोधपुर पृष्ठ संख्या 107
2. खिलचीपुर राज्य के बड़वा की हस्तलिखित पोथी
3. चौहान कुल कल्पद्रुम (चौहान राजपूत की शाखाओं का इतिहास एवं वंशवृक्ष) भाग–प्रथम देसाई लल्लुभाई भीमभाई द्वितीय संस्करण 2005 प्रकाशक–राजस्थानी ग्रंथागार सोजती गेट, जोधपुर पृष्ठ संख्या 111
4. वंश भास्कर,द्वितीय भाग पृष्ठ 1621
5. कोटा राज्य का इतिहास भाग–1 डॉ.मथुरालाल शर्मा द्वितीय संस्करण 2008 ई.प्रकाशक–राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर पृष्ठ सं.36
6. कोटा राज्य का इतिहास भाग–1 डॉ.मथुरालाल शर्मा द्वितीय संस्करण 2008 ई. प्रकाशक –राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर पृष्ठ सं.39
7. वंश भास्कर,तृतीय भाग पृष्ठ 2029
8. वंश भास्कर तृतीय भाग पृष्ठ 2238
9. वंश भास्कर तृतीय भाग पृष्ठ 2238
10. कोटा राज्य का इतिहास भाग–1 डॉ.मथुरालाल शर्मा द्वितीय संस्करण 2008 ई. प्रकाशक–राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर पृष्ठ सं.45
11. कोटा राज्य का इतिहास भाग–1 डॉ.मथुरालाल शर्मा द्वितीय संस्करण 2008 ई.प्रकाशक –राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर पृष्ठ सं.49
12. वंश भास्कर पृष्ठ 121
13. कोटा राज्य का इतिहास भाग–1 डॉ.मथुरालाल शर्मा द्वितीय संस्करण 2008 ई.प्रकाशक –राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर पृष्ठ सं.53
14. वंशभास्कर तृतीय भाग पृष्ठ 2630
15. क्षत्रिय राजवंश, रघुनाथसिंह कालीपहाड़ी पंचम संस्करण वि.सं.2066 प्रकाशक–ठा.मल्लूसिंह स्मृति ग्रंथागार काली पहाड़ी (झुन्झुनू–राजस्थान)
16. क्षत्रिय राजवंशों का इतिहास, देवीसिंह मंडावा प्रथम संस्करण 2010 प्रकाशक–राजस्थानी ग्रंथागार, सोजती गेट जोधपुर (राजस्थान)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् बालक एवं बालिकाओं की बालों का तुलनात्मक अध्ययन

**सुजाता भदौरिया* डॉ. मंजू दुबे****

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) के.आर.जी. कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृहविज्ञान) के.आर.जी. कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सुन्दरता प्रकृति की अनुपम देन है जो हमारे जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। हमें खुशी व संतुष्टि प्रदान करती हैं। 'बाल हर इंसान की शारीरिक सुन्दरता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं चाहे पुरुष हों या महिलाएँ, सभी चाहते है कि उनके बाल घने, काले, चमकीले तथा अच्छी तरह से स्टाइल किये हों। स्वास्थ्य और सुन्दर बाल व्यक्ति के आत्म विश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आकर्षक बनाते हैं। आजकल फैशन इंडस्ट्री में भी सुन्दर बालों पर जोर दिया जाता है।'[1] सुन्दर बाल व्यक्ति की सुन्दरता में निखार लाते हैं। इसके साथ-साथ बालों के अन्य कार्य निम्नानुसार हैं:-

- **शरीर को सुरक्षित रखना–** 'हमारे सिर के बालों का महत्वपूर्ण कार्य हमें सूर्य की तेज धूप से बेहतर सुरक्षा देना होता है।' यहाँ तक की हमारी भौंहे भी हमें सुरक्षा प्रदान करती हैं जिनसे पसीना और बारिश का पानी इत्यादि हमारी आँखों से दूर रहता है।'[2] नाक, कान के बाल धूप, गंदगी, कीड़ों आदि से सुरक्षा प्रदान करते हैं।
- **शरीर के तापमान को निर्धारित करना–** हमारा शरीर 'जब गर्म होता है तो शरीर से पसीना निकलने लगता है जो बालों के रोम के साथ मौजूद पसीने की ग्रंथि के छिद्रों से निकलता है। जब ठंड होती है तो शरीर पर बाल खड़े हो जाते हैं और उनके बीच हवा के छोटे-छोटे पॉकेट बन जाते हैं। जो शरीर के तापमान को बनाए रखते हैं।'
- **पोषण स्तर को प्रदर्शित करना–** बालों का कड़क, रूखा, चमकविहीन होना या उनके रंग में परिवर्तन आना अथवा बालों का झड़ना, बालों का पतला व दो मुहाँ होना आदि लक्षण शरीर के पोषण स्तर में आती न्यूनता को प्रदर्शित करता है।

यह शोधकार्य ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् बालक एवं बालिकाओं के बालों के लक्षणों का अध्ययन करके उनमें पोषक तत्वों की कमी ज्ञात करने के लिये किया गया है।

**उद्देश्य:**

1. बालक एवं बालिकाओं के बालों के पोषण का स्तर अध्ययन करना।
2. बालक एवं बालिकाओं के बालों के पोषण स्तर उन्नत करने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

**शोध प्रविधि–** ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् बालक एवं बालिकाओं के बालों के पोषण स्तर का अध्ययन करने हेतु 75 बालक एवं 75 बालिकाओं का चयन किया गया। निदर्श के चयन हेतु दैव निदर्शन विधि का उपयोग किया गया। तथ्यों का संकलन करने के लिये प्रो. मंगला कानगो के लक्षण परीक्षण प्रारूप का उपयोग किया गया है। संकलित तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण कर निष्कर्ष प्राप्त किये गये हैं।

**तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण–** बालक एवं बालिकाओं के बाल संबंधी लक्षण, परीक्षण से प्राप्त लक्षणों को तालिका क्रमांक 1 में प्रदर्शित किया गया है।

**तालिका क्रमांक-1: बालक एवं बालिकाओं के बाल संबंधी लक्षण**

| लक्षण | बालक | | बालिकाएँ | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| काले नरम | 47 | 31.33 | 43 | 28.68 | 90 | 60.0 |
| चमक विहीन | 10 | 06.66 | 16 | 10.66 | 26 | 17.33 |
| सूखापन व रंग मेंपरिवर्तन | 17 | 11.33 | 15 | 10.00 | 32 | 21.33 |
| टूटने लायक | 01 | 00.66 | 01 | 00.66 | 02 | 01.33 |
| योग | 75 | 50.00 | 75 | 50.00 | 150 | 100.00 |

तालिका-1 में सर्वेक्षित 150 बालक बालिकाओं के लक्षण परीक्षण से प्राप्त बालों के लक्षण प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 90 (60.0 प्रतिशत) बालक-बालिकाओं के बाल काले व नरम पाये गये हैं। जिनमें 47 (31.33 प्रतिशत) बालक तथा 43 (28.66 प्रतिशत) बालिकाएँ हैं। इस प्रकार बालकों का प्रतिशत बालिकाओं की तुलना में अधिक है। 26 (17.33 प्रतिशत) बालक-बालिकाओं के बाल चमकविहीन पाये गये हैं जिनमें बालिकाओं की संख्या 16 (10.66 प्रतिशत) है जो कि बालकों की संख्या 10 (6.66 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। 32 (21.33 प्रतिशत) बालक-बालिकाओं के बाल सूखे तथा परिवर्तित रंगों के पाये गये हैं। इनमें बालकों की संख्या 17 (11.33 प्रतिशत) है जो कि बालिकाओं की संख्या 15 (10.00 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है 02 (01.33 प्रतिशत) बालक-बालिकाओं के बाल टूटने लायक स्थिति में हों अर्थात झड़ रहे हों। इसमें बालक एवं बालिकाओं की संख्या एक समान अर्थात 01 (0.66 प्रतिशत) पाई गई है।

**विवेचना–** बालक एवं बालिकाओं के बालों की तुलनात्मक विवेचना करने पर निम्नलिखित बिंदु दृष्टिगत होते हैं:-

1. काले नरम बालों वाले बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक पाई गई है।
2. चमकविहीन बालों वाली बालिकाओं की संख्या बालकों की तुलना में

अधिक पाई गई है।

3. सूखापन लिये हुये तथा परिवर्तित रंग के बालों वाले बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक पाई गई है।
4. टूटने लाइक अर्थात् झड़ते हुए बालों वाले बालक एवं बालिकाओं की संख्या एक समान पाई गई है।

**निष्कर्ष-** उपरोक्त तथ्यों का अवलोकन करने पर निष्कर्ष निकलता है कि बालकों के बाल बालिकाओं की तुलना में उत्तम स्थिति में है। 40 प्रतिशत बालक-बालिकाओं के बालों का पोषण स्तर उन्नत करने की आवश्यकता है क्योंकि उनके बालों का चमकविहीन होना, उनमें सूखापन का पाया जाना, उनके रंग में परिवर्तन का पाया जाना अथवा बालों का झड़ना उनमें पोषगिक न्यूनता को प्रदर्शित करता है। यद्यपि 60 प्रतिशत बालक-बालिकाओं के बालों का काला व नरम होना उनके उत्तम पोषण को परिलक्षित करता है।

**सीमाएँ-** प्रस्तुत शोध अध्ययन की निम्नलिखित सीमाएँ है:

1. अध्ययन का क्षेत्र ग्वालियर शहर तक सीमित है।
2. निदर्श का आकार 75 बालक 75 बालिकाओं कुल 150 विद्यार्थियों तक सीमित हैं।
3. अध्ययन में 17-24 वर्ष के बालक बालिकाओं को सम्मिलित किया गया है।
4. प्रो. मंगला कानगो के लक्षण, परीक्षण विधि का उपयोग किया गया है।

**सुझाव-** बालों का झड़ना, बालों के रंग में परिवर्तन आना, बाल भूरे व सफेद होना, चमकविहीन होना, दो मुँह होना आदि आम समस्याएँ हैं। बालों की समस्याओं के निवारण के लिये आवश्यक है कि पौष्टिक आहार लिया जाये तथा उनकी उचित देखभाल की जाये। इस संबंध में निम्नलिखित सुझाव है:-

1. बाल प्रोटीन के बने होते हैं इसलिये आहार में दूध, दूध से बने पदार्थ जैसे पनीर, मावा, दही, खीर, कस्टर्ड, दाले, सोयाबीन, मांस, मछली, अण्डे, आदि का सेवन अधिक करना चाहिये।'प्रोटीन के अलावा, जिंक, कॉपर, आयरन, विटामिन बी और विटामिन डी से भरपूर आहार लेना चाहिये। जिंक और आयरन बालों के झड़ने को कम करने के लिये जिम्मेदार हैं'[3] से भरपूर आहार लें।
2. बालों को हफ्ते में केवल दो बार ही धोना चाहिये। ज्यादा धोने से बालों का नैचुरल ऑयल निकल जाता है और वे रूखे हो जाते हैं।
3. बालों को धोने के पूर्व नारियल का तेल लगाएँ।'नारियल के तेल में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे कई तत्व मौजूद होते हैं, जो बालों को मजबूत बनाने के साथ ही बालों को नर्म मुलायम भी बनाते हैं।'[4] बहुत ठंडे या बहुत गर्म पानी से बाल नहीं होने चाहिये।
4. रूखे बालों को धोते समय प्रोटीन युक्त व एसिडिक शैम्पू का प्रयोग करना चाहिये तथा कर्ली बालों के लिये बने शैम्पू व कंडीशनर का प्रयोग करना चाहिये।
5. 'बालों को सुखाने के लिये चिकनी व पतली टॉवल बालों पर लपेटें। बालों को नैचुरल हवा में सुखाऐ, बालों को सुखाने से पहले चौड़े दाँत की कंघी का इस्तेमाल करके सुलझा लें, बालों को छोर से कंघी करना शुरू करें।'[5] गीले बालों में कसकर बारीक कंघी कभी नहीं चलाएं।
6. 'एक दो महीने में बालों को थोड़ा सा ट्रिम करती रहें।'[6]
7. हेयर ड्रायर का प्रयोग बालों की जड़ों को नुकसान पहुँचाता है। इसका उपयोग न करें।
8. हेयर स्प्रे, हेयर जैल व अन्य कैमिकल्स से बचना चाहिए।
9. सोते समय मिल्क या साहन के कपड़े से सिरको बांधकर सोने से बाल कम टूटते हैं।
10. यदि बाल झड़ रहे हैं तो स्कूटर या बाइक पर बैठते समय कपड़े से सिर को बांध लेना चाहिये। बालों को हवा में नहीं लहराने देना चाहिए।
11. बालों को बहुत तेज धूप, अधिक ठंड व तेज हवा से बचाना चाहिये।

उपरोक्त सुझावों का उपयोग करके बालों के पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर को उन्नत किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. https://wwwcherlian/zhair.com>
2. https://www.veet.com.hair-removal
3. https://www.warpaintinterational.com>
4. https://www.hindi,news18.com>lifestyle
5. https:/wikihour.com>बाल
6. https://www.styleerage.com>hindi

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Acoustic Analysis of Received Pronunciation (RP) English in India: A Sociolinguistic Study of Vowel Shifts and Phonological Variations

**Dr. Rajkumari Sudhir***

*Asst. Professor (English) Govt. Sarojini Naidu Girls P.G. College, Bhopal (M.P.)) INDIA

**Abstract** - This study investigates the acoustic characteristics and phonetic variability of Received Pronunciation (RP) English in India, examining vowel shifts and phonological variations among Indian speakers. Using a corpus of spoken data from 20 Indian participants, this research provides insights into the adaptation of RP English in Indian contexts, highlighting sociolinguistic factors influencing language change.

**Introduction -** Received Pronunciation (RP) English, a standard accent of British English, has become a widely accepted model for English language teaching globally. However, its adoption in India has led to unique phonological variations, shaped by indigenous languages and cultural influences.

**Literature Review:** Previous studies (Gimson, 1962; Wells, 1982) have documented RP English phonology, while research on Indian English (IE) has focused on phonetic variations (Krishnamurti, 2007). Recent studies (Harrington, 2006) have explored vowel shifts in RP English.

**Methodology:**

1. Participants: 20 Indian speakers aged 18-40, proficient in English.
2. Materials: Phonetically balanced passages containing target vowels.
3. Data Collection: Recordings made using high-fidelity microphones in a soundproof environment.
4. Data Analysis: Praat software used for acoustic analysis.

**Transcription Conventions:**

1. Monophthongs: /i:/, /I/, /ɛ/, /a:/, /ɔ :/, /ʊ/, /u:/
2. Diphthongs: /eI/, /aI/, /aʊ/, /ɔI/, /əʊ/, /Iə/, /eə/

**Acoustic Analysis:**

1. Formant Frequencies and Vowel Quality
2. Monophthongs: /i:/ (tee): F1 = 250-300 Hz, F2 = 2200-2300 Hz
3. Diphthongs: /eI/ (play): Starting F1 = 300-400 Hz, F2 = 2100-2200 Hz

**Specific Aspects of RP English in India:** This section examines the unique characteristics of RP English pronunciation in India, influenced by indigenous languages and cultural factors.

**1. Vowel Shifts:** Indian speakers of RP English exhibit distinct vowel shifts:

1. /u:/ (boot) shifted to [u] or [ʊ]
2. /ʊ/ (put) shifted to [u] or [ʉ]
3. /eI/ (play) shifted to [e] or [ɛ]

**2. Phonological Variations:** Influence of Indian languages on RP English phonology:

1. Retroflexion: /t/ and /d/ replaced with [t] and [d]
2. Dentalization: /t/ and /d/ replaced with [t̪] and [d̪]
3. Nasalization: vowels followed by nasal consonants

**3. Syllable Structure:** Indian RP English speakers often use:

1. Simplified syllable structures
2. Reduced consonant clusters
3. Epenthetic vowels

**4. Lexical Borrowing:** Indian languages influence RP English vocabulary:

1. Loanwords: “thali” (plate), “chai” (tea)
2. Code-switching: alternating between English and Indian languages

**5. Sociolinguistic Factors:** Language contact, cultural identity, and language teaching implications:

1. Language attitudes: RP English as a prestige variety
2. Language education: teaching RP English in Indian schools
3. Cultural identity: Indian English as a marker of identity

**Discussion:**

1. Vowel Shifts: Indian speakers exhibited shifts in /u:/ and /ʊ/ pronunciation.
2. Phonological Variations: Influence of indigenous languages on RP English phonology.
3. Sociolinguistic Implications: Language contact, cultural identity, and language teaching implications.

**Conclusion:** This study highlights the unique characteristics of RP English pronunciation in India, shaped

by indigenous languages and cultural factors.Language teaching materials should accommodate Indian English phonological variations. Further research on sociolinguistic factors influencing language change is needed. Future studies will explore regional variations. Understanding these aspects is crucial for effective language teaching and communication.

**References:-**

1. Cruttenden, Alan. Gimson's Pronunciation of English. 8th ed., Routledge, 2014.
2. Gimson, A. C. An Introduction to the Pronunciation of English. Edward Arnold, 1962.
3. Harrington, Jonathan. "An Acoustic Analysis of 'Happy-Tensing' in the Queen's Christmas Broadcasts." Journal of Phonetics, vol. 34, no. 2, 2006, pp. 261-276.
4. Krishnamurti, Bh. "English in India." Journal of Language and Linguistics, vol. 6, no. 2, 2007, pp. 237-254.
5. Wells, J. C. Accents of English. Cambridge University Press, 1982.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Party Politics and Political Culture in Madhya Pradesh

**Dr. Jaishree Trivedi* Mr. Bhaskar Dubey****

*Professor and HOD (Political Science) Govt. PG College, Datiya (M.P.) INDIA
**Reaserch Scholar, Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA

**Abstract -** This research paper explores the political culture of Madhya Pradesh and examines the role of political parties in shaping it. The study highlights the contributions of both major national parties and regional parties in influencing political practices within the state. Special attention is given to the dominance of the Bharatiya Janata Party (BJP) over the past two decades and politics and leadership strategies of Indian National Congress prior to 2000, which illustrate how political parties effectively manage elections. Additionally, the paper analyzes voter behavior and its impact on the state's political culture. The study also positions Madhya Pradesh as a central point for Indian political culture due to its cultural, geographical, and political significance, which directly influences broader Indian cultural and political dynamics. By focusing on the interplay between political parties and voter behavior, this paper provides a comprehensive understanding of the political landscape in Madhya Pradesh and its implications for Indian politics.
**Keywords-** Voter behavior, Bharatiya Janata Party, Regional politics, Indian political culture.

**Introduction -** Political culture reflects how individuals perceive politics, express their beliefs, interests, and values, and engage with the political system. Aristotle famously stated that humans are social beings who thrive in society; anyone who does not belong to society is either a beast or a deity. Living within a society naturally involves political participation, and through the process of political socialization, a distinct political culture emerges. Sidney Verba identified three types of political cultures: parochial, subject, and participant, which collectively influence societal attitudes and shape our approach to politics. The way people behave toward politics is an essential component of political culture.

The functioning of political systems varies globally, primarily due to the role of political parties. In every country, members of political parties are elected through different mechanisms, reflecting the diversity in political systems. In democratic nations, this variety leads to distinct political practices. In recent decades, there has been a notable rise in the influence of right-wing ideologies, although such trends tend to shift over time.

Madhya Pradesh has played a significant political role in India since ancient times. The modern political geography of the state took shape following the recommendations of the State Reorganization Commission in 1956. Madhya Pradesh was officially formed on November 1, 1956, marking the beginning of its current political landscape. In 2000, the state underwent a major transformation when it was bifurcated to create the new state of Chhattisgarh. From 1956 to 2000 and beyond, Madhya Pradesh has witnessed continuous political activity and evolving political scenarios, profoundly influencing its political culture.

**Methodology:** This research paper primarily utilizes secondary data because of its comparative nature, as it is a part of comparative politics. The present political environment of Madhya Pradesh, ancient political scenarios, the behavior of political parties, and voter behavior have been studied. The study also includes an examination of political party manifestos within the context of comparative politics and several research papers and PhD theses have been included as well.

**Pre-Independence Period:** Before independence, India lacked democratic development due to the absence of organized political parties and the non-existence of Madhya Pradesh as a distinct political entity. The political culture during this period was primarily characterized by feudal governance under the rule of kings and autocrats. Political authority was centralized, with rulers exercising absolute power, and public participation in governance was negligible. Education and decision-making were controlled by the rulers, whose actions were guided by moral and traditional values rather than constitutional principles. The political system was thus autocratic, with minimal regard for public opinion in administrative or legislative matters.

**Development After Independence:** India gained independence in 1947 and adopted a democratic system of governance. Madhya Pradesh was established as a separate state in 1956 following the recommendations of the State Reorganization Commission. In the initial decades, the political landscape of Madhya Pradesh was dominated

by the Indian National Congress, owing to its pivotal role in the freedom struggle. The Congress Party consistently secured significant victories in both Lok Sabha and Vidhan Sabha elections during this period.

However, the political scenario began to shift in the 1990s with the emergence of the Bharatiya Janata Party (BJP). The BJP's entry marked the beginning of a competitive political environment in Madhya Pradesh, challenging the Congress's long-standing dominance and reshaping the state's political culture.

**Current Political Scenario:** The political culture of Madhya Pradesh has undergone significant transformations over the years. Until the 1990s, the Congress Party maintained its dominance. However, after the bifurcation of Madhya Pradesh and the formation of Chhattisgarh in 2000, the BJP emerged as the leading political force. From 2000 to 2018, under the leadership of Shri Shivraj Singh Chouhan, the BJP established a stronghold in the state.

Initially, Uma Bharti served as Chief Minister before Shivraj Singh Chouhan assumed leadership, solidifying the BJP's position in Madhya Pradesh. In the 2018 Assembly elections, the Congress Party became the largest party and briefly formed the government. However, in 2020, following defections by some Congress legislators, the BJP regained power and re-established its government. This ongoing political evolution highlights the dynamic and competitive nature of Madhya Pradesh's political landscape.

**Political Culture in Madhya Pradesh**

**Role of Leadership:** Leadership plays an important role in defining the political culture. In Madhya Pradesh, several prominent leaders have significantly influenced the state's political culture and party politics. Prior to 2000, leaders like Shri Laxman Singh and Shri Digvijay Singh from the Congress had a dominant presence. After the formation of Chhattisgarh, Chief Minister Uma Bharti initially contributed to the new Madhya Pradesh's political landscape. Subsequently, Shri Shivraj Singh Chouhan of the Bharatiya Janata Party established dominance at a higher level in Madhya Pradesh. His image resonated with the common people, and his policies in agriculture and development have had an impact on the state's politics. Mr. Kamal Nath, among the prominent leaders of the opposition, led the Congress party and formed the government as the largest party in 2018. However, this government was formed in alliance with other parties. In 2020, several legislators, including JyotiradityaScindia, defected to the BJP, leading to the downfall of the government. Nevertheless, his leadership has significantly influenced the political culture of Madhya Pradesh.

**Voter Participation:** The activities carried out by political parties and continuous changes in public opinion due to knowledge and social transformation affect voting. Along with understanding and changes in leadership capability, the percentage of votes for political parties fluctuates. In 2008, the BJP received 37.64% of the vote, while the Congress received 32.39%, the BahujanSamajwadi Party received 8.97%, and the Samajwadi Party received 1.90% of the vote.




**Voting Percentage Party Wise:** In 2013, the Bharatiya Janata Party received 44.88% of the vote, the Indian National Congress received 36.38%, the BahujanSamajwadi Party received 6.29%, and the Samajwadi Party received 1.20%. And in 2018, the BJP received 41.02%, the Indian National Congress received approximately 40%, the BahujanSamajwadi Party received approximately 5%, and the Samajwadi Party received 1.30% of the vote.

These figures clearly indicate that the BJP's percentage increased in 2013 compared to 2008, but decreased significantly in 2018. In contrast, the Indian National Congress' vote share was 32.39% in 2008, which remained at 26.38% in 2013, but rose to 40.89% in 2018. This means that the Congress' vote share significantly increased from 2008 to 2018, bringing it close to the BJP's vote share of 41.02% in 2018, while the Congress' vote share was 40.89%. It is noteworthy that despite this, the Indian National Congress had a vote percentage of 40.89% and the Bharatiya Janata Party had a vote percentage of 41.02%, meaning there was a difference of approximately a few percentage points. Even after this, the Indian National Congress candidates emerged victorious, and the Indian National Congress continued to rise as the largest partyin 2018.

**Key Political Trends**

**Shift in Power:** In Madhya Pradesh's politics, there is competition between the Congress and the BJP. The influence of smaller parties is limited, although in 2018, the Congress party formed a coalition government inpower. However, even then, the main parties present in Madhya Pradesh are primarily the Bharatiya Janata Party and the Indian National Congress.The Bharatiya Janata Party claims to be primarily a Hindu nationalist party and incorporates right-wing political ideology, whereas the Indian National Congress has been active since the time of India's independence and continues to promote agendas such as development.However, due to the presence of both parties

in Madhya Pradesh, regional parties do not have a significant existence or are very weak. This is because during the tenure of the Bharatiya Janata Party and the Indian National Congress, both parties have worked extensively at the developmental level in Madhya Pradesh, and as a result, their political influence is strong in the state. Despite the dominance of the Bharatiya Janata Party in Madhya Pradesh for nearly two decades, the Indian National Congress still exists as the largest opposition party.

**Conclusion:** The research highlights that the political culture of Madhya Pradesh has been significantly shaped by the contributions of two major national parties: the Bharatiya Janata Party (BJP) and the Indian National Congress. While regional and smaller parties, such as the Samajwadi Party and BahujanSamaj Party, play a role, their influence on the state's political culture remains relatively limited in comparison.

Election analyses from 2008, 2013, and 2018 reaffirm that Madhya Pradesh's political landscape is predominantly a two-party competition. Leadership capability has emerged as a critical factor in the state's political stability. Over the past two decades, the BJP has established dominance under the strong leadership of Shri Shivraj Singh Chouhan, while the Congress held a similar influential position before 2000, driven by its own prominent leaders.

In a democratic system, the dynamic interplay between the public and political parties is central to shaping political culture. People's thoughts, beliefs, and attitudes towards politics are deeply intertwined with the policies, ideologies, and leadership styles of the political parties. This interconnectedness underscores the evolving nature of Madhya Pradesh's political culture, reflecting both continuity and change in response to shifting political scenarios and leadership paradigms.

**References:-**

1. Brass, P. R. (1994). *The Politics of India Since Independence*. Cambridge University Press.
2. Jaffrelot, C. (2017). *India's Silent Revolution: The Rise of the Lower Castes in North India*. Columbia University Press.
3. Manor, J. (1990). *Parties and the Party System: A Framework for Analysis*. Oxford University Press.
4. Sinha, A. (2005). *The Regional Roots of Development Politics in India*. Indiana University Press.
5. Yadav, Y. (2000). "Understanding the Second Democratic Upsurge: Trends of Bahujan Participation in Electoral Politics in the 1990s." *Transforming India: Social and Political Dynamics of Democracy*. Oxford University Press.
6. *The 2023 Madhya Pradesh election explained*. (2023, November 21). https://caravanmagazine.in/politics/explainer-madhya-pradesh-polls-2023.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# संत रविदास और उनका भक्ति मार्ग

**डॉ. डी.पी. चंद्रवंशी***

* सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) शा.जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर, जिला - बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** संत समाज अपने घर, मोहल्ल, देश, समाज व युग की सीमाओं से परे होते है किसी बंधन से वे बंधे नहीं होते। वे अपने नहीं अपितु सबके होते हैं। संत समाज भूत, भविष्य, वर्तमान को अपने में पिरोए रहते हैं। ये आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग दर्शक प्रेरक और पूजनीय होते हें। संपूर्ण समाज इनके वचनों से अभिभूत होता है। समाज का दर्पण संत है जो समाज को एक सूत्र में पिरोए रहते हैं। समाज में एकता, समानता, बंधुत्व, सहृदयता, शिष्टता की भावनाओं को विकसित करने में धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा लोग संत समाज से ही प्राप्त करते है। इस संत समाज के विचारक पथद्रष्टा संत रविदास हैं।

**प्रस्तावना –** युग चेत्ता, युग द्रष्टा, संत, विचारक, समाज सुधारक, भविष्य दर्शी थे संत रैदास। इनकी दृष्टि सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक थी। इनका विचार तत्व सदा प्रासंगिक रहा है। जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। संत रैदास की काव्यनुभूति गूढ़, और सहज है जो मानव के सहृदय में पैठ कर जाती है। इनका साहित्य आत्मविश्वास, आशावाद और श्रद्धा की भाव संचार में सहायक है। ये तत्कालीन समाज का यथार्थ चित्र अंकित किये हैं। कबीरदास, धन्ना, पीपा, सेन, रैदास, दादू दयाल संत परम्परा के प्रमुख हस्ताक्षर है।

'संत काव्य के आविर्भाव से बहुत पहले ही रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य, रामानंद आदि आचार्यो ने वैष्णव भक्ति आंदोलन का व्यापक प्रचार-प्रसार कर दिया था। कबीर, रैदास, सेन, पीपा आदि रामानंद के ही शिष्य थे।'[1]

तत्कालीन हिन्दू समाज विषय परिस्थितियों से गुजर रहा था। लोगों की धार्मिक आस्था नगण्य हो रही थी, आर्थिक विषमता व्यापक हो रही थी। जातिगत वैमनस्यता चरमोत्कर्ष पर थी। समाज को संत नामदेव, पीपा, धन्ना, रैदास, कबीर दादू गैसे संतों की आवश्यकता थी। ये संत ही भक्ति काल को स्वर्णयुग बनाने में अहम थे। स्वामी रामानंद के 12 शिष्यों में से एक थे संत रविदास, महान कर्मयोगी संत रैदाय कबीर के समान ही अनपढ़ और निरक्षर थे किन्तु सनातन धर्म से परिचित थे। 'संत रविदास के काव्य का कोई प्रामाणिक संग्रह अभी तक उपलबध नहीं हो सका है। उनकी कतिपय फुटकर रचनाएं ही मिलती है। उनका आत्मनिवेदन बड़ा ही मर्म स्पर्शी है।'[2]

मानवतावादी युग की प्रतिष्ठा चाहने वाले संत रविदास यद्यपि निम्न जाति के थे। किन्तु उनकी चाह मानवतावादी थी। वे कहते थे कि कोई छोटा-बड़ा नहीं सब समान व प्रसन्नचित हो –

*'ऐसा चाहौ राज मैं, जहां मिलै सबै को अन्न।*
*छोट बड़ौ सभ सम बसै, रविदास रहै प्रसन्न।।'*

नाम की महिमा ही कलयुग में एक मात्र मुक्ति तथा सुखी जीवन का आधार है।'[3] संत रविदास बाल्यकाल से ही प्रभु भक्त थे, समाज सुधारक थे, जन-जन की पीड़ा को स्वयं अनुभव करते थे, वे राम नाम को ही सभी रोगों की औषधि मानते थे।

*'हरि सा हीरा छोड़ कै, करै आन की आस।*
*ते नर जमपुर जाहिगे, सत भाषै रविदास।।'*

रैदास तीर्थयात्र के स्थान पर मन में ही प्रभु की प्राप्ति का संदेश देते थे –

*'का मथुरा, का द्वारिका, का काशी, हरिद्वार।*
*रविदास खोजा दिल आपना, तउ मिलिया दिलदारा।।'*

ईश्वर प्राप्ति का केवल एक ही मार्ग है और वह है प्रेम मार्ग रैदास कहते हैं –

*'जोगीसर पावहिं नहीं, तुअ गुण कथन अपार।*
*प्रेम भगति कै कारणै, कहु रविदास चमारा।।'*

रविदास केवल प्रभु सुमिरण पर भरोसा करते थे। उपवास, व्रत, पूजापाठ को कर्म से आगे नहीं मानते थे। वे कहते हैं –

*'कहै रैदास प्रकास परम पद, का जप तप ब्रत पूजा।*
*एक, अनेक एक हरि, करौ कवण विधि दूजा।।'*

कबीर दास की तरह उनकी सोच हिन्दू मुस्लिम वैमनस्यता के स्थान पर एकता स्थापित करना था –

*'रैदास कनक और कंगन माहि, जिमि अंतर कछु नाहि।*
*तैसे ही अंतर नहीं, हिन्दुअन तुरकन माहि।।'*

संत रविदास तो राम रहीम को अलग नहीं मानते थे उनका कहना था दोनों एक ही है –

*'रविदास हमारी रामजोई, सोई है रहमान।*
*काबा, काशी जानी यही, दोनों एक समान।।'*

कबीर की भांति सिर मुंडाने को संत रविदास व्यर्थ कहते हैं –

*'कहा भयौ जू मूंड मुंडायौ, बहु तीरथ ब्रत कीन्हें।*
*स्वामी दास भगत अरू सेवग, जो परम तन नहीं चीन्हैं।।'*

संत रैदास राम नाम को ही सर्वोपरि मानते हुए कहते है –

*'राम नाम बिन जे कछु करिए, सो सब भरम कहाई।'*

संत रविदास मानव की सफलता भक्ति से मानते हैं अहंकार का त्याग ही भक्ति प्राप्ति का का मार्ग है –

*'कह रैदास तेरी भगति दूरि है, भाग बड़े सो पावै।*
*तजि अभिमन मेटि आपा पर, पिपिलक हवैचुनि खावै।।'*

उन्होंने स्वकर्म और सत्कर्म को ही भक्ति माना है वे कर्म को प्रधान मानकर कहते हैं –

*'मन चंगा तो कठौती में गंगा।'*

उनका कहना था कि व्यक्ति कर्म से ऊंचा और कर्म से ही नीचा होता है –

*'रविदास जनम से कारनै होत न कोउ नीच।*
*नर कूँ नीच करि डारि हैं, आछे करम की नीचा।'*

संत रविदास का काव्य जनता के लिए है जो आज भी प्रासंगिक हैं–

*'मन चंगा तो कठौती में गंगा।।'*
*'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी।।'*

'जन रविदास राम रंगिराता के अनुसार रविदास राम–रंग में पूर्णता रंग गए थे, इनकी प्रेम की रस्सी बड़ी मजबूत है। जिससे इन्होंने ईश्वर को बांध रखा है। तभी ये कह उठते हैं कि अब कैसे टूटे नाम रट लागी।'[4]

संत रैदास की वाणी आज के दिशाहीन मानव को उचित दिशा देने की सामर्थ्य रखती है। नि:संदेह रैदास जी गृहस्थ आश्रम में रहते हुए भी उच्च कोटि के विरक्त संत थे। जूते सीते–सीते ही ज्ञान भक्ति का ऊंचा पद प्राप्त किया था।'[5]

**निष्कर्ष –** गीता का यह पाठ कर्मण्येवाधिकारस्तु, मा फलेशु कदाचन। यह वह प्रकाश स्तंभ है जो निराश–वासना, प्रतिशोध और प्रतिहिंसा के अंधकार में भटकते हुए मानव समाज को शताब्दियों से प्रकाश दे रहा है। और भविष्य में भी मार्ग प्रदर्शित करता रहेगा।'[6]

**The Urgency of Sustainable Practices:** Over 10 million people die annually due to air pollution, while global warming continues to cause heatwaves, unpredictable monsoons, melting ice sheets, and flash floods. Many of these impacts are irreversible, making it imperative to act swiftly to restore the planet's health. Adopting sustainable practices ensures the judicious use of resources, creating a livable environment for future generations.

**Steps Toward Sustainability:** Each individual can contribute to a more sustainable world by making small lifestyle changes. Actions such as conserving energy, reducing meat consumption, using reusable materials, switching to renewable energy, growing one's own food, recycling, and conserving water all help reduce environmental footprints. A critical component of this movement is sustainable agriculture.

**The Role of Agriculture in Sustainability:** Sustainable agriculture encompasses various practices designed to enhance resource use efficiency, maintain soil and water health, and support biodiversity. It integrates ecological, economic, and social pillars to create a balanced system. This approach involves farmers, food processors, distributors, retailers, consumers, and waste managers, emphasizing resource optimization and technology use without compromising soil quality or safety.

**Practices and Benefits of Sustainable Agriculture:** Sustainable farming employs diverse techniques such as

permaculture, crop rotation, hydroponics, agroforestry, natural pest control, and manual weed management. These methods collectively ensure the effective use of resources, protection of public health, environmental preservation, and economic profitability.

**Key Advantages of Sustainable Farming:**

1. Efficient utilization of non-renewable resources.
2. Enhanced public health through environmentally safe practices.
3. Promotion of social equity and economic development.
4. Long-term profitability for farmers and businesses.
5. Preservation of ecosystems and biodiversity.

By adopting sustainable farming practices, societies can ensure economic growth, environmental conservation, and a healthier future for the planet.

Chhattisgarh's economy and its development across various sectors form the foundation for generating financial resources, which the state government can then mobilize and allocate towards socio-economic development. Given the critical role of the state's economy, it's essential to periodically review its performance, identify growth opportunities, and address constraints that hinder progress. The State Finance Commission is responsible for recommending financial devolution from the state government to local bodies, taking into account the state's economic performance and potential growth areas. This review helps prioritize development initiatives for the state. Agricultural growth is vital for the overall economic development of Chhattisgarh. Despite some areas experiencing progress, agriculture in the state remains relatively underdeveloped. A significant portion of the workforce, about 80%, relies on agriculture for their livelihood. The total cultivable area constitutes 35.5% of the state's geographical area, with paddy being the predominant crop, covering 80% of the total cropped area. However, only 21% of the state's agricultural land has access to assured irrigation, leaving the majority dependent on monsoon rains.

Agriculture in Chhattisgarh is characterized by instability in growth rates, largely due to weather-induced fluctuations. The Green Revolution, which began in the mid-1960s, largely

**Conclusion:** The total geographical area of the state is approximately 13,790 thousand hectares. The largest portion of this land is covered by forests, accounting for 45.95%, followed by the net sown area at 34.06%. Other categories include land not available for cultivation (7.39%), other cultivated land excluding wasteland (2.57%), current fallow land (1.83%), and land other than current fallow (1.99%). Permanent pastures and grazing lands cover 6.20%, while miscellaneous tree crops and groves make up a mere 0.01%. The area sown more than once accounts for 7.07%, and land under culturable fallow and unculturable uses stands at 8.78%.

Between 2000-01 and 2010-11, the gross cropped area increased by 41.13%. The most significant changes were seen in current fallow land, which grew by 15.06%, followed by gross cropped area (6.48%), land not available for cultivation (0.59%), forest area (0.52%), and permanent pastures and grazing land (0.23%). Conversely, land under miscellaneous tree crops and cultivable wasteland decreased dramatically by 99.70%, while land under current fallow declined by 9.64%, and the net sown area shrank by 1.39%. The cropping intensity in Chhattisgarh increased by 9% in 2010-11, mainly due to the 72.87% rise in double-cropped areas.

**References :-**


1. Khan, M.F. (1996), “Sustainability of modern agro-ecosystem: A case study of the upper Ganga-Yamuna Doab”, The Geographer, Vol. XLIII, No. 1.
2. Kindleberger, P. Charles and Herrick Bmce (1977), Economic Development, London: McGraw Hill, Kogakusha Ltd.
3. Krishan G. (1993), Development: Concept and Approaches, Commonwealth Secretariat, Chandigarh.
4. Krishan, G. (1980), “Development Social Development and Geography”, R.B. Mandal and V.N.P. Sinha eds. Recent Trends and Concepts in Geography, Concept, New Delhi: 159-166.
5. Krishan, G. (1980), in Noor Mohammad (ed.) “The Concept of Agricultural Development”, Perspectives in Agricultural Geography, Concept, New Delhi, 4: 77-85. 183
6. Krishan, G. (1986), “On Incongruity Between Economic and Social Development : A Case Study of the Indian Punjab”, Asian Profile, 14: 149-153.
7. Krishan, G. (1988), “The World Pattern of Administrative Area Reform”, The Geographical Journal, 154 : 93-99.
8. Krishan, G. (1989), “Trend in Regional Disparities in India”, Asian Profile, 17: 243-261.
9. Krishan, G. (1989), “Trends in regional disparities in India”, Asian Profde, 17, 3,243-261.
10. Krishan, G. (1992), in Noor Mohamad (ed.) “Dynamics of Agricultural Development”, Concepts International Series in Geography, Vol. 7, pp. 29-36.
11. Krishan, Gopal (1993), Issues Influencing Development Commonwealth Secretariat, Chandigarh.


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के समायोजन के स्तर का लिंग तथा विषय वर्ग के संदर्भ में तुलनात्मक अध्ययन

**डॉ. जे. एस. भारद्वाज*  संदीप कुमार**  डॉ. अन्शु शर्मा*****

* आचार्य, पूर्व संकायाध्यक्ष शिक्षा संकाय एवम् विभागाध्यक्ष (शिक्षा) चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्र (शिक्षा) चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत
*** सह आचार्य (शिक्षा) आई.ई.टी. इंस्टिट्यूट, अबुपुर, मोदी नगर, गाजियाबाद (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** इस शोध कार्य का उद्देश्य केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन के स्तर का **लिंग तथा विषय वर्ग के संदर्भ मे तुलनात्मक अध्ययन** करना है। इस हेतु 400 विद्यार्थियों का चयन रेंडम सेम्पलिंग तकनीक के माध्यम से किया गया है। **समायोजन के स्तर के मापन के लिए प्रो0 वी0 के0 मित्तल द्वारा निर्मित समायोजन अनुसूची** का प्रयोग **किया** गया **है। इस अनुसूची के प्रयोग से विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता** का **मापन किया है। प्रस्तुत समायोजन अनुसूची चार भागों में विभक्त की गयी है। इस प्रकार विद्यार्थियों के समायोजन के** स्तर को मापने के लिए प्रमापीकृत शोध उपकरण प्रयोग में लाया गया है। आकड़ों के विश्लेषण के लिए मध्यमान मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात तकनीक को प्रयुक्त किया गया है। शोध निष्कर्ष से ज्ञात हुआ है कि **केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन के** स्तर में सार्थक अंतर पाया गया है। परन्तु लिंग के आधार पर विभक्त आकड़ो के विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि **केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के समायोजन के स्तर** में सार्थक अंतर नही पाया गया है।

**शब्द कुंजी –** समायोजन केन्द्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों।

**प्रस्तावना –** विद्यालय सामाजिक परिस्थितियों के संदर्भ मे बालक को शिक्षा देते है, जिसमें वह अपने व्यवहार संरचना व अभिवृतियों को अपने दृष्टिकोण के अनुकूल संगठित कर सकता है, जो उसके सामाजिक समूह और स्वयं के लिये संतोषजनक है। वर्तमान समय में सामाजिक जटिलताओं को सीखने हेतु समुदाय सामाजिक संस्थानों में शिक्षा की व्यवस्था करता है। लेकिन इनका सम्बन्ध अधिकतर विद्यार्थी की शैक्षिक और वास्तविक आवश्यकताओं से नही होता है। अपनी आवश्यकताओं के पूर्ण नहीं होने के कारण विद्यार्थी को तनाव महसूस होता है। वर्तमान सामाजिक अनुबन्ध में उनको भविष्य के जीवन के लिये तैयार किया जाता हैं। जिससे वह अपने को सन्तोषजनक रूप में समाज व स्कूल में समायोजित कर सके। शिक्षा मनोविज्ञान के अनुसार, प्राणी विशेष कर परस्पर विरोधी आवश्यकताओं को एक विशेष वातावरण में संतुलित करने की व्यवहारिक प्रक्रिया को समायोजन कहा जाता हैं। वातावरण की बाधाओं एवं समस्याओं के सन्दर्भ में किसी व्यक्ति विशेष के व्यवहार में होने वाले परिवर्तन ही उसके वातावरण के साथ समायोजन को इंगित करते हैं। समायोजन ही जीवन है अर्थात् समायोजन एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक प्रत्यय है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनेक समस्यायें उत्पन्न होती रहती है। ये व्यक्ति के बाह्य और आन्तरिक वातावरण के कारण होती है। इन समस्याओं का समाधान हुए बिना व्यक्ति के व्यक्तित्व में सन्तुलन नहीं रह पाता। परिणामस्वरूप भिन्न-भिन्न प्रकार की कुण्ठाएं, भय, तनाव, द्वन्द्व आदि उत्पन्न होने लगते है। इन सबसे बचने के लिए व्यक्ति को विशेष प्रयास करने पड़ते है। इन प्रयत्नों को ही समायोजन कहा जाता है।

समायोजन की अवधारणा मानव जाति के समान प्राचीन है। इन अवधारणाओं की व्याख्या करने का कार्य डार्विन से आरम्भ होता है। जैव-वैज्ञानिक डार्विन के अनुसार समायोजन एक जैविक कार्य प्रणाली थी, जिसके अन्तर्गत मनुष्य स्वयं को वातावरण के खतरों को समझते हुए स्वयं को अनुकूलित कर परिस्थिति में सामंजस्य स्थापित करता था। मनुष्य स्वभाव से ही अनुकूलित प्राणी है, वह परिस्थिति के बदलने के साथ-साथ संघर्ष कर स्वयं को अनुकूलित करता था।

विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थी अपने परिवार, माता-पिता, मित्र मण्डली, वातावरण एवं विद्यालयों के शिक्षकों आदि अनेक घटकों से समायोजन करना सीखते हैं। विद्यार्थियों का सामाजिक आर्थिक स्तर उनके समायोजन को स्तर को प्रभावित करता है। पारिवारिक वातावरण उनके संवेगात्मक समायोजन एवं विद्यालय वातावरण शैक्षिक समायोजन को प्रभावित करता है। विद्यार्थियों के असमायोजित होने पर विद्यार्थी अनेक मानसिक व्यावधाओं से प्रभावित होते हैं, जिस कारण विद्यार्थी तनाव दबाव, कुण्ठा आदि बीमारीयों से ग्रसित हो जाते हैं। अनेक शोध अध्ययनों से यह ज्ञात होता है कि मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन के मध्य सकारात्मक सहसम्बन्ध पाया जाता है। **लैण्डिस तथा बॉल्स के अनुसार,** 'समायोजन का अर्थ है नित्य प्रति के जीवन के मतभेदों, अन्तद्वन्द्वों और निर्णयों को व्यवस्थित, क्रमबद्ध और एकरस बना लेना अथवा अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए व्यवहारिक तत्वों में नियमन या व्यवस्थापन कर लेना।' **बोरिंग, लैगफील्ड एवं वेल्ड,** के अनुसार 'समायोजन वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा प्राणी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति को प्रभावित करने वाली

परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखता है। **कोलमन (1924)**, 'समायोजन एक सतत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मानव अनेक व्यवहारों को प्रस्तुत करता है, तथा साथ ही साथ पर्यावरण में पूर्ण सामंजस्य संबंधो का निर्माण करता है।' **हेनरी सी0 स्मिथ(1998)**, के अनुसार,'अच्छे समायोजन से तात्पर्य है, जो कि यथार्थ पर आधरित हो तथा संतोष देने वाला हो। कम से कम वह भविष्य में व्यक्ति की कुण्ठाओं, तनावों एवं दुश्चिन्ताओं को कम कर सके, जिसका होना अनिवार्य हो।' अच्छे समायोजन के लिए निम्नलिखित उपाय किये जा सकते हैं:

1. माता-पिता को बच्चों के प्रति सहानुभूति और वात्सल्यपूर्ण दृष्टिकोण रखना चाहिए।
2. माता-पिता घर पर स्वस्थ वातावरण प्रदान करें तथा वे स्वयं भी आदर्श के रूप प्रस्तुत करने का प्रयत्न करें।
3. बच्चों को न तो अधिक सुरक्षा प्रदान की जाये और न ही उनमें असुरक्षा की भावना पैदा हो।
4. माता-पिता अपने बच्चों के शिक्षकों से भी मिलते रहें, और उनकी समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श करें।
5. शिक्षक का कार्य मात्र शिक्षण करना ही नहीं होता है, उसे चाहिये कि वह स्कूल में स्वस्थ वातावरण भी पैदा करें।
6. स्कूल का वातावरण पूर्ण रूप से स्वतंत्र होना चाहिएजिसमें छात्र प्रश्न पूछ सकें तथा पूर्ण रूप से आत्म-अभिव्यक्ति कर सके।
7. अध्यापक छात्रों की ओर व्यक्तिगत ध्यान दें और शिक्षा को बाल केन्द्रित शिक्षा बनाये। विद्यालयों को घरों के साथ अच्छे सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयत्न करना चाहिये।

**शोध साहित्य की समीक्षा**

लेंज, सुनीता (1986), चौरसिया (1993), उपाध्याय (2000), गुप्ता कल्पना (2000), शर्मा (2003), महला (2004), फादरहुड (2005), सबरवाल (2011), मेहता एवं खन्ना (2015), रानी (2017), तिवारी (2018), शर्मिला एवं सालोमन (2020) ने समायोजन से सम्बन्धित शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर शोध अध्ययन किए। चौधरी (1990), अरोड़ा (1998), शिवकांत (1991), शर्मा (1993), त्यागी (1994), ने शैक्षिक आकांक्षा से सम्बन्धित शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर शोध अध्ययन किये तथा वेद प्रकाश (1994), सिंह एवं वर्मा (1995), चौहान (1995), मावी (1997) थिलका एवं जौकात (2002), सैनी (2004), जोशी (2008), भारद्वाज व शर्मा (2012), वी0 ठाकुर (2014), प्रकाश एवं हुड्डा (2018), चतुर्वेदी (2021), अमिनी व अन्य (2023) ने शैक्षिक उपलब्धि, आकांक्षा स्तर तथा सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति व अन्य चरों से सम्बन्धित शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर शोध अध्ययन किये।

**शोध अध्ययन के उद्देश्य:**

1. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन की तुलना करना।
2. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के गृह समायोजन की तुलना करना।
3. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन की तुलना करना।
4. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवम् संवेगात्मक समायोजन की तुलना करना।
5. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन की तुलना करना।
6. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के समायोजन के समस्त आयामों एवं पृथक-पृथक आयाम (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) की तुलना करना।
7. केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन के समस्त आयामों एवं पृथक-पृथक आयाम (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) की तुलना करना।

**आंकड़ों का विश्लेषण**

**परिकल्पना 1.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन के मध्य सार्थक अन्तर नहीं है।**अग्रलिखित तालिका के द्वारा केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत् उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण एवं सांख्यिकीय विश्लेषण का तालिकाकरण किया गया है।

**तालिका संख्या 1.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात का तुलनात्मक विवरण**

| चर | विद्यालय | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समायोजन | केन्द्रीय विद्यालय | 200 | 180.23 | 40.462 | 2.132 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| | नवोदय विद्यालय | 200 | 186.78 | 46.731 | | |

मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.724
मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.023
प्रमाणिक त्रुटि का अन्तर (Standard error of difference) : 0.328
विद्यार्थियों की संख्या : (200+200) = 400
स्वतन्त्रता का अंश (df) : 398
क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान : 2.132
तालिका मान : 0.05 स्तर पर 1.96 व 0.01 पर 2.58

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ है कि, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के समायोजन स्तर पर क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान 2.132 प्राप्त हुआ है। क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान तालिका मान से सार्थकता के स्तर 0.05 पर अधिक है, परिणामतय: दोनो मध्यमानों के मध्य अन्तर सार्थक है। अत: पूर्व निर्धारित शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है। केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के समायोजन स्तर में सार्थक अन्तर पाया गया है। दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों में समायोजन से सम्बन्धित मध्यमानों के मध्य जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह सार्थक है।

**परिकल्पना 2.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के गृह समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।** अग्रलिखित तालिका के द्वारा केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के गृह समायोजन आयाम से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण

एवं सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका संख्या 2.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के गृह समायोजन के मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान का तुलनात्मक विवरण।**

| चर | विद्यालय | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गृह समायोजन | केन्द्रीय विद्यालय | 200 | 44.62 | 13.595 | 2.177 | 0.05 स्तर पर सार्थक |
| | नवोदय विद्यालय | 200 | 41.40 | 15.848 | | |

मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.301
मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.041
प्रमाणिक त्रुटि का अन्तर (Standard error of difference) : 0.030
विद्यार्थियों की संख्या : (200+200) = 400
स्वतन्त्रता का अंश (df) : 398
क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान : 2.177
टी का तालिका मान : 0.05 स्तर पर 1.96 एवं 0.05 स्तर पर 2.58

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ है कि, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के गृह समायोजन के मध्य क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान 2.177 ज्ञात हुआ है। क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान, तालिका मान से सार्थकता के 0.05 स्तर पर अधिक है। अत: पूर्व निर्धारित शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया जाता है। इसलिए दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों के गृह समायोजन के मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर है।केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के गृह समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर पाया गया है।

**परिकल्पना 3.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**अग्रलिखित तालिका के द्वारा केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण एवं सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका संख्या 3.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन के मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान का तुलनात्मक विवरण।**

| चर | विद्यालय | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सामाजिक समायोजन | केन्द्रीय विद्यालय | 00 | 45.51 | 12.881 | 1.080 | 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है। |
| | नवोदय विद्यालय | 200 | 46.99 | 14.429 | | |

मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी) : 1.218
मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी) : 1.031
प्रमाणिक त्रुटि का अन्तर (Standard error of difference) : 0.281
विद्यार्थियों की संख्या : (200+200) = 400
स्वतन्त्रता का अंश (df) : 398
क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान : 1.080
तालिका मान : 0.05 स्तर पर 1.96 एवं 0.01 स्तर पर 2.58

उपरोक्त तालिका के सांख्यिकीय विश्लेषण एवं परीक्षण का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन के मध्य क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान 1.080 प्राप्त हुआ है तथा क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान तालिका मान से सार्थकता के 0.05 स्तर पर कम है।

अत: शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर नही पाया गया है। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन के मध्यमानों के मध्य जो अन्तर परिलक्षित हुआ है, वह सार्थक नही है।

**परिकल्पना 4.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवम् संवेगात्मक समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**अग्रलिखित तालिका के द्वारा केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत् उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण एवं सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका संख्या 4.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर पर अध्यनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन स्तर का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान का विवरण।**

| चर | विद्यालय | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन | केन्द्रीय विद्यालय | 200 | 49.53 | 11.527 | 1.151 | 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है। |
| | नवोदय विद्यालय | 200 | 48.00 | 14.807 | | |

मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.151
मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.402
प्रमाणिक त्रुटि का अन्तर (Standard error of difference): 0.251
विद्यार्थियों की संख्या :(200+200) = 400
स्वतन्त्रता का अंश (df) : 398
क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान : 1.151
टी का तालिका मान : 0.05 स्तर पर 1.96

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ है कि, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन के मध्य सी0आर0 का गणनात्मक मान 1.151 प्राप्त हुआ है तथा क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान तालिका मान से सार्थकता के 0.01 एवं 0.05 स्तर पर कम है, जो कि सार्थक नही है।

अत: शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवम् संवेगात्मक समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर नही पाया गया है।

**परिकल्पना 5.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**अग्रलिखित तालिका के द्वारा केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण एवं सांख्यिकीय विश्लेषण का तालिकाकरण किया गया है।

**तालिका संख्या 5.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

**उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन के मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान का तुल्नात्मक विवरण**

| चर | विद्यालय | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यालय समायोजन | केन्द्रीय विद्यालय | 00 | 46.75 | 11.354 | 0.886 | 0.05 स्तर पर सार्थक नही है। |
| | नवोदय विद्यालय | 200 | 45.49 | 16.594 | | |

मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.340
मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि (नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी) : 1.061
प्रमाणिक त्रुटि का अन्तर ख(Standard error of difference) : 0.376
विद्यार्थियों की संख्या :(200+200) = 400
स्वतन्त्रता का अंश (df) : 398
क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान : 0.886
टी का तालिका मान : 0.05 स्तर पर 1.96

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ है कि, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों कें विद्यालय समायोजन के मध्य क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मूल्य 0.886 प्राप्त हुआ है। इस प्रकार क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान टी के तालिका मान से सार्थकता के 0.05 स्तर पर कम है।

अत: पूर्व निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर नही पाया गया है। दोनों वर्गो के विद्यालयों के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन से सम्बन्धित मध्यमानों के मध्य जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है, वह सार्थक नही है। अन्तर के कोई अन्य कारण हो सकते है।

**परिकल्पना 6.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के समायोजन के समस्त आयामों के योग एवं पृथक-पृथक आयाम (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।** अग्रलिखित तालिका में केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के समायोजन एवं समस्त आयामों (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एव संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण एवं सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका संख्या 6.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के स्वास्थ्य एवं समायोजन के समस्त आयामों के योग एवम् पृथक पृथक (गृह, सामाजिक, संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान का विवरण।**

| चर | लिंग | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समायोजन (समस्त आयाम) | छात्र | 203 | 187.85 | 43.516 | 2.342 | **0.05 स्तर पर सार्थक** |
| | छात्रा | 197 | 180.30 | 47.650 | | |
| गृह समायोजन (पृथक आयाम) | छात्र | 203 | 44.07 | 14.772 | 1.468 | सार्थक नही है।0.05 स्तर पर |
| | छात्रा | 197 | 41.90 | 14.865 | | |
| सामाजिक समायोजन (पृथक आयाम) | छात्र | 203 | 46.09 | 13.285 | 0.232 | सार्थक नही है। 0.05 स्तर पर |
| | छात्रा | 197 | 46.41 | 14.116 | | |
| स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन (पृथक आयाम) | छात्र | 203 | 49.96 | 13.384 | 1.833 | सार्थक नही है। 0.05 स्तर पर |
| | छात्रा | 197 | 47.53 | 13.097 | | |
| विद्यालय समायोजन (पृथक आयाम) | छात्र | 203 | 47.72 | 13.019 | 1.636 | सार्थक नही है। 0.05 स्तर पर |
| | छात्रा | 197 | 44.47 | 15.228 | | |

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ है, कि केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं में समायोजन के समस्त आयामों पर एकत्रित आंकड़ों पर प्राप्त मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर ज्ञात करने के लिए क्रान्तिक अनुपात मान की गणना की गयी। क्रान्तिक अनुपात का गणात्मक मान 2.302 प्राप्त हुआ है, जो सार्थकता के स्तर 0.05 पर अधिक है, जो सार्थक है। केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के समायोजन के समस्त आयामों के योग के प्रदत्तों के मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर प्राप्त हुआ है।

इसी क्रम में शोधकर्ता ने समायोजन के विभिन्न आयामों का पृथक-पृथक अन्वेषण करने के लिए केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं से प्राप्त आंकड़ों से मध्यमानों, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान की गणना की है। समायोजन के पृथक-पृथक आयामों में गृह समायोजन, सामाजिक समायोजन, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन तथा विद्यालय समायोजन के लिए प्राप्त मध्यमानों एवं मानक विचलनों पर क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान क्रमश: 1.468, 0.232, 1.833 तथा 1.636 प्राप्त हुआ है। क्रान्तिक अनुपात के आयाम के अनुसार पृथक-पृथक गणनात्मक मान का सार्थकता के स्तर 0.05 पर तालिका मान के साथ तुलनात्मक विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है, कि क्रान्तिक अनुपात का गणनात्मक मान समायोजन के प्रत्येक आयाम पर तालिका मान से कम प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है, कि लिंग के आधार पर विभक्त दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों के मध्यमानों के मध्य समायोजन के पृथक-पृथक आयामों में सार्थक अन्तर नही है।

अत: निर्धारित परिकल्पना निरस्त की जाती है। परिणाम स्वरूप केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के के समायोजन के समस्त आयामों के मध्य कुल योग के आंकड़ों के मध्य सार्थक अन्तर है, परन्तु पृथक-पृथक आयामों के रूप में समायोजन के आयामों में सार्थक अन्तर नहीं है। जिसका तात्पर्य यह है, कि लिंग के आधार पर विभक्त दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों में समायोजन के समस्त आयामों के कुल योग के आंकड़ो तथा पृथक-पृथक रूप में प्राप्त आंकड़ों के अनुरूप लिंग का समयोजन पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

**परिकल्पना 7.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन एवं समायोजन के पृथक-पृथक आयामों (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

अग्रलिखित तालिका में केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन एवं समायोजन के पृथक-पृथक आयामों (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एव संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) से सम्बन्धित आंकड़ो के मध्य तुलनात्मक विवरण एवं सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**तालिका संख्या 7.0: केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन के योग एवं पृथक-पृथक आयामों (गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक तथा विद्यालय समायोजन) का मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान का विवरण।**

| चर | विषय | कुल विद्यार्थी | मध्यमान | मानक विचलन | सी.आर. मान | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समायोजन (समस्त आयामों का योग) | कला वर्ग | 194 | 188.84 | 48.004 | 2.012 | **0.05 स्तर पर सार्थक** |
| | विज्ञान वर्ग | 206 | 182.78 | 44.453 | | |
| गृह समायोजन | कला वर्ग | 194 | 42.47 | 15.004 | 0.697 | 0.05 स्तर पर सार्थक नही |
| | विज्ञान वर्ग | 206 | 43.50 | 14.701 | | |
| सामाजिक समायोजन | कला वर्ग | 194 | 46.09 | 14.061 | 0.230 | 0.05 स्तर पर सार्थक नही |
| | विज्ञान वर्ग | 206 | 46.40 | 13.352 | | |
| स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन | कला वर्ग | 194 | 48.02 | 13.519 | 1.081 | 0.05 स्तर पर सार्थक नही |
| | विज्ञान वर्ग | 206 | 49.46 | 13.050 | | |
| विद्यालय समायोजन | कला वर्ग | 194 | 45.79 | 14.018 | 0.452 | 0.05 स्तर पर सार्थक नही |
| | विज्ञान वर्ग | 206 | 46.43 | 14.447 | | |

उपरोक्त तालिका का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ है, कि केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों में समायोजन (समस्त आयामों) के समेकित आँकड़ों पर प्राप्त मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर ज्ञात करने के लिए क्रान्तिक अनुपात मान की गणना की गयी। सी0आर0 का गणात्मक मान 2.012 प्राप्त हुआ है, जो सार्थकता के स्तर 0.05 पर अधिक है। अत: कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के मध्य समायोजन के समेकित प्रदत्तों के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया है। समायोजन के आयामों पर पृथक-पृथक रूप में क्रान्तिक अनुपात का मान क्रमश: 0.697, 0.230, 1.081 तथा 0.452 प्राप्त हुए हैं, जो कि तालिका के मान के स्तर 0.05 पर कम है। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन के आयाम क्रमश: गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन के लिए अन्तर सार्थक नहीं हैं। उपरोक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि विषय वर्ग के आधार पर विभक्त दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों के मध्यमानों के मध्य समायोजन के पृथक-पृथक आयाम में सार्थक अन्तर नही पाया गया है।

अत: निर्धारित शून्य उप-परिकल्पना निरस्त की जाती है। परिणाम स्वरूप केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन के समेकित आंकड़ों के मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया परन्तु समस्त आयामों के पृथक-पृथक रूप में सार्थक अन्तर नही है। जिसका तात्पर्य यह है, कि विषय वर्ग के आधार पर विभक्त दोनों प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों में समायोजन के पृथक-पृथक आयामों के प्रदत्तों पर प्राप्त मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर नही है।

**शोध निष्कर्ष:**

1.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन स्तर में सार्थक अन्तर है।

2.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के गृह समायोजन के स्तर में सार्थक अन्तर है।

3.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं है।

4.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं संवेगात्मक समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

5.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विद्यालय समायोजन में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

6.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के विद्यार्थियों के समायोजन के समस्त आयामों के कुल योग एवम् के प्रदत्तों में सार्थक अन्तर है, परन्तु पृथक-पृथक आयामों के प्रदत्तों पर प्राप्त मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर नहीं है।

7.0 केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के उच्चतर माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन के समेकित प्रदत्तों के मध्य अन्तर सार्थक है, परन्तु एवं समस्त आयामों के मध्य पृथक-पृथक रूप में सार्थक अन्तर नही पाया गया है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. **उषा, एस.ए. (2001),** तनाव और व्यक्तित्व का सामाजिक-मनोवैज्ञानिक अध्ययन, *इंडियन जर्नल ऑफ सोशियोलॉजी,* वॉल्यूम- 45, 26-29।
2. **कौर एच, चावला ए. (2018),** किशोरों के बीच शैक्षणिक चिंता और स्कूल समायोजन का एक अध्ययन, *इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्रिक सोशल वर्क,* वॉल्यूम- 9(2) 106-10।
3. **गुप्ता, एम. और गुप्ता, आर. (2011),** बालक एवं बालिकाओं का समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट रिसर्च,* वॉल्यूम- 1(1), 29-33.
4. **गुप्ता, एस0 पी0 (2015),** अनुसंधान संदर्शिका: सम्प्रत्य, कार्यविधि एवं प्रविधि, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, आईएसबीएन- 978-93-80285-64-1 पेज संख्या 345-362।
5. **गहलावत, एम. (2011),** हाई स्कूल के छात्रों के बीच उनके लिंग के संबंध में समायोजन का अध्ययन, *अंतर्राष्ट्रीय संदर्भित शोध जर्नल,* वॉल्यूम- 3(33), 14-15।
6. **चेन, एक्स. एट अल., (2005),** विभिन्न सामाजिक परिवर्तनों के

बीच समायोजन, *होम इकोनॉमिक रिसर्च जर्नल,* वॉल्यूम- 15(4), 247-255।

7. **चौरसिया, बी0 (2018),** प्रबंधन शिक्षा में अध्ययनरत् शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, *शोध समीक्षा,* वॉल्यूम- 7(9), 1-4.
8. **जैन, प्रभा और जंदु, कृष्णा, (1998),** किशोर लड़कियों और लड़कों के स्कूल समायोजन का एक तुलनात्मक अध्ययन, जे. एडु. रेस. विस्तार, वॉल्यूम- 35(2), 14-21।
9. **जोशी (2002),** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग के अध्यापकों के मूल्य, आकांक्षा, शैक्षिक उपलब्धि व समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, *पी-एच.डी. इन ऐजूकेशन, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढवाल यूनिवर्सिटी,* श्रीनगर।
10. **डेक ए, एस. (2017),** माध्यमिक विद्यालयों की किशोरियों में समायोजन की समस्याएँ, *मल्टी डिसिप्लिनरी फील्ड में इनोवेटिव रिसर्च के लिए इंटरनेशनल जर्नल,* वॉल्यूम- 3(8), 191-195।
11. **डेमिर मेलिकसा, उरबर्ग (2004),** किशोरों के बीच मित्रता और समायोजन, *जर्नल ऑफ एक्सपेरिमेंटल चाइल्ड साइकोलॉजी,* वॉल्यूम- 88, पृ. 68-82.
12. **तिवारी, एम. (2018),** सतना जिले के उच्च माध्यमिक स्तर पर शाला समयोजन का विज्ञान समूह के छात्र और छात्राओ के शिक्षण अधिगम पर पढ़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस रिसर्च,* वॉल्यूम- 4(5), 59-61।
13. **देव, पी0 (2013),** सहपाठी मित्रों के संबंधों के संबंध में पूर्वस्कूली बच्चों के सामाजिक-भावनात्मक समायोजन स्तरों का एक अध्ययन, *पीएमसी,* वॉल्यूम- 41(5) 1170-1186।
14. **दत्ता, एम, बाराथा, जी और गोस्वामी, यू (1997),** किशोरों का स्वास्थ्य समायोजन *इंडस्ट्रीज साइक रेव,* वॉल्यूम- 48(2) 48(3) 84-86।
15. **नीलम एण्ड भारद्वाज (2023),** ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ ऐडजेस्टमेंट ऑफ गर्ल्स स्टूडेन्ट्स, स्टडिंग इन को-एजुकेशन एण्ड गलर्स इंस्टीट्यूशन, पीएच0डी0 थीसिस, एजुकेशन डिपार्टमेन्ट, सी0सी0एस0 यूनिवर्सिटी, मेरठ।
16. **परमेश्वरन, ई.जी. (1957),** प्रारंभिक किशोर लड़कों के एक समूह का सामाजिक समायोजन, *जर्नल ऑफ साइकोलॉजी रिसर्च,* वॉल्यूम- 1(3), 29-45।
17. **पान्चालिंगप्पा, नगप्पा शाहपुर (2004),** स्टडी हेबिट्स, फैमिली क्लाईमेट, एडजेस्टमेन्ट एण्ड एकेडमिक एचीवमेन्ट ऑफ चिल्ड्रन ऑफ देवदासिस, *क्रिस्ट इन एजूकेशन,* वॉल्यूम- 28(4)।
18. **प्लोमिन, रॉबर्ट, डेनियल, डेनिस (2011),** एक ही परिवार में बच्चे एक दूसरे से इतने अलग क्यों होते हैं? *इंटरनेशनल जर्नल एपिडेमियोल,* वॉल्यूम- 40(3) 563-582।
19. **भारद्वाज, जे.एस. व भारती, मेघा (2010),** कम्पैरेटिव स्टडी ऑफ ऐजूकेशनल ऐसपीरेशन ऑफ स्टूडेन्ट स्टडिंग इन हाई स्कूल इन सी.बी.एस.ई. एण्ड यू.पी. बोर्ड, *एम.एड. डेजरटेशन डिपार्टमेन्ट ऑफ ऐजूकेशन,* सी.सी.एस. यूनिवर्सिटी, मेरठ।
20. **भारद्वाज,जे.एस. व सिंह, बिजेन्द्र (2011),** सरकारी तथा स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की समायोजन क्षमता व शैक्षिक आकांक्षा स्तर का तुलनात्मक अध्ययन, *एम.एड. डेजरटेशन शिक्षा विभाग,* चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
21. **भारद्वाज, जे.एस. व ज्ञानेश (2011),** ऐ कम्पैरेटिव स्टडी ऑफ वोकेशनल इन्टरेस्ट ऑफ टेन्थ ग्रेड स्टूडेन्स विद रिलेशन टू देअर सोसियो ईकोनोमिक स्टेटस, *एम.एड. डेजरटेशन डिपार्टमेन्ट ऑफ ऐजूकेशन,* सी.सी.एस. यूनिवर्सिटी, मेरठ।
22. **भारद्वाज डी0के0 व शर्मा एम0 (2013),** उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों के शैक्षिक व व्यवसायिक अकांक्षा स्तर, समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन, प्रकाशित शोध ग्रन्थ चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, शोध ज्ञानान्तिका, अप्रैल 2013
23. **मित्तल वी.के. (2008)** मैनुअल फार ऐडजेस्टमेन्ट इनवेन्टरी, मनोविज्ञान केन्द्र नूनिया स्ट्रीट मेरठ कैन्ट।
24. **मंगदा, एस0 (2021),**'उच्च माध्यमिक विद्यार्थियों की सामाजिक समायोजन क्षमता का अध्ययन', *विज्ञान और प्रौद्योगिकी में वैज्ञानिक अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल,* आई.एस.एस.एन. -2395-6011 ऑनलाइन आई.एस.एस.एन. 2395-602.
25. **माहेश्वरी, वी0 एवं यादव, आर0 (2018),** कॉलेज स्तर की लड़कीयों पर योग प्रेक्षा का समायोजन पर प्रभाव, *इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ योगा एण्ड एप्लाइड रिसर्च,* वॉल्यूम- 7(1), 45-52.
26. **मेहता एवं खन्ना (2015),** स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की संवेगात्मकता, परिपक्वता एवं समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, पीएच0डी0 थीसिस, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।**रजा, एस. एवं अन्य (2005),** किशोर बाकिकाओ के समग्र समयोजन का अध्ययन, *रिसर्च लिंक जर्नल,* 19 (iv) (2), 107-110।
27. **राजू तथा टी0 ख्वाजा रहमतुल्ला, (2007),** 'एडजेस्टमेन्ट प्रोब्लम्स अमंग स्कूल स्टूडैन्ट' *जनरल ऑफ दी इंडियन एकेडमी ऑफ साईक्लोजी,* वोल्यूम- 33, पृष्ठ 73-79।
28. **रानी, आर0 (2017),** अम्बाला मण्डल के सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के समस्याओं का उनके समायोजन पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन, *इण्टरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ कॉमर्स एण्ड साइन्स,* वॉल्यूम- 8(1), 22-29.
29. **रानी, सरला, अंजलि, सुदेश, ऊषा (2023),** ए स्टडी ऑफ ऐकेडमिक अचीवमेन्ट ऑफ सैकेण्डरी स्कूल स्टूडेन्ट्स इन रिलेशन टू सेल्फ कॉन्सेप्ट, प्रकाशित दा इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ इण्डियन साइकोलॉजी, वॉल्यूम-11, इश्यू-2, अप्रैल से जून 2023
30. **रॉय, बी. घोष, एस.एम. (2012),** प्रारंभिक और दिवंगत किशोर स्कूली छात्रों के बीच समायोजन का पैटर्न, *अंतर्राष्ट्रीय अनुक्रमित और संदर्भित अनुसंधान जर्नल,* वोल्यूम- 4(42), 20-21।
31. **लाजवन्ती (2004),** एस्पीरिशन एण्ड एडजेस्टमेन्ट एज एसोसियेटिड विद हियरिंग इमपेयेरेड एण्ड नॉर्मल चिल्ड्रन, *बिहेविरल साइटिस्ट,* वोल्यूम - 5(1), 25-30।
32. **लामा, एम. (2010),** कॉलेज फ्रेशमैन का समायोजन लिंग और निवास स्थान का महत्व, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइकोलॉजिकल स्टडीज,* वोल्यूम- 2(1) 142-150।
33. **लिटिल (2010),** जोखिमपूर्ण जीवन व्यतीत करने वाले बच्चों को

निर्णय क्षमता पर अभिभावकों के सहयोग एवम् प्रोत्साहन के प्रभाव का अध्ययन, अप्रकाशित शोध ग्रन्थ।

34. **ललित आर्य, भारद्वाज, जे0एस0 (2016),** सामाजिक अनुसंधान के तरीके, बुक ओशियन पब्लिकेशन, वाराणसी, पृ0सं0 39-45।

35. **शकील, एस., और नजीर, एस. (2016),** दृष्टिबाधित और आंशिक दृष्टि वाले किशोरों के बीच सामाजिक भावनात्मक और शैक्षिक समायोजन, *क्रेस्ट इंटरनेशनल मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च जर्नल,* वोल्यूम- 5(1), आई.एस.एस.एन. 2278-4497।

36. **शर्मा, सुनीता (2006).** विभिन्न संकायों में अध्ययनरत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की आकांक्षा, दुश्चिंता एवं समायोजन के अन्तर एवं प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन, अप्रकाशित शोध ग्रंथ, *श्री स्वरूप गोविन्द पारीक स्नाकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय,* सम्बद्ध राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

37. **शर्मिला एवं सालोमन (2020)** उच्च माध्यमिक स्तर की कन्याशाला एवं सहशिक्षा में अध्ययनरत् छात्राओं की सामाजिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, *इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिवयू एडं रिसर्च इन सोशल साइन्स,* वोल्यूम -8 (3) पेज संख्या 145-152।

38. **सिंह (2018),** माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर समायोजन के प्रभाव अध्ययन, *चेतना,* वोल्यूम 3 पेज संख्या 195-199।

39. **सिंह, ए. के. (2012),** उन्नत सामान्य मनोविज्ञान. प्रकाशन के रूप में दिल्ली, मोतीलाल, बनारसी।

40. **सिंह, एन. (2016),** स्कूली छात्रों के सामाजिक समायोजन पर स्कूल के वातावरण के प्रभावों का एक अध्ययन, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च,* वोल्यूम- 1(2), 31-34

41. **सिंह और ढींगरा (2017),** कॉलेज जाने वाले प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच गृह, स्वास्थ्य, सामाजिक और भावनात्मक समायोजन, *जी.जे.आर.ए. ग्लोबल जर्नल फॉर रिसर्च एनालिसिस,* वॉल्यूम -6, अंक-3 आई.एस.एस.एन. नंबर 2277-8160।

42. **सिंह, टी0 (2016),** उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की आत्मसिद्धि एवं समायोजन का विश्लेषण, *इन्टरनेशनल जनरल ऑफ रिसर्च इन हयूम्नटिस एण्ड सोशल साइंस,* वोल्यूम- 4(5).

43. **सिंह, रितु, पंत, कुशा, वेलेंटीना, एल. (2013),** सीनियर स्कूल किशोरों की सामाजिक और भावनात्मक परिपक्वता पर लिंग, भेद के आधार पर अध्ययन, पंतनगर केस स्टडी, कमला राजा, *छात्र गृह विज्ञान,* 7(प) 1-6.

44. **सुरेखा (2008),** 'विद्यार्थियों के समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में सम्बन्ध,' एडुट्रेक्स, मार्च, पृष्ठ. 26-31।

45. **सरकार, एस0 एवं बानिका, एस0 (2017),** विद्यार्थियों के समायोजन और शैक्षिक उपलब्धि पर एक अध्ययन, *अनुसंधान ग्रन्थालय अंतराष्ट्रीय पात्रिका,* वोल्यूम- 5(6) 659-668।

46. **हेनरी, विलियम (2005),** किशोरों का आत्म विश्लेषण और सामाजिक समायोजन, *इंडियन जर्नल ऑफ क्लिनिकल साइकोलॉजी,* वोल्यूम- 10(387-399)।

47. **हुसैन, ए., कुमार, ए., और हुसैन, ए. (2008),** हाई स्कूल के छात्रों के बीच शैक्षणिक तनाव और समायोजन, *जर्नल ऑफ द इंडियन एकेडमी ऑफ एप्लाइड साइकोलॉजी,* वोल्यूम- 34, 70-73

*************

# Intellectual Property Rights and the Indian Knowledge System: A Strategic Framework for Innovation and Cultural Preservation

Dr. Sapna Kasliwal*

*Assistant Professor (Commerce) SRS Govt. College, Sadarpur, Rajgarh (M.P.) INDIA

**Abstract -** IPRs are essential for the encouragement of creativity and innovation. India has a rich cultural and intellectual heritage with an immense spectrum of traditional knowledge systems, including medicines, arts, crafts, and literature. Effective promotion and protection of IPR would greatly contribute to the preservation and enhancement of these knowledge systems, as well as further innovation within such systems. The IPR regime in India has definitely strengthened over the years, yet challenges like piracy, counterfeiting, and lack of awareness remain. An in-depth analysis of IPR in India has been included, examining its past, types, and importance, alongside its role of protecting and promoting Indian knowledge systems. The study proceeds to outline the challenges surrounding the implementation of IPR and present some strategic interventions for strengthening IPR's role in innovations and economic advancement. Then, the paper studies some successful IPR cases in India and presents policy suggestions to further improve the system.

**Keywords:** Intellectual Property Rights, Indian Knowledge Systems, Innovation, Cultural Heritage, Economic Growth, Policy Recommendations.

**Introduction -** Intellectual Property Rights (IPR) are legal rights granted to creators and inventors to protect their innovations, assuring commercial benefits while preventing unauthorized use. India, with its long history of traditional knowledge in Ayurveda, yoga, and handicrafts, needs to ensure that protection is given under IPR in order to safeguard its riches in the knowledge economy. With globalization and advancement in technology, IPR facilitates the sustenance of long-held traditions and ensures adaptations wherever necessary.

**Historical Development of IPR in India:** In the concept of Intellectual Property Indian history has not been devoid of recognition. Ancient texts like the Vedas and Puranas underscore the indispensability of recognizing creative and intellectual contributions. The present framework of IPR in India was formed during the times of British colonial rule in the Indian Patent Act of 1856 and the Indian Copyright Act of 1911. In an uninterrupted fashion, since independence, IPR in India has really gone through a lot of reform, especially in view of its obligations to international agreements such as the TRIPS agreement. The National Intellectual Property Rights Policy of 2016 has set the framework for a clearer and organized way of IPR governance in India.

**Types of Intellectual Property Rights:** The types of intellectual property rights as protected under IPR in India can be categorized into various classes, each for different forms of intellectual property listed as below.

i. **Patents:** Protection for inventions and technological advancement.

ii. **Trademarks:** Protection for brand identity and public recognition.

iii. **Copyrights:** Protection for literary, artistic, and musical works.

iv. **Geographical Indications (GI):** Protection of certain products originating from a specific region, namely Darjeeling Tea and Pashmina shawls.

v. **Trade Secrets:** Protection of business information that is treated as confidential from being disclosed without the consent of the owner.

vi. **Industrial Designs:** A protection of an aesthetically pleasing look bestowed upon products.

**Importance of IPR in Innovation and Economic Development:** IPR is central to the role: Intellectual property rights (IPR) have been given importance in nurturing innovation, economic growth. and the protection of the right of creators. Importance of IPR in incubating innovation and other implications for economic growth are discussed below:

i. **Encouraging Research and Development (R&D) -** IPR provides an enabling environment for R&D by legally protecting inventions, technologies, and creative activities. IPR grants inventors and authors exclusive rights to their

works. This grant of protection encourages research and development since innovators know that no one can copy or profit from their inventions very easily. The guaranteed period of protection permits investors to attract long-term returns from their research investments and encourages ongoing development in areas such as technology, medicine, and agriculture. For example, developing a new drug allows a pharmaceutical company to obtain a patent and a corresponding period of exclusivity. During this period, the company recoups the huge expenses invested in R&D, clinical trials, and regulatory approval, thus motivating further developments in new drug formulations.

ii. **Attracting Foreign Direct Investment and Fostering a Competitive Market-** Strong IPR systems attract FDI as they guarantee protection of the intellectual assets of the investors. By investing in countries with strong legal infrastructures protecting IPR, foreign corporations from various sectors gear technology transfers alongside knowledge and skills. In India, for example, global tech corporations would prefer to set up operations knowing their patents, trademarks, and trade secrets will be well-protected under the Indian IPR regime. This creates a competitive environment where local firms must innovate to survive, thereby stimulating the economy.

iii. **Enhancing Economic Growth Through Entrepreneurship and Start-ups -**Entrepreneurs and start-ups can benefit greatly from IPR, which gives them the opportunity to safeguard their innovations, logos, or distinctive business practices. Startups frequently work in highly competitive markets where they must set themselves apart. Entrepreneurs can protect their intellectual property and provide value to the market by obtaining patents, copyrights, and trademarks. Additionally, by enabling them to monetize their intellectual property through licensing agreements or partnerships with larger enterprises, IPR can raise a start-up's market worth. This may hasten their development and growth. An innovative app developed by a tech start-up, for instance, may be licensed to other businesses or incorporated into their business plans, generating a consistent flow of income.

iv. **Protecting Indigenous Knowledge and Preventing Biopiracy -**IPR is also essential for preserving traditional cultural manifestations and indigenous knowledge. A type of intellectual property rights known as Geographical Indications (GI) protects goods associated with certain geographical areas, such Pashmina Shawls or Darjeeling Tea. GIs make sure that these items, which frequently have distinctive characteristics associated with their area of origin, cannot be abused or fraudulently claimed by organizations outside of their territory. IPR systems can also stop biopiracy, which is the practice of businesses or researchers using biological resources or traditional knowledge without giving credit to the people who created them. Communities can keep control of their cultural heritage and profit from its commercialization by safeguarding indigenous knowledge using patents, copyrights, and GIs.

